CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्र. सं. ५५

प्रश्नमार्गः

'पाथेय'-हिन्दीटीकासहितः

आचार्य गुरुप्रसाद गौड़

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

ज्यो - १६५८६
क्र.सं. ५५५

प्रश्नमार्गः

'पाथेय'-हिन्दीटीकासहितः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्यो- १६४८ R

॥ श्रीः ॥

चौखम्भा सुरभारती ग्रन्थमाला
४१२

प्रश्नमार्गः

'पाथेय' - हिन्दीटीकासहितः

[उत्तरार्द्धः • अध्यायाः १७-३२]

टीकाकार

आचार्य गुरुप्रसाद गौड़

एम्.ए. (संस्कृत), एम्. फिल्., ज्योतिषाचार्य

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001
दूरभाष : 2335263

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण 2007 ई॰
मूल्य : 200.00 (प्रत्येक भाग)

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY
पुस्तकालय
Acc. 30929 / 30131
R.

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस

4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाष : 32996391
ई-मेल : chaukhamba_neeraj@yahoo.com

❖

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली 110007
दूरभाष : 23856391

❖

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बैंक ऑफ बड़ोदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001
दूरभाष : 2420404

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ज्यो - १४५६

R.

विषयानुक्रमणिका

॥ उत्तरार्द्धः ॥

सप्तदशोऽध्यायः

विवाहप्रश्नः ४६३
विवाहहेतुकथनम् ४६३
विवाहप्रश्नः कथम्प्रष्टव्यम् ? ४६३
प्रश्नाङ्गस्य महत्त्वम् ४६४
विवाहप्रश्नपरिभाषा ४६४
वधूप्रधानप्रश्नमाह ४६४
अनुष्ठानपद्धतेर्मतम् ४६५
वरपक्षे सप्तमभावफलम् ४६५
समयादिकानां विचारः ४६५
बृहज्जातकमतम् ४६६
बृहस्पतिवचनम् ४६७
स्पर्शादिना प्रश्नफलकथनम् ४६७
रोगादिकथनम् ४६७
दम्पत्योर्निधनसूचकयोगाः ४६८
यामशुक्रफलम् ४६८
पुनर्विवाहसूचकाः शकुनाः ४६९
शीघ्रविवाहप्रदाः शकुनाः ४७०
कन्यादोषसूचकाः शकुनाः ४७१
पुनश्च शीघ्रविवाहकराः शकुनाः ४७१
पुनरपि शीघ्रविवाहः ४७१
प्रश्नरत्नमतम् ४७२
पुनश्च विवाहयोगाः ४७२
स्त्रीलाभयोगः ४७२
जायारूपकथनम् ४७२
शीघ्रविवाहयोगाः ४७३
विवाहे शुभाऽशुभत्वम् ४७३
बृहस्पतेर्मतम् ४७४
अत्रानुष्ठानपद्धतिः ४७४
पुनश्च पुत्रहन्त्रीयोगः ४७४
अत्र प्रश्नरत्नमतम् ४७४
सन्दर्भकथनम् ४७५
पुनश्च प्रश्नसंग्रहमतम् ४७५
विवाहसमयज्ञानम् ४७५
चन्द्राभिलाषं चन्द्रवेलाज्ञानञ्चाह ४७५
विवाहदिग्ज्ञानम् ४७९
शुभमुहूर्ते कर्तव्यता ४७९

अष्टादशोऽध्यायः

सन्ततिप्रश्नः ४८०
प्रशस्तभार्यायाः कथनम् ४८०
पृच्छाविधिः ४८०
लग्नारूढाभ्यां विचारणा ४८०
दोषानां विचारणा ४८१
सन्तानदीपिकामतम् ४८१
सन्दर्भकथनम् ४८१
अनपत्यतायोगाः ४८२
दत्तकपुत्रस्य योगद्वयमाह ४८२
पुत्रशोककन्यासन्ततियोगश्च ४८३
पुत्रनाशयोगाः ४८३
सन्ततिलाभयोगाः ४८४
अनेकपुत्रयोगाः ४८५
अनेककन्यायोगाः ४८६
होरास्वराभ्याञ्च पुंकन्याज्ञानम् ४८६
छाद्यछादकवशात्पुत्राप्तिबाधाकथनम् ४८७
पुत्रप्रदयोगः ४८८
लग्नात्मजेशाभ्यां पुत्रप्रदयोगः ४८८
आरूढाद् गर्भाधाने शुभकालमाह ४८९
गर्भाधानमुहूर्तः ४८९
सम्प्रदायकथनम् ४८९
सन्ततिविचारगणितम् ४८९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योगस्फुटफलम्	४९०
आरूढादपि सन्ततिविचारणा	४९१
धर्मतः सन्ततिप्राप्तियोगः	४९१
सम्पूर्णसन्ततियोगः	४९१
प्रश्नलग्नात्सन्ततिजननसमयज्ञानम्	४९२
पुनश्च सन्ततिसमयज्ञानम्	४९२
योगचतुष्टयवशात्सन्ततिजन्मसमय-कथनम्	४९३
गर्भाधानसमयमाह	४९३
पुनश्च गर्भाधानसमयकथनम्	४९३
सवर्णा वा परवर्णा पत्न्याः सुतोत्पत्तिः	४९४
दत्तकविषये योगस्फुटफलम्	४९४
अथ गर्भप्रश्नः	४९५
योगस्फुटेन मातृ-पितृकथनम्	४९५
गर्भसम्भवज्ञानम्	४९६
मृत्युयोगाः	४९६
रोगकथनम्	४९६
सन्तानहीनतायोगाः	४९७
अथ सन्तानदीपिकातः सन्तत्याभावहेतुरुच्यते	४९७
पितृशापात्सुतक्षयः	४९७
रिपुदोषात्सुतक्षययोगः	४९७
पुनश्च रिपुदोषात्सुतक्षययोगः	४९८
दैवशापात्सुतक्षययोगः	४९८
मातृदोषात्सुतक्षययोगः	४९८
पितृदोषात्सुतक्षययोगः	४९८
अथ प्रश्नसंग्रहात्सुतक्षयस्य कारणानां कथनम्	४९९
दुष्कर्मणा सुतक्षयमाह	४९९
द्विषामभिचाराद् सन्ततिहानिः	४९९
स्थानदोषाद् सन्ततिहानिकथनम्	४९९
सर्पशापादितः सुतहानिकथनम्	५००
पितृदोषात्परोक्षे सन्ततिजन्मकथनम्	५००
मातृमरणादूर्ध्वं प्रजासम्भवयोगमाह	५००
पञ्चभूतानामुदयफलम्	५००
विलम्बात् पुत्राप्तियोगाः	५०१
नूनम्भवेत्सन्ततिः	५०१
अगर्भयोगः	५०२
अथ सन्तत्युद्भवकाल उच्यते	५०२
अथ गर्भलक्षणमुच्यते ज्ञानदीपिकायाम्	५०२
अथ प्रश्नसङ्ग्रहश्च	५०३
चतुर्दशगर्भलक्षणम्	५०३
सन्ततिसूचका अष्टौ योगाः	५०४
भूमिचक्रवशात्फलम्	५०४
अथ छिद्रलक्षणम्	५०७
गर्भच्छेदसूचका योगाः	५०७
ज्ञानप्रदीपिकामतम्	५०८
अथ स्त्रीपुरुषविभागाः कथ्यन्ते	५०८
विद्वज्जनवल्लभामतम्	५१०
आर्यासप्ततिश्च	५१०
षट्पञ्चाशिकामतम्	५१०
अत्रानुष्ठानपद्धतिश्च	५११
अथ प्रश्नसङ्ग्रहश्च	५११
वराहमिहिरश्च	५१२
पुन्नारीलक्षणानां तुल्यताकथनम्	५१३
वराटिकाभिः फलनिश्चयमाह	५१३
चन्द्रलग्नारूढेषु बलविचारणा	५१४
अथ प्रश्नरत्नञ्च	५१४
अथ प्रश्नसङ्ग्रहे प्रसवकालः	५१५
कक्ष्यार्धांशस्य द्वादशांशेन प्रसवकालज्ञानमाह	५१५
प्रकारान्तरेण प्रसवकालज्ञानम्	५१७
पुनश्च प्रकारान्तेण प्रसूतिकालज्ञानम्	५१७
पुनश्च प्रसवकालकथनम्	५१८
पुनरपि प्रसवकालकथनम्	५१८
अथ प्रश्नरत्नम्	५१८
अथ वर्गचतुष्टयकथनम्	५१९
अथ सन्ततिबाधाशान्त्युपायकथनम्	५२७
गुरुजन्यबाधाशान्तिकथनम्	५२८
शुक्रजन्यसन्ततिबाधाशान्तिकथनम्	५२८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राहुजन्यसन्ततिबाधाशान्तिः	५२९
अत्र प्रश्नसङ्ग्रहे सन्तानतिथिः	५२९
अथ सन्तानरविसन्तानचन्द्रयोर्ज्ञानमाह	५२९
मतान्तरेण सन्तानरविचन्द्रज्ञानम्	५२९
सन्तानविधिफलम्	५३०
दत्तकयोगः	५३१
रिक्ताभद्राफलञ्चाह	५३१
विष्ट्याः शान्तिकथनम्	५३२
मतान्तरेण सन्तानतिथिकथनम्	५३२
सन्ततिसंख्याकथनम्	५३३
कृष्णपक्षतिथीनां पृथक्-पृथक् विशेषफलमाह	५३३
उपायादिकथनम्	५३४
सम्प्रदायान्तरलेखनम्	५३५
सन्तानगुरुकथनम्	५३५
सन्तानशुक्रकथनम्	५३६
सन्तानयोगस्फुटकथनम्	५३७
स्फुटयोगत्रितवर्गः	५३७
दत्तस्फुटमाह	५३७
सन्ततिसम्भवकालः	५३८
नवांशतः पुत्रकन्याज्ञानम्	५३८
एकोनविंशोऽध्यायः	
विषयप्रवेशः	५४०
सन्ततिः भवति न वेति प्रश्नः	५४०
सन्तत्यभावस्य दैहिककारणम्	५४०
पुरुषजन्मकुण्डल्यां बीजादिबलनिरूपणविधिः	५४१
स्त्रीणां जन्मकुण्डल्यां क्षेत्रबलनिरूपणविधिः	५४१
बीजस्फुटं क्षेत्रस्फुटञ्चाह	५४१
बीजबलम्	५४२
क्षेत्रबलम्	५४३
बीजक्षेत्रयोः अशुभस्थितिः	५४३
क्षेत्रादीनां स्फुटविचारे मतभिन्नता	५४३
मतान्तरेण बीजक्षेत्रयोः स्फुटमाह	५४४
पक्षान्तरम्	५४४
बीजक्षेत्रयोः फलम्	५४४
सन्तानग्रहकथनम्	५४५
सन्ततिमृत्युयोगः	५४६
अथान्यविवाहेन सन्ततियोगाः	५४६
उपायकथनम्	५४७
अथ वंशविनाशका योगा लिख्यन्ते	५४७
अत्र सर्वार्थचिन्तामणौ	५४७
सन्तत्यभावयोगाः	५४८
पुत्राभावयोगाः	५४९
अत्र सम्प्रदायान्तरमस्ति, तल्लिख्यते	५५०
आप्तोपदेशकथनम्	५५०
सन्तानतिथिसाधनं तत्फलञ्च	५५०
सन्ततिमुखावलोकनपूर्वैव जनकस्य मृत्युः	५५५
वृद्धावस्थायां पुत्रयोगः	५५५
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः	५५६
पुत्रमरणलक्षणम्	५५६
अत्रापि सर्वार्थचिन्तामणिः	५५७
अथ दत्तलक्षणम्	५५७
अथ पुत्रस्थानगताः केचिद् विशेषा उच्यन्ते	५५८
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः	५५९
अथ पुत्रसम्पल्लक्षणम्, अत्रानुष्ठानपद्धतिः	५५९
सर्वार्थचिन्तामणिः	५६०
सन्ततिकरा योगाः	५६०
गर्भाधाने दम्पत्योर्मनःस्थितिप्रभावः	५६१
रुग्णसन्ततियोगः	५६२
लग्नेशपञ्चमेशयोः सम्बन्धः	५६२
स्वस्त्रीकुक्षौ पुत्रजननम्	५६२
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः	५६३
अनुष्ठानपद्धतिश्च	५६४
पुत्रसंख्याकथनविधिः	५६५
पुनश्च सन्ततिसंख्यादिकथनम्	५७०
अल्पायुसन्ततियोगाः	५७०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुर्वष्टकवर्गेण सन्ततिसंख्याकथनम् ५७०
अत्रानुष्ठानपद्धतिः ५७१
रश्मिषु ह्रास-वृद्धिमाह ५७२
रश्मिसंख्यानिर्णयमाह ५७२
अथ पुत्रोद्भवकाल उच्यते ५७५
पञ्चमभावस्य प्राधान्यम् ५७७

विंशोऽध्यायः

अथ जातकेन सप्तमभावविचारमाह ५७८
अथ विवाहप्रयोजनम् ५७८
अथोद्वाहविचारसाधनानि ५७८
सप्तमस्थराशिप्रभावकथनम् ५७८
सप्तमस्थराशीनां फलम् ५७९
अविवाहितकरा ग्रहस्थितिः ५८०
पत्न्या मृत्युकरा योगाः ५८०
पत्न्या वियोगकरा योगाः ५८१
भ्रष्टाभार्यायोगः ५८१
प्रगल्भायोगः ५८१
निकृष्टायोगः ५८१
पत्न्या मृत्युकर योगः ५८२
पत्न्या दहनमृत्युयोगः ५८२
सर्पदंशनात् भार्यामृत्युयोगः ५८२
पत्न्या मृत्युकरा योगाः ५८२
शुक्रयुतिफलम् ५८३
शुक्राष्टकवर्गफलम् ५८४
पत्न्या रूपादिज्ञानम् ५८४
सौभाग्यवतीयोगः ५८४
दारसम्पद्योगः ५८५
स्वशुरालयस्य सम्पन्नतादिकथनम् ५८५
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः ५८५
अथ पुनर्विवाहलक्षणमुच्यते ५८७
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः ५८८
दाम्पत्ये सौमनस्यकराः योगाः ५८९
चन्द्राष्टकवर्गे शुभफलकथनम् ५८९
भार्याया जन्मदिग्ज्ञानमाह ५९०
जन्मकुण्डलीतो भार्यायाः सुदूर-मध्य-समीपज्ञानम् ५९१
बहुमतस्य ग्राह्यता ५९१
स्त्रीजातकविचारणा ५९१
वराहसन्दर्भकथनम् ५९२
अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः ५९३
विवाहोपरान्तभाग्यनाशयोगः ५९३
विवाहकाले विंशोत्तरीदशाकथनम् ५९४
पुनश्च विवाहसमयमाह ५९४
उपसंहारः ५९५

एकविंशोऽध्यायः

आनुकूल्यम् ५९६
दैवज्ञस्य कर्तव्यता: ५९६
अथ प्रथमं राश्यानुकूल्यम्, तत्र सर्वार्थसिद्धिः ५९६
माधवीयमतम् ५९७
बृहस्पतिमतम् ५९८
मुहूर्तरत्नमतम् ५९८
राशिनवांशयोर्विशेषफलम् ५९८
राशियोनिविचारमाह ५९९
मुहूर्तसङ्ग्रहमतम् ६००
जातकपद्धतिमतम् ६००
मुहूर्तरत्नमतम् ६००
वश्यज्ञानम् ६००
ग्रहमैत्रीकथनम् ६०१
माधवीयमतम् ६०२
अथ त्रिनक्षत्राणि ६०३
आचारसंग्रहमतम् ६०३
अथ माहेन्द्रविचारः ६०४
स्त्रीदीर्घयोगः ६०४
नक्षत्राणां वर्णविचारः (माधवीयमतेन) ६०४
नक्षत्रवर्णमेलापकफलकथनम् ६०५
बृहस्पतिमतम् ६०५
अथ योन्यानुकूल्यचिन्तनम् । तत्र पक्षद्वयम् ६०६
अथ गणानुकूल्यम् । तत्र सर्वसिद्धिः ६०६
नक्षत्राणां गोत्राणि ६०७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्रगोत्रमेलापकमाह ६०८
नक्षत्राणां विहगविचार: ६०८
नक्षत्राणां मृगकथनम् ६०९
मृगमेलापककथनम् ६०९
अत्र माधवीयम् ६१०
व्याघ्रे विशेष: ६१०
वेधविचार: ६११
मुहूर्तरत्नमतम् ६११
पुनश्च वेधफलम् ६१२
नक्षत्राणां परस्परवेधमाह ६१२
नक्षत्राणां तत्त्वकथनम् ६१३
राशीनां तत्त्वकथनम् ६१३
सर्वसिद्धिमतम् ६१४
रज्जुविचार: ६१४
वयानुकूल्यम् ६१५
अथाचारसंग्रहे अष्टवर्गस्य आनुकूल्यम् ६१५
कक्षानुकूल्यम् ६१५
चित्तानुकूल्यम् ६१६
अथाऽऽनुकूल्यन्तराणि कानिचिल्लिख्यन्ते ६१६
पुनश्च शुभाऽशुभज्ञानम् ६१७
अथ ऋणानुकूल्यम् ६१७
अथान्यफलकथनम् ६१८
मेलापके प्रधानविचारणीयानां कथनम् ६१९
माधवमतम् ६१९

द्वाविंशोऽध्याय:

ग्रहगोचरफलम् ६२१
सूर्यफलम् ६२१
चन्द्रफलम् ६२२
भौमफलम् ६२३
बुधफलम् ६२४
गुरुफलम् ६२४
भृगुफलम् ६२६
शनिफलम् ६२७
अशुभफलशान्त्यर्थमुपायनिर्देश: ६२८
ग्रहाणां फलसमय: ६२८
दृष्टिप्रभावकथनम् ६२८
ग्रहशान्तिकथनम् ६२९
रत्नधारणम् ६२९
अथ ग्रहाणां दानपदार्था: ६२९
ग्रहपीडानिवारणाय दैनिकक्रियाकलापा: ६३०
ग्रहपीडार्थं प्रतिषेधकथनम् ६३०
प्रतिकूलगोचरे वर्ज्यपदार्था: ६३०
ग्रहाणां वेधस्थानानि ६३०
वेधप्रभावकथनम् ६३१
श्रीपतिमतेन ग्रहाणां शुभस्थानकथनम् ६३१
मुहूर्तरत्नमतेन ग्रहाणां शुभस्थानानि ६३१
ग्रन्थकारमतम् ६३२
अत्र ग्रन्थान्तरे विपरीतवेधकथनम् ६३३
वेधापवादौ ६३४
वेधज्ञानमहत्त्वम् ६३४
उपसंहार: ६३४

त्रयोविंशोऽध्याय:

रोगहेतु: प्रतिक्रियाश्च ६३७
अथ यक्ष्मोद्भवस्तच्छान्तिश्च ६३७
कार्श्यनिदानञ्च प्रतिक्रिया: ६३७
कुष्ठस्य कर्मविपाक: शान्तिश्च ६३७
श्वेतकुष्ठे शान्तिकथनम् ६३८
अथ विसर्परोगनिदानचिकित्सा ६३८
पाण्डुरोगनिदानचिकित्सा ६३८
अतिसाररोगस्य निदानचिकित्सा ६३८
सङ्ग्रहणीरोगस्य कर्मविपाककथनम् ६३९
मुखरोगस्य निदानोपाय: ६३९
अर्शोरोगस्य कारणं निवारणञ्च ६३९
दृग्व्याधिनिदानचिकित्सा ६४०
नक्तान्धस्य कर्मविपाक: प्रायश्चित्तञ्च ६४०
कर्णरोगस्य कारणं प्रायश्चित्तञ्च ६४०
जिह्वारोगस्य हेतुरूपशमञ्चाह ६४०
वातरोगनिदानचिकित्सा ६४१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शूलरोगनिदानचिकित्सा	६४१
गुल्मरोग:	६४१
अथ प्रमेहरोग:	६४२
महोदररोग:	६४२
अश्मरीरोग:	६४२
भगन्दररोग:	६४३
विद्रधिरोग:	६४३
कण्ठरोग:	६४३
शिरोरोगा:	६४४
असृग्दररोगस्य कारणानि प्रायश्चित्तञ्च	६४४
अपस्मार:	६४४
उन्मादरोग:	६४५
चातुर्थिकज्र्ति:	६४५
दाहरोग:	६४५
नाडीव्रण:	६४५
हस्तपादव्रणा:	६४६
सन्तानहीनता	६४६
अरुचि: छर्दिश्च	६४६
मूकत्वं स्वरसादश्च	६४६
अन्धत्वं कामिला च	६४७
आन्त्रवृद्धि:	६४७
पुनश्च रोगाणां शान्त्युपायकथनम्	६४७
आरोग्यशालानिर्माणफलम्	६४८
आरोग्यदानस्य महत्त्वम्	६४८
चतुर्विंशोऽध्याय:	
विषयप्रवेश:	६४९
तत्रादौ देवप्रतिष्ठा: तन्त्रसमुच्चये	६४९
उत्सवकरणम्	६४९
प्रायश्चित्तस्यावश्यकता	६५०
अपवित्रताकरा: दोषा:	६५०
आधारे आधेये वा दोषकल्पनामाह	६५१
जीर्णोद्धारमहत्त्वम्	६५१
प्रश्नकुण्डलीतो देवसान्निध्यकथनम्	६५१
देवप्रश्नविचार:	६५२
देवभावा लिख्यन्ते	६५२
अत्र ग्रन्थान्तरम्	६५३
पुनश्च मतान्तरम्	६५४
पुनरपि मतान्तरम्	६५४
समन्वयकथनम्	६५४
सर्वपक्षानुसारेण द्वादशभावनिरूपणम्	६५४
विचारपद्धति:	६५५
लग्ने ग्रहस्थितिफलम्	६५६
चतुर्थे ग्रहस्थितिफलम्	६५६
तृतीयेऽष्टमे वा ग्रहफलम्	६५६
नवमभावे ग्रहस्थितिफलम्	६५७
अष्टबन्धविचारकथनम्	६५७
बिम्बे पापदृष्टिफलम्	६५८
दैवानुकूल्यम्	६५८
अथ राजप्रश्नो माधवीये	६५९
ग्रहाणां प्रभावकथनम्	६६०
प्रजोपरि प्रभाव:	६६०
शुभाशुभयोग:	६६०
युवराज्ञादीनां विचार:	६६१
स्थानोत्कर्ष:	६६२
आर्यासप्तति:	६६२
षट्पञ्चाशिका	६६२
विद्वज्जनवल्लभा च	६६३
सन्दर्भकथनम्	६६३
धात्वादिलाभकथनम्	६६३
पोतस्यागमनम्	६६३
अथ युद्धप्रश्न:	६६४
अनुष्ठानपद्धतिश्च	६६४
पराजययोगा:	६६५
जयप्रदलक्षणम्	६६५
आक्रमणं भविष्यति न वेति प्रश्न:	६६५
आर्यासप्तति:	६६५
षट्पञ्चाशिका च	६६६
विद्वज्जनवल्लभा च	६६६
षट्पञ्चाशिका	६६७
विद्वज्जनवल्लभा च	६६७
अथागमनकाल उच्यते, तत्र षट्पञ्चाशिका च	६६७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रन्थान्तरे च ६६८
अथ सन्धिलक्षणमुच्यते, अत्रानुष्ठानपद्धति: ६६८
विद्वज्जनवल्लभा च ६६९
षट्पञ्चाशिका च ६६९
अथ युद्धलक्षणम्, अत्र विद्वज्जनवल्लभा ६७०
अत्रानुष्ठानपद्धतिश्च ६७०
स्थायियायिविभागौ ६७०
अत्रार्यासप्तति: ६७१
षट्पञ्चाशिका ६७२
विद्वज्जनवल्लभा ६७२
रणदीपिकोक्तलक्षणानां वर्णनम् ६७३
राशीनां सूर्यविभागौ ६७३
अत्र पाराशरहोरा: ६७४
अत्र माधवीयम् ६७४
अथ वराहमतेन युद्धभयलक्षणानां कथनम् ६७५
नृपदोषेण देशनाश: ६७८
अत्र माधवीयम् ६७९
रणदीपिका च ६७९
माधवीयम् ६८०
रणदीपिका ६८०
माधवीयम् ६८१
मुहूर्तरत्नञ्च ६८२
माधवीयम् ६८३
रणदीपिका ६८४
माधवीयम् ६८४
किञ्चिद्विशेष: ६८४
पुनरपि विशेषमाह ६८४
अथ रणदीपिका ६८५
माधवीयम् ६८६
माधवीयम् ६८७
पुनश्च माधवीयम् ६८७
पुनरपि माधवीयम् ६८८
रणदीपिकायां च सूर्यस्य यात्रालग्ने भावफलम् ६८८
यात्रालग्नकुण्डल्यां चन्द्रफलम् ६८९
यात्राकुण्डल्यां भौमफलम् ६९०
युद्धयात्राकुण्डल्यां बुधस्य भावफलम् ६९१
युद्धयात्राकुण्डल्यां गुरुभावफलम् ६९२
युद्धयात्राकुण्डल्यां भृगुद्वादश-भावफलम् ६९३
युद्धयात्राकुण्डल्यां मन्दफलम् ६९४
यात्राकुण्डल्यां ग्रहाणां प्रकीर्णफलम् ६९५
दशागोचरादिफलम् ६९५
यात्रायां शुभयोगानां महत्त्वम् ६९६
शस्त्रादीनां व्यवस्थाकथनम् ६९७
यात्राविधिकथनम् ६९७
शकुनमपि किञ्चिल्लिख्यते ६९८
दृश्यशकुना: ६९८
श्रव्यशकुना: ६९८
यात्राकाले कलहादिश्रवणफलम् ६९९
समरे मृत्युप्रश्न: ६९९
अथ सूर्यचक्रम् ६९९
सूर्यकालाग्निचक्रम् ७०३
सूर्यशूलचक्रम् ७०३
युद्धे कस्मिन् पक्षे विजयी भविष्यामीति प्रश्न: ७०४
विजयीपक्षज्ञानम् ७०४
अथ मृगयाप्रश्न:, तत्र प्रश्नसंग्रह: ७०५
ग्रन्थान्तरञ्च ७०६
जन्तूनां संख्यादिज्ञानम् ७०७
अथ सारसङ्ग्रहे ७०७
अत्र ग्रन्थान्तरम् ७०८
कृष्णीयमतम् ७०८

पञ्चविंशोऽध्याय:

वर्षाप्रश्न: ७१०
इन्द्रधनु:फलम् ७१०
अत्र वराहमिहिरसंहिता ७११

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिसूर्यदर्शनफलम् ७११
अत्र मुहूर्तरत्नम् ७११
आषाढीपूर्णिमायामीशानयोग: ७१२
आषाढकृष्णचतुर्थीयोग: ७१२
आषाढशुक्लपञ्चमीयोग: ७१३
कुम्भेऽर्के पञ्च योगा: ७१३
पूर्वाषाढासूर्ययोग: ७१३
अत्र मुहूर्तरत्नं च ७१४
अस्यार्थ: ७१४
प्रावृट्शुक्रयोग: ७१५
ग्रहाणामुदयास्तादिप्रभावकथनम् ७१५
अथ सद्योवर्षलक्षणम् ७१६
सूर्यस्वरूपत: सद्योवृष्टिज्ञानम् ७१६
जन्तुचेष्टाभि: सद्यो वृष्टिज्ञानम् ७१६
कुक्कुटचेष्टया सद्योवृष्टिज्ञानम् ७१७
चन्द्रवर्णत: सद्योवृष्टिकथनम् ७१८
सद्योवृष्टेरन्यलक्षणम् ७१८
तरुलतापल्लवत: सद्योवृष्टिज्ञानम् ७१८
सन्ध्याकालीनसद्योवृष्टिलक्षणम् ७१८
सूर्योदयास्तसमये सद्योवृष्टिकरा लक्षणा: ७१९
अन्यलक्षणम् ७१९
पुनश्चान्यलक्षणानि ७१९
सतीस्कन्दयो: संवादकथनम् ७१९
नववर्षारम्भवारतो वृष्टिज्ञानम् ७२०
वैशाखमाघयो: प्रथमदिने नक्षत्रवशात् वर्षाज्ञानम् ७२०
विषुवकाले तिथिफलम् ७२३
विषुवदिने करणानां फलम् ७२४
मेषसङ्क्रमणे लग्नफलम् ७२६
मतान्तरम् ७२६
अत्र ग्रन्थान्तरम् ७२७
मण्डलानां कथनम् ७२८
करणेषु मेषार्कप्रवेशे महर्घ-समर्घफलम् ७२८
अथ वर्षप्रश्न:, अत्रानुष्ठानपद्धति: ७२९
मुहूर्तरत्नञ्च ७३०
प्रश्नलग्नाद् वर्षाविचार: ७३०
भूमिगतोदकज्ञानम् ७३१
वृष्टिकरा योगा: ७३१
प्रचुरवृष्टियोग: ७३२
विविधजलसूचका: केन्द्रा: ७३३
अनुष्ठानपद्धतिश्च ७३४

षड्विंशोऽध्याय:

कूपप्रश्न: ७३६
भूगर्भजलपरीक्षणे प्रशस्तमासा: ७३६
परीक्षणविधि: ७३६
कूपप्रश्ने लक्षणा: ७३७
जलप्राप्तियोगा: मुहूर्तरत्ने ७३७
विशेषलक्षणानां वर्णनम् ७३८
अत्रानुष्ठानपद्धति: ७३९
मुहूर्तरत्ने चन्द्रगुप्तिचक्रम् ७३९
चक्रनिर्माणविधि: ७३९
चक्रन्यासविधि: ७४०
उदयर्क्षज्ञानम् ७४०
उदयर्क्षन्यासम् ७४१
जलीयग्रहवशात् जलज्ञानम् ७४१
मतान्तराणि ७४२
द्वितीयमतम् ७४२
तृतीयमतम् ७४३
चतुर्थमतम् ७४३
अहोरात्रे चतुर्विभागेषु नक्षत्रन्यासे वैविध्यमाह ७४४
जलशिराज्ञानमाह ७४५
पुरातनकूपप्रश्न: ७४५
अत्र मुहूर्तरत्नम् ७४५
पुनरपि कूपयोगा: ७४७
अथ भूतलैकदेशं निर्दिश्यादधो जले ७४७
कूपे जलं मधुरं न वेति प्रश्न: ७४८
अत्र सारसमुच्चय: ७४९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ मुहूर्तरत्नम्	७४९
अथ सारसमुच्चये	७४९
कूपस्य निम्नतामानम्	७५०
अत्रानुष्ठानपद्धतिः	७५०
सारसमुच्चये राशिरश्मयः	७५०
रश्मिसंख्यानामुपयोगकथनम्	७५१
स्पष्टीकरणम्	७५१
मतान्तरेण दिनर्क्षज्ञानम्	७५२

सप्तविंशोऽध्यायः

अथ भोजनप्रश्नः	७५३
तृतीयभावतः भक्ष्यज्ञानम्	७५३
अथ सप्तमभावतः पेयपदार्थानां विचारः	७५५
अष्टमभावादन्नगुणाः	७५५
नवमात्सहभोक्तॄणां विचारः	७५६
दशमभावात्भोजनतुष्टिकथनम्	७५६
एकादशभावात् चर्चाविचारः	७५६
व्ययभावात् विश्रान्तिविचारः	७५७
मतान्तरम्	७५७
कृष्णीयेऽप्युक्तं तद्यथा	७५८
अत्र ज्ञानप्रदीपिका	७६०
भोजनमात्राकथनम्	७६०
भोजनोपरान्तचेष्टाविचारः	७६१
अथ लक्षणान्तरमुच्यते	७६१
अथ लाभप्रश्नः	७६२
अथ प्रोषितागमनप्रश्नः	७६२
वाहनविचारमाह	७६४

अष्टाविंशोऽध्यायः

सुरतप्रश्नः	७६६
सुरतसुखयोगः	७६६
लग्ने सदसद्ग्रहाणां प्रभावः	७६६
युगलस्य गुणकथनम्	७६७
सप्तमस्थवर्गफलम्	७६७
अत्र षट्पञ्चाशिका	७६७
पुनश्च वयोज्ञानमाह	७६८
स्त्रीस्वभावकथनम्	७६८
अत्र च्छत्रवशादपि स्त्रिया सत्त्वादि ज्ञेयं तद्यथा	७६८
सुरतकाले अन्यक्रियाकलापः	७६९
रात्रिकाले विग्रहकरा योगाः	७७०
कलहे वस्त्रच्छेदयोगः	७७०
अथ मिथुनप्रयोगाधिकरणं गृहमुच्यते	७७०
अत्र पक्षान्तरमस्ति तदपि लिख्यते	७७१
रतिकाले प्रकाशादि व्यवस्था	७७२
दीपकलक्षणम्	७७२
दीपे स्नेहविचारः	७७३

एकोनत्रिंशोऽध्यायः

अथ नष्टप्रश्नः	७७४
अत्र षट्पञ्चाशिका	७७४
विद्वज्जनवल्लभा च	७७५
चौर्यसमयमाह	७७७
राश्यनुसारेण नष्टवस्तुनिक्षेपस्थलम्	७७७
ग्रहानुसारेण चोरितवस्तुस्थानमाह	७७८
राश्यनुसारेण नष्टवस्तुसंख्याज्ञानमाह	७७९
राशीनां वर्णाः	७७९
चौरसंख्याज्ञानार्थे ग्रहाणां रश्मयः	७७९
नष्टद्रव्यस्थितिज्ञानम्	७८०
धात्वादिज्ञानम्	७८०
द्रेष्काणानुसारेण धात्वादिविभागः	७८२
नवांशेन धात्वादिकथनम्	७८३
धात्वादिवर्गे पदार्थानां वर्गीकरणम्	७८३
मेषादिराशीनाम्पदार्थाः	७८४
चौराकृतिः स्वभावश्च	७८५
चोरस्य वासस्थानज्ञानम्	७८६
त्र्यंशेषु चौरकर्मकथनम्	७८७
चौरस्य नामज्ञानम्	७८८
अत्र सम्प्रदायान्तरं लिख्यते	७८९
अत्र षट्पञ्चाशिका	७९०

त्रिंशोऽध्यायः

अथ नष्टजातकम्	७९२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जन्मनक्षत्रसाधनम् ७९२
गुरुनक्षत्रज्ञानम् ७९३
चन्द्रनक्षत्रसाधनम् ७९३
शकुनेन जन्मचन्द्रसाधनम् ७९४
शकुनाः ७९४
लग्नत्रिकोणायना यदुक्तं तप्योच्यते ७९५
अथ कृष्णोक्तं जन्मचन्द्रलग्नयोः कथनमुच्यते ७९६
ततोऽग्रेऽपि स्पष्टामाह ७९६
नक्षत्रकथनमुच्यते ७९७
अन्यविधिः ७९७
अथ जन्ममासकथनमुच्यते ७९७
द्वितीयप्रकारेण ७९८
जन्मलग्नज्ञाने सम्प्रदायान्तरम् ७९८
स्पष्टीकरणम् ७९९
अष्टमङ्गलविधिना नष्टजातकमाह ७९९
प्रकारान्तरेण जन्मचन्द्रसाधनम् ८०१
प्रकारान्तरेण मासपक्षादिज्ञानमाह ८०१
द्रेष्काणात् जन्मरविज्ञानम् ८०१
वराहोक्तविधिः ८०२
तत्र च माधवीयम् ८०३

एकत्रिंशोऽध्यायः

अथ स्वप्नप्रश्नः, अत्रार्यासप्ततिः ८०६
प्रश्नलग्ने ग्रहस्थित्या स्वप्नदृश्यमाह ८०६
दुःस्वप्नं सुस्वप्नं वेति निर्णयमाह ८०६
लग्ने स्थितराशितः स्वप्नदृश्यकथनम् ८०७
स्वप्नविशेषात् फलविशेषोऽप्यस्ति तत्राऽष्टाङ्गहृदयम् ८०७
अशुभस्वप्नाः ८०९
पुनश्चाशुभस्वप्नाः ८०९
स्वप्ने कालरात्रिदर्शनम् ८१०
कालसूचकस्वप्नदर्शने कारणम् ८१०
सप्तविधस्वप्नाः ८१०
स्वप्नानां फलप्राप्तिकालमाह ८११
शुभस्वप्नाः ८१२
दशाध्यायी च स्वप्नानां कारणम् ८१२
वातादिप्रकोपजन्यस्वप्नाः ८१३
गुह्यकजन्यस्वप्नाः ८१३
प्रत्यक्षफलप्रदस्वप्नाः ८१३
वाल्मीकीये रामायणे अशुभस्वप्नाः ८१४

द्वात्रिंशोऽध्यायः

अथाष्टकवर्गः ८१८
सूर्याष्टकवर्गः ८१८
चन्द्राष्टकवर्गः ८१८
भौमाष्टकवर्गः ८१९
बुधाष्टकवर्गः ८१९
गुर्वष्टकवर्गः ८२०
शुक्राष्टकवर्गः ८२०
शन्यष्टकवर्गः ८२१
स्पष्टीकरणम् ८२१
बृहज्जातकंसन्दर्भकथनम् ८२५
शुभचिह्नसंख्याफलकथनम् ८२५
सूर्यरेखाफलम् ८२५
चन्द्ररेखाफलम् ८२६
भौमरेखाफलम् ८२६
सौम्यफलम् ८२७
गुरुशुभफलम् ८२७
शुक्रफलम् ८२८
शनिशुभस्थानफलम् ८२८
विशेषफलम् ८२९
ग्रन्थकारमतेन सूर्यादीनामष्टकवर्ग-फलम् ८३०
शुभदिशाकथनम् ८३०
सूर्यस्य आदिमध्यान्तेषु फलम् ८३१
चन्द्राष्टकवर्गस्य विशेषफलम् ८३१
दानादिकथनम् ८३२
शून्याक्षगे शशिनि शुभकर्मवर्जना ८३२
भौमाष्टकवर्गे विशेषफलम् ८३२
बुधस्य विशेषफलम् ८३३
अष्टवर्गेण वाणीवैशिष्ट्यकथनम् ८३४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

बुद्धिहीनयोगः	८३५
भावानां नाशः	८३५
विद्याभ्यासे सफलताकथनम्	८३६
गुरोरष्टकवर्गस्य विशेषफलम्	८३६
शुक्राष्टकवर्गे विशेषफलम्	८३७
शन्यष्टकवर्गस्य विशेषफलम्	८३७
समुदायाष्टकवर्गकथनम्	८३८
अथ कटपयादिपद्धत्याः भिन्नाष्टकवर्गे संख्याकथनम्	७३९
अथ द्वादशभावानां अपेक्षिता रेखासंख्याः	८४१
पूर्वसञ्चितधनलाभयोगः	८४१
प्रयत्नरहितो वित्तागमयोगः	८४२
निधिप्राप्तियोगः	८४२
पुनश्च सधनाधनयोगः	८४२
पुनश्च भावानां पुष्टिहेतुमाह	८४२
भावानां पोषकता घातकता च	८४२
जीवनकाले आदि-मध्य-अन्तविचारमाह	८४३
प्रकारान्तरेण कथनम्	८४३
अथाष्टकवर्गेण जातकस्य चित्तवृत्तिकथनम्	८४४
अथाष्टकवर्गेण रोगशोकादि-समयज्ञानम्	८४४
विषभयवर्षज्ञानम्	८४५
पुत्रादिसुखयोगः	८४५
वर्षमासादिसाधनम्	८४६
पुनरपि फलकथनम्	८४६
अथ त्रिकोणशोधनमुच्यते	८४६
अथैकाधिपत्यशोधनम्	८४७
अथ पिण्डानयनमुच्यते	८४७
पितुर्मृत्युकालज्ञानम्	८४८
पुनश्च प्रकारान्तरेण	८४८
जीवार्कयोः स्थित्या पितुर्मृतिकथनम्	८४९
स्वमृत्युमासज्ञानम्	८४९
मातृनाशज्ञानमाह	८५०
कुजाष्टवर्गेण भ्रातृनिरूपणम्	८५०
बुधाष्टवर्गेण विद्यानिरूपणम्	८५१
अथ जीवाष्टकवर्गेण सन्तति-निरूपणम्	८५१
पुत्रजननकालोच्यते	८५३
गुरोः कक्ष्या चारवशेन सन्ततिजनन-समयमाह	८५५
पुंकन्याजन्मे सम्प्रदायान्तरम्	८५६
अथ शुक्राष्टकवर्गेण भार्यानिरूपणम्	८५७
अथ मन्दाष्टकवर्गेण निर्याण-निरूपणम्	८५७
पुनश्च मृत्युसमयमाह.	८५८
मृत्युमासज्ञानम्	८५८
विपत्त्यर्कज्ञानम्	८५९
मृत्युस्थलज्ञानमाह	८५९
पुनश्च मृत्युकालमाह	८५९
अष्टवर्गाद् दशानयननिर्देशः	८६०
ग्रन्थकर्त्तुः परिचयः	८६५
अथ संक्षेपेण द्वात्रिंशदध्यायेषु वर्णितविषयानामुल्लेखमाह	८६६
निन्दकानां परिवर्जनम्	८६८
प्रश्नमार्गस्य प्रामाणिकताकथनम्	८६९
उपसंहारः	८६९
टीकाकर्तृवंशवर्णनम्	८७०

*

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ श्रीः ॥

प्रश्नमार्गः

(उत्तरार्द्धः)

अथ सप्तदशोऽध्यायः

विवाहप्रश्नः

आयुर्निरूपणादूर्ध्वं विवाहप्रश्न उच्यते ।
कदाहि समयोऽस्येति तथा च प्रश्नसङ्ग्रहः ॥ १॥

इस ग्रन्थ के पूर्वार्ध में आयुनिर्णय करने के अनन्तर अब इसके उपरान्त विवाह सम्बन्धी प्रश्न के विचार हेतु संग्रह किया जा रहा है ॥१॥

विवाहहेतुकथनम्

कन्यायाः पुरुषस्य च प्रथमतो निर्णीय चायुः पुनः
सन्तानाख्यतिथिं ततश्च सकलं दैवज्ञवर्यस्ततः।
भाविप्रश्नविलग्नतोऽपि निखिलं पाणिग्रहं कारयेत्
सन्तानाय यतः प्रयाति नितरां प्रीतिं पितॄणां गणाः ॥ २॥

सर्वप्रथम कन्या तथा वर के आयुष्य तथा आयु (विवाह योग्य आयु) का विचार करना चाहिए । उन दोनों की कुण्डलियों में मेलाप आदि का निर्णय कर फिर सन्तान तिथि आदि की गणना करके भावी सन्तानोत्पत्ति, सुख-दु:खादि का विचार करें । क्योंकि विवाह का मुख्य हेतु तो सन्तान उत्पन्न करना है । सन्तान के होने से जातक के पितृगणों (पुरखों) को बडी प्रीति और आनन्द होता है ॥२॥

विवाहप्रश्नः कथमप्रष्टव्यम् ?

विवाहविषयप्रश्नस्यास्त्येवावश्यकार्यता ।
बृहस्पतिस्तथा चाह माधवीये च माधवः ॥ ३॥
दैवज्ञं भक्तितो नत्वा सम्पूज्यादौ यथाबलम् ।
उडुनी नामनी चोक्त्वा सम्पृच्छेत् सकृदेव तम् ॥ ४॥

विवाह प्रश्न कैसे पूछें ? इस विषय में आचार्य बृहस्पति ने तथा माधव ने माधवीय ग्रन्थ में इस प्रकार कहा है कि सर्वप्रथम पृच्छक दैवज्ञ को भक्तिपूर्वक प्रणाम करे । फिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सम्मान के साथ फल-पुष्प सहित दक्षिणा समर्पित करे और फिर वर-वधू के जन्मनक्षत्र या नाम को बतला कर विवाह के सम्बन्ध में प्रश्न करे । एक ही बार प्रश्न पूछें ॥३-४॥

"माधवीयम् " नामक ग्रन्थ मुहूर्तज्योतिष का सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है जिसकी रचना दक्षिण भारत में हुई थी । इसमें विवाह प्रश्न पर बडा ही सटीक तथा उत्तम विचार किया गया है । इस पर "विद्यामाधवीयम्" नामक टीका को आचार्य विष्णु ने लिखा है ।

प्रश्नाङ्गस्य महत्त्वम्

प्रश्नलग्नवशतः करग्रहे भावि शंसतु शुभाशुभं बुधः ।
स्याद्विवाहवदिह ग्रहस्थितिः सप्तमे तु शुभदाः शुभग्रहाः ।। ५।।

विवाह प्रश्नकालीन उदयलग्न के आधार पर दैवज्ञ को विवाह के शुभाशुभ फल का निर्णय करना चाहिए । विवाहलग्न के आधार पर ग्रहों का जो फल होता है वही फल विवाहप्रश्न के उदयलग्न के अनुसार भी बताना चाहिए । विवाहप्रश्न के उदयलग्न से सप्तम में कोई ग्रह न हो तो बहुत ही उत्तम होता है । परन्तु फिर भी यदि शुभ ग्रह सप्तम भाव में बैठा हो तो शुभ फल ही होगा ॥५॥

विवाहप्रश्नपरिभाषा

विवाहविषये प्रश्न एषः कीदृग् भविष्यति ।
जिज्ञासा यदि चेत्तर्हि तत्प्रकारोऽथ कथ्यते।। ६।।
कन्यकेयमनेनोढा भर्तृपुत्रादिसंयुता।
भविता किन्नु किन्नो वा विवाहप्रश्न ईदृशः ।। ७।।

विवाह विषयक प्रश्न किसे कहते हैं ? उसका प्रकार कहते हैं—इस (अमुक) वर के साथ विवाह करने पर यह कन्या सुखी, सौभाग्यवती तथा पुत्रवती होगी अथवा नहीं ? विवाह प्रश्न यही है । यही प्रश्न दैवज्ञ से पूछा जाना चाहिए ॥६-७॥

वधूप्रधानप्रश्नमाह

वध्वा वरस्याप्युडुनाम चोक्त्वा प्रश्नस्तथाप्येष वधूप्रधानः ।
लग्नात्ततोऽस्या मदतश्च पत्युर्वाच्यं हि लक्ष्मेह गुरुस्तथाऽऽह ।। ८।।
एवं भर्तृस्वभावादिवयोगुणसुखादि च ।
सप्तमर्क्षाद्-भवन्त्येवं लग्नात्कन्यागुणादयः ।। ९।।

जब वधू एवं वर के नाम के अनुसार विवाह प्रश्न करते हैं फिर भी इस प्रश्न को वधू-प्रधान प्रश्न कहेंगे । उस समय प्रश्नलग्न से वधू (कन्या) के सम्बन्ध में तथा प्रश्न-कुण्डली के सप्तम भाव से वर के सम्बन्ध में शुभाशुभ फल कथन करना चाहिए । ऐसा आचार्य बृहस्पति का कथन है ॥८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस भाँति पति के स्वभाव, आयु, गुण, शिक्षा-दीक्षा, सम्पन्नता,चरित्र आदि का वर्णन सप्तम भाव से तथा कन्या के सुख-दुःख-सतीत्वादि का विचार प्रश्नलग्न से करना समीचीन है ।।९।।

अनुष्ठानपद्धतेर्मतम्

यदि नीचारिगो लग्नमारूढं वा न पश्यति।
अर्कस्त्रियः पिता नास्ति मातेन्दुश्चेत्तथाविधः।। १०।।

यदि प्रश्नकुण्डली में अथवा आरूढकुण्डली में सूर्य नीच राशि या शत्रु राशि में बैठकर लग्न या आरूढ को न देखता हो तो दुलहिन के पिता जीवित न होगा अथवा पिता से उसे कोई सरोकार न होगा। यदि इसी प्रकार से नीच राशिगत या शत्रुक्षेत्री होकर चन्द्रमा लग्न को या आरूढ को न देखता हो तो दुलहिन बिना माता की होती है ।।१०।।

वरपक्षे सप्तमभावफलम्

लग्नारूढर्क्षयोरस्तं यदार्कः शत्रुनीचगः।
न पश्यति पिता पुंसो नास्ति माता शशी यदि।। ११।।

श्लोक १०की भाँति ही यदि नीच राशि, शत्रु राशि का सूर्य प्रश्नकुण्डली एवं आरूढ के सप्तम भाव को न देखता हो तो वर के पिता नहीं है ऐसा कहना चाहिए। यदि चन्द्रमा नीचस्थ या शत्रुक्षेत्री होकर सप्तम भाव को न देखता हो तो वर की माता नहीं है ऐसा बताना चाहिए ।।११।।

समयादिकानां विचारः

चिन्त्यानि पूर्वं कथितानि सर्वा-
ण्यत्रापि सम्यक् समयादिकानि।
तेषां शुभत्वे पतिपुत्रसम्पत्
विवाहलाभश्च न चाशुभत्वे ।। १२।।
यद्यत्करग्रहप्रश्नेऽत्रोपयोगि पुरोदितम्।
तत्तत् समस्तमप्यत्र चिन्तनीयं हि धीमता ।। १३।।

पूर्व में जिन समय-शकुन आदि के विचार को कहा जा चुका है उन सब के शुभाशुभत्व का पूर्व के अध्यायों के अनुसार शुभाशुभ फल विवाहप्रश्न में भी विचारना चाहिए। उनके शुभ होने पर पति-पुत्रादि को सुख, धन-समृद्धि की प्राप्ति होती है। अशुभ होने पर विपरीत फल मिलता है ।।१२।।

पूर्व में जो उपयोगी बातें विवाह के सम्बन्ध में वर्णित की जा चुकी हैं उन सब का विचार भी यहाँ पर करना बुद्धिमानों का कर्तव्य है ।।१३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहज्जातकमतम्

कुजेन्द्वित्यादिपद्यार्धेनोक्तं कन्यार्त्तवादिना।
विवाहविघ्नस्तत्सिद्धिं परेणार्धेन पृच्छताम्।। १४।।

आचार्य वराहमिहिर ने अपने "कुजेन्दु" इत्यादि श्लोको में स्त्रियों के मासिकधर्म तथा विवाह का जो फल बताया है उसे भी यहाँ बताना चाहिए ।।१४।।

वराहमिहिर के बृहज्जातक का वह श्लोक इस प्रकार है—

"कुजेन्दुहेतुः प्रतिमासमार्तवं गते तु पीडर्क्षमनुष्णदीधितौ ।
अतोऽन्यथास्ते शुभपुंग्रहेक्षिते नरेण संयोगमुपैति कामिनी"।।

अर्थात् स्त्रियों के मासिकधर्म का खगोलीय कारण चन्द्र तथा मंगल हैं । जब अनुष्णदीधिति अर्थात् चन्द्रमा पीडर्क्ष अर्थात् अनुपचय स्थानो (१-२-४-५-७-८-९-१२) में होता है तभी गर्भाधान होता है । विवाह प्रश्न में भी यही बात लागू होती हैं । यदि इन स्थानों में विवाहप्रश्न लग्न से चन्द्रमा हो और शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो विवाह होता है अन्यथा टल जाता है । बृहस्पति से दृष्ट हो तो विवाह होता है । शुक्र से दृष्ट हो तो विवाह होता है । इस श्लोक में शुभपुंग्रहेक्षिते" वाक्यांश आया है जिसमें 'शु' = शुक्र तथा 'भ' = नक्षत्र ऐसा अर्थ अनेक विद्वानों ने किया है । पराशर के मत से भरणी, पूर्वाफाल्गुनी तथा पूर्वाषाढ़ा से शुक्र के नक्षत्र हैं अतः प्रश्नलग्न में यदि इन नक्षत्रों या इनसे त्रिकोण में चन्द्रमा हो तो विवाह एवं गर्भाधान दोनों के लिए शुभ होता है । स्त्री की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा यदि अनुपचय स्थानों में हो तथा मंगल से दृष्ट हो तो उस कन्या में गर्भधारण की क्षमता होती है । यह स्थिति मासिकधर्म के समय गोचरवशात् भी देखना चाहिए ।

इसी भाँति जब पुरुष की जन्मराशि से उपचय (३-६-१०-११) भावों में चन्द्रमा हो तब ऐसे समय में स्त्री-पुरुष के संयोग से गर्भधारण होता है । इस स्थिति का विचार प्रश्नलग्न तथा सप्तम भाव से करें, यही ग्रन्थकार का अभिप्राय है । इसीलिए उसने वराहमिहिर के इस अति महत्त्वपूर्ण श्लोक पर दैवज्ञ का ध्यान आकृष्ट कराया है । आचार्य वराहमिहिर का यह श्लोक इतना महत्त्वपूर्ण है कि इसे दूसरे अनेक ग्रन्थकारों ने अविकल रूप से अपने ग्रन्थों में मूल में सम्मिलित किया है । जातकपारिजात (अ:३।११) में श्री वैद्यनाथ दीक्षित ने, श्री सोमयाजी ने जातकादेशमार्ग (अ.२।१) में इसे स्थान दिया है। शंभुहोराप्रकाश में इस श्लोक के अभिप्राय को श्री पुंजराजाचार्य ने निम्न शब्दों में पिरोया है—

"स्त्रीणां विधौ चोपचये कुजेन
दृष्टेऽपि गर्भग्रहणेऽपि योग्या ।
पुंसा तथा गीष्पतिना प्रदृष्टे
स्त्रीपुंसयोर्योगमतोऽन्यथा च" ।। (शंभुहोराप्रकाश ४।२)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहस्पतिवचनम्

प्रश्नलग्नाद्युग्मराशौ कृष्णपक्षे यदा विधुः।
पापेदृष्टेऽथवा रन्ध्रे नैव सम्बन्धमाप्नुयात् ।। १५।।

।। इति प्रश्नसंग्रहः ।।

प्रश्नसंग्रह में बृहस्पति कहते हैं—जब कृष्णपक्ष का चन्द्रमा प्रश्नलग्न से युग्म राशियों (सम = Even) में स्थित होकर पापदृष्ट हो अथवा अष्टम स्थान में हो तो सम्बन्ध (सगाई आदि) नहीं होता है ।।१५।।

स्पर्शादिना प्रश्नफलकथनम्

स्पर्शो दक्षिणबाहुवक्षशिरसां पाणिग्रहे सिद्धिकृ-
ज्जान्वङ्घ्र्योऽस्तु विलम्बकृत्परकरे पृष्ठे कटौ विघ्नकृत् ।
वेश्मस्थौ तु मिथस्सुहृद् भवनगौ यद्वोच्चगौ वेक्षितौ;
युक्तौ वा मदलग्नपौ तनुपशुक्रौ चात्र सिद्धिप्रदौ ।। १६।।

यदि पृच्छक अपने दक्षिण बाहु, वक्ष तथा शिर का स्पर्श करते हुए प्रश्न करें तो विवाह होता है । यदि घुटने तथा पैरों का स्पर्श करते हुए प्रश्न पूछे तो विवाह विलम्ब से होगा । यदि प्रष्टा कमर-पीठ का स्पर्श करते हुए प्रश्न पूछे तो विवाह में विघ्न होता है ।

यदि लग्नेश तथा सप्तमेश अथवा लग्नेश तथा शुक्र का परस्पर राशि-परिवर्तन हो या मित्र के घर में बैठे हों तो या उच्च राशि में बैठे हों अथवा परस्पर दृष्ट हों या उनमें युति सम्बन्ध हों तो विवाह में सफलता मिलती है अर्थात् विवाह अवश्य ही होता है ।।१६।।

इस श्लोक में जैसा विचार प्रश्नलग्न से करने को कहा है वैसा ही आरूढ़ तथा सप्तमेश या उसके भाव से करना चाहिए ।

रोगादिकथनम्

पापाः पापविलोकिता निधनगा नीचारिवेश्माश्रिता;
विघ्नानाञ्जनका विवाहसमये केनापि वा हेतुना।
एवं षष्ठगता वधूवररुजा यद्वा तयोर्बन्धुभिः
प्रश्ने पक्षिमृगोरगादिसुरते दृष्टे वधूर्जारिणी।। १७।।

(१) यदि पाप ग्रहों से दृष्ट पाप ग्रह अष्टम भाव में बैठे हों तो या नीचस्थ या शत्रु राशि में बैठे हों तब विवाह के समय विघ्न उत्पन्न होते हैं ।

(२) यदि पाप ग्रह पाप ग्रहों से दृष्ट होकर छठे भाव में बैठे हों तो वर या वधू को रुग्ण होने का संकेत देते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(३) यदि वर-वधू के अभिभावक जिस समय प्रश्न पूछ रहे हों उस समय यदि पक्षी, पशु, सर्पादि के जोड़े मैथुन करते हुए दिखलाई पड़ें तो वधू व्यभिचारिणी या जारिणी होती है ॥१७॥

दम्पत्योर्निधनसूचकयोगाः

पापाढ्यो निधनारिगो हि मकरो वर्षेऽष्टमे मृत्युकृद्;
दम्पत्योरथ तत्रगस्य शशिनो द्विण्मृत्युगश्चेत् कुजः ।
गच्छेन्मृत्युमपुत्र एव नवमादब्दात् पुरायं पुमान्;
मासे सप्तम एव लग्नमदयोश्चन्द्रासृजौ चेत्स्थितौ ॥ १८॥

(१) यदि विवाह प्रश्नकुण्डली में चन्द्रमा पाप ग्रहों से युत होकर निधन (अष्टम), अरि (षष्ठ) भावों में बैठा हो तो दम्पति की विवाह के बाद आठवें वर्ष में मृत्यु होती है ।

(२) यदि ६-८ भावों में पापयुक्त चन्द्रमा से दूसरे या आठवें भावों में मंगल बैठा हो तो विवाहोपरान्त नौ वर्ष के भीतर निःसन्तान या पुत्रहीनता में मृत्यु होती है ।

(३) यदि चन्द्रमा तथा मंगल लग्न तथा सप्तम में बैठे हों तो विवाह समय से सातवें महीने में दम्पति की मृत्यु हो जाती है ॥१८॥

इस प्रसंग में आरूढ राशि से भी चन्द्रमा तथा मंगल की उक्त स्थितियों का विचार करें ।

यामशुक्रफलम्

आरूढाद्यामशुक्रे व्ययमृतिरिपुगे तस्य कर्मेश्वरे वा;
शुक्रे वा यामशुक्रादिह खलु समये नैव सिद्ध्येद् विवाहः।
योगे यामाच्छलग्नाधिपतिभृगुभुवां मान्दिकेतूरगाढ्ये;
तद्दृष्टे वा विवाहादुपरि न हि सुखं वल्लभस्यापि वध्वाः॥ १९॥

(१) यदि यामशुक्र अथवा कर्मेश (दशमेश) आरूढ राशि से छठे, आठवें या बारहवें भाव में स्थित हो तो विवाह नहीं होता ।

(२) अथवा यामशुक्र से शुक्र का द्विर्द्वादश या षडष्टक हो तो भी विवाह नहीं होता है।

(३) अथवा यामशुक्र, शुक्र एवं लग्नेश की युति हो तथा इनका सम्बन्ध राहु-केतु या गुलिक से हों तो विवाह नहीं होता ।

(४) यदि राहु-केतु या गुलिक की युति योगस्फुट (यामशुक्र + शुक्र + लग्नेश स्पष्ट = राश्यादि) के राश्यंशों पर हों तो विवाह नहीं होता है । लग्न में राहु आदि की दृष्टि से भी विवाहसुख नहीं होता ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यामशुक्र—इसे 'अच्छयाम' अथवा "यामाच्छ" भी कहते हैं। जिस प्रकार, शनि का उपग्रह गुलिक है तथा गुरु का यमकण्टक है तथैव शुक्र का उपग्रह "यामाच्छ" होता है। प्रतिवार को इसका समय 'यमकण्टक' तथा मान्दि काल के बीच में रहता है। इसके स्पष्ट की विधि गुलिक की भाँति ही है। "यामशुक्र" इस प्रकार स्पष्ट करें—

जिस दिन का प्रश्न या जन्म हो उसके दिवा तथा रात्रि कालीन ध्रुवांक का गुणा दिनमान या रात्रिमान के अष्टमांश से करते हैं। दिन के जन्म में दिनमान के अष्टमांश तथा रात्रिमान के अष्टमांश का उपयोग रात्रि के समय के लिए करते हैं। दिन में अष्टमांश के साथ "यामशुक्र" के ध्रुवक का गुणा करने से जो गुणनफल आता है वही यामशुक्र का इष्ट होता है। इस इष्ट पर लग्न निकालें, जो लग्न आयेगा वही "यामाच्छ" स्पष्ट (राश्यंशादि) होगा। रात्रि में रात्रिमान के अष्टमांश से रात्रिकालीन ध्रुवक का गुणा कर दें तो जो गुणनफल आवे उसमें दिनमान के घटी-पल जोड़ देने से रात्रिकालीन 'यामशुक्र' का इष्टकाल होता है। इस इष्टकाल पर स्पष्ट किया हुआ लग्न ही स्पष्ट यामशुक्र होगा। आगे प्रतिवार के अनुसार यामशुक्र के दिवारात्रि ध्रुवांक दिये गये हैं—

'यामशुक्र' इष्टकाल ज्ञान हेतु ध्रुवाङ्क चक्र

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार	**वार**
६	५	४	३	२	१	७	**दिन में यामशुक्र के ध्रुवांक**
२	१	७	६	५	४	३	**रात में यामशुक्र के ध्रुवांक**

दक्षिण भारत के कुछ दैवज्ञ स्थूल विधि से यामशुक्र का ज्ञान करते हैं। वे रविवार से लेकर शनिवार पर्यन्त सूर्योदय से क्रमशः २२-१८-१४-१०-६-२ तथा २६ घटियों पर इष्ट मानकर दिन में यामशुक्र का साधन करते हैं। यह विधि स्थूल है।

पुनर्विवाहसूचकाः शकुनाः

स्त्रीभ्यां युक्तेन पुंसा परिणतनृयुजा गोवृषाभ्यामुभाम्या-
मारब्धे प्रश्नकृत्यं पुनरुपयमनश्लाघिवाचा तथैतैः।
दैवात्प्रश्नोपयातैः पुनरुपयमनं पृच्छतः चिन्तनीयं
कन्याया लक्षणान्युपयमनविरोधीनि पुष्पोद्गमाद्यैः॥ २०॥

यदि प्रश्नकाल में प्रश्न पूछते समय पृच्छास्थल पर एक पुरुष दो स्त्रियों के साथ आ जायें अथवा कोई विवाहित जोड़ा आ जायें अथवा एक गौ के पीछे दो बैल (साँड) जाते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिखाई पड़ें तो वर या वधू का दूसरी बार विवाह होता है अथवा एक स्थान पर निश्चित की हुयी सगाई छूट जाती है ।

यदि कोई विरोधी पुष्पोद्गम अर्थात् फल न देने वाला पुष्प दिखलाई पड़े तो विवाह में बाधाएँ आती हैं ॥२०॥

पारन्तीतरलोहितार्तवसमालोके च कण्डूयन-
प्रेक्षायामसृगीक्षणे च भविता विघ्नो रजोनिर्गमात् ।
आरावश्रवणे लुलायगजयो रक्तार्तवालोकने
रेखायां यदि चक्रमध्यरचिताम्भोजे न्यसेद्वा पणम् ।। २१।।

यदि विवाहप्रश्न के समय लाल रंग का पुष्प दिखे या कन्या को या अन्य स्त्री को मासिक स्राव होता हुआ दृष्टिगोचर हो, कोई खुजलाता हुआ दिखायी दे, कहीं खून निकलता दिखे तो विवाह में विघ्न उत्पन्न होता है ।

यदि कहीं आराव (शोरगुल या झगड़ा) सुनाई पड़े, हाथी (या फिर भैंस-भैंसा) भागते हुए एक-दूसरे से क्रीड़ा करते हुडदंग करते दिखें तो विवाह में बाधा आती है अथवा राशिचक्र के मध्य में बने कमल पर पृच्छक का हाथ या स्वर्ण रखा जाय तब भी वही परिणाम होता है ॥२१॥

विश्लेषे करयोः कयोरपि शवालोके मृतिः प्रेक्षणे;
व्याहन्येत करग्रहः कलहवागाकर्णनेऽपि ध्रुवम् ।
आशूद्वाहविधायिलक्षणमिदं यत् प्रोच्यतेऽतः परम्।। २२।।

यदि दो व्यक्ति आपस में आलिंगन कर या हाथ मिलाकर एक-दूसरे से बिछुड़ रहे हों अथवा मृतक का शव दिखलाई पड़े तो विवाह में विघ्न हो जायेगा । यदि कलह दिखलायी या सुनाई पड़े तो भी विवाह टूट जाता है । अब शीघ्र विवाहकारक शकुन कहे जाते हैं जिनके दर्शन-श्रवण से शीघ्र विवाह की सूचना मिलती है ॥२२॥

शीघ्रविवाहप्रदाः शकुनाः

आनीतिर्वसनस्य विक्रयकृते धौतं करे तन्नयं;
कट्यां बिभ्रत आगमश्च नितरामिष्टस्य पृच्छाविधौ ।
जन्तोर्वा मिथुनेक्षणञ्च न चिरादुद्वाहदं पृच्छतां;
स्त्रीदोषं खननं क्षितेः क्रकचशब्दो वा समावेदयेत् ।। २३।।

यदि कोई विक्रय हेतु वस्त्रों की गठरी ला रहा या ले जा रहा हो या धोबी या कोई व्यक्ति धुले हुए वस्त्र ले जा रहा हो या कोई कौतूहल वश कमर में फैंटा लपेटे हुए हो (लाल-पीला वस्त्र लपेटे हो) तो शीघ्र ही विवाह सम्पन्न होता है । यदि पक्षी आदि का जोड़ा दिखे तो विवाह में विलम्ब नहीं है ऐसा कहना चाहिए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि भूमि खोदने या तोड़-फोड़ की ध्वनि सुनाई पड़े तो वधू में कोई दोष है ऐसा बताना चाहिए ।।२३।।

कन्यादोषसूचका: शकुना:

वासोऽपि श्लथनं पुंस: कस्यचिद् योषितोऽथवा ।
विवाहप्रश्नसमये यदि दुष्टैव कन्यका ।। २४।।

यदि विवाह प्रश्न समय उस स्थल पर अचानक किसी पुरुष या स्त्री के वस्त्र ऐसे खुल जायें कि उसके शरीर की नग्नता प्रकट हो जाय या लज्जाजनक स्थिति निर्मित हो जाय । तात्पर्य यह है कि अधोवस्त्रों का अचानक खुल जाना या सरक जाना कन्या के चरित्रहीन होने का द्योतक है ।।२४।।

पुनश्च शीघ्रविवाहकरा: शकुना:

विक्रेतुं समुपानयेद्यदि तदारूणिं विहायेतरत्
पात्रं लौहमयं सपुच्छमुकुरालोकश्च तुम्बेक्षणम् ।
आलोक: कलधौतनिर्मितवदार्थानां मृगादर्शनं
तत्रोद्वर्तनसूपभीतिदृगमी क्षिप्रं विवाहप्रदा: ।। २५।।

यदि कोई धातुओं के वर्तन बेचने वाला दिखाई पड़े और उसके पास आरुणि (पीतल=Brass) के बर्तन हों, अन्य धातुओं के पात्र हों, पूँछ वाला दर्पण, तुम्बा, स्वर्णाभूषण, रजताभूषण, गाय, भैंस आदि का गोबर करना तथा जनेऊ इन सब के दर्शन हों तो विवाह शीघ्र होता है । यदि कोई मनुष्य या स्त्री अपने हाथों से अपने नेत्रों को ढँके हों तो भी उसका दर्शन शीघ्र विवाह होने का सूचक होता है ।।२५।।

पुनरपि शीघ्रविवाह:

द्रव्यद्वन्द्वमपीतरेतरसमाबद्धं यदि प्रेक्ष्यते,
दम्पत्योश्च यदृक्षयेक्षणसमायानादिकं वा तदा ।
ऊर्णासूत्रनिबद्धपाणिचरणस्यापेक्षणं गानिना-
मायानं च करग्रहाय कलभद्रव्येक्षणं चाचिरात् ।। २६।।

विवाहप्रश्न के समय यदि वस्तुओं के जोड़े एक साथ सम्बद्ध दिखलायी पड़ें । यह पति-पत्नी (Married couple) एक साथ दिखें अथवा हाथों में ऊनी तन्तु का रक्षा-सूत्रादि बाँधे कोई व्यक्ति दिखलायी पड़े, सुन्दर वस्तुओं के दर्शन हो, गायकों का आगमन या विवाह समय के गीत सुनाई पड़ें तो शीघ्र ही विवाह होता है । ये शकुन शीघ्र विवाह की सूचना देते हैं ।।२६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रश्नरत्नमतम्

लग्नादुपचयर्क्षस्थौ शुक्रास्तेशौ समृद्धिदौ।
विवाहोत्तरकाले तु सुतादावप्ययं नयः।। २७।।

प्रश्नरत्न ग्रन्थ के अनुसार यदि प्रश्नलग्न से उपचय भावों में या तो शुक्र बैठा हो या फिर सप्तमेश बैठा हो तो यह स्थिति वैवाहिक सुख-समृद्धि की वृद्धि करता है। विवाह के उपरान्त यही योग सन्तति भी प्रदान करता है ।।२७।।

पुनश्च विवाहयोगाः

युग्मर्क्षगो दानवराजपूज्यः सुधामयूखो वियद्याङ्गनांशे।
वीर्यान्वितौ लग्नमवेक्षमाणौ कुमारिकालाभकरौ प्रदिष्टौ ।। २८।।

जब समराशि में शुक्र तथा चन्द्रमा हों अथवा सम नवांशों में हो और लग्न को देखते हों तो विवाहप्रश्न में स्त्रीलाभ तथा सन्तति प्रश्न में कन्या का जन्म होता है। शुक्र तथा चन्द्र का बली होना आवश्यक है ।।२८।।

स्त्रीलाभयोगः

लग्ने यदि स्याद् युवतित्रिभागे तत्रापि च स्याद्यदि योषिदंशः।
दृष्टः सितेनामृतरोचिषा च भवेत्तदाऽसौ वनिताप्तिकारी ।। २९।।

यदि लग्न में स्त्रीराशि का त्रिभाग (द्रेष्काण) तथा नवांश भी स्त्रीराशियों का हो, शुक्र तथा अमृतरोचिष (चन्द्रमा) के द्वारा लग्न (नवांश या द्रेष्काण) पर दृष्टिपात हो तो यह योग स्त्रीलाभ का सूचक होता है ।।२९।।

जायारूपकथनम्

केन्द्रत्रिकोणोपगतः स्मरर्क्षं शुभस्य सौम्याः प्रविलोकयन्ति।
यदा तदा तौ लभते सुरूपां जायां विरूपामपि पापधिष्ण्ये।। ३०।।

(१) यदि केन्द्र तथा त्रिकोणों में बैठे हुए शुभ ग्रह सप्तम भाव में बैठे शुभग्रह को देखते हों तो सुन्दर सुरूप पत्नी की प्राप्ति होती है।

(२) परन्तु यदि केन्द्र-त्रिकोण में पाप ग्रह बैठे हों और उनकी दृष्टि सप्तम भाव में बैठे पाप ग्रह के ऊपर हो तो कुरूप पत्नी की प्राप्ति होती है ।।३०।।

इस प्रकार योगों में सुरूपता का तारतम्य करना आवश्यक है। ऊपर कहे गये योगों में या तो पत्नी बहुत सुन्दर होगी अथवा बहुत असुन्दर, क्योंकि शुभ या पाप ग्रहों का प्रभाव अधिक है। परन्तु ऐसी स्थिति कम ही देखने में आती है। यदि सप्तम में पाप ग्रह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बैठा हो तथा उस पर केन्द्र एवं त्रिकोण में बैठे शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो पत्नी मध्यम रूप की होगी, न वह बहुत सुन्दर होगी और न कुरूप । इसी प्रकार सप्तम भाव में शुभ ग्रह बैठा हो और उसे केन्द्र या त्रिकोणस्थ पाप ग्रह देख रहे हों तब भी पत्नी का रूप-रंग सामान्य ही होगा, उसे सुरूप या कुरूप नहीं कह सकेंगें । इस प्रकार के योगों का विचार जन्म तथा प्रश्न दोनों कुण्डलियों से करना चाहिए ।

शीघ्रविवाहयोगाः

जामित्रोपचया गोरजनिकृत्सौम्येक्षितो लग्नगो
वीणाकुम्भवधूतुलाश्च मदगौ शुक्रोडुपौ वांशगौ।
आरुढादथवोदयान्मदगता जीवेन्दुभूभार्गवा
यद्वा केन्द्रगता अमी निगदिताः क्षिप्रं विवाहप्रदाः ।। ३१।।

यदि सप्तम, उपचय (३-६-१०-११) तथा द्वितीय भाव में शुभ ग्रहों से दृष्ट चन्द्र विराजमान हो अथवा लग्न में मिथुन, कुंभ, तुला तथा कन्या में से कोई राशि हो; साथ ही शुक्र तथा उडुप (चन्द्रमा) या तो मदस्थान (सप्तम भाव) में हों या सप्तम भाव के अंश (नवांश) में हों तो शीघ्र विवाह होता है ।

अथवा आरूढ राशि से या उदय लग्न से गुरु, बुध तथा शुक्र केन्द्र में हों या सप्तम भाव में हों तो शीघ्र ही विवाह कराते हैं ।।३१।।

विवाहे शुभाऽशुभत्वम्

लग्नेऽस्ते निधने सुते च नवमे तत्स्वामियुक्तेक्षिते
पापादृष्ट्युतेऽपि वाऽपि समयप्रश्ने शुभं पुंस्त्रियोः।
अस्माच्चेद् विपरीतता न मतिमान् पाणिग्रहं कारयेत्
लग्नेन्दुः शुभदौ शुभांशकगतौ पापांशगौ मृत्युदौ ।। ३२।।

विवाह सम्बन्धी प्रश्नकाल में यदि लग्न में तथा ७-८-५-९ स्थानों में या तो उनके स्वामी बैठे हों अथवा ये स्थान अपने स्वामियों से दृष्ट हों तथा पाप ग्रहों की दृष्टि-युति से रहित हों तो विवाह करना पुरुष एवं स्त्री दोनों के लिए मंगलकारी होता है । यदि इसके विपरीत स्थिति हो तो समझदार व्यक्ति को विवाह नहीं करना चाहिए, क्योंकि विवाह उसके लिए हितकर नहीं होगा ।

इसी प्रकार लग्न तथा चन्द्रमा शुभ ग्रहों के नवांश में शुभ फलदायक तथा पाप ग्रहों के नवांश में विवाह प्रश्नकालीन चन्द्रमा एवं लग्न मृत्युदायक होते हैं ।।३२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहस्पतेर्मतम्

लग्ने पापग्रहैर्युक्ते नीचशत्रुग्रहस्थितैः ।
अष्टमे सप्तमे चैव दम्पत्योर्मरणं भवेत् ।। ३३।।

यदि प्रश्नलग्न पाप ग्रहो से युक्त हो अथवा उसमें नीच राशिगत या शत्रु राशिगत ग्रह बैठे हों तथा सप्तम एवं अष्टम भावों में भी नीच राशिगत ग्रह अथवा पाप ग्रह बैठे हों तो दम्पति का मरण होता है ।।३३।।

अत्रानुष्ठानपद्धतिः

पञ्चमर्क्षे यदा पापः शत्रुदृष्टः स्वनीचगः ।
कुलटा सम्भवेत्कन्या मृतपुत्राऽथवा भवेत् ।। ३४।।

यदि लग्न से पञ्चम भाव में पाप ग्रह नीच राशिगत होकर बैठा हो तथा शत्रु से दृष्ट हो तो कन्या के विवाहप्रश्न में, कन्या तथा वर के विवाहप्रश्न में वधू कुलटा होती है । अथवा मृतवत्सा होती है ।।३४।।

पुनश्च पुत्रहन्त्रीयोगः

वन्ध्या वा मृतपुत्रा वा भवेत्पापेषु पञ्चमे।
नीचारातिगृहस्थेषु पुत्रहन्त्री भवेत्स्वयम्।। ३५।।

यदि पाप ग्रह पञ्चम भाव में बैठे हों तो कन्या या तो वन्ध्या होती है अथवा मृतपुत्रा होती है । यदि वह पाप ग्रह नीच राशिगत हों तो वह स्त्री स्वयं पुत्र या गर्भ की हत्या करती है ।।३५।।

अत्र प्रश्नरत्नमतम्

भार्याधिपे बलाढ्ये प्रोद्वाहश्शोभनो धनोपेतः ।
नीचारिगे दरिद्रा न धनाप्तिः स्त्री न रूपगुणयुक्ता।। ३६।।
मित्रस्थो स्त्रीग्रहो लग्नं पुंराशिं यदि पश्यति ।
पुरुषे स्त्रीहितः स्याद् विपरीतमतोऽन्यथा।। ३७।।

प्रश्नरत्न का मत बताते हुए कहा है—यदि सप्तमेश बलवान् हो तो विवाह बड़ी धूमधाम से होता है । यदि सप्तमेश नीच राशिगत हो या शत्रु राशिगत हो तो दरिद्र स्त्री से विवाह होता है । वह स्त्री रूपहीन तथा गुणहीन भी होती है । गुण तथा रूप से युक्त नहीं होती है ।।३६।।

यदि सप्तमेश (स्त्री ग्रह) मित्र राशि में बैठकर लग्न में हो तथा पुरुष राशि को देखता हो तो पुरुष को पत्नी का स्नेह मिलता है, अन्यथा विपरीत स्थिति में नहीं मिलता है । तात्पर्य यह है कि सप्तमेश मित्र राशि में हो तथा लग्नेश (वधू-प्रधान प्रश्न में) को देखता हो तो दोनों में प्रेम रहता है ।।३७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सन्दर्भकथनम्

उक्तं स्त्रीजातकाध्याये होरायां यदशेषतः ।
तदत्र योजनीयं स्यात् त्रिंशांशकफलादिकम् ।। ३८।।

वृहज्जातक में स्त्री जाकताध्याय में त्रिंशपंश के अनुसार जो फल लिखा है उसका उपयोग भी प्रश्न कुण्डली में करना चाहिए ।।३८।।

पुनश्च प्रश्नसंग्रहमतम्

यादृश्याः कथनं निरीक्षणमुतः प्रश्ने कुमार्या भवेत्
तादृश्याः करसङ्ग्रहोऽत्र घटते व्याकारवर्णादिभिः ।
आरूढोदयनाथयोर्बलवतः काष्ठाश्रिता कन्यकाद्
राश्यारूढमसम्भवा च सुधिया सन्तानसंसिद्धये ।। ३९।।

प्रश्नसंग्रहकार का मत है कि विवाह प्रश्नस्थल पर उस समय जिस प्रकार की कुमारी का स्वर या रूप दिखलाई दें ठीक उस जैसी ही वधू की प्राप्ति उस पुरुष को होती है । उसी के अनुरूप वय, रूप-रंग तथा देहयष्टि होती है ।

आरूढाधीश अथवा प्रश्नलग्नेश इनमें जो ग्रह बली हो यदि उसी राशि के अनुसार कन्या की राशि या लग्न होता है तो उसके साथ मेलापक अच्छा रहेगा तथा संतति प्राप्ति के लिए ऐसी कन्या उत्तम रहती है ।।३९।।

यदि प्रश्नकालीन उदय राशि या चन्द्र राशि या आरूढ राशि वाली राशि की कन्या से विवाह हो तो यह सुख-समृद्धिप्रद दाम्पत्य के लिए अच्छा होता है ।

विवाहसमयज्ञानम्

चन्द्राद्द्वादशभागत्रिकोणगेन्दौ विवाहसंसिद्धिः ।
चन्द्रभिलाषभे वा लग्ने द्यूनेशसंस्थितांशर्क्षे।। ४०।।

(१) जब गोचर का चन्द्र प्रश्नकालीन या जन्मकालीन चन्द्रमा के द्वादशांश राशि के त्रिकोण में पहुँचता है तब उस दिनांक एवं समय पर विवाह सम्पन्न होता है ।

(२) जब चन्द्रमा चन्द्राभिलाष राशि में गोचर में संचार करता है तब विवाह होता है ।

(३) अथवा जब आरूढ राशि या प्रश्नलग्न अथवा जन्मराशि या लग्न से सप्तमेश जिस राशि में बैठा हो उस राशि में जब चन्द्रमा पहुँचता है तब विवाह होता है ।।४०।।

चन्द्राभिलाषं चन्द्रवेलाज्ञानञ्चाह

खखाष्टहृतशिष्टौ द्वौ त्र्यंशत्रैकघ्नौ कलितौ ।
विधूखखनेत्रहृताविच्छावेले राशिकलादिके ।। ४१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथैव राशिचक्रस्य यन्मुहूर्तोऽपि शुभप्रदः ।। ४२।।

(१) चन्द्रभिलाष राशि—चन्द्रमा के स्पष्ट राश्यंशादि के कला बनाकर उन कलाओं में आठ का भाग दें, शेष को दो स्थानों पर स्थापित करें (लब्धि को छोड़ दें)। अब प्रथम स्थान पर उस शेष को तीन से गुणा करें, फिर दो सौ का भाग दें, जो लब्धि (Quotient) प्राप्त हो वही चन्द्राभिलाष राशि होगी ।

(२) चन्द्रवेला—दूसरे स्थान पर पूर्व में जो शेष आया उसे नौ से गुणा करके पुन: दो से भाग दें, जो लब्धि प्राप्त होगी वह चन्द्रवेला होगी । अर्थात् राशि-अंश-कला-विकला में चन्द्रवेला प्राप्त होगी । इसी प्रकार राशिचक्र में विवाह के उपयुक्त मुहूर्त भी शुभप्रद होता है ।।४१-४२।।

उदाहरण—मान लीजिये—तात्कालिक चन्द्रस्पष्ट राश्यादि ३।८°।१५'' (तीन राशि, आठ अंश, प्रन्द्रह कला) है, इसे कलात्मक बनाया तो तीन राशि = नब्बे अंश तथा नब्बे अंश = ५४०० कला (चौवन सौ हुयी) । इसमें आठ अंश की कला = ४८० मिलाई तो ५८८० हुयी । इसी में पन्द्रह कला भी मिला दी तो कुल ५८९५ (पाँच सहस्र आठ सौ पञ्चानबे) कला हुयी । इनमें ८०० (आठ सौ) का भाग देने से लब्धि सात मिली, उसे छोड़ दिया शेष २९५ (दो सौ पञ्चानबे) को दो स्थानों पर रखा, फिर निम्नलिखित प्रक्रिया की—

(१) प्रथम स्थान पर शेष कला २९५ को तीन से गुणा किया तो ८८५ कला हुयी, इनमें २०० का भाग दिया तो लब्धि ४ राशि प्राप्त हुयी । शेष ८५ रहे जिसमें ३० का गुणा करने पर २५५० हुए, जिन्हें पुन: २०० से भाग दिया तो लब्धि में १२ अंश आये । शेष ५५० में ६० का गुणा कर फिर २०० से भाग दिया तो ४५' लब्धि प्राप्त हुयी । इस प्रकार राश्यादि—४।१°२।४५'' यह चन्द्राभिलाष स्पष्ट राश्यादि हुए अर्थात् सिंह राशि के बारह अंश तथा पैंतालीस कला पर चन्द्राभिलाष स्थित है ।

(२) दूसरे स्थान पर पूर्वोक्त शेष २९५ को नौ से गुणा किया तो २६५५ हुए। इनमें २०० का भाग ऊपर लिखी प्रक्रिया से देने पर राश्यादि १३।८°।१५'' प्राप्त हुए । यत: राशि बारह से अधिक है अत: १३ राशि में बारह घटा दिये तो राश्यादि ११।८°।१५'' अर्थात् वृषराशि के आठ अंश तथा पन्द्रह कला पर चन्द्रवेला स्थित है ।

चन्द्रवेलाओं की संख्या छत्तीस होती है । यहाँ पर चन्द्राभिलाष राशि का प्रयोजन तो बताया है परन्तु चन्द्रवेला का नहीं दिया है । परन्तु पीछे अध्याय आठ के श्लोक ६४ तथ ६५ में चन्द्रक्रिया के विषय में कहा है कि चन्द्रमा जैसी क्रिया में होता है वैसा ही फल देता है, अस्तु । यहाँ भी चन्द्रवेला में जब स्त्री सुख या विहार की वेला होगी तब विवाह सम्पन्न होगा ऐसा बताना चाहिए । प्रश्ननक्षत्र के भयात से उक्त श्लोकों की व्याख्या में चन्द्रवेलाज्ञान की विधि बतायी गयी है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्राभिलाष के राशि-अंश निकालना ऊपर बताया जा चुका है तथा चन्द्रस्पष्ट से चन्द्रवेला ज्ञान की विधि सोदाहरण समझायी जा चुकी है। परन्तु सरल सारिणी द्वारा चन्द्र-वेला ज्ञान भी लिखा जा रहा हैं।

क्या है चन्द्राभिलाष ? चन्द्राभिलाष का उल्लेख इस ग्रन्थ में इस अध्याय के ४०-४१ श्लोको के अतिरिक्त कहीं नहीं है परन्तु चन्द्राभिलाष के आनयन की जो रीति यहाँ दी गयी हैं उससे तो यही लगता है कि फलदीपिका आदि में जो चन्द्र की बारह अवस्था है उन्हें ही यहाँ चन्द्राभिलाष के नाम से कथन किया गया हैं। क्योंकि फलदीपिका में जो विधि चन्द्रावस्थाओं की दी गयी है उससे जैसे जिस क्रमांक की अवस्था आती है ठीक वैसी ही इस प्रकार के गणित से आती है जिसे यहाँ पर दिया गया है। अस्तु, चन्द्राभिलाष की संख्या भी बारह ही आती है। अभिलाष का अर्थ इच्छा है। चन्द्र की प्रवासादि बारह अभिलाषाओं में दसवीं अभिलाषा युवती से विवाह की होती है तथा ग्यारहवीं इच्छा ''रम्यशय्यानुषक्ति'' अर्थात् अच्छी शय्या में सोने की इच्छा होती है। अत: गोचर में जन्मकालीन या प्रश्नकालीन चन्द्रमा जब संचार करता हुआ इन अवस्थाओं में पहुँचे तब विवाह होगा ऐसा कहना चाहिए।

श्लोक ४१ में चन्द्रस्पष्ट की राश्यादि में जो आठ सौ का भाग देना कहा है उसका स्पष्ट आशय यह है कि आठ सौ कला में एक नक्षत्र में बारह अभिलाषाएँ भुक्त हो जाती हैं अत: जो लब्धि प्राप्त होती है। वह गत नक्षत्र की संख्या होती है। इसीलिए उसे छोड़ने को कहा है तथा शेष कला को तिगुना कर दो सौ का भाग देने से चन्द्राभिलाष की गत संख्या लब्धि में आती है और शेष बचने का कारण लब्धि से अगली संख्या वाली अभिलाषा चन्द्र की जाननी चाहिए। चन्द्र की ये बारह अभिलाषा इस प्रकार से हैं—

(१) प्रवासाभिलाष, (२) राजकृपाभिलाष, (३) दासत्वेच्छा, (४) राजत्वेच्छा, (५) स्ववंशोचित कर्मेच्छा, (६) रोगेच्छा (आराम करने की अभिलाषा), (७) पदाभिलाषा, (८) भयेच्छा, (९) बुभुक्षा, (१०) युवतिपरिणयेच्छा, (११) रम्यशय्यानुषक्ति तथा (१२) मृष्टभोजनाभिलाषा।

इनमें दसवीं अभिलाषा युवतिपरिणय की तथा ग्यारहवीं शयन की है अत: इन दो में ही विवाह की सिद्धि कहनी चाहिए।

विवाहप्रद चन्द्रवेला—चन्द्रमा की ३६ वेलाओं में सातवीं वेला वनिता-विहार की है। बारहवीं निधुवन (हँसी-मजाक, संभोग) की है। छत्तीसवीं वेला हर्ष की है, इन्हीं में चन्द्रमा जब गोचर संचार में हो तब विवाह होता है। तीसवीं अवस्था स्वैराचार की है, यह भी विवाह के अनुकूल होती है। एक नक्षत्र में ३६ वेला होती है। चन्द्राभिलाष, चन्द्रक्रिया तथा चन्द्रवेला इन तीनों का सम्बन्ध नक्षत्र से ही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्रचन्द्र से द्वादश अवस्था ज्ञान चक्र

अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	१०	११	१२	१३	नक्षत्र के अंशादि
कला	६	१३	२०	२६	३३	४०	४६	५३	०	६	१३	२०	
विकला तक	४	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	४०	२०	०	
चन्द्राभिलाष	१. प्रवास	२. राज्यकूप	३. दासता	४. राज्यत्व	५. वंशोचित कर्म	६. विश्रान्ति	७. लोकप्रियता	८. भय	९. क्षुधा	१०. विवाह	११. शयन	१२. उत्तम भोजन	अवस्था

नक्षत्रचन्द्र से ३६ वेला ज्ञान का चक्र

क्रमां.	वेला का नाम	नक्षत्रचन्द्र तक				क्रमां.	वेला का नाम	नक्षत्रचन्द्र तक			
		अं.	क.	वि.	प्रति.			अं.	क.	वि.	प्रति.
१	शिरःशूल	०	२२	१३	२०	१९	दानक्रिया	७	२	१३	२०
२	मुदितता	०	४४	२६	४०	२०	दन्तरोग	७	२४	२६	४०
३	यजन	१	६	४०	०	२१	कलह	७	४६	४०	०
४	सुखस्थ	१	२८	५३	२०	२२	यात्रा	८	८	५३	२०
५	नेत्रामय	१	५१	६	४०	२३	उन्माद	८	३१	६	४०
६	सुखितता	२	१३	२०	०	२४	जलतरण	८	५३	२०	०
७	वनिताविहार	२	३५	३३	२०	२५	विरोध	९	१५	३३	२०
८	उग्रज्वर	२	५७	४६	४०	२६	स्वेच्छास्नान	९	३७	४६	४०
९	कनकभूषण	३	२०	०	०	२७	क्षुधा	१०	०	०	०
१०	अश्रुमोक्ष	३	४२	१३	२०	२८	भय	१०	२२	१३	२०
११	क्ष्वेला (विषभक्षण)	४	४	२६	४०	२९	शास्त्राध्ययन	१०	४४	२६	४०
१२	निधुवन (संभोग)	४	२६	४०	०	३०	स्वैराचार	११	६	४०	०
१३	उदरामय	४	४८	५३	२०	३१	गोष्ठी	११	२८	५३	२०
१४	जलक्रीड़ा	५	११	६	४०	३२	युद्ध	११	५१	६	४०
१५	क्रोध	५	३३	२०	०	३३	पुण्य कर्म	१२	१३	२०	०
१६	नृत्य	५	५५	३३	२०	३४	पापाचार	१२	३५	३३	२०
१७	घृतभोजन	६	१७	४६	४०	३५	क्रूरकर्म	१२	५७	४६	४०
१८	निद्रा	६	४०	०	०	३६	हर्ष	१३	२०	०	०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रस्पष्ट से नक्षत्र ज्ञान का चक्र पीछे अध्याय १६ के श्लोक १०२ की व्याख्या में देखें। उसमें नक्षत्रस्पष्ट की सीमाएँ दी गयी हैं। पूर्वोक्त उदाहरण में चन्द्रस्पष्ट राश्यादि ३।८।१५।० अर्थात् कर्क राशि के आठ अंश पन्द्रह कला पर हैं। इसे अध्याय १६ श्लोक १०२ की व्याख्या में दी गयी - "गतनक्षत्रस्पष्ट सारिणी" में देखा तो यह पुष्य नक्षत्र की सीमा (राश्यादि ३।३।२०।० से राश्यादि ३।१६।४०।० तक) मिली। राश्यादि ३।८°।१५'।१०" में से पुनर्वसु की समाप्ति के राश्यादि ३।३।२०।० को घटाया तो राश्यादि ०।४।५५।० अर्थात् ४ अंश ५५ कला प्राप्त हुए। इन्हें पीछे की चन्द्राभिलाष सारिणी में देखा तो चार अंश छब्बीस कला तथा चालीस विकला पर चौथी अवस्था (अभिलाषा) राज्यत्व समाप्त होकर पाँचवीं में इनकी स्थिति है, अतः चन्द्र की अभिलाषा स्ववंशोचित कर्म करने की है।

इसी प्रकार चन्द्रवेला सारिणी में ४ अंश, ४८ कला, ५३ विकला, २० प्रतिविकला तक उदरामय की वेला समाप्त हो चुकी है तथा आगे ५ अंश, ११ कला, ६ विकला, ४० प्रतिविकला तक जलक्रीड़ा की वेला है अतः अपने नक्षत्रचन्द्र की ४ अंश ५५ कला जलक्रीड़ा के अन्तर्गत आते हैं।

विवाहदिग्ज्ञानम्

एवं हि राशिचक्रस्य यत्रारूढञ्च लग्नभम्।
तस्या दिशि स्थितं विद्याज्जामातारमसंशयम्॥ ४३॥

भचक्र की जो राशि आरूढ या प्रश्न लग्न में हो उस राशि की दिशा में कन्या के लिए जामाता की प्राप्ति निःसन्देह होती है॥४३॥

शुभमुहूर्ते कर्तव्यता

प्रश्नलग्नाद् विचार्यैवं शुभेषु शकुनादिषु।
विवाहार्थं विधेयस्स्यान्मुहूर्तेषु शुभप्रदः॥ ४४॥

॥ इति प्रश्नमार्गे सप्तदशोऽध्यायः॥ १७॥

इस प्रकार प्रश्नलग्न से विवाह की शुभता का विचार करके फिर शुभ मुहूर्त में शुभ शकुनपूर्वक विवाह सम्पन्न करने से कल्याण होता है॥४४॥

श्लोक ४३ एवं ४४ किसी-किसी प्रति में प्राप्त नहीं हैं।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का सत्रहवाँ अध्याय पूर्ण हुआ॥१७॥

*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथाष्टादशोऽध्यायः

सन्ततिप्रश्नः

लिख्यते सन्ततिप्रश्नस्तत्र प्रथममुच्यते ।
कार्यः प्रश्नोऽखिलः काले शुभदे नितरामिति ।। १ ।।

अब यहाँ पर सन्तान सम्बन्धी प्रश्न के बारे में कहा जा रहा है । इस प्रश्न को सब प्रकार से शुभ मुहूर्त में ही दैवज्ञ के पास जाकर पूछना चाहिए ।।१।।

प्रशस्तभार्यायाः कथनम्

शस्या भर्तृसमीरितात्मजजनैः कालस्य माहात्म्यतो
गर्भं लब्धवतीः पुरा परिणताप्यल्पैरहोभिर्यतः ।
तस्मात्सर्वजनैश्शुभे तु समये सल्लग्नखेटस्थितौ
भार्यापुत्रधनादिलभ्यकथनं स्मृत्यादिकार्यं सदा ।। २ ।।

जो पत्नी पति से सहवासोपरान्त शीघ्र ही गर्भ धारण करे और शुभ समय की महिमा से पुत्र या सन्तति को जन्म देती है वह प्रशस्त पत्नी होती है । इसलिए गर्भाधान शुभ समय में करना चाहिए । शुभ लग्न तथा शुभ ग्रहों की स्थिति के समय ही सन्तति, पुत्र,धन आदि से संबंधित समस्याओं पर ज्योतिषशास्त्रीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिए ।।२।।

पृच्छाविधिः

पुंसोऽस्य योषित्येतस्यां पुत्रः किं भविता न वा ।
इति दम्पतिनामर्क्षाण्युक्त्वा पृच्छतु सन्ततिम् ।। ३ ।।

"इस नाम वाले या इस जन्मनक्षत्र वाले पुरुष से इस नामवाली या इस जन्म नक्षत्र वाली स्त्री में पुत्र उत्पन्न होगा या नहीं ?" इस प्रकार की शब्दावली में दम्पति के नाम-नक्षत्रों को बताकर प्रश्न पूछिये ।।३।।

लग्नारूढाभ्यां विचारणा

साधारणोऽयं दम्पत्योः प्रश्नं खलु तथापि ना ।
लग्नस्यारूढभश्चिन्त्या तथा तु प्रश्नसंग्रहः ।। ४ ।।

यह प्रश्न तो साधारण है परन्तु इसके विचार में प्रश्नसंग्रह का मत है कि लग्न तथा आरूढ से इसका विचार करना चाहिए । इस प्रश्न में लग्न पति से सम्बन्धित विषयों का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा आरूढ पत्नी से सम्बन्धित विषयों का द्योतक होता है । अतः लग्न से प्रजनन में प्रति की भूमिका का तथा आरूढ राशि से पत्नी की भूमिका का विचार करें, यही अभिप्राय यहाँ व्यक्त किया गया है ।

दोषानां विचारणा

आरूढेशशुभपतिरतो द्वौ च मूढौ यदि स्याद्
दुष्टं क्षेत्रं पुनरिह विवाहोऽस्तु सन्तानसिध्यै।
यद्वा मूढावुदयसुतपौ बीजदोषोऽत्र विष्णु-
र्विप्राश्चार्च्यास्तनयो जनयेन्नात्मजाप्तिर्द्विदोषे ।। ५।।

(१) यदि आरूढ राशि का स्वामी तथा शुभपति (नवमेश) ये दोनों ही ग्रह अस्त हों तो क्षेत्र (स्त्री की प्रजनन शक्ति) में दोष हाने के कारण दूसरी पत्नी से सन्तति उत्पन्न होती है । अर्थात् सन्तान प्राप्ति के लिए पुरुष को अपना दूसरा विवाह करना पड़ता है ।

(२) यदि लग्नेश तथा सुतपति (पंचमेश) दोनों ही अस्तङ्गत हों तो बीजदोष (पुरुष की प्रजनन शक्ति) में कमी होती है; अतः उसे दूर करने के लिए भगवान् विष्णु की पूजा तथा ब्राह्मणों का अर्चन करना चाहिए । तब यह दोष दूर होकर सन्तति प्राप्त होती है ।

(३) यदि प्रश्नकाल में प्रश्नकुण्डली उदय लग्न तथा आरूढ से पति-पत्नी दोनों में दोष विद्यमान हों तो फिर सन्तान प्राप्ति नहीं होती (नात्मजाप्तिर्द्विदोषे) है ।।५।।

सन्तानदीपिकामतम्

आरूढर्क्षादुपचयगते लग्नभादन्यथेन्दौ
स्त्रीत्वे पुंस्त्वे यदि तदुभयोरुद्गमे वापि वह्नौ।
लग्नारूढादिषु च वनिता भङ्गिगो सिंहगेषु
द्वौ वा जीवेऽप्युरतफले दुर्लभा पुत्रलब्धिः ।। ६।।

(१) यदि चन्द्रमा आरूढ राशि से उपचय स्थानों में बैठा हो अथवा लग्नराशि से अन्यथा (अनुपचय) स्थानों में बैठा हो तो सन्तान प्राप्ति कठिन होती है ।

(२) जब आरूढ की राशि स्त्रीराशि हो तथा लग्न की राशि भी स्त्रीराशि हो अथवा आरूढ तथा प्रश्न लग्न दोनों पुरुष राशि में हों;

(३) अग्नि तत्त्व का उदय जब प्रश्नलग्न में हो रहा हो;

(४) लग्न तथा आरूढ में स्थिरराशियाँ (वृश्चिक-वृष-सिंह) अथवा कन्या राशि हों ।

(५) बृहस्पति यदि फल देने की स्थिति में (बलवान्) न हो;

इन उपरिवर्णित स्थितियों में पुत्रप्राप्ति दुर्लभ ही होती है ।।६।।

सन्दर्भकथनम्

नराणाञ्चानपत्यत्वं दत्तपुत्रादिलक्षणम् ।
पुत्रशोकाल्पपुत्रत्वं बहुपुत्रत्वमुच्यते ।। ७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्त्री-पुरुषों की सन्तानहीनता, दत्तक पुत्र के योग, पुत्रशोक, अल्प सन्तति, अधिक संतति आदि को आगे बतलाया जा रहा है ।।७।।

अनपत्यतायोगाः

गुरुलग्नेशदारेशपुत्रस्थानाधिपेषु च ।
सर्वेषु बलहीनेषु वक्तव्या त्वनपत्यता।। ८।।
पुत्रस्थानगते पापे तदीशे पापमध्यगे ।
शुभदृष्टिविहीने च वक्तव्या त्वनपत्यता ।। ९।।
गुरुलग्नहिमांशूनां पञ्चमस्थैश्च पापकैः ।
शुभदृष्टिविहीनैश्च वक्तव्या त्वनपत्यता।। १०।।

बृहस्पति, लग्नाधिपति, सप्तमाधिपति तथा पञ्चमेश ये सभी ग्रह यदि निर्बल हों तो दम्पति को अनपत्यता (सन्तानहीनता) कहनी चाहिए ।।८।।

यदि पुत्रस्थान (पञ्चम भाव) में पाप ग्रह बैठे हों तथा पञ्चमेश पाप ग्रहों के मध्य में (या पाठान्तर के अनुसार नीच राशि में) होकर शुभ दृष्टि से रहित हो तो सन्तान नहीं होगी, ऐसा कहना चाहिए ।।९।।

यदि बृहस्पति, लग्न तथा चन्द्रमा इन तीनों से पंचम स्थानों में पाप ग्रह हों तथा उन पर शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो तो भी अनपत्यता होती ।।१०।।

तात्पर्य यह है कि पुत्रकारक गुरु प्रश्नलग्न तथा प्रश्नचन्द्र से (जन्मपत्री में भी तीनों से) सन्तति का विचार करें ।

दत्तकपुत्रस्य योगद्वयमाह

पुत्रस्थाने बुधक्षेत्रे मन्दर्क्षे चाथवा सति ।
मान्दिमन्दयुते दृष्टे तदा दत्तादयः सुताः ।। ११।।
सम्पूर्णबलसंयुक्तः पुत्रस्थानगतः शुभः ।
अदृष्टः पुत्रनाथेन तदा दत्तादयः सुताः ।। १२।।

यदि पञ्चम भाव में बुध की राशि (मिथुन-कन्या) अथवा शनि की राशि (मकर-कुंभ) में से कोई राशि हो तथा शनि या गुलिक से युत या दृष्ट हो तो दत्तकादि पुत्र का योग होता है ।।११।।

यदि पुत्रस्थान (पञ्चम भाव) में शुभ ग्रह पूर्ण बली होकर बैठा हो परन्तु पञ्चमेश की दृष्टि पुत्रभाव पर न हो तो भी दत्तकादि पुत्रों की प्राप्ति होती है ।।१२।।

दत्तादयः सुताः—"दत्तादयः सुताः" इस वाक्यांश का अर्थ है 'औरस्' पुत्र को छोड़कर अन्य प्रकार के पुत्र; यथा दत्तक, क्रीत, क्षेत्रज (निरुक्तज, प्रसृतज), अध्यूढ, कानीन आदि से है । महाभारत में कुल बीस प्रकार के पुत्रों का उल्लेख है—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

"षडपध्वंसजाश्चापि कानीनापसदास्तथा ।
इत्येते वै समाख्यातास्तान् विजानीहि भारत" ॥

पुत्रशोककन्यासन्ततियोगश्च

मृगमत्स्यगते जीवे पुत्रस्थे पुत्रशोकभाग्भवति।
कर्किस्थे बहुकन्याजननं मुनयो वदन्ति मनुजानाम् ॥ १३॥

(१) यदि कुण्डली में गुरु मकर राशि अथवा मीन राशि का होकर पञ्चम भाव में स्थित हो तो पृच्छक (जातक) को पुत्रशोक होता है ।

(२) यदि पंचम भावगत गुरु कर्क राशि में हो तो जातक या पृच्छक के कन्याओं का जन्म होता है ॥१३॥

इन दो योगों में प्रथम योग कन्यालग्न या वृश्चिकलग्न की कुण्डलियों में ही घटित होगा । दूसरा योग केवल मीनलग्न की कुण्डली में घटित होगा । ये तीनों लग्न स्त्री राशियाँ हैं तथा "स्थानहानिकरो गुरु:" इस वाक्य के अनुसार गुरु पुत्रशोककारक हो जाता है ।

पुत्रनाशयोगा:

रन्ध्रेशे हि सुतस्थे सुतेशे रन्ध्रगे नीचे वा ।
सौम्यग्रहैरदृष्टे सन्ततिनाशो विनिर्देश्य: ॥ १४॥
पापमध्यगते जीवे पुत्राधिपे च बलहीने ।
सौम्ययुतिदृष्टिहीने सन्ततिनाशो विनिर्देश्य: ॥ १५॥
पापद्वयमध्यगते पुत्रस्थाने शुभैरदृष्टयुते ।
सुतभेशे त्वशुभयुते सन्ततिनाशो विनिर्देश्य: ॥ १६॥
नीचारिमौढ्योपगते सुतेशे
रि:फारिरन्ध्राधिपसंयुते वा ।
शुभैरदृष्टे सुतभे सुतेशे
सुतस्य नाश: कथितो मुनीन्द्रै: ॥ १७॥

यदि अष्टमेश पञ्चम भाव में बैठा हो तथा पञ्चमेश या तो अष्टम भाव में बैठा हो अथवा यदि अन्य किसी भाव में बैठा हो या नीच राशिगत हो और उस पर शुभ ग्रहों की युति या दृष्टि न हो तो सन्ततिनाश बतलाना चाहिए ॥१४॥

यदि गुरु पाप ग्रहों के मध्य हो तथा पञ्चमेश निर्बल होकर उस पर शुभ ग्रहों की युति या दृष्टि न हो तो सन्ततिहानि कहनी चाहिए ॥१५॥

यदि पञ्चम भाव दो पाप ग्रहों के बीच हो तथा उस पर शुभ ग्रहों की युति-दृष्टि न हो, साथ ही पञ्चमेश अशुभ ग्रहों से युत-दृष्ट हो तो (भी) सन्ततिनाश कहना चाहिए ॥१६॥

यह श्लोक किसी-किसी प्रति में उपलब्ध नहीं है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्लोक १५ के अनुसार संततिनाश योग



श्लोक १६ के अनुसार योग



यदि पञ्चमेश नीच राशि, शत्रु राशि गत या अस्तंगत हो अथवा वह अष्टमेश, षष्ठेश एवं व्ययेश के साथ स्थित हो तथा पञ्चम भाव पर शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो तो पुत्रनाशक योग होता है, ऐसा मुनिजनों का कथन है ।।१७।।

सन्ततिलाभयोगाः

सुतभेशे बलसहिते होरापतिसंयुतेऽथवा दृष्टे ।
सुतभे पापविमुक्ते सन्ततिलाभो विनिर्देश्यः ।। १८ ।।

यदि पञ्चमेश बलवान् होकर या तो लग्नेश से संयुक्त हो अथवा लग्नेश से दृष्ट हो तथा पंचम भाव पर पाप ग्रह की दृष्टि न हो तो सन्ततिलाभ कहना चाहिए ।।१८।।

पुत्रस्थानगते भौमे मेषसिंहालिमीनगे ।
जीवदृष्टियुते वापि पुत्रावाप्तिर्विनिर्दिशेत् ।। १९ ।।

जब मंगल पंचम भाव में मेष, सिंह, वृश्चिक या मीन राशि में बैठा हो तथा गुरु से युत या दृष्ट हो तो पुत्रप्राप्ति कहनी चाहिए ।।१९।।

यह योग धनु, मेष, कर्क या वृश्चिक लग्नों में ही बनेगा । इन लग्नों में मंगल तथा गुरु दोनों की स्वराशि या मित्रराशि पंचम भाव में होगी ।

सुतभे शुभमध्यस्थे शुभदृष्टियुतेऽथवा ।
सुतभेशयुते दृष्टे सुतावाप्तिं विनिर्दिशेत् ।। २० ।।

यदि पंचम भाव शुभ ग्रहों के मध्य हो अर्थात् शुभकर्त्तरी योग में हो, उस पर शुभ ग्रहों की युति या दृष्टि हो या पंचमेश से युत-दृष्ट हो तो पुत्र प्राप्त होगा, ऐसा कहें ।।२०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुतेशे रिष्फरन्ध्रारिभावादन्यत्र संस्थिते ।
बलयुक्ते शुभैर्दृष्टे सुतावाप्तिं विनिर्दिशेत् ।। २१।।

यदि पंचम भाव का स्वामी बारहवें, रन्ध्रादि (आठवें तथा छठे) भाव को छोड़कर अन्य भाव में बली होकर बैठा हो तथा उस पर शुभ ग्रहों की युति या दृष्टि हो तो इस योग में जातक या पृच्छक को पुत्रप्राप्ति कहनी चाहिए ।।२१।।

पुत्रेशे बलसहिते पुत्रस्थे सप्तमेऽथवा लग्ने ।
पापयुतिदृष्टिहीने सन्ततिलाभो विनिर्देश्यः ।। २२।।

यदि पंचमेश बली होकर पंचम भाव में, सप्तम भाव में अथवा लग्न में बैठा हो और पाप ग्रहों की युति-दृष्टि से रहित हो तो सन्तति लाभ कहना चाहिए ।।२२।।

लग्न में पंचमेश की स्थिति जातक को सम्पूर्ण शुभ फल देने वाली होती है तथा सप्तम में पंचमेश पत्नी को सन्तति लाभ सूचित करती है, अत: इन दोनों में पंचमेश की स्थिति शुभ मानी गयी है ।

जीवे बलसंयुक्ते पुत्रस्थे सप्तमेऽथवा लग्ने ।
पापग्रहैरदृष्टे सन्ततिलाभो विनिर्देश्यः ।। २३।।

यदि गुरु बलवान् होकर पंचम, सप्तम अथवा लग्न में बैठा हो, उस पर पाप ग्रहों की दृष्टि न हो तो सन्तति लाभ कहना चाहिए ।।२३।।

केवल बली गुरु ही पंचम भाव में पुत्रदाता होता है । यदि वह निर्बल होगा तो "स्थानहानिकरो जीव:" तथा "कारक: स्थाननाशक:" के अनुसार सन्तति हानि ही करेगा ।।२३।।

सुतेशे बलसंयुक्ते शुभमध्यगतेऽथवा ।
शुभदृष्टियुते वापि सुतावाप्तिं विनिर्दिशेत् ।। २४।।

पंचमेश बली होकर शुभ ग्रहों के मध्य हो या शुभ ग्रहों से युत-दृष्ट हो तो पुत्रप्राप्ति होती है ।।२४।।

अनेकपुत्रयोगा:

सुतभवने भृगुजीवसौम्यनाथैर्बलसहितैरविलोकिते युते वा।
बहुसुतजननं वदन्ति सन्तः सुतभवनेशबलेन चिन्त्यमेतत् ।। २५।।

यदि शुक्र, गुरु, बुध तथा पंचमेश बली होकर पंचम भाव में बैठें या ये सब पंचम भाव को देखते हों तब बहुत-से पुत्र उत्पन्न होते हैं, ऐसा प्राचीन मुनियों का कथन है । पंचमेश के बल पर पुत्रों एवं पुत्रियों की संख्या निर्भर होती है ।।२५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परमोच्चगते सुताधिनाथे पुरुषांशे शुभखेचरेण दृष्टे ।
सुतभे त्वशुभैरदृष्टयुक्ते बहुपुत्रान् प्रवदन्ति बुद्धिमन्तः ।। २६।।

यदि पंचमेश परमोच्च राशिगत होकर पुरुष राशि (विषम राशि) के नवांश में हो तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो, साथ ही पंचम भाव पर पाप ग्रहों की दृष्टि न हो तो बुद्धिमान् लोग बहुत-से पुत्रों का पैदा होना बतलाते हैं ।।२६।।

सुतनाथजीवकुजभास्करेषु वै,
पुरुषांशराशिषु गतेषु कुत्रचित् ।
मुनयो वदन्ति बहुपुत्रतां तदा
सुतनाथवीर्यवशतः सुपुत्रताम् ।। २७।।

यदि किसी भी स्थान में गुरु, मंगल तथा सूर्य पुरुष राशि तथा पुरुष नवांश में बैठे हों तो मुनिजन बहुत-से पुत्रों का उत्पन्न होना कहते हैं । पंचमेश यदि बली हो तो सुपुत्र (सपूत) पैदा होते हैं । यदि पंचमेश सामान्य बली हो तो सामान्य पुत्र उत्पन्न होते हैं । पंचमेश के निर्बल होने पर कुपुत्र (कपूत) पैदा होते हैं ।।२७।।

ध्यान रहे, इस योग में ''कुत्रचित्'' शब्द का प्रयोग ग्रन्थकार ने किया है जिसका सामान्य अर्थ है ''कहीं भी'' परन्तु ''कहीं भी'' का तात्पर्य है ६-८-१२ इन तीन स्थानों को छोड़कर । अस्तु, इन तीन भावों को छोड़कर शेष जो नौ स्थान हैं उनमें यदि रवि-गुरु-मंगल पुरुष राशि तथा नवांशों में बैठे हों तो बहुत पुत्रों का योग होता है ।

अनेककन्यायोगाः

सुतेशे शशिशुक्रेषु स्त्रीराश्यंशगतेषु च ।
तथैव कन्यकालाभं प्रवदेन्मतिमान्नरः ।। २८।।

यदि पंचम भाव का स्वामी, चन्द्र, शुक्र ये तीनों स्त्रीराशियों (सम राशियों) तथा स्त्रीनवांशकों में किसी भी राशि (६-८-१२ भाव को छोड़कर) बैठे हों तो जातक या पृच्छक के अनेक कन्याएँ उत्पन्न होती हैं; बुद्धिमान् दैवज्ञ को ऐसा बताना चाहिए ।।२८।।

होरास्वराभ्याञ्च पुंकन्याज्ञानम्

चन्द्रहोरागते लग्ने पवने वामभागगे ।
सूर्यहोरागते लग्ने दक्षभागे तथा स्वरे ।। २९।।

(१) यदि लग्न (प्रश्न या जन्म) में चन्द्रमा की होरा हो (सम राशि की होरा हो) तथा दैवज्ञ का बाँया स्वर (इडानाडी) चल रहा हो तो कन्या का जन्म होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) यदि लग्न में सूर्य की होरा (विषम राशि की होरा) हो तथा ज्योतिषी का दक्षिण स्वर (पिंगला नाड़ी) चल रहा हो तब पुत्र का जन्म होता है ।।२९।।

छाद्यछादकवशात्पुत्राप्तिबाधाकथनम्

छाद्यछादकयोः स्त्रीत्वे पुंस्त्वे वा वृषयोषितो ।
अलिकेसरिणोश्चापि चन्द्रलग्नादिसङ्गमे ।। ३० ।।
वह्निभूतोदये वापि पुत्रप्राप्तिः सुदुर्लभः ।। ३१ ।।

यदि छाद्य-छादक स्त्री ग्रह हो तथा उनका प्रभाव कुण्डली में लग्न से द्वादश तथा द्वितीय भावों पर हो अथवा लग्न में बैठा हुआ पुरुष ग्रह स्त्री ग्रहों के मध्य में हो अथवा लग्न में अलि (वृश्चिक) या केसरि (सिंह) राशि हो अथवा लग्न में यदि अग्नि भूत (तत्त्व=हंसक) का उदय हो रहा हो तो इन योगों में पुत्रप्राप्ति बहुत कठिन हुआ करती हैं ।।३०-३१।।

छाद्य-छादक ग्रहों का स्पष्टीकरण—इन श्लोकों में छाद्य-छादक ग्रहों का उल्लेख हुआ है । श्लोक ३०-३१ किसी-किसी प्रति में उपलब्ध नहीं है । उत्तरकालामृत अध्याय ४ श्लोक १९-२० में छाद्य-छादक ग्रहों के सम्बन्ध में निम्न कथन मिलता है—

"पूर्णेन्द्विज्यशनिध्वजाः स्वयुतभाद् द्विर्द्वादशच्छादका
दुष्टश्चेद्धिषणोऽपि रि:फभवने शेषाः पुरच्छादकाः ।
दृष्ट्या क्षेत्रयुतेन वा सहयुजान्योऽन्यर्क्षयुक्तेन वा,
सर्वभावप्रभावकारणखगाः शक्ताः क्रमाद्योगदाः" ।।
"यद्यद्भावधनर्क्षसंस्थितखगास्तच्छादकाख्याः स्मृताः" ।

उदाहरण कुण्डली



अर्थात् पूर्ण चन्द्रमा, बृहस्पति, शनि तथा केतु जिस भाव में बैठे हों उसके द्वितीय भाव हेतु तथा द्वादश भाव के लिए छादक होते हैं । परन्तु विशेष बात यह है कि इन ग्रहो में गुरु यदि दु:स्थान का स्वामी हो तो वह केवल अपने स्थान से द्वादश भाव के लिए छादक (रक्षाकारक=ढाल या रक्षा कवच) होता है और दु:स्थान के स्वामी होने पर शेष ग्रह (शनि, चन्द्र एवं केतु) पुरच्छादक (द्वितीय भाव के छादक) भी होते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं। यदि किसी भावस्वामी एवं भावकारक का सम्बन्ध (युति-दृष्टि आदि द्वारा) बनता है तो उस भाव का शुभ फल प्राप्त होता है। किसी भाव से उसके द्वितीय में बैठा ग्रह उस प्रथमोक्त भाव के लिए छादक होता है । अन्य ग्रह (सूर्य, क्षीणचंद्र, शु.बु.मं.रा.) छादक नहीं होते हैं ।

इस पार्श्ववर्ती कुण्डली में शनि तृतीय भाव में बैठकर अपने से पीछे वाले अर्थात् लग्न से द्वितीय भाव का छादक है और आगे के चतुर्थ का भी छादक है पर इस नपुंसक या स्त्री ग्रह का प्रभाव छादक के रूप में लग्न पर नहीं है, अत: पुत्रप्राप्ति में बाधा नहीं है। परन्तु इसका गुरु से एकतर दृष्टि सम्बन्ध है, शनि लाभेश है अत: मेष लग्न में शनि-गुरु का यह सम्बन्ध धन के लिए शुभ है (यह फल गुरु की महादशा में प्राप्त होगा)।

पुत्रप्रदयोगः

लग्नस्त्रीतनयगतस्सुताधिनाथो नाथो वा मदवपुषोः सुते निषण्णः ।
धीशो वा तनुगतस्सुतस्य दाता तत्प्रश्ने गुरुरपि सूनुनाथतुल्यः ।। ३२।।

(१) यदि सुताधिनाथ (पंचमेश) लग्न में स्त्री (सप्तम) भाव में या तनय भाव (पंचम भाव) में से किसी में भी बैठा हो तो पुत्रदायक होता है ।

(२) अथवा लग्नेश या सप्तमेश में से कोई भी ग्रह पंचम भाव में बैठा हो तो पुत्रप्रद होता है ।

(३) अथवा धीश (धी=बुद्धि= पंचम का ईश= स्वामी) अर्थात् पंचमेश यदि लग्न में बैठा हो तो पुत्रप्रद होता है ।

(४) इसी प्रकार सन्तति प्रश्न में गुरु भी सूनुनाथ (पंचमेश) के समान फल देता है अर्थात् गुरु यदि लग्न, सप्तम या पंचम में बैठा हो तो वह भी पंचमेश के समान पुत्र-प्रदायक होता है ।।३२।।

पाठक गुरु के इस उदाहरण को ऊपर कुण्डली में देख सकते हैं । इस श्लोक का पाठान्तर भी उपलब्ध है जो मुझे मान्य नहीं है । अत: यहाँ शुद्ध समीचीन पाठ ही दिया गया है ।

लग्नात्मजेशाभ्यां पुत्रप्रदयोगः

लग्नात्मजेशौ संयुक्तावन्योऽन्यं वाभिवीक्षितौ ।
क्षेत्रे परस्परस्थो वा पुत्रयोगा इमे स्मृताः ।। ३३।।

यदि लग्नेश एवं पंचमेश एक साथ बैठे हों अथवा एक-दूसरे को देखते हों अथवा एक-दूसरे की राशि में बैठे हों तो ये तीनों योग पुत्रप्रद होते हैं ।।३३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आरूढाद् गर्भाधाने शुभकालमाह

आरूढतोऽनुपचये शुभदः शशाङ्कः
पीडादमुष्य न शुभो विधुरन्यथास्थः।
लग्नस्य पुंस्त्वत इतो विपरीतमेवं
प्रोक्तं मुहूर्तकथने खलु माधवेन ॥ ३४॥

चन्द्रमा प्रश्नलग्न की आरूढ राशि से अनुपचय स्थानों में गोचर भ्रमण करे तब यह गर्भधारण हेतु शुभ (अनुकूल) होता है । यह उपचय स्थानों में हो तो परिणाम उल्टा होता है अर्थात् अशुभ होता है । आरूढ स्त्री का प्रतिनिधित्व तथा लग्न पुरुष का द्योतक होता है । परन्तु माधव ने अपने "माधवीयम्" नामक ग्रन्थ में इस मान्यता के विपरीत दृष्टिकोण दिया है । उन्होंने इस दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं किया है ॥३४॥

३-६-१०-११ ये स्थान अनुपचय तथा शेष स्थान उपचय कहलाते हैं ।

गर्भाधानमुहूर्तः

शीतज्योतिषि योषितानुपचयस्थाने कुजेनेक्षिते;
जातं गर्भफलप्रदं खलु रजस्स्यादन्यथा निष्फलम् ।
दृष्टेऽस्मिन् गुरुणा निजोपचयगे कुर्यान्निषेकं पुमान्;
अत्याज्ये च समूलभे शुभगणे पर्वादिकालात्स्थिते॥ ३५॥

यदि स्त्री की कुण्डली में लग्न से अनुपचय स्थान में चन्द्रमा बैठा हो और उस पर मंगल की दृष्टि हो तो यह गर्भ फल प्रदान करता है । मासिकधर्म के समय ही यह योग गर्भ धारण कराता है अन्यथा रज:स्राव निष्फल ही चला जाता है । इस चन्द्र पर गुरु की दृष्टि हो, वह गुरु स्वराशि या शुभ स्थान में हो तो शुभ मुहूर्त में मूलादि नक्षत्रों में पर्वकाल को छोड़ कर करना चाहिए ॥३५॥

सम्प्रदायकथनम्

सम्प्रदायास्तु बहवः सन्तीति प्रश्नकर्मणि ।
गुरूपदिष्टस्तेष्वेकः सम्प्रदायोऽथ कथ्यते ॥ ३६॥

प्रश्न कर्म में सन्तान के प्रश्न विचार हेतु अनेकों पद्धतियाँ हैं, यहाँ मैं (ग्रन्थकार) उनमें से गुरु के द्वारा उपदिष्ट एक विधि को कहता हूँ ॥३६॥

सन्ततिविचारगणितम्

प्राग्लग्ने यमकण्टकञ्च विधिवत्कृत्वा स्फुटौ योजयेत्;
प्रष्टुस्सन्ततिचिन्तने खलु तयोर्योगस्स्फुटं साधनम् ।
तद् यद्राशिगतं यदंशकगतं ज्ञेयञ्च वीर्योद्गमे;
वीर्यं यस्य तयोरनेन तु फलं प्रायोऽथ निर्दिश्यते ॥ ३७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्वप्रथम लग्न स्पष्ट तथा यमकण्टक स्पष्ट कर लें । इन दोनों के राशि, अंश, कला, विकला को जोड़ दें । यह योग जितने राशि-अंश-कला-विकला पर हो उसके अनुसार इस योगस्फुट की राशि एवं नवांश जान लें । इसमें यदि राशि बली हो तो राशि से फल कहें, यदि नवांश बलवान् हो तो नवांश से सन्तति संबंधी फल कहना चाहिए ॥३७॥

यमकण्टक स्पष्ट करने की विधि पिछले अध्याय १० श्लोक ४३ की व्याख्या में देखें ।

उदाहरण—मान लीजिए—किसी ने दिनांक ६अक्टूबर को अक्षांश २६°/१०' उत्तर तथा रेखांश ७८°/५०'' स्थान पर दिन के बारह बजे प्रश्न किया, उस दिन सोमवार है । सूर्योदय भारतीय मानक समय में ६ बजकर १३ मिनट पर है अतः इष्टकाल घट्यादि १४/२८ हुआ, लग्नस्पष्ट राश्यादि ८/४°/४'६/५०'' अथार्त् धनु है तथा यमकंटक स्पष्ट करने के लिए दिनमान (उस दिन) घट्यादि २९/१२ है । इसमें आठ का भाग देने पर अष्टमांश घ० ३/३९ प्राप्त हुए । सोमवार को यमकण्टक का ध्रुवांक ४ है अतः इनको चार से गुणा करने पर घट्यादि १४/३६ यह यमकण्टक का इष्टकाल ज्ञात हुआ । इस इष्टकाल पर से लग्न स्पष्ट किया तो राश्यादि ८/५°/४६'/५८'' प्राप्त हुए ।

अब लग्नस्पष्ट राश्यादि ८/४°/४६'/५०'' तथा यमकंटक राश्यादि ८/५°/४६'/५८'' को जोड़ा तो राश्यादि ४/१०°/३'३/४८'' प्राप्त हुए । अस्तु, यह योगस्फुट सिंह राशि के कर्कनवांश में है ।

योगस्फुटफलम्

ऊर्ध्वास्यमूर्ध्वोदयमर्त्यसंज्ञेष्वोजे च सौम्यैर्युतमीक्षितं वा ।
योगस्फुटं स्याद् यदि पृच्छकस्य ध्रुवं वदेत्सन्ततिलब्धिराशु ॥ ३८॥

यदि उक्त योगस्फुट ऊर्ध्वमुख राशि या ऊर्ध्वोदय राशि (शीर्षोदय राशि =मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक तथा कुंभ) में अथवा विषम राशियों में हो तथा उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि या युति हो तो प्राश्निक को सुनिश्चित रूप से शीघ्र ही सन्तति की प्राप्ति होती है ॥३८॥

पृष्ठोदयाधोमुखयुग्मसंस्थं
क्लीबाशुभैरन्वितमीक्षितं वा ।
योगस्फुटश्चेन्न सुतप्तितस्या
नृभांशयोगोऽपि सुताप्तयेऽलम् ॥ ३९॥

यदि पूर्वोक्त योगस्फुट पृष्ठोदय राशियों (मेष, वृष, कर्क, धनु, मकर) में या अधोमुख राशि में या समराशि में नपुंसक ग्रहों (शनि, बुध) या पापग्रहों से दृष्ट या युक्त हो तो सन्तति लाभ नहीं होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि उक्त योगस्फुट पुरुष राशि या पुरुष नवांश में हो तो भी पुत्र सन्तति लाभ कहना चाहिए ।।३९।।

आरूढादपि सन्ततिविचारणा

प्रोक्तं यदत्र यमकण्टकलग्नयोगा-
दारूढनाथयमकण्टकयोगतो वा।
वाच्यन्तदत्र यदि मर्त्यभमस्य वांशं
स्यादेव सन्ततिरयं परमोपदेशः।। ४०।।

ऊपर जैसे लग्नस्पष्ट तथा यमकण्टक के योगस्फुट से सन्तति का विचार किया है उसी प्रकार से आरूढ के स्वामी ग्रह के स्पष्ट तथा यमकण्टक स्पष्ट को जोड़कर बनाये गये योगस्फुट से करना चाहिये । यह हमारी गुरु परम्परा का परमोपदेश है ।।४०।।

इस श्लोक में ''आरूढलग्नयमकण्टकयोगतो वा'' यह पाठ भी मिलता है, जिसके अनुसार आरूढस्पष्ट तथा यमकण्टकस्पष्ट के योगस्फुट से विचार करना चाहिए ।

धर्मतः सन्ततिप्राप्तियोगः

षण्ढासद्युतवीक्षितो न च शुभैः स्थाने स्थितोऽनीप्सिते
पुत्रेशो यमकण्टकश्च धिषणो राशौ समे चांशके।
एवं चेत्सुतभं च सन्ततितिथिः कृष्णाष्टमीतः परं
तत्स्यात्सन्ततिरेषु केऽपि न तथा चेद्वा भवेद्धर्मतः ।। ४१।।

यदि पुत्रेश, यमकण्टक तथा बृहस्पति ये तीनों षण्ढ ग्रहों (नपुंसक ग्रहों= शनि-बुध) से युत या दृष्ट हों अथवा अशुभ ग्रहों (राहु-मंगल) से युत-दृष्ट हों तथा शुभ ग्रहों से युत-दृष्ट न हों, वे अनीप्सित भावों (६-८-१२) में बैठे हों तथा सम नवांशों में हों, पंचम स्थान में भी समराशि समनवांश हो, ''सन्तान तिथि'' गणित द्वारा निकालने पर कृष्ण पक्ष की अष्टमी के पश्चात् की हो (अमावास्या पर्यन्त) तो इन योगों के एकत्रित होने पर सन्तति उत्पन्न नहीं होती अथवा धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा सन्तान पैदा होती है ।।४१।।

उक्त योगों में जितने अधिक योग एक साथ होंगे उतना ही सन्तान प्राप्ति कठिन होगी ।

सम्पूर्णसन्ततियोगः

वागीशो यमकण्टकश्च सुतपस्थानस्थितश्शोभने,
पुंराशौ पुरुषांशके च सहितो दृष्टेऽथवा सद्ग्रहैः।
नो चेत्पापनपुंसकैः सुतभमप्येवं तिथिश्चेत्स्थिता
पञ्चम्यूर्ध्वगता च तर्हि नियतम्पूर्णा भवेत्सन्ततिः।। ४२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि गुरु, यमकण्टक तथा पञ्चमेश ये तीनों शुभ स्थानों में पुरुष राशि पुरुष नवांशक में बैठे हों तथा शुभ ग्रहों से युत या दृष्ट हो, पाप ग्रहों तथा नपुंसक ग्रहों से युत या दृष्ट न हो तथा गणितागत सन्तान तिथि शुक्ल पंचमी से कृष्ण सप्तमी तक हो तो सम्पूर्ण रूप में (बिना गर्भपातादि के) जितने गर्भ ठहरेंगे उतनी सन्तान प्राप्त होगी ॥४२॥

सन्तान तिथि का गणित इसी अध्याय के श्लोक १२१ में आगे बताया गया है।

प्रश्नलग्नात्सन्ततिजननसमयज्ञानम्

उद्यल्लग्नदिवाकरांशसुतराशीशेऽथ लग्नस्थिते
प्रष्टुर्वत्सरतः पुरैव भविता सन्तानजन्म ध्रुवम् ।
षष्ठाच्चेदथ एष भावसमसंख्येऽब्देऽरिरन्ध्रव्यय-
स्थो वा चेन्न परत्र चेन्ननु भवेद्धर्मे कृते दूरतः ।। ४३ ।।

(१) उदयलग्न के द्वादशांश से पंचम राशि का स्वामी यदि लग्न में स्थित हो तब एक वर्ष के भीतर पृच्छक अथवा सम्बन्धित व्यक्ति के सन्तान होती है।

(२) यदि वह लग्न के द्वादशांश से पंचम द्वादशांश राशि का स्वामी लग्न के अतिरिक्त भाव में (६-८-१२) भाव को छोड़कर बैठा हो तो उस भाव की संख्या के समान वर्षों में संतति प्राप्त होती है। (जैसे यदि द्वितीय भाव में हो तो दो वर्षों के भीतर, सप्तम भाव में ७ वर्ष के भीतर, एकादश भाव में ग्यारह वर्षों के भीतर संतति प्राप्त होगी। ऐसा उत्तर पृच्छक को देना चाहिए।

(३) परन्तु यदि प्रश्नलग्न के द्वादशांश से पंचम भाव का स्वामी छठे, आठवें या बारहवें भाव में बैठा हो तो सन्तति की प्राप्ति नहीं होती है। यदि होगी भी तो धर्मानुष्ठान करने पर बहुत दिनों में ही हो सकेगी ॥४३॥

पुनश्च सन्ततिसमयज्ञानम्

योस्यांशभयोस्त्रिकोणमदनेष्वाये यदा सञ्चरे-
ज्जीवः सन्ततिसम्भवोऽत्र समये प्रष्टुः समादिश्यताम् ।
स्थानेष्वेषु शुभावलोकनयुतिर्यत्रात्र याते गुरौ
गर्भश्चेत्सफलोऽशुभेक्षणयुतिर्यत्रात्र चेन्निष्फलः ।। ४४ ।।

जिस समय गुरु गोचरभ्रमणवशात् प्रश्नलग्न या प्रश्ननवांश की राशि से पाँचवे, सातवें, नौवें अथवा ग्यारहवें भाव (राशि) में संचार करे तथा गुरु बलवान् हो, साथ ही योगस्फुट (श्लोक ३७ में कथित) तथा गुरु की राशि पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो उस समय प्रष्टा को सन्तति प्राप्त होती है। अन्यथा स्थिति हो अर्थात् गुरु की गोचर राशि तथा योगस्फुट पाप ग्रहों से युत-दृष्ट हो तब सन्तति प्राप्त नहीं होती या गर्भ निष्फल हो जाता है ॥४४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योगचतुष्टयवशात्सन्ततिजन्मसमयकथनम्

लग्नेन्दू यमकण्टकश्च गुलिकश्चैषाञ्चतुर्णां युति-
र्यद्योजांशभयोस्त्रिकोणभवने केन्द्रेऽथवा वाक्पतेः।
मन्देन्द्वात्मजराहुकेतुकथितस्तानेषु नो चेत्तदा
प्रष्टुस्सन्ततिसम्भवो हि नियतो यौवैपरीत्ये त्वतः।। ४५।।

यदि लग्न, चन्द्रमा, यमकण्टक तथा गुलिक इन चारों के राश्यादि स्पष्ट का योग (स्फुट) प्रश्नकालीन गुरु के त्रिकोण या केन्द्र में अथवा विषम नवांश या विषम राशि में हो तथा शनि, बुध, राहु, केतु से त्रिकोण में न हो तो प्राश्निक के सन्तान अवश्य होती है। इसके विपरीत स्थिति होने पर संतति नहीं होती है ।।४५।।

गर्भाधानसमयमाह

प्राग्लग्नात्पञ्चमेशाश्रितभवननवांशाश्रिते देवपूज्ये,
लग्ने योंऽशस्तदीशाश्रितभवननवांशाश्रितानामधीशे।
प्राग्लग्नाधीश्वराधिष्ठितभवनं नवांशाश्रिते शीतभानौ
गर्भाधानस्य कालं कथयतु मतिमान् प्रष्टुरेतद् रहस्यम्।। ४६।।

(१) पंचमेश जिस राशि या नवांश में बैठा हो इनमें से किसी राशि में गोचर भ्रमण करते हुए गुरु आ जाय तब गर्भाधान होता है।

(२) अथवा लग्नाश्रित नवांश या लग्नेश या नवांशेश के आश्रित राशि में सप्तमेश का गोचर भ्रमण होने पर गर्भाधान होता है।

(३) अथवा लग्नेश के राशिनवांश में चन्द्रमा आने पर गर्भाधान होता है, ऐसा बुद्धिमान् दैवज्ञ कहते हैं ।।४६।।

पुनश्च गर्भाधानसमयकथनम्

लग्नेन्द्वाचार्यभास्करांशकगतं चन्द्रं वदेद्भास्करं
योगस्यास्य नवांशकालयगते योगेऽत्र जीवान्विते ।
अंशे वा भवनं यदत्र धिषणं लग्नार्कमान्दीन्दुयो-
गर्क्षं लग्नसमेति जातकसुताधानं प्रसूतिष्विदम्।। ४७।।

इस श्लोक में गर्भाधान का तथा प्रसूति का वर्ष-मास-दिन निकालना बताया है। जब प्रश्न गर्भस्थिति कब होगी? यह हो तब गर्भाधान का समय ज्ञात होगा। जब प्रश्न "इस गर्भवती को प्रसव कब होगा?" यह हो तब इस विधि से सन्ततिजन्म का समय ज्ञात होता है।

(क) लग्न+चन्द्रमा+आचार्य(गुरु) इन तीनों के स्पष्ट राश्यादि को जोड़ने से जो राश्यादि प्राप्त होता है उस पर गोचर भ्रमण में गुरु का संचार होगा अथवा उस नवांश पर गुरु का संचार होगा उस वर्ष में गर्भाधान या प्रसव होगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ख) सूर्यस्पष्ट+चन्द्रस्पष्ट= इस योग के राश्यादि में जब सूर्य की स्थिति हो अथवा उस नवांश में सूर्य की स्थिति हो उस मास में गर्भाधान या प्रसूति होती है ।

(ग) लग्नस्पष्ट+चन्द्रस्पष्ट के राश्यादि की द्वादशांश राशि पर जब चन्द्रमा का गोचर भ्रमण हो तब उस दिन में गर्भाधान या प्रसूति होती है ।।४७।।

सवर्णा वा परवर्णा पत्न्याः सुतोत्पत्तिः

धीशस्य विप्रादिखमान्वयेक्षा राश्यंशसम्बन्धवशान्नराणाम् ।
तत्तद्वधूष्वात्मजजन्मवाच्यं स्वस्यां स्त्रियां वा गुरुभार्गवाभ्याम् ।। ४८ ।।

धीश (पंचमेश) के साथ जिस जाति के ग्रह की दृष्टि या युति हो उसी जाति-वर्ण की भार्या से सन्तानोत्पत्ति होती है । यदि गुरु के तथा शुक्र के साथ पंचमेश का सम्बन्ध हो तो ब्राह्मण या सवर्ण स्त्री में सन्तति उत्पन्न होती है ।।४८।।

दत्तकविषये योगस्फुटफलम्

यो राशिर्यमकण्टकेन सहितो लग्नेऽसचेद् द्व्यात्मको
नैकालं तनयाप्तये खलु वधूर्ध्वेस्तान्तु बह्व्योऽथवा ।
पापेक्षान्वयतोऽखिलास्त्वथ सुतो दत्तोऽत्र षण्ढान्वयात्
पाथोने बुधमन्ददृष्टिसहिते स्यातामुभौ दत्तकौ ।। ४९ ।।

(१) यदि लग्न एवं यमकण्टक का योगस्फुट द्विस्वभाव राशि में पड़ें तो सन्तति प्राप्त नहीं होती ।

(२) यदि योगस्फुट पाप ग्रहों से युत या दृष्ट हो तो अनेक पत्नियों से भी संतति नहीं हो सकती या नपुंसक का जन्म होता है ।

(३) यदि योगस्फुट कन्या राशि में हो तथा बुध-शनि से युत-दृष्ट हों तो दो पुत्रों को गोद लिया जाता है ।।४९।।

बुध तथा शनि नपुंसक ग्रह हैं ।

अस्मिन् मन्दकुजान्विते तु रविणा दृष्टे ज्ञशुक्रान्विते,
साधुः स्यान्न च दत्तकोऽपि तनयस्त्वन्योऽन्यतो विग्रहात् ।
साधुर्योग दृशा च जीवसितयोर्दत्तो द्वितीयः पुनः ।। ५० ।।

इस श्लोक में दो योग हैं—(१) यदि उक्त योगस्फुट मंगल तथा शनि से युत या दृष्ट हो अथवा सूर्य-बुध से युत-दृष्ट हों तो फल साधु (उत्तम) नहीं होता और दोनों दत्तक पुत्र आपस में झगड़ते हैं ।

(२) यदि उक्त योगस्फुट पर गुरु एवं शुक्र की युति-दृष्टि हो तो दूसरा दत्तक पुत्र माता-पिता के लिए शुभ होता है अर्थात् उनकी सेवा करता है ।।५०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ गर्भप्रश्न:

गर्भप्रश्ने तु गर्भस्थस्यापत्यस्य शुभाशुभम् ।
पित्रोश्च तत्र वक्तव्यं तत्प्रकारोऽथ कथ्यते ।। ५१।।

जब गर्भप्रश्न का विचार किया जाय तब माता-पिता को शुभाशुभ फिर भी बताना चाहिए । गर्भ की माता-पिता के लिए शुभता या अशुभता बताने का प्रकार लिखा जा रहा है ।।५१।।

योगस्फुटेन मातृ-पितृकथनम्

यस्मिन् राशौ स्फुटयुतिरयं लग्नमेतच्छशाङ्को
माता लग्नान्मदनभमिनश्चापि यद्वौ पिता तौ ।
गर्भेऽपत्यं यदिदमिह तु ज्योक्तथैषां त्रयाणां
युक्तैरेतैरशुभमपि यच्चिन्त्यते लग्नपूर्वैः ।। ५२।।

(१) पूर्व कथित योगस्फुट (लग्न+यमकण्टक) की राशि एवं चन्द्रमा माता होती है । (२) सप्तम भाव तथा सूर्य के योगस्फुट की राशि पिता का प्रतिनिधित्व करती है ।

(३) गुरु की स्थिति से गर्भ है अथवा नहीं अथवा गर्भ की प्रकृति क्या है ? इसे जानना चाहिए ।।५२।।

जिस प्रकार चन्द्रमा माता का तथा सूर्य पिता का कारक होता है उसी प्रकार गुरु गर्भ का कारक होता है । इसीलिए गुरु की स्थिति से गर्भ का ज्ञान होता है । संस्कृत वाङ्मय में इसीलिए गर्भिणी (गर्भवती) को "गुर्विणी" कहा जाता है । मेडिकल अंग्रेजी में इसे Gravida कहते हैं जो कि ग्रीक भाषा का शब्द है और संस्कृत के "गुर्विता" का अपभ्रंश है । वहाँ प्रथम बार की गुर्विता (पहलौटी) को Primi Gravida, द्वितीय बार की गुर्विता को Secundi Gravida तथा तृतीया गुर्विता को Terti Gravid कहा जाता है । लैटिन भाषा में संस्कृत "गुर्विता" का अपभ्रंश Gravitas प्रचलित है जिसका अर्थ गुरुता भी होता है ।

गुरु ग्रह "जीव" का प्रतिनिध होने से जीव कहलाता है । इसे लैटिन में जोविस् (Jovis) तथा ग्रीक में जियस् (Zeus) कहते हैं । "जीवति प्राणन् धारयतीति जीव:" अर्थात् जो प्राणों को धारण करता है, जीवित रखता है वह जीव है । इस प्रकार जीव (गुरु) का सम्बन्ध जीव (गर्भ) से स्वत: सिद्ध है ।

अरबी भाषा में गुरु ग्रह को "मुश्तरी" कहते हैं जो कि संस्कृत के "मुस्तकर:" शब्द का अपभ्रंश है । "मुस्तकर:" का अर्थ "संचय करने वाला" या "ढेर लगाने वाला" होता है । गुरु धन का संचय करता है तथा गर्भ में रस-रक्तादि का संचय भी करता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गर्भसम्भवज्ञानम्

लग्नं तद् मदभं शशी दिनकरो जीवश्च सर्वेऽप्यमी
निर्वीर्या अशुभैर्विलोकितयुता युक्तेक्षिता नो शुभैः ।
एवं चेन्नियमेन दम्पति मृतिर्नापि प्रजा लभ्यते
जीवश्चेद् बलवानिहापि नियतं जीवेत्प्रजा केवलम् ।। ५३।।

यदि लग्न, सप्तम भाव, चन्द्र, सूर्य तथा गुरु ये सब निर्बल हों एवं इन पर अशुभ ग्रहों की युति या दृष्टि हो तो शुभ ग्रहों की दृष्टि न भी हो तब निश्चित ही दम्पति की मृत्यु होती है तथा सन्तान भी नहीं होती है । यदि इस योग में गुरु ही बलवान् हो तब गर्भ की रक्षा होकर शिशु जीवित बच जाता है ।।५३।।

मृत्युयोगाः

लग्ने लग्नपतौ विधौ च विबले पापैश्च युक्तेक्षिते
नार्यास्स्यान्मरणं गुरौ तु विबले जाते सुते स्यान्मृतिः ।
एवं चेद्रविसप्तमे तदधिपान्मृत्युं पितुर्निर्दिशेत्
जीवे वीर्ययुते भवेच्च तनयः पश्चान्मृतिः स्यात्पितुः ।। ५४।।

(१) यदि प्रश्नकुण्डली में लग्न, लग्नपति तथा विधु (चन्द्रमा) ये तीनों ही निर्बल होकर पापग्रहों से युत या दृष्ट हों तो स्त्री (गर्भिणी) की मृत्यु होती है ।

(२) यदि गुरु निर्बल हो तो उत्पन्न होकर पुत्र मर जाता है ।

(३) यदि सूर्य (पितृकारक), सप्तम भाव तथा सप्तमेश निर्बल एवं पाप प्रभाव से युक्त-दृष्ट हों तो पिता की मृत्यु होती है ।

(४) यदि गुरु बली हो तो पुत्रजन्म के पश्चात् पिता की मृत्यु होती है ।।५४।।

रोगकथनम्

भानौ भौमयुते पितुश्शनियुते चन्द्रे जनन्याश्च रुङ्
मन्दाराहियुतेक्षिते न च शुभैश्चन्द्रे सगर्भे मृतिः ।
सूते प्राक् पितृमृत्युरर्क इति मन्दाह्यारयुक्तेक्षिते,
नूनं तैस्त्रिभिरीक्षिते खलु युते जीवे मृता स्यात्प्रजा ।। ५५।।

(१) यदि प्रश्नकुण्डली में सूर्यमंगल की युति हो तो पिता को रोग होता है ।

(२) यदि चन्द्र+शनि की युति हो तो माता रुग्ण होती है ।

(३) यदि चन्द्रमा मन्द, मंगल तथा राहु से दृष्ट हो और शुभ ग्रह से युत-दृष्ट न हो तो गर्भवती की मृत्यु होती है ।

(४) यदि सूर्य (पितृकारक) शनि, मंगल एवं राहु से युत-दृष्ट हो तथा शुभ्र ग्रहों से युत-दृष्ट न हो तो बालक के जन्म से पूर्व ही पिता की मृत्यु होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) यदि गुरु ग्रह के साथ उक्त तीनों पाप ग्रहों (शनि-मंगल-राहु) की युति-दृष्टि हो तथा शुभ दृष्टि-युति का अभाव हो तो गर्भ में ही सन्तति मर जाती है अर्थात् मरा हुआ भ्रूण गर्भ से बाहर आता है ॥५५॥

सन्तानहीनतायोगाः

प्रश्ने रिःफपजीवयोगभवनात् क्रूरग्रहश्चेद् व्यये
न स्यात्सन्ततिरेवमेव जनने चैवं द्वयोश्चेद् ध्रुवम् ।
युक्ताथो यमकण्टकेन गुलिकं तत्रस्थिते तारकं
दम्पत्योर्वधनाम पञ्चम तृतीयं चेच्छनो सन्ततिः ॥ ५६॥

(१) यदि प्रश्नकुण्डली अथवा जन्मकुण्डली में द्वादशेशस्पष्ट एवं गुरुस्पष्ट के योगस्फुट-तुल्य राशि से व्ययभाव में क्रूर ग्रह स्थित हो तो सन्तान नहीं होती है ।

(२) यदि उक्त योग प्रश्न तथा जन्म दोनों 'कुण्डलियों' में हो तो निश्चित रूप से सन्तान नहीं होती ।

(३) यमकण्टक के साथ गुलिक की युति जिस नक्षत्र में हो तो वह नक्षत्र, दम्पति के वध (सप्तम), पंचम तथा तृतीय नक्षत्र यदि प्रश्नकाल में हो तो भी सन्तति नहीं होती है ॥५६॥

अथ सन्तानदीपिकातः सन्तत्याभावहेतुरुच्यते

पुत्रस्थानगते राहौ पुत्रेशसहितेऽथवा ।
शुभैरनीक्षिते विद्यात् सर्पशापात्सुतक्षयः ॥ ५७॥

सन्तानदीपिका के अनुसार यदि पंचम भाव में राहु बैठा हो अथवा राहु पंचमेश के साथ हो तथा उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि का अभाव हो तो पृच्छक तथा जातक के अनपत्यता (सन्तानहीनता) का कारण सर्पशाप होता है ॥५७॥

पितृशापात्सुतक्षयः

लग्नत्रिकोणगे मन्दे तथा मान्दियुते सति ।
शुभैरनीक्षिते विद्यात् पितृशापात्सुतक्षयम् ॥ ५८॥

यदि लग्नकुण्डली में लग्न से त्रिकोण में शनि बैठा हो और उसके साथ गुलिक की युति हो, इस योग में शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो तो पितृशाप से सुतक्षय होता है ॥५८॥

रिपुदोषात्सुतक्षययोगः

सुतेशे भौमसंयुक्ते रिपुनाथयुतेऽथवा ।
शुभैरनीक्षिते विद्याद् रिपुदोषात् सुतक्षयम् ॥ ५९॥

यदि पंचमेश भौम से युत हो अथवा षष्ठेश से युक्त हो और उस पर शुभ्र ग्रहों की दृष्टि न हो तो शत्रु के दोष से पुत्र नाश होता है ॥५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किसी-किसी प्रति में यह श्लोक (क्र.५९) नहीं मिलता है ।

पुनश्च रिपुदोषात्सुतक्षययोगः

पञ्चमे भौमसंयुक्ते रिपुनाथयुतेऽथवा।
शुभैरनीक्षिते विद्याद् रिपुदोषात्सुतक्षयम्।। ६०।।

यदि पंचम भाव में मंगल विराजमान हो अथवा षष्ठेश से युत हो और ऐसे पंचमस्थ मंगल पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो भी शत्रु के प्रयास (मारणादि क्रियाओं से) सुतक्षय होता है ।।६०।।

दैवशापात्सुतक्षययोगः

सुताधिपे सुतस्थाने शुभदृष्टिविवर्जिते ।
पापग्रहेण सन्दृष्टे दैवशापात्सुतक्षयम्।। ६१।।

यदि पंचमेश पंचम भाव में पाप ग्रहों से दृष्ट होकर तथा शुभ ग्रहों की दृष्टि से रहित होकर बैठा हो तो दैवप्रकोप से पुत्रनाश होता है ।।६१।।

मातृदोषात्सुतक्षययोगः

मातृस्थानगते पापे सुतेशे मन्दसंयुते ।
व्यये पापग्रहैर्युक्ते मातृदोषात्सुतक्षयम् ।। ६२।।

जब चौथे भाव में पाप ग्रह हो तथा पंचमेश शनि से युक्त हो, व्यय में (बारहवें भाव) में पाप ग्रह बैठे हों तो मातृदोष से सुतक्षय होता है ।।६२।।

मातृदोष से तात्पर्य पृच्छक या जातक की माता का शाप है, परन्तु दूसरा अर्थ है— उस पुत्र की माता द्वारा ही किया गया पाप कर्म । क्योंकि चार वर्ष की आयु तक माता के पाप कर्मों से बालक की मृत्यु हो जाती है, ऐसा 'फलदीपिका' आदि ग्रन्थों में कहा गया है।

इसी प्रकार पितृदोष से पितृशाप का अर्थ ग्रहण करना उतना समीचीन नहीं है जितना की आठ वर्ष की आयु तक शिशु के पिता द्वारा किया गया पाप । क्योंकि फलदीपिका के अनुसार बारह वर्ष तक बालक की आयु का निर्णय करना अनिश्चित रहता है—

"आद्वादशाब्दा नरयोनिजन्मनामायुष्कलां निश्चयितुं न शक्यते ।
मात्रा च पित्रा कृतपापकर्मणा बाला ग्रहैर्नाशमुपैति बालकः" ।।

पितृदोषात्सुतक्षययोगः

नवमे पापसंयुक्ते मन्दयुक्ते सुताधिपे ।
त्रिकोणे मान्दिसंयुक्ते पितृदोषात्सुतक्षयम् ।। ६३।।

जब नवम भाव में पाप ग्रह हो, पञ्चमेश शनि के साथ हो, त्रिकोण स्थान में मान्दि बैठा हो तो पितृदोष से सुतक्षय होता है ।।६३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ प्रश्नसंग्रहात्सुतक्षयस्य कारणानां कथनम्

जीवापत्यपलग्नपेषु विबलेष्वर्कोज्झितांशुर्भवेत्
धर्मेशोऽपि दिशेद् देवशापजनिता सन्तानहानिर्नृणाम् ।। ६४।।
योगेऽस्मिन् गुरुभार्गवौ खरयुतौ चेद् विप्रशापादिहै-
वर्केन्दू पितृशापतो यदि खराढ्यौ वैरिनीचर्क्षगौ ।। ६५।।

यदि कुण्डली में गुरु, पंचमेश तथा लग्नेश बलहीन हों; साथ ही सूर्य-चन्द्र-नवमेश भी निर्बल हों तो देवशाप से मनुष्यों के सन्तानहानि होती है ।।६४।।

यदि उक्त योग में गुरु तथा शुक्र खर (खल) ग्रह से युक्त हों तो विप्रशाप से सन्तानहानि होती है । यदि सूर्य तथा चन्द्रमा पापयुत तथा नीच राशिगत हों तो पितृशाप से सुतक्षय होता है ।।६५।।

माता-पिता को कष्ट देने के कारण व्यक्ति को उनका शाप लगता है । यह पाठ अन्य मलयाली संस्करण से है ।

दुष्कर्मणा सुतक्षयमाह

लग्नापत्यपमन्त्रिणोऽथ विबला मृत्युव्ययारातिगाः
कर्मेशोऽशुभयोगवीक्षणयुतो यद्यत्र दुष्कर्मणा ।। ६६।।

यदि कुण्डली में लग्नेश, पञ्चमेश तथा मन्त्री (गुरु) निर्बल होकर अष्टम, द्वादश या षष्ठ भाव में बैठे हों तथा दशमेश से अशुभ ग्रहों की युति हों अथवा अशुभ ग्रहों से दृष्ट हों तो पृच्छक के स्वयं के दुष्कर्मों से सन्तति नहीं होती है ।।६६।।

द्विषामभिचाराद् सन्ततिहानिः

एते हीनबलाश्च वीर्यवदिला पुत्रारिपाढ्या यादि
स्यातां यद्यरिपासृजौ च सुतगौ यद्याभिचाराद् द्विषाम् ।। ६७।।

यदि उपर्युक्त तीनों (लग्नेश, पंचमेश एवं गुरु) ग्रह बलवान् इलापुत्र (मंगल) तथा षष्ठेश से युक्त हों तो शत्रु द्वारा प्रायोजित अभिचारादि कर्मों से संतति की हानि होती है ।।६७।।

स्थानदोषाद् सन्ततिहानिकथनम्

देवेड्यात्मजलग्नपेषु सबलेष्वप्यालयस्थाः खरा
वेश्मेशोऽपि रिपुव्ययाष्टमगतश्चेत् स्थानदोषादिह ।। ६८।।

यदि देवगुरु बृहस्पति, पञ्चामाधिपति तथा लग्नपति ये तीनों बलवान् हों तथा पाप ग्रह चतुर्थ भाव में हों; साथ ही वेश्मेश (चतुर्थेश) भी ६-१२-८ स्थानों में बैठा हो तब स्थान दोष के कारण सन्ततिहानि होती है ।।६८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थानदोष का अर्थ है—निवासस्थान के दोष से सन्तानहानि होना। कुछ घर-मकान शापित होते हैं जिनमें निवास करने से सन्तति नहीं होती है।

सर्पशापादितः सुतहानिकथनम्

राहुस्तैस्त्रिभिरन्वितो यदि सुतस्थो वाहिशापादथो
योगेऽस्मिन् न सृजान्वितो यदि फणीवैरेण वा राशिनाम्॥ ६९॥

यदि उपर्युक्त तीनों (गुरु-पंचमेश-लग्नेश) राहु से युक्त होकर पञ्चम भाव में बैठे हों तो अहिशाप (सर्पशाप) से सन्तति नहीं होती है।

यदि इस योग में राहु तथा मंगल एक साथ बैठे हों तो सर्पों से वैर के कारण सन्तति नहीं होती है अथवा सन्ततिहानि होती है ॥६९॥

पितृदोषात्परोक्षे सन्ततिजन्मकथनम्

त्रिष्वेवात्मबलेष्वपीह गुरुभं दृष्टं रविश्चान्वितः
पापैश्चेत् पितृदोषतोऽत्र तु मृते ताते भवेत्सन्ततिः॥ ७०॥

उक्त तीनों (गुरु+पंचमेश+लग्नेश) बली होकर बैठे हों तथा नवम भाव में सूर्य पाप प्रभाव से युक्त हो तो पितृदोष से शिशु का पिता मर जाने के उपरान्त ही सन्तति का जन्म होता है ॥७०॥

मातृमरणादूर्ध्वं प्रजासम्भवयोगमाह

अत्रैवेन्दुचतुर्थयोर्यदि खरा वासादितां दुष्टतां।
दोषा मातुरिहापि मातृमरणादूर्ध्वं प्रजासम्भवः॥ ७१॥

उपर्युक्त स्थिति (गुरु-पंचमेश-लग्नेश के बली होने पर) में यदि चन्द्रमा तथा चतुर्थ भाव पाप प्रभाव में हो तो माता के मरण के उपरान्त ही सन्तान उत्पन्न होती है ॥७१॥

पञ्चभूतानामुदयफलम्

शापं पितॄणामुदये नभस्वतो दैवं कृशानोर्नभसश्च तावुभौ।
विद्यान्नृणां सन्ततिहानिकारणं सुताप्तिरादाववनेरपामपि॥ ७२॥

(१) यदि लग्न में वायु भूत का उदय हो रहा हो तो पितृदोष के कारण सन्तति हानि होती है।

(२) यदि अग्नि भूत का उदय लग्न में हो तो देवदोष होता है।

(३) आकाश भूत के उदय में भी देवदोष ही सन्तति के अभाव का कारण होता है।

(४) यदि भूमि तत्त्व का उदय लग्न में हो तो सन्तान उत्पन्न होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) यदि जल तत्त्व का उदय हो तो भी सन्तान प्राप्त होती है ।।७२।।

लग्न में पञ्चभूतों के उदय का वर्णन पूर्व में किया जा चुका है । इसके लिए सोलहवें अध्याय के श्लोक ३० से ३४ तक की व्याख्या देखें, वहाँ "भूतोदयलग्न" का वर्णन है ।

विलम्बात् पुत्राप्तियोगाः

होरानाड्योस्तपनशशिनोर्लग्नवायु पृथक् चेत्
विद्यारूढे सति च विषमे लग्नभेऽथो सुतेशौ ।
यौ वा प्रश्ने जनुषि च तयोस्सङ्गमे चेक्षणाद्यैः
सुरेड्यारौ बलवति तथा पुत्रलाभश्चिरेण ।। ७३।।

इस श्लोक में छः योग दिये गये हैं—

(१) यदि लग्न में सूर्य की होरा हो तथा दैवज्ञ की नासिका में वाम स्वर चल रहा हो तो विलम्ब से पुत्र होता है ।

(२) अथवा लग्न में शशि की होरा (समराशिहोरा) हो तथा दैवज्ञ का दाहिना स्वर (सूर्यस्वर) चल रहा हो तो भी विलम्ब से पुत्र प्राप्त होता है ।

(३) यदि प्रश्नलग्न विषम राशि तथा आरूढ सम राशि में हो ।

(४) यदि प्रश्नलग्न सम राशि तथा आरूढ विषम राशि हो ।

(५) यदि प्रश्नकुण्डली के तथा जन्मकुण्डली के पंचमेश एक ही राशि में स्थित हो या परस्पर दृष्ट हों या उनमें राशिपरिवर्तन हो तो विलम्ब से पुत्र की प्राप्ति होती है ।

(६) यदि प्रश्न-लग्नकुण्डली में सुरेड्य (गुरु) तथा आर (मंगल) बली हों तो देर से सन्तति प्राप्त होती है ।।७३।।

इस श्लोक में पाठान्तर उपलब्ध है ।

नूनम्भवेत्सन्ततिः

सूक्ष्माद्भास्करशीतरश्मिधिषणान्युक्त्वा नवांशोऽत्र गो
मान्द्यंशश्च विलोकितो यदि मिथो यद्वा त्रिकोणाश्रितौ।
जीवो वाऽथ वपुस्सुतेशयुतिभांशाभ्यां त्रिकोणेऽथवा
मान्दिर्जीवभृतोंऽशतोऽस्य यदि वा नूनं भवेत्सन्ततिः ।। ७४।।

इस श्लोक में सन्तति के होने के निम्न योग दिये गये हैं—

(१) सूर्य+चन्द्र+गुरु इन तीनों के सूक्ष्म (राशि-अंश-कला-विकला) जोड़ें; इस योगस्फुट का नवांश तथा मान्दि का नवांश यदि परस्पर त्रिकोण में हों ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) यदि उक्त योगस्फुट का नवांशेश तथा गुलिक का नवांशेश परस्पर युत-दृष्ट हों या सम सप्तक में हों या उनमें राशिपरिवर्तन हो ।

(३) लग्नेश+पञ्चमेश के योगस्फुट की राशि तथा नवांश में यदि गुरु हो अथवा उससे त्रिकोण में स्थित हो ।

(४) यदि गुरु से त्रिकोण में गुलिक की स्थिति हो तो ।

इन सभी योगों के प्रश्नकुण्डली में होने पर निश्चित रूप से सन्तान होती है ॥७४॥

अगर्भयोग:

आरूढस्य कुजालोको गर्भसम्भवलक्षणम् ।
गर्भो न सम्भवेद् रक्ताधिक्यान्न यदि भौमदृक् ॥ ७५॥

आरूढ लग्न को यदि मंगल देखता हो तो गर्भस्थिति है ऐसा विश्वास किया जा सकता है । यदि आरूढ पर मंगल की दृष्टि न हो तो रक्ताधिक्य के कारण गर्भ नहीं ठहरता है ॥७५॥

अथ सन्तत्युद्भवकाल उच्यते

प्रश्ने यद् गुलिकाश्रयम्भवनभं तस्मात्त्रिकोणोपगे-
ष्वात्मीयाष्टकवर्गकेष्विह फलाधिक्यम्भवेद्यत्र भे ।
तत्प्राप्तौ धिषणार्कशीतमहसां यद्वा विलग्नांशकात्
सम्प्राप्ते धिषणे त्रिकोणभवनं सन्तानजन्मादिशेत् ॥ ७६॥

प्रश्नकुण्डली में जो गुलिकाश्रित राशि है उस (गुलिकाधिष्ठित राशि) से त्रिकोण में आत्मीयाष्टक वर्ग (दम्पति की जन्मकुण्डली का अष्टक वर्ग) की राशि में सूर्य, चन्द्र तथा गुरु के फलाधिक्य होने पर सन्तान का जन्म होता है अथवा प्रश्नलग्न के नवांश से त्रिकोण में धिषण (गुरु) होने पर सन्तान का जन्म होता है ॥७६॥

अथ गर्भलक्षणमुच्यते ज्ञानदीपिकायाम्

गर्भोत्पत्तिनिमित्ताय प्रश्ने स्त्रीभिः कृते सति ।
आरूढलग्नच्छत्रेषु राहुश्चेद् गर्भमादिशेत् ॥ ७७॥

यदि कोई स्त्री स्वयं के गर्भ के बारे में प्रश्न पूछे तो उस समय यदि आरूढ राशि प्रश्नलग्न या छत्रराशि में से किसी में भी राहु हो तो 'उसे गर्भ है' ऐसा कहना चाहिए ॥७७॥

लग्नाद्वा चन्द्रलग्नाद्वा त्रिकोणे सप्तमेऽपि वा ।
बृहस्पतिः स्थितो वापि पश्येद्वा यदि गर्भिणी ॥ ७८॥

प्रश्नकालीन उदयलग्न से या चन्द्रलग्न से त्रिकोण (९-५) स्थानों या सप्तम में गुरु बैठा हो या इन पर उसकी दृष्टि हो तो स्त्री गर्भवती होती है ॥७८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रश्नकाले तु परिधी दृष्टे गर्भवती भवेत्।
तदा तदस्तग्रहवशात् पुंस्त्रीभेदं वदेद् बुधः।। ७९।।
यत्र क्वापि स्थिते चन्द्रे शुभयुक्ते तु गर्भिणी।। ८०।।

यदि प्रश्न समय रात्रि का हो और उस समय चन्द्र के चारों ओर परिधि (पारस या हाला = Hale) दिखाई पड़े तो स्त्री को गर्भवती कहना चाहिए। प्रश्नकुण्डली में सप्तमस्थ ग्रह के अनुसार गर्भ में पुत्र है या पुत्री यह बताना चाहिए। अर्थात् यदि सप्तम भाव में सूर्य-मंगल-गुरु हों तो पुत्र अन्यथा पुत्री कहना चाहिए ।।७९।।

प्रश्नकुण्डली में चन्द्रमा किसी भी भाव में क्यों न स्थित हो यदि उसके साथ शुभ ग्रह बैठा हो तो स्त्री निश्चित रूप से गर्भिणी होती है ।।८०।।

अथ प्रश्नसङ्ग्रहश्च

ओजर्क्षे पुरुषांशके यदि सुतस्थानेश्वरो लग्नपो
मान्देः केन्द्रगतश्च गर्भकृदसौ शीर्षोदयश्चेद् ध्रुवम् ।
गर्भो नो शशिनोऽशकोऽयमगुणा वाचे समेतेक्षितः,
छिद्रो यद्यसृजार्किणा यदि रजो नाऽपि स्थिरोऽधोमुखः ।। ८१।।

(१) यदि पञ्चमेश विषम राशि तथा विषम नवांश में बैठा हो तथा लग्नेश यदि गुलिक से केन्द्र में स्थित हो तो गर्भकारक होता है ।

(२) यदि पञ्चमेश उक्त स्थिति में शीर्षोदय राशियों में से किसी में हो तो सुनिश्चित रूप से गर्भ होता है ।

(३) पञ्चमेश के नवांश को चन्द्रमा या अगु (राहु) देखता हो या उसमें बैठा हो तो गर्भ नहीं होता है ।

(४) यदि पञ्चमेश के नवांश पर मंगल की युति-दृष्टि हो तो गर्भपात होता है ।

(५) यदि पंचमेश की स्थिति या दृष्टि अधोमुख राशि या नवांश में या स्थिर राशि में हो और शनि द्वारा दृष्ट-युत हो तो स्त्री का मासिकधर्म अनियमित होता है ।।८१।।

चतुर्दशगर्भलक्षणम्

गर्भिण्यर्भकदर्शनं धनरवोऽपि द्वन्द्वयुद्धं तथा,
स्पृष्टिः प्रष्टुरधो भुजापतनकस्याऽपि चाकर्षणम् ।
आरूढे यदि वोदये युतिदृशौ पुत्रे युतिर्वा भृगोः,
गर्भोऽस्तीति वदेच्चतुर्दशसुताश्चैतेषु कस्मिन्नपि।। ८२।।

(१) यदि गर्भप्रश्न के समय प्रश्नस्थल पर कोई दूसरी गर्भिणी स्त्री दिखलाई पड़े;

(२) अथवा शिशु दिखलाई दे;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(३) अथवा बादलों या नगाड़ों की ध्वनि (गर्जना) सुनाई पड़े;

(४) द्वन्द्वयुद्ध (नर-मादा गौरैयों का आपस में झगड़ना या बालकों का आपस में क्रीडा करना) दिखाई दे;

(५) यदि पृच्छक अपनी अधोभुजा (टाँगों) का स्पर्श करें;

(६) अथवा पृच्छक हाथ का स्पर्श करें;

(७) अथवा नासिका का स्पर्श करें;

(८) किसी वस्तु का पतन दिखाई पड़े;

(९) कोई वस्तु आकर्षित की जाती हुई दिखे (जैसे बोरा, थैला, पेटिका आदि अपनी ओर खींचना);

(१०) लग्न में शुक्र के स्थित होने पर;

(११) लग्न में उसकी दृष्टि;

(१२) आरूढ लन में शुक्र होने पर;

(१३) आरूढ पर शुक्र की दृष्टि होने पर;

(१४) लग्न से पंचमभाव पर शुक्र की स्थिति होने पर;

(१५) अथवा लग्न से पंचम भाव पर शुक्र की दृष्टि हो तो—इन लक्षणों के होने पर 'गर्भ है' ऐसा कहना चाहिए ॥८२॥

सन्ततिसूचका अष्टौ योगाः

मान्दीन्दू सुतभेशयोरथ युतिः कुत्रापि वा चन्द्रमा,
भौमेनाथ निरीक्षितो यदि युतो यद्वा शुभं धर्मगाः ।
युक्तो वा गुलिकेन पञ्चमपतिर्यद्वामुना वीक्षितः
सम्बन्धांशकयोश्च मान्दिशशिनोरष्टावमी गर्भदाः ॥ ८३॥

प्रश्नकुण्डली में (१) मान्दि एवं चन्द्रमा की युति हो; (२) सुतभाव में उसके स्वामी की स्थिति हो; (३) किसी भी स्थान में बैठे चन्द्र पर मंगल की दृष्टि हो; (४) किसी भी भाव में चन्द्रमा पर मंगल की दृष्टि हो; (५) नवम भाव में शुभ ग्रह बैठे हों; (६) पंचमभावेश गुलिक के साथ बैठा हो; (७) अथवा पंचमेश गुलिक से दृष्ट हो तथा (८) गुलिक एवं चन्द्र के नवांशों के स्वामियों में परस्पर दृष्टि या युति का सम्बन्ध हों । ये आठ योग गर्भ के सूचक होते हैं ॥८३॥

भूमिचक्रवशात्फलम्

यस्मिन् राशौ दृश्यते भूमिचक्रे गर्भिण्येतद्राशिभर्ता रसो वा ।
तस्मिन् श्रद्धामादिशेत् बल्यसौ चेत् नोचेदस्यास्तद्रसोत्थञ्च रोगम् ॥ ८४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूमिचक्र की स्थिति के अनुसार प्रश्नकर्त्री गर्भिणी जिस राशि में स्थित हो वह राशीश यदि बलवान् हो तो उस राशीश के रस (मधुर-अम्लादि) में गर्भिणी की श्रद्धा (रुचि) हुआ करती है। यदि उक्त राशीश बलहीन हो तो उस रस से उत्पन्न रोग होते हैं ॥८४॥

''रसोत्थञ्च रोगम्''—इस श्लोक के अनुसार यदि भूमिगत राशिचक्र में गर्भिणी स्थित राशि का स्वामी बलहीन होने पर रोग होते हैं। ग्रहों के षड्रस वराहादि आचार्यों के मत से पूर्व में कहे जा चुके हैं। उन रसों की अधिकता से उत्पन्न रोगों को आयुर्वेदीय ग्रन्थों से (पाठकों के हितार्थ) दिया जा रहा है।

(१) मधुररस का अतियोग—मधुर नामक रस वह होता है जो स्वाद ग्रहण करते समय मुख में लिपट जाता है तथा सभी इन्द्रियों को प्रसन्न कर देता है। यह रस मक्षिका, भ्रमर तथा चींटियों को बड़ा प्रिय होता है।

मधुररस की अधिकता से स्थूलता (Obesity), मन्दाग्नि, भारीपन, आलस्य, अतिनिद्रा, श्वास, कास, प्रमेह, गलगण्ड, गलरोग, बेहोशी, मुखमाधुर्य, अभिष्यन्द (Conjunctivitis), छर्दि (उबकाई), उदर्द (शीतपित्त = Urticaria), शिरोरोग, कास, पीनस, कृमि (Worms), श्लीपद (हाथीपाँव), ज्वर, लालास्राव (Salivation) तथा कफज रोग उत्पन्न होते हैं। यथा—

''एवं गुणोऽपि सदाऽत्युपयुज्य मान: स्थौल्याग्निसादगुरुताऽलसकातिनिद्रा:।
श्वासप्रमेहगलरोगविसंज्ञितास्यमाधुर्यलोचनगदार्बुदगण्डमाला: ॥
छर्द्युदर्दमूर्ध्वरुक्कासपीनसकृमीन् । श्लीपदज्वरोदरष्ठीवनानि चावहेत्''॥

(अष्टांगसंग्रह १८।७-८)

(२) अम्लरस का अतियोग—अम्ल रस वह होता है जो स्वाद लेने पर नेत्र तथा भ्रू को सिकोड़ देता है, लार आ जाती है तथा छाती में जलन होती है। इसके अधिक मात्रा में प्रयोग करने पर अथवा अधिक समय तक निरन्तर सेवन करते रहने से निम्न विकार उत्पन्न होते हैं—

''जनयति शिशिलत्वं सेवित: सोऽतिदेहे
कफविलयनकण्डूपाण्डुतारुग्विघांतान् ।
क्षतविहतिविसर्पं रक्तपित्तं पिपासां
श्वयथुमपि कृशानां तैजसत्वाद् भ्रमञ्च'' ॥

(अष्टाङ्गसङ्ग्रह १८।१०)

अर्थात् अतिमात्रा में लेने पर अम्लरस (खट्टे पदार्थ अधिक मात्रा में) शरीर को ढीला करता है, कफ को पतला करता है, खुजली, पाण्डुता (एनेमिया), त्वचादि का फटना,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षत (अल्सर), विसर्प, रक्तपित्त (नाक, मुख तथा गर्भाशय से खून गिरना आदि), प्यास की अधिकता, सूजन तथा भ्रम (चक्कर आना) आदि उत्पन्न करता है ।

(३) लवणरस का अतियोग—लवण रस (नमकीन) वह होता है जो अन्न को गीला करता है तथा उसे रुचिकर बनाता है ।

लवण रस के अतियोग से निम्न लक्षण पैदा होते हैं—

"खलितपलिततृष्णातापमूर्च्छाविसर्पश्वयथुकिटिभकोठाऽऽक्षेपरोधास्रपित्तम् ।
क्षतविषमदवृद्धिं वातरक्तं करोति, क्षपयति बलमोजः सोऽति वा सेवनेन" ॥

अर्थात् लवण रस के अतियोग से खालित्य (गंजापन), पालित्य (बालों का सफेद हो जाना), तृषा, सन्ताप, मूर्च्छा, विसर्प, शोथ (Dropsy), किटिभ नामक चर्मरोग, शीतपित्त, आक्षेपक, इन्द्रियों में अवरोध, रक्तपित्त, क्षत, विष तथा मद में वृद्धि होती है तथा वातरक्त (Gout) रोग को उत्पन्न करता है ।

(४) कटुरस के अतियोग से उत्पन्न रोग—मिर्ची जैसे स्वाद को कटु कहते हैं । कटुरस की अधिकता से तृषा, मद, मूर्च्छा, दाह, मोह, शारीरिक शिथिलता, कृशता, वातविकार आदि पैदा करता है—

"कुरुतेऽतिनिषेवितः स तृष्णामदमूर्च्छादवमोहदेहसादान् ।
बलशुक्रगलोपशोषकम्पभ्रमतापग्लपनातिकर्शनानि ॥
करचरणपार्श्वपृष्ठप्रभृतिष्वनिलस्य कोपमतितीव्रम् ।
सङ्कोचतोदभेदैर्वाय्वग्निगुणाधिकत्वेन" ॥

(अ.सं. १८।१६-१७)

(५) तिक्तरस के अतियोग के परिणाम—जिसमें नीम के पत्तों जैसा स्वाद हो उसे तिक्तरस कहते हैं । उस के अधिक मात्रा में सेवन से निम्न विकार होते हैं—

"धातुबलक्षयमूर्च्छाग्लानिभ्रमवातरोगपरुषत्वम् ।
खरविशदरौक्ष्यभावैः सोऽति समासेवितः कुर्यात्" ॥

अर्थात् अतिसेवन करने पर तिक्तरस, धातुक्षय, बलक्षय, मूर्च्छा, ग्लानि (थकावट), भ्रम, वातरोग, रूखापन, कठोरता, निर्मलता आदि करता है ।

(६) कषायरस की अधिकता के परिणाम—बबूल की पत्ती चबाने पर अथवा फिटकरी मुख में रखने पर जो स्वाद मिलता है उस जैसा स्वाद कषाय रस होता है—

"कषायो बलासं सपित्तं सरक्तं निहन्त्याशु बध्नाति वर्चोऽतिरूक्षः।
गुरुस्त्वक्सवर्णत्वकृत् क्लेदशोषी हिमः प्रीणनो रोपणो लेखनश्च ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्यभ्यासात्सोऽपि शुक्रोपरोधं तृष्णाध्मानस्तम्भविष्टम्भकार्श्यम्।
स्त्रोतोबन्धं वातविण्मूत्रसङ्गं पक्षाघाताक्षेपकादींश्च कुर्यात्''॥
(अ. सं. अ. १८ श्लोक १८-१९)

अर्थात् अधिक सेवन से कषायरस वीर्य को रोकता है। तृष्णा, आध्मान (अफारा), स्तम्भ (जकड़न), विष्टम्भ (मल की अधिकता), कृशता (शरीर का पतला होना), स्त्रोतों में अवरोध, वायु-मूत्र-पुरीषादि को रोकता है तथा पक्षाघातादि रोग पैदा करता है। आक्षेपक (झटके) भी आने लगते हैं।

अथ छिद्रलक्षणम्

प्रश्नानन्तरमाशु दूरगमनं तस्यापि चान्यस्य वा,
तत्रागम्यगतिर्द्रुतं मलपरित्यागश्च कर्णादितः।
ताम्बूलेष्वपि पञ्चमस्य दलनं प्रष्टावितीर्णेष्विह,
व्यासङ्गश्च शवस्य पञ्चगदिता गर्भस्त्रुतेः सूचकाः॥ ८५॥

प्रश्नकाल में निम्न पाँच लक्षण (शकुन) गर्भच्छिद्र (गर्भस्त्राव) के सूचक होते हैं—

(१) यदि प्रश्न करते ही उस स्थल से कोई व्यक्ति या दूत शीघ्र ही दूर के लिए प्रस्थान कर जाये; (२) या कोई अन्य व्यक्ति वहाँ आकर तत्काल वापस लौट जाय; (३) यदि कोई कर्णमल (मूत्र-पुरीषादि भी) का परित्याग करता हुआ दिखलाई दे; (४) यदि लाये हुए पानों में पाँचवाँ पान सड़ा हुआ निकले (पाँच की संख्या पूर्ण का द्योतक तथा पंचमहाभूतों का द्योतक होती है); (५) शव का दिखलायी देना—ये पाँच शकुनों में कोई दिखें तो गर्भस्त्राव हो जायेगा ऐसा जानना चाहिए ॥८५॥

गर्भच्छेदसूचका योगाः

केन्द्रेऽसृक् तपनोऽथवायुषि खरः केन्द्रं विना वाक्पतिः
केन्द्रे शीतकरोऽत्र नो सुरगुरू रन्ध्रे खगः कश्चन।
चन्द्रो लग्नगतस्तथात्र धृतिसंख्यत्र्यंशसंस्थाः खराः,
केन्द्रे ज्योन्मरणेऽसृजं च इनजो योगा अमी छिद्रजाः ॥ ८६॥

(१) यदि प्रश्नकुण्डली में केन्द्र में मंगल तथा सूर्य बैठे हों, आयुस्थान में (अष्टम भाव में) कोई पाप ग्रह बैठा हो तथा गुरु केन्द्र को छोड़ कर अन्यत्र बैठा हो; (२) चन्द्रमा केन्द्र में बैठा हो, गुरु केन्द्रातिरिक्त स्थान में हो तथा रन्ध्रस्थान (अष्टम भाव में) में कोई-सा भी ग्रह बैठा हो; (३) चन्द्रमा लग्न में बैठा हो तथा पाप ग्रह यहाँ पर अठारहवें द्रेष्काण में हो (द्रेष्काण की गणना लग्न के द्रेष्काण से करें); (४) केन्द्र में गुरु, अष्टम भाव में मंगल तथा शनि हों—इन सभी योगों में से कोई योग होने पर गर्भस्त्राव हो जाता है ॥८६॥

विवक्षा—इस श्लोक में ''अत्र धृतित्र्यंशसंस्थाः खराः'' पाठ है जिसका अर्थ ''अठारहवें द्रेष्काण में पाप ग्रह'' होता है परन्तु अन्य प्रति में ''अतिधृति'' पाठ है जिसका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थ १+१८=१९ होता है। संस्कृत वाङ्मय में धृति का अर्थ अठारह की संख्या होती है।

ज्ञानप्रदीपिकामतम्

गर्भनाशो भवेत्स्त्रीणां परिधिर्दृश्यते यदि।
पृच्छाया नियमेनेति प्राह ज्ञानप्रदीपिका।। ८७।।

ज्ञानप्रदीप के मत से यदि प्रश्नकाल में स्त्रीशरीर की परिधि (नाभि, कटिप्रदेश) दिखलाई पड़ें तो निश्चय ही यह गर्भनाश का सूचक होता है ।।८७।।

एक अंग्रेजी टीकाकार ने यहाँ परिधि का अर्थ चन्द्र के आसपास दिखने वाला वृत्ताकार घेरा (पारस = हाला = Halo) किया है जो कि समीचीन नहीं है, क्योंकि श्लोक ८० में परिधि के दिखने से गर्भवती होने की बात कही गयी है और यहाँ उससे "गर्भनाश" बताया है अत: यहाँ पर परिधि का अर्थ "कटिप्रदेश" लेना ही उचित है। कटिप्रदेश में बाँधा जाने वाला बन्ध या पट्टा भी परिधि कहलाता है, क्योंकि वह कटिप्रदेश को घेरता है। परिधि शब्द संस्कृत व्याकरण के अनुसार "परि" उपसर्ग के साथ 'धा' धातु तथा "कि" प्रत्यय जुड़ने से बनता है अर्थात् परि+धा+कि।

अथ स्त्रीपुरुषविभागाः कथ्यन्ते

लग्नादोजस्थिते चन्द्रे पुत्रं सूते समे सुताम्।
वारनक्षत्रराशीनां यथायोगं सुतं सुताम्।। ८८।।

यदि लग्न से विषम स्थान (३-५-७-९-११ भावों) में चन्द्रमा स्थित हो तो पुत्र तथा सम स्थानों (२-४-६-८-१०-१२) में चन्द्रमा बैठा हो तो कन्या का जन्म होता है।

प्रश्नकालीन वार, नक्षत्र तथा राशियों के योग के अनुसार भी पुत्र-कन्या कहना चाहिए ।।८८।।

इस श्लोक में "लग्नात्" शब्द के प्रयोग से विषम-सम भावों की गणना कही गयी है, क्योंकि यदि ग्रन्थकार का आशय विषम-समराशियों से होता तो "लग्नाद्" का प्रयोग क्यों किया जाता।

पुत्रप्रदचन्द्रस्थितिः



कन्याप्रदचन्द्रस्थितिः



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुरुष ग्रहों के वार—प्रश्नकाल में रविवार, मंगलवार, गुरुवार हो तो पुत्र का जन्म होता है ।

स्त्री ग्रहों के वार—चन्द्र, बुध, शुक्र, शनि इन में प्रश्न हो तो कन्याजन्म के सूचक हैं ।

परन्तु इस श्लोक में तिथ्यादि के योग से ही विचार करना चाहिए, अतः रव्यादि वार, अश्विन्यादि नक्षत्र तथा प्रश्नलग्न की राशि इन तीनों का योग यदि विषम हो तो पुत्र सम हो तो कन्या का जन्म बताना चाहिए ।

उदाहरणार्थ संवत् २०६० कार्तिक कृष्ण १२ बुधवार में प्रातः दस बजे प्रश्न किया गया । उस समय बुधवार, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र तथा वृश्चिक लग्न हैं । इन तीनों की संख्या को जोड़ा तो बुधवार = ४ + पूर्वाफाल्गुनी ११ + वृश्चिक ८ = कुल योग २३ हुआ । इसे १२ से भाग देने पर शेष ११ रहे । यह कुंभ राशि का अंक है, विषम होने से पुत्र-जन्म का सूचक है ।

लग्नात् तृतीयनवमदशमैकादशेऽपि वा ।
भानुः स्थितश्चेत् पुत्रः स्यात्तथैव च शनैश्चरः ।। ८९ ।।

प्रश्नलग्न से तीसरे, नौवें, दशवें, ग्यारहवें स्थानों में यदि सूर्य बैठा हो तो पुत्र-सूचक होता है । उसी प्रकार ३-९-१०-११ भावों में बैठा शनि भी पुत्रसूचक होता है ।।८९।।

पुत्रसूचक सूर्य



पुत्रसूचक शनि



ओजस्थानगतास्सर्वे ग्रहाश्चेत्पुत्रसम्भवः ।
समस्थानगतास्सर्वे यदि पुत्री न संशयः ।। ९० ।।

यदि प्रश्नकुण्डली में सभी ग्रह ओजस्थानों (विषम भावों में) हों तो पुत्र उत्पन्न होता है । यदि सभी ग्रह सम स्थानों में बैठे हों तो पुत्री का जन्म होता है । इसमें कोई सन्देह नहीं है ।।९०।।

उपर्युक्त तीनों श्लोक ज्ञानप्रदीपिका ग्रंथ से लिये गये हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विद्वज्जनवल्लभामतम्

स्यात्पुंवर्गे लग्नगे वीर्ययुक्ते
सूत्रं पुंसां पुंग्रहालोकिते च ।
युग्मे नार्याः स्त्रीग्रहालोकनाच्च
ज्ञोपेते तु स्त्री भवेद् गर्भसंस्था ।। ९१ ।।

(१) प्रश्नलग्न में पुरुष राशि के वर्ग (होरा-द्रेष्काणादि) अधिक हों तथा उस पर बली पुरुष ग्रहों की दृष्टि हो तो पुत्र का जन्म होता है ।

(२) यदि लग्न में सम राशि के वर्ग की अधिकता हो तथा वह बली स्त्री ग्रहों से दृष्ट हो तो कन्या का जन्म होता है ।

(३) यदि प्रश्नलग्न में बुध बैठा हो तो कन्या का ही जन्म होता है ।।९१।।

आर्यासप्ततिश्च

पञ्चमलाभोपगैः सौम्यैः स्त्री गर्भिणीति वक्तव्यम् ।
जीवरविलग्नचन्द्रा विषमर्क्षगता नरं कुर्युः ।। ९२ ।।
समराशिगताः कन्यां मिश्रोपगतैः बलाधिकाद् वाच्यम् ।
सौरो विषमर्क्षगतो लग्नात् पुंजन्मदः प्रोक्तः ।। ९३ ।।
विषमर्क्षे गुरुसूर्यौ बलिनौ पुञ्जन्मकारिणौ प्रोक्तौ ।
भृगुभौमशीतकिरणा युग्मर्क्षगताः स्त्रियं कुर्युः ।। ९४ ।।

आर्यासप्तति के अनुसार (१) यदि सभी सौम्य ग्रह पंचम तथा एकादश भावों में हो तो स्त्री गर्भवती होती है । (२) यदि गुरु, सूर्य, लग्न एवं चन्द्र ये चारों विषम राशियों में हों तो पुत्र का जन्म होता है । (३) यदि ये चारों सम राशिगत हों तो कन्या का जन्म कहना चाहिए । (४) यदि ये चारों सम तथा विषम दोनों प्रकार की राशियों में हों तब बल की अधिकता के अनुसार फल कहना चाहिए अर्थात् तब यदि पुरुष ग्रह बली हों तो पुत्र जन्म तथा स्त्री ग्रह अधिक बली हो तो कन्या का जन्म कहना चाहिए । (५) यदि प्रश्नलग्न से विषम भाव में शनि बैठा हो तो पुत्र का जन्म होता है ।।९२-९३।।

यदि गुरु तथा सूर्य विषम राशि में बली होकर बैठे हों तो पुत्र जन्म होता है । यदि शुक्र, मंगल, चन्द्र सम राशि में बैठे हों तो पुत्री का जन्म सूचित करते हैं ।।९४।।

षट्पञ्चाशिकामतम्

विषमस्थितेऽर्कपुत्रे सुतस्य जन्माऽन्यथाऽङ्गनायास्तु ।
लभ्या परस्य नारी समस्थितेऽप्यन्यथा वामम् ।। ९५ ।।

यदि विषम स्थान में शनि हो तो पुत्र का जन्म अन्यथा पुत्री का जन्म होता है । इसी प्रकार विवाह के प्रश्न में विषम स्थानगत शनि होने पर पुरुष का विवाह होता है, अन्यथा नहीं ।।९५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्रानुष्ठानपद्धतिश्च

अर्कारजीवमन्दा द्यूने पुञ्जन्मकारकाः प्रश्ने।
शेषा विपरीतकरा लग्ने तद्वच्छनेस्तु विपरीतम्।। ९६।।
दक्षिणकरेण दक्षिणभागस्थितं पुंग्रहं यदि स्पृशति।
पुरुषोऽन्यथा तु नारी मिश्रे मृतिभाग् भवेद्गर्भः।। ९७।।
लग्नारूढनवांशौ स्त्रीसंज्ञौ चेत्तु कन्यकाद्वन्द्वम्।
स्त्रीग्रहदृष्टौ वाच्यं विपर्यये पुंद्वयं हि वक्तव्यम्।। ९८।।
अथवा त्रिकोणसंस्थे जीवे केन्द्रेऽथवा भवेत् पुरुषः।
दृष्टं श्रुतञ्च बुद्ध्वा प्रसूतिचिन्तामसंशयेन वदेत्।। ९९।।

अनुष्ठानपद्धति के अनुसार सूर्य, मंगल, गुरु तथा शनि ये प्रश्नकुण्डली में यदि सप्तम भावस्थ हों तो पुत्रजन्मकारक होते हैं। यदि इनसे भिन्न ग्रह सप्तम भाव में हों तो विपरीत फल होता है अर्थात् पुत्री का जन्म होता है।

यदि सूर्य, मंगल, गुरु लग्न में हों तो पुत्र का जन्म होता है। यदि लग्न में चन्द्र, बुध तथा शुक्र हों तो कन्या जन्म लेती है। परन्तु शनि यदि लग्न में हो तो पूर्वोक्त से विपरीत फल देता है अर्थात् पुत्र देता है।।९६।।

यदि प्राश्निक अपने दाहिने हाथ से अपने दाहिने अंग का स्पर्श करता है, यदि कुण्डली के उस भाग में पुरुष ग्रह हो तो पुत्र का जन्म होता है, अन्यथा कन्या का जन्म होता है। (कुण्डली में लग्न से सप्तम तक वाम भाग तथा सप्तम भावस्पष्ट से लग्नस्पष्ट तक दक्षिण भाग जानना चाहिए।) यदि वाम-दक्षिण दोनों का स्पर्श करे तो गर्भ की मृत्यु होती है।।९७।।

यदि लग्नारूढ नवांश स्त्रीसंज्ञक हो तथा दो स्त्री ग्रहों से दृष्ट हो तो दो कन्याओं का जन्म होता है। यदि लग्नारूढ का नवांश पुरुषसंज्ञक हो तथा दो पुरुष ग्रहों से दृष्ट हो तो दो पुत्रों का जन्म कहना चाहिए।।९८।।

अथवा त्रिकोण या केन्द्र स्थानों में गुरु हो तो पुत्र जन्म होता है। इसी प्रकार देखे-सुने हुए शकुनों से भी प्रसूति-प्रश्न का उत्तर संशय रहित होकर कहना चाहिए।।९९।।

अथ प्रश्नसङ्ग्रहश्च

पुंसो दृष्टिः कथनमथवा पुंस्त्वमारूढराशेः।
पुंखेटानां युतिरपि दृशा दृक्स्थितिः पृच्छताञ्च।
ओजत्वं वा वहनमथवा दक्षिणे प्राभृतस्ये-
त्युक्तं पुंसां जननकृदतो वैपरीत्यं वधूनाम्।। १००।।
प्रष्टुः स्पर्शो मूर्ध्नि वा दक्षिणाङ्गे
लग्नस्यांशे पुंदिवासंज्ञिते च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ओजे चाङ्गादार्किवीर्याढ्यचान्द्र्यो-
र्वाच्यं पुञ्जन्मान्यथाऽतोऽङ्गनायाः ॥ १०१॥

यदि प्रश्नकाल में प्रश्नस्थल पर आकस्मिक रूप से पुरुष दिखलायी पड़ें, उनकी वार्तालाप या चर्चा श्रवण गोचर हो, अथवा आरूढ राशि पुरुषसंज्ञक हो, प्रश्नलग्न या आरूढ में पुरुष ग्रह बैठे हों, उनकी दृष्टि हो, पृच्छक शीघ्रतापूर्वक प्रश्न पूछे अथवा लग्न में ओज राशि हो अथवा दैवज्ञ के दाहिनी ओर बैठकर पृच्छक प्रश्न पूछे तो इन लक्षणों में पुत्रजन्म का होना प्रकट होता है । यदि इसके विपरीत स्थिति हो तो कन्या का जन्म समझना चाहिए ॥१००॥

(१) प्राश्निक का शिर या दाहिने अंगों का स्पर्श करना लग्ननवांश में पुरुषदिक् का होना पुत्र का सूचक है । (२) इसी प्रकार यदि विषम लग्न हो और उसमें बलवान् होकर (कन्या या मिथुन राशि का वर्गोत्तमी) बुध आर्कि (शनि) के साथ बैठा हो तो भी पुत्र का जन्म होता है ।

यदि इसके अन्यथा स्थिति हो अर्थात् प्राश्निक अपने वामाङ्गों का स्पर्श करे, प्रश्नलग्न के नवांश में स्त्रीदिक् हो या प्रश्नलग्न सम राशि का होकर उसमें निर्बल बुध (मीन आदि नवांश) का शनि के साथ बैठा हो तो पुत्री का जन्म होता है ॥१०१॥

वराहमिहिरश्च

ओजर्क्षे पुरुषांशकेषु बलिभिर्लग्नार्कगुर्विन्दुभिः,
पुञ्जन्म प्रवदेत्समांशकगतैर्युग्मेषु तैर्योषिताम् ।
गुर्वर्कौ विषमे नरं शशिसितौ वक्रश्च युग्मे स्त्रियं
द्व्यंशस्था बुधवीक्षणाच्च यमलं कुर्वन्ति पक्षे स्वके ॥ १०२॥

विहाय लग्नं विषमर्क्षसंस्थः
सौरोऽपि पुञ्जन्मकरोऽपि लग्नात्।
प्रोक्त ग्रहाणामवलोक्य वीर्यं
वाच्यः प्रसूतौ पुरुषोऽङ्गना वा ॥ १०३॥

(१) यदि प्रश्नलग्न विषम राशि का तथा विषम नवांश का हो तथा सम राशि में बलवान् सूर्य, गुरु तथा चन्द्रमा बैठे हों तो पुत्रजन्म कहना चाहिए ।

(२) यदि प्रश्नलग्न सम राशि/ समनवांश का हो तथा सूर्य, गुरु एवं चन्द्र भी सम राशि नवांश गत हों तो कन्या का जन्म होता है ।

(३) यदि सूय-गुरु विषम राशिगत हों तो पुत्र होता है ।

(४) यदि चन्द्र-शुक्र-मंगल ये सम राशि गत हों तो कन्या का जन्म होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) यदि उक्त ग्रह (सूर्य-चन्द्र-बुध-शुक्र) द्विस्वभाव राशि में हों तो उनके नवांशक के अनुसार निर्णय दें ।

(क) यदि उक्त ग्रह द्विस्वभाव राशि तथा विषम नवांश में हों तथा बुध से दृष्ट हों तो जुड़वा पुत्र उत्पन्न होते हैं ।

(ख) यदि उक्त ग्रह द्विस्वभाव राशि तथा सम नवांश में हों तो यमल पुत्रियाँ उत्पन्न होती हैं ।

(६) यदि उक्त ग्रह पुरुष-स्त्री प्रभाव में बराबर-बराबर हों तो एक पुत्र तथा दूसरी पुत्री ऐसी यमल सन्तति होती है ।

यदि इन योगों में से एक भी योग प्रश्नलग्न के समय उपस्थित हो तो तदनुसार पुत्र, कन्या या यमल जन्म की भविष्यवाणी की जा सकती है । ये श्लोक बृहज्जातक के चतुर्थ अध्याय (निषेकाध्याय) से लिये गये हैं ॥१०२॥

शनि यदि लग्न को छोड़कर अन्य भाव में विषम राशि में बैठा हो तो पुत्र जन्म-कारक होता है । इस प्रकार ग्रहों के बलाबल का अवलोकन कर दैवज्ञ को पुत्र या पुत्री का जन्म कहना चाहिए ॥१०३॥

पुन्नारीलक्षणानां तुल्यताकथनम्

पुंलक्ष्माणि चतुर्दश स्युरबला लक्ष्माणि तावन्ति तान्।
ओजर्क्षादिकपद्ययुग्मकथितान्येष्वस्ति पुंल्लक्षणम्।। १०४।।

पुत्रजन्म के चौदह लक्षण होते हैं उतने ही अबला जन्म (पुत्री जन्म) के होते हैं । इसके अतिरिक्त वराहमिहिर के "ओजर्क्षादि" पद्य में जो लक्षण कहे गये हैं उनको भी दैवज्ञ ध्यान में रखें ॥१०४॥

वराटिकाभिः फलनिश्चयमाह

नारीलक्ष्म च यावदत्र कुत्रचिद् न्यस्येत् पृथक् तद्द्वयम् ।
सङ्गण्याथ वराटिका नृवनिते वाच्ये बहुत्वात्तयोः ।। १०५।।

अब इस श्लोक में बहुमत से पुत्र-पुत्री जन्म का निर्णय करने की विधि बतायी है, तदनुसार प्रश्नकाल में पुत्रकारक जितने योग हों उतनी संख्या की वराटिका (कौड़ी या गोलियाँ, हल्दी या सुपारी की गाँठ) एक स्थान पर तथा जितने लक्षण कन्या जन्म के प्राप्त होते चलें उतनी वराटिका दूसरे स्थान पर रखते चलें । यदि पुत्रजन्म की वराटिका अधिक हों तो पुत्र जन्म कहें । यदि कन्याजन्म की वराटिकाएँ अधिक हों तो कन्या जन्म कहना चाहिए ॥१०५॥

किसी-किसी प्रति में यह श्लोक नहीं है । इसका तात्पर्य मात्र इतना है कि यदि पुत्र जन्म के लक्षण अधिक हों तो पुत्र जन्म अन्यथा कन्या का जन्म कहना चाहिए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रलग्नारूढेषु बलविचारणा

लग्नाचन्द्रारूढगृहराशिं चोद्यन्तमत्र कथयन्ति ।
अनयोर्यस्य तु वीर्यं तद्ग्रहणं स्याद् विहाय लग्नादौ ॥ १०६॥

लग्न, चन्द्र तथा आरूढ राशि इनमें से जो बलवान् हो फलकथन में उसको ग्रहण करें, शेष को त्याग देना चाहिए—ऐसा निर्देश यहाँ कथित योगों के सन्दर्भ में किया गया है। यदि उदय लग्न बली हो तो शेष आरूढ या चन्द्र लग्न के फल को पीछे कर उसी से जो संकेत प्राप्त हों उन्हें ग्रहण करना चाहिए। आरूढ राशि के बली होने पर शेष दो को पीछे कर उसी का फल ग्रहण करें तथा चन्द्रलग्न बली होने पर उसी का उपयोग करें ॥१०६॥

अथ प्रश्नरत्नञ्च

ओजराशावोजराशिनवांशे जायते पुमान् ।
युग्मराशौ युग्मराशिनवांशे जायते वधूः ॥ १०७॥
लग्नारूढभवौ द्वौ च नवांशौ युग्मसंस्थितौ ।
स्त्रीग्रहेण युतौ चापि सूचयन्तां वधूद्वयम् ॥ १०८॥
एतद्विपर्ययाद् ज्ञेयं पुंद्वयस्य च कीर्तनम् ।
दक्षभागस्थपुंराशिं दक्षहस्तेन संस्पृशेत् ॥ १०९॥
पुमांसं सूचयत्येतद् व्यत्ययात्सूचनं स्त्रियः ।
दक्षहस्तेन वामाङ्गस्पर्शने मृतिभाग्वधूः ॥ ११०॥
वामहस्तेन दक्षाङ्गस्पर्शने मृतिभाक् पुमान् ।
आदृतधनविषमत्वं वहनं तस्यापि दक्षिणाङ्गेन ॥ १११॥
पुरुषवेषं पुरुषं तद्विपरीतं स्त्रियं कुर्यात् ॥ ११२॥

'प्रश्नरत्न' ग्रन्थ के अनुसार यदि ओज राशि या नवांश (विषम राशिनवांश) हो तो पुत्र होता है। यदि युग्म (सम) राशिनवांश में लग्न में हो तो कन्या उत्पन्न होती है ॥१०७॥

यदि लग्न तथा आरूढ दोनों के नवांश सम राशि में हों तथा स्त्री ग्रहों द्वारा युत हों तो दो कन्याओं का जन्म सूचित होता है। यदि इसके विपरीत स्थिति हो अर्थात् लग्न तथा आरूढ दोनों के नवांश ओज राशिगत हों एवं पुरुष ग्रहों से युत हों तो पुत्रों (दो पुत्रों का) जन्म होता है।

यदि कुण्डली के दक्षिण भाग (राशिचक्र) के दक्षिण भाग की राशि का स्पर्श पृच्छक करें तो पुत्र जन्म का सूचक है। इसके विपरीत वामहस्त से वामाङ्ग का स्पर्श करें या वाम राशि का स्पर्श करें तो कन्या जन्म का सूचक है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि पृच्छक दक्षिण हस्त से अपने वामाङ्ग का स्पर्श करें तो कन्या जन्मती है तथा मर जाती है । यदि वह वाम हस्त से दक्षिणाङ्ग का स्पर्श करें तो पुत्र जन्मता है तथा मर जाता है ।

इसी प्रकार पृच्छक के द्वारा लाया गया धन-पुष्पादि-दक्षिणा आदि को उसने अपने दाहिने भाग में रखा हों अथवा दक्षिणा की संख्या विषम हो तो पुत्र जन्म का सूचक है । यदि पृच्छक अपने वाम भाग में द्रव्य रखकर बैठा हो तथा द्रव्य की संख्या विषम हो तो कन्या जन्म का सूचक है । इसी को क्रमशः पुरुष चेष्टा तथा स्त्री चेष्टा कहा गया है । वेषभूषा से चेष्टा समझें ॥१०८-११२॥

अथ प्रश्नसङ्ग्रहे प्रसवकालः

लिप्तीकृत्य विलग्नमृक्षरहितं त्रिघ्नं हरेत्खाशुगै-
राप्तं भाविफलं विलग्नगतभैर्युक्तं प्रसूत्यंशुमान् ।
यद्वाष्टोर्ध्वशताहतो रविरथो चन्द्रेऽपि लग्नं विभं
क्षिप्त्वा योऽत्र नवांशकोऽस्य तपनांशर्क्षोपगो वा भवेत् ॥ ११३॥

राशि को छोड़कर लग्नस्पष्ट की कला बना लें, उसको तिगुना कर के खाशुग (ख= ० तथा आशुग= बाण= ५ उल्टा करने पर ५०) अर्थात् पचास का भाग दें, लब्ध में राशि प्राप्त होगी, फिर शेष को अंश मान लें । इस फल को लग्नस्पष्ट के राश्यादि में जोड़ दें तो प्रसवकालीन सूर्य प्राप्त होगा ।

प्रसवकाल जानने का दूसरा प्रकार यह होगा कि सूर्यस्पष्ट को १०८ से गुणा करें तो प्रसवकालीन चन्द्र प्राप्त होगा ।

चन्द्रमा+लग्न को जोड़ें तथा उसकी राशि छोड़ दें (विभं= without signs = बिना राशि के), उसमें नौ का भाग दें तो प्रसवकालीन सूर्य का नवांश प्राप्त होगा ।

एक हिन्दी टीकाकार ने "खाशुगैः" का अर्थ ३५२ (तीन सौ बावन) किया है । कटपयादि विधि से यही अर्थ होगा परन्तु इस श्लोक में "त्रिघ्नं" तथा "अष्टोर्ध्वशताहतो" में शब्दों का प्रयोग कटपयादि के अनुसार न होने से "खाशुगैः" का अर्थ 'पचास' की संख्या करना ही समीचीन है ॥११३॥

कक्ष्याधीशस्य द्वादशांशेन प्रसवकालज्ञानमाह

उद्यल्लग्नभकक्ष्यकाधिपदिनेशांशर्क्षगे शीतगौ;
सूत्यारम्भमथो नवांशभगते तस्यापि सूतिं वदेत् ।
तत्त्रिंशांशकनाथखेटभवनं लग्नं प्रसूतौ भवेद्;
होरायां तरणेरसौ यदि दिवा जन्माथ रात्रौ विधोः॥ ११४॥

प्रश्नलग्न की कक्षा या कक्ष्या के स्वामी के द्वादशांश की जो राशि होती है उसमें चन्द्रमा का गोचर भ्रमण होने पर प्रसव काल आरंभ होता है । उस कक्षाधिप के नवांश में चन्द्र पहुँचने पर प्रसवकाल की समाप्ति होती है । जिस राशि में कक्षाधिपति का त्रिंशांश

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

होता है वह प्रसूतिकाल का लग्न होता है। वह राशि यदि विषम राशि के होरा में हो तो दिन में प्रसव तथा सम राशि के होरा में हो तो रात में प्रसव होता है ॥११४॥

कक्षा-विवेचन—अष्टक वर्ग पद्धति में सूर्यादि सात ग्रह तथा लग्न का गोचर फल कक्ष्याक्रम से प्राप्त होता है। अत: अष्टक वर्ग में कक्ष्यानुसार ग्रहों की स्थापना होती है। ग्रन्थान्तर में—

"मन्दामरेज्यभूपुत्रसूर्यशुक्रेन्दुजेन्दवः ।
लग्नं कक्षाक्रमो ज्ञेयः अष्टवर्गस्य लेखने" ॥

अर्थात् (१) शनि, (२) गुरु, (३) मंगल, (४) सूर्य, (५) शुक्र, (६) बुध, (७) चन्द्र तथा (८) लग्न इस प्रकार का कक्षाक्रम अष्टक वर्ग में हैं। आकाश में भी ग्रह इसी क्रम से हैं। आकाश में सबसे ऊपर शनि की कक्षा है, फिर उसके नीचे गुरु की, फिर क्रमशः एक के नीचे एक इस प्रकार मंगल, सूर्य, शुक्र, बुध, चन्द्र तथा लग्न (पृथ्वी) हैं।

कक्ष्याधिप का ज्ञान—यहाँ आठ कक्ष्या या कक्षा (orbit) हैं। एक राशि में तीस अंश होते हैं, इनमें आठ का भाग देने पर आठों कक्ष्याएँ बराबर भागों में पौने चार अंश अर्थात् ३°/४५' की होती हैं। मेषादि द्वादश राशियों में कक्ष्या का क्रम एक जैसा ही रहता है। सरलता के लिए नीचे चक्र दिया जा रहा है—

प्रत्येक राशि में ग्रहों की कक्ष्या का चक्र

१	२	३	४	५	६	७	८	
शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	**कक्षा-धिप**
३°।४५' तक	७°।३० तक	११°।१५' तक	१५।०' तक	१८°।४५' तक	२२°।३०' तक	२६°।१५' तक	३०°।०' तक	**अंश-कला तक प्रत्येक राशि में**

उदाहरण—संवत् २०६० वि. शाके १९२५ कार्तिक कृष्ण १३ गुरुवार को साढ़े ग्यारह बजे प्रश्न किया गया। प्रश्न प्रसव ज्ञान हेतु है। उस समय की ग्रहस्थिति निम्न है—

सूर्य ६।५°।३'०।८"	चन्द्र ५।४°।०'८।१५"
मंगल १०।१०°।२४'।३६"	बुध ६।४°।३'।३४'
गुरु ४।१७°।४०'।५८"	शुक्र ६।२२°।५'०।१४"
शनि २।१९°।१९'।३६"	लग्न ८।१३°।५५'।७"

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब हमें उदित लग्न का कक्ष्याधिपति जानना है। लग्न धनु के १३°।५५'।७'' पर है। इन अंशादि पर सूर्य की कक्षा होती है (देखो चक्र में), अत: लग्न का कक्षाधिप सूर्य हुआ। यह सूर्य तुला के ५°।३०'।८'' पर है अत: धनु (गुरु) के द्वादशांश में है ,अत: जब चन्द्रमा धनु के द्वादशांश में की राशि में भ्रमण करेगा तब प्रसवकाल प्रारंभ होगा। यही कक्ष्याधिप सूर्य वृश्चिक के नवांश में है। जब चन्द्रमा वृश्चिक नवांश में आयेगा तब प्रसव हो जायेगा, जब सूर्य के त्रिंशांश वाली राशि के लग्न में प्रसव होगा। सूर्य पुरुष राशि के होरा में है अत: दिन में प्रसव होगा।

प्रकारान्तरेण प्रसवकालज्ञानम्

भानुघ्नेन्दुगतर्क्षतत्सुततपः प्राप्ते दृगाणे क्रमात्
चन्द्रे स्याज्जनिरेवमिन्दुरविभागेशे बलिष्ठे सति।
यावत्यंशुभदंशके शशधरः स्वाधिष्ठितर्क्षे ततो
मेषात्तावति मर्क्षगे शिशिरभासीत्यथं बलिष्ठे विधौ।। ११५।।

प्रश्नकालीन सूर्यस्पष्ट तथा चन्द्रस्पष्ट के आधार पर उनका द्रेष्काण ज्ञात करें। इनमें जो बलवान् हो उसकी द्रेष्काण राशि पर जब चन्द्रमा का गोचर भ्रमण होगा तब प्रसव होगा, परन्तु इसमें प्रथम द्रेष्काण होना चाहिए। यदि दूसरा द्रेष्काण प्रश्न समय हो तो उससे पाँचवें द्रेष्काण में चन्द्र का गोचर संचार हो तब प्रसव होगा। इसी प्रकार प्रश्नकाल में यदि सूर्य-चन्द्र का तृतीय द्रेष्काण है तो उससे नवम द्रेष्काण में चन्द्रमा के भ्रमण होने पर प्रसव होगा।

अथवा तात्कालिक चन्द्र की जो द्वादशांश राशि है उस संख्या की राशि में चन्द्र जब गोचर भ्रमण करते पहुँचेगा तब प्रसूति होगी ॥११५॥

पुनश्च प्रकारान्तेण प्रसूतिकालज्ञानम्

प्रश्नेन्द्वोर्जनकाहतोयमितवान्द्राशित्रिकोणेष्वत-
श्चन्द्रोऽधोमुखगे जनिर्गुलिकयोगेक्षावशान्निर्णयम्।
लग्नेन्द्वोर्युतितारकादि नभका सा चेन्न चेच्चक्रत-
त्यक्त्वा तामथ तत्रयोडुरथवाऽतः स्याज्जनिर्निर्दिशेत्।। ११६।।

प्रश्नकालीन चन्द्रमा की अंशादि को जनक अर्थात् १०८ से गुणा करें, उनमें तीस का भाग देकर राशि ज्ञात करें। उस राशि में या उससे त्रिकोण में चन्द्रमा जब गोचर भ्रमण वश पहुँचेगा तब प्रसव होगा, यह राशि अधोमुख होगी। यदि इस राशि में गुलिक स्थित हो या इस पर गुलिक की दृष्टि हो तो प्रसव का निश्चय होता है।

सूर्य तथा चन्द्र स्पष्ट को जोड़कर इस योगस्फुट को बारह राशि (चक्र) से घटाकर जो राश्यादि प्राप्त होंगे उनमें चन्द्रमा का गोचर भ्रमण होने पर प्रसव होगा, ऐसा जानना चाहिए ॥११६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनश्च प्रसवकालकथनम्

क्षिप्त्वा लग्नं शशिनि रविणा तन्निहत्यात्र जातात्,
तारात्तारे वदतु दशमे जन्मसन्देहहीनम् ।
चन्द्रार्कांशादिषु गृहगते शीतगौ वानयश्चेत्
संवादस्स्यात् किमु पुनरतश्चिन्त्यतां वा त्रिकोणम् ।। ११७।।

चन्द्रस्पष्ट तथा लग्नस्पष्ट का जोड़िये तथा उनके योगस्फुट को रवि (बारह) से गुणा करें। गुणनफल से जो राश्यादि प्राप्त हों उनसे जो नक्षत्र आवे उसमें गर्भस्थिति से दशम मास में प्रसव सुनिश्चत रूप से कहना चाहिए।

अथवा चन्द्र तथा सूर्य के नवांश या इनकी राशियों में जब गोचर भ्रमण वश चन्द्रमा का संचरण होता है तब प्रसव कहना चाहिए। इन सब रीतियों द्वारा बहुमत से जो प्रसव काल प्राप्त हो उसे कहना चाहिए ।।११७।।

इस श्लोक में बारह से गुणा करने पर जब गुणनफल में राशियाँ बारह से अधिक प्राप्त हों तो बारह का भाग देना चाहिए। साथ ही यह ध्यान दें कि उक्त योगस्फुट से प्राप्त राशि को छोड़ देना चाहिए तथा मात्रा अंश-कला-विकला को ही बारह से गुणा करना चाहिए। इससे संख्या नहीं बढ़ती, सुविधा रहती है और उत्तर भी वही आता है।

पुनरपि प्रसवकालकथनम्

लग्नाद् द्वादशभागगं दिनकरांशस्यास्य वाङ्कांशभं,
सूतौ लग्नमुदीरयेदिह पुनर्मान्देस्त्रिकोणास्थितिम्।
यद्वा वर्गचतुष्टयोपगतता निर्णीय भातो निशा,
मान्देर्भं यदि वांशभं त्वथ तयोर्वाभं त्रिकोणाश्रितम् ।। ११८।।

प्रश्नलग्न जिस द्वादशांश में होता है वह द्वादशांश राशि ही प्रसूति का लग्न होता है। अथवा वह द्वादशांश राशि जिस नवांश में होती है वह राशि जन्म की लग्नराशि होती है। यदि इनमें से किसी राशि के चार वर्ग उसी राशि के हों अथवा उस राशि पर गुलिक की युति या दृष्टि हो तो निश्चित रूप से उसी राशि में प्रसूतिलग्न होता है।

यदि जन्म रात्रि में होना सिद्ध हो तो गुलिक की राशि या गुलिकाधिष्ठित राशि की नवांशराशि अथवा उस नवांशराशि की त्रिकोण राशि में जब चन्द्र का गोचर भ्रमण होता है तब प्रसव कहना चाहिए ।।११८।।

अथ प्रश्नरत्नम्

तत्कालार्कद्वादशांशस्त्रिकोणेऽपि जन्मार्कश्चिन्त्यः ।
अत्रोदयलग्नस्थितो वा द्वादशांशको वा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वादशांशकस्यास्य नवांशराशिर्वा प्रसवलग्नं भवेत् ।
अत्रापि तत्कालगुलिकत्रिकोणवर्गबन्धांशान्निर्णयः ।। ११९।।

प्रश्नकालीन सूर्य जिस द्वादशांश में हो उसी सूर्य राशि में प्रसव होता है । अथवा उस द्वादशांश राशि से त्रिकोण राशि में प्रसवकालीन सूर्य होता है ।

लग्न की द्वादशांश राशि या उस द्वादशांश के स्वामी की नवांशराशि प्रसवलग्न होती है । यह प्रश्नकालीन सूर्य तथा प्रश्नलग्न में जो बली हो उसके अनुसार फल कहना उचित है । जिस राशि से गुलिक का युति या दृष्टि द्वारा सम्बन्ध हो वह निर्णायक राशि हुआ करती है ।।११९।।

अथ वर्गचतुष्टयकथनम्

वर्गेषु च नवांशकस्तु प्रथमः पश्चान्नवनवांशकः ।
नवांशद्वादशांशश्च द्वादशांशस्ततः परम् ।
चत्वार्येतानि कर्माणि कृत्वा बन्धं विचिन्तयेत् ।। १२०।।
आरूढप्रश्नेषु यो राशिः प्रश्नकालेऽधोमुखः
तद्गते चन्द्रे प्रसव एतत्परं रहस्यम् ।। १२१।।

उक्त जो चार वर्ग हैं उनमें नवांश प्रथम है, इसके पश्चात् दूसरा वर्ग "नवनवांश" है । तीसरा वर्ग नवांश द्वादशांश तथा चौथा द्वादशांश है । इन चारों का विचार करना चाहिए, यही वर्गचतुष्टय है ।।१२०।।

आरूढ तथा प्रश्न में जो राशि प्रश्नकाल में अधोमुख हो उसमें चन्द्रमा जब गोचर वश संचार करता है तब प्रसव होता है । यही इस विषय का गूढ रहस्य है ।।१२१।।

नव नवांश—यह इस श्लोक में वर्णित विशेष वर्ग है जिसमें एक राशि के ८१ भाग अथवा एक नवांश के नौ भाग होते हैं । इस प्रकार यह प्रत्येक २२'।१३" तथा २२"' का होता है ।

नवमांश द्वादशांश—इसका तात्पर्य है एक द्वादशांश के नौ भाग अथवा एक नवमांश के बारह भाग । इस प्रकार एक राशि (तीस अंश) के कुल १०८ भाग होते हैं और प्रत्येक भाग १६'।४०" का होता है । इसके साधन के लिए ग्रहादि के स्पष्ट की राशि छोड़कर अंशादि को बारह से गुणा करें तो फल अंशादि में प्राप्त होता है । उसके राश्यादि बना लें, यही नवमांश द्वादशांश स्पष्ट होता है ।

उदाहरण—श्लोक ११४ के उदाहरण में सूर्यस्पष्ट राश्यादि ६।५°।३०'।०८' है । इसका नवनवांश स्पष्ट करें ।

विधि—इसके अंशादि १८५°।३०।८ है, इन्हें ८१ से गुणा किया तो गुणनफल १५०२५°।४०'।४८ प्राप्त हुआ । इसके अंशों में ३६० का भाग देने पर अंशादि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२६५°।४०'।४८'' यह नवनवांश प्राप्त हुए। इन अंशों में तीस का भाग देने पर राश्यादि ८।२५°।४०'।४८'' यह नवनवांश स्पष्ट प्राप्त हुआ।

कोई ग्रह या राशि स्पष्ट किस ''नवनवांश'' में या किस 'नवांश द्वादशांश' में है? इसकी जानकारी के लिए षड्वर्ग की सारिणियों की भाँति दोनों के चक्र आगे दिये जा रहे हैं।

नवनवांश चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	प्र.वि.	भाग
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	०	२२	१३	२०	१ला
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	०	४४	२६	४०	२रा
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	१	०६	४०	००	३रा
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	१	२८	५३	२०	४था
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	१	५१	०६	४०	५वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	२	१३	२०	००	६ठा
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	२	३५	३३	२०	७वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	२	५७	४६	४०	८वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	३	२०	००	००	९वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	३	४२	१३	२०	१०वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	४	०४	२६	४०	११वाँ
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	४	२६	४०	००	१२वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	४	४८	५३	२०	१३वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	५	११	०६	४०	१४वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	५	३३	२०	००	१५वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	५	५५	३३	२०	१६वाँ
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	६	१७	४६	४०	१७वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	४०	००	०	१८वाँ
७	४.	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	०२	१३	२०	१९वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	७	२४	२६	४०	२०वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	७	४६	४०	००	२१वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	८	०८	५३	२०	२२वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	८	३१	०६	४०	२३वाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	प्र.वि.	भाग
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	८	५३	२०	००	२४वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	९	१५	३३	२०	२५वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	९	३७	४६	४०	२६वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	१०	००	००	००	२७वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	१०	२२	१३	२०	२८वाँ
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	१०	४४	२६	४०	२९वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	११	०६	४०	००	३०वाँ
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	११	२८	५३	२०	३१वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	११	५१	०६	४०	३२वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	१२	१३	२०	०	३३वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१२	३५	३३	२०	३४वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	१२	५७	४६	४०	३५वाँ
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१३	२०	०	०	३६वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१३	४२	१३	२०	३७वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	१४	०४	२६	४०	३८वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	१४	२६	४०	००	३९वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	१४	४८	५३	२०	४०वाँ
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	१५	११	०६	४०	४१वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	१५	३३	२०	००	४२वाँ
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	१५	५५	३३	२०	४३वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	१६	१७	४६	४०	४४वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	१६	४०	०	०	४५वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१७	०२	१३	२०	४६वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	१७	२४	२६	४०	४७वाँ
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१७	४६	४०	००	४८वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१८	०८	५३	२०	४९वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	१८	३१	०६	४०	५०वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	१८	५३	२०	००	५१वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	१९	१५	३३	२०	५२वाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	प्र.वि.	भाग
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	१९	३७	४६	४०	५३वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	२०	१००	००	००	५४वाँ
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	२०	२२	१३	२०	५५वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	२०	४४	२६	४०	५६वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	२१	०६	४०	००	५७वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	२१	२८	५३	२०	५८वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	२१	५१	०६	४०	५९वाँ
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	२२	१३	२०	००	६०वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	२२	३५	३३	२०	६१वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२२	५७	४६	४०	६२वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	२३	२०	००	००	६३वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	२३	४२	१३	२०	६४वाँ
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	२४	०४	२६	४०	६५वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	२४	२६	४०	००	६६वाँ
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	२४	४८	५३	२०	६७वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	२५	११	०६	४०	६८वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	२५	३३	२०	००	६९वाँ
१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	२५	५५	३३	२०	७०वाँ
११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	२६	१७	४६	४०	७१वाँ
१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	२६	४०	००	००	७२वाँ
१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	२७	०२	१३	२०	७३वाँ
२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२७	२४	२६	४०	७४वाँ
३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	२७	४६	४०	००	७५वाँ
४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	२८	०८	५३	२०	७६वाँ
५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	८	२८	३१	०६	४०	७७वाँ
६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	२८	५३	२०	००	७८वाँ
७	४	१	१०	७	४	१	१०	७	४	१	१०	२९	१५	३३	२०	७९वाँ
८	५	२	११	८	५	२	११	८	५	२	११	२९	३७	४६	४०	८०वाँ
९	६	३	१२	९	६	३	१२	९	६	३	१२	३०	००	००	००	८१वाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवमांश-द्वादशांश चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	भाग
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	०	१६	४०	एक
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	०	३२	२०	दो
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	०	५०	००	तीन
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	१	६	५०	चार
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	१	२३	२०	पाँच
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	१	४०	००	छह
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	१	५६	४०	सात
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	२	१३	२०	आठ
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	२	३०	००	नौ
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	२	४६	४०	दश
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	३	१३	२०	ग्यारह
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	३	२०	००	बारह
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	३	३६	४०	तेरह
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	३	५३	२०	चौदह
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	४	१०	००	पन्द्रह
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	२६	४०	सोलह
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	४	४३	२०	सत्रह
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	५	००	००	अठारह
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	५	१६	४०	उन्नीस
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	५	३३	२०	बीस
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	५	५०	००	इक्कीस
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	६	६	४०	बाईस
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	६	२३	२०	तेईस
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	६	४०	००	चौबीस
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	६	५६	४०	पच्चीस
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	७	१३	२०	छब्बीस
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	७	३०	००	सत्ताईस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	भाग
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	७	४६	४०	अट्ठाईस
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	८	०३	२०	उन्तीस
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	८	२०	००	तीस
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	८	३६	४०	एकतीस
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	५३	२०	बत्तीस
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	००	तैंतीस
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	९	२६	४०	चौंतीस
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	९	४३	२०	पैंतीस
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१०	००	००	छत्तीस
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१०	१६	४०	सैंतीस
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	१०	३३	२०	अड़तीस
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	१०	५०	००	उन्तालीस
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	११	६	४०	चालीस
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	११	२३	२०	एकतालीस
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	११	४०	००	बयालीस
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	११	५६	४०	तैंतालीस
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	१२	१३	२०	चौवालीस
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	१२	३०	००	पैंतालीस
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१२	४६	४०	छियालीस
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	१३	३	२०	सैंतालीस
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१३	२०	००	अड़तालीस
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	३६	४०	उनचास
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	१३	५३	२०	पचास
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	१४	१०	००	इक्यावन
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	१४	२६	४०	बावन
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	१४	४३	२०	तिरपन
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	१५	००	००	चौवन
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	१५	१६	४०	पचपन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	भाग
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	१५	३३	२०	छप्पन
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	१५	५०	००	सत्तावन
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१६	६	४०	अट्ठावन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	१६	२३	२०	उन्सठ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१६	४०	००	साठ
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१६	५६	४०	एकसठ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	१७	१३	२०	बासठ
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	१७	३०	००	तिरसठ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	१७	४६	४०	चौंसठ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	१८	३	२०	पैंसठ
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	१८	२०	००	छियासठ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	१८	३६	४०	सड़सठ
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	१८	५३	२०	अड़सठ
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	१९	१०	००	उनहत्तर
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१९	२६	४०	सत्तर
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	१९	४३	२०	एकहत्तर
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	२०	००	००	बहत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	२०	१६	४०	तिहत्तर
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२०	३३	२०	चौहत्तर
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	२०	५०	००	पचहत्तर
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	२१	६	४०	छियत्तर
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	२१	२३	२०	सतत्तर
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	२१	४०	००	अठत्तर
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	२१	५६	४०	उन्यासी
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	२२	१३	२०	अस्सी
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	२२	३०	००	इक्यासी
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	२२	४६	४२	बयासी
११	२२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२३	०८	२०	तिरासी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कन्या	तु.	वृश्चि.	ध.	म.	कुं.	मी.	अं.	कला	वि.	भाग
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	२३	२०	००	चौरासी
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	२३	३६	४०	पचासी
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२३	५३	२०	छियासी
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	२४	१०	००	सतासी
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	२४	२६	४०	अठासी
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	२४	४३	२०	नवासी
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	२५	००	००	नब्बे
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	२५	१६	४०	एकानबे
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	२५	३३	२०	बानबे
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	२५	५०	००	तिरानबे
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	२६	६	४०	चौरानबे
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२६	२३	२०	पंचानबे
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	२६	४०	००	छियानबे
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	२६	५६	४०	सत्तानबे
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२७	१३	२०	अट्ठानबे
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	२७	३०	००	निन्यानबे
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	२७	४६	४०	सौ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	२८	३	२०	एक सौ एक
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	२८	२०	००	एक सौ दो
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	२८	३६	४०	एक सौ तीन
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	२८	४३	२०	एक सौ चार
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	२९	००	००	एक सौ पाँच
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	२९	१६	४०	एक सौ छह
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२९	४३	२०	एक सौ सात
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	३०	००	००	एक सौ आठ

मे=मेष, वृ=वृष, मि=मिथुन, क=कर्क, सिं=सिंह, तु=तुला, वृश्चि=वृश्चिक, ध=धनु, म=मकर, कु=कुम्भ, मी=मीन, अं=अंश, वि=विकला ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ सन्ततिबाधाशान्त्युपायकथनम्

सन्तानविषयप्रश्ने तु स्थित्या वा विरोधिषु।
कर्तव्या अथ कथ्यन्ते शान्तिदास्तत्प्रतिक्रिया: ।। १२२।।

सन्तति सम्बन्धी प्रश्नों में बाधक ग्रहों की स्थिति एवं उस बाधा के प्रतिकार हेतु उपाय बताये जा रहे हैं ।।१२२।।

ओजे भास्वति चार्कजे शशियुते स्थानेनाभीष्टस्थिते;
सन्तत्यै पितृपूजनं युजि रवौ क्षेत्रेषु पिण्डार्पणम् ।
अन्नं मृष्टतरं प्रदेयमिनजेऽनोजे पितृप्रीतये;
सूर्योऽनिष्टगते समेऽप्यसमभे कार्यो मनूनाञ्जप: ।। १२३।।

यदि प्रश्नकुण्डली में सूर्य या शनि ये दोनों ग्रह चन्द्रमा के साथ विषम राशि में अनिष्ट स्थानों (६-८-१२) में बैठे हों तो पितृदोष के कारण बाधा होती है, अत: उनका पूजन करना चाहिए ।

यदि सूर्य अनिष्ट स्थान में सम राशिगत हो तो गया आदि तीर्थक्षेत्रों में पितरों के निमित्त पिण्डदान करना चाहिए ।

इसी प्रकार यदि शनि सम राशिगत होकर अनिष्ट स्थानों में बैठा हो तो मिष्टान्नपान का दान करना चाहिए ।

यदि सूर्य अकेला ही सम या विषम किसी भी राशि में अनिष्ट स्थानगत है तो सूर्य-मन्त्र का जप करना चाहिए ।।१२३।।

एवम्भूते हिमरुचिगयादिष्वथ श्राद्धकर्मा-
थास्त्वन्यद् वा तनयो जनयेन्नृत्तगीतादिकञ्च ।
प्रेतोत्थोपद्रव उडुपते: पापयोगे रवेर्वा;
दुष्कृत्या तच्छमनमुदितं गानपिण्डार्पणाद्यम् ।। १२४।।

यदि प्रश्नकुण्डली में चन्द्रमा अनिष्ट भाव में हो तो गयादि तीर्थों में पितरों के लिए श्राद्ध करना चाहिए । अथवा देवमन्दिरों में देवाराधनार्थ नृत्य-गीत-भजन-कीर्तनादि का आयोजन कराना चाहिए ।

यदि सूर्य या चन्द्र पाप ग्रहों से पीड़ित हों तो प्रेतों से उत्पन्न बाधा के कारण सन्तान नहीं होती है अथवा कृत्या आदि के अभिचार से सन्तान नहीं होती है । उसके शमन के लिए भजन-कीर्तन तथा पिण्डार्पण करना चाहिए ।

किसी प्रति में ''दुष्कृत्या'' के स्थान पर 'दुर्मृत्या' पाठ है जिसका अर्थ है परिवार में अपमृत्यु के कारण संततिबाधा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माहो ये विषमस्थिते विषमगे स्कन्दार्चनं षड्रसैः
कार्यं भूसुरभोजनञ्च समभे दुर्गाम्भजेत्स्कन्दवत् ।
दुःस्थे चन्द्रमसस्सुते मधुरिपोः पञ्चामृतैः पायसैः
पूजा च द्विजभोजनञ्च मनुजपः सन्तानसिद्धिप्रदः ।। १२५।।

यदि विषम राशिगत मंगल अनिष्ट स्थान में हो तो स्वामी कार्तिकेय (स्कन्द =सुब्रह्मण्यम्) की पूजा षड्रस व्यंजनों से करनी चाहिए । ब्राह्मणभोजन भी करायें ।

यदि सम राशि में मंगल दुःस्थान गत हो तो दुर्गा की पूजा स्कन्द की भाँति षड्रस व्यञ्जनों से करें; साथ ही ब्राह्मणभोजन भी करायें । यदि बुध दुःस्थान में (सम या विषम किसी भी राशि में) हो तब विष्णु भगवान् की पूजा, ब्राह्मणभोजन तथा सन्तानगोपाल मन्त्र का जप करना चाहिए ।।१२५।।

गुरुजन्यबाधाशान्तिकथनम्

कल्याणादिघृतं सुमन्त्रसहितं पुत्रप्रदं चौषधं
सेव्यं स्याद्गणहोमकर्म च गुरावोजेनाभीष्टस्थिते ।
सेव्यौ शङ्करमाधवौ च समभे पुंसां प्रजालब्धये
मृष्टान्नैश्च सहस्रसंख्यधरणीदेवांश्च सन्तोषयेत् ।। १२६।।

यदि विषम राशि का गुरु प्रश्नकुण्डली में अनिष्ट स्थान में हो तो आयुर्वेदीय ग्रंथों में वर्णित ''कल्याण घृत'' तथा पुत्रप्रद औषधियों का सेवन कराना चाहिए तथा गणनाथ होम किसी विद्वान् ब्राह्मण से करायें ।

यदि अनिष्ट स्थानगत गुरु समराशि में हो तो सन्तान की प्राप्ति के लिए भगवान् शंकर तथा माधव की सेवा करें तथा एक सहस्र ब्राह्मणों को शास्त्रोक्त विधि से भोजन करायें तथा देवताओं को सन्तुष्ट करें ।।१२६।।

(सहस्र ब्राह्मणभोजन विधि आचार्य पं. दौलतराम गौड़ द्वारा की गयी निर्णयसिन्धु की टीका में दी गयी है) ।

शुक्रजन्यसन्ततिबाधाशान्तिकथनम्

अपूपपायससुगन्धवाद्यगीत-
यक्ष्यर्चना भृगुसुते विषमस्थिते स्यात् ।
देवाशनं हवनतर्पणविप्रमृष्ट-
भुक्तिप्रजातघृतभोजनमप्यनोजे ।। १२७।।

यदि शुक्र विषम राशि का होकर अनिष्ट स्थान में बैठा हो तो मालपूआ, गुलगुले, सुगन्ध द्रव्य, वाद्यगीत आदि के साथ यक्षपूजा करना चाहिए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि सम राशि में शुक्र अनिष्ट भावस्थ हो तो देवताओं को नैवेद्य (भोगप्रसाद) अर्पित करें । ब्राह्मणों को मीठा एवं घृतयुक्त भोजन करायें ॥१२७॥

राहुजन्यसन्ततिबाधाशान्तिः

ओजस्थिते सर्पबलिर्विधेयो गीतञ्च नृत्यं समगेऽहिवर्ये ।
पुत्रोपलब्ध्यै द्वितनावनिष्टस्थिते प्रदानं प्रकृतद्वयस्य ॥ १२८ ॥

यदि अहिवर्य (राहु) ओज राशिगत हो तो शास्त्रोक्त विधि से नागवलि करायें । यदि सम राशिगत राहु हो तो नृत्य-गीत का आयोजन कराना चाहिए । यदि यह द्विस्वभाव राशिगत होकर अनिष्ट स्थान में हो तो सर्पों की जोड़ी की मूर्ति बनावाकर दान करें ॥१२८॥

शनिजन्य बाधा एवं उपाय का वर्णन श्लोक १२३ में किया जा चुका है ।

अत्र प्रश्नसङ्ग्रहे सन्ताननतिथिः

सन्तानरविचन्द्राभ्यां तिथिमानीय चानया ।
चिन्तनीयो हि सन्तानं तत्प्रकारोऽथ कथ्यते ॥ १२९ ॥

सन्तानरवि तथा सन्तानचन्द्र स्पष्ट कर उन दोनों के द्वारा सन्तानतिथि का साधन करना चाहिए । उसकी विधि आगे कहते हैं ॥१२९॥

अथ सन्तानरविसन्तानचन्द्रयोर्ज्ञानमाह

पञ्चघ्नः प्रश्नकालेन्दुः सन्तानेन्दुरुदाहृतः ।
लग्नस्फुटञ्च पञ्चघ्नं सन्तानार्कश्च कैश्चन ॥ १३० ॥

कुछ आचार्यों के मत से प्रश्नकालीन चन्द्रमा को पाँच से गुणा करें तो राश्यादि सन्तानचन्द्रमा प्राप्त होता है । इसी प्रकार से लग्नस्पष्ट के राश्यादि को पाँच गुना करने से सन्तानरवि स्पष्ट के राश्यादि प्राप्त होते हैं ॥१३०॥

मतान्तरेण सन्तानरविचन्द्रज्ञानम्

याताभ्यो विघटीभ्य आप्तिमिहस्तु पञ्चाशत्भादिकं;
मेषात्यक्तभदौहयार्धसहितं पञ्चाहतं तद्द्वयम् ।
सन्तानार्कविधूत्क्रमेण भवतो यद्वेज्ञकालोद्भवौ,
सूर्येन्दुशरसंगुणौ बलवशादारूढलग्नर्क्षयोः ॥ १३१ ॥

इष्टकाल की घटी तथा पलों को पलात्मक बनाकर उसमें पचास का भाग दें, लब्धि राशियाँ होगीं । यदि राशियाँ बारह से अधिक हों तो उनमें बारह का भाग देकर शेष को ग्रहण करें । जो शेष बचे उसमें तीस का गुणा कर पुनः पचास का भाग दें तो लब्धि अंश होगी । शेष को साठ से गुणाकर पुनः पचास का भाग देने से लब्ध कला होगी । इसी प्रकार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विकला भी प्राप्त करें । इन राशि-अंश-कला-विकला में से एक राशि को घटाकर एक स्थान पर रखें तथा दूसरे स्थान पर पूर्व प्राप्त राश्यादि में राश्यादि ८।१५°।०'।०" (धनुराशि के पन्द्रह अंश) में जोड़ दें । अब प्रथम स्थान के एक राशि में घटे राश्यादि को पाँच गुणा करने से सन्तानरवि तथा दूसरे स्थान पर साढ़े आठ राशि में जुड़े राशि आदि को पाँच गुणा करने से सन्तानचन्द्र प्राप्त होता है ॥१३१॥

उदाहरण—श्लोक ११४ के उदाहरण में इष्ट १४ घटी ४० पल हैं, इसके पल बनायें तो ८८० पल (विघटी) हुए । इनमें पचास का भाग देने पर लब्धि १४ (चौदह राशि) प्राप्त हुए जिनमें बारह घटाने पर दो राशि प्राप्त हुई, शेष ४० में तीस का गुणा करने पर गुणनफल १२०० हुआ । इसमें पुनः पचास का भाग देने पर लब्धि २४ अंश प्राप्त हुए । अस्तु, राश्यादि २।२४ में एक राशि घटाने पर राश्यादि १।२४ हुए । इन्हें पाँच गुना किया तो राश्यादि ९।०।०।० सन्तानरवि हुआ । इसी प्रकार से राश्यादि २।२४ में साढ़े आठ राशि जोड़ दी तो राश्यादि ११।९°।०'।०" हुए । इसके पाँच गुने राश्यादि ८।१५ यह सन्तानचन्द्र हुआ ।

केरल में यही विधि सर्वाधिक प्रचलित मानी जाती है ।

सन्तानविधिफलम्

त्यक्त्वार्कं शशितः सितोऽत्र यदि चेत्पक्षो भवेत्सन्ततिः ।
कृष्णः स्याद्यदि कृच्छ्रतोऽथ कतिचिद्वक्ष्ये विशेषानिह ।
षष्ठ्याः प्राग्धवले शनैस्सुतजनिः शीघ्रं दशम्याः परं;
कार्यं विष्णुनिषेवणं हि धवले कृष्णे शिवाराधनम् ॥ १३२॥

सन्तानसूर्य को सन्तानचन्द्रमा में घटाने पर सन्तानतिथि प्राप्त होती है (बारह अंश के अन्तर पर शुक्ल प्रतिपदा से तिथि की गणना की जाती है) । इसका फल इस प्रकार है—

यदि सन्तानतिथि शुक्ल पक्ष की हो (सूर्य से चन्द्र की दूरी जब १८०° = छह राशि तक हो) तो सन्तान होती है । यदि सन्तानतिथि कृष्ण पक्ष की है (सूर्य से चन्द्र का अन्तर १८०° से अधिक होने पर) तो कष्ट एवं कठिनाई से सन्तान प्राप्त होती है ।

इस प्रसंग में विशेष तथ्य यह है कि शुक्ल पक्ष में षष्ठी पूर्व की तिथियों में (जब सूर्य से चन्द्र की दूरी साठ अंश तक हो) सन्तान विलम्ब से होती है तथा शुक्ल दशमी के पश्चात् शीघ्रता से प्राप्त होती है । (इसका तात्पर्य है कि षष्ठी से दशमी तक सन्तति थोड़े से विलम्ब से प्राप्त होती है; न शीघ्र न अधिक विलंब से ।) शुक्ल पक्ष की सन्तानतिथि होने पर विष्णु की आराधना तथा कृष्ण पक्ष की सन्तानतिथि होने पर भगवान् शिव की पूजा करनी चाहिए ॥१३२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ध्यान रहे, यह तिथि आकाश में दिखने वाली पंचांग की तिथि न होकर मात्र फलादेश जानने के लिए है ।

षष्ठ्यन्ते बहुलं लभेत तनयं षष्ठ्यां गुहाराधनात्,
सप्तम्यादिचतुष्टयेऽत्र पुनरुद्वाहं विधाय द्विजान्,
भक्त्या पर्वणि भोजयेच्छ्रवणभे चान्ते भवेत्सन्ततिः ।। १३३।।

शुक्ल षष्ठी के अन्त की तिथि में बहुलता से सन्तान प्राप्त होती है । षष्ठी में स्कन्द की आराधना करनी चाहिए तथा सप्तमी, अष्टमी, नवमी तथा दशमी इन चार तिथियों में पुनर्विवाह करे तथा पूर्व समय ब्राह्मणो को भोजन करायें । श्रावणी पूर्णिमा या अन्य श्रवण युक्त पर्वतिथि में ब्राह्मणभोजन कराने से सन्तति प्राप्त होती है ।

दत्तकयोग:

दत्तस्स्यादत ऊर्ध्वयोऽस्तु तनयो दत्तोऽपि नो पर्वणि
क्रुद्धास्सन्ततिनाशका हि पितरः प्रीतास्तदा पादकाः ।
तस्मात्साष्टकपर्वणादिविधिभिस्तत्प्रीतिमापादयेत्,
प्रायः पैतृककर्मणामकरणात्सन्तत्यभावो नृणाम् ।। १३४।।

यदि दशमी के पश्चात् (शुक्ल पक्ष में) तिथि हो अर्थात् एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी तथा चतुर्दशी हों तो दत्तक पुत्र लेना पड़ता है । पर्वतिथि (अमावास्या-पूर्णिमा) में दत्तक पुत्र नहीं लिया जाता, क्योंकि अमावस्या के स्वामी पितर होते हैं, वे क्रोधित होकर सन्ततिनाश करते हैं तथा प्रसन्न होने पर सन्तान देते हैं । अत: पितरों को पर्वतिथियों पर पार्वण श्राद्ध के द्वारा प्रसन्न करना चाहिए । प्राय: मनुष्यों के द्वारा पैतृक कर्म न किये जाने के कारण ही अधिकतर सन्तति का अभाव होता है ।।१३४।।

षष्ठ्यां कुमारं गणपं चतुर्थ्यां
दुर्गां नवम्यां रविमर्कतिथ्याम् ।
सेवेत सर्पान् मनुनागतिथ्योः
पितॄनमायां तनयोपलब्ध्यै ।। १३५।।

यदि षष्ठी तिथि हो तो स्वामी कार्तिकेय की पूजा करें, चतुर्थी होने पर गणेशजी की आराधना करें, नवमी होने पर दुर्गा की आराधना करें तथा अर्कतिथि (सप्तमी) यदि सन्तानतिथि हो तो सूर्य की पूजा करनी चाहिए । पञ्चमी में नागों की अर्चना तथा अमावास्या के लिए पुत्रप्राप्ति हेतु पितृगणों की आराधना करें ।।१३५।।

रिक्ताभद्राफलञ्चाह

पक्षद्वन्द्वेऽपि रिक्ता नहि खलु शुभदास्तासु नूनोऽभिचारः
शुक्ले कृष्णे पुराणोऽप्युपशमविधयेऽस्योत्तमास्यु चतुर्थ्याम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रूरः स्यादङ्कतिथ्यां गिरियुगतिथौ कर्मकर्त्ता तु नीचो
विष्ट्यां शापोऽस्तु हीनमचिरचिरभवः पक्षभेदेन वाच्यः ।। १३६।।

दोनों पक्षों की रिक्तातिथियाँ (४-९-१४) प्रश्न में तथा सन्ततिफल में सन्तानतिथि यदि रिक्ता हों तो शुभफल प्रदान नहीं करती हैं । इनमें अभिचार कर्म की संभावना बनी रहती है । शुक्लपक्ष-कृष्णपक्ष दोनों पक्षों की रिक्ताशान्ति हेतु पुराणों की कथा श्रवण करनी चाहिए । विशेष रूप से जब सन्तानतिथि चतुर्थी हो तो पुराण-कथा सुनना उत्तम होता है । नवमी तिथि होने पर अभिचार करने वाला व्यक्ति क्रूर प्रकृति का होता है, ऐसा समझना चाहिए । चतुर्दशी तिथि होने पर अभिचारप्रयोक्ता नीच प्रकृति का होता है ।

विष्टिकरण में सर्पो का शाप होता है । यदि शुक्ल पक्ष की सन्तानतिथि में भद्रा करण हो तो शाप नया होता है । कृष्ण पक्ष की तिथि में विष्टिकरण होने पर शाप पुराना हुआ करता है ।।१३६।।

विष्ट्याः शान्तिकथनम्

पक्षद्वय्यां हि विष्टिश्चतसृषु तिथिषु स्यात्क्रमेणासु मुख्या
मध्या नीचातिनीचाः फणिन इह बलिः कल्प्यतामुत्तमानाम् ।
अन्येषां गानरूपाद्यपि बलिहरणं प्रीतये चाखिलाना-
मेवं वाच्योऽशुभस्य प्रतिविधिरुचितः पृच्छतां पुत्रलब्ध्यै ।। १३७।।

दोनों पक्षों की चारों तिथियों के विष्टिकरण में सर्प क्रमशः मुख्य, मध्य, नीच तथा अतिनीच नागों का प्रकोप होता है । उत्तम नागों के लिए बलि प्रदान करना चाहिए, अन्यों को गानरूपा बलि के साथ ही बलि देनी चाहिए । ऐसा करने वाले का पुत्रप्राप्ति के विषय में शुभ होता है ।।१३७।।

शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, अष्टमी, एकादशी तथा पूर्णिमा में विष्टिकरण होता है । कृष्ण पक्ष की तृतीया, सप्तमी, दशमी तथा चतुर्थी में विष्टि होता है । इनमें ३-४ तिथियों का विष्टि उत्तम नागों का, ७-८ का विष्टि मध्यम नागों का, १०-११ की विष्टि नीच नागों की तथा १४-१५ की विष्टि अतिनीच नागों की सूचक होती है ।

मतान्तरेण सन्तानतिथिकथनम्

सन्तानतिथिभिः प्रोक्तमित्थं यत्खलु लक्षणम् ।
अन्योऽत्र सम्प्रदायोऽस्ति सोऽप्यथेह विलिख्यते ।। १३८।।

सन्तानतिथियों के फल के विषय में ज्योतिष में कुछ अन्य सम्प्रदाय (मत-मतान्तर) हैं, उन्हें भी यहाँ कहा जा रहा है ।।१३८।।

पृच्छाकालभवौ दिवाकरविधू कृत्वा शरघ्नो विधो-
स्त्यक्त्वार्कात् तिथिमानयेत्तिथिवशात् सन्तानचिन्ता तथा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पक्षश्चेद् धवलोऽस्ति सन्ततिरिहाप्यल्पादिमे पञ्चके;
मध्यामध्यमपञ्चकेऽथ बहवः पुत्रा दशम्याः परम्।। १३९।।

प्रश्नकालीन सूर्यस्पष्ट तथा चन्द्रस्पष्ट को अलग-अलग पाँच गुणा करके चन्द्र में से सूर्य घटा कर तिथि स्पष्ट करें। यदि इस प्रकार से प्राप्त सन्तानतिथि शुक्ल पक्ष की हो तो प्रारंभ की पाँच तिथियों का फल अल्प सन्तति, मध्य की पाँच तिथियों का फल मध्यम सन्तति तथा अन्त की पाँच तिथियों का फल अनेक पुत्रप्राप्ति होता है।

सन्ततिसंख्याकथनम्

संख्यायास्तु तिथेरथैकरहिता ग्राह्या सुताप्तैस्त्रियः
षष्ठ्यन्ते बहुले द्वयोः प्रथमयोस्तिथ्योरिहैकैव वा।
अल्पैरादिमपञ्चकेऽत्र सुकृतैः मध्ये महद्भिः कृते
पुत्रावाप्तितथान्तिमेऽतिविभवैरन्ते भवेद्वा न वा।। १४०।।

सन्तति संख्या जानने के लिए जो तिथि आये उसमें एक घटाये तो संख्या प्राप्त होती है। षष्ठ्यन्त की तिथियों में दो पुत्र प्राप्त होते हैं। कृष्ण पक्ष की अमावास्या तथा शुक्ल प्रतिपदा में एक बालक होता है। कृष्ण तृतीया में दो विवाह होते हैं। चतुर्थी में तीन विवाह या संतति होती हैं। पंचमी में चार, षष्ठी में पाँच सन्तति होती है। सप्तमी-दशमी में औषधोपचार का सहारा लेना पड़ता है।

कृष्णपक्षतिथीनां पृथक्-पृथक् विशेषफलमाह

सप्तम्यां भ्रातृपुत्रः स्याद्दत्तोऽष्टम्यां स्वगोत्रजः।
दत्तयोरुभयोस्साधुरपरे नवमी यदि।। १४१।।
दशम्यां भागिनेयस्स्यादेकादश्यां तु दत्तकः।
अन्यगोत्रोऽथ सर्वस्वं द्वादश्यां स्वैर्हृतम्भवेत्।। १४२।।
देवस्वं स्यात् त्रयोदश्यां चतुर्दश्यां नृपो हरेत्।
अमावास्यां यथाकामं ह्रियेताप्यखिलैर्जनैः ।। १४३।।
सन्तानतिथिभेदेन सन्तत्यै सति सत्क्रियाः।
विहिता मुनिभिर्नृणामुदीर्यन्तेऽधुना ततः।। १४४।।

यदि सन्तानतिथि सप्तमी हो तो भतीजा को गोद लिया जाता है। अष्टमी होने पर अपने ही गोत्र का दत्तक होता है। यदि सन्तानतिथि नवमी हो तो स्वगोत्र या भिन्न गोत्र दोनों का ही पुत्र दत्तक लिया जाता है और शुभ होता है ।।१४१।।

सन्तानतिथि दशमी होने पर भागिनेय (भानजा) गोद लिया जाता है। एकादशी में अन्य गोत्र का पुत्र दत्तक बनाया जाता है। यदि सन्तानतिथि द्वादशी हो तो पृच्छक के निकट सम्बन्धी ही उसकी सम्पत्ति का हरण कर लेते हैं, कोई दत्तकादि की व्यवस्था नहीं हो पाती ।।१४२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि त्रयोदशी सन्तानतिथि हो तो पृच्छक की सम्पत्ति देवमन्दिर को अर्पित होती है या धार्मिक कार्यों में व्यय होती है। चतुदर्शी तिथि होने पर नि:सन्तान की सम्पत्ति राजसात हो जाती है अर्थात् शासन द्वारा अधिगृहीत हो जाती है। अमावास्या तिथि आने पर सम्बन्धी जी भर कर सम्पत्ति को हरण कर लेते हैं (ये फल कृष्णपक्ष की तिथियों के हैं) ॥१४३॥

सन्तानतिथि भेद से सन्तान की प्राप्ति के लिए जो उपाय महर्षियों ने वर्णन किये हैं अब उन्हें कहा जा रहा है ॥१४४॥

उपायादिकथनम्

शुक्ले च पक्षे न च विष्टिरिक्ताः शुभाश्चतुर्थ्यां गणनाथहोमः ।
दुर्गा नवम्यां खलु सेवनीया, चतुर्दशी चेद् गिरिशोऽर्चनीयः ॥ १४५॥

शुक्ल पक्ष में रिक्ता तिथियाँ तथा भद्रा करण शुभ नहीं होते। चतुर्थी में गणनाथ होम, नवमी में दुर्गा की अर्चना तथा चतुर्दशी यदि सन्तानतिथि हो तो शिवजी की अर्चना करना चाहिए ॥१४५॥

जपतु पुरुषसूक्तं देवधाम्नि त्रयीं वा
पुनरवनिसुरौघान् भोजयेत्पौर्णमास्याम् ।
निशमयतु सुधांशोरुद्भवं नैमिशीय-
श्रवणमपि विधेयं पौर्णमासी यदि स्यात् ॥ १४६॥

यदि सन्तानतिथि पूर्णिमा हो तो पुरुषसूक्त अथवा गायन्त्री मंत्र का जप करना अथवा कराना चाहिए, तदुपरान्त ब्राह्मणभोजन कराना चाहिए। चन्द्रमा के दोष की शान्ति हेतु पुराण-कथा का श्रवण करना चाहिए ॥१४६॥

सन्तानगोपालकपूर्वमन्त्रसेवादिकं स्यात्प्रथमा तिथिश्चेत् ।
यदि द्वितीया खलु पञ्चगव्यघृतादिसेवा मलिनेऽस्तपक्षे ॥ १४७॥

यदि कृष्णपक्ष की प्रथमा तिथि हो तो सन्तानगोपाल मन्त्र का जप करना उचित है। यदि कृष्ण-द्वितीया हो तो पञ्चगव्य तथा घृतादि से भगवान् कृष्ण की पूजा करनी चाहिए ॥१४७॥

दुर्गार्चा चेत् तृतीया घृतगुलुमधुयुक् विघ्नहोमश्चतुर्थ्याम्।
पञ्चम्यामिष्टदेवं भजतु गुहसमाराधनं कृष्णषष्ठ्याम् ॥ १४८॥

तृतीया यदि सन्तानतिथि आवे तो गौरी की उपासना करें। चतुर्थी यदि सन्तानतिथि हो तो घी-गुड़-मधु से युक्त साकल्य से विनायक होम करे। पञ्चमी तिथि होने पर इष्टदेव को भजना चाहिए। कृष्ण पक्ष की षष्ठी आने पर स्कन्द की उपासना करें ॥१४८॥

सप्तम्यामीशविष्णोः भजनमिह वदेदष्टमी चेदहीनाम् ।
विप्राणां भोजनं स्याद् दशगुणशतकस्यासितायां नवम्याम् ॥ १४९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि सन्तानतिथि सप्तमी प्राप्त हो तो भगवान् विष्णु का भजन तथा शिवजी की पूजा करें। अष्टमी में नागपूजा करनी चाहिए। कृष्ण-नवमी होने पर सहस्र ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। शुक्लपक्ष की नवमी में सौ ब्राह्मणों को भोजन करायें ॥१४९॥

कार्यं स्याद्गणहोमकर्म दशमी चेदत्र चैकादशी,
स्याच्चेदामलकादिकेषु कुरुतां क्षेत्रेषु पिण्डार्पणम्।
द्वादश्यामिह विष्णुभेयपितरे दत्तं द्विजेभ्यस्त्रयो-
दश्यामात्मजसम्भवाय विधिवत् कार्यो जयाढ्यो बलिः॥ १५०॥

दशमी तिथि सन्तानतिथि होने पर गणनाथ होम करना चाहिए। यदि एकादशी हो तो आँवले के बगीचे में पिण्डदान करें। श्रवण नक्षत्र से युक्त द्वादशी में ब्राह्मणों को अन्नदान करना चाहिए तथा त्रयोदशी तिथिसन्तान तिथि होने पर शास्त्रोक्त विधि से "जया" नामक बलि करना चाहिए ॥१५०॥

विप्रभुक्तिं विधोर्वारि पितृप्रीणनकर्म च।
पिण्डञ्च निर्वपेत् पुण्यक्षेत्रे यदि चतुर्दशी॥ १५१॥
अष्टकापार्वणादीनि श्राद्धकर्माणि पर्वणी।
तिलैर्हवनमप्येवं कृष्णप्रतिपदादिषु॥ १५२॥

यदि चतुर्दशी तिथि सन्तानतिथि हो तो सोमवार को ब्राह्मणभोजन करायें तथा पितरों के लिए श्राद्ध एवं पिण्डदान पुण्य क्षेत्र में करना चाहिए ॥१५१॥

यदि कृष्ण-प्रतिपदा हो तो अष्टका श्राद्ध, पार्वण श्राद्ध आदि कर्म करायें तथा तिलों (काले तिलों) से होम करें ॥१५२॥

सम्प्रदायान्तरलेखनम्

सम्प्रदायान्तरं किञ्चित् पुनरप्यत्र लिख्यते।
प्रश्नजातकयोश्चिन्त्यं सन्तानधिषणादिभिः॥ १५३॥

प्रश्न तथा जातक शास्त्र के अनुसार अन्य मतों से सन्तानगुरु आदि की गणना तथा फल को यहाँ लिखते हैं ॥१५३॥

सन्तानगुरुकथनम्

पञ्चघ्नं यमकण्टकेन सहितं लग्नं हि सन्तानजीवोदयं
स्यान्नवदोषयुक् यदि नृणां कृच्छ्रेण पुत्रोद्भवः।
सन्तानार्यनवांशको यदि भृगोस्तेनेक्षितो वा युतोऽ-
प्यंशस्याधिपतिर्भृगूडुषु पुनः प्रोद्वाहदाः स्युस्त्रयः॥ १५४॥

यमकण्टक के राश्यादि को पाँच गुना करें, राशियों के बारह से अधिक होने पर उन्हें बारह से भाग देकर शेष को ग्रहण करें। पञ्चगुणित लग्नस्पष्ट भी जोड़ दे। जो राश्यादि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आवें वह "सन्तानगुरु" है । यदि यह नौ दोषों से युक्त हो तो कठिनाई से सन्तान उत्पन्न होती है ।

यदि सन्तानगुरु जिस नवांश में है उस नवांश में यदि शुक्र की युति-दृष्टि आदि हो या उस नवांश का स्वामी शुक्र के नक्षत्र (पूर्वाषाढ़ा, भरणी, पूर्वाफाल्गुनी) में हो तो इन तीनों में से कोई योग होने पर पृच्छक या संबंधित व्यक्ति का दूसरा विवाह होता है ॥१५४॥

सन्तानशुक्रकथनम्

पञ्चघ्नोऽत्र निरूपणे भृगुसुतो ग्राह्योस्तु नो केवलं,
शुक्रे दृष्टयुतैस्समाश्च विहगैः पाणिग्रहाः संख्यया ।
दृष्टाः सप्तमगः पुनर्बलवशाच्छुक्रस्य राश्यंशयोः
पुत्राप्तिप्रथमे द्वितीय उत वा पाणिग्रहे स्यात्क्रमात् ॥ १५५॥

इस प्रसंग में प्रश्नकालिक शुक्रस्पष्ट का पाँच गुना शुक्र ग्रहण किया जाता है (उसे ही सन्तानशुक्र कहते हैं) केवल शुक्रस्पष्ट का ग्रहण यहाँ नहीं होता है । यदि सन्तानगुरु यदि सन्तानशुक्र के साथ हो अथवा तुला या वृष राशि में हो; सन्तानशुक्र जिस राशि में स्थित हो उससें सप्तम भाव में जितने ग्रह बैठे हों उतने ही विवाह पृच्छक के होते है ॥१५५॥

क्लीबस्य चेद्भृगोरंशः बलीग्रहयुतेक्षितः ।
यदि वा पुत्रलाभः स्यात् तृतीये तु करग्रहे ॥ १५६॥

सन्तानशुक्र कुण्डली



यदि सन्तानशुक्र का नवांश नपुंसक ग्रह का हो या किसी नपुंसक ग्रह से वह नवांश युक्त हो तो तीसरे विवाह से पुत्र की प्राप्ति होती है ॥१५६॥

उदाहरण—पीछे श्लोक १४४ में शुक्रस्पष्ट राश्यादि ६१।२२°।५०'।१४'' है। इसे पाँच गुना किया तो गुणन फल चार स्थानों में ३०।११०।२५०'।७०'' हुए। विकला में ६० का भाग देकर लब्धि को कला में जोड़कर पुनः साठ का भाग देते हुए उसकी लब्धि को अंशों में जोड़ा तथा अंशों में ३० का भाग देकर लब्धि को राशि में जोड़ा तो राश्यादि ३३।२४।११।१०'' राशि, ३३ में बारह का भाग दिया तो राश्यादि ९।२४°।११'।१०'', ये सन्तानशुक्र हैं । यह मकर राशि के चौबीस अंश पर है अतः सिंहनवांश में है । सिंहनवांश सूर्य का नवांश है । सूर्य नपुंसक ग्रह है अतः तीसरे विवाह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का योग नहीं बन रहा है। सन्तानशुक्र से सप्तम भाव में भी कोई ग्रह नहीं है अत: अन्य विवाह होने का योग नहीं है। मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ ये नपुंसक नवांश होते हैं।

सन्तानयोगस्फुटकथनम्

सन्तानजीवं यमकण्टकेन संयोज्य कुर्यात् पुनरङ्कनिघ्नम्।
सन्तानयोगस्फुटसंज्ञमेतत्सन्तानसंख्या त्वमुनोच्यतेऽथ॥ १५७॥
एतद्धुक्तैः पञ्चकैस्स्याल्लवानां संख्या वाच्या तत्समाह्यात्मजानाम्।
तद्वर्गाणां वाक्पतेः स्यात्त्रयं चेत्पुत्राः षड्भिश्चाधिकास्सम्भवेयुः॥ १५८॥

सन्तानगुरु के स्पष्ट में यमकण्टक स्पष्ट जोड़कर फिर उस योग के राश्यादि को अङ्क (नौ) से गुणा करें तो जो योगस्फुट प्राप्त होता है उसे संतान योगस्फुट कहते हैं। इससे सन्तान संख्या बतायी जाती है॥१५७॥

इस "सन्तानयोगस्फुट" में प्रति पाँच अंश पर एक संतति होती है। सन्तानस्फुट यदि कम-से-कम तीन गुरु के वर्गो में हो तब सन्तान की संख्या छह से अधिक होती है॥१५८॥

नीचे वा रिपुभेऽथवा स्फुटयुतित्र्यंशाधिपश्चेत्पुन-
स्तुल्ये स्याल्लवपञ्चके स्फुटयुते तत्रापि चेत् संस्थितः।
नूनं पञ्चकसंख्यतुल्यतनयस्तर्हि व्रजेत्पञ्चतां
गोसिंहालिवधूगते स्फुटयुते राशौ तु नो सन्ततिः॥ १५९॥

यदि इस सन्तानयोगस्फुट के त्र्यंश (द्रेष्काण) का स्वामी नीच या शत्रु राशिगत हो तथा योगस्फुट के अंश ५ अंश के भीतर हो तो प्रथम पुत्र की मृत्यु हो जाती है। क्योंकि पाँच अंश तक प्रथम पुत्र का, दस तक द्वितीय का, पन्द्रह अंश तक तृतीय का, बीस तक चतुर्थ का, पच्चीस तक पंचम का तथा तीस अंश तक योगस्फुट में छठी सन्तान का भाग होता है। अत: इनमें जो भाग द्रेष्काण में पाप प्रभाव में होगा उसी भाग वाली संतति की मृत्यु होगी। यदि उक्त "सन्तानयोगस्फुट" वृष, सिंह, कन्या तथा वृश्चिक राशियों में हो तो सन्तान नहीं होती है॥१५९॥

स्फुटयोगत्रितवर्गः

स्फुटयोगस्थितत्रितयं यदि षण्ढविहगसम्बन्धी।
यमलं प्रसवे भविता तस्य विनाशश्च बलवशाद्वाच्यम्॥ १६०॥

इस सन्तानयोगस्फुट में यदि तीन वर्ग नपुंसक ग्रह (शनि या मंगल) के हों तो जुड़वा सन्तान पैदा होती है। यदि ये नपुंसक ग्रह—जिनका कि वर्ग हो—दुर्बल हों तो यमल शिशुओं की मृत्यु हो जाती है॥१६०॥

दत्तस्फुटमाह

युक्त्वा भानुसुतेन्दुजात्मजपतीन् बाणैर्निहत्य स्फुटं
यत्तत्स्याद्यदि सूर्यराशिषु निशाभांशेशसद्योगकृत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नृणां दत्ततनूजलक्षणमिदं चान्द्रे तु राशौ तथा
तत्खेटेक्षणयोगभाग् यदि भवेद् दत्तस्य नो लक्षणम् ।। १६१।।
स्फुटेऽस्मिन् खलु दोषाणां नवकं सम्भवेद्यदि ।
सन्ततिर्न भवेन्नूनं दत्तस्य स्वीकरणादपि।। १६२।।

शनि तथा बुध एवं पंचमेश के स्फुट को जोड़िये, जो राशि-अंश-कला-विकला योगफल में प्राप्त हों उन्हें पाँच से गुणा करें । इसे दत्तस्फुट कहते हैं । यदि यह दत्तस्फुट सूर्य की राशि (सिंह) तथा चन्द्र के नवांश (कर्कनवांश) में तथा पापग्रहों से युत अथवा दृष्ट हो तो प्रयत्नपूर्वक बालक गोद लिया जायेगा । यदि उक्त स्फुट चन्द्र की राशि (कर्क) तथा सूर्य के नवांश (सिंह) में पड़े तो दत्तक पुत्र नहीं बनाया जाता ।।१६१।।

यदि उक्त दत्तस्फुट में नवदोष (विष, उष्ण, लाट, भद्रा आदि) हों तो आगे चलकर उस दत्तक पुत्र के कोई सन्तान नहीं होती है ।।१६२।।

सन्ततिसम्भवकालः

सन्तानार्यगृहत्रिकोणभवनेष्वीड्यस्तनूजप्रदो
मान्दिश्चेदजपूर्वषट्गृहगतो जूकादिषट्के स चेत् ।
सन्तत्यै गुरुणात्मजामरगुरोरंशस्त्रिकोणे भवेत्,
संयुक्ते यमकण्टकेन गुलिके पुंस्त्रीभिदास्यांशतः ।। १६३।।

जब गुरु का गोचर भ्रमण सन्तानगुरु से त्रिकोण में होता है तब पुत्र उत्पन्न होता है या जब उक्त सन्तानस्फुट की राशि में गुरु का संचार होता है तब पुत्रोत्पत्ति होती है । परन्तु यह तभी होगा जब गुरु जूक (तुला) आदि छह राशियों में हो, यदि सन्तानगुरु मेषादि ६ राशियों में हो तो गुरु के नवांश से त्रिकोण में गुरु होने पर संतान होती है ।

यमकण्टक तथा गुलिक के स्फुट को जोड़ें, इस योगस्फुट का जो नवांश हो उस के (विषम-सम) आधार से पुत्र होगा या कन्या इसका विचार करना चाहिए ।।१६३।।

यमकण्टक आदि के स्पष्ट की विधियाँ पूर्व में ही बतायी जा चुकी हैं ।

नवांशतः पुत्रकन्याज्ञानम्

ओजे युग्मेऽथवा राशावोजांशः पुत्रसूतिकृत् ।
युग्मांशः कुरुते नारीमंशस्यात्र प्रधानता ।। १६४।।

उक्त यमकण्टक एवं गुलिक का योगस्फुट सम या विषम किसी भी राशि में हो परन्तु उसका नवांश यदि विषम राशि का है तो पुत्र ही उत्पन्न होता है तथा विषम या सम किसी भी राशि में योगस्फुट होने पर उसका नवांश सम है तो कन्या उत्पन्न होगी । यहाँ फल देने में नवांश की ही प्रधानता है ।।१६४।।

सन्तानजीवं यमकण्टकञ्च
सन्तानमान्दिं सह योजयेत्त्रीन् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुन्देन हन्यात् पुनरत्र यात-
तारांशयोः पुत्रजनिस्त्रिकोणे ।। १६५।।

सन्तानगुरु + यमकण्टक + सन्तानमान्दि (पंचगुणित गुलिक) इन तीनों के योगस्फुट को कुन्द (कटपयादि विधि से ८१) अर्थात् इक्यासी से गुणा करें। इस फल से जो राश्यादि आवें वे जिस नक्षत्र में हों तथा जिस नवांश में हों उस से त्रिकोण में जब चन्द्र गोचर में पहुँचता है तब सन्तान का जन्म होता है।

सञ्चिन्त्यैवमनेकधा सुतमृते सन्तत्यभावस्य वा;
स्याच्चेल्लक्षणमत्र यन्निगदितं सन्तानतिथ्यादिभिः।
प्रायश्चित्तमिदञ्च दोषवशतः प्रष्टुर्यथाहं वदेत्;
दत्तस्वीकरणं पुनः परिणयं वा लक्षणं चैतयोः।। १६६।।
दायादानां सम्पदो लक्षणञ्चेत्
तत्कालार्यादित्यशीतांशुराशेः।
गर्भस्थस्त्रीपुंविभागश्च सम्यक्
सञ्चिन्त्यैवं निश्चयेनाभिधत्ताम्।। १६७।।

पुत्रहानि, सन्तति का अभाव आदि बातों का ज्ञान यहाँ बतायी जा चुकी अनेक पद्धतियों से करना चाहिए। सन्तानतिथि आदि पर भी भलीभाँति ऊहापोह कर फल कथन करें। दोषों के अनुसार ही उनके निराकरण के लिए प्रायश्चित्त का विधान भी प्राश्निक को बताना चाहिए। सन्तति होगी या गोद लेना पड़ेगी, सन्तति हेतु अन्य विवाह करना होगा या नहीं—इन सब के लक्षणों का विचार कर ही फल कथन करना चाहिए ।।१६६।।

सम्पत्ति के उत्तराधिकारियों से सम्बन्धित भविष्यकथन तात्कालिक गुरु, सूर्य, चन्द्र इनकी राशि से बतायें। गर्भ होने पर पुत्र-कन्या का भेद भी बताते हुए निश्चित रूप से फलादेश करना उचित है ।।१६७।।

स्थितये सम्प्रदायानामेवं विस्तरतो मया।
शास्त्रान्तरानुसारेण सन्ततिप्रश्न ईरितः।। १६८।।

।। इति प्रश्नमार्गे अष्टादशोऽध्यायः ।।

मैनें (ग्रन्थकर्त्ता ने) स्थितिभेदानुसार अनेक मत-मतान्तरों से विस्तारपूर्वक सन्तति-प्रश्न का वर्णन किया है ।।१६८।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का अठारहवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।१८।।

*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथैकोनविंशोऽध्यायः

विषयप्रवेशः

सन्तत्यभावतस्सम्पत् तत्प्राप्तिः समयादयः ।
निरूप्यतेऽधुना जन्मकालीनविहगादिभिः ।। १ ।।

अब इस अध्याय में (जातकशास्त्र के अनुसार) सन्तान का अभाव, उसकी संख्या, प्राप्ति एवं समय का निरूपण जन्मकुण्डली के ग्रहों के अनुसार किया जा रहा है ।।१।।

सन्तति भवति न वेति प्रश्नः

वध्वा खेटनिरीक्षितेऽनुपचये चन्द्रे भवेयुस्सुताः,
शीतांशोरितरस्थितस्य बलवत्खेटेक्षणे सद्युतौ ।
कृच्छ्रात् सन्ततिरन्यथा तदुभयोरन्यत्रगे शीतगौ
प्रोक्तात् खेटनिरीक्षणेन रहिते नूनं न पुत्रोद्भवः ।। २ ।।

(१) यदि स्त्री की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा अनुपचय में बैठा हो तथा किसी ग्रह की उस पर दृष्टि हो तो पुत्र होता है ।

(२) यदि उपचय स्थान में स्थित चन्द्र पर बलवान् ग्रह की दृष्टि हो अथवा शुभ ग्रह की युति हो तो पुत्र होते हैं । परन्तु कठिनाई से या विलम्ब से या उपायपूर्वक सन्तति होती है ।

(३) पुरुष की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा उपचय स्थानों में बैठा हो तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट-युत हो तो सन्तति होती है ।

(४) यदि पुरुष की कुण्डली में चन्द्रमा अनुपचय स्थानों में ग्रह से दृष्ट-युत हो तो बड़े उपायों के पश्चात् एक पुत्र उत्पन्न होता है ।

(५) परन्तु यदि स्त्री की कुण्डली में चन्द्रमा अनुपचय में हो तथा पति की कुण्डली में चन्द्रमा शुभ दृष्टि-युति से रहित हो तो सन्तति नहीं होती ।

सन्तत्यभावस्य दैहिककारणम्

पुंसाम्बीजबलाभावात् क्षेत्रदौर्बल्यदः स्त्रियः ।
पुत्रभावो गुणेऽपि स्याच्चिन्त्यते तद्द्वयं ततः ।। ३ ।।

जब पुरुषों के शरीर में बीज-बल का अभाव होता है तथा स्त्रियों का क्षेत्र दुर्बल होता है तब पति-पत्नी दोनों के अन्य प्रकार से स्वस्थ होने पर भी पुत्र (सन्तान) का अभाव होता है ।।३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बीजबल—मूल श्लोक में प्रयुक्त बीजबल का अर्थ है कि पुरुष के शरीर में अधिक संख्या में स्वस्थ शुक्राणु (Spermetazoa) विद्यमान हों तथा उन्हें स्त्री के गर्भाशय में स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए। पुरुष के जननांग भी स्वस्थ होने चाहिए।

क्षेत्रबल—स्त्रियों के जननांगों (Genitials) को क्षेत्र कहा जाता है। क्षेत्र के अन्तर्गत गर्भाशय (Uterus), योनि (Vagina) डिम्बनलिका (Fallopion tubes), डिम्बग्रंथियाँ (Ovaries) आदि अंग होते हैं। ये सभी अंग स्वस्थ होने चाहिए।

पुरुषजन्मकुण्डल्यां बीजादिबलनिरूपणविधि:

गर्भाधानसमर्थता तरणिना रेतस्सितेनोच्यताम्
तौ चेत्पुंभवनाशगौ च बलिनौ पुंसाम्भवेत्सन्तति: ।

सूर्य से वीर्य की गर्भाधानसमर्थता का विचार करना चाहिए तथा शुक्र से वीर्य की घनता, तरलता आदि का विचार करना चाहिए। यदि ये दोनों ग्रह बलवान् होकर पुरुष राशि तथा उसके नवांश में हों तो जातकों को सन्तति होती है ॥३१/२॥

स्त्रीणां जन्मकुण्डल्यां क्षेत्रबलनिरूपणविधि:

स्त्रीणां रक्तगुणोऽस्त्रजाथ शशिना गर्भस्य सन्धारणा
शक्तस्तौ यदि युग्मगौ च बलिनौ तद्वन्न च व्यत्यये ॥ ४॥

स्त्रियों के मासिकधर्म तथा क्षेत्राणु (Ovum) का विचार मंगल से तथा गर्भधारण शक्ति का विचार चन्द्रमा से करें। यदि ये दोनों सम राशियों में होकर बली हों तो रतिकाल में गर्भस्थिति हो जाती है। यदि ये स्त्री की कुण्डली में विषम राशि (नवांश) में हों तो गर्भाधान नहीं होता है ॥४॥

बीजस्फुटं क्षेत्रस्फुटञ्चाह

जीवाधिष्ठिततारयात घटिका बाणाहृतं राशयो
लभ्यन्ते लवलिप्तिकाश्च विधिवन्नीत्वोभयत्र न्यसेत् ।
नीत्वैवं रविशुक्रभान्वितयमप्येकेन संयोजयेत्,
बीजं तत्क्षितिजेन्दुराशिसहितं क्षेत्रस्फुटं स्यात्परम् ॥ ५॥

गुरु जिस नक्षत्र में बैठा हो उस नक्षत्र की गत घटियों को पाँच से विभाजित करें तो लब्ध राशि तथा शेष को तीस से गुणा कर पुन: ५ का भाग देने से अंश तथा पुन: शेष को ६० से गुणा कर कला निकाल लें, इन्हें दो स्थानों पर रखें।

इसी प्रकार सूर्य एवं शुक्र के नक्षत्र की गत घटी से राश्यादि फल प्राप्त कर एक स्थान पर उसे पूर्वफल में जोड़ दें, यह बीज है। दूसरे स्थान पर मंगल एवं चन्द्रमा के इसी भाँति लाये गये राश्यादि में जोड़ दें, यह क्षेत्र स्फुट होगा ॥५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्टीकरण—एक नक्षत्र का मान कलात्मक रूप से आठ कला होता है। इसे साठ घटी के तुल्य मानकर ग्रहस्पष्ट के अनुसार उस नक्षत्र के जितने अंश-कला बीते हों उसके अनुसार घटी बना लें। यही गुरु आदि ग्रहों के नक्षत्र की गत घटी होंगी। गुरु के राश्यादि स्पष्ट से पूर्व में सोलहवें अध्याय में श्लोक १०२ की व्याख्या में योगिनीदशा के अन्तर्गत जो "गत नक्षत्रस्पष्ट सारिणी" दी गयी है, उससे गुरुनक्षत्र के भुक्त अंशादि जान लें तथा उनके आधार पर नक्षत्रभुक्त के घटी-पल बना लें। नक्षत्र के एक अंश में साढ़े चार घटी (४ घटी ३० पल) तथा एक कला में साढ़े चार पल का अनुपात रहता है। सुविधा के लिए नीचे सारिणी दी जा रही है—

किसी भी ग्रह के नक्षत्र के भुक्तांशों पर घटीज्ञान की सारिणी

एक	दो	तीन	चार	पाँच	छह	सात	आठ	नौ	दस	ग्यारह	बारह	तेरह	**नक्षत्र के गतांश**
४	९	१३	१८	२२	२७	३१	३६	४०	४५	४९	५४	५८	**घटी**
३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	००	३०	**पल**

ग्रह के नक्षत्र की भुक्त कला से घटी-पल-विपल ज्ञान की सारिणी

एक	दो	तीन	चार	पाँच	छह	सात	आठ	नौ	दस	**नक्षत्र की गत कला**
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	**घटी**
४	९	१३	१८	२२	२७	३१	३६	४०	४५	**पल**
३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	**विपल**
ग्यारह	बारह	तेरह	चौदह	पन्द्रह	सोलह	सत्रह	अठारह	उन्नीस	बीस	**नक्षत्र की गत कला**
०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	**घटी**
४९	५४	५८	३	७	१२	१६	२१	२५	३०	**पल**
३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	**विपल**

बीजबलम्

आजराशिषु पुम्भागे स्थिता सद्योगदर्शनात्।
बीजस्य बलवत्त्वं स्याद्दौर्बल्यञ्चेत्तदन्यथा॥ ६॥

यदि पूर्वोक्त विधि से आनीत बीजस्फुट विषम राशि तथा विषम नवांशों में हो तो बीज बलवान् होता है अर्थात् उसमें जनन शक्ति होती है, अन्यथा नहीं होती॥६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षेत्रबलम्

युग्मराशिषु युग्मांशे सित सद्योगदर्शनात्।
क्षेत्रस्य बलवत्वं स्याद् दौर्बल्यं चेत्तदन्यथा।। ७।।

यदि क्षेत्रस्फुट सम राशि सम नवांश में हो तथा उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो क्षेत्र बली होता है अथवा नहीं (क्षेत्र = गर्भाशय) ।।७।।

स्पष्टीकरण—बीजस्फुट का साधन पुरुष की कुण्डली से तथा क्षेत्रस्फुट का साधन स्त्री की कुण्डली से किया जाता है ।

बीजक्षेत्रयोः अशुभस्थितिः

इष्टं सद्ग्रहवर्गसंस्थितिरपि क्षेत्रस्य बीजस्य वा
नेष्टा वर्गगता सतां च फणिनां बाधास्ति राह्वन्वये।
मान्देः प्रेतकृतार्कजस्य दुरितं क्ष्माभूभवो भैरव-
श्चामुण्डाप्रभृतिश्च विघ्नकृदवश्यस्यादिबाधा तथा।। ८।।

यदि क्षेत्रस्फुट तथा बीजस्फुट शुभ ग्रहों के वर्ग में स्थित हों तो शुभ फल होता है। पाप ग्रहों के वर्ग में इन स्फुटों की स्थिति अशुभ होती है ।

उक्त स्फुट यदि राहु से युत-दृष्ट हों तो सर्पबाधा होती है । यदि गुलिक से युत हो तो प्रेतबाधा होती है । यदि शनि की युति-दृष्टि या वर्ग स्फुटों पर हो तो जातक के स्वयं का दुराचरण बाधक होता है । मंगल के वर्ण से भैरव, चामुण्डा आदि सन्तति बाधाकारक होते हैं ।।८।।

क्षेत्रादीनां स्फुटविचारे मतभिन्नता

पुंसाम्बीजं स्त्रियाः क्षेत्रमेवं ग्राह्यं हि जातके।
प्रश्ने तु द्वितयं कालनिर्देशे स्फुटपञ्चकम्।। ९।।
बीजक्षेत्रं विचिन्त्यैवमन्यथाऽन्यैर्विचिन्त्यते।
लिख्यते तत्प्रकारोऽपि सम्पदार्थं विचिन्त्यताम्।। १०।।

जन्मकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार उक्त विधि से क्षेत्रस्फुट तथा बीजस्फुट निकाल कर उनका फल विचार करना चाहिए । प्रश्नकुण्डली में क्षेत्र-बीजस्फुट का गणित जातक से भिन्न प्रकार का है । उसमें पाँच ग्रहों का स्फुट देखा जाता है ।

इस प्रकार बीज तथा क्षेत्र का विचार करें । अन्य आचार्यों ने इनका विचार अन्य भाँति से किया है, उस भिन्न रीति को भी आगे लिखा जा रहा है । उसका विचार भी फल की सुनिश्चितता के लिए करना चाहिए ।।९-१०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मतान्तरेण बीजक्षेत्रयोः स्फुटमाह

पुंसो भानुसितौ शशाङ्करुधिरौ नार्या गुरौ योजयेत्
बीजं क्षेत्रमपि क्रमेण भवतो वीर्यान्विते ते तथा ।
ओजस्त्रीभवनांशकेष्वथ तयोः क्लीबोऽसतां दृग्युती
नेष्टे बीजत आत्मजे परशुभे ते चात्र शेषः शुभः ।। ११।।

पुरुष की कुण्डली में सूर्य, शुक्र तथा गुरु के स्पष्ट योग को बीजस्फुट तथा चन्द्र, मंगल तथा गुरु के स्पष्ट को क्षेत्रस्फुट कहते हैं ।

यदि बीजस्फुट विषम राशि तथा नवांश में हो तथा क्षेत्रस्फुट सम राशि तथा सम नवांश में हो तो वे दोनों बली होते हैं । यदि बीजस्फुट की राशि से पाँचवें तथा क्षेत्रस्फुट की राशि से नौवें स्थान में पाप ग्रह हों तो बीज तथा क्षेत्र निर्बल होते हैं । परन्तु नपुंसक ग्रहों की दृष्टि बीजस्फुट तथा क्षेत्रस्फुट के ऊपर हो तथा उनका नवपंचम होना सन्तान की दृष्टि से शुभकारक नहीं होता है ।।११।।

पक्षान्तरम्

बीजक्षेत्रस्फुटयोरनयोः स्थिततारयोस्तद्घटिकाभ्यां
पञ्चाहृतभादिभवं बीजक्षेत्रन्तदैव पूर्वकृतम् ।। १२।।

बीज तथा क्षेत्र जिन नक्षत्रों में हों उनके गत अंश-कला के आधार पर घटी-पल बना लें तथा उनमें पृथक्-पृथक् पाँच का भाग दें । जो राश्यादि स्फुट प्राप्त होंगे वे भी बीजस्फुट तथा क्षेत्रस्फुट होंगे । यह कुछ विद्वानों का मत है ।।१२।।

(नक्षत्र के भुक्त अंश-कलाओं से घटी-पल बनाने की विधि इसी अध्याय के श्लोक ५ की व्याख्या में देखिये ।)

बीजक्षेत्रयोः फलम्

बीजक्षेत्रे बलोने नहि भवति; भवेत्सन्ततिवीर्यवत्वे,
पञ्चानाञ्चेत्स्फुटानां युतिभवभवनं कण्टके वा त्रिकोणे ।
आद्ये स्याद् वयसां यदि तु पणफरे मध्यभागे वयोऽन्ते
विद्यादापोक्लिमे चेत्खलु सुतजनने कालमेवं नराणाम् ।। १३।।

यदि बीजस्फुट तथा क्षेत्रस्फुट बलहीन हों तो सन्तति नहीं होती है । यदि पाँचों स्फुटों की युति से जो राशि प्राप्त हो वह राशि यदि केन्द्र में हो तो जीवन के प्रारंभिक भाग में सन्तान होती है । त्रिकोण का भी यही फल होता है । यदि पंचस्फुट स्फुटि पणफर (द्वितीय, अष्टम, एकादश) में हों तो जीवन के मध्य भाग में सन्तान प्राप्त होती है । यदि आपोक्लिम (१२-३-६) में हों जीवन के अंतिम भाग में सन्तान उत्पन्न होती है ।।१३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पंचम भाव पणफर होता है तथा नवम भाव आपोक्लिम परंतु ये दोनों त्रिकोण भी होते हैं, अतः इन को छोड़कर ही जीवन के मध्य भाग तथा अन्तिम भाग का फल शेष ३-३ पणफर तथा आपोक्लिम स्थानों में कहना चाहिए ।

पणफर तथा आपोक्लिम विदेशी शब्द नहीं है जैसा कि कुछ लोग अपनी भ्रान्त धारणावश कहते हैं । चारों केन्द्र आत्मस्थान होते हैं, उनके पश्चात् वाले चार स्थान "आत्मानं परः" अथवा आत्मपरः होते हैं । इन्हीं के पालि, प्राकृत तथा अपभ्रंश रूप में "अत्तानं परो" "अप्पाणं परो" "पाणंपरो" तथा "पणपरो" या 'पणपर' या "पणफर" हैं । आत्मा अर्थात् केन्द्र से उत्क्रम (उल्टी गिनती में = पूर्ववर्त्ती) स्थानों का नाम संस्कृत में "आत्मोत्क्रमः" या "आत्मोत्क्रमो" हैं । इनके अपभ्रंश रूप "अत्तोक्कमो" "अप्पोक्लमो" तथा "आपोक्लिम" हैं ।

असम्पूर्णे सति क्षेत्रे बीजदौर्बल्यलक्षणे।
शुभदृष्टौ च सन्तानम्प्रायश्चित्तैर्भविष्यति।। १४।।
एतद्दुर्बलतानिदानमुदितं द्वेधा निजं वा ह्यमी-
त्याद्या पित्तकफादि तत्र सुधियां वाच्याश्चिकित्सादयः।
यज्जन्मान्तरसञ्चितं हि दुरितं जायेत रोगात्मना
तच्छान्तिर्जपदानभेषजमुखैः प्रोक्तं मुनीन्द्रैरिति ।। १५।।

भले ही बीज तथा क्षेत्र दोनों दुर्बल हों परन्तु उन पर यदि शुभ ग्रहों की दृष्टि है तो प्रायश्चित्त, जप, होम, औषधि आदि करने से सन्तान होगी । इस दुर्बलता के कारण निज तथा बाह्य इस प्रकार से दो प्रकार होते हैं । जो विकार वात-पित्त-कफ इन तीनों दोषों की विषमता से होते हैं उन्हें निज कहते हैं । उनके लिए विद्वान् दैवज्ञ को औषधोपचार कहना चाहिए ।

जन्मान्तरों में किये पाप के कारण जो कर्मज बाधाएँ उत्पन्न होती हैं वे बाह्य हैं (इस जन्म से बाह्य) । उनकी शांति जप, होम, दानादि से मुनिजनों ने बतायी है ।।१४-१५।।

रक्षःपिशाचप्रभृतिप्रपीडा शापादिकश्च द्विजदेवतानाम्।
बाह्यं भवेदत्र च युक्तमेवं ज्ञात्वा विधेयं प्रतिकर्म तत्र।। १६।।

भूत, प्रेत, राक्षस, पिशाचादि से जो पीड़ा होती है वे (भी) बाह्य श्रेणी में आती है । द्विज तथा देवताओं का शाप भी बाह्य होता है । इन सब को समझकर उनका उपचार करना चाहिए ।।१६।।

सन्तानग्रहकथनम्

सन्ततिश्चिन्तनीयं स्यादपि सन्तानखेचरैः ।
सम्प्रदायागमः सोऽपि प्रकारोऽथ विलिख्यते ।। १७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

"सन्तानग्रहों" से भी सन्तति के सम्बन्ध में विचार करना चाहिए। विद्वानों का यह भी मत (सम्प्रदाय) है उसे भी यहाँ कहा जा रहा हैं ॥१७॥

इसके पूर्व दो प्रकार (मत-सम्प्रदाय) वर्णित हो चुके हैं।

पञ्चघ्ना विहगाः स्मृता हि युतिभिः सन्तानसंज्ञा रवी-
न्द्वाचार्यान् सह योजयेदिह भवेद् गोमासतारं यदि ।
देहांशप्रभृतीनि वा निधनवैर्यन्तेषु वा त्रिस्फुटं;
यद्वा सन्ततिजीवितो न सुलभस्सन्तानलाभो नृणाम् ॥ १८॥

ग्रहों के राश्यादि को पाँच से गुणा करने पर प्राप्त राश्यादि "सन्तानग्रहस्फुट" कहलाते हैं। इस प्रकार से प्राप्त "सन्तानसूर्य", "सन्तानचन्द्र" तथा "सन्तानगुरु" इन तीनों का योग "सन्तानत्रिस्फुट" कहलाता है। यह सन्तानत्रिस्फुट यदि जातक के जन्म नक्षत्र से गो = तीसरे, मा = पाँचवें तथा सप्त (सातवें) नक्षत्र में हो या जन्मलग्न से ६-८-१२ भावों में हो तो जातक के संतति नहीं होती है। अठासीवें तथा एक सौ आठवाँ चरण भी जन्मकालीन चन्द्रमा से बाधक होता है, उसमें भी यह सन्तानत्रिस्फुट नहीं होना चाहिए। दोनों की कुण्डली से इस प्रकार का योग आने पर सन्तान होना असंभव है। यदि एक की कुण्डली से यह योग बनता हो तथा दूसरे की से नहीं तब उपायों द्वारा सन्तान-प्राप्ति संभव होती है ॥१८॥

सन्ततिमृत्युयोगः

अत्रानिष्टोडुपभं यदि सुतमरणं पुत्रिकाया मृतिः स्यात् ।
स्त्रीसंज्ञश्चेद्वधूनां नहि तनयजनिः केन्द्रगौ चेत्कुजार्कौ ॥ १९॥

यदि 'सन्तानत्रिस्फुट' का अनिष्ट नक्षत्र (तीसरा, पाँचवाँ तथा सातवाँ नक्षत्र जो भी हो) पुरुषसंज्ञक हो तो पुत्र की मृत्यु होती है। यदि यह नक्षत्र स्त्रीसंज्ञक हो तो कन्या की मृत्यु होती है। यदि मंगल तथा शनि केन्द्र में हों तो पुत्रजन्म नहीं होता है ॥१९॥

अथान्यविवाहेन सन्ततियोगाः

स्यादेवात्रोष्णगश्चेद् पुनरुपयमने त्रिस्फुटस्योडुपश्चेत्,
तौ चेत्स्यातां विवाहं पुनरपि च विधेयादिमे स्याद् विवाहे ।
देवेड्यश्चेत् तृतीये भृगुरिह यदि चेत्तुर्यपाणिग्रहे स्यात्
शापे वाच्यः पितॄणां सुतमदनवमे त्रिस्फुटस्यार्कजश्चेत् ॥ २०॥
सन्तानाख्यः फणी चेदिह खलु फणिनां धीमतामेवमूह्यं
प्रायश्चित्तञ्च किञ्चित् स्फुटयुतिभववशात् कीर्त्यते पुत्रलब्ध्यै ॥ २१॥

यदि उक्त त्रिस्फुट से केन्द्र में सन्तानसूर्य हो तो पुत्र होता है। यदि चन्द्र हो तो दूसरी पत्नी से सन्तान उत्पन्न होती है। यदि उक्त त्रिस्फुट से केन्द्र में सूर्य तथा चन्द्र दोनों हों तो दूसरा विवाह होने के उपरान्त पहली भार्या से ही सन्तान उत्पन्न होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि केन्द्र में गुरु हो तब तृतीय विवाह से सन्तान पैदा होती है। शुक्र यदि त्रिस्फुट (सन्तानत्रिस्फुट) से केन्द्र में हो तो चौथे विवाह से सन्तान होती है। यदि त्रिस्फुट से ५-७ भावों में शनि स्थित हो तो पितृशाप से सन्तान में बाधा आती है। यदि राहु इन स्थानों में हो तो सर्पशाप के कारण सन्तति नहीं होती। ऐसा विचार बुद्धिमानों को करके फिर उसके निवारणार्थ कुछ उपाय भी बताना चाहिए ॥२०-२१॥

उपायकथनम्

वस्वाद्यष्टसु दुर्गार्चा गणहोमश्चतुर्ष्वथ।
बलिः सप्तसु सर्पाणां शिष्टे श्रवणभोजनम् ॥ २२॥

यदि उक्त सन्तानत्रिस्फुट धनिष्ठा (वसु) से लगातार आठ नक्षत्रों अर्थात् धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्र, उत्तराभाद्र, रेवती, अश्विनी, भरणी तथा कृत्तिका में हो तो दुर्गापूजन करना चाहिए। आगे के चार (रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु नक्षत्रों में हो तो गणनाथ होम करें। फिर आगे के सात (पुष्य, श्लेषा, मघा, पू.फा., उ.फा., हस्त तथा चित्रा) में "सर्पबलि" करें। अवशिष्ट (स्वाति से श्रवण तक) नक्षत्रों में ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ॥२२॥

अथ वंशविनाशका योगा लिख्यन्ते

पापावेश्मनि भार्गवो मदगतो मेषूरणे चन्द्रमाः
सर्वे पापविहङ्गमा व्ययवपुः पुत्राष्टमस्थानगाः।
क्रूरोऽम्बुन्यसुरेड्यचन्द्रतनयौ कामेऽपि जीवः सुते
योगावाशविनाशदास्तु य इमे शोकांघ्रिभिः कीर्तिताः ॥ २३॥

(क) यदि जन्मकुण्डली में पाप ग्रह चतुर्थ भाव में, शुक्र सातवें भाव में तथा चन्द्रमा मेषूरण (दशमभाव) में हो;

(ख) सभी खलग्रह १२वें, लग्न, पाँचवें तथा आठवें भाव में हों।

(ग) क्रूरग्रह चतुर्थ भाव में, बुध तथा शुक्र सप्तम भाव में तथा गुरु पाँचवें भाव में हों (स्थानहानिकरो गुरुः);

इन तीनों में से यदि एक भी योग कुण्डली में विद्यमान हो तो वंशनाश होता है ॥२३॥

वंशविनाश का अर्थ है कि दत्तक आदि की व्यवस्था न हुई हो, पुत्र के भी पुत्रादि न हों तथा भाई-भतीजे भी न हों तो वंश-नाश कहा जाता है।

अत्र सर्वार्थचिन्तामणौ

पापा विलग्ने सुखगे शशाङ्के लग्नेश्वरे पञ्चमराशियुक्ते।
बलैर्विहीने यदि पुत्रनाथे वंशस्य विच्छेदकरो हि जातः ॥ २४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि पाप ग्रह लग्न में हों, चन्द्रमा चतुर्थ में हो, लग्नेश पंचम भाव में निर्बल होकर बैठा हो तो वंशविच्छेदकारक होता है ॥२४॥

पापग्रहा रिष्फसुताष्टमस्था वंशस्य विच्छेदकरार्थहीनाः ।
निशाकरे लग्नगते स जीवे तत्समे भूमिसुते शनौ वा॥ २५॥
पापग्रहा बन्धुगताश्च सर्वे वंशस्य विच्छेदकरात्र जाताः।
शुभेतरा बन्धुविलग्नरिष्फे वंशस्य विच्छेदकराः सुतेऽब्जे॥ २६॥

यदि पाप ग्रह बारहवें, पाँचवें तथा आठवें हों तो जातक धनहीन होता है तथा उसका वंश विच्छेद होता है । यदि चन्द्रमा तथा गुरु दोनों ही एक साथ लग्न में हों तथा सप्तम में मंगल एवं शनि हों तो भी वही फल होता है । यदि सभी पाप ग्रह चतुर्थ भाव में हों तो भी वंश विच्छेद होता है । यदि पाप ग्रह चतुर्थ, लग्न एवं द्वादश में हों तो भी वंश विच्छेद होता है ॥२५-२६॥

सन्तत्यभावयोगाः

पापेक्षितमीक्षितन्न च शुभैः पुत्रर्क्षमत्र स्थिता-
न्यक्षाण्यप्यखिलाष्टवर्गजनिता न्यूनानि पञ्चाशतः।
गोपूर्वाः समराशयस्सुतगता जीवोडुपो वात्रगः
स्याच्चेद्दोषचतुष्कमेतदुदितः सन्तत्यभावो दृढम्॥ २७॥
सन्तानप्रतिबन्धमाहुरुदरव्याधिम्बुधा योषितो
दोषः कश्चन चेदुभौ यदि भवेद्दुर्देवतापीडनम्।
दोषेष्वेषु यदीह यत्तदुभयं हेतुः सुतासम्भवे
कार्यं तत्प्रतिसंविधानमुचितं सन्तानसंसिद्धये॥ २८॥

(१) यदि पुत्रर्क्ष (पंचम भाव) पाप ग्रहों से दृष्ट हो तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट न हो;

(२) यदि सर्वाष्टक वर्ग में पंचम भाव में शुभ फल (रेखा या बिन्दु) की संख्या पचास से न्यून हो;

(३) यदि पंचम भाव में वृषादि सम राशियाँ हों;

(४) अथवा यदि पंचम भाव में गुरु का नक्षत्र (गुरु के द्वारा अधिष्ठित नक्षत्र का स्वामी विंशोत्तरी के अनुसार) बैठा हो तो इस दोषचतुष्क में सन्तान का अभाव होता है ॥२७॥

मान लीजिए—जन्मकाल में गुरु चित्रा नक्षत्र में है, अब यदि चित्रा का स्वामी मंगल पंचम भाव में हो तो सन्तान के अभाव का सूचक होगा ।

स्त्री के उदर (गर्भाशय) विकार को विद्वानों ने सन्तान का प्रतिबन्धक बताया है तथा इसके साथ दुष्ट देवताओं की पीड़ा भी सन्तानप्रतिबन्धक होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि इन (छह) दोषों में दो दोष हों तो संतान-प्राप्ति हेतु उपाय करने पर कन्या की प्राप्ति हो सकती है। परन्तु यदि तीन दोष एक साथ उपस्थित हों तो सन्तान की प्राप्ति नहीं होती है तथा उपाय सफल नहीं होता है ॥२८॥

पुत्राभावयोगाः

लग्नेशात्मजनाथजीवमदपास्सर्वेऽधिकं दुर्बलाः
सौम्या दृष्टमसन्द्युतं च सुतभं चन्द्राङ्गिरो वर्ष्मणाम्।
सौम्यादृष्टमसद्ग्रहञ्च सुतभं दृष्टैः बलिष्ठैः खरैः
सोऽपुत्रः पुरुषो भवेद् ध्रुवमिदं यस्यास्ति योगत्रयम्॥ २९॥
पापान्विते पञ्चमभे तदीशे नीचोपगे सद्भिरवीक्षिते च।
एकस्थयोः शुक्रशशाङ्कयोर्वा भौमे मदस्थे न भवेदपत्यम्॥ ३०॥
क्षीणेन्दुः पञ्चमे पापाः सप्तमोदयलग्नगाः।
यस्य सोऽयमपुत्रः स्यादभार्यश्च न संशयः॥ ३१॥

निम्न योगों में एक भी रहने पर पुत्र नहीं होता है।

(१) लग्नेश, पञ्चमेश, गुरु तथा सप्तमेश ये चारों ग्रह बलहीन हों;

(२) लग्न से पञ्चम भाव का स्वामी, चन्द्रमा तथा गुरु ये तीनों ग्रह पापग्रहों से युक्त तथा शुभ ग्रहों की दृष्टि से युक्त हों;

(३) पञ्चम भाव में पाप ग्रह बैठे हों, उन पर बली पाप ग्रहों की दृष्टि हों तथा शुभ ग्रहों की दृष्टि न हों ॥२९॥

यदि पंचम भाव में पाप ग्रह बैठे हों या नीच राशि में स्थित पंचमेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि का अभाव हो, शुक्र-चन्द्र की युति हो या मंगल सप्तम में हो तो पुत्र का अभाव होता है ॥३०॥

जब क्षीण चन्द्रमा पंचम भाव में हो तथा सप्तम भाव एवं लग्न में पाप ग्रह बैठे हों तो ऐसा जातक पत्नी एवं पुत्र से रहित होता है ॥३१॥

अत्र सम्प्रदायान्तरमस्ति, तल्लिख्यते

भार्यापुत्रविलग्नजन्मपतयो वाचस्पतिश्चाबलाः,
पञ्चैते यमकण्टकश्च मृतिरिःफारातिराशिस्थिताः।
पापेक्षान्वयवच्च पुत्रभवनं योगश्च षण्ढाह्वयं
कृष्णाष्टम्युपरि स्थिता सुततिथिर्जीवाष्टवर्गो गुरुः॥ ३२॥
एते दोषा इह खलु गुणा दारनाथादिकानां
प्राबल्यं च स्थितिरभिमते लाभकेन्द्रादिराशौ।
सद्योगेक्षा तनयभवने पुत्रयोगोऽष्टवर्गो,
जीवस्येष्टस्तनयतिथयोऽप्यच्छपक्षे तथाऽस्मिन्॥ ३३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एतेषु दोषेष्वखिलेषु सत्सु
ध्रुवन्न दत्तोऽपि भवेत्तनूजः ।
कृतेऽपि सत्कर्मणि सत्क्रिया स्यात्
गुणेषु दोषेषु च मिश्रितेषु ।। ३४।।

यदि सप्तमेश, पञ्चमेश, लग्नेश, जन्मचन्द्रेश तथा गुरु इन पाँचों की निर्बलता हों तथा पाँचों एवं छठा यमकण्टक अष्टम भाव, द्वादश, षष्ठ भावों में स्थित हों; पंचम भाव पर पाप ग्रहों की दृष्टि हों या युति हों, नपुंसकता के योग विद्यमान हों, सन्तानतिथि की गणना में कृष्णाष्टमी के पश्चात् की तिथि हो, जीवाष्टक वर्ग में पापी ग्रहों का प्रभाव हों— ये सब योग सन्तानप्रश्न में दोष माने गये हैं ।

यदि सप्तमेश बली हो, साथ ही पंचमेश, गुरु, जन्मलग्नेश, जन्मराशिपति बली हों; इनकी स्थिति एकादश तथा केन्द्र स्थानों में हों, पञ्चम भाव पर शुभ दृष्टि या युति हो, गुरु के अष्टकवर्ग में शुभ फल (रेखा/बिन्दु) की अधिकता हो, सन्तानतिथि शुक्ल पक्ष में हो—ये सब सन्ततिप्रश्न के गुण हैं ।

यदि जन्मकुण्डली में दोषों की अधिक मात्रा होने पर सन्तति जन्म की तो बात ही क्या दत्तक पुत्र भी संभव नहीं होता है । यदि गुण तथा दोषों की तुल्यता हो तो धार्मिक अनुष्ठान तथा औषधोपचारादि उपायों से संतति का होना संभव होता है ।। ३२-३४।।

आप्तोपदेशकथनम्

सन्तानस्तिथिभिश्चिन्त्यं सन्तानमपि जातके ।
इत्याप्तवचनेनात्र तत्प्रकारोऽपि लिख्यते ।। ३५।।

जातकशास्त्र में भी सन्तान के विचार के लिए सन्तानतिथि का निर्देश किया गया है, ऐसा आप्तजनों का कथन है । उसे भी यहाँ लिखा जा रहा है ।।३५।।

सन्तानतिथिसाधनं तत्फलञ्च

मार्तण्डोदयतोऽशुमाननुगृहं मेषान्ततो वामतः
पञ्चाशद्विघटीभिरत्र विचरेच्चापार्धतोऽनुक्रमात् ।
चन्द्रस्तत्त्वविनाडिकात्मभमुभौ भागादिकांश्चानयेत्
भूयः पञ्चभिरभ्यसेत् पुनरिमौ षष्ठ्यादिनारोपयेत् ।। ३६ ।।
एवं सन्ततिभानुशीतकिरणावानीय हित्वा रविं,
शीतांशोः पुनरत्र शुक्लतिथयः पुत्रान्विताः कीर्तिताः ।
पुत्रोनास्तिथयस्सिते तनुभवाद्दत्तादि पुत्रोद्भवं,
तत्रादौ तु विनिर्दिशेज्जननतः प्रश्नेन वा पृच्छताम् ।। ३७।।

सूर्य मेष राशि के अन्त (अर्थात् वृष के प्रारंभ से) सूर्योदय से पचास-पचास विघटी (पल) के अनुपात से प्रति राशि उल्टे क्रम से घूमता है । तात्पर्य यह है कि सूर्योदय से अहोरात्र (साठ घटी या चौबीस घण्टे) में ७२ राशियों में भ्रमण कर लेता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रमा धनुराशि के अर्ध से (पन्द्रह अंश के पश्चात् से) प्रत्येक २५-२५ विनाडी (पल) के अनुपात से सीधे क्रम से राशियों में भ्रमण करता हुआ माना जाता है। अर्थात् प्रत्येक पच्चीस पल में एक राशि भ्रमण करता है। इस प्रकार से सूर्य-चन्द्रमा के राशि-अंशों का आनयन करना चाहिए (ध्यान रहें, ये सूर्य-चन्द्रमा फलित के लिए काल्पनिक हैं। इनका आकाश में कोई अस्तित्व नहीं है)।

इस प्रकार साधन किये गये सूर्य तथा चन्द्रमा को पृथक्-पृथक् पाँच से गुणा करके साठ से भाग देना चाहिए। इस प्रकार से जो सूर्य-चन्द्र साधित होंगे वे सन्तानसूर्य तथा सन्तानचंद्र होंगे। सन्तान चन्द्र में से सन्तानसूर्य को घटा कर जो अन्तर आवे वह यदि शुक्ल पक्ष की तिथियों में हो तो पुत्रप्राप्ति होती है। यदि उक्त अन्तर से कृष्ण पक्ष की तिथि प्राप्त हो तो दत्तकादि पुत्र की व्यवस्था करनी पड़ती है। इस विधि से जन्मकुण्डली तथा प्रश्नकाल से उत्तर देना चाहिए ॥३६-३७॥

सारिणी द्वारा सन्तानसूर्य स्पष्ट करना—इष्टकाल की घटी जितनी हों उनका फल "इष्टघटी पर से सन्तानसूर्य स्पष्ट की सारिणी क्रमांक १ में से प्राप्त करें। जो फल राशि अंश में प्राप्त हो उसमें से इष्ट के पलों द्वारा सारिणी क्रमांक दो से प्राप्त फल घटा देने से सन्तानसूर्य स्पष्ट होता है।

इष्ट घटी के आधार पर सन्तानसूर्यस्पष्ट की सारिणी
क्रमांक - १ (श्लोक ३६-३७ के अनुसार)

इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश
शून्य	१	०	चौदह	८	६	अट्ठाईस	३	१२
एक	११	१०	पन्द्रह	७	०	उनतीस	२	६
दो	१०	१८	सोलह	५	२४	तीस	१	०
तीन	९	१२	सत्रह	४	१८	इकतीस	११	२४
चार	८	६	अठारह	३	१२	बत्तीस	१०	१८
पाँच	७	०	उन्नीस	२	६	तैंतीस	९	१२
छह	५	२४	बीस	१	०	चौंतीस	८	६
सात	४	१८	इक्कीस	११	२४	पैंतीस	७	०
आठ	३	१२	बाईस	१०	१८	छत्तीस	५	२४
नौ	२	६	तेईस	९	१२	सैंतीस	४	१८
दस	१	०	चौबीस	८	६	अड़तीस	३	१२
ग्यारह	११	२४	पच्चीस	७	०	उन्तालीस	२	६
बारह	१०	१८	छब्बीस	५	२४	चालीस	१	०
तेरह	९	१२	सत्ताईस	४	१८	इकतालीस	११	२४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश
बयालीस	१०	१८	उनचास	२	६	छप्पन	५	२४
तैंतालीस	९	१२	पचास	१	०	सत्तावन	४	१८
चौवालीस	८	६	इक्यावन	११	२४	अट्ठावन	३	१२
पैंतालीस	७	०	बावन	१०	१८	उनसठ	२	६
छियालीस	५	२४	तिरपन	९	१२	साठ	१	०
सैंतालीस	४	१८	चौवन	८	६			
अड़तालीस	३	१२	पचपन	७	०			

इष्ट के पलों के आधार पर सन्तानसूर्यस्पष्ट सारिणी क्र. २
(श्लोक ३६-३७ के अनुसार)

इष्ट के पल	रा.	अं.	क.	इष्ट के पल	रा.	अं.	क.	इष्ट के पल	रा.	अं.	क.
१	०	०	३६	२१	०	१२	३६	४१	०	२४	३६
२	०	१	१२	२२	०	१३	१२	४२	०	२५	१२
३	०	१	४८	२३	०	१३	४८	४३	०	२५	४८
४	०	२	२४	२४	०	१४	२४	४४	०	२६	२४
५	०	३	०	२५	०	१५	०	४५	०	२७	०
६	०	३	३६	२६	०	१५	३६	४६	०	२७	३६
७	०	४	१२	२७	०	१६	१२	४७	०	२८	१२
८	०	४	४८	२८	०	१६	४८	४८	०	२८	४८
९	०	५	२४	२९	०	१७	२४	४९	०	२९	२४
१०	०	६	०	३०	०	१८	०	५०	१	०	०
११	०	६	३६	३१	०	१८	३६	५१	१	०	३६
१२	०	७	१२	३२	०	१९	१२	५२	१	१	१२
१३	०	७	४८	३३	०	१९	४८	५३	१	१	४८
१४	०	८	२४	३४	०	२०	२४	५४	१	२	२४
१५	०	९	०	३५	०	२१	०	५५	१	३	०
१६	०	९	३६	३६	०	२१	३६	५६	१	३	३६
१७	०	१०	१२	३७	०	२२	१२	५७	१	४	१२
१८	०	१०	४८	३८	०	२२	४८	५८	१	४	४८
१९	०	११	२४	३९	०	२३	२४	५९	१	५	२४
२०	०	१२	०	४०	०	२४	०	६०	१	६	०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सारिणी द्वारा सन्तानसूर्यस्पष्ट का उदाहरण—मान लीजिये—अभीष्ट दिन का इष्ट काल २४ घटी १६ पल है। अत: हमनेसन्तानसूर्यस्पष्ट सारिणी क्रमांक -१ में चौबीस घटी के नीचे फल देखा तो राश्यादि ८।६°।०'।०'' फल मिला। फिर १६ पलों का फल सारिणी क्रमांक २ में देखा तो राश्यादि ०।९°।३६'।० प्राप्त हुआ। इसे सूर्य के वामत: (उत्क्रम = उल्टे) चलने से पूर्व के राश्यादि फल ८।६°।०'।०'' में घटा दिया तो शेष राश्यादि ७।२६°।२४'।०'' प्राप्त हुआ। यही सन्तानसूर्य है।

सारिणी द्वारा सन्तानचन्द्र स्पष्ट करना—इष्ट की जो घटी हो उनका फल सन्तान-चन्द्रस्पष्ट सारिणी क्र. १ में देखें, फिर पलों का फल सारिणी क्रमांक २ में देख कर पूर्व के फल में जोड़ दें तो सन्तानचन्द्र प्राप्त होगा।

इष्ट घटी के आधार पर सन्तानचन्द्रस्पष्ट सारिणी क्रमांक १ (श्लोक ३६-३७ के अनुसार)

इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश	इष्ट घटी	राशि	अंश
शून्य	८	१०	बाईस	१	९	चौवालीस	६	३
एक	१०	२७	तेईस	३	२१	पैंतालीस	८	१५
दो	१	१	चौबीस	६	३	छियालीस	१०	२७
तीन	३	२१	पच्चीस	८	१५	सैंतालीस	१	९
चार	६	३	छब्बीस	१०	२७	अड़तालीस	३	२१
पाँच	८	१५	सत्ताईस	१	९	उन्चास	६	३
छह	१०	२७	अट्ठाईस	३	२१	पचास	८	१५
सात	१	९	उन्तीस	६	३	इक्यावन	१०	२७
आठ	३	२१	तीस	८	१५	बावन	१	९
नौ	६	३	इकतीस	१०	२७	तिरपन	३	२१
दस	८	१५	बत्तीस	१	९	चौवन	६	३
ग्यारह	१०	२७	तैंतीस	३	२१	पचपन	८	१५
बारह	१	९	चौंतीस	६	३	छप्पन	१०	२७
तेरह	३	२१	पैंतीस	८	१५	सत्तावन	१	९
चौदह	६	३	छत्तीस	१०	२७	अट्ठावन	३	२१
पन्द्रह	८	१५	सैंतीस	१	९	उनसठ	३	२१
सोलह	१०	२७	अड़तीस	३	२१	साठ	८	१५
सत्रह	१	९	उन्तालीस	६	३			
अट्ठारह	३	२१	चालीस	८	१५			
उन्नीस	६	३	इक्तालीस	१०	२७			
बीस	८	१५	बयालीस	१	९			
इक्कीस	१०	२७	तैंतालीस	३	२१			

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सन्तानचन्द्रस्पष्ट का उदाहरण—पूर्व में सन्तानसूर्य के स्पष्ट में इष्टकाल (सूर्योदय से) २४ घटी १६ पल है, अत: चौबीस घटी के नीचे "सन्तानचन्द्रस्पष्ट सरिणी क्र. १" में राश्यादि ०।१४°।२४' प्राप्त हुए। इनमें सारिणी क्रमांक २ में १६ पल के नीचे दिया राश्यादि ०।१९°।१२' को जोड़ दिया तो योग राश्यादि १।३°।३६' हुआ। यही सन्तान चन्द्र है। चन्द्रमा अनुलोम चलता है अत: जोड़ना पड़ा।

सारिणी से निकालना अत्यन्त सरल है।

सन्तानतिथि का उदाहरण—यहाँ उदाहरण में स्पष्ट सन्तानचन्द्र राश्यादि १।३°।३६' में से स्पष्ट सन्तानसूर्य के राश्यादि ७।२६।२४ को घटाया तो राश्यादि ५।७°।१२' शेष रहें। इन्हें तिथिसारिणी में देखा तो राश्यादि ५।६° तक शुक्ल त्रयोदशी समाप्त हुई। उसके उपरान्त सप्तमी है जो राश्यादि ५।१८° तक है, अत: सन्तानतिथि शुक्ल चतुर्दशी है।

इष्ट पल के आधार पर चन्द्रस्पष्ट सारिणी क्र. २ (श्लोक ३६–३७ के अनुसार)

इष्ट के पल	रा.	अं.	क.	इष्ट के पल	रा.	अं.	क.	इष्ट के पल	रा.	अं.	क.
१	०	१	१२	२१	०	२५	१२	४१	१	१९	१२
२	०	२	२४	२२	०	२६	२४	४२	१	२०	२४
३	०	३	३६	२३	०	२७	३६	४३	१	२१	३६
४	०	४	४८	२४	०	२८	४८	४४	१	२२	४८
५	०	६	०	२५	१	०	०	४५	१	२४	०
६	०	७	१२	२६	१	१	१२	४६	१	२५	१२
७	०	८	२४	२७	१	२	२४	४७	१	२६	२४
८	०	९	३६	२८	१	३	३६	४८	१	२७	३६
९	०	१०	४८	२९	१	४	४८	४९	१	२८	४८
१०	०	१२	०	३०	१	६	०	५०	२	०	०
११	०	१३	१२	३१	१	७	१२	५१	२	१	१२
१२	०	१४	२४	३२	१	८	२४	५२	२	२	२४
१३	०	१५	३६	३३	१	९	३६	५३	२	३	३६
१४	०	१६	४८	३४	१	१०	४८	५४	२	४	४८
१५	०	१८	०	३५	१	१२	०	५५	२	६	०
१६	०	१९	१२	३६	१	१३	१२	५६	२	७	१२
१७	०	२०	२४	३७	१	१४	२४	५७	२	८	२४
१८	०	२१	३६	३८	१	१५	३६	५८	२	९	३६
१९	०	२२	४८	३९	१	१६	४८	५९	२	१०	४८
२०	०	२४	०	४०	१	१८	०	६०	२	१२	०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रस्पष्ट-सूर्यस्पष्ट के शेष राश्यादि से तिथि ज्ञान की सारिणी

चन्द्र में सूर्य घटाने पर अन्तर		तिथि-पक्ष	तक		तिथि-पक्ष	तक		तिथि-पक्ष
राशि	अंश		राशि	अंश		राशि	अंश	
०	१२	प्रतिपदा शुक्ल	४	१२	एकादशी शुक्ल	८	१२	षष्ठी कृष्ण
०	२४	द्वितीया शुक्ल	४	२४	द्वादशी शुक्ल	८	२४	सप्तमी कृष्ण
१	६	तृतीया शुक्ल	५	६	त्रयोदशी शुक्ल	९	६	अष्टमी कृष्ण
१	८	चतुर्थी शुक्ल	५	१८	चतुर्दशी शुक्ल	९	१८	नवमी कृष्ण
२	०	पंचमी शुक्ल	६	०	पूर्णिमा शुक्ल	१०	०	दशमी कृष्ण
२	१२	षष्ठी शुक्ल	६	१२	प्रतिपदा कृष्ण	१०	१२	एकादशी कृष्ण
२	२४	सप्तमी शुक्ल	६	२४	द्वितीया कृष्ण	१०	२४	द्वादशी कृष्ण
३	६	अष्टमी शुक्ल	७	६	तृतीया कृष्ण	११	६	त्रयोदशी कृष्ण
३	१८	नवमी शुक्ल	७	१८	चतुर्थी कृष्ण	११	१८	चतुर्दशी कृष्ण
४	०	दशमी शुक्ल	८	०	पंचमी कृष्ण	०	०	अमावास्या

सन्ततिमुखावलोकनपूर्वैव जनकस्य मृत्युः

क्षीणेन्दौ लग्नसंस्थे रविहतकिरणे मन्दवेशमस्थ आर्ये
पापैर्युक्ते त्रिकोणे मरणमिह भवेदात्मजालोकनात्प्राक्।
सौम्ये दायादसंस्थे सुहृदि वपुषि वा चापयुक्ते च पापैः
धर्मापत्योपयातैर्भवति हि तनयालोकनं नानुभूतिः॥ ३८॥

यदि लग्न में क्षीण चन्द्रमा हो, बृहस्पति शनि की राशि में सूर्यसान्निध्य में हो तथा पाप ग्रह त्रिकोण में हों तो व्यक्ति पुत्र का मुख देखने से पूर्व ही दिवंगत हो जाता है।

यदि बुध पंचम भाव में बैठा हो, चतुर्थ भाव तथा लग्न में धनु राशि में पाप ग्रह हों अथवा पंचम एवं नवम भाव में अशुभ ग्रह बैठे हों तो पुत्र होने के तुरन्त बाद थोड़े ही समय में पिता की मृत्यु हो जाती है ॥३८॥

वृद्धावस्थायां पुत्रयोगः

भौमो लग्नगतश्शशी निधनगः सूर्योऽल्पपुत्रर्क्षगो
रन्ध्रेज्यो व्ययगोऽसृगंशे इनभूरल्पात्मजं पञ्चमम्।
पापाढ्यं गुरुपञ्चमं बहुखगं लग्नं शशी लाभगो
नृणामन्त्यवयस्यमी तनयदा योगाः स्युरेते त्रयः॥ ३९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(क) यदि लग्न में मंगल हो, अष्टम भाव में चन्द्रमा हो तथा सूर्य अल्पप्रजा राशियों में से किसी में (वृष, सिंह, कन्या, वृश्चिक) में बैठा हो;

(ख) यदि अष्टम भाव में गुरु हो, द्वादश भाव में मंगल के नवांश में इनभू (शनि) बैठा हो तथा पञ्चम भाव में अल्पप्रजा राशि हो;

(ग) गुरु से पाँचवें भाव में पाप ग्रह बैठे हों, लग्न में अनेक ग्रह बैठे हों तथा चन्द्रमा लाभस्थान में हो;

ये तीनों योग जातकों को वृद्धावस्था में पुत्र देने वाले कहे जाते हैं ।।३९।।

अत्र सर्वार्थचिन्तामणि:

क्षीणे शशाङ्के तनुभावयुक्ते मौढ्यान्विते मन्दगृहे सुरेड्ये ।
त्रिकोणगैः पापखगैश्च सर्वैः प्रागेव पुत्रस्य सुखस्य नाशः ।। ४० ।।
चन्द्रात्मजे पञ्चमराशियुक्ते लग्ने सुखे वा यदि पापयुक्ते ।
शुभेतरैः पञ्चमभावयुक्तैर्न दृश्यते पुत्रमुखं हि तेन ।। ४१ ।।

यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में बैठा हो तथा शनि की राशि (मकर-कुंभ) का गुरु अस्त हो, पाप ग्रह त्रिकोण में हों तो जीवन में पुत्रमुख देखने को नहीं मिलता ।।४०।।

बुध पञ्चम भाव में हो तथा लग्न में अथवा चतुर्थ में पाप ग्रह हों या पंचम तथा नवम भाव में पापग्रह हों तो व्यक्ति पुत्र का सुख या मुख नहीं देखता है ।।४१।।

पुत्रमरणलक्षणम्

पापाः पञ्चमगाः विना स्वभवनं वीर्यान्वितैः सद्ग्रहै-
र्नो दृष्टास्सुतमृत्युदाः किमु पुनः रन्ध्राधिपाश्चेदमी ।
जातं जातमसृङ् निहन्ति तनयं जीवेक्षितस्त्वादिमम्;
भेदो भूमिभुवो यमेन झषगः पुत्रे गुरुः पुत्रहा ।। ४२ ।।

(क) यदि पाप ग्रह पंचम भाव में स्वराशि को छोड़कर अन्य राशि में हों तथा उन पर बली शुभ ग्रहों की दृष्टि न हों तो सन्तति की मृत्यु करते हैं । (ख) यदि वे पाप ग्रह अष्टमेश आदि हों तो फिर उनके बुरे फल को बताना ही क्या अर्थात् अष्टमेश की हानिकारक क्षमता और अधिक ही होगी । (ग) यदि अष्टमेश होकर मंगल पंचम में बैठा हो तो सभी बालक उत्पन्न होते ही मरते चले जाते हैं, परन्तु यदि ऐसे मंगल पर गुरु की दृष्टि हो तो प्रथम जन्मने वाला बालक मर जायेगा । यदि पंचम भाव में मीन राशि हो तथा उसमें गुरु बैठा हो और वह शनि से दृष्ट हो तो ऐसा गुरु पुत्रहानि करता है ।।४२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्रापि सर्वार्थचिन्तामणिः

क्रूरांशे पुत्रभावेशे नीचमूढसमन्विते।
पापैर्दृष्टेऽथवा दुःस्थे पुत्रनाशं वदेत्तदा।। ४३।।
व्ययेशसंयुतांशेशत्र्यंशनाथसमन्विते ।
दृष्टे पुत्रेश्वरे तेन पुत्रार्तिं कथयन्ति हि।। ४४।।
पुत्रास्थानाधिपे दुःस्थे क्रूरषष्ट्यंशसंयुते।
क्रूरग्रहेण वा दृष्टे पुत्रनाशं वदेत्तदा ।। ४५।।

यदि पंचमेश क्रूरनवांश में नीच अथवा अस्तंगत हो, पाप ग्रहों से दृष्ट अथवा दुःस्थान में हो तो पुत्रनाश कहना चाहिए ।।४३।।

व्ययेश जिस नवांश में हो उसका स्वामी जिस द्रेष्काण में हो तथा पञ्चमेश जिस द्रेष्काण में स्थित हो उसी द्रेष्काण में पंचमेश भी स्थित हो तो पुत्र को पीड़ा होती है ।।४४।।

यदि पंचमेश दुःस्थान (६-८-१२) में हो तथा क्रूर षष्ट्यंश में बैठा हो अथवा क्रूर ग्रहों से दृष्ट हो तो पुत्रनाश होता है ।।४५।।

अथ दत्तलक्षणम्

सन्तानार्यविलग्नयोः प्रथितयोरप्येनयोः पञ्चमं;
क्षेत्रं मन्दविदोर्यदीक्षितयुतं ताभ्यां शशाङ्केन वा ।
दत्तः स्यात्तनयोऽत्र पञ्चममपि वीर्यान्वितं चेत् पुन-
र्जायितापि सुतोऽत्र बाणनिहतः सन्तानलग्नं भवेत् ।। ४६।।

यदि सन्तानलग्न तथा सन्तानगुरु शनि-बुध की राशियों में हों अथवा शनि, बुध तथा चन्द्र से युत अथवा दृष्ट हों तो दत्तक पुत्र प्राप्त होता है ।

यदि पंचम भाव बलवान् हो तो उपर्युक्त ग्रह स्थित होने पर दत्तक ग्रहण के उपरान्त जातक के पुत्र उत्पन्न होता है ।

लग्नस्पष्ट को पाँच से गुणा करने पर सन्तानलग्न होता है ।।४६।।

मन्दांशे पुत्रनाथे बुधशनिसहिते दत्तपुत्रो नृणां स्यात्
मन्दांशस्थे सुतेशे भृगुसुतधिषणौ स्वर्क्षगौ चेत्तदानीम् ।
यत्ने दत्तात्मजः स्यात्तनयजनिरथो देवपूज्याष्टवर्गे;
तत्पुत्रे मन्दभांशस्थितफलबहुता चाऽपि दत्तात्मजाप्त्यै ।। ४७।।

(क) यदि जन्मकुण्डली में शनि के नवांश में पंचमेश बैठा हो तथा बुध एवं शनि के साथ हो तो जातक के दत्तक पुत्र होता है । (ख) यदि पंचमेश शनि के नवांश में हो,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्र एवं गुरु स्वराशिगत हों तब प्रयास करने पर दत्तक पुत्र होता है । (ग) यदि पंचम भाव में गुरु के अष्टक वर्ग में शुभ फल की अधिकता हो तो पुत्र जन्म होता है । (घ) यदि गुरु शनि के नवांश में हो तो दत्तक पुत्र होता है ॥४७॥

सद्ग्रहः पूर्णवीर्योऽपि पुत्रस्थानगतो भवेत्।
न चेत्स पुत्रनाथेन दृष्टो दत्तसुतप्रदः ॥ ४८॥

यदि बल से परिपूर्ण ग्रह पञ्चम भाव में बैठा हो परन्तु उस पर पञ्चमेश की दृष्टि न हो तो वह भी दत्तक पुत्र देने वाला होता है ॥४८॥

अथ पुत्रस्थानगताः केचिद् विशेषा उच्यन्ते

सौरः कर्कटके सुते यदि गतः पुत्रा भवेयुर्नृणां
शुक्राऽर्कावनिजास्सुतान् विदधते तद्वद् द्विभार्यावताम्।
इन्द्वीड्यौ बहुकन्यका जनयतः पुत्रानतोऽल्पान् बुधः;
स्वल्पापत्यकरः स्मृतः शशिगृहेऽप्येवं विशेषाः स्मृताः ॥ ४९॥

जब शनि कर्क राशि में होकर पंचम भाव में बैठा हो (यह योग केवल मीन लग्न में ही बनेगा) तो जातक के अनेक पुत्र होते हैं । यदि पंचम भाव में कर्क राशि में शुक्र, सूर्य मंगल बैठे हों तो जिन जातकों के दो भार्या होती हैं उनके पुत्र उत्पन्न होते हैं ।

सामान्य रूप में इस स्थान में चन्द्रमा तथा गुरु पुत्र कम परन्तु कन्या अधिक उत्पन्न करते हैं । यदि पंचम में कर्क में बुध हो तो कठिनाई से पुत्र उत्पन्न होता है । कर्क राशि यदि पंचम में हो तो यह विशेष फल होता है ॥४९॥

पापाः पञ्चमगाः स्वभे यदि सुतान्कुर्वन्ति पुत्रक्षतिं
सौम्याः स्वर्क्षगताः सुतेऽलिहरिगो कन्याश्च पुत्राल्पताम्।
गोकन्याहरिवृश्चिकेष्वपि शशी तद्वत् सुतेऽन्यत्र वा
कन्यायां हिमगौ सुते च हिबुके कन्याबहुत्वं वदेत् ॥ ५०॥

यदि पञ्चम भाव में पाप ग्रह स्वक्षेत्री हो तो पुत्र जन्मने के बाद मर जाते हैं । यदि शुभ ग्रह स्वक्षेत्री होकर पंचम भाव में बैठें तो शुभ फल देते हैं । यदि पंचम भाव में वृष, सिंह, कन्या तथा वृश्चिक राशि हों तो पुत्र अल्प होते हैं । यदि चन्द्रमा वृष, सिंह, कन्या, वृश्चिक में हो तो पुत्र कम होते हैं । यदि चतुर्थ या पंचम भाव में कन्या राशि हो और उसमें चन्द्रमा बैठा हो (यह योग केवल वृष तथा मिथुन लग्नों में ही बनेगा) तो कन्या अधिक पैदा होंगी ॥५०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ओजर्क्षेषु तदंशके हिमकरः पुत्रोऽर्कदृष्टो यदा
पुत्रः सिद्धिकरस्सुते मदपतिः स्त्रीपुत्रहा दुर्बलः।
भार्येशो बलवान् सुते सुतकरः पुत्रेश्वरश्चास्तभे
लग्नेशोऽपि शुभप्रदश्च सुतभे सौम्यादृते केन च ।। ५१।।

(क) यदि चन्द्रमा विषम राशि में तथा विषम नवांश में हो तथा पञ्चम भाव पर सूर्य की दृष्टि हो तो पुत्र उत्पन्न होता है ।

(ख) यदि पंचम भाव में सप्तमेश दुर्बल होकर बैठे तो स्त्री-पुत्रों की हानि करता है ।

(ग) यदि सप्तमेश बली होकर पंचम भाव में बैठा हो तो पुत्रप्रद होता है ।

(घ) यदि पंचमेश सप्तम भाव में हो तो भी पुत्रकारक होता है ।

(ङ) यदि लग्नेश पंचम भाव में हो तो भी शुभ फल देता है ।

परन्तु लग्नेश यदि बुध हो और पंचम भाव में बैठा हो तो पुत्र नहीं देता है ।।५१।।

वर्गे शशाङ्कसितयोः सुतगे समर्क्षे
ताभ्याञ्च दृष्टिसहिते सति कन्यकाः स्युः।। ५२।।

जब पञ्चम भाव में समराशि हो तथा उसमें चन्द्रमा एवं शुक्र का वर्ग हो तथा इनकी दृष्टि हों तो कन्याएँ उत्पन्न होती हैं ।।५२।।

अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः

पुंगृहे पुंग्रहं प्राप्ते पुंभागे पुत्रनायके।
सुपुत्रजननं विद्यात् प्रथमं नात्र संशयः।। ५३।।
स्त्रीराशौ स्त्रीग्रहप्राप्ते स्त्रीभागे पुत्रनायके।
दारिकाप्रसवं विद्यात् षण्ढांशे षण्ढमादिशेत् ।। ५४।।

जब पंचम भाव में पुरुष राशि, पुरुष ग्रह हों तथा पंचमेश पुरुषनवांश (विषमनवांश) में हो तो पुत्र ही उत्पन्न होता है । इसमें सन्देह नहीं ।।५३।।

यदि पंचम भाव में स्त्रीराशि (समराशि) में स्त्रीग्रह बैठा हो तथा पंचमेश समनवांश (स्त्रीभाग) में हो तो कन्या उत्पन्न होती है । परन्तु यदि पंचमेश षण्ढराशिनवांश (मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ) में हो तो नपुंसक का जन्म होता है ।।५४।।

अथ पुत्रसम्पल्लक्षणम्

अत्रानुष्ठानपद्धतिः

स्वालयसंस्थे पापे पञ्चमगे पुत्रसम्पदं विद्यात्।
पापद्वयेन युक्ते पञ्चमराशौ बहुप्रजालाभः ।। ५५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि पंचम भाव में स्वक्षेत्री पापग्रह बैठे हों तो बहुत-से पुत्र उत्पन्न होते हैं । यदि पंचम भाव में दो पाप ग्रह बैठे हों तब भी बहुत पुत्र होते हैं ।।५५।।

सर्वार्थचिन्तामणिः

पुत्रस्थानगते वित्तनाशे पूर्णबलान्विते ।
दृष्टे वा देवगुरुणा पुत्रप्राप्तिर्न संशयः ।। ५६ ।।
लग्नपुत्राधिपौ केन्द्रे शुभग्रहसमन्वितौ ।
कुटुम्बेशे बलाढ्ये तु पुत्रप्राप्तिं विनिर्दिशेत् ।। ५७ ।।
पुत्रेशस्थांशराशीशे शुभे वा शुभसंस्थिते ।
शुभेन वीक्षते वापि पुत्रावाप्तिं विनिर्दिशेत् ।। ५८ ।।

यदि द्वितीयेश पुत्रस्थान में पूर्ण बली होकर बैठा हो अथवा बृहस्पति से दृष्ट हो तो निःसन्देह पुत्रप्राप्ति होती है ।।५६।।

यदि लग्नेश तथा पंचमेश केन्द्र में शुभ ग्रहों से युक्त हों, "कुटुम्बेशे बलाढ्ये तु" अर्थात् द्वितीयेश बलवान् हो तो पुत्रप्राप्ति कहना चाहिए ।।५७।।

पञ्चमेश जिस नवांश में हो उसका स्वामी पंचम भाव में या शुभ ग्रहों से दृष्ट हो पुत्रप्राप्ति कहना चाहिए ।।५८।।

सन्ततिकरा योगाः

वीर्ययुक्तं विधौ नूनं सत्स्वामियुतवीक्षितम् ।
यदि पञ्चमभं लग्नाच्चन्द्राद्वा सन्ततिर्भवेत् ।। ५९ ।।

यदि चन्द्रमा बलवान् हो तथा पञ्चम भाव शुभ ग्रहों या अपने स्वामी से दृष्ट हो तो सन्तति होती है । लग्नकुण्डली तथा चन्द्रकुण्डली दोनों से फल विचार करना चाहिए ।।५९।।

वीर्यान्वितोऽन्त्यारिमृतीतरस्थो
नो मौढ्ययुङ् नो दुरितांशसंस्थः ।
नोष्णादियुक्तो धिषणश्च धीशो
एषां भवेज्जन्मनि पुत्रिणस्ते ।। ६० ।।

जिनकी जन्मकुण्डली में गुरु एवं पञ्चमेश बलवान् होकर ६-८-१२ भावों को छोड़कर अन्य भावों में बैठे हों तथा अस्तङ्गत एवं दुरितांश में स्थित न हों तथा उष्णादि दोषों से रहित हों वे लोग पुत्रवान् होते हैं ।।६०।।

दुरितांश—संहारनक्षत्रों (मृत्युनक्षत्र या वधनक्षत्र) का द्वितीय तथा तृतीय चरण दुरितांश होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेषसिंहालिमीनस्थः पुत्रस्थानगतः कुजः ।
पुत्रकारकदृष्टश्चेत् पुत्रकारक एव सः ।। ६१।।

यदि मेष, सिंह, वृश्चिक या मीन राशि का मंगल पुत्रस्थान (पंचम) भाव में बैठा हो तो वह निश्चित ही पुत्रकारक होता है (यह योग धनु, मेष, कर्क, वृश्चिक इन चार लग्नों में ही संभव है) ।।६१।।

पुत्राधीश्वरजीवभास्करकुजाश्चत्वार एवास्थिताः
पुंभेष्वोजनवांशकेषु यदि चेत् पुत्रा भवेयुर्नृणाम् ।
तद्वच्चन्द्रसुताधिनाथभृगवः स्त्रीसंज्ञराश्यंशयो-
र्यत्र क्वापि यदि ध्रुवं तनुभृतां कन्यैव सञ्जायते ।। ६२।।

यदि पञ्चमेश, गुरु, सूर्य, मंगल ये चारों ही पुल्लिंग राशियों तथा विषम नवांश में हों तो ऐसे योग वाले मनुष्यों के पुत्र ही उत्पन्न होते हैं ।

इसी प्रकार यदि चन्द्रमा, पञ्चमेश तथा शुक्र ये तीनों किसी भी भाव में स्त्री (सम) संज्ञक राशियों में तथा नवांशो में बैठे हों तो कन्याएँ उत्पन्न होती हैं ।।६२।।

आयुष्मन्तस्तनूजा सुतभतदधिपौ वीर्यवन्तौ यदि स्युः
क्रूराः स्युः क्रूरभं चेत् सुतभमशुभदं यद्यतः पापभाजः।
विद्वत्ताकान्तिमत्तादिकगुणसहितास्सूनवः सद्ग्रहः सत्
पुत्राधीशोऽतितुङ्गे गुरुरपि च सतां वर्गसंस्थो यदि स्यात्।। ६३।।

(क) यदि पञ्चम भाव तथा पञ्चमेश बलवान् हो तो सन्तति दीर्घायु होती है। (ख) यदि पंचम भाव में क्रूर ग्रह बैठे हों तो सन्तान क्रूर होती है । (ग) यदि पञ्चम भाव में शुभ ग्रह हों तो सन्तति विद्वान्, कान्तिमान् एवं प्रसिद्धि प्राप्त होती है । (घ) यदि पञ्चमेश अतिपरमोच्च में हो तथा गुरु सद्ग्रहों के वर्ग में हो तो भी पुत्र कान्ति आदि गुणों से युक्त होते हैं ।।६३।।

गर्भाधाने दम्पत्योर्मनःस्थितिप्रभावः

पित्रोश्चेतसि यत्सुखं भवति यत् दुःखञ्च गर्भाहितौ;
पुत्रस्तत्सदृशः सुखेन सहितो दुःखेन वा स्यात्सदा।
दीर्घह्रस्वसमायुषश्च तनयाः सेकाद्भवेयुः क्रमात्;
सम्पूर्णेऽल्पतरे समस्वति समे तातस्य नासापुटे।। ६४।।

गर्भाधान के समय माता-पिता के सुखी, निश्चिन्त, प्रसन्न, सद्विचार युक्त होने पर सन्तान भी उसी प्रकार के विचारों तथा सुख से युक्त होती है । यदि गर्भाधान काल में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माता-पिता, दुःखी, चिन्तित, निराश तथा कुविचारों से युक्त होते हैं तो जन्मने वाली सन्तति भी दुःखी, चिन्तित रहने वाली तथा दुर्विचारों से युक्त होती है।

यदि गर्भाधान काल में पिता की नाक से दीर्घ श्वास (लम्बी श्वास) निकलती है तो सन्तति दीर्घायु होती है। यदि उस समय श्वास की लम्बाई सम होती है तो सन्तान मध्यमायु होती है। श्वास के ह्रस्व होने पर पुत्र भी अल्पायु होते हैं ॥६४॥

रुग्णसन्ततियोगः

पञ्चमाधिपजीवानां पापदृग्योगसम्भवे।
व्याधिरुक्ता विरूपा वा जायेरन्नात्मजा नृणाम् ॥ ६५॥

यदि पञ्चमेश तथा गुरु पाप ग्रहों से युत अथवा दृष्ट हों तो सन्तान रुग्ण, कुरूप (विकलांग) आदि उत्पन्न होती है ॥६५॥

लग्नेशपञ्चमेशयोः सम्बन्धः

लग्नेशः सुतभे स्थितः सुतपतिर्लग्ने च योगस्तयोः
यत्र क्वापि मिथोऽपि दृष्टिरनयोर्योगत्रयं पुत्रदम्।
सञ्चिन्त्य प्रसवस्तु पञ्चमगृहे भाग्ये तनूजश्रियं,
विद्यादम्बुगतः शुभः प्रसवहा भेदस्त्वियान्योषितः ॥ ६६॥

यदि लग्नेश पञ्चम भाव में तथा पञ्चमेश लग्न में बैठे हों अथवा दोनों की युति किसी भी भाव में हों अथवा वे परस्पर दृष्ट हों तो इन तीनों योगों में पुत्र उत्पन्न होता है।

स्त्री की कुण्डली में प्रसव का विचार पंचम भाव से तथा पुत्रों का विचार नवम भाव से करें। यदि किसी स्त्री की कुण्डली में चतुर्थ भाव शुभ युक्त (या दृष्ट) हो तो प्रसव को नष्ट करने वाला योग होता है ॥६६॥

स्वस्त्रीकुक्षौ पुत्रजननम्

एकतरे गुरुवर्गे सुतराशौ चौरसो भवेत्पुत्रः।
लग्नाच्चन्द्रादथवा बलयोगादीक्षिते सौम्यैः ॥ ६७॥

यदि बृहस्पति के स्पष्ट राश्यादि तथा पंचम भाव के राश्यादि गुरु के वर्ग (होरा, द्रेष्काण,सप्तमांश, नवमांशादि) में हों तो अपनी पत्नी से पुत्र उत्पन्न होता है। पंचम भाव का विचार जन्मलग्न तथा जन्मकालीन चन्द्रराशि दोनों से ही करना चाहिए तथा पंचम के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बल के आधार पर उस पर तथा पंचमेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि के आधार पर फल कहना चाहिए ।।६७।।

अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः

लग्नपुत्रेश्वराभ्यान्तु मित्रत्वेनैव मित्रता ।
शत्रुत्वे शात्रवं प्रोक्तं समत्वे समता भवेत्।। ६८।।
लग्नपुत्रेश्वरौ खेटौ परस्परनिरीक्षितौ ।
परस्परगृहांशस्थौ शुश्रूषाङ्कारयेत्सुतः ।। ६९।।
लग्नं पश्यति वा पुत्रनाथे लग्नान्विते यदि ।
लग्नेश्वरे सुतर्क्षे वा पितृवाक्यवशानुगः ।। ७०।।
पुत्रस्थानेश्वरे दुःस्थे लग्नेशेनापि वीक्षिते।
सन्दृष्टे कुजराहुभ्यां नित्यं पितृविदूषकः ।। ७१।।
पुत्राधिपस्थांशगतौ विलग्ने
लग्नेश्वरस्थांशपतौ सुतस्थे ।
गुरुस्थितांशाधिपतौ च केन्द्रे
पुत्राप्तिमाहुर्मुनयो महान्तः ।। ७२।।

यदि लग्नेश तथा पंचमेश में परस्पर मित्रता हो तो पिता तथा पुत्र में मित्रता होती है । यदि उनमें शत्रुता हो तो दोनों में शत्रुता का भाव रहता है । यदि समता हो तो पिता तथा पुत्र के सम्बन्ध सम रहते हैं ।।६८।।

यदि लग्नेश तथा पञ्चमेश दोनों एक-दूसरे को देखते हों, एक-दूसरे के घर में या एक-दूसरे के नवांश में स्थित हों तो पुत्र पिता की सेवा करता है ।।६९।।

यदि पंचमेश लग्न को देखता हो या लग्न में बैठा लग्नेश पंचम में हो तो पुत्र पिता की आज्ञा मानता है ।।७०।।

यदि पञ्चमेश दुःस्थानों (६-८-१२) में बैठा हो तथा लग्नेश से दृष्ट हो तथा राहु एवं मंगल से भी दृष्ट हो तो पुत्र नित्य ही पिता की आलोचना करता है ।।७१।।

पञ्चमेश जिस नवांश में बैठा हो उसका स्वामी लग्न में बैठा हो इसी प्रकार लग्नेश जिस नवांश में स्थित है उसका स्वामी पंचम भाव में बैठा हो; गुरु जिस नवांश में विराजमान हो उस नवांश का स्वामी केन्द्र में स्थित हो तो इस प्रकार से निर्मित योग जिस जातक की जन्मकुण्डली में है, मुनियों-विद्वानों ने उस को पुत्र होना बतलाया है ।।७२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनुष्ठानपद्धतिश्च

सुतभवनं शुभदृष्टं शुभसहितं वा शुभर्क्षमथ येषाम्।
प्रसवः पुंसाम्भवत्यपत्यं न विपरीते।। ७३।।

जिसकी जन्मकुण्डली में पञ्चम भाव में शुभ ग्रहों की युति या दृष्टि हो अथवा पञ्चम भाव में शुभ ग्रह की राशि हो तो उस जातक के सन्तति होती है । इसके विपरीत यदि पंचम भाव में पाप ग्रह की राशि हो तथा पंचम भाव एवं पंचमेश पर पाप प्रभाव हो तो सन्तान नहीं होती है ।।७३।।

लग्नचन्द्रसुरेड्यानां पञ्चमस्थे शुभग्रहे ।
आत्मजैरात्मनो भूयात गुणोत्कर्षश्च सम्भवेत्।। ७४।।

यदि जन्मकुण्डली में लग्न से, चन्द्र से तथा गुरु से पंचम भाव में शुभ ग्रह हो तो पुत्र पिता से गुणों में आगे बढ़ जाते हैं । उनका गुणात्मक विकास अधिक होता है ।।७४।।

यदि लग्न, चन्द्र तथा गुरु तीनों से पंचम भाव में शुभ ग्रहों की दृष्टि-युति विद्यमान हों तो गुणोत्कर्ष चरम सीमा पर होता है ।

कुण्डली 'क'



कुण्डली 'ख'



कुण्डली 'ग'



यहाँ दी गयी तीन उदाहरण कुण्डलियों में कुण्डली (क) अक्षांश २६।१० रेखांश ७८।५० श्रावण शुक्ल अष्टमी मंगलवार संवत् २०६० दिनांक ५ अगस्त सन् २००३ को रात्रि ग्यारह बजे जन्मे एक बालक की है । इसमें लग्न से पंचम में दो शुभ ग्रह विद्यमान हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुण्डली (ख) संवत् २०६० कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा रविवार दिनांक ९ नवंबर को प्रात:काल की है जिसमें चन्द्रकुण्डली में चन्द्रमा से पंचम स्थान में गुरु बैठा है ।

कुण्डली (ग) संवत् २०६० मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्दशी रविवार की हैं जिसमें गुरु से पंचम भाव में बुध-शुक्र बैठे हैं ।

पुत्रसंख्याकथनविधि:

लिप्तीकृत्य तनूजभावमपभं षष्ट्यंशखेटेक्षणै-
र्हत्वाऽऽरोप्य नतैर्विभज्य न नखैर्दायादसंख्योच्यते ।
तद्वत्पापनिरीक्षणैरथ पृथक् च त्वाशताभ्यां हरेत्
तत्रावाप्तसमानसंख्यतनया: क्षीयन्त इत्याप्तवाक् ।। ७५ ।।

तनुज भाव (पंचम भाव) के भं (राशि) को अप (त्याग) कर केवल अंशादि की कला (षष्ट्यंश) बना लें तथा खेटों (ग्रहों) के एक्षण (दृष्टि) के षष्ट्यंश निकाल लें तथा सबका योग कर लें । अब दोनों (पंचम भाव की कलाओं तथा दृष्टि की कलाओं) का गुणा कर उसमें प्रथम नत (साठ) से भाग दें, जो लब्धि प्राप्त हो उसमें ननख (दो सौ २००) का भाग दें तो जो लब्धि प्राप्त होगी वह सन्तानों की कुल संख्या होगी ।

अब कितनी सन्तान जीवित रहेंगी, कितनी शेष, इसे जानने के लिए पाप दृष्टि के षष्ट्यंशों से पंचम भाव की राशि को छोड़ अंश-कला की कलाओं का गुणा करें। प्रथम साठ का भाग दें तथा जो लब्धि आवे उसमें दो सौ का भाग दें तो जो अंतिम लब्धि प्राप्त होगी वह क्षय (नष्ट) संतानों की संख्या होगी, ऐसा आप्त जनों का कथन है ।।७५।।

ज्योतिर्विद् इसकी परीक्षा करें । भावस्पष्ट या तो केशवीय जातक की विधि से करें अथवा आर्ष पद्धति से करें, जिसमें एक-एक राशि लग्न में जोड़ते जाने से द्वादश भाव स्पष्ट होते हैं । षष्ट्यंश का अर्थ अंश का साठवाँ भाग अर्थात् कला ।

दृष्टिषष्ट्यंश निकालने की विधि—दृश्य में से दृष्टा घटायें अर्थात् पंचम भाव इस श्लोक में दृश्य है, उसके राशि-अंश-कला में से सूर्य लेकर सभी सातों ग्रहों के स्पष्ट राशि-अंश-कला घटाये । जो शेष राशि-अंश बचें उनके आधार पर षष्ट्यंशात्मक दृष्टि आगे की सारिणी से ज्ञात करें । मान लीजिये—सूर्यस्पष्ट ८ राशि १७ अंश तथा पंचम भाव ११ राशि २२ अंश है तो पंचम में से सूर्य घटाने पर शेष ३ राशि ५° मिलें जिनका फल सारिणी में ३ राशि तथा ५ अंश के कोष्ठक में ४२।३० षष्ट्यंश दृष्टि मिली ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रवि, चन्द्र, बुध, शुक्र दृष्टिसारणी (केशवीय मत से)

अं.रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
१	०	०	१	१	२	२	३	३	४	४	५	५	६	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	११	१२	१२	१३	१३	१४	१४
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
२	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
३	४५	४४	४४	४३	४३	४२	४२	४१	४१	४०	४०	३९	३९	३८	३८	३७	३७	३६	३६	३५	३५	३४	३४	३३	३३	३२	३२	३१	३१	३०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
४	३०	२९	२८	२७	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
५	०	२	४	६	८	१०	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४	२६	२८	३०	३२	३४	३६	३८	४०	४२	४४	४६	४८	५०	५२	५४	५६	५८
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
६	६०	५९	५९	५८	५८	५७	५७	५६	५६	५५	५५	५४	५४	५३	५३	५२	५२	५१	५१	५०	५०	४९	४९	४८	४८	४७	४७	४६	४६	४५
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
७	४५	४४	४४	४३	४३	४२	४२	४१	४१	४०	४०	३९	३९	३८	३८	३७	३७	३६	३६	३५	३५	३४	३४	३३	३३	३२	३२	३१	३१	३०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
८	३०	२९	२९	२८	२८	२७	२७	२६	२६	२५	२५	२४	२४	२३	२३	२२	२२	२१	२१	२०	२०	१९	१९	१८	१८	१७	१७	१६	१६	१५
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
९	१५	१४	१४	१३	१३	१२	१२	११	११	१०	१०	९	९	८	८	७	७	६	६	५	५	४	४	३	३	२	२	१	१	०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मंगल की दृष्टिसारिणी (केशवीय मत से)

अं.रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
१	० ०	० ३०	१ ०	१ ३०	२ ०	२ ३०	३ ०	३ ३०	४ ०	४ ३०	५ ०	५ ३०	६ ०	६ ३०	७ ०	७ ३०	८ ०	८ ३०	९ ०	९ ३०	१० ०	१० ३०	११ ०	११ ३०	१२ ०	१२ ३०	१३ ०	१३ ३०	१४ ०	१४ ३०
२	१५ ०	१६ ०	१७ ०	१८ ०	१९ ०	२० ०	२१ ०	२२ ०	२३ ०	२४ ०	२५ ०	२६ ०	२७ ०	२८ ०	२९ ०	३० ०	३१ ०	३२ ०	३३ ०	३४ ०	३५ ०	३६ ०	३७ ०	३८ ०	३९ ०	४० ०	४१ ०	४२ ०	४३ ०	४४ ०
३	४५ ०	४४ ३०	४ ०	४३ ३०	४३ ०	४२ ३०	४२ ०	४१ ३०	४१ ०	४० ३०	४० ०	३९ ३०	३९ ०	३८ ३०	३८ ०	३७ ३०	३७ ०	३६ ३०	३६ ०	३५ ३०	३५ ०	३४ ३०	३४ ०	३३ ३०	३३ ०	३२ ३०	३२ ०	३१ ३०	३१ ०	३० ३०
४	३० ०	२९ ०	२८ ०	२७ ०	२६ ०	२५ ०	२४ ०	२३ ०	२२ ०	२१ ०	२० ०	१९ ०	१८ ०	१७ ०	१६ ०	१५ ०	१४ ०	१३ ०	१२ ०	११ ०	१० ०	९ ०	८ ०	७ ०	६ ०	५ ०	४ ०	३ ०	२ ०	१ ०
५	० ०	२ ०	४ ०	६ ०	८ ०	१० ०	१२ ०	१४ ०	१६ ०	१८ ०	२० ०	२२ ०	२४ ०	२६ ०	२८ ०	३० ०	३२ ०	३४ ०	३६ ०	३८ ०	४० ०	४२ ०	४४ ०	४६ ०	४८ ०	५० ०	५२ ०	५४ ०	५६ ०	५८ ०
६	६० ०	५९ ३०	५९ ०	५८ ३०	५८ ०	५७ ३०	५७ ०	५६ ३०	५६ ०	५५ ३०	५५ ०	५४ ३०	५४ ०	५३ ३०	५३ ०	५२ ३०	५२ ०	५१ ३०	५१ ०	५० ३०	५० ०	४९ ३०	४९ ०	४८ ३०	४८ ०	४७ ३०	४७ ०	४६ ३०	४६ ०	४५ ३०
७	४५ ०	४४ ३०	४४ ०	४३ ३०	४३ ०	४२ ३०	४२ ०	४१ ३०	४१ ०	४० ३०	४० ०	३९ ३०	३९ ०	३८ ३०	३८ ०	३७ ३०	३७ ०	३६ ३०	३६ ०	३५ ३०	३५ ०	३४ ३०	३४ ०	३३ ३०	३३ ०	३२ ३०	३२ ०	३१ ३०	३१ ०	३० ३०
८	३० ०	२९ ३०	२९ ०	२८ ३०	२८ ०	२७ ३०	२७ ०	२६ ३०	२६ ०	२५ ३०	२५ ०	२४ ३०	२४ ०	२३ ३०	२३ ०	२२ ३०	२२ ०	२१ ३०	२१ ०	२० ३०	२० ०	१९ ३०	१९ ०	१८ ३०	१८ ०	१७ ३०	१७ ०	१६ ३०	१६ ०	१५ ३०
९	१५ ०	१४ ३०	१४ ०	१३ ३०	१३ ०	१२ ३०	१२ ०	११ ३०	११ ०	१० ३०	१० ०	९ ३०	९ ०	८ ३०	८ ०	७ ३०	७ ०	६ ३०	६ ०	५ ३०	५ ०	४ ३०	४ ०	३ ३०	३ ०	२ ३०	२ ०	१ ३०	१ ०	० ३०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शनि की दृष्टिसारिणी (केशवीय मत से)

अं.रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
१	०	२	४	६	८	१०	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४	२६	२८	३०	३२	३४	३६	३८	४०	४२	४४	४६	४८	५०	५२	५४	५६	५८
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
२	६०	५९	५९	५८	५८	५७	५७	५६	५६	५५	५५	५४	५४	५३	५३	५२	५२	५१	५१	५०	५०	४९	४९	४८	४८	४७	४७	४६	४६	४५
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
३	४५	४४	४४	४३	४३	४२	४२	४१	४१	४०	४०	३९	३९	३८	३८	३७	३७	३६	३६	३५	३५	३४	३४	३३	३३	३२	३२	३१	३१	३०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
४	३०	२९	२८	२७	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
५	०	२	४	६	८	१०	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४	२६	२८	३०	३२	३४	३६	३८	४०	४२	४४	४६	४८	५०	५२	५४	५६	५८
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
६	६०	५९	५९	५८	५८	५७	५७	५६	५६	५५	५५	५४	५४	५३	५३	५२	५२	५१	५१	५०	५०	४९	४९	४८	४८	४७	४७	४६	४६	४५
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
७	४५	४४	४४	४३	४३	४२	४२	४१	४१	४०	४०	३९	३९	३८	३८	३७	३७	३६	३६	३५	३५	३४	३४	३३	३३	३२	३२	३१	३१	३०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
८	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
९	६०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२
	०													०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरु की दृष्टिसारणी (केशवीय मत से)

अं रा	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
१		०	१	१	२	२	३	३	४	४	५	५	६	६	७	७	८	८	९	९	१०	१०	११	११	१२	१२	१३	१३	१४	१४
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
२	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०															
३	४५	४५	४६	४६	४७	४७	४८	४८	४९	४९	५०	५०	५१	५१	५२	५२	५३	५३	५४	५४	५५	५५	५६	५६	५७	५७	५८	५८	५९	५९
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
४	६०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
५	०	२	४	६	८	१०	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४	२६	२८	३०	३२	३४	३६	३८	४०	४२	४४	४६	४८	५०	५२	५४	५६	५८
	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
६	६०	५९	५९	५८	५८	५७	५७	५६	५६	५५	५५	५४	५४	५३	५३	५२	५२	५१	५१	५०	५०	४९	४९	४८	४८	४७	४७	४६	४६	४५
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
७	४५	४५	४६	४६	४७	४७	४८	४८	४९	४९	५०	५०	५१	५१	५२	५२	५३	५३	५४	५४	५५	५५	५६	५६	५७	५७	५८	५८	५९	५९
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
८	६०	५८	५७	५६	५४	५२	५१	४९	४८	४६	४५	४३	४२	४०	३९	३७	३६	३४	३३	३१	३०	२८	२७	२५	२४	२२	२१	१९	१८	१६
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०
९	१५	१४	१४	१३	१३	१२	१२	११	११	१०	१०	९	९	८	८	७	७	६	६	५	५	४	४	३	३	२	२	१	१	०
	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनश्च सन्ततिसंख्यादिकथनम्

पुत्राधीशोपभुक्तां शकसमतनयास्तेषु ये पुंग्रहेशा
भांशास्ते पुत्रदाः स्युर्दुहितृकृत इमे येंऽशकाः स्त्रीग्रहेशाः।
पुंखेटा युग्मगाश्चेत् तनयमरणदा मृत्युदाः पुत्रिकाणां
ओजस्थाः स्त्रीग्रहाश्चेत् बलमपि नियतं चिन्त्यमंशाधिपानाम्।। ७६।।

पंचमेश के जितने नवांश बीत चुके हों उनकी संख्या के समान सन्तान होती है। भुक्त नवांशों में जितने पुरुषग्रह के नवांश हों उतने पुत्र तथा जितने नवांश स्त्रीग्रहों के हों उतनी कन्याएँ होती हैं।

यदि पुरुष ग्रह सम राशि में बैठे हों तो पुत्रों की मृत्यु करते हैं। यदि स्त्री ग्रह विषम राशियों में हों तो कन्याओं के लिए मृत्युकर होते हैं। नवांश के स्वामियों का बल भी देखना चाहिए ।।७६।।

अल्पायुसन्ततियोगाः

अंशाधीशा स्वभवनगता मित्रगा स्वोच्चगा वा,
वीर्याढ्या वा विदधति सुदीर्घायुषन्तोकसङ्घम्।
नीचस्था वा रविहतकरा वैरिवेश्माश्रिता वा,
वीर्यापेता रहितमसुभिः कुर्युरल्पायुषं वा ।। ७७।।

यदि उक्त पंचमेश का नवांशस्वामी स्वराशि, मित्रराशि, उच्चराशि में बैठा हो एवं बलवान् हो तो खूब दीर्घायु करता है तथा तोकसंघ (बच्चों का झुण्ड) पैदा करता है।

इसके विपरीत यदि पंचमेश का नवांशेश निर्बल, नीचराशिगत, अस्तंगत एवं शत्रुराशि में स्थित हो तो सन्तति को अल्पायु करता है ।।७७।।

गुर्वष्टकवर्गेण सन्ततिसंख्याकथनम्

निक्षिप्याष्टकवर्गकं सुरगुरोः तत्पञ्चमे यावतां
शुक्लाक्षाणि विहाय वैरिगृहगा मूढांश्च नीचस्थितान्।
तावन्तस्तनया भवन्ति गुणना कार्या च तुङ्गादिषु,
प्रोक्ताः पुंवनिता कृतश्च पुरुषः स्त्रीखेचराः कीर्तिताः।। ७८।।

बृहस्पति के अष्टक वर्ग गुरु से पंचम भाव में जितने शुभ बिन्दु हों उनको ग्रहण करें। उन बिन्दुओं की संख्या के बराबर ही सन्तान संख्या होती है परन्तु इन बिन्दुओं में जितने बिन्दु शत्रुगृही, नीच तथा अस्त ग्रहों के हों उन्हें छोड़कर शेष को ही ग्रहण करना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चाहिए। परन्तु उनमें से जो बिन्दु मित्रक्षेत्री, उच्चादि ग्रहों के हैं उनकी संख्या गुणित (दुगुनी आदि) करके ग्रहण करना चाहिए। पुरुषसंज्ञक ग्रहों के बिन्दु पुत्र तथा स्त्रीसंज्ञक ग्रहों के बिन्दु कन्याएँ उत्पन्न करते हैं (उच्चग्रह के लिए संख्या तिगुनी करें) ॥७८॥

उत्तर भारत में अष्टवर्ग में शुभता का चिह्न रेखा है परन्तु दक्षिण भारत में बिन्दु माना जाता है। फल में कोई अन्तर नहीं होता, मात्र संकेत का ही अन्तर है।

अत्रानुष्ठानपद्धतिः

अशत्रुनीचादिनवांशकैः सुतैः
सुतेशयुक्तैरपि तैस्तथाविधैः।
सुतर्क्षकैर्वा सुतभा दिनांशकात्
पुत्रः फलैः पुत्रमिति विचिन्त्यताम् ॥ ७९॥

पंचम भाव के जन्म समय तक जितने नवांश भुक्त हो चुके हों उनमें जिन-जिन नवांशों के स्वामी शत्रुराशि, नीचराशि में हों उनकी संख्या कम कर दें तथा जो मित्रराशि में हों, उच्चराशिगत हों उनकी संख्या को ग्रहण करें ॥७९॥

पुत्रसंख्या विनिर्देश्या सुतेशगुरुरश्मिभिः।
अप्युच्यन्ते तदा नीतिर्गुरुनिर्दिष्टवर्त्मनाम् ॥ ८०॥

पञ्चमेश तथा गुरु की रश्मियों की सख्या से संतति संख्या का निर्धारण करना चाहिए। गुरु के द्वारा बताई गई पद्धति से रश्मि का आनयन बताया जा रहा है ॥८०॥

तिग्मांशोर्दश शीतगोर्नव गुरोः सप्तांशवोऽष्टौ भृगोः
पञ्चारार्किविदां स्वनीचरहितं षड्भादिकञ्चेद्धहम्।
चन्द्रान्निर्गलितं स्वरश्मिगुलितं षड्भिर्भजेद्रश्मयो
लभ्यन्तेऽत्र हि वक्रमौढ्यमुखतः कल्प्यौ च वृद्धिक्षयौ ॥ ८१॥

सूर्य की दस, चन्द्र की नौ, गुरु की सात, शुक्र की आठ; मंगल, बुध तथा शनि की पाँच-पाँच (कुल ४९) रश्मियाँ होती हैं।

जिस ग्रह की रश्मि निकालना हो उसके नीच राशि अंशों को उस ग्रह के स्पष्ट में से घटायें। जो राश्यंश शेष रहें वे यदि छह राशि से अधिक हों तो बारह राशि में से घटा लें। इसे षड्भाल्प करना या चक्रशोधन करना कहते हैं। इसी को मण्डल-शोधन कहते हैं। यदि छह राशि से कम हो तो षड्भाल्प करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन ग्रहों के नीच रहित राश्यंशादि को उस ग्रह की रश्मिसंख्या से गुणा करें तथा गुणन फल में छह का भाग दें तो लब्धि में रश्मिसंख्या ज्ञात होती है। इस प्रकार जो रश्मि संख्या ज्ञात हो उसमे ग्रह के वक्री तथा अस्तंगत होने के अनुसार वृद्धि तथा ह्रास करें ॥८१॥

रश्मिषु ह्रास-वृद्धिमाह

वक्रोच्चांशकयोः करास्त्रिगुणिता द्विघ्नसुहृत् स्वांशयो-
र्नीचार्यांशकयोर्नृपांशरहिता ग्राह्योऽत्र रव्यंशकः।
क्षीयन्ते सकला हि भानुसविधे मन्दाच्छयोस्त्यज्यलं;
जीवापत्यपयोर्बलाढ्य इह यस्तद्रश्मिसंख्याः सुताः॥ ८२॥

यदि ग्रह वक्री अथवा उच्च में हो तो उसकी रश्मिसंख्या को त्रिगुणित करना चाहिए। यदि मित्रक्षेत्री या स्वक्षेत्री हो तो रश्मिसंख्या को द्विगुणित करें। जो ग्रह नीच या शत्रु नवांश या राशि में हो उसकी रश्मिसंख्या का सोलहवाँ भाग घटा दें। यदि ग्रह सूर्य के साथ अस्त हो तो शुक्र तथा शनि की रश्मियों को छोड़कर सबकी रश्मिसंख्या शून्य हो जाती है (भले ही गणित द्वारा कितनी ही संख्या क्यों न आवें)। संतति संख्या के लिए पंचम भाव के स्वामी या गुरु में जो भी बलवान् हो उसको ग्रहण करना चाहिए। उसी की रश्मि संख्या के तुल्य सन्तानों की संख्या होती है।

रश्मिसंख्यानिर्णयमाह

प्रोक्ताः स्वात्मजसंख्यासु ग्राह्या या भूयसी भवेत्।
बलवत्यात्मजाधीशे दुर्बले तु कनीयसी॥ ८३॥

पंचमेश के बली होने पर सन्तति संख्या बताने की जो विभिन्न रीतियाँ हैं उनसे प्राप्त पृथक्-पृथक् संख्या में जिस रीति से सर्वाधिक संख्या प्राप्त हो उसे ग्रहण करना चाहिए, परन्तु यदि पंचमेश निर्बल हो तो उन प्राप्त विभिन्न संख्याओं में जो सबसे छोटी संख्या हो उसे ही ग्रहण करें ॥८३॥

सूर्यस्पष्ट से रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि										परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि									स्पष्ट
६	६	७	८	८	९	९	१०	११	११	०	०	१	२	२	३	३	४	५	५	रा	सूर्य
१०	२८	१६	४	२२	१०	२८	१६	४	२२	१०	२८	१६	४	२२	१०	२८	१६	४	२२	अं	
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	छह	सात	आठ	नौ	दस	नौ	आठ	सात	छह	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मिसंख्या	

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रस्पष्ट से रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि								परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि								स्पष्ट	
७ ३	७ २३	८ १३	९ ३	९ २३	१० १३	११ ०३	११ २३	० १३	१ ३	१ २३	२ १३	३ ३	३ २३	४ १३	५ ३	५ २३	६ १३	रा. अं.	स्पष्ट
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	छः	सात	आठ	नौ	आठ	सात	छः	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मि संख्या	

भौम रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि				परम उच्च	पराङ्मुखरश्मि					स्पष्ट
९ २८	११ ४	० १०	१ १६	२ २२	३ २८	५ ४	६ १०	७ १६	८ २२	राशि अंश	भौम स्पष्ट
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मि संख्या	

बुध रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि				परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि				स्पष्ट	
५ १५	६ २१	७ २७	९ ३	१० ९	११ १५	० २१	१ २७	३ ३	४ ९	राशि अंश	बुध स्पष्ट
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मि संख्या	

शनि रश्मिसाधन सारिणी

परम नाच	अभिमुख रश्मि				परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि				स्पष्ट	
० २०	१ २६	३ २	४ ८	५ १४	६ २०	७ २६	९ २	१० ८	११ १४	राशि अंश	शनि स्पष्ट
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मि संख्या	

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरु की रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि							परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि							गुरु
९	१०	१०	११	०	०	१	२	३	४	४	५	६	६	७	८	रा.
५	०	२६	२२	५	१७	१३	९	५	०	२६	२२	५	१७	१३	९	अं.
०	४२	२५	८	०	५१	३४	१७	०	४२	२५	८	०	५१	३४	१७	क.
०	५१	४२	३४	०	२५	१७	९	०	५	४२	३४	०	२५	१७	९	वि.
शून्य	एक	दो	तीन	साढ़े तीन	चार	पाँच	छः	सात	छः	पाँच	चार	साढ़े तीन	तीन	दो	एक	रश्मिसंख्या

शुक्र की रश्मिसाधन सारिणी

परम नीच	अभिमुख रश्मि							परम उच्च	पराङ्मुख रश्मि							शुक्र
५	६	७	८	८	९	१०	११	११	०	१	२	२	३	४	५	रा.
२७	१९	१२	४	२७	१९	१२	४	२७	१९	१२	४	२७	१९	१२	४	अं.
०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	क.
शून्य	एक	दो	तीन	चार	पाँच	छः	सात	आठ	सात	छः	पाँच	चार	तीन	दो	एक	रश्मिसंख्या

सारिणियों द्वारा रश्मिसाधन—किसी भी ग्रह की रश्मिसाधन सारणियों द्वारा अत्यन्त सरलता से कर सकते हैं। जिस ग्रह की रश्मिसाधन करना हो उस के स्पष्ट राशि अंश के समीपवर्ती जो राशि-अंश हों उन पर से सारिणी द्वारा रश्मिसंख्या ज्ञात कर लें फिर अनुपात द्वारा उससे अपने अभीष्ट अंश की रश्मि को जान लें। पूर्ण रश्मिसंख्या की ही आवश्यकता पड़ती है। मान लीजिए—सूर्य स्पष्ट राश्यादि ८।१७°।५९'।४" है अस्तु, स्थूल रूप में यह धनु राशि के अठारह अंश पर है। अब हमने "सूर्यरश्मिसाधन सारिणी" में देखा तो ८ राशि चार अंश पर तीन रश्मियाँ प्राप्त हुईं। तीन रश्मियाँ पूर्ण संख्या है इसी को ग्रहण करें। सन्तान संख्या जानने के लिए इसी को ग्रहण करें।

सारिणी द्वारा रश्मि जानने के लिए सीधे ग्रहस्पष्ट से काम चल जाता है उसमें से ग्रह के नीच घटाने की आवश्यकता नहीं होती।

अभिमुख रश्मि एवं पराङ्मुख रश्मि—जब ग्रह अपनी नीच राशि से उच्च की ओर गमन करता है तब उस समय में उसकी रश्मि अभिमुख कहलाती है। जब वही ग्रह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उच्च से नीच की ओर गमन करता है तब उस अवधि में उसकी रश्मि पराङ्मुख होती है। जैसा कि सारावली में कहा है—

"अभिमुखरश्मिर्नीचाद् भ्रष्टः स्वोच्चात्पराङ्मुखो ज्ञेयः ।
अन्तर्गतेऽनुपातो यथासम्भवं प्रवक्ष्यामि" ॥

रश्मियों की संख्या के योग का फल जातक ग्रन्थों में वर्णित है। योग में रश्मि संख्या अधिकतम ४९ हो सकती है। जन्मकुण्डली में यदि ग्रहों की रश्मि संख्या का योग दस से न्यून है तो शुभ फल नहीं होता।

अथ पुत्रोद्भवकाल उच्यते

पुत्रेशः पुत्रभावस्य समीपे लग्नपस्य वा।
यद्यादौ पुत्रजन्म स्याद् यौवनान्तेऽन्यथा स चेत्॥
केन्द्रादिस्थे सुताधीशे प्रथमे मध्यमेऽन्तिमे।
क्रमेण वयसो भागे पुत्रजन्म विनिर्दिशेत्॥ ८४॥

यदि पञ्चमेश पञ्चम भाव के अथवा लग्नेश के समीप हो तो आदि (यौवनारंभ) में ही पुत्र (सन्तति) का जन्म हो जाता है। यदि वह पंचम भाव तथा लग्नेश से दूर हो तो यौवनान्त में पुत्र की प्राप्ति होती है।

पंचमेश की केन्द्र, पणफर, आपोक्लिम स्थिति के अनुसार पुत्र की प्राप्ति क्रमशः वयस के प्रथम भाग, मध्यम भाग तथा अन्तिम भाग में होती है, ऐसा बताना चाहिए ॥८४॥

लग्नाधीशः सुतपधिषणौ तद्द्वयाप्तांशभे वा;
जायाधीशस्तनयभवनप्रेक्षकास्तद्गताश्च ।
या चैतेषां भवति हि दशा याऽत्र चान्तर्दशा वा
तस्मिन्काले तनयजननं निर्दिशेन्मानवानाम्॥ ८५॥

जब लग्नेश, पंचमेश, गुरु, पंचमेश का नवांशेश, गुरु का नवांशेश, सप्तमेश, पंचम के दृष्ट ग्रह तथा पंचम में स्थित ग्रह इनकी महादशा-अन्तर्दशा में जातकों के सन्तति का जन्म कहना चाहिए ॥८५॥

पुत्रेशांश्रितभे तदंशकगृहे मान्द्याश्रितर्क्षे तदी-
यांशर्क्षे च तथा त्रिकोणभवनेष्वेषाञ्च बह्वर्क्षके।
राशौ चाष्टकवर्गगे च विचरेज्जीवे भवेत्पुत्रदः
पुत्रेशेऽत्र विचिन्त्यतां हिमकराल्लग्नाच्च जीवादपि॥ ८६॥

पञ्चमेश जिस राशि में बैठा हो वह राशि, पञ्चमेश के नवांश की राशि, गुलिकाश्रित राशि, गुलिकाश्रित नवांशराशि तथा इन राशियों से त्रिकोण की राशियों में जिस राशि में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरु के अष्टकवर्ग बिन्दु अधिक हों उसमें जब गोचर भ्रमण के द्वारा गुरु पहुँचता है तब पुत्र जन्म होता है ।

इस प्रसंग में लग्न, चन्द्र तथा गुरु तीनों में से जो बली हो उसके पंचमेश की उक्त राशियों में सन्तानोत्पत्ति जानना चाहिए ।

जीवापत्यविलग्नजन्मपतयः पुत्रेश्वरारूढभे
पुत्रे वाथ तयोस्त्रिकोणभवने वा सञ्चरेयुर्यदा।
योगो वा वनिताविलग्नतनयेशानां त्रयाणां यदा
सन्तत्या जननं तदा खलु नृणामित्येव शास्त्रोदितम्।। ८७।।

जब गुरु, जन्मलग्नेश, जन्मराशीश, पञ्चमेश गोचर में भ्रमण करते हुए पञ्चम भाव की राशि या पञ्चमेश ग्रह पर पहुँचते हैं अथवा इनसे त्रिकोण स्थानों में पहुँचते हैं तब जातकों के सन्तान होती है ।

अथवा जब गोचर भ्रमण करते हुए सप्तमेश, लग्नेश तथा पंचमेश इन तीनों की युति एक साथ होती है तब शास्त्र के कथनानुसार मनुष्यों के सन्तति का जन्म होता है ।।८७।।

वागीशात्मजमेव दत्तवचनं निर्णीयते सन्ततिः
स स्यादस्य गृहांशयोर्बलवतश्चन्द्रे त्रिकोणे गते।
तत्स्थत्र्यंशवशात् त्रिकोणभवनात् ज्ञेयोडुमाहत्ययं
लोकैस्त्र्यंशगता विभज्य न नतैर्लिप्ता भयाता घटी।। ८८।।

गुरु के अष्टक वर्ग में गुरु से पंचम भाव में जिस ग्रह को बिन्दु प्रदान किया उस ग्रह की राशि तथा नवांश में जो बली हो उसमें जब गोचर का चन्द्रमा पहुँचता है तब सन्तान होती है । यदि वह ग्रह प्रथम द्रेष्काण में हो तो सन्तान उस के नवाशंराशि में चन्द्र के गोचर भ्रमण पर होता है । यदि वह स्वामीग्रह द्वितीय द्रेष्काण में हो तो चन्द्रमा के उस नवाशंराशि से पंचम राशि में पहुँचने पर सन्तान होती है । यदि वह स्वामीग्रह तीसरे द्रेष्काण में हो तो उसकी नवांशराशि से नवम राशि के चन्द्र में सन्तान होती है ।

अब गुरु के स्थान से पञ्चम भाव में जिसने बिन्दु दिया है उस बलवान् ग्रह के प्रथम द्रेष्काण में होने पर उसकी राशि को ग्रहस्पष्ट में से हटा कर शेष की कलाएँ बना लें । यदि वह ग्रह द्वितीय द्रेष्काण में हो तो उसके स्पष्ट की राशि तथा १० अंश छोड़कर शेष अंशादि कला बनायें । यदि वह अन्तिम द्रेष्काण में हो तब उसकी राशि तथा २० अंशों को छोड़कर शेष अंश तथा कला की कला बना लें ।

उक्त कलाओं में १३५ (एक सौ पैंतीस) का गुणा करें । गुणनफल में अठारह सौ (१८००) का भाग दें तो लब्धि में संख्या अश्विन्यादि नक्षत्र तथा शेष में उस नक्षत्र की गत घटी (भयात) प्राप्त होगा । इसी नक्षत्र में बालक या बालिका का जन्म होगा ।।८८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रारूढतयातदीक्षकतया सौम्येन येनाथवा;
पुत्रेशेन बलिष्ठताभिमतभावस्थतोऽन्येन वा ।
खेटेनात्मजयोगदायकतया पुत्रोद्भवः कल्प्यते,
तत्प्राप्तांशभयोस्त्रिकोणगशशीन्यप्यात्मजः सम्भवेत् ।। ८९।।

जो ग्रह पंचम भाव में स्थित हो वह ग्रह, पञ्चम का दृष्टा ग्रह, अन्य बलवान् शुभ या अन्य पुत्रदायक ग्रह से पुत्रजन्म का विचार करें । इन योगकारक ग्रहों के नवांश तथा राशि से त्रिकोण में चन्द्र के गोचरवश संचार करने पर संतति होती है ।।८९।।

ये च दोषा गुणा ये च कीर्तिता भावचिन्तने ।
अस्यां सन्तानचिन्तायामपि चिन्त्याश्च तेऽखिलाः ।। ९०।।

भावों के समान्य विचार में जो गुण-दोष कथित हैं उनका विचार पंचम भाव आदि के विचार के समय भी करना चाहिए ।।९०।।

पञ्चमभावस्य प्राधान्यम्

मर्त्यः पितॄणामृणपाशबन्धनाद्
विमुच्यते पुत्रमुखावलोकनात् ।
श्राद्धादिभिर्ह्यैवमतोऽन्यभावतः
प्राधान्यमस्येति यमीरिता च सः ।। ९१।।

।। इति प्रश्नमार्गे एकोनविंशोऽध्यायः ।।१९।।

कोई भी मनुष्य जब तक पुत्र का मुख नहीं देखता तब तक वह पितृऋण के बन्धन से मुक्त नहीं होता है । पुत्र के जन्म के पश्चात् ही वह पितृऋण के पाश से मुक्त होता है, क्योंकि वही पुत्र पिता तथा पितरों को श्राद्धादि से परलोक में सन्तुष्ट करता है । अतएव आचार्यों ने जन्मकुण्डली में पञ्चम भाव को ही प्रधान माना है ।।९१।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का उन्नीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।१९।।

*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ विंशोऽध्यायः

अथ जातकेन सप्तमभावविचारमाह

प्रश्नजातकसंवादे सर्वत्र फलनिर्णयः ।
इति सप्तमभावोऽथ जातकेऽपि विचिन्त्यते ।। १ ।।

सभी प्रकार के प्रश्नों का विचार प्रश्नकुण्डली तथा जन्मकुण्डली दोनों से किया जाता है । इसलिए अब सप्तम भाव सम्बन्धी विचार जातकशास्त्रानुसार भी किया जा रहा है ।।१।।

अथ विवाहप्रयोजनम्

प्रोक्तैषा पुत्रचिन्ता नृषु न हि घटते दारहीनेषु नूनं,
श्रौतं स्मार्तं च सर्वगृहिषु च नियतं कर्मजातं यतोऽतः ।
कर्तव्या स्यादवश्यं परिणयनविधिः कर्मणे चात्मजाप्त्यै,
तस्मादुद्वाहचिन्तामिह महदुदितां वच्मि पद्यैर्नवीनैः ।। २ ।।

पिछले अध्याय में सन्तति का विचार जन्मपत्रिका द्वारा किया गया है, वह पत्नी-विहीन व्यक्तियों पर लागू नहीं हो सकता है । श्रौत-स्मार्त सभी कर्म गृहस्थी में रह कर ही संभव हैं अतः व्यक्ति को विवाह अवश्य ही करना चाहिए, क्योंकि बिना विवाह के सन्तान की प्राप्ति नहीं हो सकती है । अतः आचार्यों द्वारा वर्णित विवाह-विचार को मैं (ग्रन्थकार) नवीन छन्दों में कह रहा हूँ ।।२।।

अथोद्वाहविचारसाधनानि

द्यूनतन्नाथतद्दृष्टतद्युक्तभृगुजादयः ।
इह साधनभूतानि गुणदोषनिरूपणे ।। ३ ।।

पत्नी से सम्बन्धित सभी प्रकार के तथ्यों का विचार सप्तम भाव, सप्तमेश, सप्तमदृष्टा ग्रह, सप्तमस्थित ग्रह तथा सप्तम का स्थिरकारक शुक्र से करना चाहिए । इन्हीं से विवाह के गुण-दोषों का विचार होता है ।।३।।

सप्तमस्थराशिप्रभावकथनम्

स्वस्वामिभूतानुगुणस्वभावां कुर्युरङ्गनाम् ।
मेषाद्या द्यूनगाः पुंसां स्वभावस्सोऽथ कथ्यते ।। ४ ।।

सप्तमभावस्य राशि अपने स्वामी के अनुसार गुण तथा स्वभाव वाली पत्नी का सूचक होती है । इसलिए आगे सप्तम भाव में स्थित मेषादि राशियों का स्वभाव कहा जा रहा है ।।४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सप्तमस्थराशीनां फलम्

देवालोकनतत्परान्नवरदा भाण्डौघसंशोधनी,
स्नानोत्का, वसनोत्सुका परिमले सक्ता च भाण्डार्जने।
वाक्प्रौढा कुशला च पाककरणे श्रोत्री च शास्त्रादिकं
स्वर्गसौख्ययुता तथाऽन्यनिचया सत्काव्यवाणीकला ।। ५।।

सप्तम भाव में मेषादि राशियाँ निम्नानुसार फल प्रदान करती हैं—

(१) मेष—यदि जातक की जन्मकुण्डली में सप्तम भाव में मेष राशि हो तो उसकी पत्नी देवताओं के दर्शन (मन्दिर जाने) में विशेष रुचि रखती है ।

(२) वृष—सप्तम में वृष वाले जातकी की पत्नी अन्नदान करने वाली निर्धनों, अनाथों, साधुओं आदि को भोजन कराने वाली होती है ।

(३) मिथुन—सप्तमस्थ मिथुन वाले जातकों की पत्नी घर को साफ-सुथरा रखने वाली तथा बरतनों को चमाचम रखने वाली होती है ।

(४) कर्क—जिस जातक के सप्तम में कर्क राशि हो उसकी भार्या स्नान करने की शौकीन होती है तथा वस्त्रों के संग्रह की प्रचुरता रखने वाली होती है । उसके पास जूता, चप्पल, वस्त्रादि के अनेक सूट तथा सेट हों ऐसा वह चाहती है ।

(५) सिंह—जिसके सप्तम में सिंह हो उसकी स्त्री धार्मिक होती है । परिमलसक्ता अर्थात् सुगन्धित पदार्थों में अधिक आसक्त होती है ।

(८) कन्या—सप्तमस्थ कन्या के कारण भार्या को बर्तन-भांडों के संग्रह में विशेष रुचि होती है ।

(७) तुला—सप्तमस्थ तुला के कारण पत्नी बातचीत में चतुर होती है ।

(८) वृश्चिक—भाजन बनाने में विशेष कुशल (Clever in cooking) होती है ।

(९) धनु—जिस जातक के सप्तम भाव में धनु राशि हो तो उसकी भार्या धर्मशास्त्र तथा पुराणकथाओं के सुनने एवं पढ़ने में रुचि रखती है ।

(१०) मकर—सप्तमस्थ मकर वाले जातक की स्त्री स्वर्गीय सुखों तथा आनन्दोपभोग की कामना वाली होती है ।

(११) कुंभ—जिस व्यक्ति की जन्मकुण्डली के सप्तम भवन में कुंभ राशि हो उसकी स्त्री दूसरों को ठगने वाली अथवा पाठान्तर के अनुसार "अन्ननिचया" अर्थात् अन्न का संग्रह करने वाली होती है ।

(१२) मीन—सप्तस्थ मीन राशि वाले जातक की भार्या अच्छे कर्म करने वाली, मधुरभाषिणी, अनेक कलाओं में निपुण होती है ।।५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अविवाहितकरा ग्रहस्थितिः

वीर्योने द्यूनभावे सति च तदधिपे वैरिनी चांशके वा,
मूढे वा पापवीक्षान्वयसमधिगते स्वामिनो नो सताञ्च।
एवम्भूते भृगौ वा व्ययमृतिरिपुगे लग्नपेक्षान्वयोने
प्रोद्वाहो नैव सिध्येत् कथमपि घटितश्चेन्म्रियेतैव भार्या ।। ६।।

यदि सप्तम भाव निर्बल हो, उसका स्वामी शत्रुराशि, नीचराशि या नवांश में, अस्तंगत, पापवीक्षित या पापयुक्त हो, शुभ ग्रहों या अपने स्वामी की दृष्टि से रहित (सप्तम भाव) हो;

इसी प्रकार शुक्र (सप्तम के कारक) की स्थिति निर्बल, नीच, अस्त, शत्रुराशिगत आदि हो अथवा शुक्र ६-८-१२ स्थानों में बैठा हो तो प्राय: विवाह नहीं होता । यदि किसी प्रकार विवाह हो भी जाय तो बाद में भार्या मर जाती है ।।६।।

पत्न्या मृत्युकरा योगाः

माहेये मदगे सदैव विरहो नार्या मृतिर्वा भवेत्,
दृष्टेऽस्मिञ्छनिना निरीक्षितयुते नान्यैर्म्रियेतैव सा ।
जीवस्सप्तमगो मृगे भृगुसुतो भृङ्गे च जायाहनौ
हन्त्येव प्रथमां वधूं वृषगतश्चन्द्रात्मजस्सप्तमे ।। ७।।

यदि सप्तम स्थान में मंगल के होने पर सदैव पत्नी का विरह अथवा उसकी मृत्यु होती है । सप्तम भाव पर शनि की दृष्टि हो और अन्य किसी (शुभ) ग्रह की दृष्टि न हो तो जातक की पत्नी मर जाती है । कर्क लग्न हो और सप्तम भाव में नीच का गुरु हो अथवा सप्तम स्थान में शुक्र वृश्चिक राशि में स्थित हो तो पत्नी से विरह कराने वाले होते हैं । सप्तम स्थान में वृष राशि में स्थित बुध पहली पत्नी की निश्चित रूप से मृत्यु अथवा उससे वियोग कराने वाला बनता है ।।७।।

सप्तम भाव में पाप ग्रहों, नीच ग्रहों की स्थिति, युति एवं दृष्टि पत्नीसुख का हरण करती है ।

मीनस्थो मदने दिनेशतनयो हन्याद् वधूं निश्चयात्
कन्यायाम्मदने गुरुर्यदि सुखे पापश्च नश्येद् वधूः ।
रन्ध्रेशस्सुतपोऽथवा मदगता नृणां निहन्त्यङ्गनाम्
भार्यां स्याद्विकलाऽस्तधर्मसुतगौ भास्वद् भृगू चेत्सह ।। ८।।

कन्या लग्न हो और सप्तम भाव में शनि हो तो निश्चित रूप से पत्नी की मृत्यु का कारण बनता है । कन्या राशि में सप्तम स्थान में गुरु और यदि चतुर्थ स्थान में पाप ग्रह (विशेषत: मंगल) हो तो पत्नी की मृत्यु का कारण बनता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अष्टमेश अथवा पञ्चमाधिपति सप्तमभावस्थ हो तो वह मनुष्यों की विवाहिता पत्नी को मार डालता है । यदि सूर्य और शुक्र साथ-साथ सप्तम, नवम अथवा पञ्चम भाव में हों तो पत्नी के स्वास्थ्य पर प्रभाव डालनेवाला होता है । जातक की पत्नी के किसी अंग की हानि की आशंका रहती है । पत्नी को कष्ट होता है ॥८॥

पत्न्या वियोगकरा योगाः

शुक्रे पापान्तरस्थे शुभयुतिभृगवे तेऽङ्गनाहेतुरापत्
भार्याया वा मृतिःस्यादथ सुहृदि मृतौ वा भृगोः सत्यसत्सु ।
सौम्येक्षायुग्यभावे सति च गदितवत् स्यात्पुनः सप्तमस्थौ
पुंसो यस्या हि सूर्यो युवतिगमनतस्तस्य सर्वस्वहानिः ॥ ९ ॥

शुक्र पाप ग्रहों के मध्य में स्थित हो तथा शुभग्रहों से दृष्ट-युत न हो तो स्त्री के कारण विपत्तियाँ आती हैं अथवा पत्नी की मृत्यु हो जाती है । शुक्र से चतुर्थ या अष्टम स्थान में पाप ग्रह हों तथा उसके साथ शुभ ग्रहों की युति अथवा दृष्टि न हो तब इन परिस्थितियों में जातक की पत्नी की मृत्यु हो जाती है । सप्तम भाव में कुण्डली में सूर्य एवं राहु दोनों हों तो स्त्री के वियोग से कई प्रकार के नुकसान होते हैं । अर्थात् उपर्युक्त योग होने से जातक का पत्नी से पार्थक्य हो जाता है ॥९॥

भ्रष्टाभार्यायोगः

चरराशिगतः शुक्रः पापमध्यगतो यदि ।
मन्दयुक्तोऽथवा दृष्टो भ्राष्टां यास्यति यामिनी ॥ १० ॥

यदि चर राशि में स्थित शुक्र पाप ग्रहों के मध्य स्थित हो और शुक्र शनि से दृष्ट हो अथवा युत हो तो जातक की पत्नी भ्रष्ट आचरणवाली होती है अर्थात् जातक की भार्या दुराचारिणी होती है ॥१०॥

प्रगल्भायोगः

भौमक्षेत्रे तदंशे वा तद्दृष्टो वाऽथ तद्युतः ।
शुक्रो यस्य भवेत्पुंसः क्रूरमिच्छति साङ्गना ॥ ११ ॥

जिस व्यक्ति की कुण्डली में मंगल की राशि अथवा मंगल के नवांश में शुक्र स्थित हो अथवा मंगल से दृष्ट हो अथवा मंगल से युत हो तो स्त्री भ्रष्ट तथा किसी क्रूर व्यक्ति की प्रेयसी होती है अर्थात् जातक की स्त्री कामप्रगल्भा होती है ॥११॥

निकृष्टायोगः

मन्दालये मन्दनवांशके वा तेनान्वितो वा भृगुरीक्षितो वा ।
नीचांशके नीचगृहेऽथवा स्याद् यस्यायमिच्छद्वनितां निकृष्टाम् ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि जातक की कुण्डली में शुक्र शनि की राशि में स्थित हो अथवा शनि के नवांश में स्थित हो और शनि से दृष्ट हो अथवा शनि से युत हो अथवा शुक्र नीचराशि (मीन) में हो अथवा नीचराशि के नवांश में स्थित हो तो वह (जातक) निकृष्ट आचरण के परिवार की स्त्री को चाहनेवाला होता है ॥१२॥

पत्न्या मृत्युकर योगः

शुक्राष्टवर्गे तद्यूने पापाक्षबहुले सति ।
त्रिकोणाश्रितमान्दौ वा भार्यानाशो भवेन्नृणाम् ॥ १३॥

यदि शुक्र के अष्टक वर्ग में सप्तम भाव में पाप ग्रहों की रेखाएँ अधिक हों तथा उसी में गुलिक भी स्थित हो तो व्यक्ति की पत्नी की मृत्यु हो जाती है (अथवा पत्नी से वियोग हो जाता है) ॥१३॥

पत्न्या दहनमृत्युयोगः

भौमार्कगृहगे शुक्रे तद्दृष्टे वाऽथ तद्युते।
वह्निभूताश्रिते चाऽत्र म्रियेताग्नौ वधूर्नृणाम् ॥ १४॥

शुक्र मंगल अथवा सूर्य की राशि में स्थित हो, इनसे दृष्ट हो और अग्नि तत्त्व वाले भावों में स्थित हो तो मनुष्य की पत्नी की मृत्यु अग्नि से जलकर मरने से होती हैं ॥१४॥

सर्पदंशनात् भार्यामृत्युयोगः

शुक्रे मान्दिसमायुक्ते तस्मात्केन्द्रत्रिकोणगे ।
राहौ च मरणम्ब्रूयात् भार्यायाः सर्पदंशनात् ॥ १५॥

शुक्र मान्दि (गुलिक) के साथ युक्त हो और शुक्र से केन्द्र अथवा त्रिकोण में राहु हो तो व्यक्ति की पत्नी की मृत्यु सर्प के काटने से जाननी चाहिए ॥१५॥

पत्न्या मृत्युकरा योगाः

शुक्रे मन्दसमन्विते सति भृगो रन्ध्रे च पापान्विते
भार्यादुर्मरणं चतुष्पदगते शुक्रेऽथ पश्वादिभि ।
गृध्रव्यंशगते खगा जलगृहस्थे चेत्तटाकादिके
चन्द्राढ्ये जलभाश्रिते जलधौ विद्यादियुक्तोह्यताम् ॥ १६॥

शुक्र शनि के साथ स्थित हो अथवा शुक्र से अष्टम स्थान में पापग्रह स्थित हों तो दुर्घटना से पत्नी की मृत्यु होती है । चतुष्पद राशि में शुक्र होने पर हिंसक पशु के कारण पत्नी कालकवलित हो जाती है । गृध्रसंज्ञक द्रेष्काण में शुक्र स्थित हो तो पक्षियों के कारण, जलराशि में शुक्र स्थित हो तो जल के किनारे और चरराशि में चन्द्र के साथ शुक्र हो तो जल की लहर एवं भँवर आदि में फँसकर अथवा अन्य कारणों से जल में डूबने से स्त्री की मृत्यु होती है ॥१६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्रयुतिफलम्

भार्या भूतनिपीडिता रवियुते शुक्रे प्रधाना च सा
चन्द्रेणाद्यभिकात्मनः क्षितिभुवा जातान्विता पीडिता।
रक्षाभिश्च युते बुधेन ललिता विद्यासुशीलान्विता
स्याद्विद्याधरपीडिताऽथ गुरुणा पूर्णा गुणैः पुत्रिणी।। १७।।

शुक्र पत्नी का कारक होता है अत: उसके साथ विभिन्न ग्रहों की युति से पत्नी का स्वभाव भी निर्धारित होता है । अत: जातक की कुण्डली में शुक्र के साथ सूर्यादि ग्रहों की स्थिति का वर्णन श्लोक १७-१८ में किया गया है—

यदि सूर्य के साथ शुक्र हो तो पत्नी भूतों से पीड़ित होती है तथा अपने परिवार में मुख्य होती है । यदि चन्द्रमा के साथ शुक्र की युति हो तो जातक की पत्नी उदारमन तथा विशालहृदया होती है । यदि मंगल-शुक्र की युति हों तो पत्नी व्यभिचारिणी तथा राक्षसों से पीड़ित होती है । बुध के साथ शुक्र की युति से पत्नी ललितकलाओं एवं विद्याओं में प्रवीण तथा सुशीला होती है । यदि गुरु के साथ शुक्र हो तो वह विद्याधर से पीड़ित गुणों से पूर्ण तथा पुत्रोंवाली होती है ।।१७।।

गन्धर्वैश्च निपीडिताश्च शनिना दुष्पूरुषासक्तधी-
र्दुःशीला कपटान्विता दुरुदिता येषान्तथैवालयैः।
नीचासक्तमनास्तु केतुफणभृद्युक्तेऽङ्गहीना च सा
मान्द्याद्यैस्त्रिभिराशु नश्यति शनैरर्धप्रहारान्वितैः।। १८।।

यदि जातक की कुण्डली में शनि के साथ शुक्र हो तो उसकी भार्या गन्धर्वों से पीड़ित तथा दुश्चरित्र पुरुषों में आसक्त होती है । वह दुश्चरित्रा, कपटाचारिणी, पाप को छिपाने वाली होती है । इन ग्रहों की राशियों में स्थित शुक्र का फल भी युति की भाँति कहना चाहिए ।

यदि केतु के साथ शुक्र हो तो पत्नी नीच पुरुष में आसक्ति वाली होती है। राहु युत होने पर अंगहीन या विकलांग होती है । यदि गुलिक, काल, मृत्यु इन उपग्रहों के साथ शुक्र की युति हो तो पत्नी की मृत्यु आकस्मिक दुर्घटनादि में होती है । यदि "अर्धप्रहार" नामक उपग्रह के साथ युत हो तो शनैः-शनैः (रोग के कारण) मृत्यु होती है ।।१८।।

गुलिकादि उपग्रहों का वर्णन पूर्व में हो चुका है । इस श्लोक में यमकण्टक के फल का निर्देश नहीं है । यमकंटक शुभ फल देता है । अर्धप्रहार का अर्थ है "आधा प्रहार करने वाला" अर्थात् उसकी चोट हल्की होती है अत: मृत्यु तुरन्त न होकर कालान्तर में होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्राष्टकवर्गफलम्

सूर्याद्यक्षयुते सितास्तभवने स्वीयाष्टवर्गे च तद्,
यक्षाद् भूतादिक्रमाद् सुसमज्ञेया मनोवल्लभा।
सत्कर्मानुगुणा रतानुसरणे सन्तानसम्पादिनी
पत्युः कामसुखप्रदाननिपुणा दासीसमा कर्मसु ।। १९।।

शुक्राष्टक वर्ग में शुक्र से सप्तम भाव में बिन्दुप्रदाता ग्रह यदि सूर्य हो तो पत्नी यक्षपीड़िता, चन्द्र हो तो मन को प्रिय लगने वाली, मंगल हो तो सत्कर्म में रत, बुध हो तो पतिव्रता, यदि बिन्दुप्रदाता गुरु हो श्रेष्ठ पुत्रों वाली, शुक्र हो तो कामकलाओं में निपुणा तथा शनि के बिन्दुप्रदाता होने पर पत्नी मूर्ख तथा दासी के समान कर्म करने वाली होती है ।।१९।।

यहाँ शुक्र से सप्तम भाव में शुक्र के बिन्दु का फल कहा है जबकि वास्तव में शुक्राष्टक वर्ग में शुक्र अपने स्थान से सातवें भाव में (रेखा या) बिन्दु नहीं देता है ।

पत्न्या रूपादिज्ञानम्

सुरासुरेड्यौ वनितां सुवर्णां न्यूनाम्परे कुर्युरनङ्गसंस्थाम् ।
भार्यावपुद्यूनपसंश्रितांशक्षेत्रेशयोर्वीर्यवतः समानाम् ।। २०।।
शुक्रद्यूनपतस्थानां सर्वेषामिह यो बली ।
भार्यायाः सम्भवन्तीह तद्यावर्णादयो गुणाः।। २१।।

यदि कुण्डली में सप्तम स्थान में गुरु या शुक्र हो तो स्त्री सुन्दर होती है । अन्य ग्रहों से उनके समान ही रूप-रंग की कम सुन्दरता वाली स्त्री होती है । जिस राशि में सप्तमेश बैठा हो उसके नवांशपति या राशिपति में जो बली हो उसी के समान स्त्री का रूप-रंग (सप्तम में ग्रह का अभाव होने पर) जानना चाहिए ।।२०।।

शुक्र, सप्तमेश तथा सप्तमस्थ ग्रह या ग्रहों में जो बली हो उसके समान ही भार्या के रूप-गुण इत्यादि होते हैं ।।२१।।

सद्युते नवमे शुक्रात् तदीशे च बलान्विते।
धर्मशीला भवेद्भार्या सत्पुत्रा भाग्यवत्यपि ।। २२।।

यदि कुण्डली में शुक्र से नवमभाव में शुभ ग्रह बैठा हो और उस शुक्र से नवम भाव का स्वामी ग्रह बली हो तो जातक या पृच्छक की पत्नी धर्मशीला, श्रेष्ठ पुत्रों वाली तथा भाग्यशीला होती है ।।२२।।

सौभाग्यवतीयोगः

सौम्यः सौम्ययुतेक्षिते मदपतिर्यद्वा मदेशाश्रिताद्
राशेः पञ्चमसप्तमाय नवमस्थानाश्रिता सङ्ग्रहाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्यो वा बलवान्यदीह वनितां सद्भर्तृकां सत्सुतां
विन्देदेव ततोऽन्यथा यदि पुमान् वन्ध्यान्तु वा रोगिणीम्।। २३।।

यदि जन्मकुण्डली में सप्तमेश शुभ ग्रह होकर शुभ ग्रहों से युत-दृष्ट हो अथवा सप्तमेशाश्रित राशि से पाँचवें, सातवें, ग्यारहवें भाव में शुभ ग्रह बैठे हों अथवा अन्य बली ग्रह बैठा हो तो पत्नी अच्छे पति वाली तथा अच्छे पुत्रों वाली होती है।

यदि इसके विपरीत ग्रहस्थिति हो तो भार्या रुग्णा तथा वन्ध्या होती है ।।२३।।

इन योगों का विचार स्त्री की कुण्डली के लिए है।

दारसम्पद्योगः

स्वामिसौम्ययुतवीक्षिते मदे
वीर्यवत्यपि तथैव तत्पतौ।
भार्गवे च समभीष्टभावगे
दारसम्पदिह सम्भवेन्नृणाम्।। २४।।

यदि सप्तम भाव अपने स्वामी या शुभ ग्रह से युत या वीक्षित हो, सप्तमेश बलवान् ह, शुक्र शुभ भावों में बैठा हो तो इस योग के होने पर मनुष्यों को स्त्रीसुख प्राप्त होता है ।।२४।।

स्वशुरालयस्य सम्पन्नतादिकथनम्

द्यूनेशे बलसम्पूर्णे विवाहो धनिनां कुलात्।
बलहीने दरिद्राणां न स्याद्रूपवती च सा ।। २५।।

यदि कुण्डली में सप्तमेश बली हो तो धनी कुल में विवाह होता है अर्थात् धनी ससुराल की प्राप्ति होती है।

इसके विपरीत यदि सप्तमेश बलहीन हो तो पत्नी दरिद्र कुल (निर्धन ससुराल) से प्राप्त होती है ।।२५।।

अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः

दारेशे शुभसंयुक्ते शुभखेचरवीक्षिते।
शुभग्रहाणां मध्यस्थे सत्कलत्रादिभाग्भवेत्।। २६।।

यदि सप्तमेश शुभ ग्रहों से युक्त तथा शुभ ग्रहों से अथवा शुभ ग्रहों के मध्य में हो तो वह जातक श्रेष्ठ पत्नीवाला होता है ।।२६।।

दारेशे शुभराश्यंशे कारके वा तथाविधे।
कर्मेश बलसंयुक्ते सत्कलत्रसमन्वितः ।। २७।।

यदि सप्तमेश शुभ राशि में, शुभ नवांश में हो एवं उसी प्रकार से दशमेश शुभ राशि तथा शुभ नवांश में होकर बली हो तो जातक को श्रेष्ठ पत्नी प्राप्त होती है ।।२७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरुणा सति सन्दृष्टे दारनाथबलान्विते ।
कारके वा तथाभावे पातिव्रतपरायणा ।। २८।।

यदि बली सप्तमेश गुरु से दृष्ट हो तथा सप्तम भावकारक शुक्र भी बली तथा गुरु या शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की पत्नी पतिव्रता होती है ।।२८।।

कलत्रेशे रवौ वाऽपि भृगुसौम्यनिरीक्षिते ।
गुरुयुक्ते कलत्रे वा धर्मशीला पतिव्रता ।। २९।।

यदि सप्तमेश अथवा सूर्य इन दोनों में से कोई भी बुध-गुरु-शुक्र से युक्त हों या दृष्ट हों अथवा सप्तमेश सप्तम भाव में हो तो पत्नी पतिव्रता होती है ।।२९।।

कलत्राधिपतौ केन्द्रे शुभग्रहनिरीक्षिते ।
शुभांशे शुभराशौ वा भवेत्पत्नी पतिव्रता।। ३०।।

यदि सप्तमेश केन्द्र में हो तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो, शुभ राशि तथा शुभ नवांश में हो तो पत्नी पतिव्रता होती है ।।३०।।

कलत्रेशे रवौ वाऽपि पापराश्यंशसंयुते ।
पापान्विते वा दृष्टे वा पत्नी पापपरायणा ।। ३१।।

यदि सप्तमेश अथवा सूर्य पाप राशि तथा पापनवांश में हो या पापग्रहों से युक्त हों या पापग्रहों से दृष्ट हों तो पत्नी पापपरायणा होती है ।।३१।।

सराहुकेतौ मदभेऽन्यसक्ता पापेक्षिते पापरता कुशीला ।
क्रूरांशके भर्तृविषप्रदा स्याल्लोकापवादान्विततर्कशीला ।। ३२।।

यदि सप्तम भाव में राहु या केतु हो तो उस जातक की पत्नी परपुरुष में आसक्त होती है । यदि सप्तम पर पापग्रहों की दृष्टि हो तो दुश्चारित्रा होती है । क्रूरषष्ट्यंश में या नवांश में पति को विष देने वाली होती है । उसकी सब ओर से बदनामी होती है तथा वह मुँहजोर होती है ।।३२।।

शुक्रे कलत्रे सति कामुकः स्यात् स्वदारसक्तोऽन्यशुभग्रहेषु ।
बह्वीषु नारीषु कुजेऽर्कपुत्रे, कुस्त्रीषु सक्तोऽन्यकलत्रगोऽर्के ।। ३३।।

यदि शुक्र सातवें भाव में हो तो स्त्री का पति अत्यन्त कामुक होगा । यदि सप्तम में शुभ ग्रह बली होकर बैठे हों तो वह अपनी पत्नी में आसक्त रहेगा । यदि सप्तम में मंगल हो तो वह अनेक स्त्रियों में रमण करेगा । यदि सप्तम में शनि हो तो वह नीच स्त्रियों की संगत करेगा । यदि सप्तम भाव में सूर्य हो तो वह दूसरों की पत्नियों में रत रहेगा ।।३३।।

लग्नाधिपस्यात् सुहृदत्र कलत्रपश्चेद्
भार्या च तत्कुलभवा अपि मित्रभूताः ।
तद्वद्रिपुर्यदि विलग्नपतेर्यदिशो
भार्या च तत्कुलभवा अपि वैरिणः स्युः ।। ३४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि लग्नेश तथा सप्तमेश में मित्रता होगी तो जातक की ससुराल वाले उसके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करेंगे । यदि लग्नेश तथा सप्तमेश में परस्पर शत्रुता हों तो जातक एवं ससुराली जनों में खटपट रहती है ॥३४॥

लग्नेश्वरात्पूर्णबले कलत्रे नाथे शुभांशे शुभदृष्टियुक्ते ।
वैशेषिकांशे परमोच्चभागे चेत्कृष्टजातौ हि कलत्रलाभः ॥ ३५॥

यदि लग्नेश पूर्णबली होकर सप्तम भाव में बैठा हो तथा सप्तमेश शुभ नवांश में शुभ ग्रहों की दृष्टि से युक्त हो अथवा वैशेषिकांश में या परमोच्चांशों में हो तो जातक का विवाह होता है ॥३५॥

लग्नेश्वराद् हीनबले कलत्रनाथेऽरिभागांशयुते विमूढे ।
नीचांशके नीचसमन्विते वा निकृष्टजातौ हि कलत्रलाभः ॥ ३६॥

यदि कलत्रनाथ (सप्तमेश) लग्नेश से बल में हीन हो तथा शत्रुराशि या शत्रुनवांश में हो या अस्तङ्गत हो या नीचनवांश अथवा नीचग्रह के साथ हो तो निकृष्ट जाति की स्त्री से विवाह होता है ॥३६॥

अथ पुनर्विवाहलक्षणमुच्यते

प्राग्लग्ने द्वन्द्वराशौ शशिनि च मदभे द्वन्द्वमे वा तदंशे
लाभे खेटद्वयाढ्ये सति च मदनभे क्लीबखेटान्विते च ।
उद्वाहौ द्वौ भवेतामथ मदनगते भौमभास्वन्नवांशे
तेन वा यद्यस्तसंस्थौ भवति खलु नृणां वल्लभैकैव नूनम् ॥ ३७॥

जब द्विस्वभाव राशि का लग्न हो तथा सप्तमेश एवं चन्द्र ये दोनों भी द्विस्वभाव राशियों या नवांश में होकर सप्तम भाव में भी द्विस्वभाव राशि हो, जब दो ग्रह एकादश भाव में बैंठे हों तथा सप्तम भाव में नपुंसक ग्रह (शनि-बुध) बैठे हों तो जातक का दूसरा विवाह होता है ।

जब सूर्य एवं मंगल सप्तम भाव में बैठे हों अथवा अपने नवांशों में होकर सप्तमभावगत हों तो बहुत विवाह का सामर्थ्य होने पर भी जातक केवल एक ही पत्नी में अनुरक्त रहता है ॥३७॥

लग्नेन्द्वोः सप्तमेशौ भृगुरविबलिनो गोचरस्थास्त्रयश्चे-
दुद्वाहानां त्रयं स्याद् द्वयमुदितमुभौ चैकमेकस्तथा चेत् ।
अस्तेशे भार्गवे वा गतवति परमं तुङ्गमस्तस्थिता वा
नैकाः खेटा यदि स्युस्त्रय इह बहवो द्यूनपांशैः समा वा ॥ ३८॥

यदि जन्मकुण्डली में लग्न एवं चन्द्र से सप्तमेश, शुक्र तथा सूर्य बली होकर उत्तम स्थानों में (तीनों) बैठे हों तो उस जातक के दो विवाह होते हैं । यदि इनमें दो ही ग्रह बली हों तो दो विवाह होते हैं, परन्तु एक ही बली हो तो एक ही विवाह होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब सप्तमेश या शुक्र उच्च का हो अथवा जब सप्तम भाव में दो से अधिक ग्रह बैठे हों तो वह तीन स्त्रियों अथवा अधिक से विवाह करता है। सप्तमेश के जितने नवांश व्यतीत हों उतनी स्त्रीसंख्या बतानी चाहिए। यह संख्या तब विचारें जबकि बहुभार्या योग कुंडली में विद्यमान हो ॥३८॥

ध्यान रहें, आजकल बहु विवाह नहीं होते, गुपचुप रखेलें या प्रेमिकाएँ हो सकती हैं। तलाक या पत्नी की मृत्यु पर ही वैधानिक रूप से दूसरा विवाह हो सकता है।

वक्रवर्गोत्तमस्वर्क्षत्र्यंशतुङ्गनवांशकौ ।
शुक्रास्तेशौ बलिन्यस्ते पुनरुद्वाहकारकौ॥ ३९॥

यदि शुक्र तथा सप्तमेश वक्री, वर्गोत्तम स्वराशिगत, स्वद्रेष्काण या उच्चराशि, उच्चनवांश के हों तथा बली हों तो पुनरुद्वाह कराने वाले होते हैं ॥३९॥

अत्र सर्वार्थचिन्तामणिः

कलत्रे वा कुटुम्बे वा पापदृग्योगसम्भवे।
तदीशे बलहीने तु कलत्रान्तरभाग्भवेत्॥ ४०॥

यदि सप्तम भाव या द्वितीय भाव में पाप ग्रहों की स्थिति अथवा दृष्टि हो, सप्तमेश बलहीन हो तो दूसरी स्त्री प्राप्त होती है; ऐसा दैवज्ञ को कहना चाहिए ॥४०॥

सप्तमे वाऽष्टमे पापे व्यये भूसुतसंयुते।
अदृश्ये यदि नाथेन कलत्रान्तरभाग्भवेत्॥ ४१॥

यदि सप्तम या अष्टम में पाप ग्रह हों, द्वादश भाव में मंगल हो तथा सप्तम पर सप्तमेश की दृष्टि न हो तो दूसरी पत्नी प्राप्त होती है ॥४१॥

दारेशस्थनवांशेशे मूढे नीचारिभागगे ।
पापान्तरे पापदृष्टे कलत्रान्तरभाग्भवेत्॥ ४२॥

यदि सप्तमेश स्थित नवांश का स्वामी अस्त हो या नीचनवांश या शत्रुनवांश में हो, पापग्रहों के मध्य में हो तथा पापग्रहों से दृष्ट हो तो जातक को अन्य स्त्री प्राप्त होती है ॥४२॥

वित्ते पापबहुत्वे तु कलत्रे वा तथाविधे।
तदीशे पापदृष्टे तु कलत्रत्रयमादिशेत्॥ ४३॥

जब द्वितीय भाव में एक से अधिक पापग्रह हों, इसी प्रकार सप्तम भाव में भी एकाधिक पाप ग्रह हों तथा सप्तमेश पर पापग्रहों की दृष्टि हों तो तीन विवाह होते हैं अथवा एक-एक कर तीन स्त्रियाँ प्राप्त होती हैं ॥४३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्ने कुटुम्बदारे वा पापखेचरसंयुते।
दारेशे नीचमूढादौ कलत्रत्रयमादिशेत् ।। ४४।।

यदि लग्न में, द्वितीय भाव में अथवा सप्तम भाव में पाप ग्रह बैठे हों, सप्तमेश नीचराशि या अस्तङ्गत हो तो तीन स्त्रियाँ होती हैं ।।४५।।

केन्द्रत्रिकोणे दारेशे स्वोच्चमित्रस्ववर्गगे।
कर्माधिपेन वा युक्ते बहुस्त्रीसहितो भवेत् ।। ४६।।

यदि सप्तमेश केन्द्र या त्रिकोण में बैठा हो तथा अपनी उच्चराशि, मित्रराशि या स्वराशि में हो तथा दशमेश से युक्त हो तो बहुत स्त्रियों का साथ होता है ।।४६।।

लाभदारेश्वरौ चेति परस्परनिरीक्षितौ।
बलाढ्यौ वा त्रिकोणस्थौ बहुदारसमन्वितः ।। ४७।।

जब एकादशेश तथा सप्तमेश की युति हों अथवा उनकी परस्पर दृष्टि हों अथवा बली होकर वे त्रिकोण में बैठे हों तो जातक बहुत स्त्रियों वाला होता है ।।४६।।

दाम्पत्ये सौमनस्यकराः योगाः

अस्तेशाश्रितभं तदंशभवनं तस्योच्चभं नीचभं
शुक्राधिष्ठितभं तदंशभमिनांशर्क्षत्रिकोणं विधोः।
इन्दोरष्टकवर्गकेऽक्षबहुलं व्यूहाष्टवर्गे तथा
भार्याजन्म शुभं सिताष्टकगणेऽप्यस्यास्तनाथाक्षयुक्।। ४७।।

(क) यदि सप्तमेश द्वारा अधिष्ठित राशि, (ख) सप्तमेश की नवांशराशि, (ग) सप्तमेश की उच्चराशि, (घ) सप्तमेश की नीच राशि, (ङ) शुक्राधिष्ठित राशि, (च) शुक्राधिष्ठित नवांशराशि, (छ) सप्तमेश तथा शुक्र से त्रिकोण राशियों से जिस राशि में शुक्र के अष्टक वर्ग में शुक्र से सप्तराशि—इन राशियों में जिस राशि में शुभफलदायक बिन्दु अधिक हों—यदि पति की राशि या लग्न से वही राशि पत्नी की हो तो उसके साथ विवाह होने पर विवाह शुभ फल देता है ।।४७।।

चन्द्राष्टकवर्गे शुभफलकथनम्

चन्द्राष्टवर्गे तत्कक्ष्या पत्यक्षान्वितराशिजा।
लग्नेशाश्रितभांशर्क्षद्वयजा च शुभा वधूः ।। ४८।।

पति के चन्द्राष्टक वर्ग में उसकी कक्षा का स्वामी ग्रह जिस राशि में बैठा हो वह राशि अथवा लग्नेशाश्रित राशि यदि पत्नी की राशि हो तो शुभ फल होता है (यहाँ राशि से तात्पर्य जन्म की राशि या लग्न से है) ।।४८।।

कक्ष्या का विवेचन अध्याय १८ श्लोक ११४ की व्याख्या में देखें । मान लीजिये—चन्द्र स्पष्ट किसी राशि के २३° (तेईस अंश) पर है तो २२°।३०' के पश्चात्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

२६°।१५' पर्यन्त चन्द्र की स्वयं की कक्षा होती है । अब यह चन्द्रमा जिस राशि में बैठा हो वह राशि जातक की पत्नी की राशि हो तो उस जन्मराशि की पत्नी जातक को शुभ होगी । पति की कुंडली से यह कक्ष्या का विचार करना चाहिए ।

लग्नेशशुक्रयोर्योगे यच्च लग्नास्तनाथयोः ।
द्यूनर्क्षेऽक्षकनाथोडु यच्च तत्स्यात् कलत्रभम् ।। ४९।।

लग्नेश तथा शुक्र के स्पष्ट राश्यादि का जो योगस्फुट हो उसका नक्षत्र ज्ञात करें। इसी प्रकार सप्तमेश एवं सप्तमद्रष्टा ग्रह या ग्रहों के योगस्फुट का नक्षत्र ज्ञात करें। इन्हीं दो में से कोई नक्षत्र जातक की पत्नी का होगा तभी शुभफलदायक होगा ।।४९।।

भार्याया जन्मदिग्ज्ञानमाह

दारेशस्य तदाश्रितांशग्रहयोः शुक्राश्रितांशर्क्षयोः
शुक्रात्सप्तमभस्य लग्नशशिनोरस्तेऽक्षकारूढयोः ।
बह्वक्षाश्च ससौम्यलग्नमदपाः शुक्राष्टवर्गे गृहा
ये तेषाञ्च दिगुद्भवा हि शुभदा कन्या विवाहे नृणाम्।। ५०।।

यदि कोई जातक (क) दारेश (सप्तमेश) की दिशा, (ख) सप्तमेशस्थ राशि की दिशा, (ग) सप्तमेश की नवांशराशि की दिशा, (घ) शुक्राश्रित राशि की दिशा, (ङ) शुक्रस्थ नवांशराशि की दिशा, (च) शुक्र से सप्तम राशि की दिशा, (छ) लग्न से सप्तम में बैठे ग्रह की राशियों की दिशा , (ज) लग्न से सप्तम को देखने वाले ग्रह की दिशा, (झ) चन्द्रराशि से सप्तमद्रष्टा ग्रह की दशा, (ञ) चन्द्र से सप्तम में बैठे ग्रह की राशियों की दिशा, (ट) शुक्र के अष्टम वर्ग में अधिकतम बिन्दु प्राप्त करने वाली राशि की दिशा, (ठ) जिस राशि में लग्नेश बैठा हो तथा जिसमें लग्नाष्टक वर्ग में अधिक बिन्दु हों उसकी दिशा, (ड) उस राशि की दिशा जिसमें सप्तमेश बैठा हो तथा अधिकतम बिन्दु प्राप्त किये हों—इन दिशाओं में जन्मने वाली कन्या से विवाह करता है तो उसका वैवाहिक जीवन सुखी रहेगा ।।५०।।

इनमें से जो ग्रह या राशि बलवान् हो उसकी दिशा को ही ग्रहण करके जातक को बताना चाहिए । ग्रहों तथा राशियों की दिशाएँ पूर्व के अध्यायों में वर्णित की जा चुकी हैं ।

शुक्राष्टवर्गे संशुद्धे भूचक्रे येषु राशिषु ।
अक्षाणि तद्दिगुद्भूताप्यक्षाधिक्यवशात्शुभा।। ५१।।

शुक्राष्टक वर्ग में त्रिकोणशोधनोपरान्त जिस राशि में अधिकतम बिन्दु हों उस राशि की दिशा में जन्मने वाली कन्या के साथ यदि जातक विवाह करता है तो शुभ होगा ।।५१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जन्मकुण्डलीतो भार्यायाः सुदूर-मध्य-समीपज्ञानम्

अस्तेश्वराधिष्ठितभांशकाभ्यां,
शुक्रांशकाभ्यामथवा विचिन्त्यम्।
मार्गप्रयाणञ्चरभोभयांशैः
सूदूरमध्यान्तिकता क्रमेण॥ ५२॥

यदि जातक की कुण्डली में सप्तमेशाश्रित राशि, सप्तमेश की नवांशराशि, शुक्राधिष्ठित राशि, शुक्र की नवांशराशि, चर राशि हो तो दूर स्थान की पत्नी से विवाह होता है। यदि ये राशियाँ हों तो पत्नी निकट की होती है, बारात को अधिक दूर नहीं ले जाना पड़ता है। यदि उक्त राशियाँ द्विस्वभाव हों तो न दूर न पास अर्थात् मध्यम दूरी पर रहने वाली कन्या से विवाह होता है॥५२॥

बहुमतस्य ग्राह्यता

द्वित्राणि लक्षणानि स्युर्यस्मिन् राशौ च यद्दिशि।
तत्रभे दिशि वा जाता कन्या ग्राह्याः समृद्धये॥ ५३॥

उक्त वर्णित लक्षणों में जिस राशि में दो-तीन लक्षण दिखाई पड़ें उसी राशि की दिशा आदि में उत्पन्न कन्या से विवाह करना सुख-समृद्धिकारक होता है॥५३॥

द्यूनतन्नाथशुक्राद्यैर्यथा दारनिरूपणम्।
पुंसां तथैव नारीणां कर्त्तव्यं भर्तृचिन्तनम्॥ ५४॥

पुरुष के सप्तम भाव, सप्तम का स्वामी, शुक्र आदि से जो स्त्री का विचार किया जाता है उसी प्रकार से स्त्री की कुण्डली में सप्तमभावादि से विचार करना चाहिए।

स्त्रीजातकविचारणा

पत्युर्मृत्युकरोऽशुभाष्टमगतस्सम्यग्ग्रहश्चेत्तदा
वाच्यं स्यात्स्वयमेव सोऽन्तकृदसद्दृष्टेऽस्तसंस्थे शनौ।
उद्वाहो न भवेन्मदेऽपि मरणे पापान्विते सद्ग्रहो
भाग्ये चेत्कमितुर्मृतिर्न हि भवेदित्यत्र काश्चिद्भिदाः॥ ५५॥

(१) यदि स्त्री की कुण्डली में अष्टम भाव में पाप ग्रह बैठा हो तो पति की मृत्यु होती है। परन्तु यदि द्वितीय भाव में शुभ ग्रह बैठे हों तो पत्नी की मृत्यु पहले होती है।

(२) यदि सप्तम में बैठे शनि पर पापग्रह की दृष्टि हो अथवा सप्तम में बैठे पापग्रह की शनि पर दृष्टि हो तो वह कुमारी रह कर ही मर जाती है और कोई भी उसे ब्याहने नहीं आता। उसके अनुरूप वर नहीं मिलता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(३) यद्यपि सप्तम-अष्टमस्थ पाप ग्रह विधवा योग बनाते हैं परन्तु यदि नवम भाव में कोई बली शुभ ग्रह बैठा हो तो वह विधवा योग निष्प्रभावी हो जाता है ।

इन योगों की कन्याओं की कुण्डली में भलीभाँति विचार करना चाहिए ॥५५॥

वराहसन्दर्भकथनम्

स्त्रीजातकं स्वहोरायां द्वाविंशाध्याय ईरितः ।
वराहमिहिरेणैव दृष्ट्वा तत्फलमीरयेत् ॥ ५६ ॥

वराहमिहिराचार्य ने अपने होराग्रन्थ बृहज्जातक के स्त्रीजातकाध्याय में जो फल कहा है उसे भी कहना चाहिए ॥५६॥

रन्ध्रेण भर्तृभावेन कारकेणाथ चार्किणा ।
चिन्त्यो यथास्तशुक्राभ्यां भर्तेति ब्रुवते वरे ॥ ५७ ॥

पुरुष की कुण्डली में सप्तम भवन तथा शुक्र से पत्नी के बारे में विचार करना चाहिए । इसी प्रकार स्त्री की कुण्डली में अष्टम भाव तथा आर्कि (शनि) के द्वारा विचार करते हैं ॥५७॥

त्रिभागे वयसश्चाथ दशापहृतिपूर्वकाः ।
विवाहघटकाः कालाः कथ्यन्ते नरयोषितोः ॥ ५८ ॥

आयु के आदि-मध्य-अन्त ये तीन भाग होते हैं । दशापहारपूर्वक इनमें से जीवन के किस भाग में स्त्री या पुरुष का विवाह होगा इसका विचार कैसे करें ? यह अब आगे बताया जा रहा है ॥५८॥

सौम्यः सन् मदपो बली तनुपयुक् शुक्रोऽथवा वीर्यवान्
एतौ वा यदि केन्द्रगौ खलु नृणां बाल्ये विवाहप्रदौ।
एतौ योपचयर्क्षगौ यदि विवाहोर्ध्वं समृद्धिप्रदौ,
दूरेऽस्तान्मदपोऽङ्गवान् नु यदि चेद्दूरेऽपि पाणिग्रहः ॥ ५९ ॥

यदि शुभ ग्रह सप्तमेश होकर बली होकर लग्नेश से युत हो अथवा बली शुक्र की युति लग्नेश से हो, अथवा शुक्र तथा लग्नेश बली होकर केन्द्रों में बैठे हों तो बाल्य काल में विवाह होता है ।

जब सप्तमेश एवं शुक्र उपचय भावों (३-६-१०-११) में स्थित हों तो विवाह के बाद समृद्धि देने वाले होते हैं ।

जब सप्तमेश सप्तम भाव से बहुत दूर होता है तथा लग्न से भी दूर होता है तो विवाह युवावस्था के उपरान्त होता है ॥५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र सर्वार्थचिन्तामणि:

दारेश्वरे सन्निहिते विलग्ने नाथस्य बाल्ये परिणीतिमाहु: ।
लग्नात्कलत्राच्छुभखेचरेन्द्रे समीपराशौ यदि तत्तथैव ।। ६०।।

यदि दारेश्वर (सप्तमेश) विलग्ननाथ (लग्नेश) के समीप ही हो तो बाल्यावस्था में ही विवाह हो जाता है । यदि लग्न एवं सप्तम की राशियों के सभी शुभ ग्रह हों तो भी वही फल होता है अर्थात् बाल्यकाल में ही परिणय हो जाया करता है ।।६०।।

लग्ने कुटुम्बे यदि दारभावे शुभान्विते शोभनवर्गयुक्ते।
तदीश्वरे शोभनदृष्टयुक्ते बाल्ये विवाहादिकमाहुरार्या: ।। ६१।।

यदि लग्न, द्वितीय तथा सप्तम भावों में शुभ ग्रह बैठे हों या शुभ ग्रहों का वर्ग हो; लग्नेश, द्वितीयेश तथा सप्तमेश यदि शुभ ग्रहों से दृष्ट-युक्त हों तो भी विद्वान् लोग बाल्यकाल में विवाह होना कहते हैं ।।६१।।

पारावतांशादिगते कलत्रनाथे कुटुम्बाधिपतौ बलाढ्ये ।
मृद्वाख्यभागे तनुभावनाथे बाल्ये विवाहो मुनयो वदन्ति ।। ६२।।

यदि सप्तमेश पारावतांश में हो तथा द्वितीयेश बली हो, लग्नेश ''मृद्वंश'' नामक षष्ट्यंश में हो तो मुनिजन कहते हैं कि जातक का विवाह बाल्यावस्था में ही हो जाता है ।।६२।।

शुक्रेऽस्तगे चोपचयान्विते वा कुटुम्बपा तादृग् भावयुक्ते।
लग्नेश्वरे वा शुभदृष्टियुक्ते भाग्यं विवाहात्परतो वदन्ति ।। ६३।।

यदि शुक्र सप्तम भाव में या उपचय स्थानों में (३-६-१०-११) में हो तथा द्वितीयेश भी इन्हीं में से किसी भाव में ही विराजमान हो, लग्नेश पर शुभग्रहों की दृष्टि हों और वह भी इन्हीं में से किसी भाव में बैठा हो तो मुनिजन विवाह के उपरान्त उस जातक का भाग्योदय होता है—ऐसा कहते हैं ।।६३।।

सर्वार्थचिन्तामणि में इस श्लोक के चरणों में उलटफेर है ।

विवाहोपरान्तभाग्यनाशयोग:

तत्कारके दारपतौ कुटुम्बनाथे विलग्नाधिपतौ च दु:स्थे।
नीचारिमूढांशगते सपापे भाग्यं विवाहात्परमेति नाशम् ।। ६४।।

यदि सप्तमभावकारक (शुक्र), सप्तमेश, द्वितीयेश, लग्नेश ये दु:स्थानों में बैठे हों तथा नीच राशि, शत्रु राशि या नवांशों में अथवा अस्तंगत या पापयुक्त हों तो जिसकी जन्मकुण्डली में यह योग हो उसका भाग्य विवाहोपरान्त नष्ट हो जाता है और उसे दुर्भाग्य घेर लेता है ।।६४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



इस कुण्डली में सप्तमभाव का कारक तथा द्वितीयेश शुक्र अपनी नीचराशि कन्या में है । लग्नेश बुध सपाप अर्थात् केतु के साथ है । सप्तमेश गुरु दुःस्थान (बारहवें भाव) में बैठा है । अतः श्लोक ६४ का योग स्पष्ट रूप से विद्यमान है । इतना ही नहीं भाग्येश नीच का होकर सप्तम भाव को भी देख रहा है ।

विवाहकाले विंशोत्तरीदशाकथनम्

योऽस्ते तिष्ठति यच्च पश्यति तयोरस्तेशितुर्वाऽथ ते,
नारूढांशभनाथयोरुशनसस्ताराधिनाथस्य वा ।
यद्वा लग्नपसंश्रितांशकपतेर्यस्मिन् तन्दशापहारोऽस्मिन्
कः स्यात् समये विवाहघटना राहुश्च केचिज्जगुः ।। ६५।।

जो ग्रह सप्तम में बैठे हों, सप्तम के द्रष्टाग्रह, सप्तमेश, सप्तमेशाश्रित राशि के स्वामीग्रह, सप्तमेशस्थित नवांश का स्वामी, शुक्र, चन्द्र तथा लग्न का नवांशेश—इन ग्रहों की महादशा तथा अन्तर्दशा में विवाह सम्पन्न होता है । कुछ आचार्यों का मत है कि राहु भी इन ग्रहों में गिना जाना चाहिए (राहु आकस्मिक रूप से विवाह कराता है) ।।६५।।

इस श्लोक में दिये गये ग्रहों में बली ग्रह की दशा-अन्तर्दशाओं में विवाह की संभावना प्रबल होती है ।

पुनश्च विवाहसमयमाह

जामित्रे तदधीश्वराश्रितगृहे यद्वानयोः सप्तमे
धर्मे वाऽथ सुते चरन्ति भृगुभूलग्नास्तजन्मेश्वराः ।
काले यत्रचरेऽन्यदा च धिषणो द्यूनेशभांशर्क्षयोः
यद्वा तत्सुतधर्मयोः स समयः प्रोद्वाहदायी नृणाम् ।। ६६।।

जब भृगुभू (शुक्र), लग्नेश, जन्मराशीश (चन्द्रराशीश) तथा सप्तमेश गोचर भ्रमण वश सप्तम भाव में, सप्तमाश्रित भाव में अथवा इन स्थानों से सप्तम अथवा त्रिकोण में संचार करते हैं तब विवाह होता है ।

अथवा जिस काल में गुरु गोचर भ्रमण में सप्तमेश की राशि, सप्तमेश की नवांश राशि में या उनसे त्रिकोण राशियों में संचार करता है तब विवाह सम्पन्न होता है ।।६६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उपसंहारः

भार्याविषयचिन्तनमुदितमिदं जन्मलग्नविहगवशात्।
सहधर्मञ्चरति नरः पुत्रांश्च लभते भार्यया यस्मात्।। ६७।।

।। इति प्रश्नमार्गे विंशोऽध्यायः ।।२०।।

दृढतापूर्वक धर्मपालन के लिए और सन्तानोत्पत्ति के लिए विवाह आवश्यक है। इसलिए विवाह का चिन्तन जन्मलग्न तथा जन्मकालीन ग्रहों की स्थिति के अनुसार करना चाहिए ।।६७।।

इस प्रकार आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ (बारहा ग्रामवास्तव्यः) कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का बीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२०।।

—*—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथैकविंशोऽध्यायः

आनुकूल्यम्

दम्पत्योर्जन्मताराद्यैरानुकूल्यम्परस्परम् ।
विचिन्त्योपयमः कार्यस्तत्प्रकारो निगद्यते ।। १ ।।

दम्पति के जन्मनक्षत्रादि से जो विवाह हेतु मेलापक किया जाता है उसी को दक्षिण भारत में परस्पर आनुकूल्य कहा गया है । अब मेलापक के नियमों को कहते हैं ।।१।।

दैवज्ञस्य कर्तव्यता:

राशिप्रोक्तं ग्रहोक्तं पुनरुडुगदितं चोडुसम्बन्धिभिर्वा,
वर्णैर्योनिगणैर्वा मुनिविहगमृगैर्वेधभूतैश्च रज्ज्वा ।
प्रोक्तं यच्चानुकूल्यं पुनरपि वयसा चाष्टवर्गेण सक्त्या,
सञ्चिन्त्यैतत्समस्तं परिणयनविधिः कल्पताम्प्राश्निकेन ।। २ ।।

विवाह के निश्चय के पूर्व ही स्त्री-पुरुष दोनों के नक्षत्र एवं राशि के अनुसार राशि, नक्षत्र, राशीश, नक्षत्रेश, वर्ण, योनि, गण, ऋषि (गोत्र), पक्षी, मृग, वेध, भूत, रज्जु, वयस, अष्टकवर्ग तथा शक्ति इन सबका विचार करते हुए आनुकूल्य (मेलापक) देखना चाहिए ।।२।।

अथ प्रथमं राश्यानुकूल्यम्, तत्र सर्वार्थसिद्धिः

जन्मर्क्षतो द्वित्रिवेदबाणाङ्गराशिजो वर्ज्यः ।
ग्राह्योऽपरः भिन्ननक्षत्रश्चैकराशिजः ।। ३ ।।

अब सर्वप्रथम "सर्वार्थसिद्धि" ग्रन्थ के अनुसार "राशिमेलापक" कहते हैं—

सदैव कन्या के जन्मनक्षत्र से गणना करें । इसी प्रकार वर के जन्मनक्षत्र एवं राशि को ही ग्रहण करें । यहाँ मेलापक में नाम की प्रधानता नहीं है । नाम से तो विवशता से विचार करना पड़ता है (जब जन्म ज्ञात न हो) ।

जब कन्या की जन्मराशि से वर की जन्मराशि द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम तथा षष्ठ हो तो उसे वर्जित करें । यदि एक ही राशि में जन्म हुए वर-कन्या हों तो उसे भी वर्जित करें परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों तो विवाह शुभ होता है ।।३।।

ओजराशिभुवां स्त्रीणां मध्यौ षष्ठाष्टमर्क्षजौ ।
युग्मराशिभुवां निन्द्यः षष्ठजोऽष्टमजः शुभः ।। ४ ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ओजराशियों (१-३-५-७-९-११) में उत्पन्न कन्याओं के लिए उनकी जन्मराशि से छठी-आठवीं राशि (षडष्टक) मध्यम होती हैं अर्थात् न शुभ होती है और न अशुभ। जिन कन्याओं का जन्म समराशियों (२-४-६-८-१०-१२) में होता है उनके लिए वर की छठी राशि निन्दित परन्तु आठवीं शुभ होती है। अर्थात् आठवीं राशि में उत्पन्न वर से विवाह किया जा सकता है ॥४॥

षडष्टक के सम्बन्ध में यह ग्रन्थकार का मत है, इसे निम्न चक्र से समझिए—

ग्रन्थकार के मत से षडष्टक का चक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	**राशि (कन्या की)**
विषम	सम	विषम	सम	विषम	सम	विषम	सम	विषम	सम	विषम	सम	**विषम/ सम**
६ ८	× ×	८ १०	× ×	१० १२	× ×	१२ २	× ×	२ ४	× ×	४ ६	× ×	**मध्यम राशियाँ**
×	९	×	११	×	१	×	३	×	५	×	७	**मध्यम राशि**
×	७	×	९	×	११	×	१	×	३	×	५	**अशुभ राशि**

उत्तर भारत में यदि एक ही स्वामी की राशियों में षडष्टक हो तो उसे स्वीकार किया है। उसे मित्रषडष्टक नाम दिया है, शत्रुषडष्टक वर्जित किया है। अतः यहाँ उत्तर भारत में ग्रन्थकार का मत पूर्णतः विरोधाभासी है।

माधवीयमतम्

स्त्रीजन्मभाद् भवति पुंसि कुटुम्बजाते
वित्तक्षयस्तनयहानिरपत्यजाते ।
षष्ठोद्भवे व्यसनरोगविपद्वियोगा
दुःखं सहोदरभवे सुखजे विरोधः ॥ ५॥

माधवाचार्य के मत से यदि कन्या की जन्मराशि से वर की जन्मराशि दूसरी हो तो धननाशकारक, पाँचवीं हो तो पुत्रनाशक, छठी होने पर व्यसन (रोग) कारक, विपत्ति तथा वियोगकारक होती है। तृतीय राशि दुःखप्रद तथा चौथी राशि होने पर विरोध तथा वैमनस्य होता है ॥५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहस्पतिमतम्

षष्ठाष्टर्क्षे नाशस्स्यान्न चेदेकाधिपत्यता।
अन्योऽन्यमित्रभावश्च स्त्रीपुमृक्षेशयोर्यदि ।। ६।।
वश्यभावे ततोऽन्योऽन्यं आधिपत्यं परस्परम्।
न चेत्षष्ठाष्टमे वेधस्तदा षष्ठाष्टमः शुभः ।। ७।।
परस्परत्रिकोणञ्च द्विर्द्वादशकं तथा।
सर्वदा बहुदोषाय दम्पत्यौर्मैत्रभेऽपि च ।
समसप्तमभं श्रेष्ठमप्यराती तयोर्द्वयोः ।। ८।।

बृहस्पति का मत है कि यदि कन्या तथा वर दोनों के राशीशों में एकाधिपत्यता (दोनों की राशियों के स्वामी एक ही ग्रह होना) न हो तो उनकी राशियों में षडष्टक होने पर उनकी मृत्यु होती है।

यदि उन दोनों की राशियों में तथा स्वामियों में परस्पर मैत्रीभाव है या आपस में वश्यता है तो षडष्टक का दोष न्यून हो जाता है और शुभ फल होता है ।।६-७।।

कन्या-वर दोनों की राशियों में परस्पर त्रिकोण (नव-पंचम), द्विर्द्वादश ये दोनों सर्वदा ही अशुभ होते हैं; भले ही वे दोनों राशियाँ मित्रभाव की हों। दोनों की राशियों का समसप्तक तो श्रेष्ठ होता है परन्तु दोनों में खट-पट चलती ही रहती है ।।८।।

मुहूर्तरत्नमतम्

षष्ठाष्टमे मरणवैरवियोगदोषा
द्विर्द्वादशे विधनताऽप्रजता त्रिकोणे।
शेषेषु नैकविधसौख्ययुतार्थसम्पद्
षष्ठाष्टमप्रभृतिकेष्वपि वैरवेधे ।। ९।।

यदि वधू-वर दोनों की राशियों में षडष्टक हो तो उनमें परस्पर वैर रहता है तथा वियोग एवं बिछोह रहता है। द्विर्द्वादश होने पर निर्धनता होती है। नवम-पञ्चम होने पर सन्तानहीनता होती है। शेष प्रकार के सम्बन्धों में (त्रिरेकादश, केन्द्र, समसप्तक में) सुख तथा सम्पत्ति की प्राप्ति होती है।

षष्ठाष्टम होने पर यदि वैरवेध का दोष हो किन्तु एक राशि यदि दूसरे की वश्य हो तो उसका दोष नहीं होता है। यदि दोनों की योनि में विरोध हो, साथ ही नव पञ्चम भी हो तो सन्तति के लिए हानिकर होती है ।।९।।

राशिनवांशयोर्विशेषफलम्

कन्यालिगोहरिष्विन्दुस्तदंशे वाऽथ लग्नभम्।
सह स्याद्यदि दम्पत्योः पुत्रसिद्धिस्सुदुर्लभा ।। १०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि वर-वधू की कुण्डलियों में जन्मलग्न, लग्ननवांश, जन्मराशि, राशिनवांश यदि कन्या, वृश्चिक, वृष, सिंह में किसी राशि में हो तो सन्तानोत्पत्ति की संभावना बहुत ही कम होती है । यह स्थिति दोनों कुण्डलियों में देखें ॥१०॥

राशियोनिविचारमाह

मृगमीनौ विहङ्गाख्यौ अलिकर्कौ सरीसृपौ।
पशवो मृगसिंहाजगाव: प्राय: परे नरा:॥ ११॥
योन्यैक्यं चोत्तमं विद्यात् मध्यमम्पशुमानुषम्।
सरीसृपविहङ्गाभ्यां कनीयान् पशुसङ्गम:।
तिर्यङ्मनुष्यसंयोगं न कदाचित्समाचरेत्॥ १२॥

उत्तर भारत में योनियाँ चौदह हैं जो कि नक्षत्रों पर आधारित होती हैं । परन्तु दक्षिण भारत के ज्योतिष-सम्प्रदायों में राशि के आधार पर योनि का विचार किया गया है जो इस प्रकार है—

(१) मकर तथा मीन राशि की विहङ्ग योनि है । (२) कर्क-वृश्चिक की सरीसृप योनि है । (३) मकर, सिंह, मेष, वृष ये पशु योनियाँ हैं तथा (४) शेष मिथुन, कन्या, तुला, धनु तथा कुंभ ये मानव योनियाँ हैं ॥११॥

यदि दम्पति की योनि एक हो तो उत्तम है । पशु तथा मनुष्य योनि का मेलापक मध्यम होता है । सरीसृप तथा विहंग योनि का सम्बन्ध पशु से निन्दित है । तिर्यङ् योनि (सरीसृप तथा विहंग) से मनुष्य योनि का सम्बन्ध कथमपि नहीं करना चाहिए ॥१२॥

इन श्लोकों में मकर राशि की योनि विहङ्ग तथा पशु दोनों लिखी गयी हैं, अत: इसे उभयात्मक मानना पड़ेगा । संभवत: इसका कारण यह है कि मकर राशि का मुख मृग के समान है जो कि पशु होता है तथा मृग एवं मकर दोनों की गति बहुत तेज उड़ान भरने वाली होने से उसे पक्षी (विहंग) भी कहा गया हो । पशु योनि से विहंग योनि या सरीसृप कुचल दिये जायेंगे जबकि मनुष्य उन्हें हानि नहीं पहुँचायेगा ।

राशियोनि चक्र

(१) विहंग (पक्षी)	(२) सरीसृप	(३) पशु	(४) मनुष्य	(५) पशु-पक्षी (उभयात्मक)	योनि
मीन	कर्क-वृश्चिक	सिंह, मेष, वृष	मिथुन, कन्या, तुला, धनु, कुंभ	मकर	राशियाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुहूर्तसङ्ग्रहमतम्

स्त्रीजन्मराशेरस्तादिषट्के जातः पुमान् शुभः।
षष्ठे मध्यगुणस्स्याच्चेत्तुर्ये वाऽन्येषु वर्ज्यते।। १३।।

कन्या की जन्मराशि से सप्तमादि छह राशि पर्यन्त यदि पुरुष की जन्मराशि हो तो विवाह शुभ होता हैं । छठी राशि मध्यम होती है, चौथी भी मध्यम है, शेष चार राशियाँ (जन्म की, दूसरी, तीसरी तथा पाँचवीं) त्याज्य हैं ।।१३।।

इस श्लोक में कन्या की जन्मराशि में सातवीं, आठवीं, नौवीं, दशवीं, ग्यारहवीं तथा बारहवीं राशियाँ शुभ मानी गयी हैं ।

जातकपद्धतिमतम्

त्र्यार्यत्रिहस्तजार्द्रायमैर्विना नु योषिज्जन्म।
भैक्येऽपि स्मृतास्तारा शुभा बुधैः।। १४।।

यदि दम्पति का एक ही नक्षत्र है तो विवाह कर सकते हैं । किन्तु ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, हस्त, रोहिणी, धनिष्ठा, शतभिषा, आर्द्रा, भरणी—इन नक्षत्रों में जन्म नहीं होना चाहिए; इन से भिन्न नक्षत्रों में होना चाहिए ।।१४।।

मुहूर्तरत्नमतम्

एकराशिद्विनक्षत्रम्पुत्रपौत्रादिवृद्धिकृत् ।
नक्षत्रैक्ये विषाद्भीतिः सम्प्रीतिस्समसप्तमे।
ऋक्षसन्धिगतं द्विर्द्वादशं दारिद्र्यकृत्तरम्।। १५।।

यदि दम्पति की एक राशि हो परन्तु नक्षत्र भिन्न हों तो पुत्र-पौत्रादि की वृद्धि होती है । एक नक्षत्र होने में दोनों में खूब प्रेम होता है ।

यदि दोनों की राशियों में द्विर्द्वादश योग हो तथा चन्द्रमा राशिसन्धि पर हो तो दरिद्र होकर जीवन बिताना पड़ता है ।।१५।।

राशिसन्धि का अर्थ मूल (गण्डान्त नक्षत्रों) के जन्म से है ।

वश्यज्ञानम्

सिंहकीटौ कर्कितौली कन्या चापालिनौ तुला।
नृयुग्मनावेणकन्ये कर्कटान्त्यौ घटादिमौ।
मेषो मृगश्च वश्याख्या मेषादीनाम्परैः क्रमात्।। १६।।

मेष के वश में सिंह तथा वृश्चिक राशियाँ रहती हैं , कर्क तथा वृष की वश्य कर्क-तुला हैं, मिथुन की वश्य कन्या राशि है, कर्क की वश्य धनु-वृश्चिक हैं । सिंह की वश्य कन्या है । कन्या की वश्य तुला है । तुला की वश्य कन्या एवं मकर हैं । वृश्चिक की वश्य कर्क है, धनु की मीन वश्य है , मकर की मेष तथा कुंभ वश्य है । कुंभ की मीन तथा मकर वश्य है । यदि इन राशियों के समूह में कोई राशियाँ वर तथा कन्या की एक हों तो उनसे प्रेम रहता है ।।१६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वश्य चक्र

राशि		मूल श्लोक के अनुसार
वर	कन्या	
मेष	सिंह/वृश्चिक	सिंहकीटौ
वृष	कर्क/तुला	कर्कितौली
मिथुन	कन्या	कन्या
कर्क	धनु/वृश्चिक	चापालि
सिंह	कन्या	नौ
कन्या	तुला	तुला
तुला	कन्या/मिथुन	नृयुग्मनौ
वृश्चिक	मकर/कन्या	एणकन्ये
धनु	कर्क/मीन	कर्कटान्त्यौ
मकर	मेष/कुंभ	घटादिमौ
कुंभ	मेष	मेषो
मीन	मकर	मृगश्च

स्त्रीजन्मभस्य राशौ वश्याख्ये शुभदः पुमाञ्ज्ञातः ।
कन्येन्द्वोर्वश्यर्क्षे स्वजन्म शुभदं वदन्त्यन्ये ।। १७।।

स्त्री की जन्मराशि से जो राशियाँ वश्य हों उन राशि वाले पुरुष के साथ विवाह होता है ।

अन्याचार्यों के मत से पुरुष की जन्मराशि के वश्यानुसार ही स्त्री की वश्यसंज्ञक राशि में विवाह शुभ होता है ।।१७।।

ये दो भिन्न मत हैं। इन से पाठकों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है । भारत तथा संसार के अधिकांश भूभाग में पितृसत्तात्मक (पुरुष-प्रधान) समाज व्यवस्था है, वहाँ पुरुष की राशि को ही प्रमुखता देना उचित एवं व्यावहारिक है, किन्तु दक्षिण भारत के कुछ भागों एवं संसार में अन्यत्र जहाँ भी मातृसत्तात्मक (स्त्री-प्रधान) समाजव्यवस्था है । वहाँ स्त्री की जन्मराशि से ही वश्य देखना चाहिए । दोनों प्रकार से देखने में कोई विशेष अन्तर नहीं पड़ेगा या तो पुरुष स्त्री के वश में रहेगा या स्त्री पुरुष के वश में रहें ।

ग्रहमैत्रीकथनम्

जीवो ज्ञजीवौ शुक्रज्ञौ विसूर्या विकुजाः क्रमात्।
वीन्द्वर्का विकुजेन्द्वर्कास्सूर्यादीनां तु बान्धवाः ।
जन्मराशिपयोरैक्यं मिथो मैत्री च शोभना ।। १८।।

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY, 1986 A.D.
६०२०१२९
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) गुरु, (२) बुध-गुरु, (३) शुक्र-बुध, (४) सूर्य को छोड़कर शेष ग्रह, (५) मंगल के अतिरिक्त अन्य ग्रह, (६) चन्द्र एवं सूर्य को छोड़कर शेष ग्रह तथा (७) मंगल, सूर्य, चन्द्र को छोड़कर शेष ग्रह सूर्यादि ग्रहों के क्रमशः बान्धव (मित्र) होते हैं।

जन्मराशिपतियों में मैत्री तथा एकता होना शुभ है ॥१८॥

ग्रन्थकार के मत से मैत्री चक्र

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	**ग्रह**
गुरु	बुध गुरु	शुक्र बुध	चन्द्र मंगल गुरु शुक्र शनि	बुध शुक्र शनि सूर्य चंद्र	शनि मंगल बुध गुरु	बुध गुरु शुक्र	**मित्रग्रह**
जीवो	ज्ञजीवौ	शुक्रज्ञौ	विसूर्या	विकुजाः	वीन्द्वर्काः	विकुजेन्द्वर्काः	**मूल श्लोकानुसार**

माधवीयमतम्

यो यस्य जन्मेशनिजत्रिकोणात् सुखार्थधीधर्ममृतिव्ययेषु ।
जातस्तदुच्चे च स तस्य मित्रं परेषु तत्स्वामिवशेन शत्रुः ॥ १९॥

जो व्यक्ति जिसके जन्मराशीश की मूल-त्रिकोण राशि से चतुर्थ, द्वितीय, पंचम, नवम, अष्टम, व्यय (१२) वीं राशि में उत्पन्न होता है उसका मित्र होता है या उसकी मूल-त्रिकोण राशि में जन्मे व्यक्ति का मित्र होता है।

शेष स्थानों के राशीशों से उसकी शत्रुता रहती हो ॥१९॥

विवक्षा—श्लोक १८ तथा श्लोक १९ में दो अलग-अलग प्रकारों से मैत्री का वर्णन किया है। ये दोनों मत पूर्व से ही चले आ रहे हैं, इसी कारण इन दोनों का ही उल्लेख ग्रन्थकार ने किया है। आचार्य वराह के अनुसरण कर्ता होने की वजह से ऐसा किया गया है। बृहज्जातक में भी अध्याय २ श्लोक १५ में इन दोनों मतों का उल्लेख है—

"जीवों जीवबुधौ सितेन्दुतनयौ व्यर्का विभौमाः क्रमात्
वीन्द्वर्का विकुजेन्दवश्च सुहृदः केषाञ्चिदेवं मतम् ।
सत्योक्ते सुहृदस्त्रिकोणभवनात् स्वात्स्वान्त्यधीधर्मपाः
स्वोच्चायुः सुखपाः स्वलक्षणविधेर्नायैर्विरोधादिति" ॥

इस श्लोक के उत्तरार्ध में सत्याचार्य के मत का उल्लेख है जिसके अनुसार सभी ग्रह अपनी मूल-त्रिकोण राशियों के २-१२-५-९-८-४ इन राशियों के स्वामियों तथा अपनी उच्चराशि के मित्र होते हैं, शेष सब शत्रु होते हैं। जैसे कि सूर्य का मूल-त्रिकोण सिंह राशि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है तथा सूर्य की उच्चराशि मेष है अतः सूर्य का अपना उच्चराशीश मंगल मित्र है। उसके मूल-त्रिकोण से १२वीं राशि कर्क का स्वामी चन्द्रमा उसका मित्र है, बुध भी सिंह से दूसरे का स्वामी होने से मित्र है। सिंह से पाँचवीं धनु का स्वामी उसका मित्र है, सिंह से नौवीं मेष का स्वामी मंगल मित्र है ही तथा आठवीं राशि मीन का स्वामी गुरु मित्र है तथा चौथी राशि का स्वामी मंगल मित्र है। इनमें बुध की एक राशि कन्या मित्रस्थान में पड़ती है परन्तु दूसरी मिथुन ११वें भाव में है अतः शत्रुराशि है, इसलिए पुत्र एक स्थान पर शत्रु तथा दूसरे पर मित्र होने की वजह से सम हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का जानना चाहिए। पंचांगों में इसी विधि से नैसर्गिक मैत्री लिखते हैं।

"नान्यैः विरोधादिति"—बृहज्जातक के इस वाक्य ने मित्र तथा शत्रु के अतिरिक्त समता का प्रतिपादन किया है। इस वाक्य का तात्पर्य यह है कि यह मित्रता तब होती है जब ग्रह की दूसरी राशि विरोधस्थान में न हो। जैसे मंगल की मूल-त्रिकोण राशि मेष है तथा उच्च राशि मकर है, अब इसके मूल-त्रिकोण से शुक्र की राशि वृष द्वितीय में होने से शुक्र मित्र हुआ, परन्तु तुला राशि सप्तम में होने से उसे सम माना जाता है। इसी प्रकार से मकर मंगल की उच्च राशि है, अतः शनि मित्र है परन्तु कुंभ ग्यारहवीं है अतः शनि शत्रु है, इसलिए मित्र तथा शत्रु होने से यह सम के अन्तर्गत ही माना जाता है। इसी सिद्धान्त पर चन्द्रमा की मूल-त्रिकोण राशि वृष के स्वामी की दूसरी राशि छठे भाव में पड़ने से शुक्र सम है तथा सूर्य-बुध मित्र हैं।

अथ त्रिनक्षत्राणि

जन्मर्क्षादत ऊर्ध्वतश्च दशमं चाधानभं कर्मभं।
जन्मर्क्षाद् वदनारपञ्चमविपज्जातोऽनभीष्टो नरः।
भेष्वेषु क्रमशः तृतीयकचतुर्थाद्यंशजं वर्जयेत्
कर्मक्षात्तु तदंशजातमसतामंशोत्तमाधानतः ॥ २०॥

जन्मनक्षत्र से आगे दसवीं संख्या वाला नक्षत्र (१) आधानसंज्ञक नक्षत्र कहलाता है तथा (२) उस आधानसंज्ञक नक्षत्र से दसवाँ नक्षत्र कर्मनक्षत्र कहा जाता है (वस्तुतः ये जन्म-कर्म-आधान तीनों ही जन्मतारा के ही भेद हैं)। जन्मनक्षत्र से पाँचवाँ विपत् नक्षत्र होता है। इन ताराओं में क्रमशः तीसरे तथा चौथे नक्षत्र और कर्मसंज्ञक तथा आधानसंज्ञक नक्षत्रों से इन संख्याओं वाले व्यक्ति को विवाह हेतु वर्जित करना चाहिए ॥२०॥

आचारसंग्रहमतम्

प्रथमं स्त्रीजन्मर्क्षात्सप्तमजो वा तृतीयजो वाऽपि।
कष्टतरः स्यात्पञ्चमजातः कष्टो विशेष इति चोक्तः॥ २१॥
अष्टाशीतितमांशे कन्या जन्मांशकात् पुमाञ्जातः।
अतिकष्टः स्यात् तद्वत् स्त्रीजन्मांशा धनस्तने चांशे॥ २२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कन्या के जन्मनक्षत्र से सातवें, तीसरे नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति कष्टप्रद होता है परन्तु उससे भी अधिक कष्टप्रद पञ्चम नक्षत्र में उत्पन्न वर होता है। वह विशेष कष्टप्रद कहा गया है ॥२१॥

कन्या के जन्मकालीन चन्द्रनवांश से अठासीवें चन्द्रनवांश में जन्मने वाला वर अति कष्टकारक होता है। इसी प्रकार १०८वें नवांश में जन्मा वर भी कष्टप्रद होता है ॥२२॥

अथ माहेन्द्रविचारः

माहेन्द्रोऽब्ध्यद्रिदिक्ताराः कन्या जन्मर्क्षकाच्च भाः।
स्त्रीजन्मतोऽतिदूरस्थं पुञ्जन्मर्क्षं शुभावहम् ॥ २३॥
जन्मर्क्षं पुरुषस्याथ स्त्रीजन्मर्क्षाच्चतुर्थकम्।
माहेन्द्रञ्च ततस्तावदुपेन्द्रं च विदुर्बुधाः ॥ २४॥
माहेन्द्रे धनधान्याप्तिरुपेन्द्रे च प्रजान्वितः।
एवमुभयोस्ताराभ्यां चिन्तनीयं प्रयत्नतः ॥ २५॥

यदि कन्या के जन्मनक्षत्र से पुरुष के जन्मनक्षत्र की संख्या अब्धि (चौथी), अद्रि (सातवीं) तथा दिक् (दशवीं) हो तो शुभ फल होता है। यदि स्त्री के जन्मनक्षत्र से पुरुष का जन्मर्क्ष अति दूर हो तो भी शुभ होता है ॥२३॥

स्त्री के जन्मर्क्ष से जब पुरुष का जन्मनक्षत्र चौथा होता है तब उसे "माहेन्द्र" कहते हैं और उस "माहेन्द्र" से भी जो चौथा हो अर्थात् स्त्री के जन्मनक्षत्र से सातवाँ हो उसे "उपेन्द्र" कहते हैं ऐसा विद्वानों का कथन है ॥२४॥

माहेन्द्र नक्षत्र से मेलापक धन-धान्य का लाभ कराता है तथा 'उपेन्द्र' संज्ञक नक्षत्र सन्तति लाभ कराता है। इस प्रकार वर-कन्या दोनों के नक्षत्रों से मेलापक प्रयत्नपूर्वक विचारना चाहिए ॥२५॥

स्त्रीदीर्घयोगः

गणयेत्स्त्रीजन्मर्क्षात् जन्मर्क्षान्तं वरस्य च।
संख्याऽत्र पञ्चदशाधिका चेत्स्त्रीदीर्घाख्यम्भवेच्छुभम् ॥ २६॥

स्त्री के जन्मनक्षत्र से पुरुष के जन्मनक्षत्र तक गणना करें। यदि वह नक्षत्र पन्द्रह से अधिक संख्या वाला हो तो "स्त्रीदीर्घ" योग होता है जो शुभ फलदायक होता है ॥२६॥

नक्षत्राणां वर्णविचारः (माधवीयमतेन)

क्रमाद्द्विजक्षत्रियवैश्यशूद्रा वर्णानुलोमप्रतिलोमजौ च।
ऋक्षाणि दस्राप्रभृतीनि षट्कं भाद्रात्रयं विप्रनरेन्द्रवैश्याः ॥ २७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अश्विन्यादि नक्षत्रों में अश्विनी से लेकर षट्कानुसार अर्थात् ६-६ नक्षत्रों के चार समूह तथा पूर्वाभाद्रि तीन नक्षत्र क्रमशः (१) ब्राह्मण, (२) क्षत्रिय, (३) वैश्य, (४) शूद्र तथा (५) अनुलोम होते हैं ॥२७॥ .

नक्षत्रों के वर्णों का चक्र

ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	अनुलोम	**वर्ण**
अश्विनी	पुनर्वसु	हस्त	मूल	पूर्वाभाद्रपद	
भरणी	पुष्य	चित्रा	पू.षा.		**नक्षत्र**
कृत्तिका	आश्लेषा	स्वाति	उ.षा.	उत्तराभाद्रपद	
रोहिणी	मघा	विशाखा	श्रवण	रेवती	
मृगशिरा	पू.फा.	अनुराधा	धनिष्ठा		
आर्द्रा	उ.फा.	ज्येष्ठा	शतभिषा		

नक्षत्रवर्णमेलापकफलकथनम्

संयोगो वरयोषितोरतिशुभः स्यादेकजातीययोः
श्रेष्ठं चोत्तमजातिजो यदि पुमान् स्त्रीहीनजात्युद्भवाः ।
कष्टं तद्विपरीतता यदि भवेन्मध्योऽनुलोमोद्भवैः
स्त्रीपुंसैः प्रतिलोमजैश्च न शुभं वर्णोद्भवानां क्वचित् ॥ २८॥

यदि वर-वधू दोनों एक ही वर्ण (जाति) के हों तो सम्बन्ध उत्तम होता है । यदि उत्तम वर्ण का पुरुष तथा हीन वर्ण की स्त्री हो तो श्रेष्ठ फल होता है । इसके विपरीत स्थिति हो तो कष्ट होता है अर्थात् स्त्री उत्तम वर्ण की हो तथा पुरुष हीन वर्ण का हो तो फल शुभ नहीं होता है । अनुलोम वर्ण के स्त्री-पुरुषों का विवाह मध्यम तथा प्रतिलोम जाति वाले स्त्री-पुरुषों का विवाह अशुभ होता है ॥२८॥

बृहस्पतिमतम्

एकजातिषु संयोगः शुभः स्यादुत्तमोत्तमः ।
अनुलोमेन संयोगो भिन्नजातिषु मध्यमः ॥ २९॥
प्रातिलोम्येऽधमो योगो जातियोग उदाहृतः ।
द्विवर्णाधिकान्तरं च विवाहे नैव शोभनम् ॥ ३०॥

एक ही जाति के वर-कन्या में विवाह शुभ होता है और वर्णानुसार उत्तमोत्तम होता है । भिन्न जाति होने पर अनुलोम विवाह मध्यम होता है । प्रतिलोम क्रम से विवाह अधम होता है । दो वर्णों से अधिक का अन्तर विवाह में शोभा नहीं देता (जैसे कि ब्राह्मण वर्ण पुरुष तथा शूद्र वर्ण स्त्री यह तीन वर्णों से अधिक का अन्तर है जो कि शुभ नहीं है) ॥२९-३०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ योन्यानुकूल्यचिन्तनम् । तत्र पक्षद्वयम्

पुंस्तारे पुरुषस्य जन्म वनितातारे वधूजन्मभं
चेत्सम्पत्तिरथ क्षतिर्द्वयोर्युवतिभोद्यन्नृभे दोषदम् ।
कष्टा योनिविरुद्धताऽथ पुरुषाः पुष्यत्रयान्त्यको
ज्येष्ठापञ्चमरुद्विभाद्रपदास्ताराः परा योषितः ।। ३१।।

।। इत्येकपक्षः ।।

अश्विनीज्यभाद्राद्वयरविमुरजिन्मातृमित्राः पुमांसः
क्लीबाख्या मूलशीतद्युतिजलपतयस्तारका योषितोऽन्याः।
स्त्रीपुंस्तारोत्थपुंसस्सुभृशशुभदाः क्लीबजाः क्लीबजस्य
स्त्रीमध्या नार्युडूत्था पुनरतिभवे निन्दिते प्राग्वदन्यत् ।।३२।।

।। एतद्योनि-आनुकूल्यविषयम् ।।

यदि स्त्री तथा पुरुष दोनों के नक्षत्र अपने ही लिंग के हों अर्थात् स्त्री का जन्म स्त्रीनक्षत्र में तथा पुरुष का जन्म पुल्लिंगी नक्षत्र में हो तो दाम्पत्य जीवन में सुख तथा सम्पत्ति मिलती है । इसके विपरीत होने पर दोषप्रद होता है । यदि स्त्री-पुरुष दोनों का जन्मनक्षत्र स्त्री नक्षत्र हो तो भी ठीक नहीं है । यह प्रथम मत है । इसके अनुसार पुष्य, आश्लेषा, मघा, अश्विनी, रेवती, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, स्वाति, विशाखा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद ये चौदह नक्षत्र पुरुषसंज्ञक तथा शेष स्त्रीसंज्ञक होते हैं ।।३१।।

अन्य मत से अश्विनी, पुष्य, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, हस्त, श्रवण, पुनर्वसु एवं अनुराधा ये पुरुषसंज्ञक हैं । मूल, शतभिषा तथा मृगशिरा ये नपुंसक संज्ञावाले हैं । शेष भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, पू.फा., उ.फा., चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा, उत्तराषाढा, रेवती ये नक्षत्र स्त्रीसंज्ञक कहे गये हैं ।।३२।।

अथ गणानुकूल्यम् । तत्र सर्वसिद्धिः

पुष्याश्विमित्रहरिवाय्वदितीन्द्विनार्या देवाः ।
तारास्तु यमपूर्वशिवोत्तरजा दैत्याः ।
परं कलहमृत्युभयाश्रयः स्याद् देवासुरे सुरनरे नृसुरे समे च।। ३३।।

पुष्य, अश्विनी, अनुराधा, श्रवण, स्वाति, पुनर्वसु, मृगशिर, हस्त तथा रेवती इनका देवगण होता है । भरणी, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाषाढ़ा, आर्द्रा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद तथा रोहिणी ये नक्षत्र मनुष्य गण के हैं । इसके उपरान्त शेष बचे नक्षत्र राक्षस गण के हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देव तथा राक्षस गणों के स्त्री-पुरुषों में कलह, भय तथा मृत्यु होती है । देव-मनुष्य तथा मनुष्य-देव के स्त्री-पुरुष सम होते हैं । परन्तु एक का गण मनुष्य तथा दूसरे का राक्षस नहीं होना चाहिए ॥३३॥

ऐक्यं स्याद् गणयोरतीव शुभदं देवासुरोद्भूतयोः
पुंसोर्मानुषसम्भवा तु शुभदा मध्या च नारी क्रमात् ।
पुंसोर्मानुषसम्भवस्य विबुधोद्भूताङ्गना दोषदा
वर्ज्यैवासुरसम्भवेति गणयोर्भेदे भिदा चोदिता ॥ ३४॥

यदि वर-कन्या दोनों ही एक गण के हैं तो अत्यन्त शुभ होता है । यदि वर देवगण तथा कन्या मनुष्यगण है तो भी शुभफलदायक है । यदि वर असुरगण तथा कन्या मनुष्यगण हो तो मध्यम फलदायक होती है । मनुष्यगण में उत्पन्न पुरुष को देवगण की स्त्री दोषप्रद रहती है किन्तु मनुष्यगण वर के लिए राक्षसगण की कन्या त्याज्य कही गयी है ॥३४॥

दम्पत्योर्जननोडुपेकनिहते तत्रस्थयोस्तारयो-
र्यद्वा जन्मविलग्नभोद्यदुडुनोः स्याच्चेद्गुणैक्यन्तयोः ।
स्त्रीदीर्घादिवतस्तथा नरगणोद्भूतस्य पुंसोऽपि नो
दोषः स्यादधिकः सुरार्युडुभवः प्रोद्वाहतो योषितः ॥ ३५॥

॥ एतद् गणानुकूल्यम् ॥

दम्पति के जन्मलग्नों के नक्षत्रों को ज्ञात करें, यदि इन लग्ननक्षत्रों से गुणों का मिलान होता हो अथवा दोनों के जन्मकालीन चन्द्र के नक्षत्रों से गुणमेलापक हो रहा हो अथवा फिर स्त्री दीर्घ हो तो इन स्थितियों में मनुष्यगण में जन्मा हुआ पुरुष राक्षसगण में उत्पन्न कन्या से विवाह कर ले तो अधिक दोषप्रद नहीं होता है ॥३५॥

इस श्लोक में मनुष्यगण के वर तथा राक्षसगण की कन्या हेतु अपवाद कहा गया है ।

नक्षत्राणां गोत्राणि

दस्रादिकानामृषयो मरीचिः
श्रेष्ठो वसिष्ठो मुनिरङ्गिराश्च ।
अत्रिः पुलस्त्यः पुलहः क्रतुश्च
क्रमेण भानामभिजिद्युतानाम् ॥ ३६॥

अभिजित् के साथ अश्विन्यादि गणना करने पर क्रमशः मरीचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह तथा क्रतु ये सात गोत्र नक्षत्रों के होते हैं (प्रत्येक गोत्र में चार नक्षत्र आते हैं) ॥३६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्रों के गोत्र का चक्र

मरीचि	वशिष्ठ	अंगिरा	अत्रि	पुलस्त्य	पुलह	क्रतु	**गोत्र**
अश्विनी पुष्य स्वाति अभिजित्	भरणी श्लेषा विशाखा श्रवण	कृत्तिका मघा अनुराधा धनिष्ठा	रोहिणी पू.फा. ज्येष्ठा शतभिषा	मृगशिरा उ.फा. मूल पू.भा.	आर्द्रा हस्त पू.षा. उ.भा.	पुनर्वसु चित्रा उ.षा. रेवती	**नक्षत्र**

नक्षत्रगोत्रमेलापकमाह

एकर्षिगोत्रोद्भवयोर्विपत्तिं करोति कन्यावरयोर्विवाहः।
विभिन्नगोत्रोद्भवयोः श्रियञ्च भजन्मगोत्रैक्यमपोह मध्यम्।। ३७।।

यदि एक ही नक्षत्र में जन्मे वर तथा वधू का विवाह किया जायें तो विपत्तिकारक होता है। भिन्न गोत्रों में जन्मे वर-वधू का विवाह सम्पत्तिप्रद होता है। यदि जन्मराशि के नक्षत्रानुसार वर-वधू एक गोत्र के हों परन्तु जन्मलग्न के नक्षत्र के आधार पर प्राप्त गोत्र यदि भिन्न-भिन्न हों तो विवाह मध्यम होता है ।।३७।।

नक्षत्राणां विहगविचारः

भारण्डकः पिङ्गलकाकताम्रचूडाशिश-
खण्डीति खगाः क्रमेण।
बाणाङ्गतर्केष्विषुसंख्यभानां
श्रेष्ठं तयोरेकविहङ्गमत्वम्।। ३८।।

अश्विनी नक्षत्र से गणना प्रारंभ कर क्रमशः नक्षत्रों के पाँच, छह, छह, पाँच तथा पाँच के समूह भारण्डक, पिंगल, काक, ताम्रचूड़ तथा शिखण्डी ये पाँच पक्षी होते हैं ।।३८।।

नक्षत्रों का विहग चक्र

भारण्डक	पिंगल	काक	ताम्रचूड	शिखण्डी	**विहग**
अश्विनी	आर्द्रा	उ.फा.	ज्येष्ठा	धनिष्ठा	**नक्षत्र**
भरणी	पुनर्वसु	हस्त	मूल	शतभिषा	
कृत्तिका	पुष्य	चित्रा	पूर्वाषाढ़ा	पू.भा.	
रोहिणी	श्लेषा	स्वाति	उत्तराषाढ़ा	उ.भा.	
मृगशिरा	मघा	विशाखा	श्रवण	रेवती	
	पू.फा.	अनुराधा			

यदि वर-वधू एक ही विहग (पक्षी) वाले हों तो विवाह श्रेष्ठ होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्राणां मृगकथनम्

वाजीभाजवधूरगाहिसरमामार्जारबस्ताखुभुङ्-
मूषाखूष्ट्रलुलायसिंहमहिषव्याघ्रैणसारङ्गकाः ।
कौलेयप्लवगोर्क्षवानरमहिष्याश्वाङ्गनागद्विपा
भानां योनिरुदाहृता प्रकृतिवत्तस्यानुकूल्यं शुभम् ।। ३९।।

अश्विन्यादि नक्षत्रों के क्रमशः (१) वाजि (घोड़ा), (२) इभ (हाथी), (३) अजवधू (बकरी), (४) उरग (सर्प), (५) अहि (सर्प), (६) सरमा (कुतिया), (७) मार्जार (बिडाली), (८) बस्त (मेढा), (९) आखुभुग् (बिल्ली), (१०) मूषा (चूहा), (११) आखु (चूहा), (१२) उष्ट्र (ऊँट), (१३) लुलाय (महिष), (१४) सिंह, (१५) महिष, (१६) व्याघ्र (बाघ), (१७) एण (हरिण), (१८) सारंगक (हरिण), (१९) कौलेय (कुत्ता), (२०) प्लवग (वानर), (२१) गो (बैल), (२२) ऋक्ष (रींछ), (२३) वानर, (२४) महिषी (भैंस), (२५) अंग (घोड़), (२६) नाग (हाथी) और (२७) द्विप (हाथी)—ये पशु हैं, इन्हें मृग भी कहते हैं ।।३९।।

मृगचक्र

अश्व	गज	मेष बस्त	सर्प	श्वान	बिडाल	मूषक	उष्ट्र	महिष	सिंह	व्याघ्र	हरिण	वृषभ	ऋक्ष	वानर	मृग (योनि)
अ.	भ.	कृ.	रो.	आ.	पुन.	म.	उ. भा.	ह.	चि.	विशा.	अनु.	उ.षा.	श्र.	पू.षा.	
	उ. भा.		मृ.	मूल	श्ले.	पू. फा.		स्वा.			ज्ये.			धनि.	नक्षत्र
पू. भा.	रे.	पुष्य						शत.							

मृगमेलापककथनम्

गजाश्वानरा ऋक्षो बस्तकश्च बिडालकः ।
अन्योऽन्यं शुभदास्त्वेते व्याघ्रसर्पौ मृतिप्रदौ ।। ४०।।
बिडालभुजगौ श्वाखू परस्परविरोधिनौ ।
महिषाश्वौ मिथः शत्रू सर्वत्र शुभदो हरिः ।
श्वाखुमार्जारशार्दूलसर्पा अन्योऽन्यशत्रवः ।। ४१।।

हाथी, घोड़ा, मनुष्य, रीछ, भेड़ (मेष भी) तथा मार्जार—ये परस्पर मेलापक में शुभ होते हैं । परन्तु इनके साथ व्याघ्र तथा सर्प मृत्युदायक होते हैं ।।४०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बिल्ली तथा सर्प, बिल्ली-चूहा ये परस्पर विरोधी होते हैं। भैंस तथा घोड़े में शत्रुता होती है। सिंह सभी के साथ शुभ होता है। कुत्ता, चूहा, बिल्ली, बाघ तथा सर्प ये परस्पर शत्रु होते हैं ॥४१॥

यहाँ सिंह तथा व्याघ्र के स्वभाव में अन्तर है। व्याघ्र धोखा करता है, सिंह धोखा नहीं करता।

अत्र माधवीयम्

श्वागौर्ना महिषो मृगाजकपयो व्याघ्रद्विषोऽथो शुनो
गौर्बस्तप्लवगो मृगोऽप्यथ मिथो वैर्याखुभुङ्मूषिकम्।
एणेभं महिषाश्वमोतुभुजगं हस्त्यश्वमाखूरगं
योन्योरत्र सुहृत्त्वमैक्यमपि च श्लाघ्यं विरोधोऽशुभः॥ ४२॥

श्वान, गौ, भैंस, हरिण, वानर, बकरी, भेड़ इन सब का व्याघ्र शत्रु होता है। श्वान के गो, बस्त, प्लवग (वानर) तथा हरिण शत्रु हैं। मार्जार एवं मूषक परस्पर शत्रु होते हैं।

हरिण एवं हाथी, महिष एवं घोड़ा, बिडाल-सर्प, मूषक-सर्प ये भी परस्पर शत्रु होते हैं। इन योनियों की मित्रता मेलापक के लिए शुभ तथा विरोध अशुभ होता है ॥४२॥

व्याघ्रे विशेषः

बार्हस्पत्यादिषु व्याघ्रश्चित्रं योनिरुदाहृतः।
सिंहे मुहूर्तरत्ने तु प्रष्टव्यास्तद्विपश्चितः॥ ४३॥

बृहस्पति आदि ने अपने ग्रन्थों में व्याघ्र (Tiger) को विचित्र योनि कहा है परन्तु मुहूर्तरत्न में सिंह को विचित्र योनि कहा है। विपश्चितों (विद्वानों) से इस विषय में परामर्श करना उचित है ॥४३॥

मेरे मत से सिंह तथा व्याघ्र दोनों ही विचित्र योनि हैं—

(१) **सिंह** (Lion)—निर्भय, शरणागत की रक्षा करने वाला, धोखा न देने वाला तथा अकारण किसी जीव को न मारने वाला होता है।

(२) **व्याघ्र** (Tiger)—चालाक, धोखेबाज तथा अविश्वसनीय होगा। वह कब क्या कर बैठे उसका कोई भरोसा नहीं होता। अपने इस विचित्र स्वभाव के कारण ही उसे विचित्र योनि कहा गया है। इसलिए सिंह की सब के साथ बन सकती है परन्तु व्याघ्र की नहीं।

ये दोनों प्राणी एक-दूसरे को वश में करते रहते हैं। इनका टकराव चलता ही रहता है। यही परिणाम सिंह तथा व्याघ्र योनि के स्त्री-पुरुष के परस्पर विवाह में होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वेधविचारः

धातु श्रीनाथरुद्रानिलरविवरुणाः कालमित्रार्यमाम्भो बुध्यार्या
शशाङ्कपूषाश्व्यहि निर्ऋतिमखास्त्वाष्ट्रवस्वैन्दवानि।
माहेन्द्राग्नर्क्षाविश्वादिति दहनभगाः पञ्चवर्गाः स्युरेषाम्
वर्गं तद्वेधदृष्टं त्यजतु गृहविधौ सग्रहा यत्र ताराः।। ४४।।

नक्षत्रों के पाँच वर्ग हैं—(१) कण्ठवर्ग—रोहिणी, आर्द्रा, हस्त, स्वाति, श्रवण, शतभिषा। (२) कटिवर्ग—भरणी, पुष्य, पू.फा., अनुराधा, पू.षा., उ.भा.। (३) पाद वर्ग के नक्षत्र—अश्विनी, आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा, मूल तथा रेवती। (४) शिरो नक्षत्र—मृगशिरा, चित्रा, धनिष्ठा तथा (५) कुक्षिवर्ग के नक्षत्र—कृत्तिका, पुनर्वसु, उ.फा., विशाखा, उ.षा., पू.भा. हैं। इनके वेध को (जो तारा ग्रहयुक्त हो) गृहारंभादि में त्यागना चाहिए ।।४४।।

यहाँ दिया वर्गीकरण पराशर के विंशोत्तरी स्वामित्व के अनुसार है। अर्थात् चन्द्र तथा राहु के नक्षत्र कण्ठवर्ग में, शुक्र तथा शनि के छह नक्षत्र कटि में, केतु तथा बुध के नक्षत्र पाद में, मंगल के नक्षत्र शिर में तथा सूर्य एवं गुरु के नक्षत्र कुक्षि में माने गये हैं।

इन वर्गों के अन्तिम नक्षत्र वेध से दूषित नक्षत्र हैं तथा जिन पर कोई ग्रह स्थित हो वे गेहारंभ में त्याज्य हैं।

गेहारम्भनिषिद्धवेधविरहः श्लाघ्योऽत्र जन्मर्क्षयो-
स्तद्वर्गाः क्रमतः फलं विदधते वैधव्यमर्थक्षयम्।
नानादेशपरिभ्रमव्यसनितां मृत्युञ्च पुत्रक्षयं
वेधाः कण्ठकटीपदद्वयशिरःकुक्ष्युद्भवास्संज्ञया।। ४५।।

गेहारंभ में जो वेध कहा है उसका विचार विवाह में भी करना चाहिए। यदि निषिद्ध वेध न हो तो विवाह शुभ होता है। ऊपर कहे गये इन पाँच वर्गों का फल कण्ठवेध से वैधव्य, कटिवेध से फलहानि, चरणवेध से व्यर्थ भ्रमण, शिरोवेध से दुःख-मृत्यु तथा कुक्षिवेध से पुत्रहानि होता है ।।४५।।

मुहूर्तरत्नमतम्

शिरोवेधः पतिं हन्ति कुक्षिवेधस्तु योषितम्।
नाभिवेधः प्रजां हन्ति सक्थिवेधे कुलक्षयः।। ४६।।
पादवेधोऽतिविभ्रंशं दारिद्र्यं च प्रयच्छति।
अर्धभेषुशिरोवेधः तदूर्ध्वास्तु कण्ठगः।। ४७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

 CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्समीपगभेष्वन्ये वेधाऽपि मताः क्रमात्।। ४८।।

शिरोवेध पति के लिए, कुक्षिवेध पत्नी के लिए, नाभिवेध (कटिवेध) सन्तति हानिकर तथा सक्थिवेध (चरणवेध) कुलक्षयकारक होता है ।

वर्गार्ध के नक्षत्रों पर शिरोवेध होता है । उनके ऊर्ध्व-अधः कण्ठवेध होता है । उसके समीपवर्ती नक्षत्रों पर क्रमशः अन्य वेध होते हैं ।।४६-४८।।

पुनश्च वेधफलम्

वैधव्यमर्थनाशं स्थानभ्रंशं सुतक्षयं निधनम् ।
कण्ठोरुचरणकुक्षिजमूर्धोत्थास्ताः क्रमात् फलं दद्युः।। ४९।।

कण्ठ, ऊरु, चरण, कुक्षि, मूर्धा का वेध क्रमशः वैधव्य, अर्थनाश, स्थानभ्रंश, सुतक्षय तथा निधन करता है ।।४९।।

नक्षत्राणां परस्परवेधमाह

अश्वीन्द्रौ यममित्रभे हरिहरौ शूर्पानिले वाय्वजौ
मूलाही पितृपूषणौ गुरुजले देवप्रसू विश्वभे ।
बुध्न्यर्क्षार्यमणौ दिनेशवरुणौ भाद्रर्क्षभाग्ये मिथः,
वेधान्नार्हति योगमृक्षयुगलं वस्विन्दुचित्रात्रयम् ।। ५०।।

(१) अश्विनी-ज्येष्ठा, (२) भरणी-अनुराधा, (३) आर्द्रा-श्रवण, (४) कृत्तिका-विशाखा, (५) रोहिणी-स्वाति, (६) श्लेषा-मूल, (७) मघा-रेवती, (८) पुष्य-पूर्वाषाढ़ा, (९) पुनर्वसु-उत्तराषाढ़ा, (१०) पू.फा.-उत्तराभाद्र, (११) हस्त-शतभिषा, (१२) उत्तराफाल्गुनी-पूर्वाभाद्र, (१३) मृगशिरा-चित्रा-धनिष्ठा इनमें परस्पर वेध होता है । इनकी जोड़ी में पति-पत्नी का नक्षत्र नहीं होना चाहिए ।।५०।।

जन्मवेधे कथितेऽत्र जाते
युक्तोऽपि वश्यादि गुणैर्बलिष्ठैः ।
पतिञ्च कन्यां च समूलघातं
निहन्ति षष्ठाष्टमराशियोगः ।। ५१।।

पूर्वकथित नक्षत्रों की जोड़ी में यदि पति-पत्नी के जन्मनक्षत्र हो तो वेधदोष होता है। यह मेलापक में अशुभ होता है । यह वेध वर एवं कन्या का समूल घात करता है, भले ही अन्य गण अधिक संख्या में मिल रहे हों । क्योंकि यह वेध जिन नक्षत्रों में होता है राशि व्यवस्था में वे नक्षत्र परस्पर षडष्टक के नक्षत्र होते हैं (जैसे कि अश्विनी मेष का तथा ज्येष्ठा वृश्चिक का है) ।।५१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्राणां तत्त्वकथनम्

भूतोयतेजःपवनव्योमानि च यथाक्रमम् ।
दस्रात्पञ्चाङ्गबाणाङ्गशरास्तदनुकूलता ।।
भूतैक्यं पवनाग्नित्वं भूश्च सर्वैर्युता शुभम् ।
तोयाग्नी निन्दितौ व्योम्नः सर्वे योगोऽत्र मध्यमः ।। ५२ ।।

(१) भू (पृथ्वी), (२) तोय (जल), (३) तेज (अग्नि), (४) वायु तथा (५) व्योम (अकाश) ये पाँच भूत (तत्त्व) अश्विनी से प्रारंभ कर पाँच, छह, पाँच, छह तथा पाँच के समूह में होते हैं । यदि वर-वधू के नक्षत्र एक ही तत्त्व के हों अथवा पवन तथा अग्नि तत्त्व के हों तो शुभ होता है । पृथ्वी तत्त्व का मेलापक सभी तत्त्वों से हो जाता है । जल तथा अग्नि का मिलाप निन्दित होता है । आकाश का मेल अन्य तत्त्वों के साथ मध्यम होता है अर्थात् आकाश सब के प्रति उदासीन रहता है ।।५२।।

नक्षत्रतत्त्व चक्र

पृथ्वी	जल	अग्नि	वायु	आकाश	तत्त्व
१. अश्विनी	६. आर्द्रा	१२. उ.फा.	१७. अनुराधा	२३. धनिष्ठा	नक्षत्र
२. भरणी	७. पुनर्वसु	१३. हस्त	१८. ज्येष्ठा	२४. शतभिषा	
३. कृत्तिका	८. पुष्य	१४. चित्रा	१९. मूल	२५. पूर्वाभाद्र	
४. रोहिणी	९. श्लेषा	१५ स्वाति	२०. पू.षा.	२६. उत्तराभाद्र	
५. मृगशिरा	१०. मघा	१६. विशाखा	२१. उ.षा.	२७. रेवती	
	११. पू.फा.		२२. श्रवण		

राशीनां तत्त्वकथनम्

अश्वादिकश्शररसेषुरसेषुसंख्या-
ताराः क्रमात्क्षितिजलाग्निमरुत्स्वरूपाः ।
अर्कादिराशिवशगानि वदन्ति केचित्
तेजोम्बु वह्न्यवनिखाम्ब्वनिलात्मकानि ।। ५३ ।।

अश्विनी नक्षत्र से क्रमशः ५-६-५-६-५ के समूह में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश तत्त्व वाले होते हैं ।

कुछ आचार्यों के मत से सूर्यादि सप्त ग्रहों की राशियों के तत्त्व क्रमशः तेज, जल, अग्नि, भूमि एवं आकाश, जल, वायु तत्त्व वाले होते हैं ।।५३।।

आगे चक्र देखें ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राशियों के तत्त्व

पृथ्वी तत्त्व	जल तत्त्व	अग्नि तत्त्व	वायु तत्त्व	आकाश तत्त्व	**तत्त्व**
कन्या मिथुन	कर्क तुला वृष	मेष सिंह वृश्चिक	मकर कुंभ	मीन धनु	**राशियाँ**

उत्तर भारत में राशियों के केवल चार तत्त्व (हंसक) माने गये हैं ।

सर्वसिद्धिमतम्

दस्रात्क्ष्मादीनि भूतानि पञ्च षट् पञ्च षट् शराः ।
भूतैक्यं शुभमग्न्यम्बुयोगो निन्द्यः परैः समाः ।। ५४।।

अश्विनी से लेकर क्रमशः ५-६-५-६-५ नक्षत्र पंच तत्त्वों वाले होते हैं । यदि वर एवं वधू के जन्मनक्षत्र एक ही तत्त्व वाले हों तो शुभ होता है । यदि उनमें एक अग्नि तत्त्व का तथा दूसरा जल तत्त्व का होता है तो अशुभ होता है । अन्य तत्त्व वालों में परस्पर आनुकूल्य सम होता है ।।५४।।

रज्जुविचारः

दस्रात् त्रिकं त्रिकं कल्प्यं त्र्यङ्गुलीषु क्रमात् क्रमात् ।
एकाङ्गुलीगते वर्ज्ये दम्पत्योर्जन्मतारके ।। ५५।।

अश्विनी से आरंभ कर क्रमशः तीन-तीन नक्षत्र अँगुलियों पर गिनें, वर-वधू के नक्षत्र एक ही अंगुली पर नहीं होने चाहिए ।।५५।।

रज्जु चक्र

१*

१ अश्विनी	२ भरणी	३ कृत्तिका
६ आर्द्रा	५ मृग.	४ रोहिणी
७ पुनर्वसु	८ पुष्य	९ श्लेषा
१२ उ.फा.	११ पू.फा.	१० मघा
१३ हस्त	१४ चित्रा	१५ स्वाति
१८ ज्येष्ठा	१७ अनुराधा	१६ विशाखा
१९ मूल	२० पू.षा.	२१ उ.षा.
२४ शतभिषा	२३ पू.षा.	२२ श्रवण
२५ पू.भा.	२६ उ.भा.	२७ रेवती

* २

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह चक्र रस्सी की भाँति बनाते हैं। सस्सी को ही रज्जु कहते हैं अत: इसे रज्जुचक्र तथा इसके मेलापक को रज्जुकूट कहते हैं। इस चक्र में नक्षत्रों के तीन समूह हैं। इन समूहों में वर-कन्या के नक्षत्र समान समूह वाले नहीं होने चाहिए।

वयानुकूल्यम्

वध्वा वरः स्यात् त्रिगुणं नरस्य
श्रेष्ठं वयस्तद्द्विगुणन्तु मध्यमम्।
कष्टं मनागभ्यधिकं विहीनं
मनागपि स्यात्कुलसंक्षयाय।। ५६।।

यदि वधू से वर आयु में तिगुना हो तो यह श्रेष्ठ होता है। यदि वधू से वर आयु में दुगुना है तो मध्यम होता है। यदि वर इससे अधिक आयु का है तो कष्टकारक तथा कम आयु का होने पर कुल के लिए हानिकार होता है, क्योंकि इसमें कन्या वर से बड़ी होगी ।।५६।।

अथाचारसंग्रहे अष्टवर्गस्य आनुकूल्यम्

कन्याया जन्मेन्दोश्चाष्टवर्गे फलाधिके राशौ।
पुरुषस्य जन्म शुभदं पुरुषेन्दुवशात्तथैव।। ५७।।

उत्तर भारत में अष्टक वर्ग में शुभफलसूचक चिह्न रेखा है। इसके विपरीत दक्षिण भारत में शुभ फलबिन्दु से सूचित करते हैं। अस्तु, कन्या के जन्मकालीन चन्द्रराशि के अष्टक वर्ग में जिस राशि में बिन्दुओं की संख्या अधिक हों वही राशि यदि वर की हो तो आनुकूल्य उत्तम होता है। उसी प्रकार परुषो के जन्मकालीन चन्द्र की राशि में जन्मसमय के अष्टक वर्ग में जिस राशि में बिन्दु अधिक हों वही राशि यदि कन्या की हो तो मेलापक उत्तम होता है।

कक्षानुकूल्यम्

राश्यष्टांशकनायकाश्शनिगुरुक्ष्मापुत्रभास्वद्भृगु-
ग्लौपुत्रामृतराशयो निगदिताः प्रागलग्नभं चक्रभात्।
पुंस्त्रीनाष्टकवर्गकैरितरजन्मेन्द्वाश्रिताष्टांशना-
थेक्षोपेतगृहेऽन्यजन्मशुभदं चिन्त्यं विशेषादिदम्।। ५८।।

कन्या की जन्मकुण्डली में प्रत्येक भाग को ३°।४५' के अन्तर से आठ कक्षा या कक्ष्या में विभाजित करें। इसमें (१) शनि, (२) गुरु, (३) मंगल, (४) सूर्य, (५) शुक्र, (६) बुध, (७) चन्द्रमा, (८) लग्न की कक्षाएँ क्रम से होंगी। यदि कन्या की कुण्डली के चन्द्रस्पष्ट के अनुसार जो कक्षा हो उसके स्वामी की राशि में ही वर की जन्मराशि पड़े तो उत्तम होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तात्पर्य यह है कि पुरुष एवं स्त्री के अष्टकवर्ग में यदि किसी एक के जन्मकालीन चन्द्रमा की आश्रित कक्षा का स्वामी जिस राशि में बैठता या उसे देखता है वह दूसरे जीवन साथी की राशि होने पर शुभ होती है ।।५८।।

मान लीजिए—कन्या की राशि में चन्द्रमा बीस अंश पर तुला राशि में है तो यह बुध की कक्षा है । इसकी राशियाँ मिथुन एवं कन्या हैं । यदि इन राशियों में कोई जन्मराशि वर की होगी तो शुभ है । (कक्षाज्ञान का चक्र अ. १८ श्लोक ११४ की व्याख्या में देखें ।)

चित्तानुकूल्यम्

दम्पत्योश्च मनोऽन्योऽन्यं सूक्तिश्च शुभदा विशेषतः प्रोक्ता ।
पाणिग्रहणं नृणामत्यर्थं चिन्तनीयं स्यात् ।। ५९।।

दम्पति का मन परस्पर अनुरक्त हों, । आपस में मधुरालाप रहे—गुणमेलापक में इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए ।।५९।।

यस्यां मनस्समासक्तं तामेव विवहेद् बुधः ।
सर्वानुगुण्यभङ्गेऽपि मनोऽनुगुणताऽधिका ।। ६०।।

जिस कन्या में पुरुष का मन आसक्त हो समझदार को उसी से विवाह करने का प्रयास करना चाहिए । क्योंकि मेलापक में बताये गये गुणों के न होने पर भी मनोनुकूलता ही सर्वश्रेष्ठ मेलापक होता है ।।६०।।

अथाऽऽनुकूल्यन्तराणि कानिचिल्लिख्यन्ते

आपुंजन्मभमङ्गनाजननभात् सङ्गण्य संख्यात्रयं
हत्वा तां विशिखैर्हरेद् क्षितिधरस्तत्र व्ययं शिष्यते ।। ६१।।
एवं पूरुषतारकादिवनितातारान्तसंख्याभिरि-
त्यायस्सिध्यति पूर्णता तदुभयोः शिष्टेषु सप्तष्विह ।। ६२।।
ग्राह्यं प्राप्तये सर्वसम्पदां व्ययाधिक्येऽपि ।
हस्तस्थधननाशो दरिद्रता ।। ६३।।

वधू के जन्मनक्षत्र से वर के जन्मनक्षत्र पर्यन्त गणना करने से जो संख्या प्राप्त हो उसमें ५ का गुणा करें । उस गुणनफल में सात का भाग दें, जो शेष रहेगा वह व्यय होगा ।

इसी प्रकार वर के जन्मनक्षत्र से वधू के जन्मनक्षत्र तक गिनें, जो संख्या प्राप्त हो उसे भी पाँच से गुणित कर गुणनफल में सात का भाग दें तो आय प्राप्त होता है । यदि दोनों जगह सात ही शेष (शून्य) रहें तो पूर्णता होती है ।

यदि आय अधिक हो तो कन्या ग्राह्य होगी । उसके साथ विवाह करने से सब प्रकार की सम्पत्ति प्राप्त होगी । यदि व्यय अधिक होगा तो दरिद्रता तथा सञ्चित धन का नाश होता है ।।६१-६२-६३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लीजिए—कन्या का जन्मनक्षत्र स्वाति है तथा वर का जन्मनक्षत्र श्रवण है। अब स्वाति से श्रवण तक गिनने पर ८ संख्या प्राप्त हुई। इसे ५ से गुणा किया तो गुणनफल ४० हुआ। इसे सात से विभाजित करने पर शेष ५ बचा, यह व्यय है।

अब वर के नक्षत्र श्रवण से स्वाति तक गिना तो २१ संख्या हुई। इसे पाँच से गुणा किया तो संख्या १०५ गुणनफल प्राप्त हुआ। इसमें ७ का भाग दिया तो शेष ६ (या शून्य) बचें, अत: व्यय कम है तथा आय अधिक है अत: विवाह कर सकते हैं। यह वृद्धि कारक है।

पुनश्च शुभाऽशुभज्ञानम्

दस्रादापुरुषाङ्गनाजननभं सङ्गण्य संख्यायुगं
युक्त्वा विश्वयुतं तदन्तरहितं योगं हरेत्पञ्चभि:।
पुत्रार्द्धिर्मृतिरर्थवृद्धिरतिरुक् सम्पच्च शिष्टै: फल-
मत्याज्येषु रदेषु तत्र गणना जन्मादि दस्रान्तिमम्॥ ६४॥

अश्विनी से पुरुष तथा स्त्री दोनों के जन्मनक्षत्र तक गिनें, जो संख्याएँ प्राप्त हों उन दोनों को जोड़ दें, फिर उस योगफल में विश्व (तेरह) और मिला दें। इस सम्पूर्ण योगफल में बत्तीस घटा दें, फिर शेष में ५ का भाग दें। एकादि शेष से निम्न फल जानें—

(१) एक शेष रहने पर पुत्रप्राप्ति, (२) दो शेष रहने पर मृत्यु, (३) तीन शेष रहने पर धनवृद्धि, (४) चार शेष रहने पर रोग तथा (५) पाँच शेष रहने पर सम्पत्ति—यह फल होता है। यदि उक्त योग में बत्तीस न घटें तो कोई बात नहीं, बिना घटाये ही पाँच का भाग दें।

आदस्रभाद्याति जन्मतारां सङ्गण्य संख्यां द्वितयेन युक्त्वा।
बाणैर्हरेच्छिष्टफलानि लक्ष्मीर्ऋद्धिर्विपत् श्रीरधिकाधिकापत्॥ ६५॥

वर एवं कन्या दोनों की कुण्डली के जन्मनक्षत्रों तक अश्विनी से गणना करें। प्राप्त संख्याओं का योग कर ५ का भाग दें। एकादि शेष के अनुसार लक्ष्मीप्राप्ति, ऋद्धि, विपत्ति, अधिक सम्पत्ति, अधिक विपत्ति आदि फल होते हैं॥६५॥

अथ ऋणानुकूल्यम्

आर्द्राहस्तभमम्बुबुध्निभमयं वर्गो महर्द्धिप्रदो
वह्न्याद्यं पितृभादिकं पुनरनुराधादि वस्वादि च।
ताराणां त्रयमेव वृद्धिकृदधो पूषादिति त्वाष्ट्रत-
स्त्रीणि त्रीणि च विश्वविष्णुभमयं वर्गो व्ययर्णप्रद:॥ ६६॥

(१) यदि वर-वधू के जन्मनक्षत्र आर्द्रा, हस्त, पूर्वाषाढा, उत्तराभाद्रपद इन नक्षत्रों के वर्ग (प्रथम वर्ग) में हों तो महान् समृद्धिदायक होता है। यह धर्मवर्ग है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) यदि द्वितीय वर्ग—कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, मघा, पू.फा., उ.फा., अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्र इन बारह नक्षत्रों के वर्ग में भी वृद्धिदायक होते हैं । यह अर्थवर्ग हैं ।

(३) परन्तु यदि वर-वधू के जन्मनक्षत्र तृतीय वर्ग—रेवती, अश्विनी, भरणी, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, चित्रा, स्वाति, विशाखा, उत्तराषाढ़ा तथा श्रवण इन ग्यारह नक्षत्रों में पड़ें तो व्यय तथा ऋण कारक होते हैं ।।६६।।

इस प्रकार यह मेलापक के अन्तर्गत ऋणानुकूल्य का विचार पूर्ण हुआ ।

एवं त्रयं हि वर्गाणां प्रोक्तं धर्मार्थनामकम् ।
दम्पत्योर्जन्म वर्गैक्यं तत्तन्नाम फलप्रदम् ।। ६७।।

इस प्रकार पूर्व के श्लोक में धर्म, अर्थ तथा काम नामक नक्षत्रों के तीन वर्ग कहे गये हैं । अर्थात् प्रथम चार नक्षत्र धर्मवर्ग में, फिर बारह नक्षत्र अर्थवर्ग में तथा शेष ग्यारह नक्षत्र कामवर्ग में परिगणित हैं । दम्पति के जन्मनक्षत्र एक ही वर्ग में होने पर अपने नाम सदृश फल देते हैं ।।६७।।

अथान्यफलकथनम्

प्रोक्तेष्वानुकूल्येषु फलवस्तु पृथक्-पृथक् ।
ग्रन्थान्तरेषु केषाञ्चित् फलं दृष्टं तदुच्यते ।। ६८।।

आनुकूल्य में इस प्रकार पृथक्-पृथक् तत्त्वों का पृथक्-पृथक् फल होता है । अब ग्रन्थान्तरों से कुछ फल कहते हैं ।।६८।।

दीर्घायुर्दिनसंज्ञतस्तनयपौत्राप्तिस्तु माहेन्द्रतः
स्त्रीदीर्घात्खलु मङ्गलाप्तिरनिशं सम्पत्स्थिरा योनितः।
अन्योऽन्यं रमणीयता तु गणतस्तद्वन्मनोहारिता,
दम्पत्योर्वयसाऽऽनुकूल्यत इति प्रोक्तं फलं किञ्चन ।। ६९।।

दिन की अनुकूलता से दीर्घायु का विचार, माहेन्द्र के आनुकूल्य से पुत्र-पौत्रों की प्राप्ति का विचार, स्त्रीदीर्घ से कल्याण-प्राप्ति, योनि से स्थिर धनसम्पत्ति, गण से परस्पर रमणशक्ति, आयु की अनुकूलता से मनोहारिता के फल का विचार आचार्यों ने कहा है ।।६९।।

चत्वारिभैर्भपेनैकं सक्त्या च वयसोडुभिः ।
षोडशेत्यानुकूल्यानां त्रयोविंशतिरीरिता ।। ७०।।
उक्तेष्वानुकूल्येषु बलयुक्तानि कानिचित् ।
कानिचिद्दुर्बलानि स्युस्तद्विभागोऽथ कथ्यते ।। ७१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चार आनुकूल्यों का विचार राशि से किया जाता है और एक आनुकूल्य का विचार प्रत्येक राशिस्वामी से करते हैं । सक्ति (प्रेम) तथा आयु का विचार तथा १६ अन्य विचार नक्षत्रों से किये जाते हैं । इस प्रकार कुल २३ आनुकूल्यों का विचार होता है ॥७०॥

इन विचारणीय बातों में कुछ अतिमहत्त्वपूर्ण तथा कुछ कम महत्त्वपूर्ण होती हैं । अतः इनकी प्रधानता तथा गौणता का कथन किया जा रहा है ॥७१॥

मेलापके प्रधानविचारणीयानां कथनम्

इत्थं विंशतिधा प्रोक्तेष्वानुकूल्येषु पुंस्त्रियोः ।
प्रधाना राशिराशीशवश्यमाहेन्द्रयोनयः ॥ ७२॥

सर्वसिद्धि ग्रन्थ के अनुसार स्त्री-पुरुष के आनुकूल्य के विचार में पूर्व में कथित बीस तथ्यों में से राशि, राशीश, वश्य, माहेन्द्र तथा योनि की प्रधानता है ॥७२॥

राशिराशीशवश्यौ माहेन्द्रगणयोनिसंज्ञाः ।
स्त्रीदीर्घं चेत्यष्टौ विवाहयोगाः प्रधानतः कथिताः ॥ ७३॥

(सारसंग्रह के अनुसार) विवाह में (१) राशि, (२) राशीश, (३) वश्य, (४) माहेन्द्र, (५) गण, (६) योनि, (७) संज्ञा तथा (८) स्त्रीदीर्घ—ये आठ बातें प्रमुख कही गई हैं ॥७३॥

इत्युक्तेष्वानुकूल्येषु पञ्च मुख्यानि तान्यपि ।
राशिराशीशमाहेन्द्रयोनिवश्यानि पुंस्त्रियोः ॥ ७४॥

वर-वधू के मेलापक में कथित पूर्वोक्त बातों में भी पाँच सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं । राशि, राशीश, माहेन्द्र तथा स्त्री-पुरुष का वश्य इनका विचार तो अवश्य ही करना चाहिए ॥७४॥

माधवमतम्

माहेन्द्रयोनिदिनराशिगृहेशयोगाः
सामान्यतोऽधिकबलाः कथिता दशभ्यः ।
अन्ये हि मध्यमबला मुनिगोत्रयोगाः
श्रेष्ठा द्विजस्य च परस्य च जातियोगाः ॥ ७५॥

माहेन्द्र, योनि, दिन, राशि, राशीश—ये ५ योग सर्वसम्मति या बहुमत से विचारणीय हैं । अन्य बातें मध्यम हैं । ब्राह्मणों के ऋषि-गोत्रों का विचार अवश्य करना चाहिए । क्षत्रियों को तथा अन्यों को जाति का विचार करना चाहिए ॥७५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वश्यम्माहेन्द्रयोनी भवनतदधिपौ सम्मतत्वाद् बहूनां
सन्त्वेतानीह पश्चाप्यत इतरद्।
वा यथासम्भवं स्याद् जात्यैक्यं क्षत्रियादे-
र्भवतु च नियमाद् गोत्रभेदो द्विजस्य ॥ ७६॥

॥ इति प्रश्नमार्गे एकविंशोऽध्यायः ॥२१॥

वश्य, माहेन्द्र, योनि, राशि, राशीश ये पाँच सर्वसम्मत होने से प्रमुख रूप से विचार योग्य होती हैं। इन बातों का विचार तो मेलापक में कर ही लेना चाहिए। क्षत्रियादि के लिए जाति-विचार तथा ब्राह्मणों के लिए गोत्र विचार महत्त्वपूर्ण है ॥७६॥

इस प्रकार आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ (बारहा ग्राम वास्तव्य) कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का इक्कीसवाँ अध्याय सम्पूर्ण हुआ ॥२१॥

—*—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ द्वाविंशोऽध्यायः

ग्रहगोचरफलम्

वराहमिहिरेणोक्तं संहितायां सविस्तरम्।
ग्रहचारफलं यत्तत्संक्षिप्याऽथ मयोच्यते।। १।।

आचार्य वराहमिहिर ने अपनी संहिता (बृहत्संहिता) में ग्रहों के गोचर का जो फल कहा है उसे संक्षेप में मेरे द्वारा यहाँ कहा जा रहा है ।।१।।

सूर्यफलम्

आयासो विभवक्षयोऽध्वगमनं रोगश्च जन्मस्थिते
वित्तभ्रंशनवञ्चनाम्बकरुजः सूर्ये द्वितीयस्थिते ।
स्थानप्राप्तिरिपुक्षयार्थनिचयारोग्यं तृतीयस्थिते,
नारीभोगविघात आमयसमुद्भूतिश्चतुर्थस्थिते ।। २।।

(१) जब सूर्य जन्मराशि में गोचर भ्रमण करता है तब वैभव की हानि, यात्रा, रोग, पीड़ा आदि फल होता है ।

(२) गोचर में जन्मराशि से द्वितीय सूर्य वित्त की हानि, धोखा होने से हानि, जल-सम्बन्धी रोग (जलोदर, जलीय शोफ, वृक्कविकार आदि होते हैं ।

(३) गोचर में जन्मराशि से तीसरा सूर्य होने पर स्थानलाभ (भूमि, भवन, पद आदि की प्राप्ति), शत्रुनाश, अर्थलाभ एवं स्वास्थ्य अच्छा रहता है ।

(४) गोचर में चतुर्थ सूर्य से नारीभोग में बाधा तथा रोगपीड़ा होती है ।

सूर्ये पञ्चमगे नृणामरिगणै रोगैश्च पीडा भवेद्
रोगाणां द्विषतां शुचामपि तथा षष्ठस्थिते संचमः ।
दैन्यं चाध्वगमश्च सप्तमगते कुक्ष्युद्भवाश्चामया
वैमुख्यं वनिताजनस्य नृपतेर्भीरष्टमस्थे कुजे ।। ३।।

(५) सूर्य यदि गोचर में पञ्चमस्थ हो तो जातक को शत्रुओं तथा रोग से पीड़ा होती है ।

(६) षष्ठस्थ रवि का गोचर रोगों, रिपुगणों तथा चिन्ताओं तथा

(७) सप्तमस्थ सूर्य दीनता, दूर की यात्रा एवं उदररोग उत्पन्न करता है ।

(८) अष्टमस्थ सूर्य से स्त्रियों से वैमनस्य, राजभय एवं रोग उत्पन्न होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आपद्दैन्यमहारुजो नवमगे वृत्तस्य भङ्गस्तथा
संसिद्धिः खलु कर्मणां दशमगे सूर्ये जयस्सर्वतः ।
स्थानाप्तिर्विभवो विनष्टगदता चैकादशस्थे भवेत्
व्यापारश्च शुभप्रदोऽत्र सफलः स्याद्द्वादशस्थे फलम् ।। ४।।

(९) यदि नवम स्थान में गोचर का सूर्य हो तो महान् बीमारी, दीनता, भयानक आपत्ति तथा कारोबार की हानि होती है ।

(१०) दशम स्थान में सूर्य हो तो सर्वत्र जय एवं कार्यों में सफलता होती है ।

(११) एकादश सूर्य से पदप्राप्ति, वैभवलाभ तथा निरोगता रहती है ।

(१२) द्वादशस्थ सूर्य व्यापार में शुभ फल देता है ।।४।।

चन्द्रफलम्

मृष्टान्नं शयनाम्बरादिकमपि ग्लावि स्थिते जन्मनि
स्याद् विघ्नः सकलक्रियासु विहतिर्मानार्थयोरर्थगे ।
नारीवस्त्रसुखार्थलाभविजयास्सोत्थे चतुर्थे भयम्;
प्राप्ते पञ्चममायया बहुशुचो विघ्नोद्भवश्चाध्वनि ।। ५।।
षष्ठस्थे सुखवित्तलब्धिररिरुङ्नाशः पुनस्सप्तमे,
सम्यग्भोजनमानवित्तशयनान्याज्ञा च भीरष्टमे ।
धर्मे बन्धनभीतिकुक्षितरुजो राजप्रवृत्तिः खगे
लाभे बन्धुसमागमार्थनिचया दोषव्ययौ च व्यये ।। ६।।

(१) जन्मराशिगत चन्द्र का गोचर संचार होने पर मिष्टान्न, शय्या, भोज़न-वस्त्रादि की प्राप्ति होती है ।

(२) द्वितीय चन्द्रमा से सभी कार्यों में बाधाएँ आती हैं, मान तथा अर्थ का नाश होता है ।

(३) तृतीयस्थ चन्द्र से नारी-वस्त्र सुख एवं धन का लाभ मिलता है तथा विजय होती है ।

(४) चतुर्थ चन्द्र से भय उत्पन्न होता है ।

(५) पंचमस्थ चन्द्र होने से बहुत माया (छल-कपट) से शोक प्राप्त होता है, विघ्न उत्पन्न होते हैं एवं यात्रा होती है ।

(६) षष्ठस्थ चन्द्र से सुख तथा धन प्राप्त होता है । शत्रु, रोग आदि का नाश होता है ।

(७) यदि सप्तम भाव में चन्द्र हो तो अच्छा धन, भोजन, सम्मान, शयनसुख आदि मिलता है एवं आज्ञा का पालन होता है ।

(८) अष्टमस्थ चन्द्र से भय प्राप्त होता है ।।५-६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भौमफलम्

भौमे जन्मगते विघात उदितस्तस्मिन्द्वितीयस्थिते,
पीडा स्यान्नृपचोरवह्निरिपुभिः कार्श्यञ्च चिन्तामयैः ।
सत्त्वार्थाप्तिगुहप्रसादरिपुसम्मर्दादिकं विक्रमे;
दुःसङ्गोदररुग्ज्वराङ्गरुधिरस्रावाश्चतुर्थस्थिते ।। ७।।
शत्रुव्याधिभयानि पञ्चमगते शोकश्च पुत्रोद्भव-
स्ताम्रस्वर्णसमागमः कलहभीविद्वद्वियोगोऽरिगे।
कुक्ष्यक्ष्युद्भवरुक्कलत्रकलहश्चास्ते पुनस्त्वष्टमे
रक्तैराप्लुतिरङ्गभङ्गजनकैर्भङ्गो मनोमानयोः।। ८।।
धर्मस्थेऽर्थपरिक्षयः परिभवो व्याधिश्च भूनन्दने
नानार्थाहतिरम्बरे जनपदस्वाम्यादिकं लाभगे।
नानानर्थसमुद्भवो व्ययगते नानाविधा दुर्व्ययाः
पित्ताद्यामयपीडनं तनुभृतां नेत्रोद्भवाश्चामयाः ।। ९।।

(१) जब जन्मराशि में मंगल गोचर में भ्रमण करता है तब सभी कार्यों में अवरोध उत्पन्न होता है तथा चोट लगती है ।

(२) द्वितीयगत मंगल के गोचर से राज्यशासन, चोर, अग्नि तथा शत्रुओं से पीड़ा होती है । रोगों के कारण शरीर में दौर्बल्य तथा चिन्ता उत्पन्न होती है ।

(३) तृतीयस्थ भौम के गोचर से बल बढ़ता है, धन की प्राप्ति होती है तथा स्वामि कार्तिकेय (गुह) की कृपा प्राप्त होती है ।

(४) चतुर्थ के मंगल से दुष्ट लोगों का संग, उदररोग, ज्वर तथा शरीर से रक्तस्राव होता है ।

(५) पञ्चम स्थान के भौम से शत्रुभय, व्याधिभय तथा पुत्र द्वारा शोक होता है ।

(६) षष्टस्थ शुक्र से बहुमूल्य धातुओं का संग्रह होता है; कलह, भय आदि होता है तथा प्रियजन का वियोग होता है ।

(७) सप्तमस्थ मंगल होने से पेट के रोग, नेत्ररोग तथा पत्नी से कलह होता है ।

(८) अष्टमस्थ मंगल से शरीर से रक्तस्राव, रक्तचाप, अंगभंग, मन में निराशा उत्पन्न होती है और सम्मान को ठेस पहुँचती है ।

(९) नवमस्थ मंगल से धनवान्, पराजय तथा व्याधि होती है ।

(१०) यदि दशम में मंगल हो तो सभी प्रकार का लाभ होता है ।

(११) एकादश में मंगल होने पर जनपद का अधिकार (विधायकादि का पद) प्राप्त होता है ।

(१२) यदि मंगल व्ययस्थान में हो तो अनेक अनर्थों की उत्पत्ति तथा अनेक प्रकार की फिजूलखर्ची होती है । पित्तरोग तथा नेत्रविकार होता है ।।७-९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बुधफलम्

जन्मस्थे राशिजे स्वबन्धुकलहो दुर्वाग्हतं स्वं धनं;
श्रीमत्तार्थगते सहोदरगते भीतिर्नृपारातितः।
बन्धुस्थे तु धनागमः स्वसुहृदां वृद्धिः कुटुम्बस्य वा
पुत्रस्थे खलु योषिता च तनयैः स्याद्विग्रहः सर्वदा।। १०।।
षष्ठस्थे विजयोन्नती सुभगताथा सुस्थिते विग्रहो
मृत्युस्थे जयपुत्रवस्त्रधननैपुण्यात्महर्षोदयाः।
व्याधिर्धर्मगते करोति खगतः शत्रुक्षयार्थागम-
स्त्रीभोगानथ भारती सुमधुरा बह्वर्थसौख्योदयः।। ११।।
भार्यापुत्रसुतद्युतिश्च सततं तुष्टिश्च लाभस्थिते
रिःफस्थे परिभूतिरत्र रिपुभिः पीडा च रोगैर्भवेत्।। १२।।

(१) जन्मराशि का बुध गोचर में अपने बन्धु-बान्धवों से कलह कराता है। दुर्वचन कहने की प्रवृत्ति होती है।

(२) द्वितीय राशिस्थ बुध धन-सम्पन्नता देता है।

(३) तृतीय राशिगत बुध से राजा तथा शत्रु से भय होता है।

(४) चतुर्थ के बुध से धनागम होता है, मित्रों एवं कुटुम्ब की वृद्धि होती है।

(५) पञ्चमस्थ बुध के कारण स्त्री तथा सन्तान से कलह होता है।

(६) छठे बुध से उन्नति तथा विजय होती है एवं सौभाग्य बढ़ता है।

(७) सप्तमस्थ से विग्रह होता है।

(८) अष्टमस्थ बुध यदि गोचर में हों तो विजय होती है; पुत्र, धन, वस्त्र एवं कुशलता की प्राप्ति होती है।

(९) गोचर में नवम राशि का बुध हो तो रोगपीड़ा होती है।

(१०) गोचर में दशम भाव का बुध हो तो शत्रु नष्ट होते हैं, धनलाभ होता है, स्त्रीभोग मिलता है, मधुर वाणी से शुभ होता है तथा उन्नति होती है।

(११) एकादश भाव के बुध से पत्नी, पुत्र एवं मित्रों का मिलन होता है तथा तुष्टि प्राप्त होती है।

(१२) बारहवें भाव का बुध शत्रुओं से पराजय तथा रोगों से पीड़ा देता है।

गुरुफलम्

स्थानभ्रंशधनक्षयौ कलहधीजाड्ये गुरौ जन्मगे
लाभोऽर्थस्य रिपुक्षयश्च सुदृशां भोगो द्वितीयस्थिते।
भ्रंशः स्यात्पदतश्च कार्यविहतिर्नृणां तृतीयस्थिते
क्लेशा बन्धुजनोत्थिताश्च न सुखं कुत्रापि बन्धुस्थिते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अश्वार्थात्मजहेमरत्नतरुणीवासो गृहाप्तिस्सुते
जीवे तस्थुषि षष्ठभे नहि सुखं तत्साधने सत्यपि ।।१३।।
धीवाङ्नैपुणमर्थवृद्धितरुणीभोगादिकं सप्तमे,
तीव्रदुःखगतानि बन्धनमजस्राध्वाटनं चाष्टमे ।
भार्यापुत्रधनागमो निपुणता सिद्धिश्च कर्माज्ञयो-
र्धर्मस्थे दशमस्थिते तु धिषणे स्थानार्थनाशादिकम् ।।१४।।
लाभस्थेऽभिमतार्थसिद्धिरितरस्थानाप्तिरित्यादिका ।
दीर्घाध्वाटनमुग्रदुःखजननं चान्त्यस्थिते सम्भवेत् ।।१५।।

(१) यदि गोचरस्थ गुरु किसी की जन्मराशि का हो तो स्थानभ्रंश होता है अर्थात् या तो महत्त्वपूर्ण पद छिन जाता है, निलम्बन हो जाता है या स्थानान्तर हो जाता है। धन की हानि, कलह, बुद्धि की जड़ता आदि फल होते हैं।

(२) द्वितीयस्थ गुरु से धन का लाभ, शत्रुओं का नाश, रमणीय पदार्थों का भोग प्राप्त होता है।

(३) तृतीयस्थ गुरु होने पर पदभ्रंश (व्यवसाय-परिवर्तन) तथा कार्यबाधा (Obstacles to all actions) होती है।

(४) चतुर्थ गुरु के कारण मित्र एवं बान्धवों (रिश्तेदारों) से क्लेश प्राप्त होता है तथा बेचैन होकर शान्ति के लिए भटकता है।

(५) पंचमस्थ गुरु होने पर अश्व (वाहन), धन, सन्तति, स्वर्ण, महँगी धातुएँ, स्त्रीसुख तथा आवास की प्राप्ति होती है।

(६) छठे गुरु से सुखप्राप्ति के साधन से भी सुख की प्राप्ति नहीं होती अर्थात् अतृप्ति तथा असन्तुष्टि रहती है।

(७) सप्तमभावस्थ गुरु का गोचर हो तो बुद्धि एवं वाणी का प्रयोग चातुर्यपूर्वक होता है, आर्थिक उन्नति होती है, कारोबार में सफलता मिलती है और स्त्री सुख मिलता है।

(८) गोचरभ्रमण में स्वराशि से अष्टम राशि का गुरु तीव्र दुःख, रोग, पराधीनता तथा निरन्तर भटकना पड़ता है।

(९) नवमस्थ गुरु से स्त्री, पुत्र, धन आदि का सुख प्राप्त होता है, बुद्धि की प्रखरता रहती है, कही हुई बात का पालन होता है एवं आज्ञा का उल्लंघन (अधीनस्थों एवं कनिष्ठों द्वारा) नहीं होता है।

(१०) जब गोचर का गुरु स्वराशि से दशम में हो तो स्थाननाश तथा धननाश होता है।

(११) ग्यारहवाँ गुरु होने पर इच्छाएँ पूरी होती हैं, धनलाभ होता है, सभी कार्यों में सफलता मिलती है तथा नया स्थानादि प्राप्त होता है।

(१२) बारहवें गुरु से दूर स्थानों की यात्रा बहुत दिनों तक करनी पड़ती है तथा उग्र दुःख प्राप्त होते हैं ।।१३-१४-१५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भृगुफलम्

जन्मस्थे भृगुजे सुमृष्टमशनं स्यात्प्रेयसीसङ्गमः
कस्तूर्यादिसुगन्धवस्तुशयनक्षौमादिभोगादयः ।
अर्थस्थे धनधान्ययुक्तसुखरत्नालङ्कृतो मानितो,
राज्ञा हृष्टकुटुम्बकश्च सततं सेवेत कामान् सुखम् ।। १६।।
आज्ञार्थास्पदभूतमानवसनरिपुनाशकृत् भ्रातृगे,
शुक्रे बन्धुगतेऽत्र बन्धुयुवतीश्शक्तिश्च शक्रोपमा ।
पुत्रस्थे धनपुत्रमित्रगुरुसन्तोषादिकं सम्भवेत्,
षष्ठस्थे परिभूतिरत्र मदगे स्त्रीहेतुकोपद्रवः ।। १७।।
रन्ध्रस्थे खलु मन्दिरोपकरणस्त्रीरत्नभोगोदयो
धर्मस्थे धनधर्मयोगवनितासम्भोगसौख्योदयः ।
कर्मस्थः कलहावमानकृदसौ सद्गन्धबन्ध्वाप्तय-
रायस्थ उरुवित्तयानसुखकृत् मृष्टाप्तिवस्त्रादिकृत् ।। १८।।

(१) जन्मराशि पर शुक्र का गोचर भ्रमण हो तब मिष्टान्न भोजन, प्रेयसी की संगति, कस्तूरी आदि सुगन्धित पदार्थों की प्राप्ति, शयनसुख सामग्री, सन्दर वस्त्रादि का भोग मिलता है और आनन्दानुभूति होती है ।

(२) द्वितीयस्थ शुक्र धन-धान्य, आभूषण, वस्त्र-भूषा, गन्धमाल्य तथा सम्मान देता है; परिवार में आज्ञा का पालन होता है, शासन पक्ष से सहयोग मिलता है, परिवार के लोग प्रसन्न रहते हैं तथा पर्याप्त सुख मिलता है ।

(३) तृतीय स्थान पर गोचर के शुक्र का संचार होने पर आदेश की अवज्ञा होती है; धन, सम्मान, भौतिक सामग्री, वस्त्रादि का नाश होता है एवं शत्रु नष्ट होते हैं ।

(४) जन्मराशि से चतुर्थ राशि पर गोचरस्थ शुक्र हो तो बन्धुजनों का सुख, स्त्री-सुख तथा इन्द्र के समान वैभव प्राप्त होता है ।

(५) पञ्चम राशिगत गोचर का शुक्र पुत्र, धन, मित्र तथा गुरुजनों द्वारा तुष्टि प्रदान करता है ।

(६) जन्मराशि से छठे भाव में शुक्र का गोचर भ्रमण मुकदमें तथा विवाद में पराजित कराता है, दब-दबे में कमी होती है ।

(७) सप्तम राशि के शुक्र में स्त्री से भय या स्त्री के कारण कष्ट होता है ।

(८) अष्टम राशिगत गोचर का शुक्र गृहस्थी का सुख देता है, घरेलू उपकरणों का संग्रह होता है, घर में साजसज्जा (फर्नीचर) आदि का सामान एकत्रित होता है और स्त्री तथा रत्नादि भोग प्राप्त होते हैं ।

(९) जन्मराशि से नवम राशि में गोचर का शुक्र होने पर धन की प्राप्ति तथा व्यय धर्मकार्य (दान, परोपकार आदि) में होता है, पत्नी का सुख एवं सहयोग मिलता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१०) यदि गोचर का शुक्र जातक की जन्मराशि से कर्मस्थानगत हो तो लड़ाई-झगड़ा, मुकदमेबाजी आदि में उलझना पड़ता है एवं अपमान झेलना पड़ता है ।

(११) यदि गोचर भ्रमण करता हुआ शुक्र जन्मराशि से लाभस्थान (ग्यारहवें) में हो तो सुगन्धित एवं मनोहारी पदार्थ मिलते हैं तथा बन्धुओं का सुख मिलता है ।

(१२) जन्मराशि से बारहवें स्थान पर शुक्र का गोचर धन, वाहन, वस्त्र आदि से सुखी करता है ॥१६-१७-१८॥

शनिफलम्

जन्मस्थे रविजे विषानलभयं बन्धोर्वधः प्रोषणम्
पुत्राद्यैः स्वजनैर्धनश्च विगमो दूराटनं वा भवेत् ॥ १९॥
अर्थस्थेऽर्थसुखाङ्गकान्तिविगमः कामस्य वा मन्दता
भ्रातृस्थे महिषद्विपादिकधनारोग्याद्यभीष्टागमाः ॥ २०॥
बन्धुस्थे कुटिलात्मता च विरहो भार्या जनाद्यैर्निजैः ।
सर्वैस्स्यात्कलहो निजात्मजवियोगाऽर्कात्मजे पुत्रगे ॥ २१॥
रोगाणां द्विषताञ्च हानिररिगे प्रेष्याङ्गनासङ्गमो
दूराध्वाटनमस्य रन्ध्ररविजे दैन्यं वियोगस्स्वकैः ।
वैरं बन्धनमात्मधर्मविहतिर्धर्मस्थिते हृद्रुजा,
विद्याकीर्तिधनक्षया दशमगे कर्माप्तिरप्यर्कजे ॥ २२॥
लाभस्थेऽन्यवधूसमागमधना यानप्रतापोदयाः
मध्ये दुःखपरम्पराम्बुधिपयस्युन्मज्जनं रिष्फगे ॥ २३॥

(१) यदि गोचर संचार करता हुआ शनि जन्मराशि पर भ्रमण करता हो तो विष (Poison and Toxins) तथा अग्नि (बिजली आदि भी) से भय होता है, बन्धुजनों की हानि होती है तथा अपना स्थान छोड़ना पड़ता है । पुत्र एवं परिवारजनों को दूर जाना पड़ता है ।

(२) यदि जन्मराशि से द्वितीय भाव में शनि का गोचर भ्रमण हो तो धन, सौख्य, शरीर की कान्ति तथा संभोगशक्ति कमजोर होती है; इन तत्त्वों की हानि होती है ।

(३) तृतीयस्थ शनि होने पर शुभ फल होता है, भैंस आदि तथा भारी वाहनों का सुख (ट्रेक्टर-ट्रक-हाथी) मिलता है और धन तथा आरोग्य की प्राप्ति एवं मनोकामना की पूर्ति होती है ।

(४) जन्मराशि से चौथा शनि गोचर में हो तो मन में कुटिलता रहती है, पत्नी तथा प्रियजनों का वियोग होता है । यह ढैया शनि कहलाता है ।

(५) पंचमस्थ शनि से सभी से लड़ाई-झगड़ा तथा पुत्र से वियोग होता है ।

(६) छठे शनि के गोचर में होने पर शत्रु शान्त हो जाते हैं तथा रोग भी शान्त होते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(७) जन्मराशि से सातवीं राशि का शनि दूर की यात्रा कराता है तथा स्त्रीजनों से निकटता बढ़ाता है ।

(८) आठवें स्थान पर गोचर का शनि हो तो अपने लोगों से मनमुटाव होता है और दीनता आती है ।

(९) नवम भाव के शनि से लोगों से अकारण वैर हो जाता है, बन्धन होता है अर्थात् कारावास या अन्य प्रकार से पराधीनता होती है तथा अपना नियम-धर्म आदि छूट जाता है ।

(१०) दशम भाव में स्वराशि से गोचर के शनि के भ्रमण करने पर विद्या, कीर्ति, धन की हानि होती है एवं नवीन कारोबार प्रारंभ होता है ।

(११) एकादश भाव के शनि से परस्त्री का सान्निध्य प्राप्त होता है, वाहन का सुख मिलता है, प्रताप (रौब-दाब=दबदबा) बढ़ता है तथा अधिकार प्राप्त होता है ।

(१२) द्वादश भाव के शनि से निरन्तर एक के बाद एक दुःख प्राप्त होता रहता है तथा जलराशि में डूबने या विपत्तियों के सागर में मग्न होने का भय रहता है ।

विशेष—जन्मराशि से चौथा तथा आठवाँ शनि लोकभाषा में ढैया शनि कहलाता है । इसी प्रकार द्वादश भाव जन्मराशि तथा द्वितीय राशि का शनि साढ़े साती कहलाता है । क्योंकि ढाई वर्ष तथा जन्मराशि से बारहवें, फिर ढाई वर्ष तक जन्मराशि पर, फिर ढाई वर्ष तक द्वितीय राशि पर रहने से साढ़े सात वर्ष होते हैं ।

अशुभफलशान्त्यर्थमुपायनिर्देशः

एवं खेचरचार एव कुरुते नृणां शुभं चाशुभम्
पूजाद्यैर्मुदितः करोति शुभमेवानिष्टगेऽपि ग्रहः ।। २४।।

इस प्रकार सूर्यादि ग्रह जन्मराशि से बारहवीं राशि तक गोचर भ्रमण करते हुए अनिष्ट फल देते हैं । अनिष्ट ग्रह की पूजा करने से शुभ फल देता है ।।२४।।

ग्रहाणां फलसमयः

राशेरादिगतौ शुभाशुभफलान्यर्कासृजौ कुर्वते
मध्यस्थौ गुरुभार्गवौ शशिशनी प्रान्ते बुधस्सर्वदा ।। २५।।

सूर्य एवं मंगल गोचर भ्रमण के समय राशि के प्रारंभ में (दस अंश तक) फल देते हैं । गुरु, शुक्र, चन्द्र तथा शनि जब राशि के मध्य भाग (११ से २० अंश तक) में रहते हैं तब अपने शुभाशुभ फल को देते हैं । इसी प्रकार बुध राशि के अन्त में फल देता है ।।२५।।

दृष्टिप्रभावकथनम्

दुःस्थस्सौम्यनिरीक्षितश्शुभफलं सुस्थश्चापेक्षितो
नो पूर्णं विहगः करोति शुभमप्यात्मोदितं देहिनाम् ।। २६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि कोई ग्रह गोचर में अनिष्ट स्थानगत हों परन्तु शुभ ग्रहों से दृष्ट हो तो वह शुभ फल देता है। इसी प्रकार शुभ स्थान में स्थित ग्रह यदि पाप ग्रहों से दृष्ट होता है तो वह अपना पूर्ण शुभ फल नहीं दे पाता है ॥२६॥

ग्रहशान्तिकथनम्

अर्कारावरुणार्त्तवैः शशिसितौ शुक्लैश्शनिर्मेचकैः
पीतैर्वाक्पतिरिन्दुजस्तु हरितैराराधनाद्धारणात्।
रत्नस्यापि निजोदितस्य निजवर्णाच्छादनाच्छादनात्
स्तुत्या वा नमनात् स्वकीयमनुभिर्होमाच्च तुष्यन्त्यमी ॥ २७॥

सूर्य तथा मंगल लाल रंग की वस्तु (पुष्प, वस्त्र, रत्न) से, शुक्र तथा चन्द्रमा श्वेत रंग की वस्तुओं से, शनि मेचक (बैगनी) वर्ण वस्तुओं से, बृहस्पति पीतवर्ण से; बुध हरित वर्ण से पूजा-आराधना, रत्नधारण, उनके रंगों के वस्त्र पहिनने से, स्तुति करने से, नमन करने से तथा (उन-उन ग्रहों के) मंत्र पाठ या जप तथा होम करने से प्रसन्न होते हैं ॥२७॥

रत्नधारणम्

अथ रत्नानि खेटानां दुःस्थिते च विहङ्गमे।
देयद्रव्याणि कथ्यन्ते कार्या वर्ज्या अपि क्रियाः॥ २८॥

अब अनिष्ट स्थानों में स्थित गोचर ग्रहों की शान्ति हेतु रत्नधारण, दानपदार्थ तथा वर्जनीय कर्म बताये जा रहे हैं ॥२८॥

माणिक्यं दिननायकस्य शशिनो मुक्ताऽसृजो विद्रमम्
प्रोक्तं गारुडमिन्दुजस्य तु गुरोः स्यात्पुष्यरागाह्वयः।
वज्रन्नाम भृगोर्दिनाधिपतिपुत्रस्येन्द्रनीलं पुन-
र्गोमेदाख्यमहीश्वरस्य शिखिनो वैदूर्यरत्नं स्मृतम्॥ २९॥

सूर्य के लिए माणिक्य, चन्द्र के लिए मोती, मंगल के लिए मूँगा, बुध के लिए पन्ना, गुरु के लिए पुखराज, शुक्र के लिए हीरा, शनि के लिए नीलम, राहु के लिए गोमेद तथा केतु के लिए वैदूर्य धारण करना चाहिए ॥२९॥

अथ ग्रहाणां दानपदार्थाः

धेनुस्स्यात्कपिला रवेश्शशभृतश्शङ्खो वृषो लोहितो
भूपुत्रस्य बुधस्य हेम च बुधाचार्यस्य पीताम्बरम्।
श्वेताश्वो रजतञ्च दानवगुरोर्मन्दस्य गोर्मेचका
मेषोऽजश्च फणाभृतोऽजकरिणौ देयौ हि केतोर्मुदे॥ ३०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य के लिए कपिला गाय, चन्द्रमा के लिए शंख, मंगल के लिए लाल बैल, बुध के लिए सोना (gold), देवगुरु बृहस्पति के लिए पीतवस्त्र, शुक्र के लिए श्वेत घोड़ा, शुक्र के लिए चाँदी, शनि के लिए काले रंग की गाय, राहु के लिए भेड़ या बकरी तथा केतु के लिए हाथी का दान करना चाहिए ॥३०॥

ग्रहपीडानिवारणाय दैनिकक्रियाकलापाः

देवब्राह्मणवन्दनाद् गुरुवचस्सम्पादनात्प्रत्यहं,
साधूनामपि भाषणात् श्रुतिरवः श्रेयस्समाकर्णानात् ।
होमादध्वरदर्शनात् शुचिमनोभावात् तथा दानतो
नो कुर्वन्ति कदाचिदेव पुरुषस्येह ग्रहाः पीडनम् ॥ ३१॥

प्रतिदिन नियम से दवताओं एवं ब्राह्मणों की वन्दना से, गुरु की आज्ञा मानने से, साधुओं का सत्संग करने से, वेद-पुराण श्रवण एवं कथन से, हवन करने से, उसके दर्शन करने से, अपने मनोभावों एवं विचारों को शुद्ध रखने से तथा दान करने से ग्रह पीड़ा नहीं करते हैं ॥३१॥

ग्रहपीडार्थं प्रतिषेधकथनम्

नित्यस्नानेनापि बौधायनीयस्नानात् खेटोक्तौषधिस्नानतश्च ।
तीर्थस्नानाच्चोपरागव्यतीपाताद्येषु स्यात् पीडनं न ग्रहाणाम् ॥ ३२॥

प्रतिदिन नियमपूर्वक स्नान करने से, बौधायन में वर्णित स्नान से, ग्रहों की औषधियों से स्नान करने से, ग्रहण एवं पर्वकाल में तीर्थस्नान करने से तथा व्यतीपातादि योगों में तीर्थस्नानं करने पर ग्रहपीड़ा नहीं होती है ॥३२॥

प्रतिकूलगोचरे वर्ज्यपदार्थाः

अकालचर्यां मृगयाञ्च साहसं सुदूरयानं गजवाजिवाहनम् ।
गृहे परेषां गमनं च वर्जयेद् गृहेषु राजा विषमस्थितेषु ॥ ३३॥

दिनचर्या के कार्य समय पर न करके असमय में करना, शिकार खेलना, दुःसाहस, दूर की यात्रा, गज-वाजि वाहन का प्रयोग (आज के सन्दर्भ में मोटर साइकल तथा ट्रक आदि से यात्रा), दूसरों के घर उठना-बैठना—ये सब कार्य राजा (या प्रशासक या अधिकारी आदि) को छोड़ देना चाहिए ॥३३॥

इसी प्रकार के कार्यों को सामान्य ग्रहपीड़ित व्यक्ति को भी छोड़ना चाहिए ।

ग्रहाणां वेधस्थानानि

कथ्यन्तेऽथ विहङ्गानां स्थानं गोचरसंज्ञितम् ।
वेधः प्रतीपवेधश्च फलनिर्णीतिहेतवः ॥ ३४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गोचर फल के स्पष्टीकरण के लिए तीन तथ्य होते हैं—(१) गोचर भाव, (२) वेध तथा (३) प्रतीप वेध (विपरीत वेध)। इनको अब बताया जा रहा है ॥३४॥

वेधप्रभावकथनम्

इष्टस्थानं शिशिरकिरलात् गोचरे स्वाष्टवर्गे,
विद्धोऽत्रस्थो न खलु शुभकृद् वेधसंस्थेऽत्र खेटे।
वेधर्क्षस्थो वितरति शुभं गोचरे वेध्यराशौ
खेटान्यश्चेदिति निगदितौ वेधवामाख्यवेधौ ॥ ३५॥

सर्वप्रथम ग्रहों का अष्टम वर्ग बनाकर फिर उनकी चन्द्रमा से शुभस्थिति (प्रत्येक ग्रह की) देखें। यदि वह शुभ स्थान गोचरीय ग्रह से वेधा जा रहा हो तो शुभ फल नहीं होता है। यदि गोचर में वेधित राशि में कोई अन्य ग्रह हो तो वेधस्थ ग्रह शुभ फल देता है। वेध के 'वेध' तथा "वामवेध" इस प्रकार दो भेद होते हैं ॥३५॥

श्रीपतिमतेन ग्रहाणां शुभस्थानकथनम्

सर्वे लाभग्रहस्थितास्त्रिखरिपुष्वर्कः कुजार्की त्रिषट्,
प्राप्तौ त्र्याद्यखमन्मथारिषु शशी खास्थारिवर्ज्यं भृगुः।
धीधर्मास्तधनेषु वाक्पतिररिष्वाष्टाम्बुखस्ते बुधः
श्रेष्ठो जन्मगृहाद्धि गोचरविधौ विद्धो न चेत् स्याद् ग्रहैः ॥ ३६॥

जन्मकालीन चन्द्रमा ग्यारहवें भाव में शुभ होता है। सूर्य तीसरे, छठे एवं ग्यारहवें में; शनि तीसरे तथा छठे में; मंगल भी तीसरे, छठे स्थानों में; चन्द्रमा तीसरे, पहले, दसवें, सातवें एवं छठे स्थानों में और शुक्र ६-७-११ इन तीन स्थानों को छोड़कर शेष सभी नौ स्थानों में शुभ होता है। गुरु पंचम, नवम, सप्तम तथा द्वितीय में; बुध दूसरे, चौथे, छठे, आठवें तथा दसवें में शुभ होता है। ये ग्रह तब शुभफल देते हैं जब वे गोचर में अन्य ग्रहों से विद्ध न हों ॥३६॥

यह श्रीपति का मत है।

मुहूर्तरत्नमतेन ग्रहाणां शुभस्थानानि

लाभविक्रमखशत्रुषु स्थितः शोभनो निगदितो दिवाकरः।
खेचरैः सुततपोजलान्त्यगैर्वार्किभिर्यदि न विध्यते तदा॥ ३७॥
द्यूनजन्मरिपुलाभखत्रिगश्चन्द्रमाः शुभफलप्रदस्तदा।
स्वात्मजान्त्यमृतिधर्मबन्धुगैर्विध्यते न विबुधैर्ग्रहैर्यदि॥ ३८॥
विक्रमाय रिपुगः शुभः कुजः स्यात्तदान्त्यसुतधर्मगैः खगैः।
चेन्न विद्ध इनसूनुरप्यसौ किन्तु धर्मघृणिना न विध्यते॥ ३९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वाम्बुशत्रुमृतिखायगः शुभो ज्ञस्तदा न खलु विंध्यते यदि ।
आत्मजत्रितप आद्यनैधनप्राप्तिगैर्विविधुभिर्नभश्चरैः ।। ४० ।।

सूर्य का गोचर भ्रमण ग्यारहवें, तीसरे, दसवें, छठे स्थान में शुभ फल देता है परन्तु यह शुभ फल तभी होता है जब वह ५, ९, ४, १२ इन स्थानों में स्थित अन्य ग्रहों से विद्ध न हो ।।३७।।

चन्द्रमा जब गोचर में सातवें, पहले, छठे, ग्यारहवें, दसवें तथा तीसरे स्थान पर होता है तब शुभ फलप्रद होता है । परन्तु उसे २-५-१२-८-९ तथा ४ इन स्थानों में स्थित ग्रहों से विद्ध नहीं होना चाहिए । चन्द्रमा का बुध से वेध नहीं होता है ।।३८।।

मंगल यदि १२-५-९ इन स्थानों में स्थित ग्रहों से विद्ध न हो तब वह तीसरे, छठे एवं ग्यारहवें स्थान में गोचर भ्रमण में शुभ होता है ।

शनि भी यदि १२-५-९ स्थानों में स्थित अन्य ग्रहों से वेधित न हो तब तीसरे, छठे, ग्यारहवें स्थानों में शुभ फल देता है ।

शनि का वेध सूर्य में नहीं होता ।।३९।।

यदि बुध दूसरे, चौथे, छठे, आठवें, दसवें एवं ग्यारहवें स्थानों में स्थित हो परन्तु ५-३-९-१-८-११ इन स्थानों में स्थित किसी ग्रह से विद्ध न हो तो शुभ फल देता है ।।४०।।

बुध का चन्द्रमा से वेध नहीं होता है ।

नोट—श्लोक ३७ से ४२ तक यथावत् फलदीपिका (२६।३-८) में भी हैं ।

ग्रन्थकारमतम्

स्वायधर्मतनयास्तसंस्थितो नाकनायकपुरोऽनतिश्शुभः ।
रिष्फरन्ध्रखजलत्रिगैर्यदा विध्यते गगनचारिभिस्तदा ।। ४१ ।।
आसुताष्टमतपो व्ययागो विद्ध आस्फुजिदशोभनः स्मृतः ।
नैधनास्ततनुकर्मधर्मधीलाभवैरिसहजस्थखेचरैः ।। ४२ ।।
एवमत्र खचरव्यधान्विता सत्फलं नहि दिशत्तु गोचरे ।
वामवेधविधिनाप्यशोभना अप्यमी शुभफलन्दिशत्यलम् ।। ४३ ।।
गोचरस्थोऽपि नो कुर्यात् शुभं वैरिनिरीक्षितः ।
शत्रुक्षेत्रे च नीचे च स्थितश्च न शुभप्रदः ।। ४४ ।।

जब बृहस्पति दूसरे, ग्यारहवें, नवें, पाँचवें, सातवें भावों में किसी में गोचर भ्रमण में स्थित हो परन्तु १२-८-१०-४ तथा ३ स्थानों में स्थित किसी ग्रह से वेध नहीं होना चाहिए ।।४१।।

शुक्र जब गोचर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम, अष्टम, नवम, एकादश तथा द्वादश में से किसी स्थान में स्थित हो तथा ८-७-१-१०-९-५-११-६ तथा ३ स्थानों में स्थित किसी ग्रह से विद्ध न हो ।।४२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार जो ग्रह गोचर भ्रमण करते हुए वेध द्वारा दूषित हो जाते हैं तो वे शुभ फल नहीं देते हैं। उसी भाँति यदि ग्रह अशुभ भी हो तो वामवेध की रीति से शुभ फल प्रदान करते हैं। (वामवेध को ही प्रतीप वेध या विपरीत वेध कहते हैं) ॥४३॥

यदि गोचरस्थ ग्रह शत्रुग्रहों से दृष्ट हो तथा शत्रुराशि या नीचराशि में हो तो शुभ फल प्रदान नहीं करता है ॥४४॥

अत्र ग्रन्थान्तरे विपरीतवेधकथनम्

गोचरगदिते फलानां परिभृते हेतुभूतौ द्वौ।
वेधविपरीतवेधावुच्यते शास्त्रसन्दृष्टौ॥ ४५॥

गोचर के फल को प्रभावित करने वाले दो हेतु शास्त्रों में वर्णित हैं—वेध तथा विपरीत वेध। अब आगे ग्रन्थान्तरों से विपरीत वेध का वर्णन किया जा रहा है ॥४७॥

भ्रातृशुभावृत्यन्त्यौ खाब्धिलाभात्मजौ च जन्मर्क्षात्।
अर्कस्य वेध्यवेधकराशिद्वन्द्वानि कथितानि॥ ४६॥

जन्मराशि से तीसरी एवं नौवीं, छठी एवं बारहवीं, दसवीं तथा चौथी, ग्यारहवीं एवं पाँचवीं ये समसप्तक राशिजोड़ी से सूर्य की वेध्य-वेधक राशियाँ हैं ॥४६॥

जन्मसुतौ भ्रातृशुभौ रिपुव्ययौ सप्तमकुटुम्बौ।
दशमाब्धीभवमृत्यू प्राग्वद् द्वन्द्वानि शीतांशोः॥ ४७॥

जन्मराशि से पहली-पाँचवीं, तीसरी-नवमी, छठी-बारहवीं, सप्तम-द्वितीय, दशम-चतुर्थ, ग्यारहवी तथा आठवीं पूर्व की भाँति चन्द्रमा की वेध्य-वेधक राशियाँ हैं ॥४७॥

भ्रात्रन्त्यौ षष्ठगुरुभवात्मजौ भौममन्दयोः कथितौ।
स्वसुतौ बन्धुतृतीयौ रिपुधर्मावष्टमात्मानौ॥ ४८॥

मंगल एवं शनि की जन्मराशि से तीसरी-बारहवीं, छठी-नवमी, ग्यारहवीं-पाँचवीं ये राशियाँ क्रमशः वेध्य-वेधक की जोड़ियाँ हैं। दूसरी-पाँचवीं, चौथी-तीसरी, छठी-नवमी, आठवीं-पहली ॥४८॥

आज्ञामृती भवान्त्यौ प्राग्वद् द्वन्द्वानि सौम्यस्य।
स्वान्त्यौ सुतसुहृदौ गुरुखौ मदसहजौ द्वादशाष्टमौ च गुरोः॥ ४९॥

दसवीं-आठवीं, ग्यारहवीं-बारहवीं ये पूर्व की भाँति बुध की वेध्य-वेधक राशियाँ हैं।

दूसरी-बारहवीं, पाँचवी-चौथी, नौवीं-दसवीं, सातवीं-तीसरी, बारहवीं-आठवीं इस प्रकार जोड़ी से गुरु के वेध्य-वेधक स्थान होते हैं ॥४९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आद्यायुषी स्वकामौ, त्र्याद्यौ बन्ध्वास्पदौ तनयधर्मौ ।
रन्ध्रसुतौ धर्मायौ भवत्रिकौ व्ययरिपुभृगुसुतस्य ।। ५०।।

प्रथम-अष्टम, द्वितीय-सप्तम, तृतीय-प्रथम, चतुर्थ-दशम, पञ्चम-नवम, अष्टम-पञ्चम, नवम-एकादश, एकादश-द्वादश ये शुक्र की वेध्य-वेधक जोड़ियों के स्थान हैं ।।५०।।

फणिकेत्वोरपि विद्याद् वेधत्रितयं शनैश्चरश्चेत् ।
न ददाति गोचरफलं शुभराशिस्थितोऽपि यो ग्रहैर्विद्धः ।। ५१।।

राहु तथा केतु के भी तीनों प्रकार के वेध शनि की तरह होते हैं । भले ही कोई ग्रह शुभ राशि में स्थित हो परन्तु वह यदि अन्य ग्रहों से विद्ध है तो अपना शुभ गोचरीय फल नहीं दे पाता है ।।५१।।

वेधापवादौ

न शनैश्चरो दिनकरं दिवसकरो वा न विध्यते सौरिम्।
एवं चन्द्रबुधौ वा निर्दिष्टौ वेधतत्त्वज्ञैः ।। ५२।।

शनि सूर्य को विद्ध नहीं करता है । सूर्य शनि को नहीं वेधता है । इसी प्रकार चन्द्र बुध को तथा बुध चन्द्रमा को नहीं वेधता है । ऐसा वेध तत्त्व के जानने वाले विद्वानों का कथन है ।।५२।।

वेधज्ञानमहत्त्वम्

एभिर्वेधैः विद्धा विफलास्स्युर्गोचरे ग्रहाः सर्वे ।
विपरीतवेधविद्धाः पापा अपि सौम्यतां यान्ति ।। ५३।।

इन पूर्वकथित दो प्रकार के वेधों से वेधित ग्रह अपना फल देने में असमर्थ रहते हैं । यदि पापग्रह विपरीत वेध द्वारा विद्ध हों तो शुभ हो जाते हैं ।।५३।।

अज्ञात्वा वेधविधिं बलाबलं द्युचरपाकगुणदोषम् ।
ये निर्दिशन्ति मूढास्तेषां विफलास्तदा देशाः ।। ५४।।

वेध की रीति, ग्रहों के बलाबल, उनके गुण-दोषों को बिना जाने जो मूढ़ फलादेश करते हैं उनका फलादेश विफल होता है ।।५४।।

उपसंहारः

एवं जन्मर्क्षादिर्ग्रहगोचरसम्भवं फलं ज्ञेयम् ।
एतत् परं रहस्यं गोचरगदितं वसिष्ठोक्तम् ।। ५५।।

इसी भाँति जन्म की चन्द्रराशि से ग्रहगोचर से उत्पन्न फल को समझना चाहिए । गोचर का यह फल महर्षि वसिष्ठ द्वारा कहा गया है ।।५५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहों के शुभ एवं वेध स्थानों का सूचक चक्र

सूर्य के	**शुभ स्थान**	३	६	१०						
	वेध स्थान	९	१२	४						
चन्द्रमा के	**शुभ स्थान**	१	३	६	७	१०	११	२	९	५
	वेध स्थान	५	९	१२	२	४	८	६	८	४
मंगल, शनि, राहु एवं केतु के	**शुभ स्थान**	११	३	६						
	वेध स्थान	५	१२	९						
बुध के	**शुभ स्थान**	२	४	६	८	१०	११			
	वेध स्थान	५	३	९	१	८	१२			
गुरु के	**शुभ स्थान**	२	५	७	९	११				
	वेध स्थान	१२	४	३	१०	८				
शुक्र के	**शुभ स्थान**	१	२	३	४	५	८	९	११	१२
	वेध स्थान	८	७	१	१०	९	५	११	३	६

मान लीजिए—किसी की जन्मराशि मेष है तथा उस समय सूर्य कन्या राशि में गोचर वश संचरण कर रहा हैं तो वह छठा होने से शुभ फलदायक हो गया, परन्तु यह शुभ फल तभी होगा जबकि सूर्य के छठे स्थान का वेधस्थान बारह है, उस में कोई ग्रह गोचर संचार के समय न बैठा हो अर्थात् मेष राशि का छठा सूर्य (कन्या का) तभी शुभ फलदायक होगा जब उस समय मीन (बारहवें स्थान) में कोई ग्रह न हो। यदि कोई ग्रह होगा तो छठे सूर्य का शुभत्व कम हो जायेगा।

इसी प्रकार मंगल-शनि-राहु ११वें स्थान में शुभ होते हैं परन्तु ग्यारहवें स्थान का वेधस्थान पाँचवाँ है, उसमें कोई ग्रह गोचर भ्रमण में हो तो जितने समय तक वह ग्रह वेध स्थान में रहेगा उतने समय तक शनि का शुभ फल प्राप्त नहीं हो सकता। इसी प्रकार से अन्य ग्रहों का भी जानना चाहिए।

यह वेध क्रमवेध भी कहलाता है।

विपरीत वेध—इसे हीं वामवेध, विलोमवेध तथा प्रतीपवेध भी कहते हैं। यह क्रमवेध के विरुद्ध होता है। इसके देखने की पद्धति इस प्रकार है—

ग्रहों के जो शुभ स्थान बताये गये हैं उनमें जो शेष रहते हैं वे अशुभ स्थान होते हैं। जिस अशुभ स्थान में कोई ग्रह हो उस अशुभ स्थान में वह अंक खोजिए जिसका कि वह वेधस्थान है, यदि उसमें कोई ग्रह हो तो उसका अशुभत्व दूर हो जाता है। इन अशुभ स्थानों में जो वेधस्थान होते हैं उन्हीं से विपरीत वेध देखा जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लीजिए—मेष राशि के लिए कर्क का सूर्य अशुभ है । उसका शुभ स्थान दसवाँ है अत: यदि दसवें स्थान (मकर) राशि में कर्क के सूर्य रहते कोई ग्रह बैठा होगा तो चतुर्थ सूर्य अशुभ फल नहीं करेगा ।

विपरीत वेध क्रमवेध का उल्टा होता है ।

।। इति प्रश्नमार्गे द्वाविंशोऽध्यायः ।।२२।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का बाईसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ त्रयोविंशोऽध्यायः

रोगहेतुः प्रतिक्रियाश्च

अथ कर्मविपाकोक्तरोगहेतुः प्रतिक्रियाः।
कथ्यन्ते याः प्रसक्ताः प्रागध्यायेऽत्र त्रयोदशे।। १।।

अब कर्मविपाक में वर्णित रोगशान्ति के उपायों को कहते हैं, जिन के सम्बन्ध में पूर्व में तेरहवें अध्याय में चर्चा की जा रही है ।।१।।

अथ यक्ष्मोद्भवस्तच्छान्तिश्च

हेतुर्ब्राह्मणहिंसनं गुरुजनद्वेषोऽन्यदोषोद्भवं
स्त्रीसङ्गा ग्रहणादिपुण्यसमये स्यादं राजयक्ष्मोद्भवेत् ।
जापो नाम सहस्रकस्य वसनस्पर्शश्च रौद्रेण वै
चन्द्रान्याहुतिरेनयोरपि जपस्तच्छान्तये सूक्तयोः ।। २।।

ब्रह्महत्या, गुरुजनों से द्वेष, स्त्रीसंग की अधिकता तथा ग्रहणादि पुण्यकाल में सहवास (coitus) के कारण अन्य दोष प्रकुपित होकर यक्ष्मा (Tuberculosis) का संक्रमण होता है ।

उसकी शान्ति के लिए शिवसहस्रनाम या शिव के समीप निवास, सेवा तथा रुद्रसूक्त का जप (रुद्राष्टाध्यायी का पाठ), चन्द्र एवं अग्नि के वेदोक्त मंत्रों एवं सूक्तों का जप करना चाहिए ।।२।।

कार्श्यनिदानञ्च प्रतिक्रियाः

कार्श्यहेतुरिहान्नस्य चौर्यं हि स्मृतिषूदितम् ।
शङ्करप्रतिमा देया तस्य शान्त्यै हिरण्मयी।। ३।।

शरीर के अत्यधिक दुबले-पतले होने को कार्श्य (Emaciation) कहते हैं । इसका कारण स्मृतियों में अन्न की चोरी करना बताया गया है । इसकी शान्ति के लिए शिवजी की स्वर्णमयी प्रतिमा का दान करना बताया गया है ।।३।।

कुष्ठस्य कर्मविपाकः शान्तिश्च

हिंसा विप्रस्य भार्यागमनमपि गुरोर्दुश्चिकित्साप्रयोगो
विश्वस्ते पुंसि दौष्ट्यात् गरलवितरणं कुष्ठरोगस्य हेतुः ।
रौद्रायुः सूक्तजापो दिनकरवृषयोर्हेमयोश्च प्रदानं
होमः कूष्माण्डमन्त्रैरपि खलु विधिवत्तस्य शान्त्यै विधेयः ।। ४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुष्ठ का कर्मविपाक सम्बन्धी कारण विप्रहत्या, गुरुपत्नीगमन, निन्दित आचरण, धोखेबाजी की आदत, धोखे से किसी को विष देना होता है।

उसकी शान्ति हेतु रौद्रायुसूक्त का जप तथा सोने की सूर्य एवं वृष की प्रतिमा बनवाकर दान करें अथवा कूष्माण्डी होम करना चाहिए ।।४।।

श्वेतकुष्ठे शान्तिकथनम्

कुष्ठवच्छ्वेतकुष्ठेऽपि प्रायश्चित्तन्तु कारणम् ।
कांस्यकार्पासलवणवासोहरणसंयुतम् ।। ५।।

श्वेत कुष्ठ (ल्यूकोडर्मा = श्वित्र) के लिए प्रायश्चित्त कुष्ठरोग की भाँति ही करें। यह कांसा, रुई तथा नमक आदि की चोरी-डकैती या छीनने के कारण होता है या वस्त्रों को छीनने से होता है ।।५।।

अथ विसर्परोगनिदानचिकित्सा

विसर्पहेतुः खलु सर्पहिंसा सर्पेण हिंसाञ्च परस्य विद्यात् ।
तच्छान्तये स्यादिह नागदानं विधिस्तु तस्य स्मृतिषूपदिष्टः ।। ६।।

विसर्प रोग का कारण सर्पों की हिंसा या सर्प से उस व्यक्ति की पूर्वजन्म में हिंसा होने से होता है। तात्पर्य यह है कि कोई व्यक्ति यदि पूर्वजन्म में सर्प के काटने से मरा था तो इस जन्म में उसे विसर्प हो सकता है।

विसर्प की शान्ति के लिए स्मृतियों में नागदान की विधि कही गयी है ।।६।।

विसर्प को अंग्रेजी में "इरिसिपेलस" कहते हैं।

पाण्डुरोगनिदानचिकित्सा

देवानां ब्राह्मणानां धनहरणमपथ्याशनं पाण्डुहेतुः ।
कार्यः कूष्माण्डहोमः कनकवितरणञ्चास्य रोगस्य शान्त्यै।। ७।।

देवस्व तथा ब्रह्मस्व के हरण तथा अपथ्य भोजन के कारण पाण्डुरोग होता है। इसकी शान्ति के लिए कूष्माण्डहोम तथा स्वर्णदान करना चाहिए ।।७।।

पाण्डुरोग को अंग्रेजी में 'अनेमिया' कहा जाता है। इस रोग में रोगी के शरीर की चमक पाण्डुवर्ण की हो जाती है।

अतिसाररोगस्य निदानचिकित्सा

वापीकूपादिभेदाद्यतिसृरणरुजः कारणं तत्प्रशान्त्यै ।
रौद्रायुः सूक्तजापो भवति खलु नृणामेवमाहुर्मुनीन्द्राः।। ८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बावड़ी, कुआ (तालाब, बाँध, जलाशय, पानी की टंकी) आदि को नष्ट करने वालों को असाध्य प्रकार का अतिसार होता है । उसकी शान्ति के लिए रुद्रसूक्त तथा आयुःसूक्त का जप मुनीन्द्रों (विद्वानों) ने कहा है ॥८॥

दस्तों को अतिसार कहा जाता है ।

सङ्ग्रहणीरोगस्य कर्मविपाककथनम्

हेतुर्ग्रहण्या अतिसारहेतुः भवत्यपथ्याहरणेन युक्तः ।
सकृष्णगोपालकदानमत्राप्युदीरितं यत्त्वतिसारशान्त्यै ॥ ९ ॥

जब अतिसार से पीड़ित व्यक्ति अपथ्य का पालन करता है तब उसे संग्रहणी (Spru) की बीमारी हो जाति हैं । उसकी शान्ति के लिए काली गाय को चारे के सहित दान करना चाहिए ॥९॥

मुखरोगस्य निदानोपायः

ओष्ठच्छेदनदन्तभङ्गरसनाच्छेदाः परेषाङ्गुरौ,
वाणी वा पुरुषानृतश्च वचनं स्यात्कूटसाक्षित्वयुक् ।
हेतुर्वक्त्रगदस्य तत्र हवनं कूष्माण्डमन्त्रैर्जपो
गायत्र्याश्च विधेय औषधगजस्वर्णञ्च धान्यः स्पृशेत् ॥ १० ॥

दूसरों के ओंठ, दाँत, जीभ आदि को काटना, तोड़ना तथा गुरु की बात न मानना, गुरु से झूठ बोलना, झूठी गवाही देना—इससे मुखरोग (मुखदुर्गन्धि, मुखपाक तथा चेहरे की विकृतियाँ) उत्पन्न होते हैं । इनकी शान्ति के लिए कूष्माण्ड मंत्रों से हवन तथा गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए तथा औषधि, हाथी, स्वर्ण, धान्य इनका स्पर्श कर दान कर देना चाहिए ॥१०॥

दीनों को औषधिदान करना बड़ा पुण्यकर्म कहा गया है । इस औषधदान को कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी (धन्वन्तरि जयन्ती) के दिन करना अति शुभ है । चरक के अनुसार—

"अप्येकं नीरुजीकृत्य जन्तुर्यादृशतादृशम् ।
आयुर्वेदप्रभावेण किं दत्तं भवेद् भुवि" ॥

अर्शोरोगस्य कारणं निवारणञ्च

द्विजविबुधनानामन्धसाञ्चापहारो
गमनमथ वधूनां चोपरागादिकाले ।
हननमपि पशूनामर्शसां हेतुरुक्तः
प्रशमकृदमुष्य स्वर्णधेनुप्रदानम् ॥ ११ ॥

अर्शरोग (बवासीर) का कारण विद्वानों ने ब्राह्मणों, विद्वानों एवं अन्धों के धन का अपहरण करना बतलाया है । इसी प्रकार ग्रहणादि के समय मैथुन करना भी इस रोग का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कारण होता है। पशुओं की हिंसा भी अर्श का हेतु कहा गया है। इसकी शान्ति के लिए स्वर्ण निर्मित गाय का दान करना चाहिए ॥११॥

दृग्व्याधिनिदानचिकित्सा

दृग्व्याधेस्तु कृतघ्नताऽन्यवनितासन्दर्शनं छद्मना
चान्यस्याक्षिविनाशनं खलु नृणां हेतुस्तु तच्छान्तये।
मुद्गान्नस्य च पायसस्य कनकस्याज्यस्य पक्षीशितु-
र्दानं वाम्बकरक्षकाणुहवनं जापोऽथवाऽस्य स्मृतः॥ १२॥

नेत्ररोगों का कारण कृतघ्नता, छल से पराई स्त्री को देखना, दूसरों के नेत्र नष्ट करना होता है। उसकी शान्ति के लिए मूँग की दाल, पायस (खीर), सोना (gold) तथा घी का दान गरुड की मूर्ति के साथ करें तथा चाक्षुषोपनिषद् का जप करें ॥१२॥

नक्तान्धस्य कर्मविपाकः प्रायश्चित्तञ्च

नक्तान्धस्य तु हेतुः स्याद् गवां नयननाशनम्।
गोपालदानमेतस्य प्रायश्चित्तमुदीरितम्॥ १३॥

गायों के नेत्रों को नष्ट करना नक्तान्ध्य (Night-blindness) का हेतु होता है जिसके कारण रात में नहीं दिखता। इसका प्रायश्चित्त गोपालदान कहा गया है। (यदि यहाँ 'रक्तान्ध' पाठ माना जावे तो उसका अर्थ रक्ताधिमन्थ (Gloucoma) लेना पड़ेगा) ॥१३॥

कर्णरोगस्य कारणं प्रायश्चित्तञ्च

पैशुन्यमन्यच्छ्रवणच्छिदा वा
कार्यच्छिदा कर्णगदस्य हेतुः।
सुवर्णधान्यक्षितिकम्बलानां
दानं जपस्सौरऋचोऽस्य चात्र॥ १४॥

पिशुनता (चुगलखोरी), दूसरों के कानों को हानि पहुँचाना, दूसरों का काम बिगाड़ना कर्णरोग का हेतु होता है।

उसकी शान्ति के लिए सुवर्ण, धान्य, भूमि तथा कम्बल का दान करना एवं सूर्य की वैदिक ऋचाओं का जप करना चाहिए ॥१४॥

जिह्वारोगस्य हेतुरूपशमञ्चाह

जिह्वारोगस्य हेतुर्गुरुषु परुषवाग्भाषणञ्चानृतानां
दुःखाधानं परेषामपि खलु रसनाच्छेदनञ्चास्य दानम्।
एवं चान्नौषधानां हवनमपि तथैवास्तु कूष्माण्डमन्त्रै
राहोमन्त्रैर्यदादिं जपतु तदृषिभिः प्रोक्तमन्नञ्च सूक्तम्॥ १५॥

जिह्वारोग (glossitis etc.) का कारण गुरुजनों से कठोर वचन बोलना, झूठ बोलना, दूसरों को दुःख देना, दूसरों की जीभ काटना आदि होता है। इसकी शान्ति हेतु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्न तथा औषधियों का दान तथा कूष्माण्डमंत्रों से हवन भी होगा। राहु के मंत्रों का जप मंत्रों के प्रारंभ में ऋषि, छन्द, देवता आदि के उच्चारण के साथ करें तथा अन्नसूक्त का जप करें ॥१५॥

वातरोगनिदानचिकित्सा

निन्दा सभ्यजनेषु तातजननीद्वेषो गुरुद्वेषणं,
चान्नस्यापहृतिः प्रभञ्जनरुजो हेतुस्तु तच्छान्तये।
दद्यात्ताम्रमृगन्तथैव वसनं पथ्यान्नमष्टापदं,
सूक्तं मारुतदैवतं प्रशमनीं वायोर्ऋचं वा जपेत्॥ १६॥

सभ्यजनों (सज्जनों) की निन्दा, माता-पिता से द्वेष, गुरु से द्वेष, अन्न का अपहरण ये सब वातरोगों (Nevousdisorders) का कारण होते हैं। इनकी शान्ति के लिए ताम्र धातु का मृग बनवाकर दान करना, वस्त्रदान, पथ्याहार (अस्पतालों में दलिया, दूध, खिचड़ी आदि) का वितरण तथा वायुसूक्त का जप करना चाहिए ॥१६॥

वातविकार से आमवात तथा वातरक्त अर्थात् Rheumatism तथा Gout का भी ग्रहण करना चाहिए। आयुर्वेद में अस्सी प्रकार के वातरोगों का वर्णन है जिनमें पक्षाघात, गृध्रसी, विश्वाची आदि मुख्य हैं।

शूलरोगनिदानचिकित्सा

कन्याया गमनं पशोश्च विधवादास्योरभक्ष्यादनं,
चाचारेण विहीनता पिशुनता चापथ्यविश्राणनम्।
विश्वस्तस्य विषार्पणं च हननं शूलेन तद्धेतव-
तच्छान्त्यै तिलपद्मदानमुदितं शक्त्या च शूलार्पणम्॥ १७॥

शूलरोग (Colic) का करण कन्या के साथ संभोग, पशुमैथुन, विधवा, दासी आदि का समागम, अभक्ष्य का भक्षण करना, आचारभ्रष्टता, चुगलखोरी, अपथ्यकर आचार-व्यवहार, विश्वस्त को विष देकर मार डालना, शूल से मार डालना आदि होते हैं।

शूलरोग की शान्ति के लिए तिल, कमल का दान तथा दुर्गादेवी को शूल अर्पित करना चाहिए ॥१७॥

गुल्मरोगः

हेतुर्गुल्मगदस्य वैरमधिकं निर्बन्धनं वा गुरौ
चासूयाऽन्नहृतिश्च तत्र हवनं चैन्द्राग्नसूक्तेन वा।
जापस्सूक्तयुगस्य रुद्रमरुतोर्नामत्रयस्यापि वा
गायत्र्याश्च विधीयतां गणपतेर्दानं च तच्छान्तये॥ १८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुल्म (वायुगोला) रोग का कारण गुरु से अधिक शत्रुता या गुरु को बन्धन में डालना, गुरु से ईर्ष्या या असूया करना, अन्न को लूटना आदि होता है । उसकी शान्ति के लिए इन्द्राग्निसूक्त का जप तथा हवन करना चाहिए । रुद्रसूक्त, मरुत्सूक्त का जप करें अथवा तीन व्याहृतियों के साथ गायत्री मंत्र का जप करें ।।१८।।

अथ प्रमेहरोगः

तापस्याः पशुकन्यकागुरुजनस्त्रीनिर्धवानाङ्गति-
र्विद्वेषो गुरुषु द्विजस्य हरणं हेम्नोऽन्यहृत्पीडनम् ।
एतत्सर्वमिह प्रमेहकृदिदं मातृस्वसृभ्रातृव-
धूसम्भोगयुतं सुरेक्षुमधुमेहानां क्रमात्कारणम् ।। १९।।
सर्वामयघ्नं हवनं विधेयं सुवर्णधेन्वोश्च जलस्य दानम् ।
पक्वान्नदानम्बहुमेहशान्त्यै जपस्तथार्चामपि वारुणीनाम् ।। २०।।

तपस्विनी, पशु, कन्या, गुरुजनों की पत्नी एवं विधवा के साथ समागम; गुरुओं से द्वेष, ब्रह्मस्वहरण, स्वर्णादि का हरण, दूसरों का दिल दुःखाना यह सभी प्रमेहरोगों के हेतु हैं । माताभगिनी (मौसी), भ्रातापत्नी के साथ सम्भोग करने वालों को क्रमशः सुरामेह, इक्षुमेह तथा मधुमेह उत्पन्न होते हैं ।।१९।।

इन प्रमेहों की शान्ति के लिए सर्वरोगशान्तिकर हवन, सोना, गौ एवं जल का दान (प्याऊ लगाना) करना चाहिए । पकवानों का दान बहुत प्रकार के मधुमेहों को शान्त करता है । इसी भाँति वरुणसूक्त तथा वरुणदेव से सम्बन्धित ऋचाओं का जप भी इन प्रमेहों को शान्त करता है ।।२०।।

महोदररोगः

हेतुर्महोदरगदे गुरुतल्पयानं
स्त्रीगर्भपातनमपि प्रजपेच्च सूक्तम् ।
रौद्रञ्च वारुणमपीह जलस्य दानं
कार्यं तथा मकरदानमपीह शान्त्यै।। २१।।

महोदर रोग का तात्पर्य जलोदर तथा शोथरोग से है । इसमें पेट में पानी भर जाता है । इसका कारण गुरुपत्नीगमन एवं स्त्री का गर्भपात होता है । इसकी शन्ति के लिए रुद्रसूक्त का जप करना चाहिए अथवा वरुणसूक्त का भी साथ में जप करें, जलदान (प्रपादान = प्याऊ) करें तथा मगर की स्वर्णादि निर्मित मूर्ति का दान करें ।।२१।।

अश्मरीरोगः

कन्यापश्वधवादिसङ्गमनतः स्याच्छर्कराख्याऽश्मरी ।
प्रोक्तैश्च द्विजपीडनावमनतः स्यान्मूत्रकृच्छ्रन्नृणाम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

**कर्तव्यं तिलपद्मदानमथ होमोऽग्नावनिद्धे करो-
त्यग्निमान्द्यममुष्य शान्तिकृदृचस्तद्देवताया जपः ।। २२।।**

कन्या, पशु अथवा (विधवा) के साथ संभोग से शर्करा तथा अश्मरी होती है । इसी प्रकार ब्राह्मणों को पीड़ा देने से मूत्रकृच्छ्र होता है । अस्तु, पथरी तथा पेशाब कष्टपूर्वक होने पर तिलदान, कमलदान, हवन तथा अथर्ववेदोक्त इन रोगों के देवताओं के मंत्रों का जप करना चाहिए ।।२२।।

भगन्दररोगः

**आज्ञोल्लङ्घनमात्मदेशिकजनस्वाम्यादिकानां गुरु-
स्त्रीसङ्गश्च भगन्दरस्य शमनायैतस्य देयम्पुनः ।
रत्नं वा रजतं च काञ्चनमयो दन्ती तथा काञ्चनं
गायत्रीञ्च ऋचं च सौरमपि वा रौद्रञ्च सूक्तञ्जपेत् ।। २३।।**

भगन्दर (Fistula in ano) रोग का कर्मविपाक गुरुजनों की आज्ञा का उल्लङ्घन, अपने दीक्षा गुरु की आज्ञा का उल्लङ्घन, अपने स्वामी तथा गुरु की पत्नी से गमन करना आदि होता है । इसकी शान्ति के लिए रत्न, कांचन (सोना), रजत (चाँदी) से हाथी की मूर्ति बनवाकर दान करना चाहिए तथा गायत्री मंत्र या सौरसूक्त या रौद्रसूक्त का जप करना चाहिए ।।२३।।

विद्रधिरोगः

**फलापहरणं प्रोक्तं नृणां विद्रधिकारणम् ।
तस्य स्मृत्युदितं कार्यमाम्रदानम्प्रशान्तये ।। २४।।**

बड़े तथा कठोर फोड़े को विद्रधि (Abscess) कहा जाता है । इसका कारण फलों की चोरी या अपहरण होता है । स्मृतियों में विद्रधि की शान्ति हेतु आम के फलों का दान करना बताया गया है ।।२४।।

कण्ठरोगः

**गणस्वहरणं नृणां कण्ठरोगस्य कारणम् ।
ग्रहशान्तिं प्रकुर्वीत रत्नदानञ्च शान्तये ।। २५।।**

कण्ठरोग का कारण गणस्व (सार्वजनिक सम्पत्ति = Public Property) की लूट या चोरी करना होता है । इसकी शान्ति के लिए ग्रहशान्ति तथा रत्नदान करना चाहिए ।।२५।।

गले में होने वाले रोग जैसे—रोहिणी (Diphtheria), कण्ठशालूक (Adem-oids), गलविद्रधि, गलौघ (Pharyngitis), स्वरघ्न (Laryngitis), सर्वसर (Stomotitis) आदि होते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिरोरोगाः

ब्रह्मद्वेषः शिरोरोगहेतुर्मुनिभिरीरितः।
दानं तस्योपवीतस्य प्रायश्चित्तञ्च कीर्तितम्।। २६।।

शिरोरोगों का कारण ब्रह्मद्वेष (विद्वान् ब्राह्मणों) से द्वेष होता है । इसकी शान्ति के लिए यज्ञोपवीत दान करना चाहिए तथा प्रायश्चित्त करना चाहिए ।।२६।।

शिर में होने वाली पीड़ा शिरोरोग कहलाती है । आयुर्वेद में इसके ग्यारह भेद बताये हैं—

"शिरोरोगास्तु जायन्ते वातपित्तकफैस्त्रिभिः।
सन्निपातेन रक्तेन क्षयेण कृमिभिस्तथा ।।
सूर्यावर्त्तानन्तवाताऽर्धावभेदकशङ्ककैः" ।

असृग्दररोगस्य कारणानि प्रायश्चित्तञ्च

अश्वत्थपूर्वोत्तमभूरुहाणां छेदो गवां वा हननं तथैव।
उदाहृतो हेतुरसृग्दरस्य प्रदीयतामत्र तु रक्तधेनुः।। २७।।

पीपल जैसे उत्तम वृक्षों को काटने से, गोहत्या करने से, गायों से निर्दयता का व्यवहार करने से असृग्दर रोग होता है । इसकी शान्ति के लिए रक्तवर्ण की गाय का दान करना चाहिए ।।२७।।

असृग्दर—"असृक्" का अर्थ रक्त होता है । आयुर्वेद में असृग्दर शब्द का प्रयोग स्त्रियों को होने वाले चार प्रकार के प्रदररोग के लिए होता है, अतः यहाँ इस शब्द का अर्थ प्रदर ही ग्रहण करें । एक हिन्दी टीकाकार ने असृग्दर को रक्तकैंसर लिखा है जो नितान्त त्रुटिपूर्ण है । असृग्दर के लक्षण "माधवनिदान" में निम्न प्रकार से वर्णित हैं—

"असृग्दरं भवेत्सर्वं साङ्गमर्दं सवेदनम् ।
तस्यातिवृत्तौ दौर्बल्यं भ्रमो मूर्च्छा मदस्तृषा ।
दाहः प्रलापः पाण्डुत्वं तन्द्रारोगाश्च वातजाः" ।।

(१) श्वेत प्रदर या कफज असृग्दर (Leucorrhoea) ।
(२) नियमित अत्यार्त्तव या नियमित रक्तप्रदर (Menorrhagia) ।
(३) अनियमित रक्तप्रदर (Metrorrhagia) ।
(४) पूयमिश्रित रक्तस्राव (Purulent Haemorrhage from the womb) ।

इसके अतिरिक्त स्त्री-पुरुषों की त्वचा से होने वाला रक्तस्राव भी असृग्दर कहा जा सकता है ।

अपस्मारः

गुरोर्वधः स्वामिवधश्च नृणां भवेदपस्मारकृदत्र कार्याः ।
सर्वामयघ्ना जपदानहोमा गणैः ऋषीणां स्मृतिषु प्रदिष्टाः ।। २८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपस्मार (मिरर्गी) रोग का कारण गुरु की हत्या एवं स्वामी की हत्या करना होता हैं । इसकी शान्ति हेतु स्मृतियों में ऋषियों ने सर्वरोगनाशक जपदान तथा हवन का विधान किया है ॥२८॥

उन्मादरोगः

धीजाड्योन्मादहेतुर्गुरुजनहसनं भोगतृष्णाविधानं
दुर्नार्यादौ परेषां न विदितमिति वा चेति यच्चास्य चौर्यम्।
प्रायश्चित्तञ्च शान्त्यै विहितमिह गजस्यार्पणमार्तिहेतु-
र्हिंसाहेतुर्द्वेषणं स्त्रीगमनमपि गुरोर्दुर्गया ताम्रहोमः ॥ २९॥

(१) गुरुजनों की हँसी उड़ाने से बुद्धि की जड़ता (मन्दबुद्धि) होती है ।

(२) परनारियों के प्रति भोगबुद्धि रखना तथा वादा करके उसका पालन न करना ये उन्माद रोग के कारण होते हैं ।

(३) सामान्य ज्वर का कारण सर्पहिंसा, द्वेष तथा बलात्कार होता है ।

इन सब की शान्ति के लिए ताम्रकुण्ड में दुर्गाहोम करना चाहिए ॥२९॥

चातुर्थिकजूर्तिः

शीतोष्णचातुर्थिकजूर्तिहेतुः श्वभिर्भयाधानमशेषजन्तोः ।
शीतोष्णयोर्विष्णुशिवाभिषेकौ दौर्गाङ्करौद्रामनवश्च जप्याः ॥ ३०॥

जो सभी जीवों को कुत्तों के द्वारा डराता है उसे चौथिया बुखार आता है; जिसके निवारण के लिए विष्णु या शिव का अभिषेक करना, नवार्ण मंत्र एवं रौद्रसूक्त का पाठ करना चाहिए ॥३०॥

दाहरोगः

दाहस्य हेतुरुदितं गुरुस्त्रीगमनादिकम्।
प्रायश्चित्तञ्च तच्छान्त्यै तोयदानमुदीरितम् ॥ ३१॥

दाहरोग का कारण गुरुपत्नीगमनादि कहा गया है । इसकी शान्ति के लिए प्रायश्चित्त करें तथा प्याऊ लगाना चाहिए ॥३१॥

नाडीव्रणः

शाकादिचौर्यम्परवाग्विघातो वधः परस्यानुचिताङ्गनाप्तिः ।
व्रणेच्छिदा भूमिरुहस्य नाडी व्रणे तु हेतुर्मणिरत्र देयः॥ ३२॥

(१) जो शाकादि (सब्जियों, फलों) की चोरी करता है, दूसरों पर झूठा दोषारोपण करता है, दूसरों की हत्या, बुरी स्त्रियों से (फिरंग, उपदंश आदि से पीड़ित हों) सहवास करता है उसको व्रण (उपदंश या फिरंग) होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) जो वृक्षों को काटता है उसको नाडीव्रण (Fistula) होता है।

इन दोनों प्रकार के व्रणों में मणि का दान करना चाहिए ॥३२॥

हस्तपादव्रणाः

हस्तोत्थानां भ्रूणहत्याव्रणानां
पादोत्थानां स्याद्गुरुस्त्रीगमनादि ।
हेतुस्तेषां चोभयेषाम्प्रशान्त्यै
कार्यं शक्त्या रत्नदानं द्विजेभ्यः॥ ३३॥

(१) भ्रूणहत्या के कारण हाथ में व्रण होते हैं।

(२) गुरुस्त्रीगमनादि कारणों से पैरों में व्रण होते हैं।

दोनों प्रकार के व्रणों की शान्ति के लिए ब्राह्मणों को यथाशक्ति दान भी देना चाहिए ॥३३॥

सन्तानहीनता

हेतुर्बालवधाण्डभक्षणगुरुद्वेषान्यभार्यादपि,
द्वेषप्राणिगणादनानि जननीविश्लेषणं वा शिशोः।
हिंसा बालमृगस्य पार्वणमुखश्राद्धक्रियालोपनं
सन्तत्या अभयस्य काञ्चनमयीं धेनुं प्रदद्यादिह ॥ ३४॥

बालहत्या, अंडे खाना, गुरुद्वेष, अपनी अनन्य पत्नी से द्वेष, प्राणिमात्र से द्वेष करना, उनका भक्षण करना (मांसाहार), माता तथा शिशु का विच्छेद करना, मृगशावक को मारना, पार्वण श्राद्ध, नान्दीमुख श्राद्ध आदि क्रियाओं का लोप—ये सब सन्ततिहीनता के कारण होते हैं। इसकी शान्ति के लिए स्वर्णनिर्मित गोदान करना चाहिए ॥३४॥

अरुचिः छर्दिश्च

हेतुरश्रद्धया दानमरुचेश्छर्दिकारणम्।
विश्वासहननं तज्ज्ञैः प्राश्चित्तमिहोच्यताम्॥ ३५॥

(१) अश्रद्धापूर्वक जो दान देता है उसे अरुचि रोग (Anorexia) होता है।

(२) जो विश्वासघात करता है उसे छर्दिरोग अर्थात् उबकाई आते रहने (Nousia) की बीमारी होती है।

इसके लिए प्रायश्चित्त करना चाहिए ॥३५॥

मूकत्वं स्वरसादश्च

वाक्चौर्यं कारणं प्रोक्तं मूकत्वस्वरसादयोः।
वाग्देव्याः प्रतिमा रूप्यमयी तत्र प्रदीयताम्॥३६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मूकता (गूँगापन) तथा स्वरसाद (अस्पष्ट आवाज में बोलना) इन दोनों का कारण वाक्चौर्य (Plagiarism) होता है । किसी दूसरे की रचना (कविता, कहानी, सुभाषित, भाषण, लेख आदि) को अपना बनाकर प्रकाशित करना-करांना वाक्चौर्य है । दूसरे के द्वारा लिखी पुस्तक अपने नाम से छपाना भी इसी श्रेणी में आता है । अतः मूकता तथा स्वरसाद (तांतू लगना) की शान्ति हेतु सरस्वती की प्रतिमा चाँदी से बनवाकर दान करें ॥३६॥

अन्धत्वं कामिला च

अप्रक्षाल्याशना पादौ पात्रे चाक्षालितेऽन्धसः।
हारश्च कामिलाहेतुर्गरुडोऽत्र प्रदीयताम्॥ ३७॥

(१) जो हाथ-पैरों—तथा भोजनपात्र को बिना धोये भोजन करता है उसे अन्धापन (Blindness) होता है ।

(२) जो भोजन या भोज्यान्न का अपहरण करता हैं उसे कामिला (Joundice) रोग होता है । इसमें नेत्र पीले रंग के हो जाते हैं ।

इनकी शान्ति के लिए गरुड़ की मूर्ति दान करना चाहिए ॥३७॥

आन्त्रवृद्धिः

परैरारभ्यमाणस्य यागस्य विहतिर्भवेत्।
अन्त्रवृद्धिः प्रदेयात्र प्रतिमा मुरवैरिणः॥ ३८॥

जो दूसरों के द्वारा प्रारंभ किये गये यज्ञ को भंग करता है उसे आन्त्रवृद्धि रोग (Hernia) होता है । इसकी शान्ति हेतु भगवान् श्रीविष्णु की प्रतिमा दान करना चाहिए ॥३८॥

पुनश्च रोगाणां शान्त्युपायकथनम्

गुल्मस्यायः प्रदानं रजतवितरणं कुष्ठरोगस्य शान्त्यै
वाते देयं पयः स्यान्नयनरुजि घृते हेम निक्षिप्य देयम्।
शय्याखट्वादिकानां वितरणमुदितं सर्वगात्रोत्थतोदे
भूमेर्दानं विदध्यादुदरभवगदे रोगवान् रोगशान्त्यै॥ ३९॥

(१) गुल्मरोग में लोहे का दान करना, (२) कुष्ठरोग की शान्ति के लिए चाँदी का दान करना, (३) वातरोग की शान्ति के लिए दुग्धदान करना, (४) नेत्ररोग में घी में स्वर्णखंड (सोने का टुकड़ा) डालकर दें । (५) यदि सम्पूर्ण शरीर में तोद (सुई चुभोने जैसी पीड़ा) हो तो पलंग या खाट का दान करें । (६) उदररोग की शान्ति हेतु भूमि का दान करना चाहिए ॥३९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

**अर्शोरोगभगन्दरादिषु मणिर्देयोऽथ हेमार्पणं
जापो नामसहस्रकस्य शतरुद्रीयस्य रौद्रस्य वा।
सूक्तस्याखिलरोगशान्तिकृदतः कार्योऽधिकं तज्जपः
प्रत्येकं विहितिश्च रुक्षु कुरुतामारोग्यसम्पत्तये।। ४०।।**

(१) अर्शरोग तथा भगन्दर की शान्ति के लिए रत्न एवं मणियों का दान करना चाहिए अथवा स्वर्णदान करना चाहिए ।

(२) सभी रोगों की शान्ति के लिए विष्णुसहस्रनाम अथवा शिवसहस्रनाम अथवा शतरुद्रीय सूक्त का जाप करें अथवा रौद्रसूक्त का जाप करें । इन सभी सूक्तों का जप करने से प्रत्येक प्रकार का रोग शान्त होता है तथा आरोग्य की प्राप्ति होती है ।।४०।।

आरोग्यशालानिर्माणफलम्

**आरोग्यशालां धनिनो नृपादयः सम्पाद्य कुर्युः सगदान्निरामयान्।
अन्नौषधाद्यैरपि कञ्चनेतरः कृत्वापि यत्नं महदेव तत्फलम्।। ४१।।**

धनी लोगों एवं राजा लोगों (राज्यशासन) को रोगियों को निरोग करने के लिए आरोग्यशाला (अस्पताल) का निर्माण कराना चाहिए । इतर लोगों (समाज के प्रबुद्ध जनों) को भी इन संस्थाओं के लिए अन्न (रोगियों के लिए भोजन, पथ्य, दूध, फल), औषाधादि (औषधियाँ, उपकरण, पलंग, गद्दे, कम्बल, चादर, तकिये आदि) का सहयोग करना चाहिए । इन कार्यों का महत्फल (बहुत पुण्य) होता है ।।४१।।

आरोग्यदानस्य महत्त्वम्

**आरोग्यदानं सर्वेषां दानानामुत्तमं स्मृतम् ।
प्रयत्नतोऽपि तत्कार्यमात्मनस्सुखमिच्छता।। ४२।।**

।। इति प्रश्नमार्गे त्रयोविंशोऽध्यायः ।।

जितने प्रकार के दान हैं उनमें आरोग्यदान (gift of health) सबसे उत्तम कहा गया है, अतः व्यक्ति को अपने सुख एवं कल्याण के लिए विशेष प्रयत्न से आरोग्य दान का कार्य करना चाहिए ।।४२।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का तेईसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ चतुर्विंशोऽध्यायः

विषयप्रवेशः

देवप्रश्नश्च भूपालयुद्धप्रश्नावतः परम्।
कथ्यन्ते मृगयाप्रश्नश्चत्वारश्च क्रमादिह ॥ १॥

(१) देवप्रश्न, (२) राजप्रश्न, (३) युद्धप्रश्न तथा (४) मृगयाप्रश्न इन चारों प्रश्नों को इस अध्याय में क्रम से लिखा जा रहा है ॥१॥

तत्रादौ देवप्रतिष्ठाः तन्त्रसमुच्चये

तत्रोपविश्य सकलीकृतचर्चितात्मा
सम्प्रीणितस्वगुरुवर्यगणाधिनाथः ।
विप्रान् प्रतर्प्य तपनीयगवादि दत्वा
मौहूर्तिकोत्तमसमुक्तविविक्तलग्ने ॥ २॥
देवं प्रतिष्ठापयेदिति शेषः ।

शुद्धासन पर बैठकर अपनी इन्द्रियों सहित अन्तःकरणचतुष्टय को (देवप्रतिष्ठा कार्य हेतु लगाकर) सकलीकृत्य (एक ही ध्यान में एकत्रित कर) ईश्वर की आराधना कर, अपने गुरु (पुरोहित) तथा गणेशादि देवों को प्रसन्न कर, विप्रों को सन्तृप्त कर, उनके तपस्वी जीवने में सहयोग करने वाले साधन गो आदि का दानकर उत्तम मुहूर्त एवं विहित लग्न में देवप्रतिष्ठा करें ॥२॥

उत्सवकरणम्

अथ प्रतिष्ठास्नपनाद्यनन्तरं
समाचरेत्पर्वसु पर्वसूत्सवम् ।
ततोऽनुसंवत्सरमुक्तवासर-
व्यवस्थया चाखिलसम्पदाप्तये ॥ ३॥

प्रतिष्ठा तथा स्नपन (महाभिषेक) के पश्चात् प्रत्येक पर्व पर उत्सव करना चाहिए। एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक वर्ष प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ (प्रतिष्ठा दिनपर) भी उत्सव मनाना चाहिए।

वार्षिकोत्सव या प्रतिष्ठा दिवस मनाने से सुख तथा सम्पदा की प्राप्ति होती है। अतः प्रति वर्ष उत्सव की व्यवस्था निरन्तर चलनी चाहिए ॥३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रायश्चित्तस्यावश्यकता

देवे स्वभक्तजनतानुजिघृक्षयार्चा-
वाधौ तथा नियतसन्निधिमादधाने ।
श्रेयोदुरासदतया तदुपासनार्थं
स्याच्चेन्निमित्तमथ निष्कृतिमादधीत ।। ४।।

यदि प्रतिष्ठा के उपरान्त भक्तजनों द्वारा पूजा-अर्चना में कोई कसर रह जाये या देवमूर्ति किसी प्रकार से दूषित हो जाये तो उनकी उपासना में सिद्धि के लिए उस दोष का निष्कासन करने के लिए प्रायश्चित्त कर पूर्व की भाँति पवित्रता की स्थापना करें ।।४।।

अपवित्रताकराः दोषाः

क्षेत्रे मृतिर्जननमङ्गणमण्डपादौ
मूत्रासृगादिपतनं पतितादिवेशः ।
सोलूकगृध्रकरटश्च खरोष्ठकोल-
क्रोष्टूश्च डुण्डुभपुरस्सरमृगप्रवेशः ।। ५।।
छत्राकनाकमधुकादिसमुद्भवोच-
स्वेदप्ररोदहसितानि तथा प्रदाहः ।
बिम्बस्य पातचलनादिरथादिभङ्गः
पूजाविलुप्तिरपि चासति दिष्टदोषे।। ६।।
क्षुद्रान्त्रमन्त्रयजनं प्रतिषिद्धदुष्ट-
पुष्याादिपूजनमथो मरिचादिलेपः ।
एतानि तत्र कथितानि निमित्तकाल-
ज्ञेयानि तत्र गुरुलाघवभेदवन्ति ।। ७।।

(१) देवालय क्षेत्र में किसी की मृत्यु हो जाना; (२) मंदिर के आँगन या मण्डप में मल-मूत्र-रक्त गिरना; (३) पतित या पापी का मन्दिर में प्रवेश करना; (४) उल्लू (Owls), गीध (Eagles), करट (कौवा=Crow), श्व (कुत्ता), खर (गधा), उष्ट्र (उँट), कोल (सूअर=Pigs), क्रोष्टु (सियार या गीदड़), डुण्डुभ नामक सर्प, पुरस्सर (राजा की सवारी के आगे चलने वाला कर्मचारी) तथा मृग आदि पशु का प्रवेश होना; (५) मन्दिर में छत्राक (कुकुरमुत्ता), नाकु (बाँबी या वल्मीक) तथा मधुक (मधुमक्खी आदि का छत्ता) प्रकट हो जाना; (६) मूर्ति में पसीना निकलना, मूर्ति का हँसना, मूर्ति का रोना, मूर्ति मे आग लगने से क्षति हो जाना; (७) मूर्ति का गिर जाना, अपने स्थान से हट जाना, रथ का अंग-भंग होना; (८) पूजा का विलोप हो जाना; (९) क्षुद्रमन्त्रों (अशुद्ध मंत्रों) का उच्चारण होना; (१०) क्षुद्रान्न तथा निषिद्ध भोगप्रसाद, नैवेद्य, पुष्प-फलादि के द्वारा पूजन होना तथा (११) मिर्च जैसे तीक्ष्ण पदार्थों का लेप मूर्ति में लग जाना—यह सब तंत्रग्रन्थों में गुरु-लघु भेद से देवालय में होने वाले अपवित्रताकारक दोष गिनाये गये हैं ।।५-६-७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आधारे आधेये वा दोषकल्पनामाह

प्रासादोऽर्चापि विश्वेशतुरिह वपुषि स्थूलसूक्ष्मे यतोयतो-
त्राधाराधेयभावादितरतरभवोऽन्यत्र चाभ्येति दोषः।
दोषेऽत्रैकस्थितेऽप्यवरतु तदुभयोः शोधनं स्थानसंस्थे
तद्वत् तच्छोधनाद्यं यदि न परकृता वस्तुतः क्षालनेयम्।। ८।।

प्रासाद (मन्दिर) देव का स्थल, वपु (स्थूल शरीर) तथा देवमूर्ति उनका सूक्ष्म शरीर है, अतः प्रासाद (मन्दिर) देव का आधार है तथा बिम्ब (मूर्ति) आधेय है। यदि आधार में विकार या अपवित्रता हो तो आधेय पर भी उसका प्रभाव होता है। इसी प्रकार आधेय में दोष उत्पन्न होने पर आधार में भी दोष माना जाता है। इसलिए इनमें से किसी में भी दोष हो तो दोनों की शुद्धि करनी चाहिए।

यदि देवालय में उत्पन्न दोष बाहरी व्यक्ति द्वारा न हो तो उसे केवल प्रक्षालनादि से शुद्ध कर लेना चाहिए (जिसमें शुद्ध जल या गंगाजल का प्रयोग होना चाहिए) ।।८।।

जीर्णोद्धारमहत्त्वम्

जीर्णोद्धृतिं स्थापितमत्र बिम्बग्रहादिजीर्णौ सपदीति कुर्यात्।
दुःस्थोऽन्यथावद्द्विपदे तथा चेत् सुस्थोऽत्र देवो यदि सम्पदे स्याद्।। ९।।
निर्दोषे सगुणे मुहूर्तसमये पूर्वं प्रतिष्ठा ततः
पूजा चानुदिनं यथाविधि तथा प्रत्यब्दमप्युत्सवः।
दोषे सन्त्युदिता च निष्कृतिरथो जीर्णो पुनर्बिम्बयो-
र्जीर्णोद्धारविधिश्च सत्वरममी सान्निध्यसम्पत्प्रदा।। १०।।

जब कोई देवालय जीर्ण-शीर्ण हो जाय तो तुरन्त उसका जीर्णोद्धार करना चाहिए। क्योंकि यदि मूर्ति दुःस्थान में स्थित रहे तो विपत्तिदायक होती है, अतः मूर्ति को सुस्थान (अच्छे पवित्र देवालय) में ही रखना चाहिए। ऐसा करने से वह देवमूर्ति सम्पत्तिदायक होती है ।।९।।

जब देवालय या प्रतिमा में यदि कोई दोष उत्पन्न हो जाय अथवा जीर्णत्व आ जाय तो उनका शीघ्र ही जीर्णोद्धार करायें। निर्दोष रहने की स्थिति में उनका प्रतिदिन पूजन तथा प्रतिवर्ष उत्सव होते रहना चाहिए। जीर्णोद्धार करने से देवता का सान्निध्य प्राप्त होता है ।।१०।।

प्रश्नकुण्डलीतो देवसान्निध्यकथनम्

मार्तण्डोदयदृष्टिकेन्द्रगतता सिंहस्य लग्नस्थितिः,
शम्भोस्सन्निधिसूचकाः शिशिरगोश्चैते कुलीरोदयः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुर्गायास्तु कुजालयोदयदृशः स्कन्दस्य काल्यास्तथा,
शास्ताश्चार्कभुवो हरेः शशिभवः सर्वेश्वराणां गुरोः ॥ ११॥

(१) यदि देवप्रश्न में लग्न में सूर्य स्थित हो अथवा प्रश्नलग्न पर सूर्य की दृष्टि हो अथवा सूर्य केन्द्रगत हो अथवा सिंह लग्न हो तो यह योग भगवान् शिवजी के सान्निध्य का सूचक होता है ।

(२) यदि चन्द्रमा लग्न में हो, वृष अथवा कर्क लग्न हो अथवा चन्द्र की केन्द्र में स्थिति या लग्न पर उसकी दृष्टि हो तो दुर्गा के सान्निध्य को सूचित करता है ।

(३) यदि मंगल का लग्न या मंगल की लग्न पर दृष्टि-स्थिति हो, मंगल केन्द्र में हो तो स्वामी कार्तिकेय का सान्निध्य होता है ।

(४) शनि की उक्त प्रकार की स्थिति से काली का सान्निध्य मिलता है ।

(५) बुध की उक्त स्थिति से भगवान् विष्णु का सान्निध्य प्राप्त होता है ।

(६) यदि लग्न में गुरु की राशि (धन या मीन हो) तथा गुरु केन्द्र में स्थित हो अथवा किसी भी लग्न में गुरु की स्थिति अथवा दृष्टि योग हो तो सभी देवताओं का सान्निध्य प्राप्त होता है ।

जब इस बात का सन्देह उत्पन्न हो कि मंदिर किसी कारण से अपवित्र हो गया है और उसमें मूर्तिस्थ देवता का सान्निध्य नहीं रहा है तब देवप्रश्न उपस्थित होता है और उसमें इस प्रकार का उत्तर दैवज्ञ को प्रश्नकुण्डली से देना चाहिए ॥११॥

देवप्रश्नविचारः

क्षेत्रादीरितपञ्चताऽधिकमपि ज्ञातं किमप्यस्ति चेत्
वैकल्यं पूजनोत्सवविधौ चूर्णादिवार्याहितम् ।
सान्निध्यावभृदर्थलाभविगमौ वाज्ञातुमित्यादिकं
देवप्रश्न उदीरितोऽन्यदपि तत्तद्भावजातं फलम्॥ १२॥

जब दोष का कारण जानने के लिए देवप्रश्न की पृच्छा देवक्षेत्र में मृत्यु, निषिद्ध जीव का प्रवेश, पूजा एवं उत्सव में वैकल्य, अपवित्र चूर्णादि का लेप आदि से सम्बन्धित हो या देवसान्निध्य, आर्थिक लाभ-हानि आदि की पृच्छा हो तब प्रश्नकुण्डली के द्वादश भावों से क्या-क्या विचार करना है यह आगे वर्णित है ॥१२॥

देवभावा लिख्यन्ते

सान्निध्यवित्तपरिचारकवाहबिम्ब-
विद्वेषिभूषणनिवेद्यपदार्थभेदाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थानाधिपः प्रथितकर्मधनागमार्थं
नाशादयः खलु विलग्नमुखानि भावाः ।। १३।।

देवप्रश्न में प्रश्नकुण्डली के लग्नादि बारह भावों से क्रमश: (१) देवसान्निध्य, (२) देवधन, (३) देवसेवक, (४) देववाहन, (५) देवमूर्ति, (६) देवताओं के शत्रु, (७) देवाभूषण, (८) नैवेद्य, (९) क्षेत्राधिपति (महन्त, न्यास, प्रबन्धसमिति=Temple authorities), (१०) विहित कर्म, (११) धनागम तथा (१२) धनव्यय का विचार करना चाहिए ।।१३।।

अत्र ग्रन्थान्तरम्

लग्नात् बिम्बमथाष्टमात्परिजनान् धर्माज्जनान् पञ्चमात्
सान्निध्यं सहजान्निवेद्यमरितो शुद्धिं धनादिक्षयम् ।
मानाद्देवलकं भवात् सुचरितं क्षेत्रं सुखादन्त्यत-
स्त्वाचार्यम्मदनात्सुखं जनपदं प्रश्ने वदेद्दैविके ।। १४।।

अन्य मत से लग्न से मूर्ति (बिम्ब) का विचार, अष्टम भाव से देवपरिजन का, नवम व पंचम भाव से धर्म तथा अनुयायी जनों का, तृतीय भाव से सान्निध्य का, षष्ठ भाव से नैवेद्य का तथा द्वितीय भाव से शुद्धि का विचार करना चाहिए। दशम भाव से देवलक का, ग्यारहवें भाव से देवता की महिमा एवं चमत्कार का, चतुर्थ से क्षेत्र (देवालयपरिसर) का, व्यय भाव से आचार्य (महन्त) का तथा सप्तम से जनपद का विचार देवप्रश्न में होता है ।।१४।।

देवप्रश्न में द्वादश भाव-विचार का चक्र

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	
प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एकादश	द्वादश	भाव
सान्निध्य	देवस्व	परिचारक	वाहन	मूर्ति	देवशत्रु	आभूषण	नैवेद्य	क्षेत्राधिपति	विहित कर्म	धनागम	धनव्यय	ग्रन्थकार के मत से विचारणीय विषय
मूर्ति	शुद्धि	सान्निध्य	क्षेत्र (परिसर)	अनुयायी	नैवेद्य	जनपद	परिजन	धर्म	देवलक	माहात्म्य	आचार्य	मन्तान्तर से विचारणीय विषय

श्लोक १३-१४ के भावसंकेतों में थोड़ा-सा परिवर्तन है। देवमूर्ति में चैतन्य की विद्यमानता को सान्निध्य कहते हैं। देवलक वे होते हैं जो मन्दिर में सेवा सम्बन्धी सभी प्रकार के कार्य करते हैं। वे शंख, झालर, ढोल, मंजीरे आदि बजाते हैं। क्षेत्र का अर्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मन्दिर का परिसर तथा जपनद का अर्थ मन्दिर के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के रहने का भूभाग होता है । परिजन का अर्थ देवता के परिवार से सम्बन्धितों की मूर्तियाँ; जैसे शिवजी के गणेश, गौरी, कार्तिकेय, नन्दी, श्रृंगी, भृंगी तथा चण्ड ।

पुनश्च मतान्तरम्

लग्नाद् बिम्बमथाष्टमात् परिजनं सान्निध्यपूजादि च
प्रासादोपगृहादिवेश्मभवनाद् धर्मात्तु पुण्यानि च ।
वित्तादर्थधनागमाद् रिपुगृहाच्चोरांश्च दुष्टादिकान्
सौम्याऽसौ दृगन्वयात्सदसदाप्यालोच्य वाच्यं फलम् ।। १५।।

तीसरे प्रकार के मत से लग्न से मूर्ति का, अष्टम भाव से परिजनों, सान्निध्य एवं पूजा का; चतुर्थ भाव से प्रासाद, मण्डप आदि का; नवम भाव से पुण्यों का, द्वितीय तथा एकादश से धन का आगमन, छठे भाव से चौरों तथा दुष्टों का विचार करना चाहिए । इन पर शुभ-पाप ग्रहों की दृष्टि एवं युति का फल कहना चाहिए ।।१५।।

पुनरपि मतान्तरम्

देवस्थानं विलग्नेन प्रतिमामष्टमेन च ।
तथा तन्नाथतश्चिन्त्याद्यवस्थाभिश्च चिन्तयेत्।। १६।।

चौथे मत के अनुसार लग्न से देवस्थान का, अष्टम भाव से प्रतिमा का विचार करें । इसी प्रकार इन भावों के स्वामी, उनकी अवस्था एवं बलाबल के अनुसार फल कहें ।।१६।।

समन्वयकथनम्

इति पक्षान्तराणि स्युर्देवभावनिरूपणे ।
सर्वपक्षानुसारेण निरूपणमिहोच्यते ।। १७।।

प्रश्नकुण्डली में देवभावों के निरूपण में इन प्रकार अनेक मतान्तर हैं, अतः अब सभी का समन्वय करके भावविचार की पद्धति बतायी जा रही है ।।१७।।

सर्वपक्षानुसारेण द्वादशभावनिरूपणम्

सान्निध्यक्षेत्रबिम्बादि त्रीणि लग्नेन चिन्तयेत्।
निधिकोशधनं यानरक्षकान् अर्थराशिना।। १८।।
चिन्तनीयास्तृतीयेन निवेद्य परिचारकाः ।
प्रसादमण्डपादीन्यप्युपवेश्मानि वाहनम् ।। १९।।
क्षेत्रप्रदेशमखिलं चतुर्थेन विचिन्तयेत् ।
सान्निध्यमपि बिम्बञ्च पञ्चमेनाथ चिन्त्यताम् ।। २०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अशुद्धिश्शत्रवश्चोराश्चिन्तनीया हि शत्रुणा ।
चिन्त्यं जनपदं द्यूनराशिना भूषणानि च ।। २१।।
सान्निध्यस्य निवेद्यस्य तथा परिजनस्य च।
कार्यमष्टमभावेन गुणदोषनिरूपणम् ।। २२।।
धर्मेण पुण्यक्षेत्रेशश्चाथ कर्माणि कर्मणा ।
नित्यान्यप्युत्सवादीनि चिन्त्या देवलगा अपि ।। २३।।
सुकृतञ्च धनायानमप्यायेन विचिन्तयेत् ।
धननाशव्ययाचार्याश्चिन्त्याः स्युर्व्ययराशिना ।। २४।।

(१) लग्न से—सान्निध्य, क्षेत्र तथा बिम्ब इन तीनों बातों का विचार करना चाहिए ।

(२) द्वितीय भाव से—कोषागार, धन, जमाराशि, वाहन तथा रक्षकों का विचार करें ।

(३) तृतीय भाव से—नैवेद्य तथा परिचारकों का विचार करें ।

(४) चतुर्थ भाव से—प्रासाद (देवालय का भवन), मण्डप, कोठरी इत्यादि सभी का विचार करना चाहिए । क्षेत्र, प्रदेश आदि का विचार भी चतुर्थ से ही करें ।

(५) पञ्चम भाव से—देवसान्निध्य (Divine Presence) तथा बिम्ब का विचार करें।

(६) छठे भाव से—मन्दिर एवं मूर्ति की अपवित्रता, शत्रु एवं चोर-डाकुओं का विचार करना चाहिए ।

(७) सप्तम भाव से—जनपद (भक्त जनता) तथा आभूषणों का विचार करना चाहिए ।

(८) अष्टम भाव से—सान्निध्य, नैवेद्य (समर्पण) तथा परिजनों का विचार तथा इनके गुण-दोष का चिन्तन करें ।

(९) नवम भाव से—पुण्यक्षेत्र तथा क्षेत्र के स्वामी का विचार करें ।

(१०) दशम भाव से—नित्य पूजा, उत्सव तथा देवलकों का विचार करना चाहिए ।

(११) एकादश भाव से—पुण्य कर्मों, धन-आगमन के स्रोतों का विचार करें ।

(१२) द्वादश भाव से—धन की हानि, धन का व्यय तथा आचार्य (मठाधीश) का विचार करें ।

विचारपद्धतिः

भावेषु लग्नादिषु यत्र सौम्यास्तदुक्तसान्निध्यमुखाभिवृद्धिम्।
पापस्थितिर्यत्र तदीरितानां वाच्यैव हानिर्बहुदूषणञ्च ।। २५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नादि जिन-जिन भावों में शुभ ग्रह बैठे हों उनमें उनके सान्निध्य आदि की पुष्टि एवं वृद्धि होती है । परन्तु जिन-जिन भावों में पापग्रह या पापप्रभाव हो उन-उन भावों के विषयों में दोष तथा हानि कहना चाहिए ॥२५॥

लग्ने ग्रहस्थितिफलम्

बिम्बस्य छेदभेदादिकमवनिभुवा संयुते बिम्बभावे
जीर्णत्वं मन्दयुक्ते फणिगुलिकयुते डुण्डुभस्पर्शनाद्यम्।
केतोश्चूर्णप्रयोगन्निगदतु मरिचालेपनाद्यं खरांशो-
र्योगे वैकल्यमङ्गे व्ययभवनगतः कोऽपि पापग्रहश्चेत् ॥ २६॥

यदि मंगल लग्न या पंचम भाव में बैठा हो तो मूर्ति छिन्न-भिन्न होती है । यदि इन भावों में शनि हो तो बिम्ब जीर्ण-शीर्ण होता है । यदि बिम्बभाव (लग्न या पंचम) में राहु या गुलिक हो तो डुंडुभ (कुचलैंड़) सर्प के स्पर्श का दोष होता है । यदि वहाँ केतु हो तो मरिचादि के चूर्ण का प्रयोग हुआ है । यदि वहाँ खरांशु (सूर्य) बैठा हो तो मरिचादि का लेप मूर्ति में लगाया गया है । यदि कोई भी पाप ग्रह देवप्रश्न में प्रश्नलग्न से द्वादश भाव में बैठा हो तो अंग में विकलता होती है जिसके कारण मूर्ति का सौन्दर्य (फीका हो जाता है ॥२६॥

चतुर्थे ग्रहस्थितिफलम्

प्रासादमण्डमुखोपरिकेतनानां
जीर्णं वदेत् तपनजे तु चतुर्थसंस्थे
दाहं विवस्वदसृजो गुलिकेऽघभाजां
पापद्वयेऽप्युपगमं पतितान्त्यजानाम् ॥ २७॥

यदि प्रश्नलग्न से चतुर्थ भाव में शनि हो तो प्रासाद के मण्डप के ऊपरी शिखर में जीर्णता होती है । यदि चतुर्थ स्थान में सूर्य या मंगल हों तो अग्निकाण्ड होता है । यदि वहाँ गुलिक हो तो पापी मनुष्य का स्पर्शादि होता है । यदि चतुर्थ भाव में दो पाप ग्रह एक साथ बैठे हों तो पतित एवं अन्त्यज जनों का सम्पर्क होता है, ऐसा बतलाना चाहिए ॥२७॥

तृतीयेऽष्टमे वा ग्रहफलम्

तृतीयभे पापयुतेऽष्टमे वा ब्रूयान्निवेद्यं खलु दोषयुक्तम्।
मन्देन हीनं विहतं कुजेन शवादिदुष्यं शिखिमान्दिसर्पे ॥ २८॥

यदि प्रश्नकुण्डली में तीसरा या आठवाँ भाव पापयुक्त हो तो नैवेद्य को दोषपूर्ण कहना चाहिए । यदि वहाँ शनि बैठा हो तो नैवेद्य की मात्रा हीन (अल्प) होती है । मंगल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तृतीय या पञ्चम भाव में हो तो नैवेद्य बासी या रखा हुआ था ऐसा कहना चाहिए। यदि उक्त स्थानों में राहु, केतु या गुलिक हों तो बिम्ब शवादि के स्पर्श से या मरे प्राणी के स्पर्श से दूषित होता है ॥२८॥

नवमभावे ग्रहस्थितिफलम्

पापान्विते नवमभे बहवो यदि स्युः
क्षेत्राधिपास्तदुडुजन्मनि एष दोषः।
आचार्यदेवलकतत्परिचारकादि-
दोषानुभूतिकथनञ्च खलूक्तनित्या ॥ २९॥

यदि नवम भाव में बहुत-से पाप ग्रह स्थित हों तो मन्दिर के क्षेत्राधिपतियों (प्रबन्धकों-न्यासियों) के दोष से देवालय में दोष हुआ है, ऐसा कहना चाहिए। उन क्षेत्राधिपतियों में व्यक्तिगत किस का दोष है यह बात पापग्रहों द्वारा अधिष्ठित नक्षत्र या उसके त्रिकोण नक्षत्र से जान लें। अर्थात् पापग्रहों के नक्षत्र या उनके त्रिकोण नक्षत्र में जिन का नाम नक्षत्र या जन्मनक्षत्र पड़ें उनकी असावधानी से दोष जानना चाहिए। इसी भाँति देवलक, आचार्य, परिचारकादि का दोष ग्रहस्थिति के अनुसार जानना चाहिए ॥२९॥

आचार्यादि के भावों में पापग्रहों की स्थिति से दोष जानना चाहिए। आचार्य का बारहवें भाव से, देवलक का दशम भाव से तथा तीसरे भाव से मन्दिर के सेवकों को जानें।

लग्नात्पञ्चमलग्नरन्ध्रपतयस्त्वन्योऽन्यसम्बन्धिनः।
बिम्बस्यामिततेजसः प्रतिदिनं सान्निध्यपूर्णम्भवेत्
सौम्याश्चेत्प्रभवन्ति शोभनकरा नीचारिगे वा यदि॥ ३०॥

यदि लग्न से पञ्चम, लग्न तथा अष्टम भाव के स्वामी आपस में दृष्टि-युति, केन्द्र-त्रिकोण स्थिति आदि से सम्बन्धित हों अथवा वे तीनों शुभग्रह हों तो देवमूर्ति के अमित तेज का प्रतिदिन सान्निध्य होता है ॥३०॥

पापग्रहे सप्तमराशिसंस्थे हानिं वदेद्देवविभूषणानाम्।
पूजा च तत्साधनमुत्सवो वा वैकल्यमेषां खगते तु कल्प्या॥ ३१॥

यदि सप्तम भाव में पापग्रह बैठे हों या वे नीचराशिगत हों तो देवता के आभूषणों की हानि कहना चाहिए। यदि पापग्रह दशम भाव में हों तो पूजा, साधन एवं उत्सवों की हानि जानना चाहिए ॥३१॥

अष्टबन्धविचारकथनम्

विचिन्त्यो बिम्बभावेनैवाष्टबन्धोऽपि तद्गुणैः।
चरस्थिरत्वपूर्वा ये चतुर्थेनेति केचन॥ ३२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्न तथा उसके गुणों से अष्टबन्ध का भी विचार करना चाहिए। चर-स्थिर-द्विस्वभाव के अनुसार अष्टबन्ध की स्थिति दृढ या शिथिल होती है। कुछ विद्वान् चतुर्थ भाव से अष्टबन्ध का विचार करते हैं ॥३२॥

बिम्बं विचिन्त्यते येन चरराशिगतस्स चेत्।
भावश्च लग्नमादेश्यं पातोऽधोमुखगो यदि॥ ३३॥
सौम्यानामुदयश्च दृष्टिरमराचार्यस्थितश्चेप्सिते
भावे चाभिमते तथेतरखगा देवस्य तेऽनुग्रहम्॥ ३४॥

जिस भाव से बिम्ब का विचार करें वह भाव यदि चर राशि में है तो बिम्ब भी चल होता है। अधोमुख राशि में यदि वह भाव हो तो बिम्ब का पतन होता है ॥३३॥

'यदि उस भाव में शुभ ग्रह बैठे हों तथा वे गुरु से दृष्ट हों या गुरु शुभ-भाव में हों तो देवता का अनुग्रह (भक्तों के ऊपर) होता है ॥३४॥

बिम्बे पापदृष्टिफलम्

ब्रूयुः पापदृगन्वयाऽनभिमतस्थानस्थसर्वग्रहाः।
कोपं साशुभभावहेतुकमिमं तं वाऽथ भावं प्रति॥ ३५॥

अनिष्ट स्थानों में बैठे सभी पापयुत-दृष्ट ग्रह देवकोप के सूचक होते हैं। वह कोप उन ग्रहों के अशुभ स्वभाव के अनुसार कहना चाहिए ॥३५॥

पृच्छायां हि नृणाम्फलं यदुदितं द्युम्नागमार्थक्षयः
क्षुद्राद्यं खलु योज्यमेतदखिलं प्रश्नेऽत्र चायोजयेत्।
सूत्रोदीरितपञ्चताप्रभृतिकं सक्रूरभावोदित-
क्षेत्रेशादि तु चात्र वाङ्कणतटाकादौ गवादेर्मृतिः॥ ३६॥

प्रश्नकाल में "द्युम्नागमर्थक्षयः क्षुद्र" इत्यादि सूत्र से जो फल कहा गया है वह भी प्रश्न में बताना चाहिए। इसी प्रकार सूत्रों में वर्णित मृत्यु आदि का निमित्त, क्षेत्राधिपति आदि की अशुभता होने पर मंदिर के आँगन या सरोवर आदि में गवादि पशु की मृत्यु होती है ॥३६॥

दैवानुकूल्यम्

दैवानुकूल्यादिनिरूपणे प्राक्
प्रोक्तं हि युक्त्याऽत्र च योजनीयम्।
सम्पत्करी दृष्ट इहार्थनाशे
क्रियाशुचौ शुद्धिकरी विहाय॥ ३७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पिछले अध्याय में दैव की अनुकूलता के लिए जो उपाय बताये गये हैं उनको युक्तिपूर्वक यहाँ भी प्रयोग में लेना चाहिए। अतः धनहानि होने पर सम्पत्तिकारक तथा अशुद्धि होने पर शुद्धिकारक क्रिया करें, तभी देव की अनुकूलता प्राप्त होती है ॥३७॥

देवो निषेव्या गणनाथहोम-
भाग्यैकमत्यप्रदसूक्तजापाः ।
आपन्निवृत्त्यै धनधान्यवृद्ध्यै
गव्याभिषेकादिकमत्र शुद्ध्यै ॥ ३८॥

सभी दुष्प्रभावों के शमन हेतु भगवान् की सेवा करना चाहिए। भाग्यवृद्धि, आपत्तियों की निवृत्ति, धन-धान्य की वृद्धि आदि के लिए मतिसूक्त "गणपतिसूक्त" का जप तथा गणनाथ होम करें। देवशुद्धि के लिए पंचगव्य से अभिषेक करें ॥३८॥

अथ राजप्रश्नो माधवीये

लग्नाद्याः स्युर्भावा मूर्तिः कोशो योधो वाहो मन्त्रः।
शत्रुर्मार्गोऽथायुः स्वान्ता व्यापारश्च प्राप्त्यप्राप्तिः॥ ३९॥

राजप्रश्न के विचार में लग्नादि द्वादश भाव क्रमशः आकृति, कोष, सेना, वाहन, परामर्श, शत्रु, मार्ग, आयु, अन्तरंग व्यापार (कूटनीति), प्रशासन, लाभ तथा हानि के विचार हेतु ग्रहण किये जाते हैं ॥३९॥

राजतंत्र से सम्बन्धित प्रश्न में लग्न राजा, उसका स्वास्थ्य तथा व्यक्तित्व का प्रतिनिधिभाव होता है। भारत की वर्तमान जनतांत्रिक व्यवस्था में इससे राष्ट्रपति का विचार होगा। प्रादेशिक सरकार के प्रश्न में लग्न राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री का प्रतिनिधित्व करता है। द्वितीय भाव से राष्ट्र या राज्य की अर्थव्यवस्था का विचार किया जाता है। शासकीय कोष, रिजर्व बैंक, मुद्रासंचालन आदि द्वितीय भाव के ही विषय होते हैं। राष्ट्रीय ज्योतिष में तृतीय भाव रक्षाव्यवस्था तथा पड़ोसी देशों का सूचक होता है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों (International relations) का विचार भी तीसरे भाव से ही होता है। चतुर्थ भाव से शासनसंचालन हेतु वाहनों की व्यवस्था तथा घरेलू मुद्दों का विचार करते हैं। शासन के परामर्शदाताओं का विचार पाँचवें भाव से होता है। छठे भाव से देश के शत्रुओं का विचार किया जाता है। सातवाँ भाव युद्धों एवं विवादों का होता है। अष्टम भाव से राष्ट्रीय संकट कितने समय तक रहेगा इसका ज्ञान किया जाता है। प्रशासन तथा अनुशासन की समस्याओं का विचार भी अष्टम भाव से ही किया जाता है। राष्ट्रीय संकट का समय निर्धारण भी अष्टम भाव से किया जाता है। नवम भाव राज्यशासन की नीतियों को प्रकट करता है। जब नवम भाव से राहु तथा शनि का सम्बन्ध होता है तो भ्रष्टाचार बढ़ता है तथा घोटालों पर घोटाले होते रहते हैं। प्रशासनिक तंत्र का सूचक दशम भाव होता है। ग्यारहवाँ भाव राष्ट्रीय आय का तथा बारहवाँ भाव राष्ट्रीय व्यय का सूचक होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहाणां प्रभावकथनम्

यौधाप्तिवर्जमितरान् क्षपयन्ति भावान्
पापाः कुजोष्णकिरणौ दशमञ्च हित्वा।
मूर्त्यायुषि हिमकरो भृगुजस्तु मार्गं
त्यक्त्वा सपत्नमितरान् प्रथयन्ति सौम्याः ।। ४०।।

तृतीय भाव से योधाओं का विचार तथा एकादश से राष्ट्रीय आय का विचार होता है। इन भावों को पापग्रह नष्ट नहीं करते हैं परन्तु अन्य भावों में यदि पापग्रह बैठे हों तो वे भाव नष्ट हो जाते हैं। मंगल तथा सूर्य दशम भाव को छोड़कर अन्य भावों की वृद्धि नहीं करते। शुभग्रह सामान्यतः जिस भाव में बैठते हैं उस भाव की वृद्धि करते हैं। षष्ठ भाव में बैठा शुभग्रह शत्रु को दुर्बल करता है। चन्द्रमा मूर्ति तथा अष्टम भाव की वृद्धि नहीं करते हैं। यदि शुक्र सप्तम भाव में बैठा हो तो शुभ फल नहीं होता है। शुभग्रह सपत्न (षष्ठ) भाव को छोड़ कर शेष सब भावों की वृद्धि करते हैं ।।४०।।

प्रजोपरि प्रभावः

अवश्यमवनीभर्तुः शुभाशुभनिरूपणम्।
प्रजास्वपि भवेदेतदिदं ग्रन्थान्तरोदितम्।। ४१।।
आत्मसुतकोशवाहनपुरदारपुरोहितेषु लोके च।
पाकमुपैति दैवतं परिकल्पितमष्टधा नृपतेः ।। ४२।।

ग्रन्थान्तरों में कहा है कि ज्योतिषशास्त्र में राजा के ऊपर जो ग्रहों का फल घटित होता है वह सब जनता एवं राष्ट्र के ऊपर भी घटित होता है ।।४१।।

राजा के भाग्य का प्रभाव आठ प्रकार से जनता पर पड़ता है—

(१) राजा (राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री) पर स्वयं पर प्रभाव पड़ता है।
(२) सुत अर्थात् राजा के उत्तराधिकारियों पर भी प्रभाव होता है।
(३) कोश—राष्ट्रीय खजाने एवं अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होता है।
(४) वाहन—राष्ट्र की यातायात व्यवस्था पर शुभाशुभ प्रभाव होता है।
(५) पुर—राजधानी एवं महानगर प्रभावित होते हैं।
(६) दार—राजा की पत्नी पर प्रभाव होता है।
(७) पुरोहित—राजा (शासक) के परामर्शदाता पर भी प्रभाव प्रकट होता है।
(८) लोक—प्रजा पर सीधा प्रभाव भी पड़ता है ।।४२।।

शुभाशुभयोगः

भान्विन्दू बलिनौ चतुष्टयगतौ क्षेत्रान्तयोर्वा भवे-
दारूढं यदिवोद्यदस्ति नृपते राज्यानुभूतिः परा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एतौ चेद् विपरीततामुपगतौ राज्ञानुभूये तनौ
राज्यं सम्यगितीरयेदवनिदृग्योगाश्च चिन्त्या इह ।। ४३।।

जब बली सूर्य एवं चन्द्रमा केन्द्र में बैठे हों अथवा इनकी राशि (कर्क-सिंह) प्रश्नलग्न में या आरूढ में हो तो राजा को अच्छा राज्यसुख मिलता है। राजा की प्रजा तथा शासन पर अच्छी पकड़ रहती है।

यदि सूर्य-चन्द्र की स्थिति उपर्युक्त योग के विपरीत हो अर्थात् ये दोनों ग्रह केन्द्रातिरिक्त स्थानों में निर्बल होकर बैठें तथा प्रश्नलग्न या आरूढलग्न में कर्क-सिंह राशियाँ भी न हों तो राजा की शासनतन्त्र एवं प्रजा पर पकड़ ढीली रहती है। इस प्रसंग में प्रश्नकुण्डली में राजयोगों का भी विचार करना चाहिए ।।४३।।

गणतन्त्र में शपथ ग्रहण या पदभार ग्रहण—मेरे विचार में इस ग्रहस्थिति को राज्याभिषेक के समय भी देखा जाना उचित है। उसी प्रकार वर्तमान समय में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण काल की कुण्डली में भी इसी प्रकार विचार किया जा सकता है।

इसी भाँति मुख्य सचिव, सचिव, विभिन्न निकायों के अध्यक्ष, जिलाधीश आदि के पदग्रहण तथा नये स्थान के कार्यभार ग्रहण करने के समय की कुण्डली में भी विचार करना समीचीन होगा।

युवराज्ञादीनां विचारः

ज्ञे न स्याद्युवराजचिन्तनमसृक् सेनापतेस्सूचको
देवाचार्यभृगू तु मन्त्रिगुणदोषाणां च तेऽमी पुनः।
स्वोच्चस्थाश्शुभभावकाश्च शुभयुक्तालोकितास्सम्पदं
कुर्युः स्वोक्तजनेऽन्यथा तु विपदं तेभ्योऽथवा भूपतेः।। ४४।।

अब इस श्लोक में राजप्रश्न में राज्य के अंगों का विचार किन ग्रहों से करें यह बताया जा रहा है—

(१) युवराज का विचार बुध से करें। (२) सेनापति का विचार मंगल से करें। (३) मन्त्रिमंडल के गुण-दोषों का विचार गुरु तथा शुक्र से करें। यदि ये सभी ग्रह अपनी उच्च राशि में, शुभ भावों में स्थित हों तथा शुभग्रहों से दृष्ट-युत हों तो ये सहायक राजा के लिए सुख-सम्पत्तिकारक होते हैं। इसके विपरीत योग होने पर राजा के लिए अनिष्टकारक होते हैं ।।४४।।

प्रजातांत्रिक दृष्टिकोण से युवराज का अर्थ उपराष्ट्रपति, उपराज्यपाल, उपप्रधानमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री ग्रहण करना चाहिए। मंत्रिवर्ग से तात्पर्य विभिन्न विभागों के मंत्री तथा सचिवों से हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थानोत्कर्षः

आरूढस्योर्ध्ववक्त्रत्वं तदीशोच्चाभिलाषिता।
स्थानोत्कर्षाय श्रेयश्च बलिनस्स्वोक्तभावगाः।। ४५।।

जब आरूढलग्न ऊर्ध्वमुख राशि हो, आरूढेश उच्चाभिलाषी हो, बली शुभग्रह अनुकूल स्थानों में बैठे हों तो राजा तथा शासकों का उत्कर्ष होता है ।।४५।।

स्थानोत्कर्ष—स्थानोत्कर्ष शब्द का अर्थ है कोई व्यक्ति जिस पद, अधिकार आदि पर प्रतिष्ठित है उसमें वृद्धि हो जाना । आज के सन्दर्भ में राजनीति में कार्यरत कोई नेता यदि जिलास्तरीय पद से प्रादेशिक स्तर के पद पर पहुँचता है तो यह उसका स्थानोत्कर्ष होता है । प्रादेशिक स्तर से राष्ट्रीय स्तर के पद का मिल जाना भी स्थानोत्कर्ष है । यदि कोई मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन जाय, सांसद से केन्द्रीय मंत्री बन जाय अथवा विधायक से प्रादेशिक मंत्रिपरिषद् में स्थान पा जाय तो यह उस विधायक का स्थानोत्कर्ष कहा जायेगा ।

शासकीय सेवाओं में कार्यरत लोगों के लिए भी उनकी पदोन्नति का होना स्थानोत्कर्ष होता है । किसी प्रशासनिक सेवा के अधिकारी का प्रादेशिक सरकार में किसी विभाग में सचिव हो जाना उसका स्थानोत्कर्ष होता है । आरक्षक का प्रधानारक्षक बन जाता उसका स्थानोत्कर्ष है । इसी प्रकार अन्यों का समझना चाहिए ।

आर्यासप्ततिः

शुभवर्गे लग्नगते लग्ने वा सौम्ययोगतः।
याते ब्रूयादभिमतसिद्धिं प्रष्टुः स्थानान्तरप्राप्तिम् ।। ४६।।

यदि प्रश्न समय लग्न शुभग्रहों के वर्ग (षड्वर्ग) में हो अथवा लग्न में शुभ ग्रह बैठे हों तो प्राश्निक को अभीष्ट सिद्धि प्राप्त होती है । उसे पूर्व की अपेक्षा दूसरा श्रेष्ठ स्थान प्राप्त होता है ।।४६।।

षट्पञ्चाशिका

स्थानप्रदा दशमसप्तमगाश्च सौम्या
मानार्थदास्स्वसुतलग्नगता भवन्ति।
पापव्ययाऽऽयसहिता न शुभप्रदास्स्यु-
र्लग्ने शशी न शुभदो दशमे शुभश्च।। ४७।।

यदि प्रश्नकुण्डली में दशम, सप्तम स्थानों में शुभग्रह स्थित हों तो पृच्छक को पद प्राप्ति होती है । उसे सम्मान, भूमि तथा पुरस्कार आदि की प्राप्ति होती है । इसी प्रकार द्वितीय, पंचम तथा लग्न में स्थित शुभग्रह धन एवं सम्मान दिलानेवाले होते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि उक्त स्थानों तथा ग्यारहवें, बारहवें स्थानों में पापग्रह बैठें अर्थात् १,२, ५, ७, १०, ११, १२ भावों में एकत्र या पृथक्-पृथक् बैठें तो अशुभ फल देते हैं।

पापग्रह या क्षीण चन्द्रमा लग्न में शुभ फल नहीं देता परन्तु दशम भाव में शुभ फल देता है ।।४७।।

विद्वज्जनवल्लभा च

उदयगं शशिनः सुतमीक्षते हिमरुचिर्यदि वा परमश्शुभः।
विजयभूधनलब्धिमिहादिशेदशुभदं पुनरत्र न किञ्चन ।। ४८।।

यदि चन्द्रमा का पुत्र (बुध) लग्न में बैठा हो तथा चन्द्रमा की उस बुध पर दृष्टि हो तो परम शुभ फल देता है । इस योग में पृच्छक या सम्बन्धित व्यक्ति को विजय (सफलता), भूमि तथा धनलाभ होता है । इतना ही नहीं इस योग में किसी प्रकार का अशुभ फल भी नहीं होता है ।।४८।।

सन्दर्भकथनम्

यद्यदत्रोदितम्पूर्वं गजलाभादिलक्षणम् ।
तत्तद्राजोचितं सर्वमस्ति चेदिह कथ्यताम् ।। ४९।।

पूर्व में (अध्याय १६ में) जो गजलाभादि के लक्षण कहे जा चुके हैं वे सब राजोचित लक्षण यहाँ राजप्रश्न में भी बताना चाहिए ।।४९।।

धात्वादिलाभकथनम्

वीर्यान्वितैरीप्सितभावसंस्थै-
र्नभश्चरैरायगतैर्विशेषात् ।
तदुक्तधात्वादिपदार्थरूप-
स्योपायनस्योपदिशे नवाप्तिम् ।। ५०।।

यदि शुभ भावों में बली ग्रह बैठे हों तथा विशेष रूप से एकादश भाव में जो ग्रह हों उन ग्रहों से सम्बन्धित धात्वादि पदार्थों की प्राप्ति राजा या पृच्छक को होती है ।।५०।।

पोतस्यागमनम्

अम्भोराशिनवांशकोपगतता तोयाश्रिता वा यदि
द्युम्नायाधिपयोरभीष्टशतयोर्लग्नस्थिते तोयभे ।
पोतस्यागमनं वदेदथ तयोरेवं विधत्ते शुभा
शिक्षासंयुतिदुःस्थता तदुगमं नाशाय चाङ्गे मृगः।। ५१।।

जब द्वितीय तथा एकादश भाव के स्वामी जलतत्त्व की राशियों में बैठे हों तथा उनके नवांश भी जलचरीय हों, लग्न एवं उसका नवांश भी जलराशिगत हों तो राजा का जलयान आता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब लग्न में मकर राशि हो तथा द्वितीयेश एवं एकादशेश जलीय राशियों में स्थित हों तथा उनके नवांश अशुभ हों, इन ग्रहों पर पापग्रहों की दृष्टि हों या ये पापयुत हों अथवा सूर्य के सान्निध्य से अस्त हों तब राजा या राष्ट्र के अनेक व्यापारिक जलपोत नष्ट हो जाते हैं ॥५१॥

समुद्र मार्ग से व्यापार करने के लिए जलपोत (जहाज) उपयुक्त साधन है। प्राचीन काल में राजा लोग इनके आगमन से सम्बन्धित प्रश्न पूछते थे।

अथ युद्धप्रश्नः

युद्धाय गच्छतामेषां कस्य कस्य मृतिर्जयः।
इति प्रश्ने कृते तत्र वाच्यम्प्रथममुच्यते ॥ ५२॥

युद्ध के लिए समुपस्थित दो पक्षों में किसकी जीत तथा किसकी हार होगी ? ऐसे प्रश्न का उत्तर देने के लिए कुछ योग (सर्वप्रथम) बतलाते हैं ॥५२॥

मन्दाहिकेतुगुलिकाश्रितराशिगानां
भङ्गो ध्रुवम्भवति चास्तगजन्मपानाम्।
शीर्षोदयोर्ध्ववदनोच्छ्रितदेशागानां
दक्षे करे शिरसि च स्पृशताञ्जयः स्यात्॥ ५३॥

जिन सैनिकों एवं सेनाधिकारियों या योद्धाओं या अन्य लड़नवाले व्यक्तियों की जन्मराशि शनि, राहु, केतु एवं गुलिक से युक्त हो तो उनकी युद्ध में पराजय अवश्य होती है। जिनके जन्मराशीश अस्तङ्गत हों उनकी भी पराजय होती है। तात्पर्य यह है कि प्रश्न समय पर योद्धाओं की जन्मराशियाँ शनि, राहु, केतु, गुलिक से युक्त (गोचर में) नहीं होनी चाहिए और न जन्मराशीश अस्तंगत होना चाहिए।

यह प्रश्नकाल में शीर्षोदय या ऊर्ध्वमुख लग्न हो या प्राश्निक ऊँचे स्थान पर स्थित होकर प्रश्न पूछे या वह दाहिने हाथ एवं शिर का स्पर्श करे तो प्रश्नकर्त्ता की विजय होती है ॥५३॥

अनुष्ठानपद्धतिश्च

याम्यवह्निदिशास्थानां तादृशां जानुसंस्पृशाम्।
उद्घूर्णशस्त्रा यावन्तस्तदानीन्तावता मृतिः॥ ५४॥

प्रश्न समय जो पृच्छक जानु-स्पर्श करके प्रश्न पूछता है तथा अग्निकोण या दक्षिण दिशा में स्थित होकर प्रश्न करता है'उसकी शस्त्र चलते ही (युद्धारंभ) होते ही मृत्यु हो जाती है।

अथवा जो योधा युद्ध में दक्षिण दिशा या अग्निकोण में स्थित होकर या इन दिशाओं की ओर मुख करके लड़ते हैं उनकी मृत्यु शस्त्र चलते ही हो जाती है अथवा जो अपने शस्त्रों को बहुत ऊँचा उठा कर युद्ध में लड़ते हैं उनकी मृत्यु आरंभ में ही हो जाती है ॥५४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जयलक्षणमन्यच्च दृश्यते दिक्स्थितस्य चेत्।
शात्रवादायुधादीनां वधश्चास्य विनिर्दिशेत्।। ५५।।

यदि उक्त दिशा स्थित पृच्छक के प्रश्न करते समय अन्य शुभ (विजयसूचक) लक्षण दिखें तो शत्रु का वध होता है तथा उसके शस्त्र छीन लिये जाते हैं ।।५५।।

पराजययोगाः

वामाङ्गस्पृङ्निम्ने देशस्थानाम्प्रायः पराजयः।
लक्षणाधिक्यतो भङ्गशस्त्रापहतमृत्यवः।। ५६।।

जो पृच्छक वामांग का स्पर्श करते हुए तथा निम्न (नीचे) स्थान पर बैठकर प्रश्न पूछता है उसकी प्राय: हार होती है । यदि ऐसे लक्षणों की अधिकता हो तो सुनिश्चित हार होती है तथा शस्त्राघात से मृत्यु होती है ।।५६।।

जयप्रदलक्षणम्

वक्षोदेशशिरोदक्षहस्तशस्त्रस्पृशाञ्जयः ।
कस्यचित् ताडनं भेदं छेदं वा कुर्वतामपि।। ५७।।

जो वक्ष:स्थल, शिर, दाहिना हाथ या शस्त्र का स्पर्श करते हुए प्रश्न पूछते हैं उनकी जीत होती है । जो किसी द्रव्य या वस्तु को तोड़ते, फोड़ते, काटते हुए प्रश्न करता है उसकी भी जीत होती हैं ।।५७।।

आक्रमणं भविष्यति न वेति प्रश्नः

श्रूयते समनोद्योगः शत्रोस्तस्य किमागमः।
भवेन्न किमिति प्रश्ने कृते वाच्यमथोच्यते।। ५८।।

जो (राजा) राष्ट्ररक्षा हेतु चौकन्ना रहकर अपने गुप्तचरों की सूचनाओं को बड़े ध्यान से सुनता है उस राजा या उसके दूत के द्वारा जब यह प्रश्न पूछा जाय कि "शत्रु का आक्रमण होगा अथवा नहीं ?" तब उत्तर कैसे दिया जाय इस विषय को आगे कहा जा रहा है ।।५८।।

आर्यासप्ततिः

स्थिरराशिस्थिते चन्द्रे चरलग्ने तन्नवांशगे शीघ्रम्।
आयाति रिपुः सबलो विपर्ययेऽतोऽन्यथा वाच्यम्।। ५९।।
द्विशरीरे हिमरश्मावुदयगते स्थिरे गृहेक्षणाच्छत्रुः।
लब्धबलोऽपि विनश्यति गुरुबुधसितसंयुते षष्ठे।। ६०।।

यदि प्रश्नलग्न में चन्द्रमा स्थिर राशिगत तथा लग्न चर राशिगत एवं चरनवांश में हो तब शत्रु का सेना सहित आक्रमण शीघ्र ही होता है । इसके विपरीत योग हो अर्थात् चन्द्रमा चर राशि में तथा प्रश्नलग्न स्थिरराशिनवांश में हो तो शत्रु का आक्रमण नहीं होता है ।।५९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि प्रश्नकाल में चन्द्रमा द्विस्वभाव राशि में हो तथा लग्न स्थिर राशि में हो तथा साथ ही बुध, गुरु, शुक्र छठे भाव में बैठे हों तो आक्रान्ता शत्रु बलवान् होने पर भी नष्ट हो जाता है ।।६०।।

ये दोनों श्लोक भट्टोत्पल कृत "आर्यासप्तति" के हैं ।

षट्पञ्चाशिका च

स्थिरे शशी चरोदये न चाऽऽगमो रिपोर्यदा ।
तदाऽगमो रिपोर्भवेद् विपर्यये विपर्ययः ।। ६१।।
स्थिरे तु लग्नमागते द्विरात्मके तु चन्द्रमाः ।
निवर्तते रिपुस्तदा सुदूरमागतोऽपि सन् ।। ६२।।
चरे शशी लग्नगतो द्विदेहः
पथोऽर्धमागत्य निवर्तते रिपुः ।
विपर्यये चाऽऽगमनं द्विधा स्यात्
पराजयः स्यादशुभे क्षते तु ।। ६३।।
सुतशत्रुगतैः पापैः शत्रुर्मार्गान्निवर्तते ।
चतुर्थगैरपि प्राप्तः शत्रुमार्गान्निवर्तते ।
चतुर्थगैरपि प्राप्तः शत्रुर्भग्नो निवर्तते ।। ६४।।

जब प्रश्नकुण्डली में चन्द्रमा स्थिर राशि में तथा लग्न चर राशि में हो तब शत्रु के आगमन की कोई भी सम्भावना न होने पर भी शत्रु आता ही है । इसका विपर्यय होने पर विपरीत फल होता है अर्थात् चर राशि में चन्द्रमा तथा स्थिर राशि में लग्न होने पर आने की संभावना होने पर भी शत्रु नहीं आता है ।।६१।।

यदि स्थिर राशि में लग्न तथा द्विस्वभाव राशि में चन्द्रमा हो तो बहुत दूर से आया हुआ शत्रु भी मार्ग से ही वापस लौट जाता है ।।६२।।

यदि चन्द्रमा चर राशि में हो तथा लग्न द्विस्वभाव राशिगत हो तो शत्रु बिना आक्रमण के बीच रास्ते से ही लौट जाता है । यदि इसका विपर्यय हो तो शत्रु दो दिशाओं में अपनी सेना बाँट कर तब आक्रमण करता है । यदि इन दो योगों में अशुभ ग्रहों की युति या दृष्टि हो तो शत्रु पराजित होकर या सन्धि कर के लौट जाता है ।।६३।।

यदि प्रश्नलग्न में पञ्चम या षष्ठ भाव में पापग्रह बैठे हों तो भी शत्रु आता है परन्तु वह मार्ग में से ही लौट जाता है ।

किन्तु यदि पापग्रह चतुर्थ भाव में बैठे हों तो शत्रु को भग्नमनोरथ (पराजित) होकर वापस लौटना पड़ता है ।।६४।।

विद्वज्जनवल्लभा च

व्ययद्विपञ्चत्रिविधैकवर्तिनो भवन्ति लग्नादशुभा यदि ग्रहाः ।
तदा समागच्छति विद्विषाम्बलं चतुर्थराशौ न तदागमं विदुः ।। ६५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्थवेश्मोपगतौ यदाऽर्कचन्द्रौ तदाभ्येति न वैरिचक्रम् ।
गुरुज्ञशुकाहिबुके यदि स्युः तदा रिपोरागममाशु विद्यात् ।। ६६।।
मेषवाजिवृषकेसरिणश्चेत् लग्नगाः सुखगता यदि वाऽत्र ।
खचरैर्विरहिताः सहिता वा विद्विषो विदधते विनिवृत्तिम् ।। ६७।।

यदि प्रश्नलग्न से बारहवें, दूसरे, पाँचवें, तीसरे तथा लग्नभाव में पापग्रह बैठे हों तो शत्रुसेना आती है । यदि पाप ग्रह चतुर्थ भाव में हों तो शत्रुसेना का आगमन नहीं होता है ।।६५।।

जब सूर्य तथा चन्द्रमा चतुर्थ भाव में बैठे हों तब शत्रुसेना का आगमन नहीं होता है ।

यदि बुध-गुरु-शुक्र इन तीनों शुभग्रहों की स्थिति चतुर्थ भाव में हों तो शत्रु का आगमन शीघ्र होता है ।।६६।।

यदि लग्न में मेष, धनु, वृष या सिंह (चतुष्पद) राशियों में से कोई राशि हो अथवा इनमें से कोई राशि चतुर्थ भाव में हो तथा वह राशि इन स्थानों में अकेली हो अथवा ग्रहों के साथ हो तो शत्रुसेना आकर बिना लड़े लौट जाती है ।।६७।।

षट्पञ्चाशिका

स्थिरराशौ यद्युदये शनिर्गुरुर्वा स्थितस्तदा शत्रोः।
उदये रविर्गुरुर्वा चरराशौ स्यात्तदाऽऽगमनम् ।। ६८।।

जब प्रश्नलग्न में स्थिर राशि और उसमें शनि या गुरु की स्थिति हो तब अपने स्थान से चला हुआ शत्रु मार्ग में ही स्थिर हो जाता है । किन्तु यदि चर राशि लग्न में हो और उसमें सूर्य या गुरु बैठे हों तब शत्रु का आगमन होता है ।।६८।।

विद्वज्जनवल्लभा च

गुरुर्द्वितीये यदि वा तृतीये धाम्नि स्थितः स्यात् भृगुनन्दनो वा।
क्षिप्रं समायाति बलं रिपूणां तदा प्रवासी गृहमेति चाशु ।। ६९।।

यदि गुरु दूसरे या तीसरे स्थान में हो अथवा इन्हीं स्थानों में शुक्र स्थित हो तो शत्रुओं की सेना शीघ्र ही आती है । यदि प्रवासी आगमन का प्रश्न हो तो प्रवासी भी शीघ्र आता है, घर लौटता है ।।६९।।

अथागमनकाल उच्यते

तत्र षट्पञ्चाशिका च

उदयर्क्षाच्चन्द्रर्क्षं भवति च यावद्दिनानि तावद्भिः ।
आगमनं स्याच्छत्रोर्यदि मध्ये न ग्रहः कश्चिद् ।। ७०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नर्क्ष (उदयर्क्ष) अर्थात् प्रश्नलग्न के नक्षत्र से प्रश्नचन्द्र का नक्षत्र जितने नक्षत्र संख्या पर हो और इन दोनों के बीच के नक्षत्रों पर कोई ग्रह न हो तो शत्रु का आगमन उतने ही दिनों में होता है ॥७०॥

ग्रन्थान्तरे च

आगमो वा निवृत्तिर्वा कल्प्यते येन तस्य यः ।
कालस्तद्भुक्तभागघ्नः सोऽयनादिरिहोच्यताम् ॥ ७१॥
लग्नाद्यावति भे खेटः शुभाशुभफलप्रदः ।
काले तावति लग्नेशस्योदिते तत्फलं भवेत् ॥ ७२॥
लग्ने यावानुदेत्यंशः तत्संख्याघ्नोऽयनादिकः ।
कालो वाच्योंऽशकेशस्य कार्ये वैरिजयादिके ॥ ७३॥
येन ग्रहणकालोक्तिश्चिरे वाऽस्मिन् यथोदितः ।
कालस्थितः स्थिरे त्रिघ्नद्विघ्नस्तूभयगे सति ॥ ७४॥

जो ग्रह प्रश्नकुण्डली में शत्रु के आगमन का सूचक हो उस ग्रह के भुक्त नवांशों से उस ग्रह के समय का गुणा करने से प्रवासी के आगमन काल का समय ज्ञात होता है ॥७१॥

आचार्य वराहमिहिर के अनुसार सूर्य का फलकाल अयन (छ मास), चन्द्रमा का मुहूर्त २ घटी, मंगल का एक दिन, बुध का एक ऋतु (दो मास), गुरु का एक मास, शुक्र का पक्ष (१५ दिन) तथा शनि का वर्ष होता है । इसी से भुक्त नवांशों को गुणा करें। इसकी विधि पूर्व में लिखी जा चुकी है ।

लग्न से युद्धसूचक ग्रह तक जितने भी ग्रह बैठे हों उनके अनुसार सूचित समय में ही आक्रमण होता है । उन ग्रहों की संख्या को लग्नेश (विंशोत्तरी दशा) के वर्षों से गुणा करने पर आक्रमण होगा । समय की गणना प्रश्नदिन से करना चाहिए ॥७२॥

लग्न के उदितांशों में जितने नवांशो, बीत चुके हों उनके अयनादि समय के अनुसार भी आक्रमण का समय जानना चाहिए ॥७३॥

जब आक्रमणसूचक ग्रह स्थिर राशिगत हो तो उसे तिगुना अधिक समय में फल देने वाला मानना चाहिए । द्विस्वभाव राशि में उक्त अवधि को दुगुना करना चाहिए ॥७४॥

अथ सन्धिलक्षणमुच्यते

अत्रानुष्ठानपद्धतिः

नरान्तरेण संयोगे रवि .... ।
क्षेत्रमित्रग्रहेक्षायां सन्धिरुक्ता मनीषिभिः ॥ ७५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि पृच्छक अथवा अन्य कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के साथ दैवज्ञ के पास आवे अथवा प्रश्नस्थल पर कोई दो व्यक्ति परस्पर भेंट करते हुए या आलिंगनादि करते हुए दिखें तो सन्धि होगी, ऐसा मनीषियों का कथन है ॥७५॥

विद्वज्जनवल्लभा च

सन्थानमापो क्रमभाजि सौम्ये शुभेऽऽथ लग्ने शुभवीक्षिते च।
विनैव सन्देहममुत्र योगे महोपतीनामिति कीर्तयन्ति ।। ७६।।
ददाति वित्तं विजयी यदि स्यात् क्रूरः स्मरक्षेत्रगतो ग्रहेन्दुः ।
क्रूरे विलग्नोपगते कृतोऽपि क्षितीशयोर्भेदमुपैति सन्धिः।। ७७।।

जब तीसरे, छठे, नौवें तथा बारहवें अर्थात् आत्मोत्क्रम स्थानों में यदि सौम्य ग्रह बैठे हों तथा लग्न पर भी शुभग्रहों की दृष्टि हो तो दोनों पक्षों में सन्धि होती है ॥७६॥

इस श्लोक में कई विद्वानों ने सौम्य का अर्थ बुध ग्रहण किया है । मूल पाठ में "आपोक्लिम" के स्थान में "आपोक्रम" का प्रयोग है परन्तु शुद्ध संस्कृत में वह आत्मोत्क्रम (आत्म+उत्क्रम) ही है ।

जब कोई बली पापग्रह स्मर (सप्तम) भाव में बैठता है तो वह विजयी बनाता है तथा धनलाभ देता है । यदि कोई क्रूर ग्रह लग्न में बैठा हो तो वह कूटनीतिक कारणों से सन्धि का सूचक होता है ॥७७॥

षट्पञ्चाशिका च

नृराशिसंस्था ह्युदये शुभाः स्युर्व्ययायसंस्थाश्च यदा भवन्ति ।
तदाशु सन्धिं प्रवदेन्नराणां पापैर्द्विदेहोपगतैर्विरोधम् ।। ७८।।
केन्द्रोपगताः सौम्याः सौम्यैर्दृष्टा नृलग्नगाः प्रीतिम् ।
कुर्वन्ति पापदृष्टाः पापास्तेष्वेव विपरीतम् ।। ७९।।

यदि प्रश्नलग्न में नृराशि (मानवीय राशि=Human sign) हो तथा उसमें शुभ ग्रह बैठे हों अथवा नृराशि ग्यारहवें या बारहवें भाव में हो और उनमें शुभ ग्रह बैठे हों तो शीघ्र ही संधि हो जाती है ।

यदि उक्त स्थानों में द्विस्वभाव राशियों में पापग्रह बैठा हो तो दोनों पक्षों में विरोध होता है, सन्धि नहीं होती ।

नृराशि से तात्पर्य मिथुन, तुला, कुंभ, कन्या तथा धनु का पूर्वार्ध (पन्द्रह अंश तक) होता है ।

यदि शुभ ग्रह केन्द्र में नृराशियों में हों तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट हों तो दोनों पक्षों में सौहार्द्र उत्पन्न होकर संधि हो जाती है ।

यदि इन्हीं राशियों में केन्द्रगत पाप ग्रह हों तो संधि नहीं होती तथा टक्कर (विग्रह) होती है ॥७८-७९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ युद्धलक्षणम्

अत्र विद्वज्जनवल्लभा

क्रूरे विलग्नोपगते तृतीये
चन्द्रात्मजे तिग्मकरे चतुर्थे।
युद्धं भवत्येव महीपतीनां
पौरस्तु यस्तत्र विनाशमेति।। ८०।।

यदि लग्न में क्रूर ग्रह हो, तृतीय भाव में बुध हो, तिग्मकर (सूर्य) चतुर्थ भाव में हो तो इस योग में राजा लोगों में युद्ध अवश्य होता है। इस योग में पौर (स्थायी) की हार तथा आक्रान्ता की जीत होती है ।।८०।।

अत्रानुष्ठानपद्धतिश्च

भौमवर्गस्थिताः केन्द्रे क्रूराः क्रूरैर्विलोकिताः ।
सङ्ग्रामसूचकास्तत्र विशेषाः शत्रुखेचराः।। ८१।।
कालमान्द्यादि यो ब्रूयुः बहुमृत्युयुतं मृधम् ।
योगदृष्ट्यायदिग्भिस्तत् भानुभौमौ विशेषतः।। ८२।।

जब क्रूर ग्रह क्रूर ग्रहों से ही दृष्ट होकर भौम के वर्ग में केन्द्र में स्थित हों तो संग्राम के सूचक होते हैं। यदि वे ग्रह परस्पर शत्रु हों तो विशेष रूप से भयंकर युद्ध होता है ।।८१।।

काल, मान्दि, राहु, केतु, मृत्यु आदि उपग्रह यदि लग्न में बैठे हों अथवा लग्न को देखते हों तो उस युद्ध में बहुत-से लोग मारे जाते हैं।

विशेष रूप से जब सूर्य (राजा) तथा मंगल (सेनापति) यदि बलवान् होकर लग्नगत हों या लग्न पर उनकी दृष्टि हों तो उस युद्ध में घनघोर लड़ाई एवं मारकाट होती है ।।८२।।

स्थायियायिविभागौ

स्थायियायि विभागं प्रागुक्ताऽथ जय लक्षणम्।
पराजयस्य वा तद्वदुभयोर्लक्ष्म कथ्यते।। ८३।।

युद्ध में दो पक्ष होते हैं, उनमे एक को "स्थायी" तथा दूसरे को "यायि" कहा जाता है। इनमें से किस पक्ष की जीत़ या हार युद्ध में होगी इसे अब कहा जा रहा है ।।८३।।

स्थायी—युद्ध, मुकदमा, अभियोग या विवाद में जो पक्ष अपने स्थान पर रहता है वह स्थायि या स्थायी होता है। जैसे इराक युद्ध में इराक स्थायी था। अफगानिस्तान के युद्ध में तालिबान पक्ष स्थायी था। भारत-चीन के युद्ध (सन् १९६२) में भारत स्थायी था तथा पाकिस्तान से हुए युद्धों (१९८४, १९५६, १९६५, १९७० तथा २००० ई.) में भारत स्थायी रहा है। स्थायी को ही संस्कृत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में "पौर" तथा "प्रतिरक्षक" भी कहा जाता है । उर्दू तथा अरबी में इसके लिए "मुद्दालेह" शब्द प्रचलित है । अंग्रेजी में उसे डिफेण्डर (Defender) कहते हैं । न्यायालय में जिस पर कोई दावा किया जाता है अथवा अभियोग लगाया जाता है वह आरोपी या प्रतिवादी या प्रतिप्रार्थी या बचाव पक्ष भी स्थायी होता है । दीवानी एवं राजस्व न्यायालय में इस पक्ष को प्रतिवादी (Respondent =रेस्पोण्डेण्ट) तथा फौजदारी में इसे बचाव पक्ष (Defendent = डिफेण्डेण्ट) कहते हैं ।

यायि—युद्ध में जो अपना स्थान छोड़कर दूसरे के घर, देश या राज्य या नगर पर आक्रमण करने आता या जाता है वह पक्ष यायी कहा जाता है । वह आक्रान्ता, आक्रामक पक्ष, आक्रमणकारी या अग्रेसर होता है । उर्दू तथा अरबी में यह पक्ष "मुद्दई" तथा अंग्रेजी में "अटैकर" (Attacker), अग्रेसर (Aggressor) कहते हैं । अग्रेसर शब्द मूल संस्कृत भाषा का है जो अंग्रेजी में भी प्रचलित है । उसे ही हमलावर भी कहते हैं । प्रचलित हिन्दी में न्यायालयों की भाषा में यह पक्ष प्रार्थी, वादी, फरीयादी आदि कहलाता है । अंग्रेजी में यह पक्ष अप्लीकेण्ट (Applicant) तथा प्लैण्टिफ (Plaintiff) कहा जाता है । युद्ध में यह पक्ष इनवेडर (Invader) भी कहलाता है ।

अत्रार्यासप्ततिः

नवमाद्ये चक्रदले विज्ञेया यायिनस्तृतीयादौ।
पौराश्शुभसंयुक्ते भागे विजयोऽपरे भङ्गः।। ८४।।

नवमाद्य चक्रदल (कुण्डली के नवम भाव से लेकर द्वितीय तक छह भाव) यायी का प्रतिनिधित्व करता है तथा तृतीय से लेकर आठवें भाव तक के छह भाव स्थायी के सूचक होते हैं । इनमें से जिस भाव में शुभ ग्रह होंगे उसी भाग की जीत होती है, अन्य भाग (दल) की हार हो जाती है ।।८४।।

तात्पर्य यह है कि यदि ०-३-४-५-६-७-८ इनमें शुभ ग्रह हों तो स्थायी पक्ष जीतता है । यदि ९-१०-११-१२-१-२ भावों में शुभग्रह हों तो यायी पक्ष की विजय होती है ।

कोलक्ष्मापतिराष्ट्रेऽस्ति सम्प्रहारोक्तसंज्ञितः ।
तत्र तु प्रथमो यायि द्वितीयः पौर ईरितः ।। ८५।।
दुर्गे वा नगरे वा ये तिष्ठन्ति ते पौराः ।
यायिन येते पौरा युद्धायायान्ति ये बहिस्तत्र।। ८६।।

जो दल युद्ध के मैदान में प्रथम पहुँचता है वह यायि या "संप्रहारक" होता है । दूसरे पक्ष को पौर कहते हैं । प्राचीन कोल देश में इसका प्रचलन था ।।८५।।

जो दुर्ग (किला या कोट) में या नगर (पुर) में रहते हैं वे पौर होते हैं । जौ पौरों पर आक्रमण करते हैं, युद्ध के लिए अपने पुर से दूसरे पुर में आते हैं वे यायी होते हैं ।।८६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

षट्पञ्चाशिका

झषालिकुम्भकर्कटा रसातले यदा स्थिताः।
रिपोः पराजयस्तदा चतुष्पदैः पलायनम्।। ८७।।

प्रश्नलग्न से रसातल (चतुर्थ भाव) में मीन, वृश्चिक, कुंभ, कर्क ये राशियाँ स्थित हों तो शत्रु की पराजय होती है। यदि चतुर्थ भाव में चतुष्पद राशियाँ (मेष, सिंह, वृष, धनु-उत्तरार्ध) हों तो शत्रुसेना डर कर भाग जाती है ।।८७।।

विद्वज्जनवल्लभा

शनीन्दुभौमा यदि लाभवर्तिनः
तनौ भृगुः सूर्यबुधौ त्रिबन्धुगौ।
गुरुः सुते स्याद् यदि विद्विषस्तदापि
विज्ञो हि सिद्धार्थमुपैति मन्दिरम्।। ८८।।

जब प्रश्नकुण्डली में शनि, चन्द्र तथा मंगल एकादश भाव में हों; लग्न में शुक्र, तृतीय में सूर्य तथा चतुर्थ में बुध हो, गुरु पंचम भाव में हो तब शत्रु भाग जाता है तथा राजा अपनी राजधानी में सफल होकर लौटता है ।।८८।।

दशमोदयस्मरगृहोपगताः शुभा
नगराधिपत्यविजयप्रदाः स्मृताः।
नवमे जयाय गुरुशुक्रचन्द्रजाः
कुजभानुजावपि च भङ्गदौ मतौ।। ८९।।

जब शुभग्रह दशम भाव, लग्न, सप्तम इन तीनों भावों में बैठे हों तब नगराधिपत्य (यायी की विजय) होता है। यदि गुरु, शुक्र, बुध ये नवम भाव में हों तो भी यायी को विजय प्राप्त होती है। यदि नवम भाव में शनि या मंगल हों तो वे यायी की पराजय के सूचक होते हैं ।।८९।।

नगराधिपत्य का अर्थ है यायी का नगर पर अधिकार होता है।

मनुष्यराशावुदयेऽम्बरे च क्रूरो भवेतां यदि खेचरेन्द्रौ।
यातुर्नृपस्याशु तदापि नाशः सौम्यग्रहेष्वेवमुशन्ति सिद्धिम्।। ९०।।

जब प्रश्नलग्न तथा दशम भाव में मनुष्य राशि (मिथुन, कन्या, तुला, कुंभ या धनु का पूर्वार्ध) और उनमें क्रूर ग्रह स्थित हों तब यायी का नाश होता है।

यदि प्रश्नलग्न तथा दशम भाव में नृराशियों में शुभग्रह स्थित हों तो आक्रमणकारी की विजय होती है, उसे सफलता प्राप्त होती है ।।९०।।

यह योग धनु, कन्या इन लग्नों में ही पूर्णरूपेण बनता है। इनमें लग्न तथा दशम दोनों में ही नृराशियाँ रहती हैं। शेष लग्नों में तो या लग्न में नृराशि होती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है या फिर केवल दशम भाव में नृराशि होती है । शेष में षट्पंचाशिका के अनुसार संधि होगी ।

लग्ने लाभे कर्मणि द्वादशे वा यद्येकत्र स्याद्ग्रहः क्रूरसंज्ञः ।
यायी विद्यात् तत्पुरं यद्यमीषु क्रूरेभ्योऽन्यो यायिनाशं तदाहुः ।। ९१।।

यदि लग्न, एकादश या दशम भाव में क्रूर ग्रह एकत्रित होकर बैठे हों अथवा अलग-अलग बैठे हों तो आक्रान्ता का उस देश पर आधिपत्य हो जाता है । यदि इन भावों में शुभग्रह हों तो उसका (आक्रमणकारी का) नाश हो जाता है ।।९१।।

यह योग बड़ा अटपटा तथा विरोधाभासी है । इस योग में यायी की विजय क्रूरग्रहों से बतायी है तथा शुभग्रहों से पराजय । इससे पूर्व में कही बातें बिल्कुल उलट जाती हैं ।

रणदीपिकोक्तलक्षणानां वर्णनम्

तत्कालसूर्यशीतांशुराश्रितराशिवशादपि ।
जपभङ्गादिकं वाच्यं तथा च रणदीपिका।। ९२।।

"रणदीपिका" नामक ग्रन्थ के अनुसार युद्ध में जीत एवं हार का विचार तात्कालिक सूर्य एवं चन्द्रमा तथा उनके द्वारा आश्रित राशि द्वारा भी करना चाहिए ।।९२।।

राशीनां सूर्यविभागौ

सिंहकन्ये तुलाली च कुम्भान्त्यौ सूर्यराशयः ।
अन्येषु राशयश्चान्द्रा द्युनिशा राशयश्च ते ।। ९३।।

(१) सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन ये छह राशियाँ सूर्य के समूह की होने से सूर्य की राशियाँ कहलाती हैं ।

(२) अन्य राशियाँ—धनु, मकर, मेष, वृष, मिथुन, कर्क ये छह राशियाँ चन्द्र के समूह की राशियाँ हैं ।।९३।।

सूर्ये राशिगते चन्द्रे स्थायी जयति वैरिणम्।
अन्योऽन्यराशिगौ स्यातां सूर्यचन्द्रमसौ यदा।। ९४।।
चन्द्रराशिगते सूर्ये यायी विजयते तदा।
सूर्यराशिगते चन्द्रसूर्यौ चेद् यायिनो जयः।। ९५।।
स्वस्वराशिगयोश्चन्द्रसूर्ययो रणभूतले।
नेच्छतः कलहं यायी स्थायी च तरुणावपि।। ९६।।

सूर्य की राशियों को द्युराशि तथा चन्द्रमा की राशियों को निशिराशि भी कहा जाता है । जब सूर्य की राशि में चन्द्रमा हो (प्रश्न समय या युद्ध समय पर) तब स्थायी की जीत होती है । यदि वे एक-दूसरे की राशियों में हों तो भी स्थायी क विजय होती है ।।९४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब चन्द्रमा की राशि में सूर्य हो तो यायी की विजय होती है । इसी प्रकार सूर्य की राशि में सूर्य तथा चन्द्रमा दोनों स्थित हों तो भी यायी की जीत होती है ।।९५।।

जब सूर्य अपनी राशियों में से किसी में तथा चन्द्रमा अपनी राशियों में स्थित हों तो दोनों शक्तिशाली होने पर भी लड़ने की इच्छा नहीं करते अर्थात् सन्धि हो जाती है अथवा यायी बिना लड़े लौट जाता है ।।९६।।

अत्र पाराशरहोरा:

अनभिस्थानगता युद्धप्रश्ने बलान्विताः पापाः ।
राततिस्थतितारांशयोर्व्रणमादिशेन्मतिमान् ।। ९७।।

तब बली पाप ग्रह युद्धप्रश्न के समय पृच्छक के विपरीत स्थानों में (अशुभ स्थानों) में बैठे हों तो वे पृच्छक या सैनिक के शरीर के जिस भाग में स्थित नक्षत्र पर होंगे उस नक्षत्र वाला अंग युद्ध में घायल होता है अर्थात् बुद्धिमान् को उस अंग में घाव लगेगा ऐसा बताना चाहिए ।।९७।।

नक्षत्र संख्या	शरीर का अंग	नक्षत्र सं.	शरीरांग	नं. सं.	शरीरांग
जन्मनक्षत्र	मुख	दशम	दक्षिण बाहु	१९वाँ	वक्ष
द्वितीय	वाम नेत्र	एकादश	दक्षिण बाहु	२०वाँ	ग्रीवा (गर्दन)
तृतीय	शिर	द्वादश	दक्षिण सक्थि (ऊरु)	२१वाँ	वाम बाहु
चतुर्थ	शिर	त्रयोदश	दक्षिण सक्थि (टाँग)	२२वाँ	वाम बाहु
पंचम	शिर	चतुर्दश	दक्षिण सक्थि (पैर)	२३वाँ	वाम बाहु
षष्ठ	दक्षिण नेत्र	पंचदश	वक्ष (छाती)	२४वाँ	वाम बाहु
सप्तम	दक्षिणकर्ण	षोडश	वक्ष	२५वाँ	वाम ऊरु (टाँग)
अष्टम	दक्षिण बाहु	सप्तदश	वक्ष	२६वाँ	वाम जानु (घुटना)
नवम	दक्षिण बाहु	अष्टादश	वक्ष	२७वाँ	वाम जंघा (पैर)

अत्र माधवीयम्

आदध्याद् वसुभे जयध्वजधनुः खड्गादिकं स्वीकृतिं
भाद्रर्क्षे धनसञ्चयं रिपुमहासेनं प्रवेशन्नृपः ।
एकांशस्थितयोः शशाङ्ककुजयोर्लग्ने स्ववर्गस्थयो-
र्युद्धं प्रारभते तदा यदि नृपो युद्धे जयं विन्दते।। ९८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भौमस्याहिकुजोदये विषघटीकालेऽपि वा साधकं
तोयं वाग्निभयं विचिन्त्य विसृजेत् भ्रातृव्यसेनां प्रति ।
विष्टेरभ्युदये तदीयदिशि च स्थित्वा विमुञ्चंश्चरात्
विद्राव्यारिवरूथिनीं जयमतः प्राप्नोति पृथ्वीपतिः ।। ९९ ।।

जिस दिन चन्द्रमा धनिष्ठा नक्षत्र पर हो उस दिन राजा या सेनापति को युद्ध-सामग्री एकत्रित करनी चाहिए । पूर्वाभाद्र नक्षत्र के दिन धन एकत्रित करना चाहिए । जब चन्द्रमा तथा मंगल अपने-अपने वर्गों में हों उस समय युद्ध की घोषणा करना उचित है । ऐसे समय किये गये आक्रमण से निश्चित रूप से विजय मिलती है ॥९८॥

जिस मंगलवार के दिन लग्न में मंगल हो अथवा वह समय विषघटी काल हो तब राजा को हाथ में जल लेकर तथा उसे अग्निमय मानकर शत्रुसेना की दिशा में फेंक देना चाहिए । यदि शत्रुसेना पर आक्रमण का बाण विष्टिकाल में विष्टि की दिशा में फेंका जाय तो उस फैंके बाण से क्षेपक राजा की शत्रु पर निश्चित जीत होती है ॥९९॥

अथ वराहमतेन युद्धभयलक्षणानां कथनम्

वराहमिहिरोक्तानि संहितायां महीभृताम् ।
युद्धाद्यशुभशंसीनि लिख्यन्ते लक्षणान्यथ ।। १०० ।।

वाराही संहिता में राजा लोगों के लिए युद्धभयकारक जो शुभ-अशुभ लक्षण बताये गये हैं उन्हें अब लिखा जा रहा है ॥१००॥

प्रासादभवनतोरणकेत्वादिष्वनलदुग्धेषु भविता ।
षण्मासात् प्राक् परचक्रस्यागमो नियमात् ।। १०१ ।।

यदि अकस्मात् बिना आग के देवालय, आवासीय भवन, सिंहद्वार (बन्दनवार), ध्वजा, पताका (झण्डे आदि) जल जायें या आग से जल जायें तो ६ माह के उपरान्त दूसरे राष्ट्र की सेनाओं का आगमन निश्चित रूप से होता है ॥१०१॥

धूमोऽनग्निसमुत्थो रजस्तमश्चाधिकं महाभयदम् ।
व्याधिवियत्युडुनाशो दर्शनमपि दोषकृद्दिवा तेषाम् ।। १०२ ।।

यदि किसी समय बिना अग्नि के धुवाँ दिखलायी पड़े, दिन के समय धूल के आधिक्य से रात जैसा अंधेरा हो जाय तो महाभय का सूचक होता है । रात के समय आकाश में बादल बिलकुल न होने पर भी यदि तारागण दिखलायी न पड़ें अथवा दिन में तारागण दिखलायी पड़ें तो उन का दर्शन दोषकारक होता है ॥१०२॥

शाखाभङ्गोऽकस्माद् वृक्षाणां निर्दिशेद् रणोद्वेगम् ।
हासे देशभ्रंशो रुलिते च व्याधिबाहुल्यम् ।। १०३ ।।

अचानक ही वृक्ष की शाखा का टूटना युद्ध की तैयारियों का सूचक होता है । यदि वृक्ष हँसे तो देश का नाश होता है । यदि वृक्ष रोवे तो रोग अधिक फैलते हैं ॥१०३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राष्ट्रविभेदोऽप्यनृतौ बालवधोऽतीव कुसुमिते बाले।
वृक्षात् क्षीरस्रावे सर्वद्रव्यक्षयो भवति ।। १०४।।

बिना ऋतु के वृक्षों में फूल तथा फल लगने लगें तो उस राष्ट्र में फूट पड़कर गृहयुद्ध होता है । यदि बालपादप (अविकसित पौधों) में पुष्पों की अधिकता हों तो बालकों का नाश होता है । वृक्षों से यदि दूध-सा निकलता हो तो सभी द्रव्यों का क्षय होता है ।।१०४।।

मद्ये वाहननाशः सङ्ग्रामः शोणिते मधुनि रोगः।
स्नेहे दुर्भिक्षभयं महद्भयं निःसृते सलिले ।। १०५।।

यदि वृक्षों से मद्य निकले तो वाहनों की हानि होती है । यदि रक्त (खून) निकले तो युद्ध छिड़ता है । यदि मधु (महक) निकले तो संक्रामक रोग या महामारी (Epidemic) फैलती है । यदि वृक्षों से तेल निकलता दिखलायी पड़े तो अकाल पड़ता है । पानी बहने पर महान् भय उत्पन्न होता है ।।१०५।।

पूजितवृक्षे ह्यनृतौ कुसुमफलं नृपवधाय निर्दिष्टम्।
धूमस्तस्मिन् ज्वालाऽथवा भवेन्नृपवधायैव ।। १०६।।

यदि पूजित (प्रतिष्ठित-रक्षित) वृक्षों में बिना उसके पुष्पों, फलों की ऋतु के अन्य ऋतु में फल या फूल लगें तो राजा या स्वामी की मृत्यु कहना चाहिए । उस वृक्ष में धुँवा या अग्निज्वाला के दर्शन हों तो भी राजा के नाश के सूचक होते हैं ।।१०६।।

शुष्कतरोश्च विरोहशोषणमपि दोषकृद् विना हेतुः।
पतितानामुत्थाने स्वयं भयं भवति दैवसम्भूतम्।। १०७।।

सूखे वृक्ष का पुनः हरा होना बल तथा अन्न के नाश का सूचक होता है । अकारण ही हरे वृक्ष का अचानक सूखना भी दोषकारक होता है । यदि गिरा हुआ वृक्ष स्वतः उठकर सीधा हो जाय तो दैवी आपदा का भय होता है ।।१०७।।

सर्पत्सु तरुषु जल्पत्सु वापि जनसंक्षयो विनिर्दिष्टः।
वृक्षाणां वैकृत्ये दशभिर्मासैः फलविपाकः।। १०८।।

यदि वृक्ष सरकने (चलने) लगें या वृक्ष बोलने लगें तो जनता का विनाश कहना चाहिए । वृक्षों के उत्पात का फल दस मास में प्रकट होता है ।।१०८।।

आयुधज्वलनसर्पणस्वनाः कोशनिर्गमवेपनानि वा ।
वैकृतानि यदि वायुधेऽपराण्याशु रौद्ररणसङ्कुलं वदेत् ।। १०९।।

अस्त्र शस्त्रों में उष्णता या जलन मालूम पड़ना, उनका स्वतः अपने स्थान से सरकना, उनसे शब्द निकलना, तलवार या बन्दूक का स्वतः अपने खोल (म्यान) से बाहर निकल आना ये सब शस्त्रों की विकृतियाँ (उत्पात) हैं । ये सब शीघ्र ही भविष्य में भयंकर युद्ध के सूचक होते हैं ।।१०९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुरपक्षिणो वनचरा वन्या वा निर्भया विशन्ति पुरम्।
नक्तं वा दिवसचराः क्षपाचरा वा चरन्त्यहनि।। ११०।।

यदि नगर में रहने वाले पक्षी निर्भय होकर वन में विचरण करें तथा वनचर (जंगली) पक्षी निर्भय होकर गाँवों एवं नगरों में प्रवेश करें, रात्रिचर पक्षी दिन में विचरण करें तथा रात्रिचर पक्षी दिन में उड़ते दिखायी दें तो भयप्रद होते हैं (यह श्लोक बृहत्संहिता के ४६वें अध्याय का ६६वाँ है) ।।११०।।

गृहचैत्यतोरणेषु द्वारेषु च पक्षिसम्पातः।
मधुमल्लिकाम्भोरुहसर्पभवाद्या विनाशाय।। १११।।

घरों में चैत्य (देवों के पूजित चबूतरों), तोरणों तथा द्वारों पर अचानक पक्षियों के झुण्ड-के-झुण्ड बैठें या इन स्थानों में मधुमक्खियों के छत्ते लग जायें या कमल पर रहने वाले भौंरें इकट्ठे हो जायें, अधिक मात्रा में सर्प उन स्थलों पर दिखें तो देश के विनाश के सूचक होते हैं ।।१११।।

श्वभिस्तु मन्दिरे यस्य शवावयवमस्थि वा।
प्रवेशितं ध्रुवं तस्य न चिरान्मरणं भवेत्।। ११२।।

जिस घर में कुत्ता मृत प्राणी के अंग अथवा हड्डी लेकर प्रवेश करे उस घर के स्वामी की शीघ्र मृत्यु होती है (अथवा मृत्युतुल्य कष्ट प्राप्त होता है) ।।११२।।

सन्ध्याद्वयस्य दीप्तिर्धूमोत्पत्तिश्च काननेऽनग्नौ ।
छिद्राभावे भूमेर्दरणं कम्पश्च भयकारी।। ११३।।

दोनों संध्याओं में दीप्ति (उजाला-सा) होना, अग्नि रहित जंगली स्थान में धुँवा दिखाई पड़ना, जमीन में दरारें पड़ जाना (बिना दरारों वाली भूमि में), भूकम्प आदि होना भयकारक होता है ।।११३।।

प्रहर हर च्छिन्धि भिन्धीत्याद्यायुध-
काष्ठाश्मधारिणो बालाः।
निगदन्ति प्रहरन्तस्तत्रापि भयं भवत्याशु।। ११४।।

जिस स्थान पर छोटे बालक हाथ में लाठी, पत्थर (अथवा खिलौना, बन्दूक या पिस्तोल) लेकर मारो-मारो, पकड़ो-पकड़ो, छीन लो, काट डालो आदि कहते हुए प्रहार करें तो उस स्थल पर शीघ्र ही भय उत्पन्न होता है ।।११४।।

अङ्गारगैरिकाद्यैर्विकृतप्रेतादिलेखनं यस्मिन्।
नायकेचित्रितमथवा क्षये क्षयं याति न चिरेण।। ११५।।

जिस घर की भित्तियों पर कोयला (नील आदि भी), गैरिक (गेरु तथा पीली मिट्टी आदि) से भूत-प्रेतादि डरावनी आकृतियाँ बनी दिखें या गृहस्वामी के चित्र दिखें तो शीघ्र ही उस घर पर विकृति आती है, वह नष्ट हो जाता है ।।११५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लूतापटाङ्गशबलं न सन्ध्ययोः पूजितं कलहयुक्तम्।
नित्योच्छिष्टस्त्रीकं च यद्गृहं तत्क्षयं याति ।। ११६।।

जिस घर में लूतापटाङ्ग (मकड़ी का जाला) झिल्ली हो, जिसमें प्रातःकाल तथा सायंकाल पूजा न होती हो, जिसमें प्रतिदिन कलह होता हो, जिसमें नित्य अपवित्र तथा मैली-कुचैली स्त्रियाँ रहती हों वह गृह कालान्तर में नष्ट हो जाता है ।।११६।।

नृपदोषेण देशनाशः

पाखण्डानां नास्तिकानां च भक्तः साध्वाचारः प्रोज्झितः क्रोधशीलः।
ईर्ष्युः क्रूरो विग्रहासक्तचेता यस्मिन्राजा तस्य देशस्य नाशः ।। ११७।।

जिस देश का राजा या नेता अथवा घर का स्वामी पाखण्डी लोगों तथा नास्तिकों का भक्त होता है, साधुता के आचरण से रहित होता है, अधिक क्रोधी होता है, ईर्ष्यालु तथा निर्दयी होता है तथा सदैव लड़ाई-झगड़े में मन लगाता है उस देश-प्रदेश या घर का नाश हो जाता है ।।११७।।

देशदशाकुलकालस्वभावतो यच्छुभाशुभज्ञातम्।
तल्लक्षणन्न फलदं प्रायो यस्मात्स्वभावोऽसौ ।। ११८।।

देश-काल परिस्थिति के अनुकूल जो लक्षण दिखलायी पड़ें उनसे शुभाशुभ फल जानना चाहिए । विकृति का फल अशुभ होता है । जो उस देश-काल में स्वाभाविक हो वह स्वभाव होने के कारण उत्पात नहीं कहा जायेगा ।।११८।।

वाहिनीं समुपयाति पृष्ठतो मांस भुक्खगर्गकोयुयुत्सतः ।
यस्य तस्य बलविद्रवो महान् ग्रहैस्तु विजयो विहङ्गमैः ।। ११९।।

युद्ध में सेना के प्रस्थान के समय यदि मांसभक्षी पक्षी सेना के पीछे-पीछे चलें तो सेना की हार होती है । यदि सामने की ओर आगे-आगे पक्षी उड़ते हुए चलें तो शुभफल होता है तथा सेना की विजय होती है ।।११९।।

इत्यादि शाकुनं भेदमालोक्यं च शुभाशुभम्।
फलं वदतु दैवज्ञः सर्वकार्येषु सर्वदा।। १२०।।

इस प्रकार शकुन के भेदों का विचार करके दैवज्ञ को शुभाशुभ विचारपूर्वक सभी प्रकार के प्रश्नों में फल कहना चाहिए ।।१२०।।

राशिगहाणां सर्वत्र दुर्विज्ञेयं बलाबलम्।
शकुनैर्जातसंवादं राशिग्रहफलं स्फुटम्।। १२१।।

राशियों एवं ग्रहों की गणना एवं बलाबल का निश्चय कठिन होता है । शकुनों से राशियों एवं ग्रहों का फल निश्चित करने में बहुत सहयोग मिलता है ।।१२१।।

इत्युदितोत्पातानां शान्तिकमपि संहितागदितम्।
कुर्वन्नृपो यथोक्तं येनोत्पातफलन्न सम्भवति ।। १२२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार जो उत्पात होते हैं उनकी शान्ति भी संहिता में कहीं गयी है । उसे राजा को यथोक्त विधि से उनकी शान्ति करनी चाहिए जिससे उत्पात का दुष्परिणाम प्राप्त न हो ॥१२२॥

स्वानुकूलतमे काले सत्तारातिथिराशिषु।
युद्धाय नृपतिः कुर्यात् प्रस्थानं विजयाप्तये।। १२३।।

राजा को चाहिए कि अनुकूल समय में श्रेष्ठ तिथि, नक्षत्र एवं राशि होने पर युद्ध के लिए (विजय की प्राप्ति हेतु) प्रस्थान करें ॥१२३॥

अत्र माधवीयम्

अभीष्टचारे निजवर्णनाथे
बलाधिके जन्मपतौ नरेन्द्रः ।
प्रयाणमत्याज्यगणे विदध्यान्
मूर्धोदयोर्ध्वास्य चरेषु भेषु ।। १२४।।

माधवीयम् के अनुसार सेनाध्यक्ष (या राजा या सेना की कमान संभालने वाले अधिकारी या प्रतिरक्षामंत्री) की राशि के वर्ण का स्वामी जब बली हो तब युद्धारंभ करना चाहिए । उसके जन्मलग्न का स्वामी भी उस समय अतिबली होना चाहिए । उस समय ऊर्ध्वमुख, शीर्षोदय तथा चर लग्न होना चाहिए । नक्षत्रों के यात्रा में अत्याज्य गण में ही युद्ध हेतु प्रयाण करना उचित होता है ॥१२४॥

यात्रा के समय भरणी, कृत्तिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, पू.फा., विशाख, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा तथा पूर्वाभाद्र ये त्याज्य गण हैं । इनको छोड़कर शेष नक्षत्र अत्याज्य गण कहलाते हैं, उन्हीं में प्रस्थान विहित है । इसी प्रकार रिक्ता तिथियाँ तथा द्वादशी एवं चतुर्दशी तिथियाँ वर्जित हैं । वारों में रवि, मंगल एवं शनिवार को भी बचाना चाहिए । इसी प्रकार इन ग्रहों की राशियाँ एवं लग्न भी त्याज्य हैं ।

रणदीपिका च

निमित्तराशौ शुभदेऽनुकूले ग्रहेषु सर्वेषु सुगोचरेषु ।
आवर्ज्य ताराः स विहाय चित्रां छिद्राश्च कुर्यान्नृपतिः प्रयाणम् ।। १२५।।
पृष्ठोदयेऽशुभकरस्थिरभञ्च तद्वद्।
वक्राङ्करोति पदवीं पृथुरोमयुग्मम्।। १२६।।

जब अनुकूल एवं शुभ शकुन शुभ एवं अनुकूल राशि में दृष्टिगोचर हों अर्थात् अनुकूल राशि के चन्द्रमा में दिखलायी दें तथा सभी ग्रह राजा की जन्मराशि से गोचर में शुभ स्थानों में संचरित हो रहे हों; जन्मतारा, विपत्तारा, प्रत्यरितारा तथा वधतारा जिस दिन न हों तथा चित्रा नक्षत्र एवं छिद्रा तिथि (चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी, नवमी तथा चतुर्दशी) न हो तब युद्ध हेतु प्रस्थान करना चाहिए ॥१२५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यात्रा के लिए पृष्ठोदय राशियाँ एवं लग्न शुभ नहीं होते हैं। इसी प्रकार स्थिर राशियाँ भी वर्जित हैं। मिथुन राशि राजा के पद (सिंहासन) को संकट में डालती है ॥१२६॥

माधवीयम्

मूर्धोदयोर्ध्ववदनाश्शुभसंयुताश्चेत्
ग्राह्याः स्थिरा अपि ग्रहाः कलशस्तु मध्यः।
वक्राङ्करोत्यनिमिषः पदवीमियासोः
याने नृयुग्ममशुभं निजगाद गार्ग्यः ॥ १२७॥

यदि मूर्धोदय (शीर्षोदय) तथा ऊर्ध्वमुख राशि में शुभग्रह बैठे हों तो यात्रा के लिए उन्हें ग्रहण करना चाहिए। इसी तरह शुभग्रहों से युक्त स्थिर राशियों को भी प्रयाण में ग्राह्य माना गया है। कुंभ मध्यम होती है और हानिकर फल प्रदान करने वाली होती है उसमें पलक झपकते ही संकट उत्पन्न होता है। मिथुन भी गर्गाचार्य के अनुसार यात्रा हेतु अशुभ है ॥१२७॥

रणदीपिका

शीर्षोदये समभिवाञ्छितकार्यसिद्धिः
पृष्ठोदये विफलता बलविद्रवश्च।
यातश्च दिङ्मुखगतस्य सुखेन सिद्धि-
र्व्यर्थश्रमो भवति दिक्प्रतिलोमलग्ने ॥ १२८॥

सफलता प्राप्ति के लिए शीर्षोदय लग्न में यात्रा प्रारंभ की जाय। पृष्ठोदय लग्न सफलता न देकर विफल करता है तथा सेना में विद्रव (भगदड़) होती है। यदि दिग्द्वार लग्न में यात्रा की जाय तो सफलता मिलती है परन्तु यदि दिक्प्रतिलोम लग्न में यात्रा करने पर परिश्रम व्यर्थ ही चला जाता है ॥१२८॥

मेषादि क्रम में पूर्वादि दिशाएँ जानना चाहिए।

शस्तो दिवा दिनबले निशि रात्रिवीर्य
राशौ विपर्ययबलिन्युदये न शस्तः।
इन्द्वर्कलग्नसहितेषु गमश्चराद्ये-
ष्वन्यस्वकोभयमहीं प्रतिवृद्धिदाता ॥ १२९॥

यदि दिन में यात्रा करना हो तो दिवाबली राशि (विषम राशि) ग्रहण करें। यदि रात में यात्रा करनी हो तो रात्रिबली राशि को ग्रहण करना चाहिए। यदि इसके विपरीत लग्न हो तो परिणाम भी विपरीत होता है।

यदि सूर्य या चन्द्र युक्त लग्न में यात्रा की जाय तथा राशि चर हो तो न अच्छा है। द्विस्वभाव लग्न दोनों कार्यों के लिए अच्छी होती है अर्थात् प्रयाण के लिए भी और वापसी के लिए भी शुभफलकारक होती है ॥१२९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यातुर्विलग्नतो जन्मराशेर्वा यानमुत्तमम्।
द्वितीये वा तृतीये वा षष्ठे चैकादशेऽथवा॥ १३०॥
शत्रोर्यदाष्टमो राशिर्जन्मतो वाऽथ लग्नतः।
पापग्रहैः समारूढस्तदा शत्रुवधो भवेत्॥ १३१॥

प्रस्थानकर्ता के जन्मलग्न या जन्मराशि (चन्द्र) से दूसरी, तृतीय, छठी या ग्यारहवीं राशि में यात्रारंभ उत्तम होता है ॥१३०॥

यदि शत्रु की जन्मराशि से अष्टम राशिवाले लग्न में यात्रा करें और उस राशि में उस समय गोचरवश अशुभ (पाप) ग्रहों का संचार हों तो यह शत्रु के लिए हानिकर होता है। उस लग्न की यात्रा से शत्रु मारा जाता है ॥१३१॥

बन्धुस्थाने शीतगुः शोकदाता, षष्ठाधीशो लग्नसंस्थस्तथैव।
रन्ध्रारिस्थो दिक्पतिवीर्यहीनो मृत्युं शोकं कीर्तिहानिञ्च कुर्यात्॥ १३२॥

यदि यात्रा के समय चतुर्थ भाव में चन्द्रमा हो तो शोक देने वाला होता है। इसी प्रकार यदि यात्रा समय के लग्न से षष्ठ स्थान का स्वामी लग्न में बैठा हो तो भी दुःखप्रद होता है।

जिस दिशा की यात्रा की जा रही है उस दिशा का स्वामी ग्रह निर्बल होकर प्रस्थानलग्न के अष्टम या छठे भाव में बैठा हो तो उस लग्न में यात्रा करने से मृत्यु, शोक तथा कीर्ति की हानि होती है ॥१३२॥

माधवीयम्

यातुर्जन्म विलग्नतो मृतिग्रहे लग्नेऽथवा शत्रुभे;
यद्वा षष्ठपतौ तयोर्मृतिगृहाधीशेऽपि वा लग्नगे।
तद्भर्त्रोर्बलहीनयोरथ तयोः पापग्रहारूढयो-
र्निर्वीर्यासु दिगीशसौम्यतनुषु प्राणोत्प्रयाणं हरेत्॥ १३३॥

(१) यात्री के जन्मलग्न एवं जन्मराशि से छठी तथा आठवीं राशि या लग्न यात्रा में त्याज्य है।

(२) यात्री के जन्म का षष्ठेश तथा अष्टमेश में से कोई ग्रह जिस लग्न में बैठा हो वह लग्नराशि त्याज्य है।

(३) जब यात्री के जन्मलग्नेश तथा जन्म राशीश यात्रामुहूर्त की कुण्डली में दुर्बल हों तो वह लग्न भी त्याज्य है।

(४) या यात्राकाल में यात्री के जन्मलग्नेश तथा जन्मराशीश पापग्रहों से पीड़ित हों तब भी यात्रा त्याज्य है।

(५) यदि शुभग्रह लग्न तथा यात्रा की दशा का स्वामी ग्रह दुर्बल हों तब भी यात्रा त्याज्य है।

इन स्थितियों में यात्रा प्रारंभ करना प्राणों को हरता है ॥१३३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुहूर्तरत्नञ्च

इष्टं दत्वाम्बुगश्चन्द्रः पुनराशु मृतिप्रदः ।
दुर्बलोऽरिमृतिस्थो वा दिङ्नाथो गन्तुराधिकृत् ।। १३४।।

यात्रालग्न से चौथे भाव में बैठा चन्द्रमा प्रारंभिक सफलता देकर फिर शीघ्र मृत्यु कर देता है । जिस दिशा को यात्रा करनी है उस दिशा का अधिपति ग्रह यदि षष्ठ, अष्टम भाव में यात्रालग्न से बैठा हो तो भी फल अशुभ होता है ।।१३४।।

षष्ठोऽष्टमो द्वादशकश्च राशिः सर्वेषु कार्येष्वपि गर्हणीयः ।
क्षौरे विवाहे च तथा प्रयाणे षष्ठं विदुः कर्तुरतीव शोभनम् ।। १३५।।

सभी कार्यों में व्यक्ति की छठी तथा आठवीं राशि या लग्न (जन्मराशि या जन्मलग्न से) निन्दित होती है ।

कर्ता के जन्मलग्न तथा राशि से छठी राशि एवं लग्न क्षौरकर्म, विवाह तथा यात्रा में अति शुभ होती है ।।१३५।।

तारावह्निमघामित्रवस्वाद्याः सप्त सप्त च ।
प्राच्यादिषु क्रमात्कल्प्याः कोणेष्वग्न्यादिकेष्वपि ।। १३६।।

परिघो नाम दण्डोऽस्ति वायव्याग्नेयकोणगः ।
तदतिक्रमणं कष्टं नराणान्तु च गोस्त्रियोः ।। १३७।।

कृत्तिका से सात, मघा से सात, अनुराधा से सात तथा धनिष्ठा से अभिजित् सहित सात नक्षत्रों को पूर्वादि दिशाओं में कोणों सहित कल्पित करना चाहिए ।।१३६।।

यह वायव्य से अग्निकोण में जानेवाला दण्ड परिघदण्ड कहलाता है । इस दण्ड का अतिक्रमण यात्रा में मनुष्यों, गायों तथा स्त्रियों को कष्टप्रद होता है ।



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उक्त चित्र में वायव्य से अग्निकोण तक जो मोटी रेखा है वह परिघदण्ड है, उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए। तात्पर्य यह है कि उत्तर-पूर्व दिशा में धनिष्ठा से लेकर आश्लेषा तक १४ नक्षत्रों में दक्षिण तथा पश्चिम की यात्रा नहीं करें, क्योंकि इसमें परिघ दण्ड को लाँघना पड़ेगा। इसी प्रकार दक्षिण-पश्चिम के मघा से लेकर श्रवण तक के चौदह नक्षत्रों में उत्तर तथा पूर्व दिशा की यात्रा नहीं करें।

माधवीयम्

दिक्शूलानि विपत्प्रदानि बलभित् भाद्रा च तारा भगा।
पुष्यस्तीक्ष्णकरोऽच्युतोऽश्वयुगविप्रोक्तो विदिक्षु क्रमात्॥ १३८॥
सर्वास्वश्विव रवीन्दुमित्रमुरजिद्वस्वन्त्यपुष्याच्छुभात्।
जीवो वक्ति परं वराहमिहिरः पुष्याऽर्कमित्राश्विनः॥ १३९॥

पूर्वादि दिशाओं में विदिशाओं सहित क्रम से ज्येष्ठा, पूर्वाभाद्रपदा, रोहिणी, पूर्वाफाल्गुनी, पुष्य, हस्त, श्रवण तथा अश्विनी नक्षत्रों में शूल होता है। यात्रा में यह नक्षत्रशूल विपत्तिप्रद होता है॥१३८॥

बृहस्पति के मत से रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा तथा रेवती ये सभी दिशाओं एवं कोणों की यात्रा के लिए प्रशस्त हैं; अत: सर्वदिग्गमन नक्षत्र कहलाते हैं।

वराह के मत से अश्विनी, पुष्य, हस्त तथा अनुराधा में सभी दिशाओं की यात्रा शुभ होती है।

तात्पर्य यह है कि ज्येष्ठा में पूर्व दिशा की, पूर्वाभाद्र में अग्निकोण की, रोहिणी में दक्षिण की यात्रा न करें। इसी प्रकार अन्य दिशाओं का नक्षत्र-शूल इस चक्र से जानिये।

माधव मत से नक्षत्र शूल का चक्र

ईशान अश्विनी	पूर्व ज्येष्ठा	आग्नेय पूर्वाभाद्र
उत्तर श्रवण		दक्षिण रोहिणी
वायव्य हस्त	पश्चिम पुष्य	नैर्ऋत्य पूर्वाफाल्गुनी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रणदीपिका

प्राच्यादिषु हरिविश्वे चेद् दस्राहिर्बुध्नितारके क्रमशः।
पुष्याजौ भाग्यकरौ रवीवर्ज्याः परिधाह्वयाः परैः प्रोक्ताः ।। १४०।।

रणदीपिका के अनुसार अन्य मत से पूर्व में हरि-विश्वे (श्रवण तथा उत्तराषाढ़ा), दक्षिण में दस्र (अश्विनी) तथा अहिर्बुध्नि (उ.भा.) नक्षत्र, पश्चिम दिशा में पुष्य तथा अज (रोहिणी), उत्तर दिशा में भाग्यकरौ (पूर्वाफाल्गुनी-उ.फा.) तथा रवि (हस्त) ये नक्षत्र परिघ दोष के कारण यात्रा में वर्जित कहे गये हैं ।।१४०।।

माधवीयम्

गमनेषु पञ्चविंशन्नक्षत्रं सप्तविंशमपि कर्तुः।
परिहरणीयं ब्रुवते केचित् सर्वत्र शुभकार्ये।। १४१।।

कुछ लोगों के अनुसार यात्रा में जन्मनक्षत्र से पचीसवाँ तथा सत्ताईसवाँ नक्षत्र भी त्यागना उचित है । शुभ कार्यों में भी कर्त्ता के जन्मनक्षत्र से २५-२७वें नक्षत्रों को त्यागना उचित है ।।१४१।।

किञ्चिद्विशेषः

सर्वदिक्षु शुभं मूलं चित्रां सर्वत्र वर्जयेत्।
प्रतिपच्चस्यते कैश्चिदिमान्निन्दन्ति केचन ।।१४२।।

मूल नक्षत्र में सभी दिशाओं की यात्रा प्रशस्त है तथा चित्रा नक्षत्र में भी सभी दिशाओं की यात्रा वर्जित है । कुछ विद्वानों ने प्रतिपदा को शभ माना है परन्तु कुछ कहते हैं—इसमें यात्रा नहीं करनी चाहिए ।।१४२।।

पुनरपि विशेषमाह

नन्दा भद्रा जया पूर्णा दिक्षु प्राच्यादिषु क्रमात् ।
प्रशस्तास्तिथयो याने नैव राशिरधोमुखः ।।१४३।।

(१) नन्दा, (२) भद्रा, (३) जया तथा (४) पूर्णा ये तिथियाँ क्रमशः पूर्वादि दिशाओं की यात्रा हेतु शुभ हैं । अधोमुख राशिलग्न यात्रा में शुभ नहीं होता है ।।१४३।।

तात्पर्य यह है कि १-६-११ ये नन्दा तिथियाँ पूर्व दिशा हेतु शुभ हैं । २-७-१२ ये भद्रा तिथियाँ दक्षिण दिशा हेतु शुभ हैं । ३-८-१३ ये जया तिथियाँ पश्चिम दिशा हेतु शुभ है । इसी प्रकार ५-१०-१५ ये पूर्णा तिथियाँ उत्तर की यात्रा हेतु शुभ है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



अथ रणदीपिका

भौमस्य मन्दशशिनोर्गुरुचन्द्रसूनोः
शुक्राऽर्कयोः शुभकराः क्रमशो हि वाराः।
प्राच्यादिदिक्षु न शुभा रविभौमजीव-
शीतांशुसूनुभृगुमन्दशशाङ्कवाराः ॥१४४॥

(१) पूर्व दिशा की यात्रा हेतु मंगलवार शुभ है । (२) दक्षिण दिशा हेतु सोमवार-शनिवार ये दोनों श्रेष्ठ हैं । (३) पश्चिम दिशा की यात्रा के लिए बुधवार तथा गुरुवार शुभ हैं । (४) इसी प्रकार पश्चिम दिशा की यात्रा हेतु शुक्रवार तथा रविवार शुभ होते हैं । तात्पर्य यह है कि यात्रा में दिशाशूल वाम भाग में शुभ होता है ।

इसी प्रकार पूर्वादि चारों दिशाओं की यात्रा में क्रमशः रविवार, मंगलवार, गुरुवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार तथा सोमवार वर्जित हैं ॥१४४॥

तात्पर्य यह है—

"सोम शनिश्चर पूरब न चालू ।
मंगल बुध उत्तर दिशि कालू ॥
गुरु को दक्षिण करे पयाना ।
फिर नहिं समझै ताको आना" ॥

यह बात आगे के श्लोक में कही गयी है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीयम्

न प्राचीं रविशुक्रयोः क्षितिभुवो वारे न याम्यां दिशम् ।
मन्देन्द्वोरविपश्चिमान्न विशतात्सौम्यान्न जीवज्ञयोः ।। १४५।।
प्राच्यादि क्रमतः कुजस्य शशभृत् शन्योर्बुधः चार्ययोः ।
भास्वद् भार्गवयोर्दिशः प्रविशतादित्याह वाचस्पतिः ।। १४६।।

पूर्व दिशा में रवि-शुक्र को, उत्तर में मंगलवार को, पश्चिम में सोमवार तथा शनिवार को तथा दक्षिण में बुध एवं गुरुवार को समझदार लोगों को यात्रा नहीं करनी चाहिए ।।१४५।।

पूर्व में मंगल को, दक्षिण में सोमवार-शनिवार को, पश्चिम में बुध एवं गुरुवार को यात्रा करना तथा उत्तर में रविवार एवं शुक्रवार को यात्रा करना शुभ होता है, ऐसा बृहस्पति का मत है ।।१४६।।

"दिशा शूल ले जावो वामे राहु जोगिनी पूठ ।
सन्मुख होवे चन्द्रमा ल्यावे लक्ष्मी लूट"।।

सूर्ये दिने ध्वनिनाशश्चान्द्रे शक्ति-
क्षयोऽन्नहानिश्च ज्वलनासृक्
पित्तरुजः कौजे बौधे सुहृ-
त्प्राप्तिः जैवे जयधनलब्धिः ।
शौक्रे स्त्रीवस्त्रधनलाभान् दैन्यवधबन्धुरोगान्
प्राप्नोति दिने व्रजन्नर्के ।। १४७।।
ग्रहदिवसफलं यदेव यातुस्तदखिलमेव करोति ।
तस्य होरा हिमसलिलसृजो विनाह कश्चिद्
युवतिसमाश्रयरत्नदेति चान्द्रीम्।। १४८।।

अब रणदीपिका के अनुसार किस वार की यात्रा का क्या फल होता है यह बताया जा रहा है ।

(१) रविवार को युद्धयात्रा प्रारंभ करने से मार्ग में विपत्तियों का सामना करना पड़ता है तथा सामग्री की हानि होती है ।

(२) सोमवार की युद्धयात्रा में शक्ति का क्षय होता है एवं अन्नहानि भी होती है ।

(३) मंगल की युद्धयात्रा में अग्निकाण्ड तथा पित्तविकार का भय होता है ।

(४) बुधवार को मित्रों की प्राप्ति होती है, सहयोगी मिलते हैं ।

(५) गुरुवार को सफलता, जीत तथा धनलाभ होता है ।

(६) शुक्रवार को स्त्री, धन तथा वस्त्रों का लाभ होता है ।

(७) शनिवार की यात्रा में रोग, बन्धनभय तथा मृत्युभय उपस्थित होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी प्रकार का फल वारों के कालहोरा में की गयी यात्रा में होता है । परन्तु यदि चन्द्र की होरा हो तो स्त्री, रत्नाभूषण आदि की प्राप्ति होती है । केवल चन्द्र की होरा अपवाद है, शेष के फल वारों के फल की तरह होते हैं ॥१४७-१४८॥

माधवीयम्

यात्रा शुभदा दक्षिणभागे
दिगधीशे केन्द्रे च ।
तदा तद्भवनस्याभ्युदये च
वाराधिपतिदक्षिणसंस्थं शुभमध्याशं सन्ति ॥ १४९॥
विलग्नोपचयस्थस्य शुभदोऽप्यशुभप्रदः ।
वारोऽनुपचयस्थस्य शुभदोऽप्यशुभप्रदः ॥ १५०॥

जिस दिशा की यात्रा की जाय उस दिशा का स्वामी यात्रानक्षत्र के दक्षिण चरण में हो अथवा यात्रालग्न से केन्द्र में तो मात्रा शुभ फल देने वाली होती है । यदि वाराधिपति उपचय राशि (३-६-१०-११ भाव) में बैठा हो तो भी यात्रा शुभ होती है या वह नक्षत्र के दक्षिण भाग में स्थित हो ।

यात्रावार का स्वामी ग्रह अनुपचयभावों में हो तो यात्रा को शुभ नहीं कहा गया है ॥१४९-१५०॥

पुनश्च माधवीयम्

क्रूरैर्व्योमचरैः संयुक्ते याते विन्दति तीव्रान् रोगान् ।
सौम्याश्चैरथ पीयूषां गवात्मीयैः कलहं प्राप्नोति यदि ॥ १५१॥
भेष्ववतिष्ठते भृगुसुतस्तां यो दिशं वामतः
कृत्वाऽग्रेऽप्यथवा प्रयाति सततो नावर्तते दुर्मतिः ।
दुर्भिक्षादिमहोपसर्गजनिते यान्यप्यदूरे तथा
शुक्रादस्ति च दूषणन्न च पुनस्तस्मिन् स्वभोच्चस्थिते ॥ १५२॥
यस्यां दिशि स्थिता नित्यगुलिकाऽर्कजविष्टयः ।
न तां प्रति दिशं यायात् पृष्ठगास्ते जयावहाः ॥ १५३॥
मृदुक्षिप्रचरर्क्षेषु त्यक्त्वा मृगमृगाङ्कगौ ।
जलराशौ विलग्नस्थे दूरं नो यानमिष्यते ॥ १५४॥

यदि प्रस्थान काल में चन्द्रमा क्रूर ग्रहों से युत हो तो यात्रारंभ करने पर सैनिक तीव्र रोगों से पीड़ित हो जाते हैं । यदि शुभ ग्रहों से युत चन्द्रमा हो तो सहयात्रियों से ही झगड़ा हो जाता है । अत: यात्राकाल में चन्द्रमा की स्थिति ग्रह रहित ही होनी चाहिए ॥१५१॥

यात्रारंभ करते समय शुक्राधिष्ठित नक्षत्र यात्री के वाम भाग में हो अथवा सामने हो तो यात्रा करने वाला वापस नहीं लौटता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परन्तु यह शुक्रदोष विपत्ति, दुर्भिक्ष, संकट, महामारी आदि के समय स्थान छोड़कर अन्यत्र गमन करने पर अपना दुष्प्रभाव नहीं दिखाता है । समीप की यात्रा में भी इसका दुष्प्रभाव नहीं होता । यदि शुक्र स्वराशि (वृष-तुला) तथा उच्चराशि (मीन) में हो तो भी वाम तथा सम्मुख होने पर इसका दुष्प्रभाव नहीं होता है ॥१५२॥

जिस दिशा में शनि, गुलिक तथा भद्रा का निवास हो उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए । इनका पीठ पीछे होना जयप्रद होता है ॥१५३॥

समुद्रयात्रा या जलमार्ग से यात्रा—जलमार्ग की यात्रा मृदु नक्षत्रों (मृगशिरा, रेवती, अनुराधा, चित्रा), क्षिप्र नक्षत्रों (हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित्) तथा चर नक्षत्रों (श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पुनर्वसु, स्वाति) में करनी चाहिए । जलयात्रा जलराशिगत लग्न में मकर राशि का चन्द्रमा छोड़कर करनी चाहिए ॥१५४॥

त्यक्त्वा मृगमृगाङ्कगौ—इस वाक्यांश का अर्थ है मकर राशि के चन्द्रमा को छोड़कर । मकर जलीय प्राणी होता है अतः चन्द्रमा जलचर राशि में यदि मकर राशि में है तो नाव तथा यात्रियों को मगरमच्छ का भय रहता है ।

पुनरपि माधवीयम्

यात्रायां तनुमृत्युशत्रुषु विधुं कृष्णे च खाम्ब्वस्तगं
शुक्रं शत्रुमदागमेषु धिषणं रन्ध्रक्षत्रभ्रातृषु ।
पापा न षट् विक्रमाम्बरभवेष्वभ्रे च राह्वर्कजौ,
रिष्फस्थान्नखिलान् ग्रहानशुभदान् प्रोवाच वाचस्पतिः ॥ १५५॥

(१) यात्रालग्न में शुक्लपक्ष का चन्द्रमा लग्न, अष्टम तथा छठे भाव में न हीं होना चाहिए ।

(२) शुक्ल चन्द्र १०-४-७ में न हो ।

(३) शुक्र ६-७-१०-११ भावों में न हो ।

(४) गुरु ३-८-१० भावों में न हो ।

(५) पाप ग्रह ३-६-१०-११ को छोड़कर अन्यत्र न हों ।

(६) राहु-शनि दशम भाव में न हों ।

(७) कोई भी ग्रह बारहवें भाव में नहीं होना चाहिए ॥१५५॥

रणदीपिकायां च सूर्यस्य यात्रालग्ने भावफलम्

सन्तापशोकगदविकर्नकृद्युत्मेऽर्कः
कल्यार्थमानबलहानिकरो द्वितीये ।
हेमान्नविद्रुममणिक्षितिदस्तृतीये
वैराग्यबन्धुकलहारतियश्चतुर्थे ॥ १५६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रापदं सुतगृहेऽध्वनि चार्थसिद्धिं
षष्ठेऽभिवाञ्छितफलाप्तिमरिक्षयञ्च ।
द्यूने कलत्रकलहं धनसंक्षयञ्च
मृत्युङ्करोति निधने सहितारुजं वा ।। १५७।।
धर्मं हिनस्ति नवमे सविताऽर्थदश्च
कृत्वा वियत्यविदितं श्रमकर्मदाता ।
रत्नागमं तु भृगुलाभगतः करोति
कृत्वाप्ययं व्ययगतः कुरुतेऽर्थमन्यम्।। १५८।।

(१) यदि यात्रालग्न के प्रथम भाव में (लग्न में ही) सूर्य बैठा हो तो रोग, शोक, सन्ताप तथा बाधा उत्पन्न करता है ।

(२) यदि यात्रालग्न से द्वितीय भाव में सूर्य हो तो कलह, मानहानि, बलहानि तथा धनहानि होती है ।

(३) यदि तृतीयस्थ सूर्य हो तो स्वर्ण, अन्न, मूँगा, मणि तथा भूमि को देने वाला होता है ।

(४) चतुर्थ का सूर्य वेराग्य देता है तथा बन्धुजनों से कलह कराता है, बचैनी रहती है ।

(५) पंचमस्थ सूर्य सन्तान को कष्ट तथा यात्रा से धनलाभ होता है ।

(६) षष्ठस्थ सूर्य से शत्रुनाश तथा मनोकामना सिद्ध होती है ।

(७) सप्तमस्थ सूर्य से धन की हानि तथा स्त्री से कलह होता है ।

(८) अष्टमस्थ सूर्य बीमारी तथा मृत्यु करता है ।

(९) नवमस्थ सूर्य धर्म की हानि तथा धनलाभ कराता है ।

(१०) दशम भाव में यात्रालग्न का सूर्य अज्ञात कर्म एवं श्रम का फल प्रदान करता है ।

(११) यात्रालग्न से ११वें भाव में स्थित सूर्य रत्नलाभ तथा भृगुलाभ (कछारी ढलवा भूमि) कराता है ।

(१२) द्वादशवें भाव में गया सूर्य धनहानि कराता है ।।१५६-१५८।।

यात्रालग्नकुण्डल्यां चन्द्रफलम्

लग्ने शशिकलकविशोककरो च
स्त्रीवस्त्रान्नरत्नसुहृदात्मजः कुडुम्बे ।
दुश्चिक्यगोयुवतिरत्नधनप्रदाता
बन्ध्वाप्तिदः सुहृदि तत्क्षयदश्च कृष्णेः ।। १५९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थप्रदस्तनयगः सुतशोकदश्च
मित्रारितां प्रकुरुते न सुखञ्च षष्ठे ।
अस्तेऽर्थभूयुवतिदोऽर्थविनोशदोऽणु-
श्चन्द्रोऽष्टमे निधनशोककरः प्रयातु ।। १६०।।
प्रत्येति नाशु नवमे कुरुते च कार्यं
क्षीणोऽत्ययं वियति वृद्धिकरोऽन्यथा स्थे ।
ऐश्वर्यसौख्यधनलाभमुपैति लाभे
क्लेशक्षयव्ययभयानि न रिप्फयाते।। १६१।।

(१) यदि यात्रालग्न में चन्द्रमा हो तो कलह तथा दुःख कारक होता है ।

(२) द्वितीय भाव में स्त्री वस्त्री, अन्न तथा रत्न का लाभ देता है ।

(३) तृतीय भाव में स्त्री, रत्न तथा धन देता है ।

(४) चतुर्थ में मित्रलाभ, बधुलाभ कराता है परन्तु कृष्ण पक्ष का होने पर इन सब की हानि करता है ।

(५) पंचम भाव का चन्द्र पुत्र तथा धन देता है परन्तु कृष्णपक्ष का सन्तति की हानि करता है ।

(६) छठा चन्द्र मित्रों को भी शत्रु बना देता है तथा सुख का अभाव करता है ।

(७) सप्तम भावस्थ चन्द्र भूमि एवं स्त्री का लाभ देता है परन्तु दुर्बल होने पर अर्थहानि करता है ।

(८) आठवाँ चन्द्र यात्रा करने वाले को मृत्युतुल्य कष्ट तथा दुःख पहुँचाता है ।

(९) नवमस्थ चन्द्र यदि यात्राकुण्डली में हो तो यात्री शीघ्र वापस नहीं होता है । परन्तु उस का उद्देश्य सफल होता है ।

(१०) दशम का चन्द्र दुर्बल होने पर धनहानि होती है । यदि बलवान् हो तो धर्म बढ़ता है ।

(११) ग्यारहवाँ चन्द्र ऐश्वर्य, सौख्य तथा धन का लाभ देता है ।

(१२) यात्रालग्न से बारहवाँ चन्द्र हो तो क्लेश, हानि, भय तथा व्ययकारक होता है ।।१५९-१६०-१६१।।

यात्राकुण्डल्यां भौमफलम्

लग्ने विषाग्निरुधिरागमशस्त्रबाधां
भिन्द्याद्बलं धनगतोऽर्थकरश्च पश्चात् ।
दुश्चित्कगोयुवतिरत्नधनाम्बराप्तिं
बन्धुक्षयारिभयदो हिबुके महीजः ।। १६२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रापदं क्षितिसुतः कुरुते सुतस्थः
शत्रुप्रणाशमचिरादरिगः करोति।
अर्थक्षयानरिगदादुनमस्तसंस्थो
बन्ध्वर्थनाशगदमृत्युभयानि मृत्यौ ।। १६३।।
धर्मं न साधयति धर्मगतो महीजः
शस्तोऽम्बरे न शुभदः कथितः परैश्च।
लाभेऽर्थसिद्धिविभवागमदः प्रयातुः
वित्तक्षयं बहु करोति गतश्च रिप्फे।। १६४।।

(१) यदि यात्रालग्न में मंगल स्थित हो तो विष, अग्नि एवं शस्त्र से बाधा होती है तथा रक्तस्राव (Bleeding) होता है ।

(२) यात्रालग्न से द्वितीय भाव में मंगल हो तो बल (सेना) की हानि होती है, पश्चात् धनलाभ होता है ।

(३) तृतीयस्थ भौम स्त्री, रत्न, धन तथा वस्त्रों की प्राप्ति कराता है ।

(४) चतुर्थ का मंगल बान्धवों तथा मित्रवर्ग का क्षय कराता है । शत्रु से भय उत्पन्न होता है ।

(५) पंचम भाव का मंगल सन्तान को कष्टकारक होता है ।

(६) छठा भौम शत्रुओं का नाश करता है ।

(७) सप्तमस्थ भौम धनहानि, रोग, शत्रुप्रकोप आदि से कष्ट देता है ।

(८) अष्टम भाव का भौम बन्धुओं की हानि करता है । रोगभय तथा मृत्युभय होता है ।

(९) यात्रालग्न से नवम भाव का मंगल धर्म की साधना नहीं होने देता है ।

(१०) दशम भाव में मंगल शुभ होता है, कुछ विद्वानों के मत से शुभ नहीं होता।

(११) एकादश भाव में स्थित भौम यात्रा में धनलाभ कराता है, वैभव की वृद्धि करता है ।

(१२) बारहवें भाव का मंगल यात्रा करने वाले को बहुत अधिक धनहानि देता है।

युद्धयात्राकुण्डल्यां बुधस्य भावफलम्

लग्ने कीर्णिसुखार्थलब्धिविजयान् प्राप्नोति वित्तं धने
सोत्कण्ठं स विरागमेति सहजे कामान् लभेताखिलान्।
पाताले शयनान्नपानविभवान् पुत्रागमं पञ्चमे
षष्ठे यात्यरिबन्धुतां शशिसुते क्लेशश्च यातुर्भवेत् ।। १६५।।
जायास्थे प्रवराङ्गनाम्बरधनप्राप्तिर्बुधे कल्प्यते
केचित्क्लेशमुशन्ति नैधनगते शंसन्ति केचित्शुभम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धर्मे धर्मविवृद्धिरम्बरगते सिद्धिर्भवेदीप्सिता
विद्यार्थाप्तिरयत्नतोऽथ परतो रिप्फश्च वाच्यो व्ययः ॥ १६६॥

(१) यात्रालग्न में बुध की स्थिति सुख तथा धन का संचय कराती है तथा विजय देती है।

(२) द्वितीय भाव का बुध धनदायक होता है, कभी धनप्राप्ति चाहने पर होती है कभी बिना चाहे भी हो जाती है।

(३) तृतीयस्थ बुध से सभी मनोकामनाएँ पूरी हाती हैं।

(४) चतुर्थ भाव के बुध से शयनसुख, भोजन, पेय पदार्थ तथा वैभव की प्राप्ति होती है।

(५) पंचम भाव का बुध पुत्रदाता होता है अर्थात् पुत्र से प्रसन्नता मिलती है।

(६) छठे भाव में बुध शत्रु से सन्धि कराता है तथा क्लेशकारक भी होता है।

(७) यात्रालग्न से सातवें भाव का बुध श्रेष्ठ स्त्रियों की प्राप्ति, वस्त्राभूषण तथा धन की प्राप्ति कराता है।

(८) अष्टम भावगत बुध की कुछ विद्वान् प्रशंसा करते हैं तथा कुछ उसे अशुभ बताते हैं।

(९) नवम भाव का बुध धर्म की वृद्धि करता है।

(१०) दशम भाव का बुध मनोवांछित सफलता देता है।

(११) एकादश भाव का बुध बिना प्रयास के धन तथा विद्या की प्राप्ति कराता है।

(१२) द्वादश भाव में स्थित बुध के समय यात्रा करने से धन का अतिव्यय होता है ॥१६५-१६६॥

युद्धयात्राकुण्डल्यां गुरुभावफलम्

कीर्णिर्लग्ने चार्थलब्धिर्द्वितीये दुश्चित् कास्थेक्षु श्रमाप्तिः सुखाढ्ये ।
पातालस्थे धर्मताश्चाभिमानः कार्यं सिध्यत्यात्मजस्थेऽप्यसाध्यम् ॥ १६७॥
षष्ठे जीवे शत्रुरायाति वश्यं केचित्प्राहुः वश्यतां याति शत्रोः ।
विन्दत्यस्तेऽरिः स्वयोषायशंसि मृत्यौ प्राणान् हन्त्यथान्ये जगुर्नः ॥ १६८॥
पुत्रोत्पत्तिः धर्मवृद्धिश्च धर्मे जीवे कर्मण्यर्थसिद्धिर्यशश्च ।
लाभे जीवे वाञ्छितं याति सिद्धिं रिप्फं प्राप्ते क्लिश्यतेऽनेकदुःखैः॥ १६९॥

(१) यदि यात्रालग्न (युद्धयात्रा का लग्न) में गुरु हो तो ''कीर्णि'' होती है। कीर्णि का अर्थ प्रसार या फैलाव होना है। अस्तु, लग्न के गुरु से यात्रा करने वाले की ख्याति चारों ओर फैलती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) द्वितीयस्थ गुरु से धनप्राप्ति होती है ।

(३) तृतीय भाव का गुरु यात्रा में थकान (श्रम) उत्पन्न करता है, जिससे ऊब तथा उकताहट होती है ।

(४) चतुर्थ भाव के गुरु में धार्मिक कार्यों में रुचि तथा अभिमान होता है ।

(५) पंचम भाव के गुरु से कठिन कार्य में असाधारण सफलता प्राप्त होती है ।

(६) यदि युद्धयात्रा के लग्न से छठे स्थान में गुरु हो तो शत्रु वश में होता है । अन्य विद्वानों के अनुसार स्वयं यात्री शत्रु के फन्दे में फँस जाता है ।

(७) यदि गुरु सप्तम भाव में हो तो प्रसिद्धि की प्राप्ति होती है, धन कि तथा यश की प्राप्ति होती है ।

(८) अष्टमस्थ गुरु के कारण प्राणहानि होती है, अन्य मत से दीर्घायु होती है ।

(९) नवम भावस्थ गुरु के कारण पुत्रसुख मिलता है तथा धर्मकाय सम्पन्न होते है ।

(१०) दशम भावस्थर गुरु से मनोवांछित सफलता मिलती है, धन तथा यश की प्राप्ति होती है ।

(११) ग्यारहवाँ गुरु साफल्य देता है ।

(१२) बारहवाँ गुरु अनेक प्रकार के दुःख एवं क्लेश देता हैं ।

युद्धयात्राकुण्डल्यां भृगुद्वादशभावफलम्

वेश्यार्थाम्बरमाल्यभोजनसुखप्राप्तिर्विलग्ने भृगौ
लाभोऽर्थे सहजेन सीदति गतः प्राप्नोति चेष्टां श्रुतिम् ।
पाताले सुहृदागमः सुतगृहे स्थानार्थमानाप्तयः
षष्ठे शत्रुपराभवा रतिशुचस्त्वन्येऽन्यथाऽतो जगुः ।। १७०।।
दत्वा स्त्रीधनमस्तगस्वविषयव्युच्छित्तिदो भार्गवः
कार्यं साधयतेऽष्टमेऽथ नवमे क्षिप्रं करोतीप्सितम् ।
स्वार्थं कर्मगतः प्रभूतधनदो लाभे जयार्थप्रदः
शश्वद्द्वादशगः श्रमं प्रकुरुते शस्तोऽपरैर्द्वादशे।। १७१।।

(१) यात्रालग्न में शुक्र वस्त्राभूषण, गन्ध-माल्य, भोजन, सुख तथा वेश्यादि की प्राप्ति कराता है ।

(२) द्वितीय भाव का शुक्र धन का लाभ कराता है ।

(३) यदि यात्रालग्न से तृतीय भाव में शुक्र स्थित हो तो शरीर में स्फूर्ति रहती है, शीघ्र थकान नहीं आती है । खोई हुई वस्तु या तो प्राप्त हो जाती है या उसके सम्बन्ध में कोई श्रुति (सूचना) मिल जाती है ।

(४) यदि शुक्र चतुर्थ भाव में हो तो मित्रों एवं बान्धवों से सम्बन्ध सुदृढ़ होते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(५) पंचम भाव के शुक्र से यात्रा में स्थान, पद एवं धन का लाभ होता है तथा सम्मान प्राप्त होता है ।

(६) यदि यात्रालग्न से छठे भाव में शुक्र हो तो शत्रुओं से कष्ट होता है, दुःख मिलता है परन्तु अन्य मत से शत्रु नष्ट होते हैं तथा सुख की प्राप्ति होती है ।

(६) सप्तम भाव का शुक्र प्रारम्भ में स्त्री, धन, वस्त्राभूषणों की प्राप्ति कराता है परन्तु अन्त में इनसे वियोग भी होता है ।

(८) अष्टम भाव का शुक्र सफलतादायक होता है ।

(९) नवम भाव का शुक्र हो तो शीघ्र ही मनोवांछित कार्य सम्पन्न होता है ।

(१०) यात्रालग्न से दशम भाव का शुक्र प्रभूत मात्रा में धन आदि का लाभ तथा कार्य में सफलता करता है ।

(११) ग्यारहवाँ शुक्र स्थायी विजय देता है ।

(१२) बारहवें भाव में स्थित शुक्र कुछ विद्वानों के अनुसार अधिक परिश्रम कराता है । परन्तु अन्यों के अनुसार द्वादश शुक्र शुभ होता है ।।१७०-१७१।।

युद्धयात्राकुण्डल्यां मन्दफलम्

बन्धुवधश्चार्कसुते विलग्ने धनेऽर्थहानिं लभते ।
शुचञ्च शत्रोर्बलं हन्ति गतस्मृति चेच्चतुर्थगे तु।। १७२।।
नार्थप्रसिद्धिः सुतभेऽर्कपुत्रे रिपुं रिपुस्थे स जयत्ययत्नात्।
उत्साहभङ्गोऽक्षिरुजश्च कामे विषाग्निशस्त्रादिवधोऽष्टमस्थे।। १७३।।
धर्मे न धर्मं लभते सुखं वा न निर्वृतिः कर्मफलञ्च खस्थे।
एकादशस्थे जयवित्तलाभौ मन्देऽन्त्यगेनार्थमुपैति यातः ।। १७४।।

(१) यदि यात्रालग्न में सूर्यपुत्र (शनि) बैठा हो तो बन्धुहानि का सूचक होता है, किसी प्रिय व्यक्ति का वियोग होता है ।

(२) द्वितीय भाव का शनि धनहानि कराता है ।

(३) तृतीय भाव का शनि शत्रुपक्ष के बल को नष्ट करता है ।

(४) यात्रालग्न से चौथे भाव का शनि व्यक्ति को गुमनाम कर देता है, उसकी सुधि कोई नहीं लेता ।

(५) यदि यात्रालग्न से पंचम भाव में शनि हो तो प्रत्येक कार्य को असफल करता है ।

(६) छठा शनि बिना प्रयास के शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला होता है ।

(७) सप्तम भाव का शनि उत्साह भंग करता है तथा नेत्रों में पीड़ा (नेत्रदृष्टि की अल्पता आदि) करता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(८) विष, अग्नि, अस्त्र-शस्त्र आदि से घाव तथा मृत्यु होती है—यदि यात्रालग्न से वह आठवें स्थान में होता है।

(९) नवम भाव के शनि से धर्म तथा सुख दोनों की प्राप्ति होती है।

(१०) यदि यात्रालग्न से दशम भाव में शनि हो तो किये हुए परिश्रम का फल नहीं मिलता जिससे यात्रा से वापसी भी संभव नहीं होती।

(११) ग्यारहवें भाव का शनि शत्रु पर विजय तथा धनलाभ प्रदान करता है।

(१२) यदि द्वादश भाव में शनि हो तो यात्रा करने वाले का काम नहीं बनता है ॥१७२-१७३-१७४॥

यात्राकुण्डल्यां ग्रहाणां प्रकीर्णफलम्

प्रायो जगुःसहजशत्रुदशाय संस्थाः
पापाः शुभं सवितृजं परिहृत्य खस्थम्।
सर्वत्रगाः शुभफलं जनयन्ति सौम्या
हित्वाऽस्तसंस्थममरारिगुरुं जिगीषो ॥ १७५॥

सौम्योऽपि जन्मनि न यश्शुभवृष्टिदाता
स्थानं न तस्य शुभदं व्रजतो विलग्ने।
पापो विशः शुभफलं प्रकरोति पुंसः
स्थानं विलग्नगतमिष्टमुशन्ति तस्य ॥ १७६॥

यदि पापग्रह तीसरे, छठे, दशवें तथा ग्यारहवें भाव में (यात्रालग्न से) बैठे हों जिनमें शनि दशम को छोड़कर अन्यत्र (३-६-११ में) हो तो शुभ फल प्राप्त होता है। दशम भाव में शनि शुभ फल नहीं देता है।

शुभ ग्रह दशम भाव में शुभ फल प्रदान करता है परन्तु शुक्र सप्तम भाव में शुभ फल नहीं देता है ॥१७५॥

जिसकी जन्मकुण्डली में जो शुभ ग्रह शुभप्रद स्थिति में न हो वह शुभ ग्रह यदि यात्रालग्न में स्थित हो तो वह यात्रा में शुभ फल नहीं देता है। इसी प्रकार किसी जन्मकुण्डली में पाप ग्रह शुभफलदायी हो परन्तु वह यात्राकुण्डली के लग्न में बैठा हो तो वह भी शुभ फल देता है ॥१७६॥

दशागोचरादिफलम्

दशाधिपस्य यः शत्रुर्न जन्मनि बलान्वितः।
न गोचरे स शुभदः स हि सौम्योऽप्यनिष्टदः॥ १७७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यः साम्प्रतं शुभफलो यश्च जन्मनि वीर्यवान् ।
दशापतेरतिसुहृत् पापोऽपीष्टप्रदो हि सः ।। १७८।।
निजरिपुजन्माधिपतीन्नीचस्थस्तरणिलुप्तकिरणो वा ।
लग्ने वा षष्ठे वा तिष्ठति यदि शोभना यात्रा ।। १७९।।

यात्रा समय जिस ग्रह की विंशोत्तरी दशा चल रही हो वह ग्रह यदि जन्मकुण्डली में दुर्बल हो तथा वर्तमान (यात्राकालीन) गोचर में भी वह ग्रह अशुभ हो, यदि वह ग्रह यात्रा लग्न में स्थित हो तो अनिष्ट फल देने वाला होता है ।।१७७।।

परन्तु जो ग्रह यात्राकालीन गोचर में बली हो, जन्मकुण्डली में भी बलवान् हो तथा वर्तमान विंशोत्तरी दशा के भुक्तिपति का अतिमित्र हो तो भले ही वह पाप ग्रह क्यों न हो वह यात्रालग्न में बैठ कर शुभ फल ही प्रदान करेगा ।।१७८।।

यदि यात्रा करने वाले राजा या सेनाध्यक्ष आदि के शत्रु की जन्मराशि का स्वामी युद्धयात्रा के समय अस्तंगत, नीच होकर यात्रालग्न में या उसके छठे भाव में बैठा हो तो यात्रा शुभफलदायक होगी ।।१७९।।

मान लीजिए—यात्रा करने वाले (युद्धयात्री) के शत्रु व्यक्ति की जन्मकालीन चन्द्रराशि तुला है, उसका स्वामी शुक्र यदि सूर्य के साथ ७° से कम अन्तर पर हो (अस्त हो) या कन्याराशि में नीच का हो या अधिशत्रु की राशि में होकर यात्रालग्न में हो तो शुभ फल करेगा ।

यात्रायां शुभयोगानां महत्त्वम्

यात्रायां शुभदा योगा माधवीयादिषूदिताः ।
ग्राह्यास्तेऽपि यथालाभं राज्ञाऽन्यैरप्यभेदितः ।। १८०।।
जनानामपि सर्वेषां साधारणफला अपि ।
राज्ञां विशेषफलदा योग्या इत्याह माधवः ।। १८१।।
योगैः सिद्धिर्धरणिपतीनां विप्रादीनामुडुतिथिवीर्यैः ।
चोरादीनां शुभशकुनैः साऽयनेऽन्येषां भवति मुहूर्ते ।। १८२।।

माधवीयादि में कहा गया है कि ज्योतिषशास्त्र में यात्रा के समय जो शुभ योग कहे गये हैं उनका उपयोग राजाओं की यात्रा तथा जनसामान्य की यात्रा में बिना भेदभाव के समान रूप से करना चाहिए ।।१८०।।

बस अन्तर केवल इतना है कि साधारण लोगों को शुभ योग में यात्रा करने से साधारण शुभ फल की प्राप्ति होती है जबकि राजा या राजपुरुषों को उनके पद एवं भाग्यादि के अनुसार इन योगों का विशेष शुभ फल प्राप्त होता है ।।१८१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विद्वान् ज्यातिषियों को यात्रा की सफलता के लिए राजा लोगों को शुभ योग (यात्रा लग्नकुण्डली के अनुसार) बताना चाहिए । ब्राह्मणादि की यात्रा में सफलता हेतु उन्हें बली ग्रहों के अनुसार यात्रा करने को कहें तथा चौरों-डाकुओं आदि की यात्रा शुभ शकुन से होती है । अन्य सभी लोगों को शुभ मुहूर्त में यात्रा करनी चाहिए ।।१८२।।

चोरों के लिए यात्रामुहूर्त बताना कुछ विचित्र-सा लगता है और आज कोई चोर ज्योतिषी से मुहूर्त पूछने आता भी नहीं है, क्योंकि उसके पकड़े जाने का भय रहता है । प्राचीन काल में ऐसे अनेक चरित्रवान् वीर लोग होते थे और वे चोरी की कला में निपुण होते थे । वे चोरी किये धन को निर्धनों एवं अपाहिजों में बाँट देते थे ।

शस्त्रादीनां व्यवस्थाकथनम्

प्राच्यादिदिक्षु यानेऽस्ति वाहनानां व्यवस्थितिः ।
लब्ध्यै वैरिजयादीनां माधवीये यथोदितम् ।। १८३।।

यास्यन्नृपो दक्षिणपादपूर्वं
द्वात्रिंशदध्युर्विपदानि गत्वा ।
यायात्ततो हस्तिरथांश्च मर्त्यान्
आरुह्य काष्ठाः क्रमशश्चतस्रः।। १८४।।

पूर्वादि दिशाओं की यात्रा के अनुसार माधवीय ग्रन्थ में शत्रु पर विजय-प्राप्ति हेतु वाहनों तथा शस्त्रों की व्यवस्थिति किस प्रकार करें ? यह बताया गया है । उस व्यवस्था को करना चाहिए ।।१८३।।

राजा (या सेनाधिकारी) को चाहिए कि युद्धभूमि में प्रस्थान के पूर्व वह सर्वप्रथम अपना दाहिना पैर आगे करके बत्तीस पद (कदम) आगे बढ़कर तब अपने वाहन पर बैठे जिनमें हाथी, रथ, पालकी तथा घोड़ा क्रमशः इनका उपयोग पूर्वादि दिशाओं की यात्रा हेतु करना चाहिए ।।१८४।।

यात्राविधिकथनम्

सहस्रं वा तदर्धं वा शतं वा धनुषा पथि।
नागत्वा प्रस्थितस्तिष्ठेत् ततस्तिष्ठतु यातु वा ।। १८५।।
नैकत्र वसतु दिवसं दशप्रयातो नृपो नन्वश्चान्यः।
यदि निवसेत् प्रस्थानं पुनरपि कुर्वत् शुभे समये ।। १८६।।

जब राजा एक बार यात्रा प्रारंभ कर दे तो उसे फिर उसके उपरान्त उसे एक सहस्र (१०००) धनुष की दूरी पर जाकर रुकना चाहिए । यदि इतनी दूरी पर जाना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संभव न हो तो उसकी आधी दूरी अर्थात् पाँच सौ धनुषों पर जाकर ही रुकना चाहिए। यदि इतनी यात्रा भी संभव न हो तो विश्राम सौ धनुष की दूरी पर करना चाहिए । सौ धनुष की दूरी से कम दूरी पर विश्राम करना युद्ध की यात्रा में शुभ तथा व्यावहारिक नहीं माना गया है ॥१८५॥

इसी प्रकार एक ही स्थान पर दस दिनों तक विश्राम नहीं करना चाहिए । यह नियम राजा या सेनाधिकारी के लिए है । सामान्य व्यक्ति को यात्रा के मध्य में एक ही स्थान पर लगातार पाँच दिनों से अधिक विश्राम नहीं करना चाहिए । यदि वे इससे अधिक रुकें तो उन्हें पुनः नये मुहूर्त पर यात्रा प्रारंभ करना चाहिए ॥१८६॥

शकुनमपि किञ्चिल्लिख्यते

सर्वतः क्षुतमशोभनगोक्षुतं मरणमेव करोति ।
केचिदाहुरबलाद्यवृद्धपीनसिकबालवृन्तञ्च ॥ १८७॥

किसी भी कार्य के प्रारंभ करने पर छींक होना शुभ नहीं माना गया है । यदि गाय छींके तो मृत्यु का सूचक है । कुछ विद्वानों के मत से बूढ़े, बालक, दुर्बल तथा रोगी व्यक्तियों की छींक को अशुभ नहीं मानना चाहिए ॥१८७॥

भैषज्ये वाहनारोहे वासने शयनेऽशने ।
विद्यारम्भे बीजवापे क्षुतं शुभकरं स्मृतम् ॥ १८८॥

औषधि सेवन का समय, वाहन पर पैर रखते समय, आसन पर बैठते समय, भोजन के प्रारंभ समय, विद्यारंभ या पुस्तक पठनारंभ करते समय, बीज-वपन (बीज बोने तथा गर्भाधानादि के समय) के समय छींक को शुभ जानना चाहिए ॥१८८॥

दृश्यशकुनाः

प्रज्वलज्ज्वलनदन्तितुरङ्गा भद्रदीपगणिकाङ्कुशमृत्साः ।
अक्षतेक्षुफलचामरभक्ष्याऽऽयुधानि तु शुभानि भवन्ति॥ १८९॥

जब जलती हुई मशालें, अग्नि, हाथी, घोड़े, भद्रदीप (मंगलदीप), वेश्या, कुश, गीली ताजी मिट्टी, अक्षत, ईख, चामर, भोज्य पदार्थ तथा शस्त्रास्त्रों के दर्शन यात्रा काल में शुभ होते हैं ॥१८९॥

श्रव्यशकुनाः

भेरीमृदङ्गमृदुमद्दलशङ्खवीणा-
वेदध्वनिर्मधुमङ्गलगीतघोषाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रान्विता च युवतिः सुरभिः सवत्सा
धौताम्बरश्च रजकोटिमुखः प्रशस्तः॥ १९०॥

यदि यात्रा के आरंभ समय तथा मार्ग में भेरी (शहनाई), मृदंग, मृदुमदल, शंख, वीणा, वेदमंत्रोच्चार, मंगलगीत आदि सुनाई पड़ें तो शुभ होते हैं।

यदि पुत्र के साथ युवती, बछड़े के साथ गाय, धुले हुए वस्त्र ले जाता हुआ धोबी आदि दिखें तो यात्राकाल में शुभ होते हैं ॥१९०॥

यात्राकाले कलहादिश्रवणफलम्

प्रस्थितिकाले स्यात्कलहश्चेत्।
रोदनशब्दो वा न च गच्छेत्॥ १९१॥

प्रस्थान काल में यदि कलह सुनाई पड़े या रोना-पीटना सुनाई पड़े तो यात्रा नहीं करनी चाहिए ॥१९१॥

समरे मृत्युप्रश्नः

ममाद्य समरे मृत्युः किं किं वा रणोद्भवः।
जयो वेत्यादिपृच्छायां वाच्यं चक्राद्यमुच्यते॥ १९२॥

यदि कोई युद्ध में जाने वाला सैनिक यह प्रश्न पूछे कि "मेरी मृत्यु आज के युद्ध में होगी या नहीं ? युद्ध में जीत होगी या हार होगी ?" तब इस प्रश्न का उत्तर इस प्रकार देना चाहिए ॥१९२॥

अथ सूर्यचक्रम्

पार्श्वाढ्ये सार्कभे तच्छिवमुखनवके तारकाणां द्विषट्के
मृत्युः शेषेषु युद्धे जय इह तु पुनस्तत्तृतीये चतुर्थे।
विशें वाप्येकविंशे सुमहितविजयो भास्वतश्चक्रमेतद्
योद्धा मृत्युञ्जयं वा निजनिजभगतं सम्प्रहारे लभेत॥ १९३॥

यात्राकालीन सूर्यनक्षत्र से जिस योद्धा अथवा गन्ता (गमनकर्त्ता) का जन्मनक्षत्र दूसरा, सत्ताईसवाँ, ग्यारहवाँ, बारहवाँ, तेरहवाँ, चौदहवाँ, पन्द्रहवाँ, सोलहवाँ, सत्रहवाँ, अठारहवाँ तथा उन्नीसवाँ हों तो उस की युद्ध में मृत्यु होती है।

इसी प्रकार यात्राकालीन सूर्यनक्षत्र से यात्री का जन्मनक्षत्र तीसरा, चौथा, बीसवाँ तथा इक्कीसवाँ हों तो सफलता में कमी होती है। शेष नक्षत्र अर्थात् पाँचवाँ, छठा, सातवाँ, आठवाँ, नौवाँ, दसवाँ, बाईसवाँ, तेईसवाँ, चौबीसवाँ, पच्चीसवाँ तथा छब्बीसवाँ हों तो पूर्ण रूप से सफलता मिलती है ॥१९३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यचक्र प्रथम भाग (अशुभ नक्षत्र)

क्रमांक	सूर्याधिष्ठित नक्षत्र	दूसरा	ग्यारहवाँ	बारहवाँ	तेरहवाँ	चौदहवाँ	पन्द्रहवाँ	सोलहवाँ	सत्रहवाँ	अठारहवाँ	उन्नीसवाँ	सत्ताईसवाँ जन्मनक्षत्र
१	अश्विनी	भरणी	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	रेवती
२	भरणी	कृ.	उ.फा.	ह.	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	अश्विनी
३	कृत्तिका	रो.	ह.	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	भरणी
४	रोहिणी	मृग.	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	कृत्तिका
५	मृगशिरा	आर्द्रा	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	रोहिणी
६	आर्द्रा	पुन.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	धनि.	शत.	मृगशिरा
७	पुनर्वसु	पुष्य	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.	आर्द्रा
८	पुष्य	श्ले.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	पुनर्वसु
९	आश्लेषा	मघा	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	ध.	श.	पू.भा.	उ.भा.	रे.	पुष्य
१०	मघा	पू.फा.	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	श्लेषा
११	पू.फा.	उ.फा.	उ.षा.	श्रवण	ध.	शत.	पू.भा	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	मघ
१२	उ.फा.	ह.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भरणी	कृ.	पू.फ
१३	हस्त	चि.	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा	रेव.	अश्वि.	भरणी	कृ.	रो.	उ.फा.
१४	चित्रा	स्वा.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	कृ.	रो.	मृग.	हस्त
१५	स्वाति	वि.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भरणी	कृ.	रो.	मृग.	आर्द्रा	चित्रा
१६	विशाखा	अनु.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	कृत्तिका	रो.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	स्वाति
१७	अनुराधा	ज्ये.	रे.	अश्वि.	भर.	कृ.	रोहिणी	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	विशाखा
१८	ज्येष्ठा	मू.	अश्वि.	भर.	कृ.	रो.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्लेषा	अनुराधा
१९	मूल	पू.षा.	भर.	कृ.	रो.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्लेषा	मघा	ज्येष्ठा
२०	पूर्वाषाढ़ा	उ.षा.	कृत्ति	रो.	मृ.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्ले.	मघा	पू.फा.	मूल
२१	उत्तराषाढा	श्र.	रो.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्लेषा	म.	पू.फा	उ.फा	पू.षा.
२२	श्रवण	धनि.	मृ.	आर्द्रा	पुन	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा	उ.फा	हस्त	उ.षा.
२३	धनिष्ठा	शत.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चित्रा	श्रवण
२४	शतभिषा	पू.भा.	पुन.	पुष्य	श्ले.	मघा	पू.फा	उ.फा.	ह.	चि.	स्वाति	धनि.
२५	पूर्वाभाद्र	उ.भा.	पु.	श्ले.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चि.	स्वा.	विशा.	शतभिषा
२६	उत्तराभाद्र	रे.	श्ले.	म.	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चि.	स्वा.	वि.	अनु	पू.भा.
२७	रेवती	अश्वि.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	उ.भा.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यचक्र द्वितीय भांग (अल्प सफलतादायक नक्षत्र)

क्रमांक	सूर्य नक्षत्र	जन्म नक्षत्र तीसरा	जन्मनक्षत्र चौथा	जन्मनक्षत्र बीसवाँ	जन्मनक्षत्र इक्कीसवाँ
१.	अश्विनी	कृत्तिका	रोहिणी	पूर्वाषाढ़ा	उत्तराषाढा
२.	भरणी	रोहिणी	मृगशिरा	उत्तराषाढा	श्रवण
३.	कृत्तिका	मृगशिरा	आर्द्रा	श्रवण	धनिष्ठा
४.	रोहिणी	आर्द्रा	पुनर्वसु	धनिष्ठा	शतभिषा
५.	मृगशिरा	पुनर्वसु	पुष्य	शतभिषा	पूर्वाभाद्र
६.	आर्द्रा	पुष्य	श्लेषा	पूर्वाभाद्रपदा	उत्तराभाद्र
७.	पुनर्वसु	आश्लेषा	मघा	उत्तराभाद्रपदा	रेवती
८.	पुष्य	मघा	पूर्वाफाल्गुनी	रेवती	अश्विनी
९.	श्लेषा	पूर्वाफाल्गुनी	उत्तराफाल्गुनी	अश्विनी	भरणी
१०.	मघा	उत्तराफाल्गुनी	हस्त	भरणी	कृत्तिका
११.	पू.फा.	हस्त	चित्रा	कृत्तिका	रोहिणी
१२.	उ.फा.	चित्रा	स्वाति	रोहिणी	मृगशिरा
१३.	हस्त	स्वाति	विशाखा	मृगशिरा	आर्द्रा
१४.	चित्रा	विशाखा	अनुराधा	आर्द्रा	पुनर्वसु
१५.	स्वाति	अनुराधा	ज्येष्ठा	पुनर्वसु	पुष्य
१६.	विशाखा	ज्येष्ठा	मूल	पुष्य	आश्लेषा
१७.	अनुराधा	मूल	पूर्वाषाढ़ा	श्लेषा	मघा
१८.	ज्येष्ठा	पूर्वाषाढा	उत्तराषाढ़ा	मघा	पू.फा.
१९.	मूल	उत्तराषाढ़ा	श्रवण	पूर्वाफाल्गुनी	उ.फा.
२०.	पू.षा.	श्रवण	धनिष्ठा	उ.फा.	हस्त
२१.	उ.षा.	धनिष्ठा	शतभिषा	हस्त	चित्रा
२२.	श्रवण	शतभिषा	पूर्वाभाद्र	चित्रा	स्वाति
२३.	धनिष्ठा	पूर्वाभाद्र	उत्तराभाद्र	स्वाति	विशाखा
२४.	शतभिषा	उत्तराभाद्रपद	रेवती	विशाखा	अनुराधा
२५.	पू.भा.	रेवती	अश्विनी	अनु.	ज्येष्ठा
२६.	उ.भा.	अश्विनी	भरणी	ज्येष्ठा	मूल
२७.	रेवती	भरणी	कृत्तिका	मूल	पूर्वाषाढ़ा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यचक्र तृतीय भाग (युद्ध में पूर्ण सफलतादायक नक्षत्र)

क्रमांक	सूर्याधिष्ठित नक्षत्र	पाँचवाँ जन्मर्क्ष	छठा	सातवाँ	आठवाँ	नौवाँ	दशवाँ	बाईसवाँ	तेईसवाँ	चौबीसवाँ	पच्चीसवाँ	छब्बीसवाँ जन्मनक्षत्र
१.	अश्विनी	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्ले.	मघा	श्रवण	धनि.	शत	पू.भा.	उ.भा.
२.	भरणी	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा.	धनि	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रे
३.	कृत्तिका	पुन.	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा.	उ.फा	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रे.	अश्वि.
४.	रोहिणी	पुष्य	श्ले.	मघा	पू.फा.	उ.फा	ह.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भ.
५.	मृगशिरा	श्लेषा	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चि.	उ.भा.	रे.	अश्विनी	भर.	कृ.
६.	आर्द्रा	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	रेवती	अ.	भरणी	कृ.	रो.
७.	पुनर्वसु	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वाति	वि.	अश्वि.	भर.	कृत्ति	रो.	मृ.
८.	पुष्य	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वाति	विशा.	अनु.	भर.	कृ.	रो.	मृ.	आ.
९.	श्लेषा	हस्त	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	कृ.	रो.	मृ.	आ.	पुन.
१०.	मघा	चित्रा	स्वाति	विशा.	अनु.	ज्ये.	मृ.	रो.	मृ.	आ.	पुन.	पुष्य
११.	पू.फा.	स्वाति	विशा.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.	मृ.	आ.	पुन.	पुष्य	श्ले.
१२.	उ.फा.	विशा.	अनु.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	आ.	पुन.	पुष्य	श्ले.	म.
१३.	हस्त	अनु.	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	पुन.	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा.
१४.	चित्रा	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	ध.	पुष्य	श्ले.	म.	पू.फा.	उ.फा.
१५.	स्वाति	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्रवण	ध.	शत.	श्ले.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त
१६.	विशाखा	पू.षा.	उ.षा.	श्रव.	धनि.	श.	पू.भा.	म.	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चित्रा
१७.	अनु.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चि.	स्वाति
१८.	ज्येष्ठा	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रे.	उ.फा.	हस्त	चि.	स्वा.	विशा.
१९.	मूल	धनि.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रे.	अश्वि.	ह.	चित्रा	स्वा.	वि.	अनु.
२०.	पू.षा.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	रेव.	अश्वि.	भर.	चि.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.
२१.	उ.षा.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	कृ.	स्वा.	वि.	अनु.	ज्ये.	मूल
२२.	श्रवण	उ.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	कृ.	रो.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा.
२३.	धनि.	रेवती	अश्वि.	भर.	कृत्ति.	रो.	मृग.	अनु.	ज्ये.	मू.	पू.षा	उ.षा.
२४.	शत.	अश्वि.	भर.	कृत्ति.	रोहि.	मृ.	आर्द्रा	ज्ये.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	श्र.
२५.	पू.भा.	भर.	कृत्ति.	रोहि.	मृग.	आ.	पुन.	मू.	पू.षा.	उ.षा.	श्र.	ध.
२६.	उ.भा.	कृत्ति.	रो.	मृ.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	पू.षा.	उ.षा.	श्रव.	ध.	शत.
२७.	रेवती	रोहि.	मृग.	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	श्ले.	उ.षा.	श्रवण	धनि.	शत.	पू.भा.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यकालाग्निचक्रम्

सार्के पार्श्वयुते भयं खलु तृतीयाद्यष्टके सार्कभात्
पश्चात् प्राक्च जयोर्कभे तिथिगते त्रिते त्रिष्वेकमृत्युस्थितः।
एतेषा निजपार्श्वगोडुषु पृथक् षट्सु त्रयायामरु-
च्चक्रं साभिजिदर्ककालहुतभुक्संज्ञः फलं पूर्ववत् ।। १९४।।

युद्ध समय सूर्य जिस नक्षत्र में स्थित हो उस नक्षत्र के पार्श्ववाले नक्षत्रों (द्वितीय एवं सत्ताईसवाँ नक्षत्र) में जिस योधा का जन्मनक्षत्र पड़े उसको युद्ध से डर लगेगा, वह निर्भय होकर नहीं लड़ सकेगा ।

यदि योद्धा का नक्षत्र सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से तीसरा तथा दसवाँ (अर्थात् तृतीय से आठवाँ) होगा तो युद्ध में जीत होगी ।

यदि योद्धा का जन्मनक्षत्र सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से प्रथम, चौदहवाँ तथा पन्द्रहवाँ होगा तो उसकी युद्ध में मृत्यु होगी ।

यदि सूर्यनक्षत्र से योद्धा का जन्मनक्षत्र २६वाँ, दूसरा, तेरहवाँ, पन्द्रहवाँ तथा सोलहवाँ होगा तो उसे युद्धकाल में रोग से पीड़ा होगी । यह सूर्यकालाग्नि चक्र कहलाता है । इसमें नक्षत्रों की गणना अभिजित् सहित करें ।।१९४।।

सूर्यशूलचक्रम्

सार्के पार्श्वयुतोडुनश्च तदधश्चोर्ध्वञ्च रन्ध्राधिके
नक्षत्रत्रितये च मृत्युरुदितो भङ्गस्त्रयेऽर्कादिके ।
सार्कक्षोभयतस्तृतीयभमुखे षट्के जयो युध्यतां
जन्मर्क्षानुगुणं भवेदिह फलं शूलं रवेः स्यादिदम् ।। १९५।।

जिनका जन्मनक्षत्र सूर्याश्रित नक्षत्र से युद्धयात्रा युद्धारंभ काल में दूसरा, नौवाँ, दसवाँ, ग्यारहवाँ अठारहवाँ, उन्नीसवाँ, बीसवाँ होता है उनकी युद्ध में मृत्यु होती है ।

जिनका जन्मर्क्ष सूर्यर्क्ष से बारहवाँ, तेरहवाँ, चौदहवाँ, पन्द्रहवाँ, सोलहवाँ तथा सत्रहवाँ हो उनकी पराजय होती है ।

सूर्यनक्षत्र से जिनका जन्मनक्षत्र तीसरा, चौथा, पाँचवाँ, छठा, सातवाँ, आठवाँ, इक्कीसवाँ तथा छब्बीसवाँ हों तो उनको विजय प्राप्त होती है ।

यह सूर्यशूल चक्र कहलाता है ।।१९५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

युद्धे कस्मिन् पक्षे विजयी भविष्यामीति प्रश्नः

कुत्र स्थितस्यात्र रणावनौ स्याद् योद्धुर्जयो वाऽथ पराजयो वा।
एवं हि यः पृच्छति वक्तुमेतद् निगद्यते सम्प्रति भूमिवीर्यम् ।। १९६।।

'किस पक्ष (दल या सेना) की ओर से युद्ध में लड़ने पर जीत या हार होगी' जो ऐसा प्रश्न पूछता है उसके प्रश्न का उत्तर देने की रीति कहते हैं ।।१९६।।

विजयीपक्षज्ञानम्

पक्षाणां त्रितयं रणक्षितितले चैत्रादिकं विन्यसे-
दैन्द्रीवायुयमेशवारिहुतभुक्सौम्या शरेषु क्रमात् ।
भूमेऽस्याः खलु तत्र-तत्र समये स्वे-स्वे बलं पृष्ठतः
कृत्वा तद्युधि दक्षिणेऽथ यदि वा युद्धञ्जयं प्राप्नुयात् ।। १९७।।
इत्युक्तं किञ्चिदन्यानि लक्षणान्यपि सन्ति हि ।
वाच्यानि तानि चालोच्य सङ्ग्रामविजयादिकम् ।। १९८।।

चैत्रादि द्वादश मासों में चौबीस पक्ष होते हैं, आठों दिशाएँ तीन-तीन पक्षों में विभाजित होती हैं। इस प्रकार चैत्रमास के दो पक्ष तथा वैशाख मास का एक पक्ष इन तीन पक्षों में पूर्व दिशा की भूमि बली होती है। इस प्रकार से भूमि बल का ज्ञान शुक्लादि मास-पद्धति से करना चाहिए। यह पद्धति दक्षिण भारत के पंचांगों में प्रयुक्त होती है, उत्तर में नहीं।

जब युद्ध प्रारंभ हो तो बली दिशा को या तो पीछे रखें अथवा दाहिने रखें तो लड़ने वाले योद्धा की जीत सुनिश्चित होगी। तात्पर्य यह है युद्ध समय में योद्धा के दक्षिण भाग या पृष्ठ भाग में भूमिबल होना चाहिए।

भूबल चक्र में पक्षों का न्यास (१) ऐन्द्री (पूर्व), (२) वायु (वायव्य), (३) यम (दक्षिण), (४) ईशान (उत्तर-पूर्व), (५) वारि (वरुण=पश्चिम), (६) हुतभुक् (आग्नेय=दक्षिण-पूर्व), (७) सौम्य (उत्तर) तथा (८) शर (नैर्ऋत्य) इस क्रम से पक्षों का न्यास भूबल चक्र में करना उचित है।

युद्धभूमि को इस प्रकार आठ भागों में बाँटकर भूबल चक्र की कल्पना करनी चाहिए ।।१९७।।

यहाँ कुछ लक्षण युद्ध जीतने के बताये गये हैं और अधिक के लिए अन्य ग्रंथों का अवलोकन करना चाहिए ।।१९८।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूबल चक्र

(पूर्व)

(ईशान) (आग्नेय)

(१) श्रावण-कृष्ण (२) भाद्र-शुक्ल (३) भाद्र-कृष्ण	(१) शुक्लादि चैत्र-शुक्लपक्ष (२) चैत्र-कृष्णपक्ष (३) वैशाख-शुक्लपक्ष	(१) कार्तिक-कृष्ण (२) मार्गशीर्ष-शुक्ल (३) मार्गशीर्ष-कृष्ण
(उत्तर) (१) पौष-शुक्ल (२) पौष-कृष्ण (३) माघ-शुक्ल	भूबलचक्र में युद्धभूमि के आठ भाग तथा दिशाओं में शुक्लादि चान्द्र मास की पक्षगणना से भूबल ज्ञान	(१) आषाढ़-शुक्ल (२) आषाढ-कृष्ण (३) श्रावण-शुक्ल (दक्षिण)
(१) वैशाख-कृष्ण (२) ज्येष्ठ-शुक्ल (३) ज्येष्ठ-कृष्ण	(१) आश्विन-शुक्ल (२) आश्विन्-कृष्ण (३) कार्तिक-शुक्ल	(१) माघ-कृष्ण (२) फाल्गुन-शुक्ल (३) फाल्गुन-कृष्ण

(वायव्य) (पश्चिम) (नैर्ऋत्य)

(१) इस प्रकार जब भूमिबल ईशान में हो तब सेना का मुख नैर्ऋत्य कोण या वायव्य कोण में होना चाहिए, जिससे भूमिबल पीठ पर या दाहिने हो जायेगा और सेना विजयी होगी।

(२) जब भूमिबल पूर्व में हो तब योद्धा का मुख पश्चिम में हो तो भूमिबल पीठ पर होना शुभ रहेगा या फिर योद्धा का मुख उत्तर की ओर रहे तो भूमिबल दक्षिण दिशा में रहने से विजय प्राप्त करायेगा।

इस प्रकार अन्य दिशाओं का निश्चय करना चाहिए।

विवक्षा—एक अंग्रेजी टीका में भूबल चक्र में पक्षों का न्यास क्रम पूर्व-आग्नेय क्रम से देते हुए लिखा है कि ''चैत्र के दो पक्ष, वैशाख का एक पक्ष इनमें पूर्व दिशा बली होती है। वैशाख का एक पक्ष तथा जयेष्ठ के दो पक्ष इन में दक्षिण-पूर्व (South-east) बली होती हैं। यह समीचीन नहीं है, क्योंकि मूल श्लोक में ''चैत्रादिकं विन्यसेदैन्द्री वायुयमेश-वारिहुतभुक्सौम्या शरेषु क्रमात्'' । ऐसा प्रतीत होता है कि टिप्पणीकार ने बिना मूल को पढ़े अपने मन से उक्त क्रम दे दिया है।

अथ मृगयाप्रश्नः, तत्र प्रश्नसंग्रहः

रन्ध्रे भौमगृहे तु वा कुजयुते केन्द्रस्थिते वा कुजे
कालो बालयुतः प्रयास्यति मृतिं केन्द्रे रविर्व्याघ्रहा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नायाष्टमगे सिते यदि बुधः केन्द्रे न जन्तोर्मृतिः
केन्द्रे चेत्क्षितिजः सिते कथितगे शस्त्रक्षतो यास्यति ।। १९९।।
चरराश्युदये भौमे गुलिके निधनाश्रिते ।
शिवके मन्दसंयुक्ते पोत्रीलाभो न संशयः ।। २००।।
शिवके सप्तमे लग्ने दशमे च यथाक्रमम् ।
अर्कार्किभौमसर्पाश्चेत् बहुमृत्युं वदेद्बुधः।। २०१।।
चरराशिस्थिताः क्रूराः शुभास्तद्विपरीतगाः ।
गुलिकेऽपि क्रमं याते व्याघ्रादीनां मृतिं वदेत्।। २०२।।

मृगया प्रश्न में यदि प्रश्नकुण्डली के अष्टम भाव में मंगल की राशि (मेष-वृश्चिक) हो या अष्टम में मंगल बैठा हो तो या मंगल केन्द्र में स्थित हो तो एक कोल (जंगली सूअर) अपने बच्चे के साथ आखेट में मारा जाता है । यदि सूर्य केन्द्र में हो तो व्याघ्र (बाघ=Tiger) का आखेट होता है ।

यदि लग्न या अष्टम भाव में शुक्र हो या ग्यारहवें भाव में शुक्र हो अथवा बुध केन्द्र में हो तो आखेट में कोई जन्तु नहीं मारा जाता है । यदि केन्द्र में मंगल हो तथा शुक्र कथित स्थानों (लग्न-अष्टम-एकादश) में हो तो (जंगली सूअर) घायल होकर भाग जाता है ।।१९९।।

यदि लग्न में चर राशि में मंगल बैठा हो, गुलिक अष्टम भाव में हो, शिवक (चतुर्थ भाव) में शनि हो तो आखेट में पोत्री (जंगली सूअर) मारा जाता है । इसमें कोई सन्देह नहीं है ।।२००।।

यदि शिवक (जल का स्थान) अर्थात् चतुर्थ भाव में सूर्य, सप्तम भाव में शनि, लग्न में भौम तथा दशम मे सर्प (राहु) क्रम से बैठे हों तो मृगया में अनेक जन्तुओं का वध होता है ।।२०१।।

जब चरराशियों में पाप ग्रह बैठे हों, शुभ ग्रह उनके विपरीत् अर्थात् स्थिर राशियों में हों, गुलिक तृतीय भाव में हो तो व्याघ्रादि जन्तुओं का आखेट होता है ।।२०२।।

ग्रन्थान्तरञ्च

क्रूराः केन्द्रनवात्मजेषु सहजे मान्दिर्मृगो लग्नगो
योगोऽयं मृगलाभदोऽथ निधने भौमान्वितश्चन्द्रमाः ।
धर्मस्थो यमकण्टकः सहजभे मान्दिश्च योगो ह्ययं
गर्भिण्या वधकृन्मृगाकृतिरवित्र्यंशेन चादिश्यताम्।। २०३।।

यदि मृगयाप्रश्न में प्रश्नलग्न में क्रूर ग्रह केन्द्र तथा त्रिकोण में बैठे हों, गुलिक तृतीय भाव में हो तथा मकर लग्न हो तो यह मृगया में मृगलाभ कराता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब चन्द्रमा तथा मंगल एक साथ अष्टम भाव में हों, यमकंटक नवम भाव में तथा गुलिक तीसरे भाव में हो तो कोई गर्भवती मादा पशु शिकार में मारी जाती है ।

पशु की जाति एवं आकार तथा स्वभाव सूर्य के द्रेष्काण के अनुसार अथवा उदित द्रेष्काण के अनुसार जानना चाहिए ॥२०३॥

जन्तूनां संख्यादिज्ञानम्

राश्युक्तदेशे विहगोदिते वा
निम्नोन्नतादौ हननं मृगाणाम् ।
संख्या तु तुल्यारिभनीचमौढ्य-
समन्विता बन्धनदा न चान्ये॥ २०४॥

राशि एवं ग्रहों के अनुसार 'आखेट नीची भूमि या ऊँची भूमि पर होगा' यह बताना चाहिए । आखेट में कितने जन्तु हाथ लगेंगे उनकी संख्या अस्तंगत ग्रहों, नीचराशिगत ग्रहों तथा शत्रुराशिगत ग्रहों के आधार पर कहना चाहिए ।

अन्य प्रकार के ग्रह जन्तुओं को जाल आदि में नहीं फँसने देते हैं ॥२०४॥

अथ सारसङ्ग्रहे

मृगभेदा विहङ्गानां द्विपदाद्याश्च जन्तवः ।
सारसङ्ग्रह उक्तास्ते कथ्यन्तेऽथात्र तद्यथा ॥ २०५॥

अर्कादिर्मृगनायकाः शशमुखा व्याघ्रादयः सूकराः
दन्त्यश्वाद्या मृगजातयः कपिखरोष्ट्राद्याश्च गोधादयः ।
द्वौ द्वौ भास्करमन्दयोः षडपि ते ज्ञेन्द्वोः कुजाचार्ययो-
श्चत्वारः सितसर्वयोरभिहिता पादास्तथाष्टौ बुधैः॥ २०६॥

सारसंग्रह ग्रन्थ में पशुओं एवं जन्तुओं को द्विपद, चतुष्पद, बहुपद, अपद आदि भेदों में वर्गीकृत किया गया है और उन्हें विभिन्न ग्रहों के वर्ग में रखा गया है । उनको आगे लिखते हैं ॥२०५॥

(१) सूर्य का मृगनायक (सिंह) की भाँति श्रेष्ठ जन्तुओं पर अधिकार है । (२) चन्द्रमा के वर्ग में खरगोश की जाति के जन्तु हैं । (३) मंगल के आधिपत्य में व्याघ्र (चीता, तेंदुआ, बाघ आदि) पशु है । (४) बुध के आधिपत्य में सूअर, वाराह आदि हैं । (५) बृहस्पति के हाथी-घोड़े आदि हैं । (६) शुक्र के हिरन, बारहसिंगा आदि पशु हैं । (७) शनि के वानर, गधा, ऊँट आदि है । (८) राहु के गोह, छिपकली आदि पशु होते हैं ।

सूर्य तथा शनि का स्वामित्व द्विपदों पर, चन्द्र तथा बुध का षट्पद जीवों पर, मंगल तथा गुरु का चतुष्पदों पर तथा शुक्र एवं राहु का अष्टपदीय जीवों पर अधिकार है ॥२०६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र ग्रन्थान्तरम्

मृगपतिरर्कस्य विधोः शशोऽपि व्याघ्रनायको भौमः ।। २०७।।
सौम्यस्य शूकराद्या वनद्विपाद्या गुरोर्भृगोस्तु मृगाः ।
क्षुद्रा भोक्ष्या मन्दं मन्दस्य ओजङ्गमस्य गोधाद्याः ।। २०८।।

अन्य मत से सूर्य का सिंह पर, चन्द्र का खरगोशादि पर, मंगल का व्याघ्र पर, बुध का शूकरादि पशुओं पर, गुरु का जंगली हाथियों पर तथा शुक्र का क्षुद्र जन्तुओं पर अधिकार हैं । राहु का गोह आदि पर है ।।२०७-२०८।।

कृष्णीयमतम्

चतुष्पदा धनुः सिंहमेषो क्षोणोऽत्र तस्थुषा ।
मृगभेदाश्च कथ्यन्ते कृष्णीये कथितो यथा ।। २०९।।
चापे दन्त्यजसिंहयोर्मृगपतिर्गव्येणराणीरवे ।
चापेऽश्वशशिनो हरौ हरिरजो मेषे वृषे गोवृषौ ।। ५१०।।
भौमस्याश्वतरक्षुमेषवृषताश्चापादिषु स्युः क्रमात् ।
शल्या वा नरजातयश्च शशिजस्येतेषु सर्वेष्वपि ।। २११।।

धनु, मेष, सिंह तथा क्षोण (धनु) इनका अधिकार चतुष्पदों पर हैं । कृष्णीय शास्त्र में जो पशुओं के भेद कहे गये हैं उन्हें यहाँ कहा जा रहा है ।।२०९।।

सूर्य जब धनुराशिगत हो तब हाथियों का सूचक होता है । जब वह सिंह राशिगत हो तब सिंह का सूचक होता है । वृष राशिगत सूर्य हिरण तथा बाहरसिंगा आदि का सूचक होता है । जब चन्द्रमा धनु में हो तो वह अश्व का सूचक होता है । सिंह का चन्द्रमा सिंह का ही सूचक होता है । मेष राशि का चन्द्र बकरी का, वृष राशिगत चन्द्र गाय-बैल आदि का सूचक होता है ।।२१०।।

जब मंगल धनुराशिगत हो तो वह अश्व का, जब सिंह राशिगत हो तब तरक्षु (लकड़बग्घा=Hyena) का, मेषगत हो तो भेड़ या बकरी तथा वृष राशिगत होने पर वृषभ का ही सूचक होता है । जब बुध धनु आदि राशियों में होता है तो सूअर तथा वानर का सूचक होता है । वानर की सभी जातियों एवं लंगूरादि का सूचक बुध होता है ।।२११।।

वाजी धन्वनि सिंहतुष्ट इतरत्रोक्तौ खरौ वाक्पते-
श्चापे चाश्वमृगराजिकुक्कुरखरौ मेषे भृगोर्गौ वृषे ।। २१२।।
राशौ स्याद् गवयोऽथ धन्विनि गजः पञ्चास्यऋक्षश्शने-
र्मेषे स्यान्महिषो वृषे तु महिषी तद्देयडूह्याः फलैः ।। २१३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनुस्थ गुरु अश्व का, सिंहस्थ गुरु ऊँट का, मेषस्थ गुरु उष्ट्र का, वृषस्थ गुरु गधे का; इसी प्रकार चापस्थ शुक्र घोडे का, सिंह एवं मेष में हाथी तथा गधे का, वृष में जंगली बैल का, शनि एवं धनु में हाथीं का, सिंह में वनमानुष का, मेष में भैंसे का तथा वृष में भैंस का प्रतीक होता है ।।२१२-२१३।।

केन्द्रादिस्थविहङ्गोक्तमृगाणां दर्शनादिकम्।
मृगयायां वदेन्मान्द्याद्यसदन्वयतो मृतिम्।। २१४।।

।। इति प्रश्नमार्गे चतुर्विंशोऽध्यायः ।।२४।।

केन्द्र-त्रिकोणस्थ ग्रह मृगादि के दर्शन के तथा गुलिकादि युक्त आखेट के सूचक होते हैं ।।२१४।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का चौबीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ पञ्चविंशोऽध्यायः

वर्षाप्रश्नः

वीणासङ्क्रमणे रवेर्जलगृहांशस्थो निशानायकः
शुक्रोऽर्काद्धनरिःफगश्च यदि चेद् वृष्टिः प्रभूता भवेत्।
राह्वारर्कसुताश्शशाङ्कतपनौ चाप्राशिसंस्थौ यदा,
शुक्रज्ञौ स्थिरराशिगौ च समयः सोऽयं महावर्षकृत्।। १।।

सूर्य की वीणासंक्रान्ति (मिथुनेऽर्क) के समय यदि चन्द्रमा जलराशियों के नवांश में स्थित हो, सूर्य से द्वितीय या द्वादश भाव (वृष या कर्क राशि) में शुक्र हो तो प्रभूत मात्रा में वृष्टि होती है।

राहु, मंगल, शनि, चन्द्र तथा सूर्य ये ग्रह जब अप्राशि (जलीय राशियों) में स्थित हों और बुध-शुक्र स्थिर राशियों में हों तो इस गोचरीय योग में भारी वर्षा होती है ।।१।।

आदित्यशुक्रावेकर्क्षौ एकांशे बुधसंयुतौ।
यदि भूर्वर्षपूर्णा स्याज्जलर्क्षांशे न संशयः।। २।।

यदि एक ही राशि में जलचर के नवांश में सूर्य-बुध-शुक्र तीनों की युति हों तो असन्दिग्ध रूप से पृथ्वी भारी वर्षा से पूरित हो जाती है ।।२।।

एकांशकसमायुक्तौ शुक्रज्ञौ मूढताङ्गतौ।
शुक्रादधस्ताद् भौमश्चेद् बहुवर्षसमागमः।। ३।।

यदि बुध तथा शुक्र एक ही नवांश में सूर्य के अतिनिकट होकर अस्त हो गये हों तथा शुक्र आगे एवं मंगल पीछे हों तो बहुत भारी मात्रा में वर्षा होती है।

इन्द्रधनुःफलम्

स्थलभगते मार्तण्डे जलवर्गस्थेषु चन्द्रबुधभृगुषु।
इन्द्रधनुर्वारुण्यां दिशि पश्येद्वर्षणं भूरि।। ४।।
ऐन्द्र्यामिन्द्रधनुः पश्येज्जलवर्गस्थिते विधौ।
स्थलवर्गे शनौ चारे यदि वर्षम्महद् भवेत्।। ५।।

यदि सूर्य पृथ्वी तत्त्व की राशियों में (वृष-कन्या-मकर में) हो तथा चन्द्रमा-बुध-गुरु ये तीनों जल तत्त्व की राशियों (कर्क, वृश्चिक, मीन) में हो तथा पश्चिम दिशा में इन्द्रधनुष दिखायी पड़े तो इस योग में भरपूर वर्षा देखनी पड़ती है ।।४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि चन्द्रमा जलतत्त्व की राशियों के वर्ग (होरा, नवांश, द्रेष्काण आदि) में हो तथा शनि एवं मंगल हों तथा गोचर में इस ग्रहयोग के साथ पूर्व दिशा में इन्द्रधनुष दिखलाई पड़े तो भारी वर्षा होती है ।।५।।

अत्र वराहमिहिरसंहिता

वृष्टिङ्करोत्यवृष्ट्यां वृष्टिन्निवारयत्यैन्द्रियाम् ।
पश्चात् सदैव वृष्टिं कुलिशभृतश्चापमाचष्टे।। ६।।

यदि अनावृष्टि के समय पूर्व दिशा में इन्द्रधनुष दिखायी दे तो वृष्टि होती है । यदि वर्षाकाल में पूर्व दिशा को इन्द्रधनुष दिखे तो होती हुई वर्षा रुक जाती है । पश्चिम दिशा में दिखने वाला इन्द्रधनुष सदैव वर्षा करता है ।।६।।

प्रतिसूर्यदर्शनफलम्

अर्करश्मिषु जीमूताच्छादितेषु घनान्तरे ।
करसङ्गोऽर्कवद्दृश्यः प्रतिसूर्यस्स ईर्यते।। ७।।
प्रतिसूर्यो जलकृदुदग्निवसकृतो दक्षिणे स्थितोऽनिलात् ।
उभयस्थः सलिलभयं नृपमूर्ध्वं हन्त्यतो जनहा।। ८।।

सूर्योदय के एक प्रहर उपरान्त सूर्य की किरणों से आच्छादित मेघखंड दूसरे सूर्य की तरह दिखलाई पड़ता है उसे प्रतिसूर्य (Mock sun) कहते हैं ।।७।।

जब सूर्यबिम्ब के दक्षिण भाग में प्रतिसूर्य दिखता है तो आँधी का भय होता है, दोनों ओर दिखें तो जलवृष्टि की अधिकता का भय करता है । वाम भाग में सामान्य वर्षा करता है । सूर्य के ऊपरी भाग का प्रतिसूर्य राजा के लिए तथा नीचे की ओर का प्रतिसूर्य प्रजा के लिए भयकारक होता हैं ।।८।।

काश्यपसंहिता में सूर्यबिम्ब से दिशाओं के प्रतिसूर्य का फल निम्न प्रकार है—

"याम्ये वातप्रदो ज्ञेयो उत्तरे वृद्धिदो रवेः ।
उभयोः पार्श्वयोर्भाति सलिलं भूरि यच्छति"।।

वाराही संहिता में प्रतिसूर्य का उसके विभिन्न रंगों के अनुसार भी शुभाशुभ फल दिया गया है ।

अत्र मुहूर्तरत्नम्

आमायां पक्षतौ चापि यदि वर्षेत् प्रवर्षणम् ।
तस्मिन् पक्षे समादेश्यं पूर्णायां पक्षतौ पुनः।। ९।।
यदि वर्षेण वर्षं स्यात् तस्मिन् पक्ष इति स्थितिः ।
पक्षद्वये पक्षतेश्च पादेऽन्त्ये वा द्विपक्षतेः।। १०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथमे चरणे वाऽपि यदि वर्षे प्रवर्षति।
तस्मिन्पक्षेऽल्पकेऽल्पं स्यादवर्षे नैव वर्षति।। ११।।

यदि अमावास्या एवं शुक्ल प्रतिपदा में वर्षा हो तो उस पक्ष की पूर्णिमा एवं कृष्ण प्रतिपदा में पुन: वर्षा होती है ।।९।।

यदि अमावास्या एवं शुक्ल प्रतिपदा में वर्षान हो तो फिर दोनों पक्षों में तथा पक्षती (प्रतिपदा के) अन्तिम पाद में वर्षा नहीं होती है ।।१०।।

यदि वर्षाकाल में पक्षती (प्रतिपदा) के प्रथम चरण में वर्षाकाल में वर्षा हो तब यदि उस समय अल्पवर्षा हो तो आगे अल्पवर्षा होती है । यदि अधिक वर्षा हो तो अधिक वर्षा होती है । उस समय वर्षा न होने पर आगे वर्षाकाल में वर्षा नहीं होती है ।।११।।

आधुनिक वृष्टि-विज्ञान और ज्योतिष—"मौसम-विज्ञान (Meteorology) आधुनिक वैज्ञानिकों के लिए भले ही आधुनिक विज्ञान हो परन्तु भारतीय मनीषियों के लिए तो यह अति प्राचीन विज्ञान है । आज भी मौसमविज्ञानियों की अपेक्षा भारतीय ग्रामीण किसान का मौसम सम्बन्धी आकलन अधिक सटीक होता हैं । इस विद्या का अध्ययन भारतीयों ने ज्योतिषशास्त्र की एक शाखा के रूप में किया है जिसका आधार खगोलीय पिण्डों का गोचर भ्रमण, उनकी दृष्टि-युति, उल्का, भूकम्प, आँधी-तूफान, बिजली की चमक आदि हैं । इनमें चन्द्रमा का प्रभाव मौसम पर सर्वाधिक पड़ता है ।

आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों के निष्कर्ष से भारतीय ज्योतिष में अमान्त तथा शुक्ल प्रतिपदा का महत्त्व मौसम सम्बन्धी भविष्यवाणी में स्वत: सिद्ध हो रहा है । आस्ट्रेलियायी वैज्ञानिकों के अनुसार सूर्य से चन्द्रमा के (अन्तर) के बिन्दु अर्थात् तिथियाँ मौसम के प्रभाव में महत्त्वपूर्ण रोल अदा करती हैं । उष्ण कटिबन्ध में चलने वाली आँधियाँ जो हरीकेन कहलाती हैं तथा "कैरीबियन" द्वीपसमूह के समीप चला करती हैं, उनकी तीव्रता पूर्णिमा तथा अमावस्या केन्द्रित तीन दिनों (चतुर्दशी-पंचदशी-प्रतिपदा) में सर्वाधिक होती है । ये चक्रवाती आँधियाँ होती हैं । समुद्री ज्वार-भाटे भी इन्हीं तिथियों में आते हैं । भारतीय मौसमवैज्ञानिकों को इस दिशा में आगे शोधकार्य करना चाहिए ।

आषाढीपूर्णिमायामीशानयोगः

आषाढे पौर्णमास्यां तु यद्यैशानोऽनिलो भवेत्।
अस्तङ्गच्छति मार्तण्डे सस्यनिष्पत्तिरुत्तमा।। १२।।

आषाढ़ी पूर्णिमा को सायंकाल सूर्यास्त के समय यदि ईशान कोण से वायु नैर्ऋत्य कोण की ओर को चले तो उस वर्ष अन्नोत्पादन उत्तम होता है ।।१२।।

आषाढकृष्णचतुर्थीयोगः

वृत्तायामाषाढ्यां कृष्णचतुर्थ्यामजैकपादर्क्षे ।
यदि वर्षति पर्जन्यः प्रावृट्च्छस्तान्न चेन्न ततः।। १३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि आषाढ़ कृष्णा चतुर्थी को पूर्वाषाढा नक्षत्र का योग हो और उस दिन यदि वर्षा हो तो उस वर्ष श्रेष्ठ वर्षा होती है । यदि उस दिन वर्षा न हो तो उस वर्ष वर्षा नहीं के बराबर होती है ।

आषाढशुक्लपञ्चमीयोगः

आषाढमासे खलु शुक्लपञ्चमी सार्कादिवारात् क्रमशोऽल्पवर्षम् ।
वर्षम्महच्चातिमहच्च मारुतं कुर्यात्सुभिक्षं प्रलयञ्च तापम् ।। १४।।

(१) यदि आषाढ़ शुक्ल पञ्चमी को रविवार हो तो थोड़ी वर्षा होती है । (२) यदि सोमवार हो तो बहुत वर्षा होती है । (३) यदि मंगलवार हो तो बहुत अधिक वर्षा होती है । (४) बुधवारी पंचमी होने पर आँधी के साथ वर्षा होती है । (५) गुरुवारी शुक्ल पंचमी होने पर फसल खूब अच्छी होती है । (६) शुक्रवारी पंचमी जलप्रलय करती है, अतिवृष्टि से हानि होती है । (७) शनिवार की पंचमी रोगादि कष्ट तथा तेज धूप का कष्ट देती है ।

कुम्भेऽर्के पञ्च योगाः

षष्टिप्रभृतिषु पञ्चसु कुम्भे रवौ रोहिणीगते चन्द्रे ।
अधमतमाधममध्यममहदति च महत् भवेदम्भः ।। १५।।

कुंभ राशि के सूर्यो में जब चन्द्रमा रोहिणी नक्षत्र में हो उस दिन यदि—

(१) षष्ठी तिथि हो तो उस वर्ष वर्षाकाल में अल्प वर्षा होती है ।

(२) यदि कुंभेऽर्क रोहिणीचन्द्र में सप्तमी तिथि हो तो अत्यल्पवर्षा होती है ।

(३) कुंभेऽर्क रोहिणीचन्द्र के साथ यदि अष्टमी तिथि हो तो उस वर्ष आगे के वर्षाकाल में मध्यम वर्षा होती है ।

(४) कुंभसूर्य + रोहिणीचन्द्र के साथ यदि नवमी तिथि हो तब वर्षा अधिक होती है ।

(५) कुंभसूर्य + रोहिणीचन्द्र + दशमी तिथि होन पर अत्यधिक वर्षा होती है ।

यह योग अधिकतर फाल्गुन शुक्ल में अथवा कभी-कभी माघ शुक्ल में होता है ।।१५।।

पूर्वाषाढासूर्ययोगः

पूर्वाषाढाश्रितेऽर्के तुदुडुलयविभागेषु पूर्वादिकेषु ।
छन्नं यत्र स्थितेऽर्के सरवी यदखिलं दृश्यतेऽब्दैः क्वचिद्वा ।
वृष्टिर्वाच्यार्कचारे शिवमुखखलवैर्यन्तभे तत्र तद्वद्
वृष्टिर्नो तत्र यत्र क्वचिदपि न घनैरावृतं व्योम चार्कः ।। १६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यादुदेति मूढस्सन् यस्मिन्नुडुनि संस्थितः।
भृगुभूतसुनाथेन वर्षलक्ष्म निगद्यते ।। १७।।

जिस दिन सूर्य का पूर्वाषाढा नक्षत्र में प्रवेश हो उसके प्रथम दिन ही यदि आकाश मेघाच्छन्न रहे तो सूर्य जब आर्द्रा नक्षत्र में आयेगा उसके तेरह दिनों में वर्षा होगी । यदि पूर्वाषाढ़ा रवि के दिन आकाश मेघाच्छन्न रहे तो सूर्य आने पर उनके तेरह दिनों में वर्षा न होगी । ऐसे ही पुनर्वसु आगे के नक्षत्रों की वृष्टि जानना चाहिए ।

यदि पूर्वाषाढ़ा का रवि पूर्णतः मेघाच्छन्न रहेगा और पूरे दिन मेघाच्छन्न रहेगा तो वर्षा अच्छी और पूरे नक्षत्र में होती है ।।१६।।

सूर्य के अधिष्ठित नक्षत्र में जब शुक्र का उदय होता है तो उसमें वर्षा होती है ।।१७।।

अत्र मुहूर्तरत्नं च

चचपत्रीपषड्भाद्याश्शुक्रस्यास्तमयोदये ।
पापौ कष्टञ्च तौमध्यं त्रिषट्के वर्षमुत्तमम् ।। १८।।

अस्यार्थः

चतुस्संख्या चकाराभ्यां पञ्चसंख्या पकारतः।
भाद्या इति भरण्याद्याः प्रोक्ताः कष्टन्तु दोषदम् ।। १९।।
अम्भोराशिसमुद्रबाणहुतभुक्पञ्चर्तवस्तारका
याम्याद्याः खलु मण्डलानि षडमीष्वन्त्ये चतुर्थे यदि।
तिष्ठन्त्यस्फुजिदभ्युदेति तपनात् पूर्णा समृद्धिप्रदा
वृष्टिः स्यादथ मध्यमाप्रथमयोर्दुर्भिक्षदाऽल्पान्ययो।। २०।।

च, च, प, त्री, प, षड् इन संख्याओं के अनुसार सत्ताईस नक्षत्रों में कुल छह मण्डल होते हैं । शुक्र के उदय-अष्ट में इन मण्डलों में क्रमशः प-प मण्डलों में कष्टदायक, च-च मण्डलों में मध्यम तथा तीनों एवं छह नक्षत्रों वाले मण्डल में उत्तम वर्षाकारक योग होता है ।।१८।।

इसका अर्थ इस प्रकार लें- च=चार, प=पाँच होता है तथा भ=भरणी नक्षत्र से गणना करें । अशुभ फल को कष्ट शब्द से सूचित किया गया है ।।१९।।

भरणी आदि नक्षत्रों के चार, चार, पाँच, तीन, पाँच तथा छह नक्षत्रों के छह होते हैं । इन मण्डलों में यदि चौथे तथा छठे मण्डल में शुक्र अस्त होकर उदित हो तो देश में सुभिक्ष एवं समृद्धि होती है । यदि प्रथम एवं द्वितीय मण्डल में शुक्रास्त होकर फिर उदित हो तो अल्प वर्षा होती है । यदि तीसरे एवं पाँचवें मण्डल में शुक्रास्त होकर उसी में उदित हो तो दुर्भिक्ष होता है ।।२०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भृगुमण्डल चक्र

प्रथम मण्डल	द्वितीय मण्डल	तृतीय मण्डल	चतुर्थ मण्डल	पंचम मण्डल	षष्ठ मण्डल	मण्डल
भरणी कृत्तिका रोहिणी मृगशिरा × ×	आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा × ×	मघा पू.फा. उ.फा. हस्त चित्रा ×	स्वाति विशाखा अनुराधा × × ×	ज्येष्ठा मूल पूर्वाषाढ़ा उत्तराषाढ़ा श्रवण ×	धनिष्ठा शतभिषा पूर्वाभाद्र उत्तराभाद्र रेवती अश्विनी	**शुक्र के नक्षत्र**
मध्यमवृष्टि	मध्यमवृष्टि	दुर्भिक्ष अल्पवृष्टि	पूर्णसमृद्धि	दुर्भिक्ष अल्पवृष्टि	पूर्णसमृद्धि	**शुक्रास्त व उदय का फल**

प्रावृट्शुक्रयोग:

प्रावृषि शीतकरो भृगुपुत्रात् सप्तमराशिगतश्शुभदृष्टः ।
सूर्यसुतान्नवपञ्चमगो वा सप्तमगश्च जलागमनाय ।। २१।।

यदि वर्षाऋ्तु के प्रारंभ में शुक्र से सातवीं राशि में शुभ ग्रहों से दृष्ट चन्द्रमा बैठा हो तो वर्षाकारक होता है । अथवा शनि से त्रिकोण राशियों में चन्द्रमा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो तो भी वर्षा होती है ।।२१।। (वा.सं. २८।१९)

ग्रहाणामुदयास्तादिप्रभावकथनम्

प्रायो ग्रहाणामुदयास्तकाले
समागमे मण्डलसङ्क्रमे च ।
पक्षक्षये तीक्ष्णकरायनान्ते
वृष्टिस्तथार्द्रोपगते च भानौ ।। २२।।
समागमे पतति जलं ज्ञशुक्रयो-
र्जीवज्ञयोर्गुरुसितयोश्च सङ्गमे ।
यमारयोः पवनहुताशजं भयं
ह्यदृष्टयोरसहितयोश्च सद्ग्रहैः ।। २३।।

जब पञ्चताराग्रहों का उदयास्त हों, उनकी परस्पर युति हों, जब वे मण्डल को छोड़कर दूसरे मण्डल में प्रवेश करें, पक्षक्षय के समय, सूर्य के अयन-परिवर्तन के समय तथा सूर्य के आर्द्रा-नक्षत्र में प्रवेश से समय प्राय: वर्षा हुआ करती है ।।२२।। (वा.सं. २८।२०-२१)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बुध+गुरु, बुध+शुक्र, गुरु+शुक्र के समागम के समय वर्षा होती है । जब मंगल एवं शनि की युति हो उस समय उस पर शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो तो पवन (आँधी) एवं हुताशन (अग्निकाण्डों) का भय रहता है ॥२३॥

अथ सद्योवर्षलक्षणम्

पर्यन्तेषु सुधाशशाङ्कधवला मध्येऽञ्जनालित्विषः
स्निग्धानैकपुटाः क्षरज्जलकणास्सोपानविच्छेदिनः ।
माहेन्द्रिप्रभवाः प्रयान्त्यपरतः प्राग्वाम्बुपाशोद्भवा
द्युते वारिमुचः सृजन्ति न चिरादम्भः प्रभूतम्भुवि ॥ २४॥

यदि आकाश में चारों ओर एक दिशा से दूसरी पर्यन्त चूने की सफेदी या चन्द्रिका की धवलता के सदृश मध्य में अंजन के या भ्रमर के सदृश कालिमा युक्त चिकने अनेक पत्तोंवाले, जलकणों को छिटकाते हुए सीढ़ियों जैसी आकृतियाँ बनाने वाले बादल पूर्व से पश्चिम को अथवा पश्चिम से पूर्व को जाते हुए बिजली की चमक के साथ मेघ दिखायी दें तो शीघ्र ही पृथ्वी पर भारी वर्षा होती है ॥२४॥ (वा.सं. २८।१५)

सूर्यस्वरूपतः सद्योवृष्टिज्ञानम्

उदयशिखरिसंस्थो दुर्निरीक्ष्योऽतिदीप्त्या
द्रुतकनकनिकाशः स्निग्धवैडूर्यकान्तिः ।
तदहनि कुरुतेऽम्भस्तोयकाले विवस्वान्
प्रतिपदि यदि वोच्चैः खङ्गतोऽतीवतीक्ष्णः ॥ २५॥

यदि वर्षाकाल में उदयकालीन सूर्य अपनी अत्यधिक तीव्र दीप्ति के कारण दुर्निरीक्ष्य हो (अधिक चकाचौंध पैदा) करने वाला हो, उसकी कान्ति पिघले हुए स्वर्ण धातु की भाँति हो अथवा स्निग्ध वैडूर्य मणि की कान्ति सदृश हो ऐसा सूर्य जिस दिन दृष्टि-गोचर हो उसी दिन वर्षा करता है ।

जिस दिन मध्याह्नकालीन सूर्य तलवार से भी अधिक तीक्ष्ण किरणों वाला हो तो उसी दिन वर्षा होने का सूचक होता है ॥२५॥ (वा.सं. २८।३)

जन्तुचेष्टाभिः सद्यो वृष्टिज्ञानम्

विनोपघातेन पिपीलिकानां अण्डौघसङ्क्रान्तिरहिव्यवायः ।
द्रुमाधिरोहश्च भुजङ्गमानां वृष्टेर्निमित्तानि गवाम्प्लुतिश्च ॥ २६॥

यदि बिना ही किसी कारण के चींटियाँ अपने अण्डों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जायें, सर्प परस्पर आलिंगन करें अथवा पेड़ों पर चढ़ें अथवा गौवें उछल-कूद मचायें तो शीघ्र ही वर्षा होती है ॥२६॥ (वा.सं. २८।७)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गायों के अतिरिक्त भैंसों का हाट की ओर दौड़ पड़ना, भेड़ों का उछलना आदि भी वर्षा का सूचक होता है। निम्न दोहा देखें—

"कलसा पानी गरम है चिड़िया न्हावैं धूरि।
चींटी लै अण्डा चढ़ै तौ वर्षा भरपूरि"॥

ओतुर्नखैर्लिखन् भूमिं रथ्यायां शिशुभिः कृतः।
सेतुबन्धश्च सम्प्राप्तमाराद् वर्षं निवेदयेत् ॥ २७॥
गिरयोऽञ्जनचूर्णसन्निभा यदि वा बाष्पनिरुद्धकन्धराः।
कृकवाकुविलोचनारुणः परिवेषः शशिनश्च वृष्टिदः ॥ २८॥

यदि बिल्ली मार्ग में अपने पंजों से भूमि को खुरचती हो तथा छोटे बच्चे धूलमिट्टी के पुल बनाते हों तो शीघ्र ही वर्षा कहनी चाहिए ॥२७॥

यदि पर्वत अंजन चूर्ण सदृश दिखायी पड़ें, गुफाओं से जल की भाप या धुँवा-सा उठता दिखायी दे, चन्द्रमा जलमुर्ग के नेत्रों के रंग जैसे परिवेष (पारस या जलकुक्कुटी) से घिरा हुआ हो तो शीघ्र ही वर्षा का सूचक होता है ॥२८॥ (वा.सं. २८।६)

तरुशिखरोपगताः कृकलासाः
गगनतलस्थितदृष्टिनिपाताः ।
यदि च गवामभिवीक्षणमूर्ध्वं
निपतति वारि तदा न चिरेण ॥ २९॥

यदि कृकलास (गिरगिट) वृक्ष की सबसे ऊँची टहनी पर पहुँचकर आकाश की ओर देखता हो अथवा गायें ऊपर की ओर मुँह उठा के आकाश को ताकती हों तो शीघ्र ही पानी बरसेगा ॥२९॥ (वा.सं. २८।८)

कुक्कुटचेष्टया सद्योवृष्टिज्ञानम्

यदा स्थिता गृहपटलेषु कुक्कुटा,
रुदन्ति वा यदि विततं दिवोन्मुखाः।
दिवा तडिद्यदि च पिनाकदिग्गता
तदा क्षमा भवति तदातिवारिणा ॥ ३०॥

यदि घर की छत या छप्पर आदि पर चढ़कर मुर्गे आकाश की ओर ताकते हुए कुकड़ूं-कूं करें तो शीघ्र वर्षा होती है।

अथवा यदि दिन के समय ईशान कोण (उत्तर-पूर्व के कोने में) में बिजली चमके तो उस दिन अत्यधिक वर्षा की संभावना रहती है ॥३०॥ (वा.सं. २८।१०)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रवर्णतः सद्योवृष्टिकथनम्

शुककपोतविलोचनसन्निभो
मधुनिभश्च यदा हिमदीधितिः।
प्रतिशशी च यदा निशि राजते
पतति वारि तदा चिरान्नवाः।। ३१।।

जिस दिन आकाश में चन्द्रमा का रंग तोता या कपोत के नेत्रों सदृश या मधु के समान नेत्र वाला दिखलाई दे अथवा जब आकाश में प्रति चन्द्र (Mock moon) दिखलाई पड़े तो शीघ्र ही पानी बरसता है ।।३१।। (वा.सं. २८।११)

सद्योवृष्टेरन्यलक्षणम्

स्वनितं निशि विद्युतो दिवा
रुधिरा वा भा यदि दण्डवत्स्थिताः।
पवनः पुरतश्च शीतलः
सलिलस्याशु तदाऽऽगमो भवेत्।। ३२।।

रात्रि में बादलों की गर्जना हो तथा दिन में रुधिर के समान आभावली डण्डे के समान आकार वाली बिजली चमकती हो, साथ ही शीतल पुरबाई हवा चलती हो तो शीघ्र ही वर्षा होती है ।।३२।। (वा.सं. २८।१२)

तरुलतापल्लवतः सद्योवृष्टिज्ञानम्

वल्लीनां यदि गगनोन्मुखाः प्रवालाः
मज्जन्तो यदि जलपांसुभिर्विहङ्गाः।
सेवन्ते यदि सरीसृपास्तृणाग्रा-
ण्यासन्नो भवति तदा जलस्य पातः।। ३३।।

यदि लताओं के नये पत्ते आकाश की ओर मुख किये हों, चिड़ियाँ धूल में स्नान करती हों, सर्पादि जन्तु वृक्षों के ऊपरी भाग पर आश्रय ग्रहण करें तो शीघ्र ही वर्षा का पानी गिरता है ।।३३।। (वा.सं. २८।१३)

सन्ध्याकालीनसद्योवृष्टिलक्षणम्

मयूरशुकचाषचातकाः समानवर्णा
यदा जपाकुसुमचम्पकद्युतिमुषश्च सन्ध्याघनाः।
जलोर्मिनगनक्रकच्छपवराहमीनोपमाः
प्रभूतपुटसञ्चयाः न तु चिरेण यच्छन्त्यपः।। ३४।।

यदि सन्ध्याकालीन मेघों का वर्ण मोर, सुआ, नीलकण्ठ, पपीता के समान हो अथवा गुड़हल, चम्पा आदि के फूलों जैसे रंग हो उन बादलों की आकृति जल की तरंगों,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर्वत, मकर, कच्छप, सुअर या मछली जैसी हो उन बादलों में अनेक पुट हों (अनेक पर्त हों) तो शीघ्र ही वर्षा होती है ॥३४॥ (वा.सं. २८।१४)

सूर्योदयास्तसमये सद्योवृष्टिकरा लक्षणाः

शक्रचापपरिघाः प्रतिसूर्यो
रोहितोऽथ तडितः परिवेषाः।
उद्गमास्तसमयोर्यदि भानो-
रादिशेत् प्रचुरमम्बु तदाऽऽशु॥ ३५॥

यदि सूर्योदय या सूर्यास्त के समय इन्द्रधनुष (Rainbow), परिघ (सूर्य के आसपास गोल पतला चक्र), प्रतिसूर्य (Mocksun), रोहित (मछली के समान बिजली की चमक), बिजली या परिवेष दिखायी दे तो शीघ्र ही वर्षा होगी ऐसा कहना चाहिए ॥३५॥ (वा.सं. २८।१६)

अन्यलक्षणम्

यद्यमोघकिरणास्सहस्त्रगो-
रस्तभूधरकरा इवोच्छ्रिताः।
भूसमां च रसतो यदाम्बुद-
स्तन्महद् भवति वृष्टिलक्षणम्॥ ३६॥

यदि सूर्य की किरणों का समूह अस्ताचल पर्वत के समान ऊँचा दिखाई दे तथा बादल पृथ्वी पर बहुत नीचे दिखायी पड़ें, बिजली की चमक तथा गड़गड़ाहट हो तो सद्योवृष्टि के लक्षण हैं ॥३६॥ (वा.सं. २८।१८)

पुनश्चान्यलक्षणानि

विरसमुदकं गोनेत्राभं वियद्विमलादिशो
लवणविकृतिः काकाण्डाभं यदा च भवेन्नभः।
पवनविगमः पोप्लूयन्ते झषास्तलगामिनो
रसनमसकृन्मण्डूकानां जलागमहेतवः॥ ३७॥

(१) पानी का स्वाद अच्छा न लगे, (२) आकाश का रंग गाय के नेत्रों या कौए के अण्डे के समान हो, (३) दिशाएँ निर्मल हो जायें। (४) नमक पसीजने लगे, (५) वायु का चलना रुक जायें (वायुदाब कम हो जाय), (६) मछलियों का उछल कर किनारे पर आना तथा (७) मेढकों का एक स्वर से टर्राना—ये सब वर्षा के आगमन के सूचक होते हैं ॥३७॥ (यह श्लोक वाराही संहिता का है)

सतीस्कन्दयोः संवादकथनम्

पृच्छते सत्यपुत्राय वर्षलक्षणमब्रवीत्।
स्कन्दो यत्तु निबध्याथ पद्यैस्तानपि लिख्यते॥ ३८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सती के पूछने पर उत्तर में स्वामि कार्तिकेय ने जो वृष्टिलक्षण बतायें उन्हें स्वयं के श्लोकों में ग्रन्थकार द्वारा यहाँ कहा जा रहा है ॥३८॥

नववर्षारम्भवारतो वृष्टिज्ञानम्

चैत्रारम्भो यदि रविदिने तर्हि संवत्सरेऽस्मिन्,
वर्षन्नादौ पुनः पुनरपि समं वर्षणं सर्वतो न।
शीतांशोश्चादुपचितसमये वर्षमल्पो विलम्बो
वर्षारम्भे क्षितिसुतदिने वर्षणं पर्वतेषु॥ ३९॥
बौधे सुवृष्टिर्धिषणस्य वारे वृष्टिर्महत्यत्र च सन्त्यनर्थाः।
वर्षन्न शौक्रेऽपि पतत्सुभिक्षं मान्दे गदा धान्यजनक्षयौ च॥ ४०॥

(१) यदि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रविवार हो तो उस संवत्सर के प्रारंभ में वर्षा नहीं होती हैं, पश्चात् वर्षा होती हैं परन्तु विषम वर्षा होती है।

(२) यदि सोमवार को नवसंवत्सरारम्भ हो तो वर्षा विलम्ब से प्रारंभ होती है तथा अल्प होती है।

(३) मंगलवार के वर्ष प्रारंभ में पर्वतीय भागों में अधिक वृष्टि होती है।

(४) बुधवार को नववर्षारंभ होने पर उस वर्ष अच्छी वर्षा होती है।

(५) गुरुवार को यदि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का आरंभ हो तो अतिवृष्टि आदि के कारण प्राकृतिक विपत्ति आती है।

(६) शुक्रवार के नववर्षारंभ में उस वर्ष यद्यपि अल्पवृष्टि होती है परन्तु सुभिक्ष रहता है।

(७) शनिवार के नव वर्षप्रवेश में रोगों से पीड़ा, फसलों की हानि होती है, नागरिकों में दुश्चरित्रता फैलती है।

वैशाखमाघयोः प्रथमदिने नक्षत्रवशात् वर्षाज्ञानम्

वर्षस्य लक्षणं वारैरिति प्रोक्तमथोडुभिः।
मृगाजमासयोरादिगतैर्वर्षमथोच्यते ॥ ४१॥

वारों के वर्षप्रवेशानुसार वर्षा के लक्षण मैंने कहे हैं, अब मृग (मकर=माघ) मास तथा अजमास (मेष=वैशाख) के आरंभ दिन को जो चन्द्रनक्षत्र हो उसके अनुसार वर्षा के लक्षण कहे जा रहे हैं ॥४१॥

सूर्य जब मेष राशि में प्रवेश करे अथवा मकर राशि में प्रवेश करे उस दिन के चन्द्र-नक्षत्र पर से वर्षा-विचार करें।

काले वर्षकृतः प्रभञ्जनहितं कुर्यात्सुभिक्षं यमो
राजोपद्रवमल्पवृष्टिमललोर्वीसुराणां विपत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आदौ वृष्टिरजे पुनः पशुहतिः सौम्येऽल्पवृष्टिः पुनः
कुर्याद्वर्षमभीष्टमन्तकरिपुर्धान्यक्षयं वा मनाक् ॥ ४२॥

(१) मेषसंक्रान्ति तथा मकरसंक्रमण के दिन यदि अश्विनी नक्षत्र हो तो समय पर वर्षा होती है तथा सुकाल होता है ।

(२) भरणी नक्षत्र होने पर राजा लोगों मे उपद्रव होता है परन्तु वर्षा भी कम होती है ।

(३) कृत्तिका में मेष या मकर के संक्रमण से ब्राह्मणों को कष्ट होता है ।

(४) रोहिणी नक्षत्र में संक्रमण होने पर वर्ष के प्रारंभ में वर्षा होती है परन्तु बाद में पशुओं की हानि होती है ।

(५) मृगशिरा में यदि संक्रान्ति प्रवेश करें तो अल्पवृष्टि होती है ।

(६) आर्द्रा नक्षत्र का मेष या मकर संक्रमण धान्यक्षय करता है ।

आदौ वर्षणमुद्भवेच्च पशुरुक् व्याधिश्च नृणाम्महान् ।
दुर्वृत्तोद्धतिरत्र मारुति गुरौ सस्यान्नवर्षम्बहु ।
सार्पे वृष्टिरतीव तस्करभयं युद्धञ्च भीमम्पुन-
र्वृष्टिः स्यात् पितृभेऽधिका नृपभयं किञ्चिच्च धान्यक्षयम्॥ ४३॥
कुरुते शूद्रविनाशं क्षयमपि तद्वन्महीसुधाशानाम् ।
अपि च सुभिक्षम्भूम्यामर्यमभययोरुभयोश्च नक्षत्रयोः ॥ ४४॥

(७) पुनर्वसु नक्षत्र में यदि मेषार्क या मकरार्क का प्रवेश हो तो प्रारंभ में जोरदार वर्षा होती है, पशुओं में रोग तथा मनुष्यों को पीड़ा होती है ।

(८) पुष्य के प्रवेश होने पर समाज में दुश्चरित्रता अधिक फैलती है, वर्षा पर्याप्त होती है ।

(९) श्लेषा में पर्याप्त वर्षा एवं चोरों-डाकुओं का भय होता है, आतंकवाद फैलता है तथा भयंकर युद्ध होता है ।

(१०) मघा के संक्रमण से अत्यधिक वर्षा होती है, राजभय तथा सस्यहानि होती है ।

(११-१२) पूर्वाफाल्गुनी तथा उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रों की संक्रान्ति शूद्रों एवं ब्राह्मणों का नाश करती है ॥४३-४४॥

क्षेमारोग्यसुभिक्षकृत् सवितृभं चित्रा त्वनर्थान् बहून्
वर्षं स्वल्पमरोगतां च कुरुते कुर्यात् पुनर्वायुभम् ।
वर्षं भूरि सुभिक्षमप्यवनिदेववर्द्धिं च शुद्रापदं
शूर्पे शूद्रविपत्सु भिक्षनृगदास्सर्वत्र नोवर्षणम् ॥ ४५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१३) हस्त नक्षत्र में मेषाऽर्क प्रवेश हो तो कल्याण, आरोग्य एवं सुकाल होता है।

(१४) चित्रा का संक्रमण आर्थिक विपन्नता देता है।

(१५) स्वाति नक्षत्र अल्पवृष्टि तथा सूखा उत्पन्न करता है।

(१६) विशाखा नक्षत्र में ब्राह्मणो की उन्नति होती है, मनुष्यों में रोग फैलते हैं तथा कहीं वर्षा होती है कहीं नहीं होती है ॥४५॥

सस्यक्षयं वृष्टिमपि प्रभूतां करोति मित्रो मघवा तथैव।
गोमर्त्यरुग्ब्राह्मणकर्मविघ्नान् करोति वृष्टिं महतीञ्च मूलम् ॥ ४६॥
सस्यादिवृद्धिम्महतीञ्च वृष्टिं प्रान्तेविनाशञ्च करोति तोयम्।
स्वल्पं हि वर्षं विदधाति विश्वसस्यञ्च वर्षञ्च महन्मुकुन्दः ॥ ४७॥

(१७) अनुराधा नक्षत्र में यदि मेषार्क या मकरेऽर्क का प्रवेश हो तो धान्य की हानि तथा अतिवृष्टि होती है।

(१८) ज्येष्ठा में भी अतिवृष्टि से फसलों का विनाश होता है।

(१९) मूल में प्रजा एवं गायों में रोग फैलते हैं। ब्राह्मणों के कार्यों में विघ्न होता है।

(२०) पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र का संक्रमण अच्छी फसल करता है परंतु कहीं-कहीं अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षेत्रों का विनाश हो जाता है।

(२१) उत्तराषाढ़ा में यदि संक्रान्ति प्रवेश हो तो कहीं अतिवृष्टि तथा कहीं अल्पवृष्टि होती है परन्तु फसल अच्छी होती है।

(२२) श्रवण नक्षत्र में वर्षा तथा फसल दोनों अच्छे होते हैं।

आदौ वृष्टिर्वर्षणं न स्वकाले धान्यं किञ्चित् क्षीयते भे वसूनाम्।
बह्वी वृद्धिर्वर्धते वा कुधान्यं सत्यब्दादौ वारुणे भाद्रभे वा ॥ ४८॥

(२३) धनिष्ठा में प्रवेश होने पर वर्षाकाल के, पूर्वार्ध में वर्षा, बाद में वर्षा न होने से फसल की हानि है।

(२४) शतभिषा नक्षत्र की संक्रान्ति से अतिवृष्टि होती है तथा मोटे अनाजों की फसल खूब बढ़ती है।

(२५) पूर्वाभाद्रपद में वर्षारंभ में वृष्टि होती है ॥४८॥

वृष्टिर्लघ्वी पुण्यकर्माल्पता च बुध्न्यां वै स्युर्मानवाः स्वल्पसत्त्वाः।
बह्वी वृष्टिः स्वोचिते काल एव स्याद् रेवत्यां मेदिनी सत्सुभिक्षा ॥ ४९॥

(२६) यदि उत्तराभाद्रपद के नक्षत्र में मेषसंक्रान्ति या मकरसंक्रान्ति का प्रवेश हो तो जनता की बुद्धि में कमी आती है, शुभ कार्य बहुत कम होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२७) रेवती नक्षत्र के संक्रमण में वर्षा प्रचुर होती है ठीक समय पर होती है तथा धरती पर सुभिक्ष होता है ॥४९॥

विषुवकाले तिथिफलम्

प्रतिपद्विषुवति यदिभूर्वर्षविहीना पुनर्द्वितीया चेत्,
यदि च तृतीया वर्षं निजसमये भवति धान्यमल्पत्वञ्च ।
लघ्वी वृष्टिरनर्थविघ्ननिचया ज्ञेयाश्चतुर्थ्यां तिथौ;
पञ्चम्यां बहुवर्षसस्यविभवाः षष्ठ्यान्तु युद्धं महत् ॥ ५० ॥
किञ्चिद्धान्यहतिश्च वृष्टिरबहुः कुर्यात्पुनः सप्तमी
नादौ वर्षमुपद्रवञ्च नृपते वृष्टिं पुनश्चोचिताम् ।
अष्टम्ययने विषुवे वा यदि बहुधान्यमुचितं वर्षञ्च,
सस्यानि बहूनि बहून् कुरुतेऽनर्थांश्च तत्रगा नवमी ॥ ५१ ॥

यदि विषुव दिवस को प्रतिपदा तिथि हो अथवा द्वितीया तिथि हो तो उस वर्ष वर्षा नहीं होती है । यदि विषुव दिन चान्द्र तिथि तृतीया में हो तो समय पर वर्षा होने पर भी फसल की पैदावार कम ही रहती है । चतुर्थी तिथि होने पर वर्षा न्यून होती है, बहुत-से उपद्रव तथा अनर्थ होते हैं एवं विघ्न-बाधाएँ आती हैं । पंचमी तिथि को विषुव दिन होने पर वर्षा खूब होती है, धान्योत्पादन प्रचुरता से होता है । षष्ठी तिथि होने पर भयङ्कर युद्ध होता है ॥५०॥

सप्तमी तिथि को विषुव दिन पड़ने पर वर्षा अधिक नहीं होती है तथा फसल की हानि किञ्चित् मात्रा में होती है । अष्टमी तिथि होने पर यदि अयन-परिवर्तन या विषुव-परिवर्तन हो तो फसल अच्छी होती है, वृष्टि उचित मात्रा में तथा यथासमय होती है । यदि उक्त दिवस को नवमी तिथि हो तो फसल तो खूब अच्छी होती है परन्तु उपद्रव बहुत होते हैं ॥५१॥

बहवोऽनर्थाः शोका बह्वी वृष्टिश्च यदि दशमी ।
बहुवर्षकुधान्याधिश्चैकादश्यां विपन्नृणाम् ॥ ५२ ॥
द्वादश्यां लघुवर्षणं स्वसमये सन्त्युद्धरास्तस्करा
स्तद्वद्विश्वतिथौ महीध्रयुगली तिथ्यां पुनर्वर्षणम् ॥ ५३ ॥
प्रारम्भे बहु तच्च मण्डलगता काले तु नो वर्षणं
युद्धं पर्वणि भूरिवर्षमधिकं धान्यर्धिरप्युन्नता ॥ ५४ ॥

यदि विषुव दिन को दशमी तिथि हो तो वर्षा अधिक होती है तथा अनेक प्रकार के अनर्थ होते हैं, शोक-सन्ताप बढ़ता है । एकादशी होने पर जनता पर प्राकृतिक विपत्ति आती है । द्वादशी में समय पर वर्षा होती है परन्तु अल्पमात्रा में होती है, चोरों का उपद्रव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बढ़ता है। विश्वतिथि (त्रयोदशी) को भी द्वादशी जैसा ही प्रभाव होता है। चतुर्दशी तिथि में विषुव दिन होने पर प्रारंभ में वर्षा बहुत होती है लेकिन बारह दिन बाद वर्षा अचानक रुक जाती है।

पर्वतिथि (पूर्णिमा एवं अमावस्या में) में अतिवृष्टि होती है, युद्ध होता है परन्तु अन्न का उत्पादन अच्छा होता है, राष्ट्र की उन्नति होती है ॥५२-५३-५४॥

विषुव दिन—जिस दिन सूर्य सायन-गणना से मेष या तुला राशि में प्रवेश करते हैं उस दिन को विषुव दिन कहते हैं। सायन मेष प्रवेश के साथ सूर्य उत्तरगोल में प्रवेश करते हैं तथा उस दिन दिनमान तथा रात्रिमान तुल्य हो जाते हैं। इसके पश्चात् रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है। दिनमान तीस घटी से अधिक हुआ करता है।

जिस दिन सूर्य सायन तुला राशि में प्रवेश करते हैं उस दिन सूर्य का दक्षिण गोल में प्रवेश होता है तथा दिनमान-रात्रिमान समान होकर फिर रात्रिमान तीस घटी से अधिक होने लगता है तथा धीरे-धीरे शीतकाल प्रारंभ होता है। विषुव दिन को बारह अंगुल शंकु की मध्याह्नकालीन छाया से उस स्थान की पलभा (अक्षभा) का ज्ञान किया जाता है। विषुव दिन वर्ष में दो बार होता है तथा उस दिन सूर्य ठीक पूर्व दिशा में उदित होकर ठीक पश्चिम दिशा में अस्त होता है। विषुव दिन को भूमध्यरेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं। भूमध्यरेखा पृथ्वी को उत्तर-दक्षिण दो समान भागों में विभाजित करती है। भूमध्यरेखा को विषुव वृत्त या विषुवद् रेखा भी कहते हैं। इसी को विषु, विषुप, विषुव तथा विष्ठव भी कहते हैं। 'विषु' का अर्थ दो समान भाग होता है। दूसरा अर्थ तुल्य या समरूप होता है। अंग्रेजी में इसे Eqator (इक्वाटर) कहते हैं। अरबी भाषा में इसे "दायरै अजीमा" तथा "खत इस्तवा" कहा जाता है। इस रेखा से पृथ्वी उत्तरी गोलार्ध (Northern hemisphere) तथा दक्षिणी गोलार्ध (Southern hemisphere) इन दो भागों में बँट जाती है।

विषुवदिने करणानां फलम्

भवकरणे भवति विष्ठवे बहुवर्षं धान्यसम्पदोऽनर्थाः।
व्याघ्रे समुचितवर्षपशुनाशं किञ्चिदेव दुर्भिक्षम्॥ ५५॥

यदि विषुव दिन को सूर्य के गोलपरिवर्तन के समय भवकरण हो तो उस वर्ष वर्षा बहुत होती है, धान्य की प्रचुरता रहती है परन्तु बहुत-से अनर्थ होते हैं (भव करण को बव तथा वप करण भी कहते हैं)

व्याघ्रकरण के समय विषुवारंभ होने पर पशुओं की हानि तथा कुछ दुर्भिक्ष होता है ॥५५॥

यहाँ बालव करण को व्याघ्र कहा गया है। व्याघ्र बलवान् होता है अतः बालव करण को ग्रन्थकार ने व्याघ्र कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न चावसाने न च वृष्टिरादौ
नान्तश्च सर्वत्र विपच्च बह्वी स्यात् ।
कौले खरे गोधनधान्यवृद्धि-
रधिवृष्टिश्च बह्वी खलु मण्डलस्था ।। ५६।।

उस दिन यदि कौलव करण हो तो वर्षाकाल में न प्रारंभ में वर्षा होती है और न अन्त में वर्षा होती है (तात्पर्य यह कि वर्षा देर में प्रारंभ होती है तथा जल्दी समाप्त हो जाती है, केवल मध्य के दिनों में वर्षा होती है) ।

खर (तैतिल) करण में वर्षा बहुत प्रमाण में होती है तथा मण्डलस्थ वृष्टि होती है अर्थात् बड़े क्षेत्र में वर्षा होती है ।।५६।।

आदौ गजे वर्षमतीव नान्ते गव्यन्यथा स्युर्बहवश्च रोगाः ।
विष्टौ गवां रुग्बहुसस्यसम्पद् वृष्टिश्च काले बहवोऽप्यनर्थाः ।। ५७।।

गज (गर) करण में वर्षा ऋतु के प्रारंभ में खूब वर्षा होती है, पश्चात् वर्षा का अभाव होता है ।

यदि विषुवारंभ गवि (वणिज) करण में हो तो अनेक प्रकार के कष्ट तथा रोग होते हैं ।

विष्टिकरण में गायों को रोग होते हैं, वर्षा समय पर होती है तथा बहुत-से अनर्थ होते हैं ।।५७।।

यथैव विष्ट्यां शकुने तथैव भवन्त्यनर्था बहवो विशेषात् ।
चतुष्पदे वर्षमनल्पमब्दप्रारम्भनाशी लघुधान्यहानिः ।। ५८।।

जैसा फल विष्टिकरण का है ठीक वैसा ही फल शकुनिकरण का होता है, विशेष रूप से अनर्थ अधिक होते हैं ।

चतुष्पद करण में वर्षा अल्प होती है, प्रारंभ में वर्षा का अभाव होता है, क्षुद्रधान्यों की हानि हाती है ।।५८।।

बह्वी वृष्टिः सस्यसम्पत्तिनाशो
किंतुघ्नेऽल्पो धान्यनाशोऽल्पवृष्टिः।
स्वीये काले सम्भवेदेव चान्ते
सस्याना स्याच्चाखिलानां समृद्धिः ।। ५९।।

नागकरण में वर्षा बहुत होती है तथा फसलों को हानि पहुँचती है । किंस्तुघ्न करण में अल्प मात्रा में फसल की हानि होती है । भादौ-क्वार में (अंत में) अच्छी वर्षा होती है तथा फसल अच्छी हो जाती है (दूसरी फसल अच्छी बन जाती है) ।।५९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेषसङ्क्रमणे लग्नफलम्

मेषस्य जूकस्य मृगस्य चोदये
पत्युर्दिनानां यदि मेषसङ्क्रमः ।
स्वल्पं हरेर्मण्डलगामिमध्यं
कीटस्य वर्षं बहु शिष्टभोदये ।। ६० ।।

यदि मेषसंक्रांति का प्रवेश जिस समय हो उस समय मेष, तुला, मकर लग्न हों तो अल्प मात्रा में वर्षा होती है । यदि उस समय सिंह लग्न हो तो वर्षा मध्यम होती है । वृश्चिक लग्न में वर्षा बहुत होती है ।।६०।।

शिष्टानामुदये सस्यसम्पच्च न च योषितः ।
मनाङ्न्यूनोदये नास्यात् वृष्टिश्चेतरषट्कृतः ।। ६१ ।।

कन्या लग्न में उतनी अच्छी वर्षा नहीं होती, फसल कुछ कमजोर होती है । परन्तु शेष छह लग्नों में वर्षा अच्छी होती है तथा फसल भी अच्छी होती है ।।६१।।

मतान्तरम्

भानोर्यद्यजसङ्क्रमः स्वरुदये तस्यात्र संवत्सरे
वृष्टिः स्यादुचिता विलम्बनमपि प्रारम्भणे स्यान्महार्कः ।
इन्दोश्चेत् बहुवर्षसस्यविभवा भौमस्य चेत्स्वल्पकं
वर्षन्तस्य न चादिमे तु समये नान्त्ये तथाऽनेहसि।। ६२ ।।

यदि सूर्य का मेषसङ्क्रमण सूर्य के राशिलग्न (सिंह) में हो तो उस वर्ष प्रारंभ में कुछ विलम्ब के बाद उचित मात्रा में वर्षा होती है । यदि सूर्य का मेषाऽर्क प्रवेश चन्द्रमा के राशिलग्न (कर्क) में हो तो अच्छी पर्याप्त वर्षा तथा अच्छी फसल उत्पन्न होती है ।

यदि मंगल की राशि (मेष-वृश्चिक) में वर्ष प्रवेश हो तो वर्षा कम होती है तथा धान्योत्पत्ति भी न्यून मात्रा में होती है । उस वर्ष वर्षाकाल के आरंभ तथा अन्त में वर्षा नहीं होती ।।६२।।

चान्द्रेश्चेत् बहुवर्षमम्बुभवने वृष्टिः परत्राल्पका
नादावाङ्गिरसेऽस्ति वर्षमपि धान्यानां क्षयः किञ्चन ।
यद्युद्गच्छति भार्गविण समये वृष्टिश्च युद्धं महत्
भूपोपद्रवगो गदौ च बहुधान्यर्द्धिस्सुभिक्षं तथा।। ६३ ।।

यदि चान्द्रि (बुध) की राशि में जलराशि में (कन्या में) मेषार्क प्रवेश हो तो उस वर्ष बहुत वर्षा होती है । परन्तु यदि अन्य राशि (मिथुन) में मेषसंक्रमण हो तो अल्प वृष्टि होती है । अङ्गिरस (गुरु) के लग्नों (धनु-मीन) में मेषाऽर्क प्रवेश होने पर प्रारंभ में वर्षा का अवरोध होता है तथा थोड़ी मात्रा में धान्यों की हानि होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्र की राशि (वृष तुला) का मेषसंक्रमण हो तो वर्षा समय पर होती है परन्तु भीषण युद्ध होता है, राजा में विग्रह होता है। गाय-बैल रोगों से पीड़ित होते हैं। फसल श्रेष्ठ होती है तथा सुभिक्ष होता है ॥६३॥

मन्दस्य चेदल्पतरञ्च वर्षं
चोरा भवेयुर्बहवोऽप्यनर्था:।
किञ्चित् सुभिक्षं च समुद्गमे गो-
भूर्यम्बुभे वर्षमतोऽन्यभेऽल्पम् ॥ ६४॥

यदि शनि के लग्नों (मकर-कुंभ) में मेषार्क प्रवेश हो तो उस वर्ष वृष्टि अल्प मात्रा में होती है, यह फल कुंभ का है। मकर जलराशि है अत: इसमें वर्षा प्रचुर मात्रा में होती है। परन्तु दोनों में चोर, उठाईगीरे, डाकू, तस्कर तथा समाजविरोधी तत्त्व उपद्रव मचाते रहते हैं; अनेक प्रकार के अनर्थ होते हैं ॥६४॥

अत्र ग्रन्थान्तरम्

विषुवत्सङ्क्रमसमये नित्या योगा नव स्युरशुभाश्चेत्।
गुलिकाद्या वा यदि नवदुर्भिक्षं भवति वत्सरे तस्मिन् ॥ ६५॥

यदि विषुवत्संक्रान्ति (सायन मेषार्क) के समय गुलिक इत्यादि नौ योग (दोष) विद्यमान हों तो अशुभ फल होता है, उस वर्ष दुर्भिक्ष होता है ॥६५॥

जलभेषु जलग्रहयुजि दृष्टे वा वृष्टिरुत्तमा भविता।
शिखिखगवीक्षितयुक्ते सङ्क्रमणे तद्ग्रहेषु न च वृष्टि:॥ ६६॥

यदि उस सायन मेषार्क प्रवेशकालीन लग्न पर जलीय राशियों में स्थित जलीय ग्रहों (शुक्र-चन्द्र) की दृष्टि हो तो उस वर्ष उत्तम वर्षा होती है। परन्तु यदि उस पर अग्नि तत्त्व युक्त ग्रहों (सूर्य-मंगल) की दृष्टि हो तो वर्षा नहीं होती है ॥६६॥

सङ्क्रान्ति: शुभयोगवीक्षणवती वृद्ध्या युतापान्तदा,
मासेऽब्दे यदि वाऽत्र वर्षमुचितं कुर्यात्सुभिक्षं महत्।
तोयह्रासवती सचापयुतिवीक्षासौ तु दुर्भिक्षकृत्,
कुर्याद् वर्षणमल्पकं न नितरां युद्धं विदध्यादपि ॥ ६७॥

यदि संक्रान्ति के समय सूर्य शुभ ग्रहों से युत या वीक्षित हो तथा उस दिन विष्कंभादि योगों में 'वृद्धि' नामक योग हो तो वर्षा अच्छी होती है। यह फल मेषसंक्रान्ति में वर्षभर के लिए तथा शेष संक्रान्तियों में मासभर के लिए होता है।

यदि सूर्य इन्द्रचाप नामक ग्रह (अप्रकाश ग्रह) युत होकर पाप ग्रहों से युत-दृष्ट हो तो जल की कमी होती है तथा युद्धादि का भय होता है ॥६७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मण्डलानां कथनम्

श्रोणो वासवविश्वमित्रबलभिद् ब्रह्माभिजित्स्थे विधौ
भानोः सङ्क्रमणं सुभिक्षफलदं माहेन्द्रजं मण्डलम्।
शूर्पाग्नेयमघार्यभाद्रभरणीपूर्वासु वह्नेरिता
दुर्भिक्षारिभयं च रोगान् बहून् कारयेत् ।। ६८।।

श्रोणा (श्रवण),वासव (धनिष्ठा), विश्व (उत्तराषाढ़ा), मित्र (अनुराधा), बलभिद् (ज्येष्ठा) नक्षत्र में चन्द्रमा होने पर यदि सूर्य का संक्रमण हो तो वह संक्रान्ति "माहेन्द्र मण्डल" में कही जाती है । इसका फल सुभिक्षकारक होता है ।

जब सूर्य का संक्रमण कृत्तिका, मघा, अर्यमा (उत्तराफाल्गुनी), पूर्वाभाद्रपद तथा भरणी के चन्द्रमा में होता है तब वह संक्रान्ति "अग्निमण्डल" की होती है । इसका फल दुर्भिक्ष, शत्रुभय तथा बहुत-से रोगों का प्रकोप होता है ।।६८।।

अर्के मेषं क्रामतीन्द्वक्रचित्रा स्वाती भाग्यादित्यदस्राख्यताराः।
एतद्वायोर्मण्डलं राजभीतिं वायोर्भीतिं स्वल्पवृष्टिश्च कुर्यात् ।। ६९।।

यदि मेषार्क प्रवेश के समय चन्द्रमा अर्क (हस्त), चित्रा, स्वाति, भाग्य (पूर्वाफाल्गुनी), आदित्य (पूनर्वसु) और दस्र (अश्विनी) इन नक्षत्रों में हो तो यह वायु-मण्डल की संक्रान्ति कहलाती है । इसका फल राजा से भय, आँधी-तूफान, चक्रवातादि का भय तथा अल्पवृष्टि होता है । बादल हवा के साथ उड़ जाते हैं ।।६९।।

रौद्राहिमूलवरुणान्त्यहिबुध्नतोय-
तारासु चेद् विषुवसंक्रमणं यदि स्यात्।
प्राचेतसं भवति मण्डल एतदेव
वृष्टिङ्करोति जगतां महतीञ्च वृष्टिम् ।। ७०।।

यदि मेष संक्रमण के समय चन्द्रमा आर्द्रा, श्लेषा, मूल, शतभिषा, रेवती, उत्तरा-भाद्रपद तथा पूर्वाषाढा नक्षत्रों में हो तो यह 'वरुणमण्डल' का संक्रमण होता है । इसमें भारी वर्षा होती है ।।७०।।

करणेषु मेषार्कप्रवेशे महर्घ–समर्घफलम्

किंस्तुघ्नकोलशकुनोपगतः स्थितोऽर्को
नागेभगर्दभचतुष्पदगो निषण्णः।
शार्दूलविष्टिहरिगोवृषगश्शयानो
धत्तेऽर्घवृद्धिसमताऽपचयात् क्रमेण ।। ७१।।

(१) यदि मेषार्क प्रवेशकाल किंस्तुघ्न, कौलव एवं शकुनि करण में हो तो उसकी 'स्थिति' संज्ञा होती है । (२) यदि नाग, गर्दभ (तैतिल) तथा चतुष्पद करण में हो तो सूर्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

"निषण्ण" (बैठा हुआ) कहलाता है । (३) सिंह (बालव), विष्टि, हरि, गो (वणिज) करणों में "शयान:" (सोता हुआ) होता है । इन तीनों स्थितियों में क्रमश: महँगाई, मूल्य की समता तथा सस्ताई होती है ।।७१।।

सूर्यसंज्ञानुसार महर्घादिबोधक चक्र

(१) स्थित	(२) निषण्ण	(३) शयान:	**सूर्य की संज्ञा**
किंस्तुघ्न कौलव शकुनि	नाग, चतुष्पद गज (गर) तैतिल	बव वणिज बालव विष्टि	**मेषाऽर्क प्रवेशकालीन करण**
महर्घता	समता	मूल्यापचय	**फल**

अथ वर्षप्रश्न:

अत्रानुष्ठानपद्धति:

आर्द्रद्रव्यं स्पृशति यदि वा वारि तत्संज्ञितं वा
तोयासन्नो भवति यदि वा तोयकार्योन्मुखो वा ।
प्रष्टावाचस्सलिलमचिरादस्ति सन्देहहीनं
पृच्छाकाले सलिलमिति वा श्रूयते चेच्च शब्द: ।। ७२।।

जिस समय दैवज्ञ से वृष्टि सम्बन्धी प्रश्न किया जाय उस सयम यदि प्राश्निक किसी आर्द्र (गीले) पदार्थ का स्पर्श करे या जलीय पदार्थ (जलोत्पन्न वनस्पति आदि) का स्पर्श करे या जल के समीप बैठकर प्रश्न करे या जल सम्बन्धी कार्य (सिंचाई, छिड़काव, धुलाई आदि) में संलग्न हो या जल की ध्वनि उस स्थान पर सुनाई पड़ रही हो या जल की चर्चा कहीं हो रही हो तो असन्दिग्ध रूप से शीघ्र ही वर्षा होती है ।।७२।।

रुदिते क्षवथौ कासे निष्ठीवे नासिकास्रवे ।
शीतच्छाया प्रवेशे च महतीं वृष्टिमादिशेत् ।। ७३।।

यदि वर्षाप्रश्न के समय रोना, छींकना, खाँसना, थूकना, खखारना, नाक छिनकना हो या जलीय या छायादार स्थान में पृच्छक या अन्यों का प्रवेश दृष्टिगोचर हो या अचानक वातावरण ठण्डा मालूम पड़े तो भारी वर्षा होती है ।।७३।।

अर्के तु परिवेषे च व्योम्नि मेघतिरस्कृते ।
आर्द्रता यत्र भागे स्यात् प्रष्टुस्तत्र जलं वदेत् ।। ७४।।

वर्षाप्रश्न के समय यदि स्वच्छ मेघरहित आकाश में सूर्य परिवेष से घिरा हो तथा उस स्थान पर आर्द्रता का अनुभव हो तो जल की वृष्टि कहनी चाहिए ।।७४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुरायां नवनीतादौ गर्भिण्याञ्जलभाजने।
महिषे च गजेन्द्रे च विप्रे दृष्टे जलं वदेत्।। ७५।।

वर्षाप्रश्न के समय मदिरा, नवनीत (मक्खन), गर्भिणी स्त्री द्वारा जलपात्र ले जाना, भैंसा, हाथी या ब्राह्मण दिखायी दें तो 'वर्षा होगी' ऐसा कहना चाहिए ।।७५।।

भैंस, हाथी तथा ब्राह्मण इनको स्नान अधिक प्रिय होता है । इसलिए इनका दिखना वर्षासूचक होता है । हिन्दी में कहावत है—

"बाम्हन, भैंस कनिक अरु दार ।
जे भींजैं सुख पावें चार" ।।

मुहूर्तरत्नञ्च

आस्ये नेत्रे मेढ्रे प्रष्टा खलु यदि स्पृशति पृच्छायाम्।
पृच्छकमूत्रोत्सर्गे, महती वृष्टिस्सर्वे निर्देश्याः ।। ७६।।

यदि पृच्छक अपना मुख, नेत्र, लिंग इनमें से किसी अंग को छूते हुए वृष्टिप्रश्न पूछता है अथवा प्रश्न पूछकर वह पेशाब करने चला जाता है तो 'भारी वर्षा होगी' ऐसा बताना चाहिए ।।७६।।

प्रश्नलग्नाद् वर्षाविचारः

मत्स्यकुलीरौ मकरः कुम्भो तौली वृश्चिकाः सजलाः ।
भृगुचन्द्रौ सलिलमयौ गुरुशशितनयौ तु तोयराशिस्थौ ।। ७७।।
एतेषु पदवशेन ननु जलं स्यात्परः परः पूर्वात् ।
शेषा विजला ज्ञेया ग्रहास्तथा राशयो विदुषा ।। ७८।।

मीन, कर्क, मकर, कुंभ, तुला तथा वृश्चिक ये सजल राशियाँ हैं । चन्द्र-शुक्र ये जलीय ग्रह हैं । गुरु एवं बुध यदि जलराशि में बैठें तो जलप्रद होते हैं ।।७७।।

इन राशियों में प्रथम चरण (नवांश) में अधिक जल होता है तथा अंतिम चरण तक क्रमशः जल की न्यूनता होती है । शेष राशियाँ एवं ग्रह निर्जल तथा सूखे होते हैं वे जल के सूचक नहीं होते हैं ।।७८।।

अर्कवक्रावनावृष्टिं गुरुज्ञौ मन्दवृष्टिदौ ।
चन्द्रशुक्रौ महावृष्टिं तत्प्रश्ने कुरुतः क्षणात् ।। ७९।।

वृष्टिप्रश्न में सूर्य एवं वक्र (मंगल) अनावृष्टि के सूचक, गुरु-बुध थोड़ी वर्षा के सूचक तथा चन्द्र एवं शुक्र भारी वर्षा के सूचक होते हैं । चन्द्र एवं शुक्र से शीघ्र वृष्टि होती है ।।७९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रश्नवचनादिवर्णे वर्षचतुर्थे स्वरेऽथवा दीर्घे।
भवति जलं न भवति तद्वर्गाद्ये पञ्चमे द्वितीये वा।। ८०।।

यदि प्रश्न के वाक्य का प्रथमाक्षर वर्गों के चतुर्थाक्षरों (घोष वर्णों) में से हो अथवा दीर्घ स्वर युक्त हो तो वर्षा होती है। वर्ग के प्रथमाक्षर, पंचमाक्षर या द्वितीयाक्षर होने पर वर्षा नहीं होती है ।।८०।।

वर्णमाला व्यंजनों के वर्गज्ञान का चक्र

अक्षर वर्ग का नाम	प्रथमाक्षर खर	द्वितीयाक्षर अतिखर	तृतीयाक्षर मृदु	चतुर्थाक्षर घोष(वर्षाकारक)	पञ्चमाक्षर अनुनासिक
क वर्ग	क	ख	ग	घ	ङ
च वर्ग	च	छ	ज	झ	ञ
ट वर्ग	ट	ठ	ड	ढ	ण
त वर्ग	त	थ	द	ध	न
प वर्ग	प	फ	ब	भ	म
य वर्ग	य	र	ल	व	×
श वर्ग	श	ष	स	ह	×

ह्रस्व स्वर—अ इ उ ऋ ए ओ।
दीर्घ स्वर—आ ई ऊ ॠ ऐ औ।

भूमिगतोदकज्ञानम्

जलवत्यजलेऽधस्ताज्जलमुपरि भवति विपरीते ।
जलवद्द्वयसम्प्राप्ते प्रभूतमुदकं विनिर्देश्यम् ।। ८१।।
भूमिगतोदकविषयश्लोकोऽयं युज्यते सर्वेष्वपि।
तत्रगताधः शब्दः कालः स्यादायुपर्यन्ते ।। ८२।।

यदि शुष्क ग्रहों के वर्ग (षड्वर्ग) में जलीय ग्रह हो तो भूमि के ऊपरी भाग में जल होता है। दो जलीय ग्रह हों तो जल अधिक होता है। यह श्लोक भूगर्भगत जल जानने के लिए है। यहाँ अध: शब्द काल (समय) का भी सूचक है जिसका अर्थ आयुपर्यन्त होता है अर्थात् 'जीवनभर काम में लेने के लिए पर्याप्त जल है' ऐसा अर्थ ग्रहण करना चाहिए ।।८१-८२।।

वृष्टिकरा योगाः

सौम्या जलराशिस्थास्तृतीयधनकेन्द्रगास्सिते पक्षे।
चन्द्रोऽप्युदयं याते जलराशिस्थे वदेद्वर्षम् ।। ८३।।

यदि शुक्ल पक्ष हो तथा प्रश्नलग्न से तृतीय, द्वितीय एवं केन्द्र में शुभ ग्रह बैठे हों, जलचर राशि का लग्न हो तथा उसमें चन्द्रमा हो तब वर्षा कहनी चाहिए ।।८३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृच्छाकाले वित्तदुश्चिक्ययोश्चेदेको राशिर्जायते तोयसंज्ञः ।
तदा नदीवाहकरस्य सत्ता वर्षस्य विंशे दिवसे तु वाच्या ।। ८४।।

प्रश्नसमय में यदि द्वितीय-तृतीय भाव में जलसंज्ञक राशि हो (जलराशि दूसरे या तीसरे किसी में भी हो) तब बीस दिनों के भीतर इतनी जोरदार वर्षा होती है कि नदियों में बाढ़ आती है तथा तालाब आदि भर जाते हैं, बादलों का साम्राज्य छा जाता है ।।८४।।

प्रचुरवृष्टियोगः

चन्द्राऽर्कयोस्सप्तमगौसितार्की
सुखेऽष्टमे वापि यथा विलग्नात् ।
द्वितीयदुश्चिक्यगतौ तथा वा
वर्षासु वृष्टिं सुवदेत्विपश्चित् ।। ८५।।

यदि चन्द्रमा अथवा सूर्य से शुक्र या शनि सप्तम भाव में हों अथवा लग्न से चौथे, आठवें, दूसरे या तीसरे भाव में शुक्र तथा शनि हों तो वर्षाकाल में प्रचुर वर्षा होती है ।।८५।।

वृष्टिकरयोगः



वृष्टिकरयोगः



विवक्षा—सूर्य से शुक्र सप्तम भाव में कभी नहीं होता है । केवल शनि ही सप्तम भाव में होता है, अतः सूर्य से केवल सप्तम में शनि का योग विचारणीय है । चन्द्र से शुक्र तथा शनि दोनों अथवा कोई एक सप्तम में हो सकता है ।

वर्षप्रश्ने सलिलनिलयं राशिमाश्रित्य चन्द्रो
लग्नं यातो भवति यदि वा केन्द्रगश्शुक्लपक्षे ।
सौम्यैर्दृष्टः प्रचुरमुदकं पापदृष्टोऽल्पमम्भः
प्रावृट्काले सृजति न चिरात् चन्द्रवद् भार्गवोऽपि।। ८६।।

वृष्टिप्रश्न के समय यदि चन्द्र जलचर राशि में स्थित होकर लग्न में हो या शुक्ल पक्ष का चन्द्रमा केन्द्रों में बैठा हो तथा शुभ ग्रहों से दृष्ट हो तो प्रचुर मात्रा में वर्षा होती है । यदि वह चन्द्र पाप ग्रहों से दृष्ट हो तो अल्प प्रमाण में वर्षा होती है । चन्द्रमा की तरह ही शुक्र भी जलचर राशि का होकर लग्न में हो तो वर्षाकारक होता है अथवा केन्द्र में होकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुभदृष्ट हो तब वर्षा होती है। पापदृष्ट शुक्र से वर्षा कम होगी (परन्तु शुक्र को अस्तंगत नहीं होना चाहिए) ॥८६॥

तोयप्रश्ने सलिललग्ने तत्तद् विशेषकेन्द्रे वा।
गुरुबुधसितशशिनो यदि शुभदृष्टास्थिता जलम्भूरि॥ ८७॥

वृष्टिप्रश्न में जलीय राशि लग्न में हो या विशेष केन्द्रों में (अर्थात् लग्न में गुरु-बुध, चतुर्थ में चन्द्र-शुक्र) चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र बैंठे हों तथा शुभ ग्रह से दृष्ट हों तब पानी बरसता है ॥८७॥

यहाँ उक्त केन्द्रों में कोई एक ग्रह बैठा हो, दूसरे शुभ ग्रह से दृष्ट होना चाहिए।

यदि ते पापैर्दृष्टा यद्वा तैरव संयुतास्स्वल्पम्।
आरूढे वा छत्रे वा सजले साम्बुग्रहेऽपि भूरि स्यात्॥ ८८॥

यदि उक्त ग्रहों पर पाप ग्रहों की दृष्टि हों अथवा वे पाप ग्रहों से युत हों तो थोड़ी वर्षा होती है। यदि आरूढलग्न या छत्रलग्न जलराशि में हो तथा उनमें जलीय ग्रह बैठा हो तो बहुत भारी पानी बरसता है (यदि जलराशि तथा जलीय ग्रह दोनों का संयोग न हो तो वर्षा सामान्य ही होगी) ॥८८॥

विविधजलसूचकाः केन्द्राः

हिबुकेनाधस्सलिलं नद्यागमनं तु सप्तमेनैव।
दशमेन वृष्टिपतनं केन्द्रविशेषास्तयोः ह्येते॥ ८९॥

(१) चतुर्थ भाव से भूगर्भीय जल का विचार करना चाहिए।
(२) सप्तम भाव से नदी-नहर के जल का विचार करें।
(३) दशम भाव से वर्षा का विचार किया जाता है।
(४) लग्न से सामान्य जल का विचार करते हैं।

इस प्रकार ये केन्द्र विशेष कहलाते हैं ॥८९॥

इत्थं सत्यपि वर्षस्य लक्ष्मणि ज्ञस्य संयुतिम्।
दृष्टिर्वा तत्त्रिभागस्य तदंशस्यापि वोदयः॥ ९०॥
यदि चेद्वृष्टिरारब्धा पवनेन विहन्यते।
आरार्किराहुसौम्येषु केन्द्रस्थेष्वति मारुतात्॥ ९१॥

यद्यपि ऊपर भारी वर्षा के सूचक योग दिये गये हैं तथापि वर्षा के योगों एवं लक्षणों के होते हुए भी यदि उक्त ग्रहों पर बुध की दृष्टि या युति हो अथवा बुध का नवांश या द्रेष्काण ही लग्न में हो तो वायु इतनी तीव्रता से चलती है कि बादल उड़ते चले जाते हैं और वर्षा शीघ्र समाप्त हो जाती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी प्रकार प्रश्नकुण्डली से केन्द्रस्थानों में मंगल, शनि, राहु या बुध स्थित हों तो भी वायु की प्रचण्डता से वर्षा की हानि होती है ।।९०-९१।।

वृष्ठेविधात आदेश्य आरब्धायास्तथोल्वणम् ।। ९२।।

इस तरह ग्रहयोग से वर्षा के विघात (हवा द्वारा उड़ जाने) का विचार करते हुए वर्षा की गड़बड़ी भी सूचित करना चाहिए ।।९२।।

अनुष्ठानपद्धतिश्च

जलराशिषु लग्नेषु शुक्रेन्दुभ्यां युतेषु च ।
आरूढेषु च दृष्टेषु चिन्तको वृष्टिमादिशेत् ।। ९३।।
वृषादयो महद्वर्षमारूढादित्रिके सति ।
स्वोच्चस्थयोरिन्दुभृग्वोस्तदहर्वृष्टिमादिशेत् ।। ९४।।

जलराशि के लग्नों में एवं केन्द्रों में जलराशियाँ होने पर तथा वे राशियाँ यदि शुक्र तथा चन्द्रमा से युत-दृष्ट हों इसी प्रकार आरूढ राशि भी जलीय राशि हो और उसमें चन्द्र-शुक्र की युति-दृष्टि हो तो विचारशील व्यक्ति को भारी वर्षा कहनी चाहिए ।।९३।।

यदि आरूढराशि, छत्रराशि ये प्रश्नलग्न से ६-८-१२ भाव में हों और चन्द्र तथा शुक्र उच्चराशि या स्वराशि के होकर अर्थात् वृष राशि में चन्द्र-शुक्र होने पर सुनिश्चित-रूप से पर्याप्त वर्षा होती है ।।९४।।

आरार्किराहुसौम्येषु केन्द्रस्थेष्वपि मारुतात् ।
नास्ति वृष्टिः शुभाढ्येषु स्तोका वृष्टिश्च तेष्वपि ।। ९५।।

केन्द्रस्थ राहु, बुध, मंगल तथा शनि के कारण वायु की बाधा होती है, चक्रवात तथा तूफानी वातावरण से मेध स्थिर नहीं रह पाते हैं, यदि शुभ भी ग्रह युत या दृष्ट हों तो कुछ वर्षा हो जाती है । यह वर्षा भी यत्र-तत्र होती है ।।९५।।

जलराशिस्थितौ चैव मन्दराहौ तु वृष्टिदौ ।
शुक्रेन्दुदृष्टौ यदि तौ महावृष्टिप्रदायकौ ।। ९६।।

जब शनि एवं राहु जैसे ग्रह (शुष्क ग्रह) भी जलराशियों में स्थित होते हैं तब ये वर्षाकारक हो जाते हैं परन्तु यदि इन पर शुक्र तथा चन्द्रमा की दृष्टि हों तो ये घोर वर्षा (अतिवृष्टि) करा देते हैं ।।९६।।

शनि-राहु दुर्घटना तथा आकस्मिकता के कारण होते हैं, अतः इनसे निर्मित योग में चन्द्र-शुक्र की दृष्टि होने पर आकस्मिक रूप से अतिवृष्टि होती है जिसके कारण जन-धन की हानि हो सकती है ।

मीनः कर्किमृगान्त्यर्धवृषतौल्यलियोषितः ।
कुम्भश्च तोयभानि स्युर्ग्रहेषु शशिभार्गवौ ।। ९७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तोयात्मकौ ज्ञजीवौ तु सतोयौ तोयराशिगौ।
वितोयावन्यराशिस्थौ शुष्कः शन्यर्कभूमिजाः।। ९८।।
राहुश्च जलराशिस्था स्वल्पतोया भवन्ति हि।। ९९।।

।। एतद्वर्षाप्रश्नविषयम् ।।

।। इति प्रश्नमार्गे पञ्चविंशोऽध्यायः ।।

मीन, कर्क, मकर का अन्तिम आधा भाग; वृष, तुला, वृश्चिक, कन्या, कुंभ ये जलीय राशियाँ हैं।

ग्रहों में चन्द्रमा तथा शुक्र जलीय ग्रह हैं। बुध तथा गुरु यदि जलराशि में होते हैं तो जलीय प्रभाव वाले बन जाते हैं। अन्य राशियों में ये वितोय (जलरहित) प्रभाव देते हैं। शनि, सूर्य तथा मंगल शुष्क ग्रह हैं। राहु यदि जलराशिगत हो तो थोड़ा जल देने वाला होता है ।।९७-९८-९९।।

इस प्रकार वरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का पच्चीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ षड्विंशोऽध्यायः

कूपप्रश्नः

प्रश्नोऽथ कथ्यते कूपविषयं प्रथमन्त्विह।
तद्गताम्बुपरिज्ञानं कलादिकमुदीर्यते।। १।।

कूप विषयक प्रश्न के समाधान को अब कहा जा रहा है। उसके जल की परीक्षा (मात्रा, गहराई आदि) तथा कालादिक (मुहूर्त इत्यादि) कहते हैं ।।१।।

भूगर्भजलपरीक्षणे प्रशस्तमासाः

मकरादिषु मासेषु कुर्यान्मीनादिषु क्वचित्।
परीक्षणं चतुर्ष्वेव विद्वान् कूपगताम्भसः।। २।।

विद्वान् पुरुष को चाहिए कि वह मकरादि चार सौरमासों अर्थात् मकर (सौर माघ), कुंभ (सौर फाल्गुन), मीन मास (सौर चैत्र) तथा मेष मास (सौर वैशाख) इन चार मासों में कूप के लिए उचित स्थान का परीक्षण करें। कहीं-कहीं मीनादि चार मासों में परीक्षण करते हैं ।।२।।

परीक्षणविधिः

वल्मीकभूरुहतृणादिभिरप्परीक्षा-
प्रश्नेन चापि विहितास्वखिलासु कालम्।
ग्राह्योऽत्र तत्र खलु वर्षकृतो विकारो
नवेक्षितेर्यदिह पश्यतु हेतुमेनम्।। ३।।

कूप खोदने से पहले भूमिगत जल के परीक्षण हेतु उस भूमि में बाँबी (Snakehills), वृक्ष-तृणादि के द्वारा जल की मात्रादि तथा गहराई को जानना चाहिए। यह कार्य अच्छे मुहूर्त एवं अच्छे समय में ही करे। प्रश्नकुण्डली से भी इस विषय का परीक्षण करें। यदि वहाँ जल प्राप्ति के लक्षण न दिखें तो उनके कारण पर भी विचार करें ।।३।।

पृच्छकसन्निहितार्थस्वाभिहितप्रश्नवाक्यवर्णाश्च ।
लग्नारूढग्रहबलनिमित्तमवलोक्य वारि वक्तव्यम्।। ४।।

दैवज्ञ को चाहिए कि वह प्रष्टा द्वारा उच्चारित प्रश्न के वाक्य के प्रथमाक्षर से लग्न, आरूढलग्न, ग्रहों के बल तथा शकुनादि लक्षणों का भलीभाँति अवलोकन कर उनसे ऊहापोहपूर्वक विचार कर कूपप्रश्न का उत्तर कहें ।।४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कूपप्रश्ने लक्षणाः

झटिति तदा चाण्डालो यद्यागच्छेत्तदा च वेश्या वा।
प्रमुषितधनको यदि वा तत्रागच्छेद् द्विजः किरातो वा।। ५।।
इन्द्रधनुस्तत्काले यदि भवति तदा भवेत्कूपः।
स्यात्कूपस्तत्काले प्रष्टा चेत्स्पृशति कण्ठमास्यं वा।
कर्णस्पर्शे शान्तिः कार्या स्यात्कारणे मृतिस्तस्य।। ६।।

यदि कूपप्रश्न के समय उस स्थल पर से कोई चाण्डाल या वेश्या आते-जाते दिखें अथवा कोई लुटा-पिटा व्यक्ति आवे या जिसकी जेब कट गयी हो या कोई वस्तु गुम हो गयी हो ऐसा व्यक्ति या ब्राह्मण या किरात आवे तो कुवां शीघ्र निर्मित होता है।

इसी प्रकार प्रश्नकाल में पृच्छक अपने कण्ठ या मुख का स्पर्श करते हुए प्रश्न करे तो भी कुवां शीघ्र बनता है।

परन्तु यदि कोई कान का स्पर्श करते हुए प्रश्न पूछे तो अशुभ फल होता है अतः उसकी शान्ति अवश्य करनी चाहिए। शान्ति न करने पर कूप निर्माण के समय किसी की मृत्यु होती है अथवा स्वयं पृच्छक की मृत्यु होती है ।।५-६।।

जलप्राप्तियोगाः मुहूर्तरत्ने

अथोर्ध्वं कथ्यतेऽधोजलविषयन्तु लक्षणम्।
वक्ष्येऽधोजलयोगात् प्रत्यार्यर्धं विभेदेन।। ७।।

अब इसके उपरान्त जलयोगों को कहते हैं। कुण्डली के योगों के अनुसार जल की गहरायी का वर्णन किया जायेगा अथवा पानी का अभाव है इस पर भी विचार होगा ।।७।।

राहुयुतश्चरलग्नश्चेद् चरलग्नस्थो भवेदम्बु।
दशमगते भानौ चेत् पातालस्थे गुरुस्तादृक् ।। ८।।

यदि प्रश्नकुण्डली में चरलग्न में राहु एवं चन्द्र की युति हों तो जल होता है। यदि दशम भाव में सूर्य तथा पाताल (चतुर्थ भाव) में गुरु हों तो भी जल होता है ।।८।।

लग्ने जलवति सेन्दौ प्रष्टरि जलराशिगमम्भः।
चेत्पातालस्थे पापे पृच्छकचन्द्रौ सहस्थितौ तद्वत् ।। ९।।

यदि प्रश्नलग्न में जलराशि में चन्द्रमा तथा प्रश्नलग्नेश ये दोनों जलराशिगत हों तो जल होता है। यदि चतुर्थ भाव में लग्नेश एवं चन्द्रमा पाप ग्रहों से युत हों तो भी जल होता है ।।९।।

पृष्ठयुता कन्या चेत् गुरुसितदृष्टेन्दुसंयुते मत्स्ये।
आरूढा कन्या चोपार्श्वस्थे भृगौ शशाङ्के वा।। १०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) यदि चन्द्रमा मीन राशि में गुरु-शुक्र से दृष्ट हो तथा आरूढ में कन्या राशि हो तो; (२) अथवा कन्या आरूढ हो तथा उसके दोनों ओर शुक्र एवं चन्द्र हों अर्थात् कन्या आरूढ लग्न पर, गुरु, शुक्र का शुभकर्तरी हो (तो प्रचुर जल होता है) ॥१०॥

प्रष्टरि मकरं याते पतियुक्तास्तुलाझषकुलीराः।
राहुयुते शशितनये मिथुनगतश्चेच्छशी जलम्भूरि।। ११।।

यदि प्रश्नलग्न मकर हो तथा तुला, मीन एवं कर्क ये राशियाँ अपने स्वामियों से युत हों अर्थात् शुक्र तुला में, चन्द्र कर्क में तथा गुरु मीन में हो; राहु तथा बुध की युति हों तो कुवाँ खोदने पर प्रचुर मात्रा में जल निकलता है ॥११॥

स्वोच्चगतो भृग्विन्दू नीचगतैः प्रेक्षितौ पृथक् जलभौ।
उदयति वृषभगतेन्दौ यद्यारूढस्थितेऽम्बुकूपेऽपि।। १२।।

शुक्र मीन में तथा चन्द्रमा वृष में स्थित होकर नीच राशिगत अन्य ग्रहों से दृष्ट हों अथवा लग्न में वृषभ का चन्द्रमा हो तथा आरूढ राशि स्थिर हो तो भी पर्याप्त मात्रा में जल होता है ॥१२॥

स्थिरराशौ लग्नगते यदि सितकृष्णौ सहस्थितौ तद्वत्।
सिंहगते शशिनि यदि प्रष्टा जलराशिगोऽम्बु मन्दं स्यात्।। १३।।

यदिप्रश्न लग्न में स्थिर राशि हो तो तथा उसमें शुक्र एवं शनि बैठे हों तो जल की कमी होती है।

इसी प्रकार सिंह राशि में चन्द्रमा हो तथा प्रष्टा (आरूढ़) जलराशिगत हो तो जल की मात्रा कम होती है ॥१३॥

झषनारीमिथुनगताः पृच्छकशशिमन्त्रिणः क्रमेणैवम्।
इति जलयोगा गदिता तन्त्रेणोक्तौ तु कूपयोगौ द्वौ।। १४।।
वृषभगते शिशिरकरे राहुजामित्रगो जलन्नैव।। १५।।

मीन, कन्या, मिथुन इन राशियों में पृच्छक (आरूढ) हो तथा आरूढ में चन्द्र-गुरु हों अथवा इन राशियों में हों तो भी जल होता है। इस प्रकार जो जलयोग यहाँ तन्त्रों के अनुसार वर्णित है उनमें दो में जल का अभाव बताया है।

वृष राशि में चन्द्रमा तथा सप्तम भाव में राहु होने पर भी जल नहीं होता है ॥१४-१५॥

विशेषलक्षणानां वर्णनम्

ज्ञातायाञ्जलसत्तायां योगादिभिरितीरितैः।
वक्तुस्तद्भाववशात् विशेषाल्लक्ष्म कथ्यते।। १६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार जलसत्ता के योगों का विचार कर अब अन्य भावों के अनुसार जल के विशेष लक्षणों को कहते हैं ॥१६॥

अत्रानुष्ठानपद्धतिः

स्पृशति यदि वामभागे नैर्ऋतभागे विनिर्दिशेद्वा।
ऐशान्यामूर्ध्वाङ्गे शेषेषु स्पृशतोऽनिलस्थाने ॥ १७॥
सास्थीनि देशे स्पर्शो नेष्टः शिष्टेषु पृष्टफलम्।
मांसाढ्ये पङ्कयुतं फाले पाषाणसंयुक्तम् ॥ १८॥

अब जल किस दिशा में है यह पृच्छक के अंगस्पर्श के अनुसार बताते हैं।

(१) यदि पृच्छक अपने शरीर के वाम भाग का स्पर्श करे तो जल नैर्ऋत्य कोण में होता है।

(२) ऊर्ध्वाङ्ग (नाक-कान-नेत्र-शिर) का स्पर्श करे तो ईशान कोण में जल होता है।

(३) यदि गले के नीचे शरीर के दक्षिण भाग का स्पर्श करे तो जल अनिल स्थान (वायव्य कोण) में होता है।

(४) शेषांगों के स्पर्श से अग्नि कोण में जल होता है।

(५) ललाट के स्पर्श से पत्थर में जल होता है।

(६) मांसल अंगों के स्पर्श से कीचड़ में जल प्राप्त होता है।

अस्थि युक्त स्थान का स्पर्श नेष्टफलदायक होता है, वहाँ जल की संभावना न्यून होती है तथा अच्छा जल नहीं मिलता। शेष का स्पर्श शुभ है ॥१७-१८॥

मुहूर्तरत्ने चन्द्रगुप्तिचक्रम्

प्रष्टुः क्षेत्रे प्रश्नादिस्थं सामान्यतो जले ज्ञाते।
देशविशेषं ब्रूयाद् दैवज्ञश्चन्द्रगुप्तिचक्रेण ॥ १९॥

प्रश्नशास्त्रानुसार लक्षणों से जल का सामान्य ज्ञान कर लेने के पश्चात् "चन्द्रगुप्ति चक्र" के द्वारा जल किसी स्थान-विशेष में है यह जानना चाहिए ॥१९॥

चक्रनिर्माणविधिः

मध्याह्नादस्तसमयाद् दोषार्धात् प्राग् रवेरुदयात्।
प्राग्दक्षिणा प्रतीति कौबेरी दिङ्मुखस्थले क्रमशः ॥ २०॥
पुरतो लेखा विलिखेद्दक्षिण सव्यमायताः पञ्च।
अष्टावूर्ध्वश्चाष्टविंशतिकोष्ठं तदा भवेच्चक्रम् ॥ २१॥

(१) सूर्योदय से मध्याह्न के पूर्व समय तक पूर्व को मुख करके रेखाएँ खींचनी चाहिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(२) मध्याह्न से सूर्यास्त के पूर्व समय में दक्षिणाभिमुख होकर चक्र देखना चाहिए।

(३) सूर्यास्त से अर्धरात्रि पूर्व के समय में पश्चिमाभिमुख चक्र बनाना चाहिए।

(४) अर्धरात्रि के उपरान्त सूर्योदय के पूर्व समय में उत्तराभिमुख होकर रेखांकन करना चाहिए।

अपने सामने से ऊपर से नीचे की ओर को ८ रेखाएँ तथा उत्तर से दक्षिण की ओर ५ रेखाएँ खींचने से अट्ठाईस कोठों वाला चक्र बन जाता है ॥२०-२१॥

चक्रन्यासविधि:

आदिमवर्गतो वाद्ये कोष्ठे प्रारभ्य पञ्चकं नीत्वा।
प्रतिलोमतश्चतुष्कं तदधस्तदधोऽनुलोमतः ॥ २२॥
पञ्च तदुपरि नीत्वा त्रितयंगणयेत्सर्वप्रदक्षिणं यावान्।
सर्वत्रैवं ज्ञेयो मार्गो नक्षत्रविन्यासे ॥ २३॥

प्रथम पंक्ति के प्रथम कोष्ठक से प्रारंभ कर प्रथम, पाँच नक्षत्र बाँये से दाये लिखें। फिर पाँचवें कोष्ठक के नीचे वाले कोष्ठक में छठा नक्षत्र लिखें। फिर बाँई तरफ को उल्टे तीन नक्षत्र और भरें। फिर वहाँ से नीचे की ओर के कोष्ठक में लिखकर दाहिनी ओर कुल पाँच नक्षत्र लिखें। फिर उसके ऊपर के कोष्ठ में लिखें, फिर दाहिनी ओर के कोष्ठक को भरें, फिर नीचे की ओर आवें और कोने के कोष्ठक से बाँये तरफ के कोने वाले कोठे तक क्रमशः नक्षत्रों का न्यास करें। फिर ऊपर की ओर चलते जायें। इस प्रकार अभिजित् सहित अट्ठाईस नक्षत्रों का न्यास करना चाहिए ॥२२-२३॥

उदयर्क्षज्ञानम्

अष्टाविंशतिभेदं प्रविभज्य दिवानिशं क्रमशः।
उदयादि साभिजित्कमश्विभपूर्वन्दिननक्षत्रमित्याहुः ॥ २४॥
उदयति यन्नक्षत्रं पूर्वाद्रेर्मस्तके तु काले।
उदयर्क्षं तद्गदितं सर्वैर्ज्योतिविदां श्रेष्ठैः ॥ २५॥

अश्विन्यादि २८ नक्षत्रों को दिन तथा रात के भेद से २८ भागों में बाँटना चाहिए। जो नक्षत्र इस क्रम में उस समय पूर्व में उदित होता है उसे ही श्रेष्ठ ज्योतिषियों ने दिननक्षत्र या दिनर्क्ष या उदयर्क्ष कहा है ॥२४-२५॥

तात्पर्य यह है कि दिन के समय में प्रश्न किये जाने पर इष्टकाल में (अहोरात्र के मान ६० घटी को अट्ठाईस से भाग देने पर एक भाग, दो घटी तथा सत्रह फल के लगभग होता है) $\frac{१५}{७}$ का भाग देने से जो लब्धि प्राप्त हो उससे एक संख्या अधिक अश्विनी से गिनने पर दिनर्क्ष होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्न का नक्षत्र उदयनक्षत्र कहलाता है। चन्द्र का नक्षत्र चन्द्रनक्षत्र जानना चाहिए।

उदयर्क्षन्यासम्

विन्यस्याद्ये कोष्ठे दिनर्क्षगान्यानि भानि चान्येषु।
उदयर्क्षमिन्दुयुक्ते न्यस्य परेषु न्यसेत् तदादीनि।। २६।।

दिनर्क्ष को चक्र के प्रथम कोष्ठक में लिखें, वहाँ से निर्दिष्ट विधि से उदयनक्षत्र तक गणना करें तथा लिखें। फिर चन्द्रनक्षत्र को भी अन्य कोष्ठकों में लिखें ॥२६॥

पूर्व

	दिनर्क्ष १	२	३	४	५	१६	१७	
उत्तर	२८	९	८	७	६	१५	१८	दक्षिण
	२७	१०	११	१२	१३	१४	१९	
	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	

पश्चिम

नक्षत्रों के न्यास का क्रम इस चक्र के अनुसार करें तथा प्रथम कोष्ठक में दिनर्क्ष लिखें। उसके पश्चात् चक्र में दर्शाये क्रम से अन्य नक्षत्रों के नाम लिखने चाहिए।

जलीयग्रहवशात् जलज्ञानम्

यस्मिन् कोष्ठे चन्द्रस्तत्र जलं प्रोच्यते भूरि।
इन्दुप्रदर्शनं स्याज्जलवत् सर्वग्रहाणान्तु।।
यस्तेषु बलयुतः स्यात्तेन ब्रूयान्न चान्येन।। २७।।

जिस कोष्ठक में चन्द्रमा (चन्द्रनक्षत्र) होता है वहाँ पर्याप्त जल कहना चाहिए। चन्द्रमा तो उपलक्षण मात्र है, शुक्र तथा अन्य ग्रह जो भी जल के सूचक हों उन से भी जल का ज्ञान करना उचित है। परन्तु उनमें केवल बली ग्रह को ही ग्रहण करें, अन्यों को नहीं ॥२७॥

इस श्लोक के अनुसार जिस स्थान पर कूप या नलकूप बनाना है उस स्थान पर चक्रन्यास के अनुसार जिस भाग में चन्द्रमा का नक्षत्र हो वहीं पर कूप खोदना चाहिए।

उदाहरण—प्रश्न संवत् २०६०, शाके १९२५ मार्गशीर्ष कृष्ण एकादशी गुरुवार को (दिनांक २० नवम्बर सन् २००३ ईस्वी) प्रातः ९/४१ बजे किया गया। उस समय सूर्योदयात् इष्टकाल ७।३० (साढ़े सात घटी) है। लग्नस्पष्टराश्यादि ८।१४°।४८'।२०" अर्थात् धनु के चौदह अंशों पर है अतः लग्ननक्षत्र पूर्वाषाढ़ा हुआ। यही उदय नक्षत्र है,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्योंकि इष्ट समय में यह पूर्वी क्षितिज पर उदित है । चन्द्रमा हस्त नक्षत्र में है । अब इष्ट ७।३० = $\frac{१५}{२०}$ घटी में अहोरात्र के अट्ठाईसवें भाग $\frac{१५}{७}$ घटी का भाग दिया तो $\frac{१५}{२}$ (इष्ट घटी) ÷ $\frac{१५}{७}$ = $\frac{१५}{२}$ ÷ $\frac{७}{१५}$ = $\frac{७}{२}$ अर्थात् लब्धि ३ प्राप्त हुई, अतः चौथा नक्षत्र प्राप्त हुआ । अतः अश्विनी से गिनने पर चौथा नक्षत्र रोहिणी दिनर्क्ष हुआ ।

अब इस उदाहरण में दिनर्क्ष रोहिणी है, चन्द्रर्क्ष हस्त है तथा उदयर्क्ष (लग्नर्क्ष) पूर्वाषाढ़ा है ।

अब हमने पूर्व में श्लोक २६ की व्याख्या में दिया चक्र देखा और क्रमांक एक पर रोहिणी को स्थापित किया । अब रोहिणी से दसवें क्रमांक पर हस्त (चन्द्रनक्षत्र) को स्थापित किया तथा रोहिणी से सत्रहवाँ क्रमांक पूर्वाषाढा उदयर्क्ष का है, उसे वहाँ स्थापित किया । इस चक्र को कूपवाली भूमि पर स्थापित करके देखें, चन्द्रनक्षत्र दसवें कोष्ठक में है । बस ऐसा ही विभाग उसे खेत या प्लाट का बना लों और उसी भाग में कूप खनन प्रारंभ करायें, वहीं पर जल है । यह ग्रन्थकार के मत का चन्द्रगुप्ति चक्र है ।

मतान्तराणि

इति चन्द्रगुप्तिमार्गस्सदिनर्क्षम्प्रोच्यते महाचार्यैः ।
अपरैस्तदन्यथोक्तम्प्राज्ञैस्तच्चापि कथ्यते सम्यक् ।। २८।।

इस प्रकार महानाचार्यों ने चन्द्रगुप्ति मार्ग (चन्द्रगुप्ति चक्र) का वर्णन किया है । अन्याचार्यों ने भिन्न प्रकार से बताया है, उसे कहते हैं ।।२८।।

द्वितीयमतम्

प्रथमे कोष्ठे नक्षत्रं चाश्विभं न्यस्य पूर्ववत् ।
उदयर्क्षस्य न्यासं वा चरन्ति नो दिनर्क्षस्य ।। २९।।

दूसरे प्रकार के मत में चन्द्रगुप्ति चक्र में पूर्व की भाँति बनाये गये चक्र में दिनर्क्ष को प्रथम कोष्ठक में नहीं लिखते अपितु प्रथम कोठे में (क्रमांक एक में) उदयर्क्ष (लग्ननक्षत्र) लिखकर फिर चन्द्र तक गणना कर जल का ज्ञान करते हैं ।।२९।।

पूर्व

	उदयर्क्ष १	२	३	४	५	१६	१७	
उत्तर	२८	९	८	७	६	१५	१८	दक्षिण
	२७	१०	११	१२	१३	१४	१९	
	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	

पश्चिम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस चक्र में प्रथम कोठे में तात्कालिक प्रश्नलग्न के नक्षत्र को लिखें तथा चन्द्र नक्षत्र को उसी से गणना कर पूर्ववत् स्थापित् करें । जहाँ चन्द्रनक्षत्र हो वहाँ कूप खोदें ।

तृतीयमतम्

एतावदन्यथात्वं सर्वमतोऽन्यत्समं प्राहुः।
आद्ये तृतीयकोष्ठे नित्यमुदयर्क्षमेव विन्यस्य।
जलवद् ग्रहयुतकोष्ठे जलमाहुर्नेतरे किञ्चित्।। ३०।। इति ।।

इस मत में सब कुछ पूर्ववत् है, केवल चन्द्रगुप्ति चक्र में कोष्ठक क्रमांक तीन में उदयर्क्ष का न्यास कर वहाँ से जलीय ग्रह के नक्षत्र को स्थापित करें तथा उसी स्थान पर कूप खनन करें ।।३०।।

पूर्व

	१	२	३ उदयर्क्ष	४	५	१६	१७	
उत्तर	२८	९	८	७	६	१५	१८	दक्षिण
	२७	१०	११	१२	१३	१४	१९	
	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	

पश्चिम

इस चक्र में जहाँ उदयर्क्ष लिखा है वहाँ लग्न का नक्षत्र लिखें तथा इसी क्रम में जहाँ जलीय ग्रह का नक्षत्र हो वहाँ जल होता है ।

चतुर्थमतम्

तिस्रो पद्धतयश्चात्र विद्वभिस्सम्प्रदर्शिताः ।
चतुर्थ्यपि विधाऽन्यैस्तु कीर्तिता सा च लिख्यते ।। ३१।।
प्राच्यादिकोष्ठके दस्रादि गणयेद्यावदिन्दुयुक् ।
यन्नक्षत्रम्पुनश्चेदुदयस्थाने स विन्यसेत्।। ३२।।
सर्क्षन्ततश्चापि यावदिन्दुगतर्क्षकम् ।
गणयित्वेन्दुसंयुक्ते लग्नर्क्षमथ विन्यसेत् ।। ३३।।
ततोऽपि सेन्दुनक्षत्रपर्यन्तं गणयेदथ ।
शुक्रो गुरुर्वा यत्र स्यात् तत्राऽप्यस्ति जलं महत् ।। ३४।।

इस विषय से सम्बन्धित तीन रीतियाँ विद्वानों द्वारा बताई गयी हैं । अब यहाँ अन्य विद्वानों द्वारा कथित चौथी पद्धति भी लिखी जा रही है ।।३१।।

पूर्वादि दिशाओं के कोठों में अश्विनी से लेकर पूर्ववत् नक्षत्रों का न्यास करें । अब अश्विनी से चन्द्राधिष्ठित नक्षत्र जिस संख्या वाला हो उतनी ही संख्या उससे और आगे गिनें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वह उदयनक्षत्र होगा। उससे उतने ही नक्षत्र पुनः गिनें। इस प्रकार तीन बार गिनने से चक्र में जो स्थान आवे वहाँ पर निश्चित रूप से पानी निकलाता है, वहीं पर खुदाई प्रारम्भ करनी चाहिए।

जिस स्थान पर गुरु तथा शुक्र के नक्षत्र होते हैं वहाँ भी पानी होता है ॥३२-३४॥

अहोरात्रे चतुर्विभागेषु नक्षत्रन्यासे वैविध्यमाह

मध्याह्नात् प्राक्प्राच्य पङ्क्तौ तृतीयस्थं हि वह्निभम्।
मध्याह्नात् परतो दक्षपंक्तौ पित्र्यं तृतीयगम् ॥ ३५॥
पूर्वरात्रौ तु पङ्क्तौ च वारुण्यं मैत्रभं तथा।
रात्रौ परार्धे वस्वर्क्षमुदक्पङ्क्तौ तृतीयगम्॥ ३६॥

(१) मध्याह्न से पूर्व समय के प्रश्न में चन्द्रगुप्ति चक्र में पूर्व दिशा की प्रथम पंक्ति से तीसरा नक्षत्र कृत्तिका होता है।

(२) मध्याह्न के पश्चात् समय में दक्षिणपंक्ति से तीसरा नक्षत्र मघा होता है।

(३) सूर्यास्त के पश्चात् पूर्वरात्रि में पश्चिमी भाग की पंक्ति में प्रारंभ से तीसरा नक्षत्र अनुराधा होता है।

(४) अर्धरात्रि के उपरान्त समय में उत्तर की पंक्ति के प्रारंभ से तीसरा नक्षत्र धनिष्ठा होता है ॥३५-३६॥

प्रातः से मध्याह्न तक के लिए चन्द्रगुप्ति चक्र

पूर्व

	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरा	विशाखा	अनुराधा
	रेवती	आश्लेषा	पुष्य	पुनर्वसु	आर्द्रा	स्वाति	ज्येष्ठा
उत्तर	उ.भा.	मघा	पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	मूल	दक्षिण
	पू.भा.	शतभिषा	धनिष्ठा	श्रवण	अभिजित्	उ.षा.	पू.षा.

पश्चिम

मध्याह्न से सांयकाल तक के लिए चन्द्रगुप्ति चक्र

दक्षिण

	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू.फा.	उ.फा.	श्रवण	धनिष्ठा
	पुनर्वसु	विशाखा	स्वाति	चित्रा	हस्त	अभिजित्	शतभिषा
पूर्व	आर्द्रा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उ.षा.	पू.भा.	पश्चिम
	मृगशिरा	रोहिणी	कृत्तिका	भरणी	अश्विनी	रेवती	उ.भा.

उत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सायंकाल से अर्धरात्रि तक के लिए चन्द्रगुप्ति चक्र

पश्चिम

	स्वाति	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	भरणी	कृत्तिका	
	चित्रा	श्रवण	अभिजित्	उ.षा.	पू.षा.	अश्विनी	रोहिणी	
दक्षिण	हस्त	धनिष्ठा	शतभिषा	पू.भा.	उ.भा.	रेवती	मृगशिरा	उत्तर
	उ.फा.	पू.फा.	मघा	आश्लेषा	पुष्य	पुनर्वसु	आर्द्रा	

पूर्व

अर्धरात्रि से प्रातःकाल पर्यन्त के लिए चन्द्रगुप्ति चक्र

उत्तर

	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	शतभिषा	पू.भा.	आश्लेषा	मघा	
	उ.षा.	भरणी	अश्विनी	रेवती	उ.भा.	पुष्य	पू.फा.	
पश्चिम	पू.षा.	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरा	आर्द्रा	पुनर्वसु	उ.फा.	पूर्व
	मूल	ज्येष्ठा	अनुराधा	विशाखा	स्वाति	चित्रा	हस्त	

दक्षिण

इन चक्रों को ग्रन्थान्तरों में "कूपचक्र" भी कहा गया है ।

जलशिराज्ञानमाह

चरलग्ने शिरैकैव शिरा बह्व्यस्तथा स्थिरैः ।
प्रश्नलग्नगते द्वन्द्वे धाराद्वितयमम्भसः ।। ३७।।

यदि प्रश्नलग्न चरराशिगत (मेष-कर्क-तुला-मकर) हो तो जल की एक शिरा (झिर) होती है । यदि स्थिर लग्न हो तो जल की बहुत-सी सिराएँ होती है । द्विस्वभाव लग्न (मिथुन-कन्या-धनु-मीन) में जल की दो सिराएँ प्राप्त होती हैं ।।३७।।

पुरातनकूपप्रश्नः

कूपाः पुरातना एवमृच्छन्नास्सन्ति कुत्रचित् ।
तज्ज्ञापका अथोच्यन्ते योगाश्शास्त्रान्तरोदिताः ।। ३८।।

अब पूर्व शास्त्रों को देखकर "किसी स्थान पर क्या पुराना कूप है ?" ऐसा प्रश्न पूछे जाने पर उसके ज्ञान की विधि जो शास्त्रान्तरों में लिखित है उसे यहाँ दिया जा रहा हैं ।।३८।।

अत्र मुहूर्तरत्नम्

अथ कथयामि पुराणान्कूपान् पूर्वशास्त्रदृष्ट्यैव ।
स्थिरराशावारूढे कूपे वृषलग्नगश्चन्द्रः ।। ३९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृश्चिकगते शशाङ्के वृषभगतः प्रष्टुस्संयुतः शुक्रः।
दशमगते देवगुरौ भृगुचन्द्रौ बन्धुगौ कूपौ।। ४०।।
उच्चगतौ शशिशुक्रौ कूपौ नीचस्थितौ भवतः।
अर्के सप्तमसंस्थे गच्छन्नस्तं शशीगतोऽन्यच्च ।। ४१।।

अब प्राचीन शास्त्रों को देखकर पुरातन कूप सम्बन्धी योगों को कहते हैं—

(१) यदि कूपप्रश्न में आरूढ में स्थिर राशि हो तथा चन्द्रमा वृष लग्न में (लग्नस्थ) हो तो पुराना कुवाँ निकलता है।

(२) चन्द्रमा वृश्चिक राशि में तथा आरूढ लग्न वृषभ होकर उसमें शुक्र स्थित होता हो पुराना कूप निकलता है।

(३) यदि दशम भाव में गुरु हो तथा शुक्र एवं चन्द्र बन्धुस्थान (चतुर्थ) में विराज रहे हों तब पुराना कूप निकलता है।

(४) चन्द्र-शुक्र अपनी उच्चराशियों में हों तो दो पुराने कूप होते हैं।

(५) यदि चन्द्र-शुक्र नीचराशि में है तो केवल एक कुवाँ खराब हालत का होता है।

(६) यदि आरूढ से सप्तम भाव में सूर्य तथा उदयलग्न से सप्तम में चन्द्र हो तो पुराना कुवाँ प्राप्त होता है। अथवा चन्द्रमा आरूढ से सप्तम भावस्थ सूर्य के साथ अस्त हो तब भी वह फल होता है ।।३९-४०-४१।।

लग्नगतश्चन्द्रमसं राहुयुतं कूपमिच्छति ।
आरूढगे तु कुम्भे उद्यन्निन्दुस्सितश्च कूपं स्यात्।। ४२।।
स्थिरलग्नस्थश्चन्द्रः शुक्रयुतः कूप एव स्यात् ।
गुरुसंयुतश्च शुक्रः पातालस्थो भवेत्कूपः।। ४३।।
दशमगते शशिनि तथा नारीयुक्तोशनाः कूपः ।
सप्तमगे भृगुतनये बन्धुगतश्चन्द्रमास्तु परिपृष्टः ।। ४४।।

(१) यदि लग्न में राहु तथा चन्द्र की युति हों तो पुराना कूप होता है।

(२) यदि कुंभ राशि आरूढ में तथा लग्न में चन्द्रमा हो तो कूप होता है।

(३) यदि प्रश्नलग्न स्थिर राशि (वृष, सिंह, वृश्चिक तथा कुंभ) हो तथा उसमें चन्द्रमा बैठा हो एवं शुक्र भी साथ में हो तो पुराना कुवाँ निकलता है।

(४) यदि प्रश्नकुण्डली में चतुर्थ भाव में गुरु शुक्र की युति हों तब भी कूप होता है।

(५) यदि दशम भाव में चन्द्रमा तथा सप्तम भाव में उशना (शुक्र) हो तब पुराना कूप प्राप्त होता है।

(६) यदि सप्तम भाव में शुक्र, चतुर्थ में चन्द्रमा हो तो भूमि में पुराने कूप होने की पुष्टि करते हैं ।।४२-४३-४४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनरपि कूपयोगाः

एते तु कूपयोगाः प्रश्ने साधारणे कृते ज्ञेयाः।
अभ्यधिकान्युक्तेभ्यः कूपनिमित्तानि सम्यगुच्यन्ते ।। ४५।।

ऊपर दिये गये कूपयोग साधारण कूपप्रश्न के लिए जानना चाहिए । अब उनसे कुछ अधिक भी कूपनिमित्तों को लिखते हैं ।।४५।।

अथ भूतलैकदेशं निर्दिश्यादधो जले

छत्रे सलिलं लग्ने सेन्दुगतः पृच्छकः कूपः ।
साकं पत्तिनार्के लग्नगते तद्वदेव स्यात् ।। ४६।।

यदि छत्र में जलराशि हो तथा लग्न में भी चन्द्रमा जलराशि में बैठा हो तो कूप होता है । यदि आरूढ़ में चन्द्रमा हो अथवा सूर्य राहु के या केतु के साथ जलराशि में हो तब भी कूप होता है ।।४६।।

उदयगते मन्दगश्च दशमगतश्चन्द्रमास्तादृक्।
शिवकादिकेन्द्रेषु क्रमशो गुरुराहुभानुषु त्वेवम्।। ४७।।

यदि लग्न में शनि तथा दशम में चन्द्रमा हो तब भी वहीं फल होता है । चतुर्थ आदि केन्द्रों में क्रमशः गुरु, राहु तथा सूर्य हों (अर्थात् चौथे भाव में गुरु, सप्तम में राहु तथा दशम में सूर्य हो) तो भी कूप होता है ।।४७।।

रविशशियोगे पातः पातालस्थो भवेत्कूपः।
अथवार्कपरिविष्टस्तत्समये निश्चितः कूपः ।। ४८।।

जब चतुर्थ भाव में सूर्य-चन्द्र के साथ पात (राहु) भी हो तो कूप होता है । अथवा सूर्यबिम्ब के चारों ओर उस समय परिवेष (Halo) हो तो निश्चित रूप से कूप होता है ।।४८।।

उदयारूढाच्छत्रे सजलैर्लग्नस्थिरोऽपि चेत्कूपः ।
झटिति तदा चण्डालो यद्यागच्छेत् तदा तु वेश्या वा ।। ४९।।
प्रमुषितधनिको यदि तत्रागच्छेद् द्विजः किरातो वा ।
इन्द्रधनुस्तत्काले यदि भवति तदा भवेत्कूपः ।। ५०।।

यदि उदयलग्न, आरूढ तथा छत्र इन तीनों में जलीय राशियाँ हों तथा लग्नराशि स्थिर हो तो कूप होता है । यदि प्रश्नसमय कोई चण्डाल या वेश्या आ जायें तब भी कूप होता है ।।४९।।

यदि कोई लुटा या ठगा हुआ (या जूए में हारा हुआ) धनी व्यक्ति वहाँ उस समय आवे अथवा कोई ब्राथवा उस समय आकाश में इन्द्रधनुष दिखलायी पड़े तो कुवाँ होता है ।।४९-५०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कूपे जलं मधुरं न वेति प्रश्नः

एवं पुराणकूपान् ज्ञात्वा पातालराशियुक्तान् ।
ग्रहयोगदर्शनाद्वापीकूपारम्भोरसमाहुर्लग्ननवांशैस्तुल्यं वा ।। ५१ ।।

इस प्रकार पातालराशि (चतुर्थ भाव) के ग्रह एवं राशिस्थिति के अनुसार धरती के भीतर दबे हुए प्राचीन काल में निर्मित कूपों का विचार करना चाहिए ।

प्रश्नलग्न का नवांश जिस प्रकार के ग्रहों से युत हो जल का स्वाद उन ग्रहों के रस (स्वाद) के अनुसार बताना चाहिए ।।५१।।

कटुकलवणतिक्तमिश्रो मधुराम्लवाकषायमर्कादिः ।
प्रश्नवचनादिवर्णादपि रसभेदास्तथा वाच्याः ।। ५२ ।।

सूर्यादि ग्रहों के कटु, लवण, तिक्त, मिश्रित, मधुर, अम्ल तथा कषाय रस (स्वाद) होते हैं ।

प्रश्नवाक्य के अक्षरों से भी रसों के भेदों को कहना चाहिए ।।५२।।

अकचटतपया वर्गाश्चन्द्राद्यर्कान्तरतुल्याः ।
वर्गाणामष्टसंख्यत्वादत्र राहुश्च गृह्यताम् ।।
विरसो यादिको वर्गस्तत्र शस्त्रान्तरन्तथा ।। ५३ ।।

अ, क, च, ट, त, प, य, श—ये वर्ग चन्द्र से लेकर सूर्य पर्यन्त आठ ग्रहों को प्रकट करते हैं । यहाँ वर्गों की संख्या आठ होने से राहु को भी ग्रहण किया गया है । य वर्ग विरस (स्वादहीन) होता है ।।५३।।

प्रश्न के प्रथमाक्षर के वर्ग के अनुसार कूपजल का स्वाद बताना चाहिए ।

वर्गों के स्वाद का चक्र

अ (अ वर्ग)	क (क वर्ग)	च (च वर्ग)	ट (ट वर्ग)	त (त वर्ग)	प (प वर्ग)	य (य वर्ग)	श (श वर्ग)	वर्ग
अ,आ,इ, ई,उ,ऊ, ऋ,ए,ऐ, ओ,औ	क,ख, ग,घ, ङ	च,छ,ज, झ,ञ	ट,ठ,ड, ढ,ण	त,थ, द,ध, न	प,फ, ब,भ, म	य,र, ल,व	श,ष, स,ह	वर्गाक्षर
चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	सूर्य	वर्ग के स्वामी ग्रह
लवण	तिक्त	मिश्रित	मधुर	अम्ल	कषाय	विरस	कटु	स्वाद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र सारसमुच्चय:

कूपप्रश्ने प्रष्टुश्चेष्टां विज्ञाय चन्द्रचारं च ।
प्रवदेत् जलसंस्थानं क्षेत्रविशेषञ्च मानयोगञ्च ।। ५४।।
वास्तुपुरुषस्य नेत्रे न खनेत् निखनेन्नाडीमुखेषु वा ।
क्षेत्रे तत्रायुर्वेदवशादाग्नेयविमुक्तशेषेषु ।। ५५।।

कूपप्रश्न में प्राश्निक की चेष्टा को जानकर तथा चन्द्र के चार को समझकर जल का स्थान, क्षेत्र-विशेष, जल की मात्रा तथा कूप का मानयोग (लम्बाई, चौड़ाई तथा विशेष रूप से जल की गइराई)—ये सब बातें बतानी चाहिए ।।५४।।

जिस स्थान पर वास्तुपुरुष का नेत्र हो वहाँ से कुवाँ की खुदाई प्रारंभ नहीं करनी चाहिए । आयुर्वेदशास्त्र के अनुसार आग्नेय दिशा को छोड़कर वास्तुपुरुष के नाडी के मुखस्थान को खोदना चाहिए ।।५५।।

अथ मुहूर्तरत्नम्

कूपं कुम्भगतं श्रेष्ठं मध्यमं मीनसङ्गतम् ।
अधमं मकरस्थं हि कूपाद्येवं विदुर्बुधाः ।। ५६।।
कन्यायां निखनेद्यस्तु कूपं मेषे मृतिं वदेत् ।। ५७।।

कुंभ राशि की दिशा में कूप शुभ होता है, मीन में मध्यम कहा गया है । मकररस्थ कूप अधम होता है । कन्या की दिशा में खोदा गया कूप नष्ट हो जाता है या उसमें किसी की मृत्यु होती है । कुछ विद्वान् 'इन राशियों के सौरमासों में कूप खोदने से यह फल होता है' ऐसा बताते हैं ।।५६-५७।।

अथ सारसमुच्चये

अर्कोदयेऽतिदूरे भौमे पाषाणमध्यगं तोयम् ।
स्वभानुर्भानुसून्वोरुदयो न जलावहोऽपि भवता ।। ५८।।
शुक्रेन्दोर्जलपूर्णं बुधगुर्वोर्मध्यमञ्जलम् ।
विद्यात् सिकतायुक्तं सेन्दोः पाषाणजं जलं कुजार्कयोरुदये ।। ५९।।
विद्यात् भृगोस्सुरम्यं गुरूदये मध्यगं जलं ब्रूयात् ।
मन्दोदयेऽल्पतोयं सोषरमजलावाप्तिं फणी वदति ।। ६०।।

यदि प्रश्नलग्न में सूर्य हो तो जल बहुत गहराई पर प्राप्त होता है । यदि मंगल प्रश्नलग्न में हो तो पत्थरों के बीच से जल निकलता है । लग्न में यदि राहु या शनि हों तो जल नहीं होता है । यदि चन्द्र तथा शुक्र लग्नगत हों तो प्रचुर मात्रा में जल होता है । बुध-गुरु होने पर मध्यम प्रमाण में जल होता है । बुध एवं चन्द्र दोनों की युति लग्न में होने पर रेतयुक्त जल मिलता है । सूर्य-मंगल से पत्थरयुक्त जल मिलता है । शुक्र से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि ये दो योग न हों तो जल नहीं होता है । यदि दोनों योग एक साथ हों तो वर्षा का होना तथा कूप में जल होना दोनों ही प्रश्न की प्रकृति के अनुसार कहना चाहिए ।।६८।।

वर्षप्रश्ने प्रष्टुः प्रथमोदितवर्गपूर्वयोगैः ।
अपि तल्लक्षणमुक्तं चिन्त्यं कूपेऽपि तत्प्रायः ।। ६९।।

पूर्व के अध्याय में वर्षा के प्रश्न में जो वर्गों से सम्बन्धित योग कहे गये हैं उनका विचार वर्षा के प्रश्न में भी करना चाहिए ।।६९।।

वर्गों से तात्पर्य 'अकचटतपयश' वर्गों से है ।

मतान्तरेण दिनर्क्षज्ञानम्

उदयादूर्ध्वं भानोर्गतघटिकाघ्नदरघ्ननतभक्तम् ।
लब्धं गतदस्रादिमिह खलु शिष्टं दिनर्क्षमित्युक्तम् ।। ७०।।

।। इति प्रश्नमार्गे षड्विंशोऽध्यायः ।।२६।।

प्रश्नकालीन इष्ट घटी को २८ से गुणा करें तथा गुणनफल में नत घटियों से भाग दें, जो लब्धि हो वह अश्विनी से गिनने पर गतनक्षत्र की संख्या होती है तथा जो शेष बचता है वह दिननक्षत्र होता है । (तात्पर्य यह है कि) लब्धि से एक अधिक दिन नक्षत्र की संख्या होती है ।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का छब्बीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२६।।

*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ सप्तविंशोऽध्यायः

अथ भोजनप्रश्नः

देहो लग्नेन चिन्त्यस्तदशुभयोगेन दौस्थ्यञ्च सौस्थ्यं,
भोक्तुर्लग्नस्य पत्युरहिरिदभिमुखता लग्नयोग्या च भूमिः।
भिन्नं मन्दे धनस्थे दिनकरकुजयोर्म्लानिमिन्दौ तु वृत्तं,
पत्रं स्थाल्यादिकं वा स्थिरमिह धनभे शोभनं तच्छुभेषु ।। १।।

भोजन के प्रश्न में लग्न भोजन करने वाले के शरीर का द्योतक है, अतः लग्न से भोजक के शरीर का विचार करें। लग्न में स्थित शुभाशुभ ग्रहों के अनुसार भोजनकर्त्ता के शरीर का स्वास्थ्य बतलाना चाहिए। लग्नेश से अभिमुखता (भोजनकर्त्ता का मुख किस दिशा में था या रहेगा) तथा भोजनस्थल की रमणीयता, अरमणीयता, आसन आदि का विचार करें।

धनस्थान में शनि होने पर भोजनपात्र को टूटा-फूटा कहें। यदि इस स्थान में सूर्य, मंगल हों तो भोजनपात्र मैला (अर्थात् चमकदार नहीं होता) होता है। यदि चन्द्रमा प्रश्नलग्न से द्वितीय भाव में हो तो भोजनपात्र गोल होता है अर्थात् थाली होती है या गोल पत्तल होती है। यदि द्वितीय भाव में स्थिर राशि में शुभ ग्रह स्थित हो तो भोजनपात्र सुन्दर होता है ।।१।।

तृतीयभावतः भक्ष्यज्ञानम्

भक्ष्यं विक्रमराशिनाथ कथयेदर्के भृगौ वात्रगे,
मूलाख्यं फलकन्दसूरणमयं पक्वं गुरौ कादलम्।
शुक्रे ग्लावि च जीवभेऽत्र तदिदं ब्रूयादपूपादिकं
पानीयं हि चतुर्थतोऽत्र गुलिके मन्देऽथवा संस्थिते।। २।।
तत्तत् स्वादुसमन्वितं कृमियुतं वा भोज्यजातं परे;
शंसन्त्यत्र चतुर्थमेन खलु तद्राशिग्रहेक्षान्वयैः।
चिन्त्या भोजयितुर्गुणाः पुनरपत्येनात्र भौमान्विते;
क्रुद्धत्वं पुनरर्कजाहिसहिते गृध्नुत्वमन्नादिषु।। ३।।

तृतीय भाव के स्वामी के अनुसार भोज्य पदार्थ बताना चाहिए। यदि तृतीय भाव में सूर्य या शुक्र हों तो कन्द, मूल, फल, सूरण (जिमीकन्द) आदि पदार्थ खाने को मिलते हैं। यदि तृतीय भाव में गुरु हो तो पक्वान्न तथा केला आदि प्राप्त होता है। यदि गुरु की राशि तृतीय में हो तथा उसमें शुक्र एवं ग्लावि (चन्द्रमा) बैठा हों तो पूड़ी, मालपूआ, रोटी आदि भोजन प्राप्त होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्थ भाव से पेय पदार्थों का विचार करना चाहिए। यदि चतुर्थ भाव में गुलिक या शनि बैठे हों तो भोजन स्वादरहित, बदबूदार, कृमियुक्त तथा सड़ी-गली किस्म का होता है। कुछ आचार्यो का मत है कि चतुर्थ भाव, उसकी राशि तथा उसमें स्थित ग्रहों एवं दृष्टि आदि से भोजन कराने वाले या परोसने वाले की जाति का विचार करना चाहिए।

पंचम भाव से भोजयिता (भोजनदाता) के गुणों का विचार करें। यदि पंचम भाव में मंगल हो तो भोजनदाता क्रोधी होता है। यदि राहु पंचम में हो तो भोजयिता (परिवेष्टा) ललचाई दृष्टि से भोजन परोसता है। यही फल पंचम के शनि का होता है ॥२-३॥

यद्वान्नमोष्टुत्वममुष्यकत्वं ज्ञेया वधूः पञ्चमभेऽथ युग्मे।
ओजे पुमान् पञ्चमसद्युतीक्षा वशादमुष्योत्तमदादिकञ्च॥ ४॥
षष्ठेन कुर्यादुपदंशचिन्तां तत्र स्थितेऽर्के मरिचप्रधानम्।
सशिग्रुमुद्गादिकृतेऽथ चन्द्रे सोऽयं बृहत्यो लवणप्रधानः॥ ५॥

पंचम भाव में यदि मिथुन या कन्या राशि हो तो भोज्य पदार्थों से सन्तुष्टि मिलती हैं। यदि पंचम में विषम राशि में शुभ ग्रहों की युति हो तो परिवेषक में उत्तम गुण होते हैं ॥४॥

छठे भाव से उपदंश (अचार, चटनी, रायता, मुरब्बा आदि) का विचार करना चाहिए। यदि छठे में सूर्य बैठा है तो मिर्च की अधिकता होती है। चन्द्रमा होने पर नमक की प्रधानता रहती है ॥५॥

कन्दोऽथवा मरिचः स महीतनूजे
चन्द्रात्मजे बहुरसान्वित एष वाच्यः।
पत्याऽपि वाथ बृहताम्प्रथमोपदंशः
शुक्रे तथाम्लकृतवल्लिफलादिक्लृप्तः॥ ६॥
अम्लोपदंशोऽथ पटोलकार-
वल्लीफलाद्यै रचितोपदंशः।
मन्दोऽथ राहुर्गुलिकश्च केतुः
कुर्युस्त्रयो मांसकृतोपदंशम्॥ ७॥
मीने मेषे मृगे वाऽरौ स्थिता मान्द्याहिकेतवः।
मांसं तदुचितं कुर्युर्निर्देश्यमुचितं हि यत्॥ ८॥

यदि छठे भाव में मंगल हो तो कन्द युक्त (प्याज, लहसुन सहित) अथवा अधिक मिर्च वाली वस्तुओं का भोजन होता है। यदि बुध उक्त स्थान में हो तो बहुत रसों एवं स्वादों वाला भोजन होता है। गुरु उक्त स्थान में हो तो प्रथम ग्रास में बहुत रसों के पदार्थ ग्रहण किये जाते हैं। शुक्र होने पर अम्ल रस के पदार्थ (रायता आदि) होते हैं तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पटोलादि शाक से बनाया भोजन होता है, करेला भी होता है । यदि शनि, राहु, केतु या गुलिक छठे भाव में हों तो मांसादि भोजन होता है ॥६-७॥

यदि राहु, केतु, गुलिकादि मीन, मेष, मकर राशियों में बैठे हों अथवा मंगल बैठा हो तो इन राशियों के अनुसार मांस पदार्थ होते हैं । यथा मीनलग्न छठे हो तो मछलीयुक्त मेष हो तो भेड़-बकरी का मांस तथा मकरलग्न हो तो सभी प्रकार के जीवों का मांस होता है ॥८॥ (यहाँ श्लोक ६ में बृहस्पति के लिये केवल पति शब्द का प्रयोग हुआ है।)

अथ सप्तमभावत: पेयपदार्थानां विचार:

सेको द्यूनेन वेद्यो मरिचजलमयः सोऽत्र चेद् भानुभौमौ
मध्येऽत्रेन्दुर्यदि स्याद्यदि भृगुकुजौ तत्र दुग्धञ्च तक्रम्।
मन्दश्चेत्स्याद्यवागूर्जलमयमखिलं तत्र चेदम्बुराशि-
श्चान्द्रे सम्भारयोग पुनरपि कतिचित् सम्भवन्तीह पक्षाः॥ ९॥
मन्दारभास्वतां तैलं यवागूः शीतरोचिषः ।
घृतं खलु गुरोरत्र नवनीतं भृगोरिति ॥ १०॥

सप्तम भाव से सेक (सिंचन भोजन के साथ लिये जाने वाले पेय पदार्थ) का विचार करें । यदि सप्तम भाव में सूर्य-मंगल स्थित हों तो मिर्च के जल युक्त पेय होता है । यदि चन्द्रमा सप्तम में हो तो दही पेय होता है । शुक्र तथा गुरु होने पर मठा, शनि होने पर यवागू (पतला दलिया या लप्सी, सीरा आदि), यदि जलराशि सप्तम में हो तो तथा कोई ग्रह न हो तो केवल जलीय पदार्थ होता है । यदि बुध सप्तम भाव में बैठा है तो अनेक संभार को मिलाकर बनाया गया पेय होता है । इस विषय में कुछ और भी मत हैं जिनके अनुसार विचार करना चाहिए ॥९॥

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य सप्तम में हों तो तेलमिश्रित पदार्थ, यदि चन्द्रमा हो तो यवागू (चावलों का पानी या पतला दलिया), यदि गुरु हो तो घृतयुक्त पदार्थ होता है तथा शुक्र का नवनीत (मक्खन) होता है ॥१०॥

अष्टमभावादन्नगुणाः

रन्ध्रादन्नगुणो यदीह तरणिः पाको न पुष्टोऽधिकः
चन्द्रश्चेत्क्षितिजेऽत्रगेऽथ कथयेत्प्रस्कन्नमन्नम्पुनः ।
वीक्षाघ्राणसमुद्भवादिविषयग्राहौ शनौ नीरसं
प्राण्यङ्गारककेशयुक् च गुलिके निर्दोषमन्नं शुभैः ॥ ११॥

प्रश्नकुण्डली के अष्टम भाव से अनेक गुणों का विचार करना चाहिए । यदि अष्टम भाव में तरणि (सूर्य) हो तो पाक अधूरा (अधपका या कच्चा) रह जाता है । यदि अष्टम भाव में चन्द्रमा हो तो पाक अधिक हो जाता है अर्थात् अधिक आँच लग जाती है । यदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अष्टम में मंगल हो तो अन्न पात्र में जल जाता है (डक जाता है)। यदि राहु उक्त स्थान में हो तो देखने, सूंघने से तथा गुण में भी कुछ विषाक्त तथा प्रदूषित होता है। शनि होने पर अन्न नीरस होता है। गुलिक होने पर अन्न में जीवजंतु, राख, कोयला, बाल आदि होते हैं। यदि शुभ ग्रह अष्टम में हो तो निर्दोष अन्न की प्राप्ति होती है ॥११॥

नवमात्सहभोक्तॄणां विचारः

सहभोक्तृवर्णसंख्याद्यखिलग्रहयोगदृष्टिकिरणाद्यैः ।
कथयतु नवमाद् गुलिके तत्र गते स्नानमशनवेलायाम्॥ १२॥

साथ में भोजन करने वाले लोगों का विचार नवम भाव से किया जाता है। नवम भाव पर जितने ग्रहों की दृष्टि हो तथा जितने ग्रह नवम में स्थित हों उन ग्रहों की किरण संख्या के अनुसार सहभोक्ताओं की संख्या कहनी चाहिए। यदि नवम भाव में गुलिक स्थित हो तो भोजन के समय ही तुरन्त स्नान करना पड़ता है ॥१२॥

दशमभावात्भोजनतुष्टिकथनम्

वक्तव्यं दशमेन पूर्तिरिह चेत् पापो न सा सम्भवेत्
स्यादेवात्र शुभान्विते दशमभे पूर्तिर्न चाऽधोमुखे।
पूर्येतोर्ध्वमुखेऽर्धपूरणमुशन्त्यन्येऽत्र तिर्यङ्मुखे
वृद्धाः केचन शीतगोः खजलवृद्ध्यात्र पूर्तिं जगुः॥ १३॥

दशम भाव से भोजन की तुष्टि तथा पूर्ति कहना चाहिए। यदि दशम भाव में पाप ग्रह हो तो पूर्ति नहीं होती है। यदि वहाँ शुभ ग्रह बैठे हों तो पूर्ति हो जाती है। यदि दशम में अधोमुख राशि हो तो पूर्ति नहीं हो पाती। यदि ऊर्ध्वमुख राशि हो तो पूर्ति हो जाती है (यह सब दशम भाव में ग्रह न हो तब विचार करें)। यदि तिर्यङ्मुख राशि हो तो अर्धपूर्ति होती है, ऐसा कुछ विद्वानों का कथन है। कुछ वृद्ध आचार्यगण यदि चन्द्रमा से दशम भाव में अधिक जल हो तो पूर्ति होती है, ऐसा कहते हैं ॥१३॥

एकादशभावात् चर्चाविचारः

भुक्तौ या कथिता कथा पुनरियं लाभेन निर्दिश्यतां
तत्रार्को यदि भूपतेर्यदि शशी नार्याः कुजे लाभगे।
शूराणां विदुषां यदीश्वरकथा विप्रस्य गुर्वोः शनौ
चोराणां विषहारिणां फणिपतौ मान्दौ मृतानां कथा॥ १४॥

भोजनकाल में होने वाली बातचीत का विचार ग्यारहवें भाव से करना चाहिए। यदि ग्यारहवें भाव में सूर्य हो तो राजनीतिज्ञों से बातचीत होती है या राजनीति पर चर्चा होती है। यदि वहाँ चन्द्रमा हो तो चर्चा किसी स्त्री से या स्त्री विषयक बातचीत होती है। मंगल होने पर वीरता, युद्ध,' लड़ाई-झगड़े की बातचीत होती है। गुरु होने पर विद्वानों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आध्यात्मिक चर्चा होती है । शनि यदि लाभस्थान में हो तो चोरों की चर्चा होती है । यदि राहु एकादश भाव में हो तो बातचीत का विषय विषाक्त पदार्थों की चर्चा का होता है । यदि गुलिक उक्त स्थान में हो तो मृतात्माओं या मृतक व्यक्तियों के सम्बन्ध में चर्चा होती है । यहाँ बुध का उल्लेख नहीं है । अस्तु, यदि बुध हो तो गणितादि विषय पर चर्चा समझनी चाहिए ॥१४॥

व्ययभावात् विश्रान्तिविचारः

भुक्त्वा यच्छयनं व्ययेन कथयेत् तत्तत्र सौम्याश्शुभैः
संयुक्ते ससुखं सुखोनमपि तत्राऽरे स्थिते कम्बले।
कर्मण्यर्कविदोः करे तृणकृते सूर्येऽथ दारौ शशि-
न्युत्कृष्टे वसनादिकेऽत्र शयनं शुक्रे च वाचस्पतौ ॥ १५॥
व्ययाधिपे तुङ्गगतेऽथ खट्वा-
तल्पादिके रिप्फगते ग्रहे वा ।
नीचस्थितौ रिप्फपतद्गतौ चेद्
भुक्तस्तदा केवलभूमिशायी॥ १६॥

भोजन के पश्चात् किये जाने वाले विश्राम का विचार द्वादश भाव से किया जाता है ।

यदि व्ययभाव में शुभ ग्रह स्थित हों तो सुखपूर्वक विश्राम होता है । यदि वहाँ मंगल बैठा हो तो सुखरहित स्थिति में कम्बल पर विश्राम होता है । यदि द्वादश भवन में सूर्य-बुध हों के तृण की आसन-चटाई आदि पर विश्राम होता है । अकेला सूर्य हो तो काठ के तख्त या पलंग पर सोना पड़ता है । यदि चन्द्र १२वें भाव में हो तो सुन्दर वस्त्रों एवं बिछौनों पर विश्राम होता है । यदि व्ययस्थान में उच्चराशि में शुक्र तथा गुरु हों तो सुन्दर पलंग पर विश्राम होता है । यदि व्ययेश नीच राशिगत हो तो भूमि पर ही बिना बिछौने के विश्राम करना पड़ता है ॥१५-१६॥

मतान्तरम्

एतदेव संक्षेपेणोक्तमन्यत्र तदपि लिख्यते ।
पूर्तिरमन्त्रम्भक्ष्यम्पेयम्भोजयितृभाव उपदंशः ।
सेचनमन्नं सहभुक् पूर्तिकथा शयनमपि लग्नात् ॥ १७॥

यही बात संक्षेप में अन्यत्र कही गयी है, फिर भी उसे यहाँ लिखते हैं । लग्नादि द्वादश भावों से प्रश्नकुण्डली में भोजन सम्बन्धी प्रश्न में क्रमशः व्यक्ति, भोजनपात्र, भक्ष्य, पेय, भोजन कराने वाले के भाव, मिर्च-मसाला, सेचन, अन्न, सहभोक्ता, पूर्तिकथा तथा शयन इन बातों का विचार करते हैं ॥१७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कृष्णीयेऽप्युक्तं तद्यथा—

शुक्रो मधुरस्निग्धश्चन्द्रः शीतोऽङ्गिरोबुधौ रूक्षौ।
लवणकषायः सूर्यः सौरः कटुकः कुजस्तीक्ष्णः।। १८।।
मधुरस्तीक्ष्णसमेतस्तिक्तकषायाम्लकटुकलवणानि ।
गुरुसूर्यसौरिबुधभृगुभौमेन्दूनां परे ब्रुवते।। १९।।
सौम्यग्रहस्य लग्ने सौम्यर्क्षे वा शितं भवति मृष्टम्।
ओजेषु रूक्षमन्नं द्रवन्तु युग्मे जलचरे वापि।। २०।।

कृष्णाचार्य के अनुसार शुक्र मधुर-स्निग्ध, चन्द्र शीतल, बुध-गुरु रूक्ष, सूर्य लवणीय तथा कषाय रस, शनि कटुरस (चरपरा) तथा कुज तिक्त (नीम जैसे स्वादवाला) होता है ।।१८।।

अन्य विद्वानों का कथन है कि गुरु मधुर, सूर्य तीक्ष्ण तथा तिक्त, शनि तिक्त की भाँति, बुध कषाय रस, शुक्र अम्लरस वाला, मंगल कटुरस तथा चन्द्रमा लवण रस वाला होता है ।।१९।।

यदि प्रश्नलग्न में सौम्य ग्रह की राशि या सौम्य ग्रह हो तो मीठा भोजन प्राप्त होता है। यदि लग्न में विषम राशि हो तो अन्न रूखा होता है । यदि लग्न में समराशि या जलराशि या जलीय ग्रह हो तो भोजन में द्रव पदार्थ प्राप्त होते हैं ।।२०।।

भुक्तं सुशुष्कमुष्णं रविकुजयोरजलराशिसंयोगे।
सजले व्यञ्जनवत् तद्तदेव शीतं यमासुरयोः ।। २१।।

यदि लग्न में शुष्क राशि हो तथा सूर्य-मंगल निर्जल राशि में बैठे हों तो सूखा तथा गर्म भोजन प्राप्त होता है । अथवा ये दोनों ग्रह सजल राशि में बैठे हों तो रसदार व्यंजनों वाला गर्म भोजन किया है । यदि शनि तथा राहु सजल राशि में हों तो रसदार परन्तु ठण्डा भोजन होता है ।।२१।।

सुद्रवमनुष्णमुशनश्शशिनोरुदकाम्लकानि सम्पाते।
युक्तव्यञ्जनमजले गुरुबुधयोराश्रयेण स्यात्।। २२।।
मृगपिशितमर्ककुजयोरिन्दोः कौलीरमत्स्यममरगुरोः ।
द्वैपार्श्वमर्कसूनोर्महिषवाराहमादेश्यम् ।। २३।।

यदि उशना (शुक्र) तथा शशि (चन्द्र) ये दोनों ग्रह जलीय राशियों में हों तो भोज्य पदार्थ शीतल तथा खट्टा होता है । यदि गुरु-बुध निर्जल राशि में बैठे हों तो व्यञ्जनों की प्राप्ति होती है ।।२२।।

सूर्य तथा मंगल मृगमांस प्रदान करते हैं । चन्द्रमा से कछुवे या कैंकड़े का मांस मिलता है एवं मछली मिलती है । गुरु द्वैपार्श्व जीवों का मांस दिलावाता है तथा शनि भैंसा, सूअर आदि के मांस का सूचक होता है ।।२३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्लोक में ''द्वैपार्श्व'' का प्रयोग है । जिसका अर्थ है वे प्राणी जिनकी पीठ पर दोनों पार्श्वों में टाँगें डाल कर सवारी की जाती है अथवा माल ढोया जाता है अतः हाथी, घोड़े, खच्चर, ऊँट, गधे आदि द्वैपार्श्व जीव हैं ।

पक्षिणमुडुपतिसूनोर्माहिषगव्ये भृगोस्समुद्दिष्टे।
शाकं स्वयोनिमूलं स्वरस्वामीयं वदेद्राशौ।। २४।।
सलिलं जलात्मकेन ग्राम्यं ग्राम्यैररण्यमरण्यैः।
पापैर्विलेपकादि स्वधान्यं भुक्तमथ सौम्यैः।। २५।।

शनि की राशि में पक्षियों का, शुक्र की राशि में गो-महिष का, अन्य राशियों में अपनी जाति के अनुसार शाक, मूल, पत्र आदि कहना चाहिए ।

जलीय राशि होने पर जलचर प्राणी का मांस, ग्राम्य राशि होने पर ग्राम्य जीवों का मांस तथा अनाज, अरण्य राशियों में जंगली जीवों का मांस तथा धान्य बताना चाहिए ।

पापग्रहों से चावल आदि के माँड का बना भोजन प्राप्त होता है । शुभग्रहों में गेहूँ आदि से बना हुआ भोजन मिलता है ।।२४-२५।।

उदकयवागूः शशिनो बुधेन सम्भारसंस्कृता सैव ।
घृतमिन्द्रगुरोस्तैलं शेषाणां नवनीतकृच्छुक्रः ।। २६।।
आज्यं पयोऽर्ककुजयोर्माहिषमार्गे गुरूशनसोः ।
अन्येष्वाश्रयतुल्यं भवनेषु चतुष्पदेषूह्यम् ।। २७।।
मांसव्यञ्जनमारेऽस्तमये सौम्यस्य पानकम् ।
हरितं व्यञ्जनबहुत्वमुशनाश्चित्रं कुरुते बुधश्चात्र ।। २८।।

चन्द्रमा से जल तथा यवागू (पतला दलिया), बुध से बहुत-सी चीजों को मिला कर बना हुआ जायकेदार दलिया, देवगुरु से घी में बने पदार्थ, शेष ग्रहों से तेल की बनी चीजें तथा शुक्र से मक्खन से बने पदार्थ जानना चाहिए ।।२६।।

सूर्य तथा मंगल का घी होता है, गुरु तथा शुक्र का गाय-भैंस का दूध होता है । अन्य स्थानों में चतुष्पद राशियों के होने पर दूध तथा घी किस का है, कल्पना करनी चाहिए ।।२७।।

यदि अस्त (सप्तम भाव) में आर (मंगल) बैठा हो तो भोजन में मांस के व्यञ्जन होते हैं । यदि बुध सप्तम भाव में हो तो हरे रंग के भोज्य पदार्थ प्राप्त होते हैं । विचित्र प्रकार के व्यंजन मिलते हैं । शुक्र होने पर व्यंजनों की बहुलता होती है ।।२८।।

सौरे परान्नबहुलं व्यञ्जनमथ मृतकशनञ्चापि।
कुरुते तु काष्ठशाकं भार्यानाशञ्च दिवसकरः।। २९।।
क्रूरा अदन्ति पिशितं तृणमुशना द्वयमपीन्दुजो भुङ्क्ते।
तृणधान्यं गुरुरिन्दुः कृमिमत्स्ये जातिवद्राशिः ।। ३०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सहभोक्तृभुक्तिवेलाजात्याकृतितो व्यवस्थेयाः।
पूर्वोक्तभाजनानि च वक्तव्यानि ग्रहैः सततम्।। ३१।।

यदि (सप्तम भाव में) शनि हो तो परान्न (दूसरों के अन्न=भिक्षादि से प्राप्त) की बहुलता होती है तथा भोजन या मृत्युभोज (तेरहवीं श्राद्ध) से सम्बन्धित होता है या स्वतः मरे जीवों का मांस होता है। यदि शनि हो तो पत्नी की मृत्यु करता है तथा काष्ठ शाक (कठोर शाक) का भोजन होता है ।।२९।।

क्रूर ग्रह मांसभक्षी जीवों के मांस के प्रतीक होते हैं। शुक्र घास आदि खाने वाले जन्तुओं का द्योतक है। बुध मांसभक्षी तथा पक्षी दोनों प्रकार के जीवों का प्रतीक है। गुरु तृणभोजी तथा अन्नभक्षी जीवों का सूचक है। चन्द्रमा कीटभक्षी एवं मत्स्यभोजी जीवों का सूचक होता है ।।३०।।

भोजनकाल में ग्रहों के अनुसार सहभोक्ताओं की जाति एवं आकृति का निश्चय करना चाहिए। भोजनसम्बन्धी-पात्रादि की व्यवस्था का विचार भी करना चाहिए ।।३१।।

अत्र ज्ञानप्रदीपिका

मेषराशौ भवेच्छागं वृषे गावयमुच्यते।
धनुर्मिथुनसिंहेषु मत्स्यमांसादिभोजनम्।। ३२।।
नक्रालिकर्कमीनेषु परिपक्वफलादिकम्।
तुलाकन्याघटेष्वेवं शुद्धान्नमिति कीर्तयेत्।। ३३।।
घृतयुक्तं पायसान्नं गुरोर्भोजनमीरितम्।
क्षौद्राऽपूपपयोयुक्तव्यञ्जनं भोजनं भृगोः ।। ३४।।

मेष राशि छागमांस या शाक की सूचक है। वृष राशि गवय (नील गाय) आदि तथा दूध-घी की सूचक है। धनु, मिथुन, सिंह इनमें मछली, मांस आदि भोजन होता है ।।३२।।

मकर, कर्क तथा मीन में पके हुए फल तथा मेवा आदि का भोजन होता है। तुला, कन्या, कुंभ इन में शुद्ध (शाकाहारी पवित्र) भोजन होता है ।।३३।।

घृतयुक्त पायसान्न (खीर, रबड़ी आदि) ये गुरु का भोजन कहा गया है। मधु, मालपुवा आदि तथा व्यंजनों से युक्त भोजन शुक्र का होता है ।।३४।।

भोजनमात्राकथनम्

आरूढे बहुशश्चरे द्विरुभये भुक्तिः सकृत्स्यात्स्थिरे;
तत्पुंभवने शुभेक्षितयुते सार्धक्षुधाभोजनम्।
युग्मे लग्नगते खरेक्षणयुते तत्क्षणाष्टिरप्यल्पिका;
भुक्तेर्लाभमलाभमप्युपदिशेच्चेष्टादिभिः पृच्छताम्।। ३५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आरूढ में चर राशि होने पर अनेक बार भोजन होता है। यदि द्विस्वभाव राशि हो तो दो बार भोजन होता है। स्थिर राशि होने पर एक बार ही भोजन होता है। "तत्पुंभवने शुभेक्षितयुते" अर्थात् पुरुष राशि हो तथा उसमें शुभ ग्रहों की दृष्टि तथा युति हो तो ठीक से भूख भी नहीं लग पाती तभी भोजन कर लिया जाता है।

इसी प्रकार भोजन के सत्परिणाम तथा दुष्परिणाम अथवा भोजन की प्राप्ति-अप्राप्ति को पृच्छक की चेष्टा से बताना चाहिए ॥३५॥

भोजनपरान्तचेष्टाविचारः

भुक्तिस्स्याल्लिहतोऽधरंरसनयाप्रोत्फुल्लनेत्रस्य वा।
हासेनोर्ध्वमुखस्य चाभिमुखदोरग्रस्य तद्वत्पुनः॥ ३६॥

जो पृच्छक भोजन कर चुका होता है वह होठों पर जीभ फिराता है, उसके नेत्र प्रसन्न रहते हैं, मुख पर हास्य रहता है, उसका मुख ऊपर को रहता है तथा हाथ सामने को रहते हैं। इन चेष्टाओं को देखकर समझ लेना चाहिए कि वह व्यक्ति भोजन कर चुका है ॥३६॥

प्रश्नादौ यदि भोजनं द्रुतमनश्चेन्न द्रुतं कादयः।
चेन्मन्दं निशि नहि भवेत् स्याच्चेदं हृद्यं चिरात्॥ ३७॥
कृच्छ्रादिभुक्तिरधोमुखस्य न भवेन्नूनं निमीलदृशः।
प्रष्टुर्निश्चलदच्छदार्पितकराग्रस्य च नो भोजनम्॥ ३८॥

प्रश्नकाल में पृच्छक का मन चंचल हो तो भोजन शीघ्र मिला है ऐसा समझें। यदि उसका मन शिथिल हो तो रात्रि में भोजन नहीं मिला या विलम्ब से मिला है। जिसका मुख नीचा हो उसे कठिनाई से भोजन मिलता है। जो व्यक्ति सोता हुआ-सा लगे उसे भोजन नहीं मिला है। जिसके हाथ निष्क्रिय हों या जो पीछे या वस्त्रों में छिपे हों उसे भी भोजन नहीं मिलता है ॥३७-३८॥

मृष्टाशिः शुभवेश्मनामपि सतां लग्ने सतां वेश्मनां
चाहृद्यं पुनरत्र मांससहितं त्र्यंशेशनं मांसयुक्॥ ३९॥

यदि शुभ ग्रहों की राशि लग्न में हो तथा उसमें शुभग्रह बैठे हों तो मिष्टान्न भोजन मिलता है। यदि लग्न में मांसाहारी ग्रह का द्रेष्काण हो तो मांसयुक्त अरुचिकर भोजन मिलता है ॥३९॥

अथ लक्षणान्तरमुच्यते

सूर्याद्यैश्चतुरङ्घ्रयश्च दुहिता चोरो विवादं धनं
स्त्रीप्रेताश्च निरीक्षणान्वयवशाद् योज्याश्च युक्त्याऽशने।
भुक्तं गोभवने स्वपुत्र्युपहृतं चोराऽकुलं वादयुक्।
संल्लब्धं सरसार्पितं दयितया श्राद्धाशनं चोच्यताम्॥ ४०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भोजन के प्रश्न में सूर्य चतुष्पदों का, चन्द्रमा पुत्री का, मंगल चोरों का, बुध विवादकर्ताओं (वकील आदि का), गुरु धनिक व्यक्ति का, शुक्र स्त्री का तथा शनि प्रेतों का सूचक होता है ।

(१) सूर्य यदि भोजनस्थल के द्योतक भाव की राशि का अथवा लग्न की राशि को प्रभावित कर रहा है तो भोजन गोशाला में हुआ है । (२) चन्द्रमा के कारण भोजन पृच्छक की पुत्री द्वारा लाया गया होता है या पुत्री के घर में ही भोजन किया गया है । (३) मंगल के प्रभाव से भोजन चोर प्रवृत्ति के लोगों से प्राप्त हुआ है । (४) बुध के प्रभाव से भोजन करते समय वाद-विवाद होता है । (५) गुरु भोजन के साथ धन भी देता है । (६) शुक्र पत्नी द्वारा भोजन देता है । (७) शनि के कारण श्राद्धान्न भोजन होता है ॥४०॥

अथ लाभप्रश्नः

आरूढभं शुभानां मिथुनघटतुला कन्यका चोर्ध्ववक्त्रं,
सौम्याः केन्द्रत्रिकोणद्रविणभवगता रिप्फलाभादिपत्योः ।
योगेऽन्योऽन्यं स्थितिर्वा वपुषि निजनिजे व्यत्ययाद्वाऽथ ताभ्याम्
लग्नेशो युक्तदृष्टो गुरुरभिमतभे भाग्यपंक्त्यर्थलब्ध्यै ॥ ४१॥

(१) यदि आरूढ राशि शुभग्रहों की राशि हो तो लाभ होता है ।

(२) यदि आरूढ में शुभग्रह बैठे हों तो भी लाभ कहना चाहिए ।

(३) यदि आरूढ में मिथुन, घट (कुंभ), तुला तथा कन्या राशियाँ हों तथा ये ऊर्ध्वमुख हों तो भी लाभ होता है ।

(४) यदि शुभ ग्रह केन्द्र, त्रिकोण, धनभाव तथा लाभभाव में बैठे हों तो धनलाभ होता है ।

(५) यदि लाभेश तथा व्ययेश की युति हों या ये अपने भावों में बैठे हों तब भी धनलाभ होता है ।

(६) यदि ये दोनों ग्रह लाभ या द्वितीय भाव में हों ।

(७) इनमें राशि-परिवर्तन हो अर्थात् एकादशेश द्वादश में तथा द्वादशेश एकादश में हो तब भी लाभ होता है ।

(८) यदि व्ययेश तथा लाभेश दोनों से लग्नेश की युति या दृष्टि हो तब भी लाभ होता है ।

(९) यदि गुरु तथा नवमेश शुभ भावों में हों तो भी लाभ होता है । इनमें से कोई भी योग होने पर लाभप्रश्न में लाभ कहना चाहिए ॥४१॥

अथ प्रोषितागमनप्रश्नः

आरूढे चरभे चतुर्थमृतिगाः सौम्यागतस्यागमं;
कुर्वन्त्यर्थसहोत्थगा अपि पुनः प्रस्थाय मार्गागतम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर्मेशो विनिवर्तयेन्नवमगो वक्री ततः प्रोषितं
मार्गस्थं तमुदीरयेत् द्विष उपेत्यावस्थिते लग्नपे ।। ४२।।

जब प्रश्नलग्न में आरूढ राशि में चरराशि हो तथा चौथे एवं आठवें भाव शुभग्रहों से युक्त हों तो प्रोषित (घर से बाहर अभीष्ट कार्य हेतु भेजा गया व्यक्ति या प्रवासी) का आगमन होता है । अर्थ (द्वितीय भाव) सहोत्थ (तृतीय भाव) इन में यदि शुभग्रह हों तो 'प्रोषित व्यक्ति बीच रास्ते में आकर के फिर लौट गया है' ऐसा कहना चाहिए ।

यदि दशमेश वक्री होकर नवम भाव में बैठा हो तो प्रोषित व्यक्ति घर वापस आता है । यदि लग्नेश छठे भाव में बैठा हो तो वह रास्ते में आ रहा होता है । यहाँ 'प्रोक्षितं' पाठ अशुद्ध है क्योंकि उसका अर्थ होता है—जल से धोया हुआ ।।४२।।

पातालादथ ऊर्ध्वतो गतवतो नायाति चेल्लग्नप-
तद्वत्केन्द्रगतेष्वसत्स्वथ विधौ रन्ध्रस्थिते कण्टके ।
क्रूरोने सुखमागमं शुभयुते कस्संशयः कर्मपो
लग्नेशश्च भवादिपञ्चकगतो यत्रागमः पृच्छताम् ।। ४३ ।।

यदि पाताल (चतुर्थ भाव) से ऊपर लग्नेश की स्थिति हो अर्थात् लग्नेश ग्यारहवें, बारहवें, लग्न, द्वितीय तथा तृतीय में से किसी भाव में बैठा हो तो प्रोषित व्यक्ति या प्रवासी नहीं आता है । इसी प्रकार यदि केन्द्र में असत् ग्रह (पाप ग्रहों) के होने पर भी प्रवासी नहीं लौटता है । चन्द्रमा रन्ध्र या केन्द्र में हो तो भी प्रवासी नहीं लौटता है (रन्ध्र अष्टम भाव को कहते हैं) परन्तु चन्द्रमा पाप ग्रहों से रहित होना चाहिए । यदि शुभग्रह केन्द्र में हों तो प्रवासी सुखपूर्वक आता है ।

यदि दशमेश तथा लग्नेश एकादश से लेकर पाँच स्थानों में (११-१२-१-२-३ भावों में) हों तो प्रवासी बिना गन्तव्य तक पहुँचे ही वापस लौट आता है ।।४३।।

लग्नेशोऽथ निजत्रिकोणभवने स्वोच्चस्थितो वाऽपरो,
वक्री वा मदसंस्थितो निजगृहं सम्प्रापयेत्प्रोषितम् ।
यत्र क्वापि विलोमगस्तनुपतिर्जीवो बली केन्द्रग-
श्चायानाय विचिन्त्यमुक्तमिह चाऽध्याये द्वितीये पुरा ।। ४४ ।।

यदि प्रवासी प्रश्न में प्रश्नलग्नेश अपनी उच्च या मूल-त्रिकोण राशि में हो या वक्री हो या सप्तम भावगत हो तो प्रवासी अपने घर लौट आता है ।

यदि तनुपति (लग्नेश) वक्री होकर प्रश्नकुंडली में किसी भी भाव में बैठा हो तथा गुरु बली होकर केन्द्र में बैठा हो तो प्रोषित का आगमन होता है ।

इस प्रसंग में इस ग्रन्थ के द्वितीयाध्याय में जो योग तथा लक्षण कहे जा चुके हैं उनका विचार भी करके प्रश्न का समाधान करना चाहिए ।।४४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नाधिपस्यागमनप्रदायिनो
ग्रहस्य वाऽन्यस्य गतिस्तु यादृशी ।
मन्दाऽथ मध्या त्वरिताऽथवा तदा
अनागतस्यागमनेऽपि तादृशी ।। ४५।।

यदि लग्नेश या आगभनसूचक अन्य ग्रह की गति जैसी होगी प्रवासी भी उसी प्रकार की गति से लौटता है । तात्पर्य यह है कि यदि वह आगमनसूचक ग्रह तत्कालीन गोचर में शीघ्र गति वाला होगा तो प्रवासी भी शीघ्र (Rapidly) लौटता है । यदि गति मध्यम हो तो प्रवासी मध्यम गति (Ordinary speed) से वापिस होता है । यदि वह ग्रह मन्दगामी (Slow velocity) वाला हुआ तो प्रवासी मन्दगति से वापस आता है ।।४५।।

वाहनविचारमाह

राशौ वांशे नृसंज्ञे स्थितवति तनुपे वीर्यवत्यां तनौ वा
दूरस्थस्सन् पदातिः सह खलु मनुजैरेष्यति स्वीयवेश्म ।
पश्वाख्ये चाऽधिरुह्य द्विपवृषभमहिषान् पक्षिभत्र्यंशके चेत्
नावं तद्वज्जलाख्ये स्थलभवनगतेऽस्यागमः स्यात्स्थलेन ।। ४६।।

यदि लग्नेश बलवान् होकर नृराशिगत या नृराशि के नवांश में बैठा हो अथवा लग्न बली होकर नृराशि या नवांशगत हो तो प्रवासी दूर से भी पैदल बहुत लोगों के साथ लौटता है अथवा नृयान (पालकी अथवा साइकलरिक्सा या साइकल=बाइसिकिल) से वापस लौटता है । (आज के समय में साइकल भी पैदल जैसी है, क्योंकि वह भी पैरों से ही चलती है । अत: दैवज्ञ को आज के सन्दर्भ में दूर से वापसी बाइसिकिल (द्विचक्री) द्वारा ही कहनी चाहिए, क्योंकि उसका उपयोग अब प्रचुरता से हो रहा है । ज्योतिष द्वारा प्रश्नों का समाधान करते समय ग्रन्थों में दी गयी शब्दावली के साथ आज की देश-काल एवं परिस्थिति का सामञ्जस्य बिठाना अति आवश्यक है ।)

यदि लग्नेश या लग्न पशुसंज्ञक राशि/नवांश में हो तो वह हाथी, घोड़ा, ऊँट, बैलगाड़ी, तांगा, ऊँटगाड़ी, खच्चर आदि पर बैठकर या चार पहिये वाले वाहन (मोटरकार आदि) में बैठकर आता है । यदि लग्न या लग्नेश पक्षिसंज्ञक द्रेष्काण में हो तो वह विमान में बैठकर वापसी की यात्रा करता है । यदि जलसंज्ञक द्रेष्काण में हो तो नाव या जलयान की यात्रा करता है । यदि स्थल राशि या द्रेष्काण हो तो सड़कमार्ग या रेलमार्ग की यात्रा होती है ।।४६।।

द्रेष्काणे शकटान्वितेऽथ शकटेनारुह्य वा स्यन्दनं
तत्राकाशग्रहांशके तु शिबिकारूढा समायास्यति ।
वक्तव्यं विहगेन येन हि समायानं स चेद्दुर्बलो
वार्तायाः श्रुतिरेव तत्र भविता नायास्यति प्रोषितः ।। ४७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि लग्न या लग्नेश शकटसंज्ञक द्रेष्काण में हो तो शकट (कार, ट्रक, मोटर) आदि में बैठकर यात्रा करता है अथवा रथ में बैठकर आता है । आकाशसंज्ञक राशि का नवांश यदि लग्न में हो या लग्नेश उसमें बैठा हो तो पालकी से यात्रा होती हैं या हेलिकोप्टर आदि से आता है ।

यदि आगमन का सूचक ग्रह कुण्डली में निर्बल हो तो आमगन के चर्चा ही सुनने को मिलती है किन्तु किन्हीं परिस्थितियों के वशीभूत होकर प्रवासी लौटता नहीं है ।।४७।।

सदसद्भिर्नवमगतैः प्रवाससमये शुभाऽशुभं वाच्यम्।
प्राच्यगतौ निधनगतैरस्तस्थैर्जिगमिषोस्तथा स्वगृहम् ।। ४८ ।।

।। एतत्प्रोषितागमनविषयम् ।।

।। इति प्रश्नमार्गे सप्तविंशोऽध्यायः ।।२७।।

नवम भाव में यदि शुभग्रह बैठे हों तो यात्रा में शुभ फल होता है, यदि पाप ग्रह बैठे हों तो पापफल होता है । सप्तम भाव में स्थित शुभग्रहों के अनुसार घर वापसी का शुभाशुभ फल (घर आने पर स्वागत या तिरस्कार प्राप्ति आदि) कहना चाहिए ।।४८।।

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का सत्ताईसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।२७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथाष्टाविंशोऽध्यायः

सुरतप्रश्नः

लग्ने वा मदनेऽथ वा स्थित इने पत्याऽनयोर्वान्विते
तन्नाथौ यदि वीक्षितौ ससुरतं प्रष्टुर्न तस्मिन्दिने ।
अस्त्येवोदितलक्षणे सति पुनः सौम्यग्रहैरन्विते;
दृष्टे वा मदभे विलाससहितं पापैस्तु तद्रोषयुक् ।। १।।

स्त्रीसंभोग सम्बन्धी प्रश्न को सुरत प्रश्न कहा गया है । यदि लग्न या सप्तम में सूर्य हो अथवा लग्नेश या सप्तमेश के साथ सूर्य की स्थिति होने पर या लग्नेश एवं सप्तमेश पर सूर्य की दृष्टि होने पर प्रश्नकर्त्ता को उस दिन संभोग संभव नहीं होता है । परन्तु ऊपर वर्णित योग होने पर भी यदि सप्तम भाव शुभ ग्रहों से युत वा दृष्ट हो तो विलास के साथ रतिक्रीडा होती है । यदि सप्तम भाव पाप ग्रहों से युत-दृष्ट हो तो रति समय रोष रहता है ।।१।।

सुरतसुखयोगः

अस्ते शुक्रशशाङ्कसङ्गमदृशा हीने सपापे रति-
र्नाथाभ्यां युतवीक्षिते खलु मते साऽस्तीति कृष्णोदितम् ।
लग्ने सद्रविदृष्टयुक्तशशभृच्छुक्रेक्षिते रागिणी
पापेक्षान्वयवद् भृगूडुपदृशा योषा न रक्तात्मनि।। २।।

कृष्णाचार्य के मतानुसार यदि सप्तम भाव पर शुक्र एवं चन्द्रमा की युति-दृष्टि न हो परन्तु वहाँ पाप ग्रह हों तो उस दिन रति होती है । यदि सप्तम भाव सप्तमेश से युत-दृष्ट हो तो भी उस दिन संभोग होता है ।

यदि प्रश्नलग्न में शुभ ग्रह के साथ सूर्य तथा शुक्र से दृष्ट चन्द्रमा बैठा हो तो स्त्री अनुरागिणी होती है । यदि चन्द्र एवं शुक्र पाप ग्रहों से युत-दृष्ट हो तो स्त्री अनुरागवती नहीं होती ।।२।।

लग्ने सदसद्ग्रहाणां प्रभावः

अपि सदसल्लग्नदृशा रागविरागौ स्त्रियाः परिज्ञेयौ ।
पापयुते शशिनि बलाद्भुक्ता स्त्री अन्या तथा रवौ ।। ३।।

लग्न पर यदि शुभ ग्रहों की दृष्टि या युति हो तो स्त्री अनुरक्त होती है । यदि पाप ग्रह लग्न में बैठे हों या लग्न को देखते हों तो स्त्री का रति के प्रति विराग होता है । यदि चन्द्र पाप ग्रहों से युक्त हो तो बलात्संभोग होता है । यदि प्रश्नलग्न में सूर्य पाप ग्रहों के साथ हो तो परस्त्री के साथ होता है ।।३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

युगलस्य गुणकथनम्

पुरुषः सुभगश्चन्द्रो रवेर्वर्गेक्षणान्वयैः ।
अन्वितेऽस्मिन् सतामेतैः सौभाग्यमिह योषितः ।। ४।।

यदि प्रश्नकुण्डली में चन्द्रमा सूर्य के वर्ग में हो तो रतियुगल में पुरुष सुन्दर तथा सौभाग्यादि गुणों से युक्त होता है । तात्पर्य यह है कि स्त्री की अपेक्षा पुरुष अधिक श्रेष्ठ होता है । यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों के साथ हो तो स्त्री सौभाग्यशाली होती है ।।४।।

सप्तमस्थवर्गफलम्

वर्गेऽस्ते खलु लग्नवीक्षकखगो नार्याः स्वया स्वे गृहे ।
वर्गेऽन्यस्य भवेद्रतिः परगृहे वाच्या परस्त्रियः ।
स्वोच्चे चेत्प्रभुयोषिता रिपुसुहृद्वर्गेषु तत्तत् स्त्रिया
नीचे चेत्स्वनिकृष्टयात्मवनिता जातिं च तेनादिशेत् ।। ५।।

यदि सप्तम स्थान में लग्नदृष्टा ग्रह का वर्ग हो तो स्वपत्नी के साथ अपने घर में रति होती है । यदि वह लग्नदृष्टा ग्रह का वर्ग न होकर सप्तम में किसी अन्य ग्रह का वर्ग हो तो परस्त्री से रति होती हैं ।

यदि वह लग्नदृष्टा ग्रह स्वर्ग में हो तो स्वस्त्री से, परवर्ग में हो तो परस्त्री से संभोग कहें । यदि वह लग्नवीक्षक ग्रह उच्च राशिगत हो तो उच्च परिवार की महिला से संसर्ग होता है । यदि शत्रुवर्ग में है तो शत्रु की स्त्री के साथ तथा मित्रवर्ग में है तो मित्र की स्त्री के सा:थ रति होती है । नीचराशिगत होने पर नीच कुल तथा नीच स्वभाव की स्त्री से संभाग होता है । ग्रहों के आधार पर स्त्री की जाति का भी कथन करना चाहिए ।।५।।

अत्र षट्पञ्चाशिका

अस्ते रविसितवक्रैः परजायां स्वां गुरौ बुधे वेश्याम् ।
चन्द्रे च वयश्शशिवत् प्रवदेन्मान्देऽन्त्यजातिजातीयताम् ।। ६ ।।

यदि सप्तम स्थान में सूर्य-शुक्र तथा मंगल हों तो परजाया से संभोग होता है । यदि गुरु हो तो विवाहिता पत्नी से संभोग होता है । बुध होने पर वेश्या स्त्री से संपर्क होना चाहिए । शनि होने पर नीच जाति की पत्नी से संभोग होता है । स्त्री की आयु का निर्णय चन्द्रमा की कलाओं के अनुसार होना चाहिए ।।६।।

यदि चन्द्रमा शुक्ल प्रतिपदा से दशमी तक का हो तो स्त्री बाला होती है । शुक्लैकादशी से कृष्ण पंचमी तक चन्द्र की युवावस्था होती है, अत: युवती आयु की स्त्री होती है । कृष्ण पक्ष की षष्ठी से अमावस्या तक चन्द्रमा वृद्ध होता है अत: स्त्री वृद्धा होती है । सोलह वर्ष.तक बाला कहलाती है, बत्तीस वर्ष तक तरुणी, इसके पश्चात् प्रौढावस्था पचास वर्ष तक होती है, फिर तदुपरान्त स्त्री बाला कही जाती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

"बाला तु गीयते नारी यावद्वर्षाणि षोडश ।
द्वात्रिंशत्तरुणी ज्ञेया तदुपरि तु प्रौढा मता" ॥

पुनश्च वयोज्ञानमाह

कुमारिकां बालशशीबुधश्च
वृद्धां शनिः सूर्यगुरुप्रसूताम्।
स्त्रीकर्कशां भौमसितौ विधत्ते
एवं वयः स्यात् पुरुषेषु चैवम्॥ ७॥

(१) यदि प्रश्नलग्न में बालचन्द्रमा (शुक्र प्रतिपदा से दशमी पर्यन्त) बैठा हो या बुध लग्न में बैठा हो तो पृच्छक को बाला स्त्री प्राप्त होती है ।

(२) यदि प्रश्नलग्न में शनि की स्थिति या दृष्टि हो तो वृद्धा स्त्री की इच्छा पुरुष के मन में रहती है ।

(३) यदि सूर्य या गुरु की युति-दृष्टि लग्न में हो तो प्रसूता स्त्री होती है ।

(४) मंगल एवं शुक्र के कारण कर्कशा स्त्री होती है । इसी प्रकार से पुरुष की आयु भी जानना चाहिए ॥७॥

स्त्रीस्वभावकथनम्

पश्यत्यन्यस्य वर्गे स्थिवति तपने राजभार्याशशाङ्के
ब्राह्मण्या शूद्रयाच्छे क्षितिभुवि सुरतं वेश्यया मानवत्या ।
जीवे पाखण्डनार्या फणिनि विदि शनौ चाब्रवीत् कृष्ण एवं
त्र्यंशो दृष्ट्याधिरूढो व्यय इह वनिता तत्स्वभावाऽऽकृतिः स्यात् ॥ ८॥

यदि सूर्य अन्य ग्रहों के वर्ग में होकर लग्न को देखता हो तो राजपत्नी से समागम होता है । चन्द्रमा यदि अन्य ग्रहों के वर्ग में होकर सप्तम भाव को देखता है तो ब्राह्मणी से, मंगल हो तो शूद्रकुलोत्पन्न स्त्री से, यदि गुरु उक्त स्थिति में हो तो पाखण्ड करने वाली स्त्री से, यदि राहु तथा शनि हो तो भी नारी पाखण्डिनी होती है—ऐसा कृष्णाचार्य का मत है । प्रश्नलग्न से सप्तम दृष्टा ग्रह के द्रेष्काण के अनुसार स्त्री का स्वभाव तथा आकृति बतानी चाहिए ॥८॥

अत्र च्छत्रवशादपि स्त्रिया सत्त्वादि ज्ञेयं तद्यथा

आरूढाधिपतौ स्वकीयभवने वा च्छत्रराशिस्थिते
स्वस्त्रीबन्धुवधूः सुहृद्गृहगते यद्वाऽऽस्य बन्धुगृहे ।
आरूढेशरिपुग्रहेऽरिभवने यद्वा रिपोर्भामिनी
जीवो जीवबुधादिपद्यकथिता ज्ञेया सुहृच्छत्रवः॥ ९॥

यदि आरूढेश स्वराशि में या छत्रराशि में बैठा हो तो स्वपत्नी से सम्बन्ध बनता है । यदि वह आरूढाधिपति ग्रह मित्रभवन (चतुर्थ) में हो तो मित्र की स्त्री होती है या मित्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की राशि का होकर वह छत्रराशि में हो तब भी मित्र की स्त्री होती है या निकट रिश्तेदार की स्त्री होती है। इसी प्रकार यदि वह आरूढेश ग्रह शत्रु राशिगत हो तो शत्रु की स्त्री से संभोग होता है।

यहाँ ग्रहों की शत्रुता तथा मित्रता 'जीवो जीवबुधादि' पद्य में कही गयी है, उसी के अनुसार विचार करनी चाहिए ॥९॥

यह सत्याचार्य का मत है जिनके अनुसार मित्र, शत्रु तथा सम तीनों का विचार होना चाहिए।

ओजस्थग्रहदृष्ट ओजभवने लग्ने सुहृत्सङ्गमो
युग्मे तद्गतवीक्षिते द्विरसकृत् वात्स्यायनोक्तं क्रमात्।
वर्गे भार्गवभौमयोरथ दिवा सूर्यस्य रात्रौ विधो-
र्लग्नेनैव समागमस्थितिभिदा स्युर्ग्रामदावादिकाः॥ १०॥

लग्न में विषम राशि हो तथा उस पर विषम राशि में स्थित ग्रहों की दृष्टि हो तो एक ही बार परन्तु सौमनस्यपूर्वक समागम होता है।

यदि लग्न में समराशि हो तथा उसे समराशि में बैठे ग्रह देखतें हों तो दो बार संभोग होता है। यदि लग्न मंगल तथा शुक्र के वर्ग में हो तो वात्स्यायन कामसूत्र में बताई गई विधियों से अनेक बार समागम होता है।

यदि लग्न सूर्य के वर्ग में हो तो समागम दिन के समय होता है। यदि लग्न चन्द्रमा के वर्ग में हो तो समागम रात्रि के समय होता है। लग्न की राशि, उसमें बैठे ग्रहों एवं उसके दृष्टा ग्रहों की प्रकृति के अनुसार ही कैसे स्थान में संभोग हुआ या होगा यह बताना चाहिए (इसके लिए पूर्व में भोजनादि के प्रश्न में सूत्र बताये गये हैं) ॥१०॥

सुरतकाले अन्यक्रियाकलापः

भाग्यापत्यवपुर्मदेषु शशिना भौमस्थितश्चेत्क्रुधा
जातं जागरणं सुदृक्पुरुषयोरेष्विन्दुना चेच्छनिः।
स्वप्नेऽभूत्सुरतं पुनर्यदि रविस्तत्रेन्दुना सङ्गतः
स्पर्शादीनि भृगुर्यदीह शशिना प्रोक्ता हि गुह्योक्तयः॥ ११॥
गर्भिण्या सुरतं यदीह शशिना जीवः स्थितो गर्भकृत्
संयोगोऽयमिहेन्दुना यदि बुधो नार्याऽन्यया न स्वया।
लग्नेऽन्यो मदनेऽन्यथार्कि कुजयोस्तेनाग्निभीत्या बलात्
योगो जागरणप्रदोऽयमनयोरन्योऽन्यवेश्मस्थितिः॥ १२॥

यदि चन्द्रमा से भाग्य (नवम), अपत्य (पंचम), वपु (लग्न), मद (सप्तम) भावों में से किसी में भी मंगल तथा चन्द्र हों तो पृच्छक का युगल रातभर आपस में झगड़ते हुए जागता है। यदि चन्द्र-शनि उक्त भावों में हों तो दोनों का स्वप्न में संभोग होता है। यदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उक्त स्थानों में सूर्य तथा चन्द्र हों तो संभोग न होकर केवल अंगों का स्पर्श मात्र होता है तथा आपस में कामुक बातचीत तथा रहस्य की बातें होती रहती हैं ।।११।।

यदि चन्द्र एवं गुरु उक्त स्थानों में हो तो गर्भिणी से समागम होता है तथा यदि अगर्भा के साथ संभोग किया जाय तो गर्भस्थिति हो जाती है । यदि उन स्थानों में चन्द्र-बुध हों तो स्वस्त्री से संभोग न होकर परनारी से होता है ।

यदि मंगल एवं शनि इन दोनों में से कोई एक ग्रह लग्न में एवं दूसरा सप्तम भाव में होता है तो मिथुनयुगल अग्निभय के कारण रातभर जागते रहते हैं ।।१२।।

रात्रिकाले विग्रहकरा योगा:

योगेऽस्मिन् विधुरेकयुग्यदि तयोरत्राभवद्विग्रह-
श्चन्द्रे स्त्रीविषयोऽस्तगे नृविषयश्चायं विधौ लग्नगे।
शुक्रेऽत्रैकयुते तयो: कलहतो जाता पृथक् शायिका
भूमौ साऽथ तृतीयकेऽसृजि विधौ वाऽप्यस्तगे विग्रहात् ।। १३।।

यदि चन्द्रमा (मंगल या शनि) इनमें से किसी एक के साथ हो तो रतिकाल में कलह होता है । चन्द्रमा सप्तम में होने पर किसी अन्य स्त्री के कारण विग्रह होता है । यदि चन्द्रमा लग्न में हो तो अन्य पुरुष के कारण झगड़ा होता है । यदि शनि या मंगल में किसी एक के साथ शुक्र हो तो कलह के कारण अलग-अलग सोना पड़ता है । यदि तीसरे भाव में मंगल या सप्तम में चन्द्रमा हो तो कलह के कारण भूमि पर सोना होता है ।

कलहे वस्त्रच्छेदयोग:

होरास्तृतीयसप्तमचतुर्थभवनेषु चन्द्रशुक्रौ चेत् ।
विद्यात् वस्त्रच्छेदं कलहनिमित्तं हि नारीणाम् ।। १४।।

यदि प्रश्नकुण्डली में लग्न, तृतीय भाव, सप्तम भाव तथा चतुर्थ भाव में चन्द्रमा तथा शुक्र बैठे हों तो प्रणयी युगल के कलह में स्त्री के वस्त्र फट जाते हैं ।।१४।।

अथ मिथुनप्रयोगाधिकरणं गृहमुच्यते

जीर्णां संस्कृतिमर्कजे क्षितिसुते दग्धं नवं शीतगौ
काष्ठाढ्यं न दृढं रवौ शशिसुते चानेकशिक्युद्भवम् ।
रम्यं चित्रयुतं नवं च भृगुजे जीवे दृढं मन्दिरं
ब्रूयाल्लग्नगतेऽथवा मदयुते स्त्रीभोगयुक्त्यादिषु ।। १५।।

अब संभोग का स्थान कहते हैं—

यदि लग्न या सप्तम भाव में शनि हो तो पुराना भवन होता है । मंगल यदि लग्न या सप्तम में है तो अग्निकाण्ड में ध्वस्त हुआ मकान या स्थल होता है । सप्तम या लग्न में चन्द्रमा हो तो नया भवन होता है । यदि उक्त स्थान में सूर्य हो तो काठ का बना कमजोर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मकान होता है । यदि बुध सप्तम या लग्नगत हो तो अनेक कक्षों वाला मकान होता है । शुक्र के उक्त स्थानों में स्थित होने पर रमणीय तथा सजावट युक्त नया स्थान होता है । गुरु सप्तम या लग्न में होने पर दृढ भकान होता है । इस प्रकार स्त्रीभोग का स्थान लग्न या सप्तम में बैठे ग्रहों के आधार पर युक्तिपूर्वक बताना चाहिए ॥१५॥

इस योग का उपयोग प्रसवस्थान तथा चोर के निवासस्थान आदि के जानने के लिए भी किया जा सकता है ।

अत्र पक्षान्तरमस्ति तदपि लिख्यते

भानोः स्नानगृहं जलर्क्ष इतरत्राऽऽन्नादिपङ्कालयं
प्राहुस्तेऽपि महानसं क्षितिभुवः क्रीडादिगेहम्पुनः ।
गोशूद्रालयमायतं खलु शनेश्चाण्डालवर्यो गृहं
राहो राजसुरालयं शिशिरगो जीर्णम्भृगौ दुर्बले ॥ १६ ॥

यदि सूर्य जलराशिगत हो तो उनका स्थान स्नानगृह, जल का भण्डारस्थल तथा कीचड़वाली भूमि होता है । यदि वह अन्य राशियों में हो तो अन्नभण्डार आदि उसका स्थान है । मंगल का स्थान रसोईघर होता है । बुध का स्थान खेल का मैदान तथा मनोरंजनालय आदि होता है । शनि का स्थान गोशाला, शूद्रों के निवास का स्थान या आयताकार जगह होती है या शौचालय भी शनि का स्थान होता है । राहु का स्थान अन्त्यजों का स्थान होता है । चन्द्रमा का स्थान शासकीय भवन, मधुशाला होता है । यदि शुक्र निर्बल हो तो पुराना टूटा-फूटा भवन होता है ॥१६॥

ग्रहयोगेक्षणरहिते वक्तव्यं लग्नराशिकथितगृहम् ।
सुरताशनशयनादिषु तदर्थमभिधीयते तदिह ॥ १७ ॥

श्लोक १६ में ग्रहों की सप्तम भावगत स्थिति से स्थानादि बतायें । यदि लग्न किसी ग्रह से दृष्ट न हो तो सुरत, भोजन तथा शयनादि के प्रश्न मे स्थान का निर्णय राशि के अनुसार करें ॥१७॥

स्वेशोक्तं वणिगादयो रविगृहं गोद्वन्द्वभानौ विदोः
गोष्ठागारमिनालयं तु शशि वेश्मालेर्गुरोः कर्किणः ।
वृत्तन्नक्रगृहं घटस्य फणिनो धामोदयानाम्पुन-
र्धान्योलूखनपापगो महमपि स्वंशासु कन्यादितः ॥ १८ ॥

जब लग्न में कोई ग्रह न हो तथा किसी की दृष्टि भी न हो तब यदि वणिक् (तुला) तथा आद्य (मेष) लग्न होने पर उनके स्वामियों जैसा अर्थात् तुला में शुक्र जैसा तथा मेष में मंगल जैसा घर होता है । वृष तथा मिथुन राशि लग्न में होने पर बुध जैसा स्थान होता है । सिंह राशि होने पर गोष्ठी वाला स्थान होता है । वृश्चिक में चन्द्रमा के स्थान जैसा, कर्कराशि के लग्न में गुरु के सदृश स्थान होता है । मकर में वृत्ताकार स्थल होता है । कुंभ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राशिलग्न राहु में के स्थान जैसा तथा कन्या-कुंभ-मीन का स्थान धान्यागार, खलिहान, मण्डी, आटाचक्की आदि होता है अथवा गोशाला आदि होता है ॥१८॥

रतिकाले प्रकाशादि व्यवस्था

शनिभवने शन्यंशके तदीक्षिते तद्युते सुखे जलभे ।
षड्विध इन्दौ सुरतं तमो नार्कदृष्टयुत उडुपे ।। १९।।

यदि चन्द्रमा शनि की राशि में, शनि के नवांश में, शनि से दृष्ट, शनि से युत तथा चतुर्थ भाव में जलराशि में हो तो घने अन्धकार में संभोग सम्पन्न होता है ॥१९॥

दीपकलक्षणम्

मङ्गलार्थं दिवारात्रौ प्रकाशाय शुभाय च ।
भुक्त्यादौ न्यस्यते दीपो योऽस्य लक्षणमुच्यते।। २०।।

दीपक स्थापित करने का उद्देश्य अहोरात्र में मंगल हेतु, रात्रि में प्रकाश हेतु तथा भोजन के समय शुभता के लिए दीपक की स्थापना करते हैं, अतः दीपक के लक्षण कहते हैं ॥२०॥

यत्र द्वादशधा विभज्य भवनागारं भमर्कान्वितं
प्राच्यादित्युदितक्रमादिह भवेद्दीपोऽथ तस्यां दिशि ।
प्रागादित्युदितार्कयुक्तभहरिद्भागे तु वीर्याधिके,
यत्रार्को भ्रमणेऽष्टदिक्षुभवने दीपस्थितिस्तत्र वा ।। २१।।
प्रारभ्योभयतः पुराङ्घ्रिरहिताम्भोराशिनाडीश्वर-
त्यर्को जातिषु पञ्चपञ्चघटिकाश्चक्रे महीकल्पिते ।
कुड्यादौ घटितः क्षितौ सुनिहितो वाऽर्के स्थिरस्थे चर-
स्थेऽसौ मर्त्यधृतस्तथोभयगते दीपोऽम्बरे लम्बितः ।। २२।।
अर्के वीर्यान्विते ज्वाला प्रसन्ना मलिनाऽबले ।
स्नेहे नैर्मल्यकृद् दौर्बल्याविलत्वाय दुर्बलः ।। २३।।

रतिस्थल को बारह भागों में बाँटकर पूर्वादि दिशाओं में सूर्य जहाँ हो वहाँ दीपक या विद्युद् बल्ब स्थित होता है (यहाँ जिस सूर्य को कहा गया है वह अर्कलग्न भी कहलाता है) । अथवा पूर्वादि दिशाओं में उदित सूर्य राशि एवं बली राशि में अर्कलग्न के क्रम से भ्रमणवश जहाँ सूर्य हो भवन की उस दिशा में दीपक स्थित होता है ॥२१॥

(१) मेष, सिंह, धनु के सूर्य की पूर्व दिशा होती है ।

(२) वृष, कन्या, मकर के सूर्य की दक्षिण दिशा है ।

(३) मिथुन, तुला, कुंभ के सूर्य की पश्चिम दिशा है ।

(४) कर्क-वृश्चिक-मीन के सूर्य की उत्तर दिशा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्योदय से ३ घटी तथा ४५ पल (पौने चार घटी) का समय पहले तथा १ घटी १५ पल (सवा घटी का) समय सूर्योदय के बाद यह मेष में गिनें। इसके पश्चात् वृषादि की ५-५ घटियाँ क्रमशः गिनें, इस क्रम से राशि प्राप्त होगी। अब जिस राशि में सूर्य बैठा हो उस राशि की जो दिशा हो दीपक उसी दिशा में जानना चाहिए। यदि सूर्य स्थिर राशि में हो तो दीवट के ऊपर प्रज्वलित दीप रखा होता है या बल्ब अपने होल्डर में लगा रहता है। चरराशिगत सूर्य का दीपक किसी व्यक्ति के हाथ में या हिलता हुआ होता है। द्विस्वभाव राशिगत सूर्य में दीपक छत में लटका होता है ॥२२॥

यदि सूर्य बली होता है तो दीपक की लौ या बल्ब का वोल्टेज अधिक होता है। यदि सूर्य निर्बल हो तो प्रकाश मन्द होता है। सूर्य के बलवान् होने पर तेल स्वच्छ होता है अथवा वोल्टेज स्पष्ट, स्थिर तथा ऊँचा रहता है ॥२३॥

दीपे स्नेहविचारः

स्नेहो गोमहिषादिजः खलु निजां होरां गते शीतगौ
भानोः केरतिलादिजोंऽशगुहयोर्वीर्यान्विते त्वादिगे।
पूर्णः क्षीणततोऽन्त्यगेऽथ कथयेद् वर्यानुगुणान् लग्नतो
दग्धादग्धविभागवर्णयुगलत्वादिं श्वरीत्याऽनया ॥ २४॥
लग्ने कश्चन चेत्खगोऽस्य यदि नो लग्नेशितुर्वाऽथ सा
वर्तिःस्यादूरचिताऽथ वीर्यवशतो लग्नस्य वांऽशस्य वा।
वर्णो स्याद्द्वितयस्य वा यमलता द्वन्द्वे विलग्ने पुन-
स्तद्दग्धोत्तरभागयोस्तु कथनं लग्नोदितैष्यांशतः ॥ २५॥

॥ इति प्रश्नमार्गे अष्टाविंशोऽध्यायः ॥२८॥

यदि चन्द्रमा अपनी होरा में हो तो दीपक में गाय या भैंस का घी होता है। यदि चन्द्रमा सूर्य की होरा में हो तो नारियल या तिल का तेल होता है। यदि चन्द्र प्रथम नवांश में हो तो तेल बहुत होता है तथा अन्तिम नवांश में तेल सबसे कम होता है। बत्ती के गुणों का विचार लग्न से करें तथा उसके जले हुए भाग का विचार बत्ती का रंग या एक या दोहरी बत्ती होने का विचार भी इसी भाँति करना चाहिए ॥२४॥

यदि लग्न में कोई ग्रह बैठा हो तो उससे बत्ती की रचना का विचार करें। यदि लग्न में कोई ग्रह न हो तो लग्नेश से बत्ती का विचार करना चाहिए। लग्न के नवांश या लग्न के बली होने पर बत्ती मजबूत होती है। यदि लग्न में द्विस्वभाव राशि हो या दो ग्रह लग्न में बैठे हो तो दो बत्ती होती है। लग्न के जितने अंश बीत गये हों उसी अनुपात में बत्ती जल चुकती है तथा जो अंश शेष हों उन्हीं के अनुसार बत्ती बिना जली रहती है ॥२५॥

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का अट्ठाईसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥२८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथैकोनत्रिंशोऽध्यायः

अथ नष्टप्रश्नः

स्वाभिप्रायमनुक्त्वा यः प्रश्नोऽयं नष्टसंज्ञितः।
लिख्यते सोऽनुसृत्याथ कृष्णमाधवयोर्मतम् ।। १।।

जब कोई प्राश्निक अपने अभिप्राय को व्यक्त न करके दैवज्ञ से प्रश्न करता है तब उसे "नष्टप्रश्न" कहा जाता है। उसके कहने की विधि माधव तथा कृष्णाचार्य के मतों का अवलोकन करके लिखा जा रहा है ।।१।।

नष्ट प्रश्न को उत्तर भारत में मूकप्रश्न या मौनप्रश्न कहते हैं।

जीवेन्द्वोर्यदि कोऽपि लग्नभवने प्रश्नो भवेदायुषो
मन्दश्चेन्मृतिरिप्फसप्तमगतश्चौर्यं समुद्दिश्य सः।
जीवोऽर्थे वपुरायगो यदि भृगुर्ज्ञो व्योम्नि कार्यं किम-
प्युद्दिश्येति विनिर्दिशेदकथिते प्रष्टा स्वयं हृद्गते ।। २।।

यदि प्रश्नलग्न में गुरु या चन्द्रमा में से कोई भी लग्न में बैठा हो तो आयु सम्बन्धी प्रश्न होता है। यदि शनि बारहवें, आठवें तथा सप्तम भाव में हो तो चोरी से सम्बन्धित प्रश्न होता है।

यदि गुरु धनभाव में हो, शुक्र लाभभाव या लग्न में हो तथा बुध दशम भाव में हो तब किसी कार्य के समबन्ध में प्रश्न होता है ये इस प्रकार मन में सोचे गये तथा ज्योतिषियों को बिना बताये गये प्रश्न का उत्तर देना चाहिए ।।२।।

लग्नारूढशशाङ्केन्दुरिपुभे वान्त्यालिकर्क्यांशके।
राशौ कुत्रचन ग्रहो दशमभे क्रूरग्रहो वा यदि।
लग्नादित्रितयस्य मोषकहतं नष्टं धनं निर्दिशे-
दुक्तस्थानगतस्तु चोरविहगो नैकेषु वीर्यान्वितः।। ३।।

यदि लग्न से या आरूढ राशि से अथवा चन्द्रराशि से छठे भाव में अथवा मीन, वृश्चिक या कर्क राशि या नवांश में अथवा दशम भाव में क्रूर ग्रह बैठा हो तो चोरित धन या नष्ट धन का प्रश्न कहना चाहिए। यदि दशम भाव में गये हुए ग्रह एक से अधिक हों तो उनमें से जो सर्वाधिक बली हो उसे चोरग्रह मानना चाहिए।

अत्र षट्पञ्चाशिका

अंशकाज्ज्ञायते द्रव्यं द्रेष्काणैस्तस्कराः स्मृताः।
राशिभ्यः कालदिग्देशा वयोजातिश्च लग्नपात्।। ४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रश्नलग्न के नवांश द्वारा प्रश्न सम्बन्धित वस्तु की द्रव्यता अर्थात् जीव, धातु, मूल आदि का ज्ञान होता है। तात्पर्य यह कि नवांश से वस्तु की आकृति, प्रकृति तथा वर्ण का विचार करना चाहिए। वस्तु का रंग उसकी राशि के अनुसार बताना चाहिए। इसी तरह से काल (समय), दिशा तथा स्थान का निर्धारण भी राशि से किया जाता है। लग्नेश से जाति का निश्चय किया जाता है। द्रष्काणों के द्वारा चोरों का ज्ञान प्राप्त किया जाता है ॥४॥

[द्रेष्काणों के अनुसार (लग्न के द्रेष्काण से) चोर का स्वरूप जानने के लिए इस ग्रन्थ के पाथेय टीकाकार की "षट्पंचाशिका" की सरला हिन्दी टीका देखें।]

द्रव्यमंशकतश्चोरा द्रेक्काणरादिशेत्सुधीः।
दिग्देशकालराशिभ्यो वयोजातिं च लग्नपात्॥ ५॥

नवांश से द्रव्य का स्वरूप तथा द्रेष्काण से चोर का स्वरूप जानना चाहिए। दिशा, देश एवं काल का ज्ञान लग्न की राशि से तथा चोर की जाति का ज्ञान लग्नेश की जाति के अनुसार करना चाहिए ॥५॥

विद्वज्जनवल्लभा च

द्रेक्काणाद्या यत्स्वरूपा विलग्ने
तस्याधीशः खेचरो वाऽपि यादृक्।
वर्णे वेषे चेष्टिते वाऽऽकृतौ वा
तुल्यस्तेनस्तेन निर्देश्य एव ॥ ६॥

विद्वज्जनवल्लभा के अनुसार लग्नगत द्रेष्काण का जिस प्रकार का स्वरूप होता है द्रेष्काणेश का जैसा स्वरूप हो रंग, वेष, चेष्टा तथा आकृति में चोर भी उसी प्रकार का होता है ॥६॥

लग्नस्वामिसमानं रूपं जातिञ्च तस्करस्य वदेत्।
॥ ७॥
इत्यार्यासप्ततिः

लग्न के स्वामी के समान तस्कर का रूप तथा जाति कहनी चाहिए। यह आर्या-सप्तति का मत है ॥७॥

चोरो भावेषु षष्ठस्तन्नाथतत्संस्थितादिभिः।
आकारजातिनामादींश्चोराणां वक्ति माधवः॥ ८॥

भावों में छठा भाव चोर का है अतः छठे भाव के स्वामी से तथा उसमें स्थित ग्रहों से चोर की आकृति, जाति तथा नाम आदि कहना चाहिए। यह माधव का मत है ॥८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नं पश्यति चेन्निजांशगृहगः खेटो धनं नो हृतं,
तत्रैवास्ति रिपोरिदं रिपुगृहे बन्धोस्सुहृद्भे यदि ।
उत्कृष्टस्य जनस्य तुङ्गभवने नीचस्य नीचे स चेत्
धातोद्युत्थभिदां वदेदपि हृतस्यारूढलग्नांशकैः ।। ९।।

यदि कोई ग्रह अपने नवांश में बैठकर लग्न को देखता हो तो धन की चोरी नहीं हुई है ऐसा बताना चाहिए, वह यथास्थान पर ही रखा है । यदि वह शत्रु की राशि या नवांश में हो तो चोरी का धन शत्रु के घर में, यदि उक्त ग्रह मित्र राशि में हो तो चोरी का माल मित्र के घर में होता है । यदि वह ग्रह अपनी उच्चराशि में हो तो चुराया हुआ धन किसी बड़े आदमी के घर मे रखा होता है । यदि वह ग्रह नीच का हो तो चोरित माल नीच आदमी के घर में हुआ करता है । माल के धात्वादि भेदों को भी तथा माल की चोरी को आरूढ लग्न से भी कहना चाहिए ।।९।।

आरूढोक्तदिशि स्थितं हृतधनं खेटस्य वाऽऽरूढगः
कश्चिच्चेद्दिशि तस्य खेटभदिशौ प्रागादिव द्योतिते ।
दूरस्थाच्चरभे स्थिरे तु निजधाम्न्यारूढभे तूभये
नो दूरौ च पृच्छकालयगं पृष्ट्वैवमादिश्यताम् ।। १०।।

इति माधवमतम् ।

आरूढ राशि की जो दिशा हो उस दिशा में चोरी किया हुआ धन होता है । ग्रहों की दिशाएँ ''प्रागादिव'' आदि श्लोक में बतायी जा चुकी हैं ।

यदि आरूढ चरराशिगत हो धन दूर होता है । यदि आरूढ की राशि स्थिर हो तो चोरित धन पृच्छक के घर में ही होता है । यदि आरूढ में द्विस्वभाव राशि हो तो अपहत धन पृच्छक के घर के बाहर परन्तु अधिक दूर नहीं होता है ।।१०।।

लग्ने वीर्ययुते तदुक्तहरिति द्रव्यं हृतं वर्तते
दौर्बल्ये तु विलग्नवीक्षकखगो यस्यां तदाशास्थितम् ।
लग्नं चेच्चरभं चरत्यपहृतं तत्र स्थितं चेत्स्थितं
द्वन्द्वं चेत्स्वगृहाद् बहिः परिसरे ग्रामे गृहे वा भवेत् ।। ११।।

यदि लग्न बलवान् हो तो लग्न की दिशा में चुराया गया धन रखा होता है । यदि लग्न निर्बल हो तो लग्नदृष्टा ग्रह की दिशा में धन होता है । चरलग्न होने पर चोरित धन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता रहता है । यदि प्रश्नलग्न स्थिर हो तो धन एक ही स्थान पर रखा हुआ होता है । द्विस्वभाव लग्न होने पर धन या तो घर के अहाते में या गाँव की सीमा या गाँव के समीप ही होता है ।।११।।

स्थिरभवनेऽथ तदंशे वर्गोत्तमसंज्ञितेऽथवा लग्ने ।
स्वैरन्यैश्चरलग्ने निकटकुटिवासिनाऽपहृतमुभये ।। १२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि लग्न में स्थिर राशि या उसका नवांश हो या लग्न वर्गोत्तम हो तो धन अपने लोगों ने ही लिया होता है, जो कि घर के समीप ही रहते हैं। चर राशि का लग्न होने पर अन्य लोगों धन चुराया है। द्विस्वभाव राशिगत लग्न होने पर पड़ोसी या गाँव के ही लोगों द्वारा धन चुराया गया होता है ॥१२॥

चौर्यसमयमाह

आरूढे तु दिवा वीर्ये धनं चोरो हरद्दिवा।
तस्मिन् रात्रिबले राशौ मोषणं निशि निर्दिशेत्॥ १३॥

यदि आरूढ राशि दिवाबली हो तो चोरी दिन में हुई है। यदि आरूढ की राशि रात्रि-बली हो तो चोरी रात में हुई है ऐसा कहना चाहिए ॥१३॥

राश्यनुसारेण नष्टवस्तुनिक्षेपस्थलम्

यत्राजाः प्रचरन्त्यजेऽत्र पशवो यत्रात्र लग्ने वृषे
नष्टं तिष्ठति निर्जने शयनवेश्मादौ नृयुग्मोदये।
यस्मिन् कर्कटका इहेन्दुभवने सिंहे वने गह्वरे
पाथोने बहुसस्यतोयसविधे जूके तथैवापणे॥ १४॥

यदि नष्ट वस्तु प्रश्न में मेषलग्न हो तो भेड़-बकरियों के चरने की जगह में चोरित वस्तु होती है। यदि वृषलग्न हो तो गाय-भैंस तथा बैल चरने की निर्जन जगह में खोई हुई वस्तु होती है। यदि प्रश्नकाल में मिथुनलग्न हो तो घर में या शयनागार में ही नष्ट वस्तु को स्थित जानना चाहिए।

यदि लग्न मे कर्क राशि हो तो जल या केंकड़े वाली जगह में नष्ट वस्तु हुआ करती है। सिंह राशि होने पर वन में गुफा में चोरित वस्तु होती है। कन्या लग्न होने पर अनाज के समीप खनिहान या धान्यागार में नष्ट वस्तु होती है। तुला लग्न होने पर चुराया धन बाजार में होता है ॥१४॥

आरूढेऽलिनि कन्दरावटचितं स्वीयो धनोर्वी नग-
र्यादौ धन्विनि नक्रभेऽथ वननद्यान्ते निषादालये।
कुम्भे कुम्भकृदालये च पचनागारे तथैणोदये,
नद्याम्भोनिधितीर्थपुण्यविबुधक्ष्मादेवभूम्यां झषे॥ १५॥

यदि आरूढ राशि वृश्चिक है तो चोरित वस्तु गुफा, कन्दरा, अवट (गड्ढा) आदि में भूमिगत होती है। धनु के आरूढ होने पर चोरित धन नगरी आदि में होता है। मकर राशि आरूढ हो तो चुराई गयी वस्तु वन एवं नदीतट पर वास करने वाले निषादादि के घर में होती है। कुंभ यदि आरूढगत हो तो वस्तु किसी घड़े (सन्दूक, तिजोरी आदि) में होती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है अथवा कुंभकार के घर में या रसोईघर में हुआ करती है । मीन राशि होने पर नदी, जलाशय, पुण्यस्थल, तीर्थ, मठ-मन्दिरादि के समीप होती है ॥१५॥

ग्रहानुसारेण चोरितवस्तुस्थानमाह

गोष्ठागारपुरोहितामरसतागेहेषु वाचस्पतौ
शय्योद्यानजलाशयेषु ललितस्त्रीगन्धमाल्यालये ।
शुक्रस्य क्षितिजस्य पाकभवने कर्मारगेहेषु वा
तीक्ष्णांशोः कलहप्रियार्धवयसां स्त्रीणां गृहे वाऽथवा॥ १६॥
वेश्यावेश्मनि वारि वारिसविधे चेन्दोर्निरीक्षान्वये;
भार्या यौवनवेषरूपसहितायास्तद्गृहे ग्लौ भुवः ।
वृद्धस्त्रीगृहभिन्नमांसपचनामत्रेऽथ पङ्के शने-
र्लग्नस्थानसमं विभज्य कथयेदेकत्र कृष्णोक्तवत् ॥ १७॥

यदि प्रश्नलग्न में गुरु की स्थिति या दृष्टि हो तो चोरित वस्तु गोष्ठागार (गाये बाँधने का स्थान तथा भूसा-चारा संग्रह का स्थान), पुरोहितों का घर, देवालय, सती-साध्वी का निवास—इनमें से किसी में होती है ।

यदि शुक्र लग्न को प्रभावित करता हो तो नष्टवस्तु शयनागार, उद्यान, जलाशय, सुन्दर स्त्री, सुगन्धित स्थान, माला इत्यादि के बेचने की जगह, इत्र की दुकान आदि में होती है ।

मंगल यदि प्रश्नलग्न में हो या उसे देखता हो तो चोरी हुई वस्तु रसोईघर, होटल, लुहार या सुनार के कार्यस्थल में होती है ।

यदि सूर्य उक्त स्थिति में हो तो नष्ट धन अधेड़ आयु की झगड़ालू स्त्री या ऐसी स्त्रियों के घर होता है ॥१६॥

यदि चन्द्रमा की दृष्टि या अन्वय लग्न से हो तो वेश्या के घर, पानी में या पानी के निकट नष्टधन रखा जाता है ।

यदि बुध लग्न में बैठा हो या उसे देखता हो तो चोरी गया माल रूपयौवनसम्पन्न सुवेषधारिणी स्त्री के घर होता है (यहाँ बुध के लिए "ग्लौभुवः" शब्द का प्रयोग किया गया है) ।

शनि यदि चोरित वस्तु का सूचक हो तो चोरी गया माल बूढी स्त्री के घर, टूटे-फूटे घर, मांस पकाने वाले स्थान में अथवा कीचड़ में होता है ।

कृष्णीय शास्त्र में बताई गयी पद्धति से लग्न का विभाजन कर घर में चोरी का माल कहाँ रखा है यह जानना चाहिए और पृच्छक को बताना चाहिए ॥१७॥

यहाँ लग्न के अतिरिक्त आरूढ से भी विचार करना चाहिए ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राश्यनुसारेण नष्टवस्तुसंख्याज्ञानमाह

शैलेष्वर्कषडष्टषड्जलधिभूभृद्विश्वदिक्पञ्चतिथ्-
युक्ताजादिषु यातया हृतधनं तुल्यं भवेत्संख्यया।
आरूढेन च तुल्यवर्णमुदितं वर्णास्तु भानां पुन-
र्होरायामिव राशिवर्णकथने पक्षान्तरं दृश्यते।। १८।।

अजादि=मेषादि द्वादश राशियों में नष्टवस्तु की संख्या क्रमशः (१) शैल=सात, (२) इषु=पाँच, (३) अर्क=बारह, (४) षड्=छह, (५) अष्ट=आठ, (६) षड्=छह, (७) जलधि=सात, (८) भूभृद् (पहाड़ या पर्वत)=सात, (९) विश्व=तेरह, (१०) दिक्=दश, (११) पञ्च=पाँच तथा (१२) तिथि= पन्द्रह होती है। गतराशि के अंक में इन अंकों को जोड़ने से चोरित वस्तु की संख्या ज्ञात हो जाती है।

चोरित वस्तु के रंग का ज्ञान आरूढ राशि के अनुसार कहना चाहिए। दूसरा मत यह भी है कि उदयलग्न की जो राशि हो उसके रंग के समान ही चोरी गयी वस्तु का रंग भी होता है।

राशीनां वर्णाः

चित्रा कन्या शुक्लवर्णा तुला स्या-
न्मीनश्यामः कार्मुकं काञ्चनाभम्।
आकेकेरः पिङ्गलं कृष्णवर्णौ
सिंहालिर्वा सिंहभं नो विकल्पः ।। १९।।

कन्या राशि चित्र वर्ण है, तुला शुक्ल वर्ण है, मीन श्याम वर्ण, धनु काञ्चन वर्ण, मकर पिंगल वर्ण होती हैं। सिंह तथा अलि (वृश्चिक) कृष्ण वर्ण की होती हैं। शेष राशियाँ भी निश्चित रूप से सिंह राशि के समान वर्ण की होती हैं ।।१९।।

लग्नराशि से चोरित वस्तुसंख्या ज्ञान का चक्र (श्लोक १८ के अनुसार)

मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	लग्न की राशि
७	५	१२	६	८	६	७	७	१३	१०	५	१५	अपहृत वस्तु की संख्या

चौरसंख्याज्ञानार्थे ग्रहाणां रश्मयः

त्रिंशद्भानोरथ हिमरुचे रश्मयस्तद्विहीना
भौमस्याष्टौ नव सुरगुरोस्सप्त षट् शुक्रचान्द्रेः।
आर्केर्लोका उरगशिखिनोर्द्वौ च तद्योगदृग्भ्या-
मेतैर्वाच्या कुहुचिदुचिते नष्टचोरादिसंख्या ।। २०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भानु (सूर्य) की तीस रश्मियाँ होती हैं। हिमरुचि (चन्द्रमा) की उससे (सूर्य) दो कम होती है—अर्थात् चन्द्र की अट्ठाईस रश्मि होती है। भौम की आठ, सुरगुरु की नौ, शुक्र की सात, चान्द्रि (बुध) की छह, आर्कि (शनि) की लोक (विश्व)=तेरह रश्मि होती है। उरग (राहु) तथा शिखि (केतु) की दो रश्मियाँ होती हैं।

जो ग्रह प्रश्नलग्न में बैठे हों तथा जो प्रश्न को दिखते हों उनमें जो बली हों उनकी रश्मिसंख्या ग्रहण करनी चाहिए। ग्रह की रश्मिसंख्या तुल्य ही चोरों की संख्या होती है ॥२०॥

चोर संख्याज्ञान हेतु ग्रहों की रश्मियों का चक्र

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	**ग्रह**
३०	२८	८	६	९	७	१३	२	२	**रश्मि संख्या**

नष्टद्रव्यस्थितिज्ञानम्

पश्यन्तश्शशिनाम्बुधाररवयः कुर्युर्हृतम्भूगतं
जीवे व्योमनिलम्बितं जलगतं शुक्रश्शनिः सानिले।
देशेऽथेन्दुरवीक्षितो यदि तदारूढर्क्षधात्वादिजे;
पात्रे चौरहृते धनस्थितिरपि ज्ञेयेत्थमारूढतः॥ २१॥

यदि प्रश्नकालीन चन्द्र पर बुध, आर (मंगल) तथा रवि की दृष्टि हों तो चोरी गयी वस्तु भूगर्भ (underground) में गाड़ दी जाती है या किसी भूगृह (तहखाने) में छिपायी जाती है।

यदि प्रश्नचन्द्र पर गुरु की दृष्टि हो तो वस्तु आकाश में होती है अर्थात् वह मकान की ऊपरी मंजिल पर या छत में लटकी होती है। शुक्र की दृष्टि प्रश्नकालीन चन्द्र पर हो तो चोरित वस्तु जल के समीप या जल में होती है। शनि दृष्टि से हवा में होती है।

यदि आरूढ राशि को सूर्य तथा चन्द्रमा निहारते हों तो धातु से बने सन्दूक, आलमारी, डिबिया, कलश आदि पात्र में नष्ट वस्तु होती है।

इसी प्रकार आरूढ राशि से भी चौरापहृत धन की स्थिति जाननी चाहिए ॥२१॥

धात्वादिज्ञानम्

धातुः स्याच्चरधाममूलमचरजीवाह्वयं चोभयं
सर्वे राशय एवमेव हि पुनः कर्मोदितम्मेषभम्।
भोगो गौर्मिथुनं कुलीरभमपि द्वौ नाशदौ कर्मकृत्
सिंहस्त्रीवणिजौ च भोगनिरतौ नाशाह्वयो वृश्चिकः॥ २२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनुषि कर्मविनाशकृन्मकरभं कुम्भस्तु कर्मोचितो
मीनो नाशकृदत्र योज्यमुदितं कर्मादिधात्वादिषु।
धात्वादित्रयमंशकेष्वपि भवेद्योज्यश्च दस्रादिभे-
ष्विन्द्वाद्यधितेषु सूर्यसितयोर्जीवज्ञयोश्च क्रमात् ।। २३।।

चर राशियाँ धातुसंज्ञक, अचर (स्थिर) राशि मूलसंज्ञक तथा उभय (द्विस्वभाव) राशियाँ जीवसंज्ञक होती हैं । पुनः सभी राशियों का वर्गीकरण लग्न में मेषादि राशियों से कर्म, भोग तथा नाश इस क्रम से करना चाहिए ।

मेषलग्न कर्मराशि, वृष भोगराशि है, मिथुन तथा कन्या ये दोनों नाश देने वाली है । सिंह कर्मराशि हैं, कन्या तथा तुला भोग में निरत हैं । वृश्चिक लग्नराशि नाशसंज्ञक है, धन लग्नराशि कर्मसिंज्ञक है । मकर नाशसंज्ञक तथा कुंभ कर्मसंज्ञक हैं, मीन नाशसंज्ञक है । लग्न के तीन-तीन नवांश क्रमशः धातु, मूल, जीव संज्ञक होते हैं । इसी प्रकार अश्विन्यादि तीन-तीन नक्षत्र धात्वादि संज्ञक होते हैं । ग्रहों में चन्द्र, मंगल, राहु, शनि धातुसंज्ञक; सूर्य तथा शुक्र मूलसंज्ञक तथा बुध एवं गुरु जीवसंज्ञक होते हैं ।।२२-२३।।

लग्नराशियों के धात्वादि विभाग का चक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	राशि
धातु	मूल	जीव	धातु	मूल	जीव	धातु	मूल	जीव	धातु	मूल	जीव	**धात्वादि विभाग**
कर्म	भोग	नाश	नाश	कर्म	भोग	भोग	नाश	कर्म	नाश	कर्म	नाश	**प्रथम मत से कर्मादि विभाग**
कर्म	भोग	नाश	कर्म	भोग	नाश	कर्म	भोग	नाश	कर्म	भोग	नाश	**द्वितीय मत से कर्मादि विभाग**

नष्ट प्रश्न में लग्ननवांश से धात्वादि ज्ञान का चक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	राशि नवांश
धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	**३°-२०' तक**
मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	**६°-४०' तक**
जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	**१०°-००' तक**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	राशि नवांश
धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	१३°-२०' तक
मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	१६°-४०' तक
जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	२०°-००' तक
धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	२३°-२०' तक
मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	मूल	२६°-४०' तक
जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	जीव	धातु	३०°-००' तक

द्रेष्काणानुसारेण धात्वादिविभागः

प्रथमत्र्यंशोपगताः क्रियोचिता धातुमूलजीवाः स्युः।
मध्ये भोगकृतोऽन्त्ये विनाशदाः पक्ष एवं खलु महताम्।। २४।।

धातु, मूल तथा जीव अपने प्रथम तृतीयांश (द्रेष्काण) में कर्मकारक मध्य में भोगकृद् तथा अन्तिम द्रेष्काण में विनाशकारक होते हैं । यह शीर्षस्थ आचार्यों का मत है ।।२४।।

त्र्यंश द्वारा धात्वादि ज्ञान का चक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	अंश	विभाग
धातु कर्म	धातु कर्म	धातु 'कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	धातु कर्म	दस अंश तक	प्रथम द्रेष्काण
मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	मूल भोग	बीस अंश तक	द्वितीय द्रष्काण
जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	जीव नाश	तीस अंश तक	तृतीय द्रेष्काण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवांशेन धात्वादिकथनम्

जीवो मूलं धातुश्चरपूर्वेष्वंशकेषु समभवने।
धातुर्मूलं जीवो विषमगृहेऽयं क्रमो गृहवत्।। २५।।

सम राशियों में प्रथम नवांश चर राशि का होता है वह जीव नवांश होता है। अतः सम राशियों में जीव, मूल, धातु इस क्रम से नवांश होते हैं। विषम राशियों में धातु, मूल, जीव इस क्रम से नवांश होते हैं ।।२५।।

स्पष्टता हेतु श्लोक २३ की व्याख्या में चक्र देखें।

धात्वादिवर्गे पदार्थानां वर्गीकरणम्

धात्वाख्ये भवनेंऽशकादिकृदधः पाषाणमृत्ताम्रकं
कांस्यं रूप्यमरूपमेतदखिलं धातुस्तु सीसादिकम्।
कन्दाद्यं निधिरप्यधस्थभवनेर्मूलञ्च धातुस्थिते
जीवा धातुविनिर्मितामरपशुस्त्रीपूर्वगा धातुगाः।। २६।।

लग्न की राशि एवं नवांश धातुसंज्ञक होने पर भूमि में से निकला पत्थर, मृत्तिका, ताम्र (Copper), कांस्य (Bronze), रूप्य (Silver), अरूप (स्वर्णधातु) तथा सीसा (Lead) आदि ये सब धातुएँ होती हैं। यदि मूलसंज्ञक राश्यादि हों तो कन्द, मूल, फल, वनस्पति आदि सभी पदार्थ मूल के अन्तर्गत आते हैं। जीव शब्द से पशु, मनुष्य, पक्षी आदि सभी प्राणी ग्रहण किये जाते हैं ।।२६।।

मूलम्मूलगतं फलं क्षितिरुहां सर्वञ्च वल्ल्यादिकं
धातुर्मूलगतं गुडं च वसनं शुष्कञ्च काष्ठादिकम्।
सर्वञ्च क्वथितं विदग्धममले जीवोऽथ मूलोद्भवो
जन्तुर्वृक्षकृतस्तरूदरगृहो नीडञ्च गोष्ठादिकम्।। २७।।

मूलराशि एवं मूलद्योतक नवांश में मूल, कन्द, फल, वृक्ष, लता, वल्ली तथा क्वथित (काढ़ा बनाने योग्य जड़ीबूटियाँ), गुड़, ईख, वस्त्र (कपास से बने), काठ, कोयला (लकड़ी का), वृक्ष की जड़ों एवं खोखलों में निवास करने वाले जीव-जन्तु, पक्षी आदि मूलोद्भव कहलाते हैं ।।२७।।

जीवो जीवगतो गजाद्युपरिगो बालादिका वावसन्
गर्भिण्यप्यथ जीवधातुरखिलं प्लुष्टं शवं वाऽस्थि च।
मूलं जीवगतं नखस्त्वगपि रोमाच्छादनं कम्बलो,
दन्त्येणादिकशृङ्गमत्र नवधा भिन्नं हि धात्वादयः।। २८।।

यदि लग्न एवं आरूढादि में जीवराशि तथा जीवनवांश हो तो गजादि (ऊँट, घोड़ा, खच्चर आदि) पशु, बालक, गर्भिणी ये सब जीव हैं। प्लुष्ट (गर्म द्रव से जला हुआ),

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शव, अस्थि, नख, त्वचा, रोम, ऊन, कम्बल, हाथीदाँत, हिरण आदि के सिंग कुल धात्वादि के नौवर्ग हो जाते हैं ॥२८॥

मेषादिराशीनाम्पदार्थाः

मेषस्थं कनकं पणश्च रजतं ताम्रञ्च सीसादिकं
दीपः पात्रमयश्च धातुनिचयामूलं पुनश्चोक्षगम्॥ २९॥
वासो वर्म च चन्दनं खलु शिरस्त्राणश्च कूर्पासकं
वासस्तन्तुकृतञ्च वस्तु सकलं शय्योपधानादिकम्॥ ३०॥

(१) मेष राशि में स्वर्ण, सिक्का, चाँदी, ताम्बा, सीसा आदि धातुएँ; दीपक, धातुओं के बर्तन—ये सब धातुएँ आती हैं । वृष राशिगत लग्न के अन्तर्गत मूलवर्ग के पदार्थ जैसे—वस्त्र, कवच, ढाल, चन्दन, शिरस्त्राण (हेल्मेट), टोप, टोपी-पगड़ी, कपास से बनी चीजें (रजाई, गद्दे, तकिये आदि), सूती वस्त्र, शय्या, तकिया आदि वस्तुएँ सम्मिलित होती हैं ॥२९-३०॥

जीवाः स्युर्मिथुनोपगास्तु फणिनो हिंस्रास्तरक्ष्वादयो
दंशा वा मधुमक्षिका च महती चाखुर्महामूषिकः।
कर्किस्थाः खलु धातवोऽत्र परशुनिस्त्रिंशबाणादयः,
शस्त्रौघाः क्रकचादिकं च कथिता नक्रेऽपि कर्कीरिताः॥ ३१॥

मिथुन राशि के स्वामित्व में सर्प, हिंसक जीव तरक्षु (लकड़बग्घा) आदि, हिंसक पक्षी (बाज, चील, बगुला आदि), दंश (डाँस-कुटकी, कूतरी आदि), मधुमक्खी, मच्छर, बड़े चूहे, छुछुन्दर आदि जीव हैं ।

कर्क राशि में धातुओं के अतिरिक्त फरसा, कुल्हाड़ी, बर्छी, भाला, कांता, बल्लम, पैने बाण, त्रिशूल आदि शस्त्रभण्डार, आरी, कैंची आदि हैं । यही पदार्थ मकर राशि में भी होते हैं ॥३१॥

सिंहे सूरणकन्दव्रीहिश्यामादिकं च ताम्बूलं
माषा मुद्गा कदली पनसाम्रफलादिकं मूलम् ।
जीवा योषा योषितश्च कथिता भक्ष्याश्च सर्वे मृगा
जूके तक्रपयोदधिप्रभृतिकास्त्वक्कम्बलं धातवः॥ ३२॥

सिंह राशि में सूरण (जिमीकन्द), व्रीहि (जौ, गेहूँ आदि), श्यामादिक (साँवा, कोदों, ककुनी, कूरी, कुटकी, कूटू आदि), पान के पत्ते, उड़द, मूँग, केला, कटहल, आम आदि मूल होते हैं ।

कन्या में स्त्रियाँ, भक्ष्य जीव, सभी प्रकार के मृग शामिल हैं । तुला में दूध, दही, मठा, घी, छाल, कम्बल तथा धातुएँ होती हैं ॥३२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भृङ्गे वद्यकिलञ्जमेतदखिलं मूलं वा मृतिं
कुर्याद्यच्च दुरालभादिमरिचिं मूलादि चोन्मादकम् ।
चापादौ मनुजा गजाश्च फणिभुक् पादायुधाद्याः पुनो
जीवा सिंहवदेव कुम्भभवने मूलं हि भोगक्षमम् ।। ३३।।

भृंग (वृश्चिक) राशि में मूल, फल मृति (विषाक्त पौधे=Poisonous plants), दुरालभा (जवासा), मरिच तथा नशा करने वाली वनस्पतियाँ (तमाखू, चाय, काफी, अफीम आदि) ।

धनु में जंगली हाथी, जंगली घोड़े, सर्प तथा पादायुध (मुर्गे) आदि होते हैं (मुर्गे पैरों से आयुध का काम लेते हैं अतः उन्हें पदायुध कहा है) ।

कुंभ लग्न तथा नवांश में सिंह की तरह ही पदार्थ होते हैं ।

जीवा मीनगता नृयुग्मकथिता सर्वाश्च मत्स्यादयो
नष्टं वस्तुनि कथ्यतां खलु चिन्त्यारूढलग्नांशतः ।। ३४।।

मीन में स्त्री-पुरुष का जोड़ा, सभी प्रकार की मछलियाँ ये सब नष्ट वस्तु से आरूढ लग्न के नवांश से विचार करें ।।३४।।

धातुर्मूलञ्च जीवश्च मृतं चाखिलराशिषु।
क्रमात्स्वस्वचतुर्भागेष्वयं न्यायो विचिन्त्यताम्।। ३५।।

सभी राशियों में $\frac{1}{4}$ भाग धातु, फिर $\frac{1}{4}$ भाग मूल, फिर $\frac{1}{4}$ भाग जीव तथा $\frac{1}{4}$ भाग मृत होता है । इस रीति से विचार करें ।।३५।।

प्रथमत्र्यंशे धातुर्मध्यत्र्यंशे स्थितो ग्रहो मूलम् ।
अन्त्यत्र्यंशे जीवं कुर्यादिति माधवो ब्रूते ।। ३६।।

आचार्य माधव का कथन है कि राशि के प्रथम तृतीयांश (द्रेष्काण) में स्थित ग्रह धातुकारक होता है । मध्य तृतीयांश (दूसरे द्रेष्काण) में स्थित ग्रह मूल का कारक होता है । अन्तिम तृतीयांश (तीसरे द्रेष्काण) में स्थित ग्रह जीव का कारक होता है ।।३६।।

मानुषभे धातुगतं नलानि किङ्किणि प्रभृतो दातो।
यदि जलराशौ कमण्डलोः पचनभाजनादेर्वा ।। ३७।।

यदि मनुष्यराशियों में धातु का द्योतन हो तो पोले धातु के नल के, किंकिणि इत्यादि आभूषण होते हैं । यदि जलराशि धातु की सूचक हो तो कमण्डलु, भोजन पकाने के पात्रादि होते हैं ।।३७।।

चौराकृतिः स्वभावश्च

उद्यत्र्यंशबलाकृतिर्बलयुते लग्ने भवेन्मोषको
नो चेत्सप्तमगगृहाकृतिरथो केन्द्रस्थिता ये ग्रहाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वीर्यवदाकृतिबलयुताः स्युश्चेदनेकास्समा-
श्चोरास्तैर्बहवो गुणा यदि ततः कार्यो सवक्रादिषु ॥ ३८॥

उदित त्र्यंश की जैसी आकृति हो बलवान् होने पर उसी की आकृति से मिलती-जुलती आकृति चोर की होती हैं । यदि लग्न दुर्बल हो तो उदितत्र्यंश जैसी आकृति न होकर सप्तम में बैठे ग्रह जैसी आकृति का मोषक (चोर) होता है अथवा केन्द्र में बैठे बलवान् ग्रह से चोर की आकृति जाननी चाहिए । अगर एक से अधिक ग्रह हों तो एक से अधिक चोर होते हैं । चोरों के स्वभाव को वक्री ग्रह के अनुसार जानना चाहिए ॥३८॥

भावे यत्र वपुः कुडुम्बरहभूर्मात्रात्मजादि स्वयं
चोराख्यखचरस्थिता पुनरमी चौराः स्युरात्मादयः ।
वर्गे स्वे यदि स स्वयं पुनरिमे स्वेषान्तु सम्बन्धिनो
वर्गे न्यस्य रिपौ मृतौ च न परं चोरा भवेच्छात्रवः॥ ३९॥

चोरसंज्ञक ग्रह आत्म (लग्न), कुटुम्ब (द्वितीय), सहज (तृतीय), मात्रा (चतुर्थ), पुत्र, पंचम आदि जिस भाव में हो उसी भाव से सम्बन्धित व्यक्ति ही चोर होता है । यदि वह चोर सूचक ग्रह स्ववर्ग में हो तब वह खुद ही चोर होता है । परवर्ग में होने पर उसके सम्बर्न्धी आदि चोर हुआ करते हैं । यदि अष्टम या षष्ठ स्थान का वर्ग हो तो सम्बन्धी चोर नहीं होता है ॥३९॥

चोरस्य वासस्थानज्ञानम्

ग्रामे जीवविदोर्जलेन शशिनोर्वासं परेषां वने
कन्याजूकधनुर्भृतां हि नगरे ग्रामे नृयुक्कुम्भयोः ।
मेषोष्णोश्च पुनर्वने मृगपतेरेणादि चार्द्धस्य वा
नक्रान्त्यार्धकुलीरमीनघटराशीनां निवासो जले॥ ४०॥

बुध का निवास तथा गुरु का निवास ग्राम में होता है । चन्द्रमा का वास जल में है (इसी प्रकार शुक्र को भी जलवासी समझें) । कन्या, तुला, धनु का निवास नगर में होता है । मिथुन तथा कुंभ का निवास ग्राम में होता है । मेष का सूर्य वन में रहता है । मकर का पूर्वार्ध वन में रहता है (मेष, सिंह ये वन में रहती हैं) । कर्क, मीन, कुंभ तथा मकर का उत्तरार्ध जल का निवासी है । ऊपर कहे गये शेष ग्रह वन में रहते हैं ॥४०॥

स्वोक्तग्रामपुरादिकेषु जननं वासं निजाधिष्ठित-
क्षेत्रोदीरितपत्तनादिषु तथा चोरश्च यो यो ग्रहः ।
ब्रूयात्तत्तदधिष्ठितर्क्षवशतश्चोरस्य चैक्ये पुनः
खेटस्याश्रितवेश्मनश्च गुणयोर्जन्मस्थितिश्चैकतः॥ ४१॥

चोर का जन्मस्थान जानने के लिए प्रश्नपत्रिका की कुण्डली में देखें कि चोर सूचक ग्रह किस राशि में बैठा है । यदि चोर का वर्तमान निवास (Residence) तथा जन्म स्थान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(Habitation) दोनों एक ही जैसे प्राप्त हों तो चोर को अपने जन्मस्थान में रहने वाला (मूल निवासी) ही समझना चाहिए।

इस प्रकार चौर का जन्मस्थल जानें ॥४१॥

ग्रामाद् गच्छति काननं हिमकरो ग्रामं वनाद् भार्गवः
सोऽयं गाधजले चरेत् पुनरगाधाम्भस्युडूनां पतिः।
वल्मीका पटरन्ध्रपल्लवचरो राहू रविः पर्वते
मन्दः प्रेतवने च दुर्गविपिने भौमाद्रिकुञ्जे स्थितः ॥ ४२॥

चन्द्रमा ग्राम से जंगल में जाकर निवास करता है। शुक्र वन से गाँव में जाकर निवास करता है। सो यह शुक्र गाध (उथले या छिछले) जल अर्थात् Shallow watery surface में विचरण करता है। चन्द्रमा गहरे जल (अगाध जल) में विचरण करता है। राहु का स्वभाव है कि वह वामी, ऊबड़-खाबड़ जमीनदार एवं पल्वल (ताल-पोखरा) आदि में भ्रमण करता है।

सूर्य पर्तत पर भ्रमण करता है। शनि मर्घट में घूमने वाला होता है तथा दुर्गम स्थानों एवं घोर वनों में विचरता है। भौम पर्वत तथा कुंजों में घूमता रहता है ॥४२॥

त्र्यंशेषु चौरकर्मकथनम्

द्रेष्काणः प्रथमस्तु तिष्ठति तथैवास्ते हि मध्यमः
शेते सर्वगृहेषु योज्यमखिलेष्वेतद्धि चोरादिषु।
द्रेष्काणे मनुजाकृतावुदयति ज्ञेया जना उत्तमा-
श्चौरा वानरवाजिकुक्कुरवराहस्येन्न सर्पेऽधमाः॥ ४३॥

प्रथम द्रेष्काण में चोर अपने स्थान पर कार्यरत रहता है। द्वितीय द्रेष्काण में चोर चारपायी आदि पर लेटा हुआ होता है। अन्तिम द्रेष्काण में चोर बैठा हुआ होता है।

द्रेष्काण में मनुजाकृतिवाला द्रेष्काण होने वर चोर कुछ भला आदमी ही होता है। यदि द्रेष्काण वानर, घोड़ा, कुत्ता, सूअर, बाज, सर्प आदि की आकृति का हो तो चोर व्यक्ति अधम प्रकृति का ही होता है ॥४३॥

कट्यां रक्ताम्बरा क्रूराः कुञ्चितक्षेत्राधा द्विपः
सूच्यादितो भूषितः पत्रपद्माभार्या भृशन्मलैः।
हर्यक्षाननपुष्पप्रपुरुषः प्रगृहीतवीथिकलविभीवस्त्रैः ॥ ४४॥

कटि में रक्तवस्त्रधारी क्रूर घुंघराले बालों वाला, सुई आदि लिये तथा पत्तियों-पुष्पों एवं स्त्रियों से युक्त चोर वानरों जैसे मुख वाले द्रेष्काण में होते हैं ॥४४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वीहिस्थानसुखा पृथुमनुमनोरकूच्चिरोकला किं
स्नेहमद्यज प्रदग्धे श्याममसृगभ्युच्छ्रित इतीरिताः ।
मेषाद्या, झषान्तान्ता द्रेक्काणा स्वरूपतः
वस्त्रः भूषणकारान् वदेच्चोरस्य तत्समान् ।। ४५।।

विशेष—श्लोक ४४ में बृहज्जातक के सत्ताईसवें अध्याय द्रेष्काणाध्याय के प्रथम श्लोकारंभ का शब्द "कट्यां" है । दूसरा श्लोक "रक्ताम्बरा" शब्द से बना है । तीसरे श्लोक का आरंभ "क्रूरः" से होता है । कुंचित शब्द से चौथा श्लोक प्रारंभ होता है । 'क्षेत्रधा' शब्द से बृहज्जातक के अ. २७ का पाँचवाँ श्लोक प्रारंभ होता है । 'द्विप' शब्द से छठा श्लोक आरंभ होता है ।

'सूच्या' शब्द से सातवाँ श्लोक प्रारंभ होता है । इस प्रकार ग्रन्थकार ने बृहज्जातक के श्लोकों के सन्दर्भो को उद्धृत किया है । इसी प्रकार ४५वें श्लोक में बृहज्जातक का सन्दर्भ मात्र दिया गया है । अस्तु, उस अध्याय का अभ्यास अच्छी तरह से विद्यार्थियों को करना चाहिए ।

मेष से लेकर मीन तक के ३६ द्रेष्काणों का जैसा स्वरूप (बृहज्जातक में) है तदनुसार ही चोर का स्वरूप होता है ।।४५।।

चौरस्य नामज्ञानम्

भानोर्वर्णाः स्वराः स्युर्यरलवशशिनः कादयो भूमिसूनो-
श्चाद्याः शुक्रस्य टाद्या विद इह तु गुरोऽस्तादयः पादिरार्केः ।
शाद्या राहोरथाजादिषु जलधिशिखित्र्यंशदृग्सम्मिता वा
पञ्च स्युः कादिवर्गा अपि च यरलवाश्शादयश्चाजषट्के ।। ४६।।

जितने भी स्वर वर्ण वर्णमाला में हैं अर्थात् अ वर्ग के अक्षर जो भी हैं वे सब सूर्य के हैं । य वर्ग के अक्षर चन्द्रमा के होते हैं । क वर्ग के सभी वर्ण मंगल ग्रह के हैं । चादि (च वर्ग) वर्ण शुक्र के हैं । टादि वर्ण (ट वर्ग के अक्षर) बुध के हैं । तादि (त वर्गाक्षर) गुरु ग्रह के हैं तथा पादि पंच वर्ण (व पर्गाक्षर) अर्क (सूर्य) के हैं । शादि वर्ण (श वर्ग=श, ष, स, ह) का स्वामी राहु है ।

इसी प्रकार से ये वर्णमाला के वर्गाक्षिरों में स्वरों के सहित सभी ३३ व्यंजन भी क्रमशः मेषादि छह राशियों में जलधि (४), शिखि (३), त्र्यंश (३), दृग् (२), पंच (५) तथा कादि पंचवर्ग, य र ल व तथा शादि वर्ण शामिल होते हैं ।।४६।।

आरूढे तदधीशतद्गतगृहांशानां बलीयोऽक्षरं
खेटेऽक्षान्वयसम्भवेऽस्य कथितं यत्तेन नामादिशेत् ।
मुष्ट्यन्तर्गतनष्टहृद्गतपदार्थानाञ्च मोष्टुस्तथा
षष्ठो द्रष्टृसमन्विते शनिक्षेत्रांशषट्कान्तरैः ।। ४७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अंशा ग्राह्या त्रयो धीक्रयणपरिहृताः स्वीयनामाक्षरास्ते
स्वीयं वर्णं स्ववर्गस्थित इतरगतं स्वाश्रितेशांशयुक्तम् ।
कुर्यात्खेटोऽथ नाम स्थिरभ इह चतुर्थवर्णत्रयाढ्यं
द्वे द्वे तच्चाभिधानं चरगृह इह चोरादिकानां द्विवर्णम् ।। ४८।।
मान्द्यं शैष्यविनाडिका नृनटनैर्भक्तास्स्युरर्कादयो
याताश्शेषविहङ्गमोडुजनिभाश्चोरस्य निर्दिश्यताम् ।
नामाप्यस्य विनाडिकाः पुनरिमा मासैहरित्तत्फला-
न्यंशादीनि गतानि भानि परिशिष्टर्क्षेशवर्णादिकम् ।। ४९।।

सर्वप्रथम प्रश्नकुण्डली में यह देखें कि आरूढ राशि, आरूढेश तथा आरूढ नवांश में कौन-सा तत्त्व बली है ? उसी का अक्षर चोर के नाम का प्रथमाक्षर होता है। मुष्टिप्रश्न, मनोगत प्रश्न, नष्टप्रश्न के पदार्थों का नाम भी इसी रीति से बताना चाहिए। छठे भाव से षष्ठेश से, षष्ठभाव में स्थित ग्रह तथा षष्ठभाव के दृष्टा ग्रह से चोर के निवासस्थान को बताना चाहिए। छठे भाव के नवांशेश के बली होने पर उससे भी नाम का आद्यक्षर ग्रहण किया जा सकता है।

छठे भाव पर ग्रहों का दृष्टियोग होने पर शनि जिस राशि में हो उसका नवांश तथा उससे छह राशि के अन्तर पर जो नवांश हो इन तीनों में क्रमशः तीन, आठ तथा ग्यारह जोड़ दें। स्वयं के वर्ग में ग्रह के अक्षर तथा यदि ग्रह दूसरे के वर्ग में हों तो उसके नवांशेश के अक्षरों को जोड़ना चाहिए। इस रीति से चोर के नामाक्षर जाने जा सकते हैं। स्थिर राशि में चार अक्षर का नाम अथवा तीन अक्षर का नाम होता है। चर राशि में दो-दो अक्षरों का नाम होता है ।।४८।।

मान्दि स्पष्ट कीजिये, उसके नवांश की जितनी विघटी (पल) शेष हों उनमें १०० का भाग दें, जो लब्धि हो वह क्रमशः ग्रहों का संकेत करती है। यदि एक लब्धि बचे तो सूर्य, दो लब्धि मिलें तो चन्द्रमा, तीन लब्धि मिलने पर मंगल, चार लब्धि होने पर बुध, यदि लब्धांक पाँच हो तो गुरु, छह हो तो शुक्र तथा ७ लब्धि आने पर शनि होता है। अब जिस ग्रह की सूचक लब्धि हो वह ग्रह जिस नक्षत्र में बैठा हो उसी नक्षत्र के अक्षरों में से चोर के नाम का प्रथमाक्षर होता है।

इसी प्रकार से विचारपूर्वक चोर का नाम बताना चाहिए ।।४९।।

अत्र सम्प्रदायान्तरं लिख्यते

नष्टे प्रमुखाच्च्युतेऽथ गुलिकाश्चन्द्रश्च तत्कालजं
कृत्वाऽऽरूढतया प्रकल्प्य तदितौ राशी पुनस्तद्वशात् ।
धात्वाद्याहितभेदास्य कथयेन्नाष्टस्य तस्य स्थिति-
र्मत्स्यौपूर्वकपद्यतश्च धननाथारूढतो राशिना ।। ५०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्र स्थैर्यचरोभयत्ववशतश्चाभ्यर्णदूरान्तिकं
चोरस्तद्द्विविधस्तृतीयपतिनात्राभ्यन्तरे षष्ठपात् ।
बाह्यश्चोरधनेशयोर्दृशियुते चौरस्य वास्य स्थितौ
दिव्यं स्याधृतमन्यथा खलुतिरोभूतं क्वचिन्नो हृतम् ।। ५१।।

प्रश्नकालीन गुलिक स्पष्ट तथा चन्द्र स्पष्ट कर लें। उनमें जो बली हो उसे आरूढ राशि की तरह माने। फिर उससे नष्ट पदार्थ की जाति, स्वभाव, धातु-मूल-जीव आदि भेदों को जान लें। नष्ट पदार्थ की स्थिति को बृहज्जातक में "मत्स्यौ" इत्यादि श्लोक में वराहमिहिर ने जो राशियों का स्वरूप कहा है उसके अनुसार कहें। वह श्लोक निम्न है—

"मत्स्यौ घटी नृमिथुनं सगदं सवीणं
चापो नरोऽश्वजघनो मकरो मृगास्यः ।
तौली ससस्यदहना प्लवगा च कन्या
शेषाः स्वनामसदृशाः खचराश्च सर्वे" ।।

ऊपर कथित स्थिर, चर तथा उभयत्व के अनुसार नष्ट धन की समीपता तथा दूरी आदि कहनी चाहिए। तृतीयेश यदि चोर का सूचक हो तो चोर घर का ही सदस्य होता है। यदि षष्ठेश चोर का द्योतक हो तो चोर घर के बाहर का होता है। यदि चोर ग्रह तथा द्वितीयेश में दृष्टि या युति का सम्बन्ध हो अथवा चोर ग्रह एकादश भाव में बैठा हो तो चोरी का माल मिल जाता है, अन्यथा बहुत दूर पहुँच जाता है तथा नहीं मिलता है ।।५०-५१।।

क्रूरक्षेत्रे विलग्ने स्थितमशुभमवेक्षेत यद्यन्यपापो
लाभो नष्टस्य न स्यादिह यदि शुभवीक्षार्धलाभश्चिराद्वा ।
यद्वा नष्ट लभ्येत नष्टप्रतिनिधिरुदितान्यथात्वेऽस्ति लाभो
यद्यत्र क्रूरदृष्टिर्न खलु लभते नष्टवस्त्वीक्षणं स्यात् ।। ५२।।

यदि प्रश्नलग्न में क्रूर ग्रह की राशि में पाप ग्रह बैठा हो तथा उस पाप ग्रह पर अन्य पाप ग्रह की दृष्टि हो तो नष्ट धन नहीं मिलता है। यदि उस लग्नस्थ पापग्रह पर शुभग्रह की दृष्टि हो तो विलम्ब से नष्ट पदार्थ प्राप्त होता है। अथवा नष्ट वस्तु को द्योतक जो ग्रह है यदि वह लग्नेश न हो तो नष्ट पदार्थ मिल जाया करता है। यदि क्रूर ग्रह की दृष्टि उस ग्रह पर हो तो नष्ट पदार्थ नहीं मिलता। यदि क्रूर दृष्टि नहीं है तो नष्ट पदार्थ मिल जाता है ।।५२।।

अत्र षट्पञ्चाशिका

होरास्थितः पूर्णतनुश्शशाङ्को
जीवेन दृष्टो यदि वा सितेन।
क्षिप्रं प्रणष्टस्य करोति लब्धिं
लाभोपयातो बलवाञ्छुभश्च ।। ५३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि पूर्ण चन्द्रमा लग्न में बैठा हो तथा उस पूर्ण चन्द्र पर गुरु तथा शुक्र की दृष्टि हों तो नष्ट वस्तु की प्राप्ति शीघ्र होती है। इसी भाँति यदि लाभभाव में कोई बली शुभ ग्रह बैठा हो तो भी नष्ट वस्तु शीघ्र ही मिलती है ॥५३॥

ग्रहबल—(१) प्रत्येक ग्रह अपने वार के दिन बली होता है।

(२) पाप ग्रह कृष्ण पक्ष में तथा शुभ ग्रह शुक्ल पक्ष में बली होते हैं।

(३) यदि पंचतारा ग्रहों (मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि) में से कोई ग्रह उन दिनों आकाश में अधिक चमकीला दृष्टिगोचर होता हो तब भी वह बली होता है।

(४) दिवाप्रश्नकाल में सूर्य, गुरु, शुक्र बली होते हैं। रात्रिप्रश्नकाल में मंगल चन्द्र तथा शनि बली होते हैं। बुध दिन तथा रात सभी में बली रहता है।

(५) दिग्बल का विचार करने पर बुध-गुरु लग्न में पूर्ण दिग्बली, सूर्य तथा मंगल दशम भाव में दिग्बली, चन्द्र तथा शुक्र चतुर्थ भाव में पूर्ण दिग्बली तथा शनि सप्तम भाव में पूर्ण दिग्बली होता है। प्रत्येक दिग्बली ग्रह जिस भाव में पूर्ण दिग्बली होता है उससे सप्तम भाव में सर्वथा दिग्बल से हीन होता है।

नष्टोक्तिदिगुक्तैषां नष्टं वाञ्छन्ति वस्तुमिह खलुये।
तैरादौ कृष्णीयशास्त्रे सम्यक् परिश्रमः कार्यः॥ ५४॥

॥ इति प्रश्नमार्गे एकोनत्रिंशोऽध्यायः ॥२९॥

यहाँ नष्टप्रश्न को संक्षेप में बताया है। अधिक जानकारी के लिए तो "कृष्णीयम्" ग्रन्थ को परिश्रमपूर्वक पढ़ना चाहिए ॥५४॥

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का उन्तीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥२९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ त्रिंशोऽध्यायः

अथ नष्टजातकम्

नक्षत्रादिचतुष्कस्य कथनं पृच्छकस्य यत्।
मूर्तित्वे पूर्वपद्येन कथितं तदिहोच्यते ।। १।।

पूर्व में "मूर्तित्वे" इत्यादि से प्रारंभ श्लोक में जिन पृच्छक के जन्मनक्षत्रादि चार तत्त्वों का उल्लेख अब आगे के श्लोकों में करते हैं ।।१।।

यह अध्याय नष्ट जातक का है । जब किसी व्यक्ति को अपना जन्मसमय ज्ञात न हो या उसकी जन्मकुण्डली न हो परन्तु वह अपने जीवन में घटित होने वाली घटनाओं को जानना चाहता है तो उसके लिए यहाँ कुछ विधियाँ बतायी गई हैं । नष्टजातक को ही नष्ट जन्मपत्रिका भी कहते हैं ।

जन्मनक्षत्रसाधनम्

भास्वद्बाणदिगन्यहीन्दुवृतशिवाब्धिद्व्यंकशैलांस्त्यजेत्
सप्तानां कृतितः क्रमादजमुखे पृष्ठाधिरूढे सति।
शिष्टं सप्तहतं हरेत् त्रिकघने नात्रावशिष्टावशिष्टन्तु
यद्दस्राद्यं खलु नष्टजातकविधौ तं जन्मभं पृच्छताम् ।। २।।

प्रश्नकुंडली में जो आरूढलग्न हो उसमें जो राशि हो उसमें उनचास(४९) के अंक में मेष के लिए भास्वद् (१२), वृष के लिए बाण (५), मिथुन के लिए दिग् (दस), कर्क के लिए अग्नि (३), सिंह के लिए अहि (आठ), कन्या के लिए इन्दु (एक), तुला के लिए ऋतु (छह), वृश्चिक आरूढ होने पर शिव (ग्यारह), धनु में अब्धि (चार), मकर में दो, कुंभ में अंक (नौ) तथा मीन के लिए शैल (सात) का अंग घटा दें । जो शेष बचे उस को सात से गुणा करें, फिर उसमें सत्ताईस का भाग दे, जो शेष बचेगा वह अश्विनी से गिनने पर पृच्छक का नक्षत्र होगा ।।२।।

आरूढ राशियों के शोध्याङ्क

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	आरूढ राशि
१२	५	१०	३	८	१	६	११	४	२	९ नौ	७	कूटस्थ में से शोध्य अंक

मान लीजिए—आरूढ लग्न सिंह है । सिंह का शोध्यांक आठ है । इसे कूटाङ्क या कूटस्थ ४९ में से घटाया तो ४१ शेष बचें इस शेष में सात का गुणा करने पर २८७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दो सौ सतासी) गुणनफल प्राप्त हुआ। इस गुणनफल में सत्ताईस का भाग दिया अत: २८७÷२७=लब्धि १० तथा शेष १७ हुआ। यह संख्या अनुराधा नक्षत्र की है अत: अनुराधा पृच्छक का जन्मनक्षत्र निकल आया।

गुरुनक्षत्रज्ञानम्

कूटस्थ: खलु सप्तवर्ग उदितो ज्ञानेऽत्र जन्मोडुनो
जीवस्यानयने स सप्तरहित: सप्तद्वयोनो रवे:।
लग्नस्यानयने समद्विरहित: कूटस्थतत् स्वोदितान्
मार्तण्डादिविशोधनादिकरणाज्जीवेन्दुलग्ना गति:॥ ३॥

पीछे के श्लोक में जो ४९ संख्या है वह "कूटस्थ" कहलाती है। यह संख्या सात के वर्ग (७×७) से उत्पन्न है। पिछले श्लोक में राशियों के शोध्याङ्क दिये हैं। अब यदि गुरु का नक्षत्र निकालना है तो कूटस्थ में से सात घटावें। इसी प्रकार सूर्यनक्षत्र जानने के लिए चौदह घटावें तथा जन्मलग्नानयन हेतु २१ घटावें। इस प्रकार कूटस्थ में अंक घटाये जानें पर जो शेष बचे उसमें इन ग्रहों (गुरु, सूर्य तथा लग्न) की जो राशियाँ हों उनके शोध्यांकों को भी पुन: घटा दें। जो शेष बचे वह सात से गुणित किया जायें तथा २७ का भाग दिया जाय तो शेष संख्या नक्षत्र की होती है ॥३॥

मान लीजिए—प्रश्नकुण्डली (नष्टजातक हेतु निर्मित) में गुरु मीन राशि में, सूर्य सिंह में तथा लग्न तुला है। अस्तु, गुरु के लिए कूटस्थ में से सात की संख्या घटायी तो ४९-७ = ४२ इसमें प्रश्नकालीन गुरु की मीन राशि का अंक श्लोक दो के अनुसार ७ है इसे और घटाने पर ३५ शेष रहे, इसे सात से गुणा किया अत: ३५×७ = २४५÷२७ = लब्धि ९ को त्याग दिया, शेष २ = भरणी नक्षत्र पृच्छक के जन्मकालीन बृहस्पति का नक्षत्र है।

सूर्यनक्षत्र जानने के लिए कूटस्थ अर्थात् ४९ में से १४ घटाने पर ३५ शेष रहें। इसमें सूर्य की राशि सिंह का ८ शोध्यांक घटाया तो २७ शेष में ७ का गुणा करने पर १८९ गुणनफल हुआ। इसमें २७ का भाग दिया तो शेष ० अर्थात् २७ यह रेवती नक्षत्र सूर्य का प्राप्त हुआ।

अब प्रश्नलग्न की राशि तुला के अंक ६ को ४९ में से घटाया तो ४३ प्राप्त हुआ। इसे ७ से गुणा करने पर ३०१ गुणनफल में २७ का भाग दिया तो लब्धि २१ शेष ४ बचें अर्थात् रोहिणी नक्षत्र लग्न का नक्षत्र हुआ।

चन्द्रनक्षत्रसाधनम्

तत्कालेन्दुनवांशके शशभृता भुक्तं हि नाड्यादिकं
हत्वाऽङ्कैर्विभजेच्छरैरिह फलं दस्रादिकं गण्यताम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रष्टुर्जन्मभमत्र जातमुडु यत् तन्निर्दिशेत् दैववि-
ल्लग्नांशादपि नष्टजातकविधौ जन्मर्क्षमेवं भवेत् ।। ४।।

जो प्रश्नकालीन चन्द्रस्पष्ट हो उसके तात्कालिक नवांश के भुक्तघटी आदि को ९ से गुणा कर २७ का भाग दें। शेष अश्विन्यादि गणना से जन्मनक्षत्र होता है। दैवज्ञ को यहाँ वर्णित पद्धति से पृच्छक का जन्मनक्षत्र बताना चाहिए। नष्टजातक में प्रश्नलग्न के नवांश से भी जन्मर्क्ष जाना जाता है ।।४।।

शकुनेन जन्मचन्द्रसाधनम्

यन्नष्टजातकाध्याये होरायां जन्मशीतगोः।
भक्ष्याद्यैः कीर्तनं चोक्तं तदथ प्रोच्यतेऽधुना ।। ५।।

बृहज्जातक के नष्टजातकाध्याय में जिस प्रकार भक्ष्य पदार्थों के आधार पर जन्मकालिक चन्द्रसाधन बताया है। वह अब कहते हैं।

बृहज्जातक में यह विषय अति सूक्ष्म है।

शकुनाः

स्नुह्यर्कच्छदमेव मेषनिनदा शब्दश्च तद्वाचक-
स्तत्तुल्याकृतिकम्बलप्रभृतयो मेषस्य संसूचकाः।
उक्षा गौश्च तदीयचर्मनिनदाकारोज्यसीरादिकं
शब्दं गोवृषवाचकाश्च तृणपलालाद्याश्च गोसूचकम् ।। ६।।

यदि नष्टजातक के प्रश्नसमय सेंहुड (थूहर), छाती, भेड़, बकरी दिखायी पड़ें या इन का शब्द (आवाज) या चर्चा सुनने को मिलें उन जैसी आकृति दिखायी पड़ें, भेड़ या बकरी का चित्र दिखाई दे, कम्बल या ऊन के दर्शन हो या उनकी चर्चा चले तो यह मेष लग्न होने के सूचक शकुन हैं। गाय-बैल का रंभाना, इनका चमड़ा, इनका चारा आदि दिखना या इनका चित्र दिखना अथवा इनकी चर्चा होना ये वृष राशि के होने के शकुन हैं ।।६।।

वीणा स्त्रीपुरुषौ गदाशयनताम्बूलनृयुक्सूचकं
मृत्सा कर्कटजीर्णवर्णसलिलं चावेदयेत् कर्कटम्।
सिंहव्याघ्रकथाकृतिद्विपमृगक्रीडा हरेत्सूचकाः,
कन्यादौ प्रभृतिप्रदीपकमालादिकं योषितः।। ७।।

वीणा, स्त्री, पुरुष का जोड़ा, गदा, शयन (पलंग आदि), ताम्बूल ये सब मिथुन राशि के सूचक हैं।

मिट्टी, कैंकड़ा, मटमैला पानी ये कर्क राशि के सूचक होते हैं। सिंह, व्याघ्र आदि की चर्चा, चित्र आदि के दर्शन, गज, मृग आदि की क्रीडा ये सिंह राशि के सूचक शकुन हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कन्या, नौका, दीपक, माला आदि ये कन्या राशि के द्योतक शकुन बताये गये हैं ॥७॥

विक्रेयं खलु वस्तुमानकरणं प्रस्थादिका वा तुला
कर्त्ता च क्रयविक्रयौ च कथितं सर्वं तुलासूचकम्।
भृङ्गाहिविषवैद्यवृश्चिकमुखाः स्युर्वृश्चिकज्ञापका
धन्वीचापशरौ हयादिकमपि प्रोक्तं धनुस्सूचकम्॥ ८॥

क्रय-विक्रय, वस्तु की नाप-तौल, प्रस्थादि से माप करना या तुला से तोलना आदि तथा व्यापार की बातें सुनाई पड़ना ये सब तुला राशि के सूचक शकुन हैं।

भौंरें, बिच्छू, विषवैद्य, सर्पादि ये सब वृश्चिक राशि के सूचक शकुन होते हैं।

धन्वी (धनुष) बाण, तीरकमान, घोड़ा, घुड़सवार ये सब धनुराशि के सूचक शकुन हैं।

एणं शृङ्गममुष्य चर्ममकरश्चैणास्यसंसूचकाः
कुम्भाकुंभभृदम्बुपात्रमखिलं कुम्भेन्दुसंसूचकम्।
मीनस्तद्वधसाधनञ्च सकलं तोयं झषज्ञापकं
तत्रैषां श्रवणं निरीक्षणमपि गृह्यं यादृच्छिकम्॥ ९॥

हिरण, उसके सींग, बारहसिंगा, साँभर, इनका चर्म, मगरमच्छ, इनके चित्र तथा चर्चा मकर राशि के सूचक शकुन होते हैं।

घड़ा, कलश, कुम्हार, जलपात्र, कमण्डलु आदि सब कुम्भेन्दु के सूचक लक्षण होते हैं।

मछली, उसके शिकार का सामान (जाल, काँटा, आटा-चारा) आदि तथा जल आदि मीन राशि के सूचक हैं।

इन सब राशियों के सूचकों का दिखना, श्रवण होना तथा चित्रादि भी इन्हीं राशियों के सूचक होते हैं।

लग्नत्रिकोणायना यदुक्तं तप्योच्यते

तत्कालोदयलग्नतस्सुततपोवीर्यान्वितं जन्मभं
सन्देहेऽत्र तु पृच्छता स्ववपुषि स्पृष्टोऽथवाऽधिष्ठितः।
भूचक्रस्थितराशिरस्य वचनप्राग्वर्णसम्बन्धि वा
गङ्गारुद्ररमामणिर्मम वृषावर्णास्तु मेषादिकाः॥ १०॥

तात्कालिक प्रश्नलग्न में यदि प्रथम द्रेष्काण हो तो लग्न (जन्मलग्न) की राशि, द्वितीय द्रेष्काण हो तो जन्मलग्न से पंचम राशि तथा तीसरा द्रेष्काण होने पर राशि में ही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जन्मकालीन चन्द्र होता है । इसमें सन्देह होने पर पृच्छक के अंगस्पर्श के अनुसार लग्न का निश्चय करें अथवा भूमिचक्र में जो आरूढ राशि है उसे ही जन्मकालीन चन्द्र राशि जाने । अथवा प्रश्नकाल में उच्चारित वाक्य के प्रथमाक्षर के अनुसार जन्मचन्द्र का निर्णय करें ।

प्रश्नकालीन प्रथमाक्षरों से "गंगारुद्ररमामणिर्भमविषा" इन अक्षरो से मेषादि राशि जानें ॥१०॥

अर्थात् ग = मेष राशि, गा = वृष राशि, रु = मिथुन राशि, द्र = कर्क, र = सिंह, मा = कन्या आदि जानें ।

अथ कृष्णोक्तं जन्मचन्द्रलग्नयोः कथनमुच्यते

प्रष्ट्रारूढनिरीक्षणाधिकबलक्षेत्रं वदेज्जन्मभं
युग्मौजत्वमिहेक्षकाश्रितभवनैतच्छशाङ्कार्कयोः ।
यत्केन्द्रेषु बलान्वितं गृहमिदं जन्मर्क्षमीक्षा न चेत्
लग्नाल्लग्नमपीति केन्द्रबलतो वा खेटदृष्ट्या वदेत् ।। ११।।

आरूढ के दृष्टा ग्रहों में जो अधिक बली हों उसकी अधिक बलयुक्त ओज या समराशि के अनुसार जन्मराशि कहनी चाहिए । सूर्य-चन्द्र की वही राशि ग्रहण करें । यदि आरूढ को कोई ग्रह न देखता हो तो प्रश्नांग में केन्द्र में बली ग्रह की राशि ग्रहण करें । लग्न (जन्मलग्न) का निर्णय केन्द्रबल या केन्द्रदृष्टा ग्रहों के बलानुसार करें ॥११॥

ततोऽग्रेऽपि स्पष्टामाह

मेषारूढतो भसमविषमते चानयोश्चेद् विरोधो
दृष्टारूढस्य राशेस्तदिहगतविरोधौजयुग्ममाश्रित्वम् ।
आरूढेन प्रकल्प्यं पुरुषभवनगानेकखेटं क्षणाच्च
स्त्रीपुंराश्युद्गमास्त्रीनृगृहगशशिनाऽप्योजऽयुग्मत्वमूह्यम् ।। १२।।

प्रश्नकाल में मेषादि लग्नवशात् अथवा आरूढ राशि से यह देखें कि इनमें स्थित ग्रह, इनके स्वामी ग्रह तथा इनके दृष्टाग्रह समराशिगत हैं या विषमराशिगत हैं । यदि प्रश्नलग्न से विरोधी परिणाम प्राप्त हों तो फिर इनकी ओजयुग्म आश्रितता के आधार पर तो दृष्टा ग्रह की आरूढ राशि से इसी प्रकार विचार करें । यदि सभी दृष्टा ग्रह पुरुष राशियों में बैठे हों अथवा दृष्टा ग्रहों की संख्या अधिक हो तो आरूढ की राशि से ही विचार करें (समता-विषमतानुसार) । अब सूर्य-चन्द्र को छोड़कर अन्य पंचतारा ग्रहों की दो-दो राशियाँ होती है । उनमें एक सम होती हैं तथा दूसरी विषम होती है, उनमें किसको ग्रहण करना है इसका निश्चय प्रश्नकालिक चन्द्र को प्रभावित करने वाले ग्रहों के अनुसार भी करें ॥१२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्रकथनमुच्यते

आरूढादुदयावसानगणने या राशिसंख्या भवेत्
द्विघ्ना सा परिशोधयेत्पुनरतस्तद्वासरान्तं क्षिपेत् ।
नक्षत्रन्त्वथ शोधयेत्सुखमतश्शोध्यं यदि स्यात्पुनो
दस्त्राद्यं गणयेदिहागतमुडु प्रष्टुर्भवेज्जन्मभम् ।। १३।।

आरूढ राशि से प्रश्नलग्न तक गणना करें, जो संख्या प्राप्त हो उसे दूना (द्विगुण) करें । प्रश्न के दिन जो वार हो उसकी संख्या (रविवार से गिनकर) उसे उस द्विगुणित संख्या में घटा दें जो शेष बचे उसमें प्रश्नदिन के नक्षत्र की संख्या जोड़ दें । योगफल में २७ का भाग दें, जो शेष बचे वह अश्विन्यादि गणना से जन्मनक्षत्र होगा ।।१३।।

अन्यविधिः

प्रश्ने ये स्युः पुनरिह जनाः प्राश्निकाः प्रष्टृयुक्ता-
स्त्रिघ्नानेतान् हरतु च सुखैः शिष्यतेऽत्रोडुपंक्तिः ।
दस्राद् गण्या चरभ उदिते सास्थिरे भात् पितृणां
मूलाद्राशामुदयमिह तु प्रष्टृजन्मर्क्षमन्त्यम् ।। १४।।

प्रश्नकाल में प्राश्निक के साथ आये हों उनको तथा प्राश्निक एवं ज्योतिषी इन सब की संख्या जोड़ कर, (तात्पर्य यह कि प्रश्नस्थल पर ज्योतिषी सहित जितने लोग उपस्थित हों उनकी संख्या जोड़ लें) उस योगफल तिगुना (तीन से गुणा) करें तथा गुणनफल में २७ का भाग दें, शेष संख्या पृच्छक के जन्मनक्षत्र की होगी । यदि प्रश्नलग्न चर राशिगत हो इस संख्या की गणना अश्विनी से करें । यदि प्रश्नलग्न स्थिर हो तो यह गणना मघा से करें (द्विस्वभाव राशिगत लग्न होने पर संख्या की गणना मूल नक्षत्र से की जायेगी) ।।१४।।

मान लीजिये—प्रश्न समय पर वृश्चिक लग्न है, पृच्छक के साथ चार लोग आये हैं तथा दो लोग वहाँ और भी उपस्थित हैं तो दैवज्ञ सहित उनकी संख्या आठ हुई, इसे तिगुना करने पर गुणनफल चौबीस हुआ, इसमें सत्ताईस का भाग दिया तो शेष केवल २४ ही रहें । प्रश्न लग्न स्थिर राशि है अतः मघा से गिनने पर आर्द्रा नक्षत्र प्राप्त हुआ । यही प्रष्टा का जन्मनक्षत्र है ।

अथ जन्ममासकथनमुच्यते

लग्नाद्ये भावषट्के स्थितवति सवितुर्यत्तरं ज्ञेयमत्र
जामित्राद्येऽयनं स्यान्मिथुनगत इनो भानुरारूढगश्चेत् ।
रिःफादिव्युत्क्रमेण स्थितवति सवितर्यन्यभावेषु वेद्याः
कक्षाद्या उक्षनिष्ठाः खलु निपुणधिया पृच्छतां जन्ममासाः ।। १५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि प्रश्नलग्न से सूर्य छह राशि तक हो तो उत्तरायण तथा इससे अधिक होने पर दक्षिणायन होता है । यदि सूर्य आरूढ राशि में बैठा हो तो आषाढ मास (मिथुनेऽर्क) होता है । यदि वह आरूढ से बारहवें भाव में हो तो कर्क मास (श्रावण) होता है । इसी प्रकार आरूढ से ग्यारहवें भाव का सूर्य सिंह मास में होता हैं । ये सौर मास हैं । चतुर दैवज्ञ को इस प्रकार मास बताना चाहिए ॥१५॥

आरूढ से बारह भावों में सूर्य की स्थिति से सौरमास ज्ञान का चक्र

आरूढ के द्वादश भाव	प्रथम भाव	द्वितीय भाव	तृतीय भाव	चतुर्थ भाव	पंचम भाव	षष्ठ भाव	सप्तम भाव	अष्टम भाव	नवम भाव	दशम भाव	एकादश भाव	द्वादश भाव
जन्मकालीन सौरमास	मिथुन	वृष	मेष	मीन	कुंभ	मकर	धनु	वृश्चिक	तुला	कन्या	सिंह	कर्क

द्वितीयप्रकारेण

पूर्वार्द्धेऽयनमुत्तरं परदले लग्नस्य तद्दक्षिणं
वामाङ्गालभनेऽयनं समृतं वामदक्षादिमर्शे परम् ।
अङ्गस्यालभनं स्मृतं हि बलवत् भागे समीरान्विते
धीघ्नारूढभसारभक्तपरिशिष्टर्क्ष तथारूढभम् ॥ १६॥

यदि प्रश्नलग्न पूर्वार्ध (प्रारम्भ के १५° तक) में हो तो उत्तरायण का जन्म तथा परदल (१६° से ३०°तक) में हो तब दक्षिणायन का जन्म होता है ।

यदि पृच्छक प्रश्नकाल में अपने वामाङ्ग का स्पर्श करता है तो उत्तरायण तथा दक्षिणाङ्ग का स्पर्श करें तो दक्षिणायन होता है । अथवा दैवज्ञ के नाक से यदि बाँया स्वर चले तो उत्तरायण अन्यथा दक्षिणायन होता है ।

मेष राशि से गिनने पर आरूढ की जो संख्या हो उसे ९ (नौ) से गुणा कर २७ का भाग देने से जन्म का सौर नक्षत्र ज्ञात होगा ॥१६॥

जन्मलग्नज्ञाने सम्प्रदायान्तरम्

ओजर्क्षाद्युदये विलग्नमुदितं शेषादिषट्केऽस्य चेत्
पूर्वार्धं प्रथमत्रिकेऽत्र किमिति ज्ञेयं दृगाणैः क्रमात् ॥ १७॥
युग्मर्क्षाद्युदये तु चक्रदलके जूकादिके जन्मलग्न-
मत्राप्युद्यद्भदलत्रिभागवशतः कार्योऽत्र तन्निर्णयः ॥ १८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि प्रश्नलग्न विषम राशि हो तो मेषादि छह राशियों में से ही किसी राशि में जन्म लग्न होता है । यदि प्रश्नलग्न पूर्वार्ध (१५ अंश तक) हो तो प्रथम तीन राशियों (मेष-वृष-मिथुन) में से ही कोई लग्न होता है । यदि उत्तरार्ध में प्रश्नलग्न हो (१६ अंश से ३०अंश तक) तो कर्क, सिंह, कन्या में से कोई जन्मलग्न होता है । अब यदि लग्न का प्रथम द्रेष्काण है तो स्थिर राशि, द्वितीय द्रेष्काण है तो द्विस्वभाव राशि तथा तृतीय द्रेष्काण होने पर चर राशि का जन्मलग्न होता है ॥१७॥

यदि प्रश्नलग्न सम राशि में हो तब तुलादि छह लग्नों का जन्म होता है । यहाँ भी पूर्वार्ध (१५° तक) प्रश्नलग्न हो तो (१) तुला, (२) वृश्चिक, (३) धनु इनमें कोई लग्न राशि होती है । यदि उत्तरार्ध (१६°-३०°) में जन्मलग्न हो तो (१) मकर, (२) कुंभ, (३) मीन की तिकड़ी में से कोई लग्न होता है । अब यदि वह सम राशि का प्रश्नलग्न प्रथम तृतीयांश (द्रेष्काण) में हो तो प्रथम लग्न, द्वितीय द्रेष्काण में द्वितीय लग्न, तृतीय द्रेष्काण होने पर तृतीय लग्न होता है ॥१८॥

यहाँ दृगाण का तात्पर्य पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध के तीन-तीन विभाग हैं परन्तु राशियों के क्रम में विद्वानों में मतभेद हैं । नीचे के चक्र से देखें ।

जन्मलग्न ज्ञान का चक्र

लग्न	**प्रश्नलग्न विषम होने पर**						**प्रश्नलग्न समराशिगत होने पर**					
	५° तक	९०° तक	१५° तक	२०° तक	२५° तक	३०° तक	५° तक	१०° तक	१५° तक	२०° तक	२५° तक	३०° तक
प्रथम मास	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
द्वितीय मास	वृष	मिथुन	मेष	सिंह	कन्या	कर्क	वृश्चिक	धनु	तुला	कुंभ	मीन	मकर

स्पष्टीकरणम्

द्वितीयराशिः प्रथमत्रिभागे मध्यत्रिभागे त्रिषु राशिरन्त्यः ।
अन्त्यत्रिभागे प्रथमं विलग्नं प्रष्टुश्चतुर्ष्वपि उदितं त्रिकेषु ॥ १९॥

ऊपर के श्लोक का स्पष्टीकरण इस श्लोक में है कि प्रथम त्रिभाग में द्वितीय राशि, द्वितीय त्रिभाग में तृतीय राशि तथा अंतिम त्रिभाग में प्रथम राशि जन्मलग्न की होती है ॥१९॥

इस श्लोक के आधार पर चक्र में दिया द्वितीय मत ही मान्य कहना चाहिए । किसी-किसी प्रति में यह श्लोक नष्ट है ।

अष्टमङ्गलविधिना नष्टजातकमाह

अष्टमङ्गलविधिना नष्टजन्मनि कैश्चन ।
चतुस्साधनमत्रोक्तं तत्प्रकारोऽपि लिख्यते ॥ २०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुछ आचार्यों के मत से अष्टमंगल विधि से नष्टजातक में नक्षत्रादि का साधन करना बताया है, उसकी रीति भी यहाँ लिखी जाती है ॥२०॥

"अष्टमंगल" का परिचय पूर्व में चौथे अध्याय में दिया गया है ।

कृत्वाष्टमङ्गलविधिं विधिवत्त्रिवारं
त्रेधा वराटजनकं विभजेत्सशेषम् ।
युक्त्वा च तत्त्रितयमष्ट हृतावशिष्टं
चैते चतुर्विंशैर्नष्टजनिर्विचिन्त्या ॥ २१॥
वृत्ताहतात् प्रथमोऽत्र शरीरलब्धः
चक्रादिरिन्दुरिति नष्टजनीन्दुसिद्धिः ।
वेदैः फलैश्च तपनैः क्रमशो हतेभ्यः
स्त्रीभ्योऽन्यतोऽर्कगुरुलग्नग्रहाश्च साध्याः॥ २२॥
आरूढलग्नशशिभास्करराशिगत्वे
स्वस्वं वृथा फलमथ स्वमृणं कलासु ।
भिन्नाश्रिते तदुभये बलवत्वशेन
स्वर्णं तदर्धमुडुपादिकेषु ते स्फुटाः स्युः॥ २३॥

सर्वप्रथम अष्ट मंगल की विधि सम्पन्न करें, फिर एक सौ आठ कपर्दिकाओं (कौड़ियों) को त्रिधा विभाजित कर (पाटे पर उत्तर-मध्य तथा दक्षिण में) राशिचक्र में स्थापित करें । अब तीनों स्थानों में से आठ-आठ कपर्दिकाएँ निकाल कर फिर शेष कपर्दिकाओं को गिनियें और पृथक् की गयी चौबीस कौड़ियों से पृच्छक का नष्ट जन्मपत्र बनाइये ।

प्रथम स्थान पर वृत्त= १२ से भाग दें । लब्धि में जो राशि प्राप्त हो उसे प्रश्नकालिक चन्द्रस्पष्ट में जोड़ने से जन्मकालीन चन्द्र ज्ञात होगा (शेष कपर्दिकाओं को ३० से गुणा कर अंश भी निकाल लें तो गणना सूक्ष्म होगी) ।

द्वितीय स्थान पर जो कपर्दिकाएँ हों उनकी संख्या में ४ से भाग दें तो लब्धि में जो राशि प्राप्त हो उसमें प्रश्नकालीन सूर्य में जोड़ने से नष्ट जन्मकालीन सूर्य स्पष्ट होता है ।

तृतीय स्थान की शेष कपर्दिका संख्या में पृच्छक द्वारा लाये गये जो फल हों उनकी संख्या से भाग दें, लब्धि में प्राप्त राशि को प्रश्नकालीन गुरु में जोड़ने से जन्मकालीन गुरु होगा ।

अब जो २४ कौड़ियाँ निकाल कर रखी हैं उनमें बारह का भाग दें, लब्धि अर्थात् २ राशियों को प्रश्नलग्न में जोड़ने से जन्मकालीन लग्न होता है । इस प्रकार तीन स्थानों में रखी तथा अन्यत्र स्थापित (२४) से जन्मकालीन सूर्यलग्न, गुरु, चन्द्र आदि का साधन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करें। यदि आरूढ लग्न सूर्य या चन्द्र की राशि में हो तो लब्धि को प्रश्नलग्न स्पष्ट की कलाओं में घटाना चाहिए। अन्यथा स्थिति में पूर्ववत् ही क्रिया करें।

प्रकारान्तरेण जन्मचन्द्रसाधनम्

प्रश्नेन्द्वोस्तु पृथक्स्थितादि्वगलिते लग्नस्फुटे तत्र यत्
शिष्टं तत्क्षिपरूडुपे पृथगिते प्रष्टुस्स जन्मोडुपः।
प्रश्नो यद्युदये झषस्य तल्लग्नस्फुटं चन्द्रमा
एवं केचन जन्मचन्द्रकथनं वाञ्छन्ति होराविदः ।। २४।।

प्रश्नकालीन चन्द्रमा में प्रश्नलग्न को घटाइये। जो शेष बचे उसे दूसरे स्थान पर उसी चन्द्र में जोड़ने से जन्मचन्द्र होता है। (तात्पर्य है घुमाकर नाक पकड़ना इस रीति से प्रश्नचन्द्र ही वास्तव में जन्मचन्द्रमा मान लिया जाता है।) यदि प्रश्नसमय मीन लग्न हो तो उसे ही चन्द्रराशि मान लें। इस प्रकार कुछ ज्योतिषी जन्मचन्द्र की रीति बताते हैं ।।२४।।

प्रकारान्तरेण मासपक्षादिज्ञानमाह

मेषादिषूद्यत्स्विह जन्ममासान् वैशाखपूर्वान्प्रवदेत् क्रमेण ।
ओजोदये पुंदृशि पूर्वपक्षः स्त्रीभे च नारीग्रहदर्शनेऽन्यः।। २५।।

प्रश्नलग्न में यदि मेष लग्न हो तो वैशाख, वृष हो तो ज्येष्ठ, मिथुन हो तो आषाढ, कर्क हो तो भाद्र इस क्रम से समझें। यदि लग्न विषम राशि में हो और उस पर पुरुष ग्रह की दृष्टि हो तो कृष्ण पक्ष में जन्म होता है। यदि सम राशि लग्न हो तथा उस पर स्त्री ग्रह की दृष्टि हो तो शुक्ल पक्ष का जन्म होता है। यह सौरमास होते हैं ।।२५।।

परन्तु यह सिद्धान्त विचित्र है, क्योंकि यदि विषम राशि लग्न में हो तथा उस पर स्त्री ग्रह की दृष्टि हो तो कौन-से पक्ष का जन्म माना जायेगा ?

द्रेष्काणात् जन्मरविज्ञानम्

यत्त्र्यंशसम्बन्धिभिरायुधादि पदार्थवीक्षाश्रवणादिकं यत्।
यदृच्छया प्रश्नविधौ दृगाणे तस्मिन्निषण्णा रविमाहुरार्याः।। २६।।

प्रश्न के समय यदृच्छा से जिस द्रेष्काण से संबंधित आयुध एवं पदार्थ दिखायी दें या सुनाई दें उसी द्रेष्काण की राशि में जन्मकालीन सूर्य होता है, ऐसा आचार्यों का कथन है ।।२६।।

प्रष्ट्रारूढभनाथतुङ्गभवनेशारूढभेशाश्रिते
राशौ जन्मविधुर्विलग्नकथने तुङ्गेऽत्र नीचं न चेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आसीनेऽस्तभमुज्झिते तु दशमं तत्काललग्नात्तदे-
वोत्तिष्ठत्यथ पृच्छकेऽम्बुशयिते चिन्त्यन्तटस्थेऽप्यतः ।। २७।।

पृच्छक द्वारा स्पर्शित आरूढ लग्न के स्वामी की जो उच्च राशि है उस राशि का जो स्वामी है, उस ग्रह का जो उच्चेश है वह जिस राशि में हो वही राशि जन्मकालीन चन्द्र की राशि होती है। यदि आरूढेश नीच राशिगत न हो तो उसकी जो उच्च राशि है वही पृच्छक की नष्ट जन्मलग्न की राशि होगी। यदि पृच्छक ने बैठकर प्रश्न पूछा हो तो प्रश्नलग्न से सप्तम राशि नष्ट जन्मलग्न की होती है। यदि बैठ कर फिर खड़ा हो जाय तो प्रश्नलग्न से दशवीं राशि होती है। यदि खड़े होकर प्रश्न करे तो प्रश्नलग्न ही जन्मलग्न होता है। यदि लेट कर या पैर फैलाकर प्रश्न करें तो चतुर्थ भाव की राशि जन्मलग्न समझना चाहिए ॥२७॥

वराहोक्तविधिः

होरानवांशप्रतिमेत्यादिना नष्टजन्मनि ।
यल्लग्नकथनं प्रोक्तं तत्प्रकारोऽथ कथ्यते ।। २८।।

आचार्य वराहमिहिर ने " होरानवांशप्रतिम" इस श्लोक में जो नष्टजन्मांग निर्माण की प्रक्रिया बताई है उसे भी यहाँ बताते हैं ॥२८॥

लग्ने योंऽश उदेत्यजादिषु जनी राशेरमुष्योदये
प्रष्टुः स्यादथवा दृगाणत इनो लग्नोदिताद्यावति ।
त्र्यंशे लग्नभतो विलग्नमुदितं तावद् गृहं सूरिभि-
स्त्याज्या चात्र परा दृगाणगणनासंख्याधिका चेत्ततः ।। २९।।

प्रश्नलग्न में मेषादि जिस किसी राशि का नवांश हो उसी राशि के सूर्य में पृच्छक का जन्म होता है अथवा प्रश्नकाल में प्रश्नलग्न से जितनी द्रेष्काण संख्या आगे सूर्य स्थित हो सूर्य से उतनी ही द्रेष्काण संख्या आगे पृच्छक का जन्मलग्न होता है। परन्तु यह द्वितीय विधि त्याज्य है, क्योंकि द्रेष्काण संख्या बारह से अधिक हो सकती हैं ॥२९॥

उद्यत्याद्य दृगाणके तु भवनस्यार्यो विलग्नोपगो
मध्ये पञ्चमराशिगोऽत्र चरमत्र्यंशोदये धर्मगः ।
तत्कालीनगुरुर्विलग्नसुतधर्मेभ्यो दृगाणक्रमात्
तेभ्यो यावति भेदतश्च भवने स्याद्वा गुरुस्तावति।। ३०।।

यदि प्रश्नलग्न में आदि द्रेष्काण उदिनत हो तो गुरु की राशि में लग्न होता है अर्थात् जिस राशि में गुरु स्थित है वह जन्मलग्न की राशि होती है। यदि मध्य द्रेष्काण का उदय हो तो प्रश्नलग्न से पंचम राशि में गुरु होता है। यदि चरम (तीसरा) द्रेष्काण हो तो प्रश्नलग्न से नवम राशि ही गुरु होता है। तात्पर्य यह है कि प्रथम द्रेष्काण में गुरु की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थिति जन्मलग्न में होती है, शेष में उसके त्रिकोण में। अथवा प्रश्नलग्न से लग्न, पंचम या नवम में तीनों तृतीयांशों में गुरु की स्थिति बताना चाहिए ॥३०॥

लग्नद्वादशभागराश्युपगतो वा प्रष्टृजन्मा गुरुः
पूर्वार्द्धे परिवर्तनं खलु निसर्गायुः क्रमेणास्य च।
चन्द्राद्युद्गमतो बहुष्विह बलं नो चेत्सलग्नाधिपात्
यद्वा प्रष्टृवपुर्निरीक्ष्य वयसो मानम्बुधैः कल्प्यताम् ॥ ३१॥

प्रश्नलग्न के द्वादशांश की राशि में जन्म गुरु को मानना चाहिए। निसर्गायु के क्रम से गुरु का पूर्वादि संचालन कर आयु कहे। अथवा चन्द्रमा के उद्गम (अवस्था के) अनुसार पृच्छक की आयु की कल्पना करे अथवा शरीर को देखकर आयु की कल्पना करें (और पुराने पंचांग के आधार पर ग्रहस्थिति का मिलान कर लें ॥३१॥

द्रेष्काणे द्वादशांशा नयनमितकलास्तेषु यावान् विलग्ने
प्रोद्यत्युद्यद्दृगाणे कथयतु भवने तावतीड्यं विलग्नात्।
प्राग्लग्नांशत्रिकोणेष्वपि गुरुरुदितस्तत्क्रमस्तद्दृगाणै-
र्भानुम्भे पूरणस्थं हिमकरनवभागांशतः केचिदाहुः ॥ ३२॥

प्रश्नकालीन लग्न का द्रेष्काण द्वादशांश निकालें, उसकी जो राशि हो उस राशि तक प्रश्नलग्न से गणना करें, उससे जो राशि प्राप्त होगी वही जन्मकालीन गुरु की राशि होगी।

कुछ आचार्यों के मत से यदि प्रश्नलग्न प्रथम द्रेष्काण में हो तो जन्मकालीन गुरु लग्न में, यदि दूसरे द्रेष्काण में हो तो पंचम भाव में होता है। यदि प्रश्नलग्न अंतिम द्रेष्काण में है तो जन्मकालीन गुरु उससे नवम में होता है।

प्रश्नकालीन चन्द्रमा का नवांश जन्मकालीन सूर्य की स्थिति को प्रकट करता है।

द्रेष्काण द्वादशांश में एक द्रेष्काण के बारह भाग तथा राशि के ३६ भाग किये जाते हैं। इस प्रकार एक द्रेष्काण द्वादशांश पचास कला का होता है ॥३२॥

तत्र च माधवीयम्

प्रष्टुरालभनान्मूर्धाद्यङ्गानां जननोडुनः।
कीर्तनं माधवेनोक्तं तदप्यथ निगद्यते ॥ ३३॥

प्राश्निक के शीर्ष आदि अंगों के स्पर्श के अनुसार माधवीयम् में उसका जन्मर्क्ष बताया है उसे भी अब कहा जाता है ॥३३॥

स्पर्शे मूर्धनि कृत्तिकाऽथ विधिभं फाले भ्रुवौ सौम्यभं
श्रुत्यां रुद्रकपोलयोरदितिभं पुष्यो हनुस्पर्शने ॥ ३४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पर्शे दशने सार्प्यर्क्षं गले मघे दक्षस्कन्धे भगर्क्षकम् ।
वामोत्तरे करस्पृशे चाङ्गुलीषु स्पर्शने तु चित्रर्क्षकम् ।। ३५।।
स्वातीभं नखरेषु वक्षसि पुनः शूर्पोडुमैत्रं हृदि ।
इन्द्रोस्तनस्पर्शमूलेऽथ उदरे दक्षकुक्षौ जलर्क्षकम् ।। ३६।।
वामे विश्वभमोडुनाभिकुहरे कट्यां वसूनामुडु ।
मेढ्रे वारुणमेवमूरुयुगले ह्येकाङ्घ्रिबुध्न्याख्यभे ।। ३७।।
पौष्णं जानुयुगेऽश्वभं निगदितं जङ्घायुगे जन्मभम् ।
नक्षत्रं यमदैवतं पदयुगेऽथोक्तोडुषड्विंशभम् ।। ३८।।
वा चिन्त्यं हि कदाचिदेव सुधिया स्पष्टे सति स्पर्शने ।
प्रष्टुः स्पर्शमुदीयतां किमु पुनः सत्येव लक्ष्मान्तरे ।। ३९।।

।। इति प्रश्नमार्गे त्रिंशोऽध्यायः ।। ३०।।

—*—

यदि पृच्छक अपने शिर का स्पर्श करें तो उसका जन्मर्क्ष कृत्तिका, यदि फाल (भाल=माथा=Forehead) का स्पर्श करे तो विधिभ (रोहिणी) उसी का जन्म होता है । भौंहों का स्पर्श करने पर सौम्य नक्षत्र (मृगशिरा), कानों के स्पर्श में रुद्र (आर्द्रा), कपोलों के स्पर्श में पुनर्वसु, ठोड़ी के स्पर्श में पुष्य, दाँतों के स्पर्श में आश्लेषा, गले के स्पर्श में मघा, दाहिने कंधे के स्पर्श में पूर्वाफाल्गुनी, वामस्कन्ध के स्पर्श में उत्तराफाल्गुनी, हाथ के स्पर्श में हस्त तथा अँगुलियों के सिरे स्पर्श करने पर चित्रा जन्मर्क्ष होता है । नखस्पर्श पर स्वाति, वक्षस्पर्श पर विशाखा, हृदय के स्पर्श में अनुराधा जन्मनक्षत्र होता है । स्तनस्पर्श में ज्येष्ठा, उदरस्पर्श में मूल, दक्षिणकुक्षि में पूर्वाषाढा, वामकुक्षिस्पर्श में उत्तराषाढ़ा, नाभि के स्पर्श में श्रवण, कटिस्पर्श में धनिष्ठा, लिंगस्पर्श में शतभिषा, दक्षिण ऊरु के स्पर्श में पूर्वाभाद्र, वामऊरु के स्पर्श में उत्तराभाद्र, घुटनों के स्पर्श में रेवती, दोनों जंघाओं के स्पर्श में अश्विनी, दोनों चरणों के स्पर्श में भरणी नक्षत्र होता है अथवा प्रश्ननक्षत्र से छब्बीसवाँ नक्षत्र जन्म नक्षत्र होता है ऐसा समझना चाहिए ।।३४-३८।।

यदि स्पष्ट रूप से पृच्छक अपने अंग का स्पर्श करे तब स्पृष्ट अंग से जन्मनक्षत्र का निश्चय करें, अन्यथा अन्य रीति से निश्चय करना चाहिए ।।३९।।

अंगस्पर्श से जन्मनक्षत्र ज्ञान का चक्र

स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र	स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र	स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र
शिर	कृत्तिका	बाँयाकंधा	उत्तराफाल्गुनी	वामकुक्षि	उ०षा०
भाल	रोहिणी	हाथ	हस्त	नाभि	श्रवण
भ्रू	मृगशिरा	अंगुलियाँ	चित्रा	कटि	धनिष्ठा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र	स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र	स्पृष्ट अंग	जन्मनक्षत्र
कर्ण	आर्द्रा	नख	स्वाति	लिंग	शतभिषा
कपोल	पुनर्वसु	छाती	विशाखा	दक्षिणऊरु	पूर्वाभाद्र
हनु	पुष्य	हृदय	अनुराधा	वामऊरु	उत्तराभाद्र
दन्त	आश्लेषा	स्तन	ज्येष्ठा	घुटने	रेवती
कण्ठ	मघा	उदर	मूल	पिंडली	अश्विनी
दाहिना कंधा	पूर्वाफाल्गुनी	दक्षिणकुक्षि	पूर्वाषाढ़ा	दोनों पैर	भरणी

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का तीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ।।३०।।

——*——

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथैकत्रिंशोऽध्यायः

अथ स्वप्नप्रश्नः

अत्रार्यासप्ततिः

रविलग्ने शशिदृष्टे रविराशिस्सप्तमे विलग्नाद्वा।
स्वप्नो दृष्टः प्रवदेत् प्रष्टुर्लग्नान्तरात् कालः ।। १।।

यदि प्रश्नलग्न में स्थित सूर्य को चन्द्रमा देखता हो अथवा लग्न से सप्तम स्थान में सूर्य राशि हो तो पृच्छक ने स्वप्न देखा है ऐसा कहना चाहिए। लग्न के भुक्तांशों से उतनी घटी रात बीतने पर स्वप्न देखा है, यह बताना चाहिए ।।१।।

प्रश्नलग्ने ग्रहस्थित्या स्वप्नदृश्यमाह

रविलग्ने दीप्ताग्निर्लोहितवसनादिदर्शनं स्वप्ने।
शिशिरविकिरणे तु नारीसितकुसुमवस्त्रादि।। २।।
भौमे सुवर्णविद्रुमरक्तवस्त्राण्यार्द्रमांसादि ।
खेर्गमनं शशिपुत्रे जीवे सहबन्धुभिर्योगः।। ३।।
जलसन्तरणं शुक्रे तुङ्गारोहं वदेत्पतङ्गसुते।
लग्नस्थैर्वक्तव्यं मिश्रैर्मिश्रं वदेत्स्वप्नम्।। ४।।

(१) यदि लग्न में सूर्य हो तो स्वप्न में प्रज्वलित अग्नि, लाल कपड़े आदि दिखलायी पड़ते हैं।

(२) चन्द्रमा होने पर स्त्री, श्वेत पुष्प, श्वेत वस्त्रादि दिखते हैं।

(३) लग्न में भौम होने पर सोना, मूँगा, लाल वस्त्र तथा ताजा मांसादि दिखते हैं।

(४) बुध होने पर आकाश में उड़ना दिखायी पड़ता है अनुभव होता है।

(५) लग्न में गुरु हो तो अपने बान्धवों से मिलने का स्वप्न होता है।

(६) शुक्र यदि लग्न में हो तो व्यक्ति स्वप्न में जल में तैरता है।

(७ शनि लग्नस्थ हो तो व्यक्ति वृक्षारोहण या पर्वतारोहण आदि करता है।

इस प्रकार प्रश्नलग्न में स्थित ग्रहों से स्वप्न देखा दृश्य बताना चाहिए। मिश्र ग्रहों से मिश्रित फल कहें ।।२-३-४।।

दुःस्वप्नं सुस्वप्नं वेति निर्णयमाह

रिपुनीचर्क्षोपगतैर्दुःस्वप्नं निर्दिशेद् ग्रहैर्लग्ने।
रविकिरणमुषितदेहैः प्रष्टुः स्वप्नं वदेद् भग्नम्।। ५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि प्रश्नलग्न में शत्रुक्षेत्री, नीच राशिगत ग्रह हों तो पृच्छक ने दुःस्वप्न देखा है ऐसा कहें। यदि लग्न में अस्तंगत ग्रह हो तो स्वप्न बीच में ही टूट गया ऐसा बताना चाहिए ॥५॥

लग्ने स्थितराशितः स्वप्नदृश्यकथनम्

मेषे देवगृहेक्षणं गवि पुनर्देवस्य वीक्षा यमे।
द्रष्टा विप्रतपस्विनोऽथ शशिभे द्रष्टा स्वसंस्थं स्वयम्॥ ६॥
क्षेत्रादानयनं तृणस्य रविभे स्वप्ने किरातेक्षणम्।
यद्वा सैरिभदर्शनं युवतिभिः कन्योदये सङ्गमः॥ ७॥
जूके लग्नगते वणिङ् नरपतिः स्वर्णेक्षणं वृश्चिके।
पश्येद् भृङ्गविषार्पणोऽथ धनुषि त्वग्वार्तवं वा फलम्॥ ८॥
नक्रे स्त्रीपुरुषौ घटे तु मुकुरम्मीनेऽम्बुधिर्हेम वा।
छत्रारूढविलग्नगैश्च सुखगे स्वप्नं वदेत्खेचरैः॥ ९॥

यदि प्रश्नलग्न मेष हो तो स्वप्न में देवालय के दर्शन होते हैं। वृष लग्न में भी देवदर्शन; मिथुन में ब्राह्मण, सन्त तथा तपस्विजनों के दर्शन; कर्क में स्वयं को खेती में सिंचाई, कटाई, विदाई, गुड़ाई आदि करता देखता है। लग्न में यदि सिंह राशि हो तो खेत से घास-चारा लाना, वनवासी जन को देखना अथवा भैंस या भैंसा देखना ये स्वप्न होते हैं। कन्या लग्न होने पर स्त्रियों से मिलन देखता है।

यदि स्वप्नप्रश्न में तुला लग्न हो तो दुकानदार, व्यापारी, विक्रेता, स्वर्ण, शासक व्यक्ति आदि दिखते हैं। वृश्चिक लग्न में घोड़ा, विषाक्त पदार्थ आदि तथा स्वर्ण धातु दिखती है। धनु में त्वचा, फल, पुष्प, मांसादि दिखायी पड़ते हैं। मकर में स्त्री-पुरुष साथ-साथ दिखते हैं। कुंभ में काँच तथा दर्पण आदि दिखता है। मीन में समुद्र अथवा सोना दिखायी पड़ता है। इसी प्रकार छत्र राशि, आरूढ राशि तथा चतुर्थ भाव की राशि से भी स्वप्न का फल विचार करना चाहिए ॥६-७-८-९॥

स्वप्नविशेषात् फलविशेषोऽप्यस्ति तत्राऽष्टाङ्गहृदयम्

स्वप्ने मद्यं सह प्रेतैः प्रपिबते कृष्यते शुना।
समर्त्यो मृत्युना शीघ्रं ज्वररूपेण नीयते॥ १०॥
रक्तमाल्यवपुर्वस्त्रो यो हसन् ह्रियते स्त्रिया।
सोऽपि पित्तेन महिषश्च वराहोष्ट्रगर्दभैः॥ ११॥
यः प्रयाति दिशं याम्यां मरणं तस्य यक्ष्मणा।
लताकण्टकिनी वंशस्तालो वा हृदि जायते॥ १२॥
यस्य तस्याशु गुल्मेन यस्य वह्निमनर्चिषम्।
जुह्वतो घृतसिक्तस्य नग्नोरसि जायते॥ १३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पद्यं स नश्यते कुष्ठेन चण्डालैः सह यः पिबेत् ।
स्नेहं बहुविधं स्वप्ने स प्रमेहेण नश्यति।। १४।।

(ये श्लोक ग्रन्थकार ने आयुर्वेदीय ग्रन्थ "अष्टाङ्गहृदय" के शारीरस्थान अध्याय ६ से उद्धृत किये हैं ।)

(१) जो व्यक्ति स्वप्न में प्रेतों (मुर्दों, मर चुके व्यक्तियों) के साथ मद्य पीता है तथा कुत्तों के द्वारा खींचा जाता है वह ज्वर रूपी मृत्यु से शीघ्र ही परलोक को ले जाया जाता है ।

(२) जो स्वप्न में लाल माला, लाल शरीर या लाल वस्त्र धारण करके हँसता हुआ स्त्री द्वारा खींचा जाता है उसकी मृत्यु रक्तपित्त से होती है तथा जो मनुष्य स्वप्न में भैंसा, कुत्ता, सूअर, ऊँट तथा गधे आदि पर बैठ कर दक्षिण दिशा को जाता है उसकी मृत्यु यक्ष्मा रोग से होती है ।

(३) जिसके हृदय में काँटों वाली बेल, बाँस या ताल (स्वप्न में) पैदा हो जाते हैं उसकी गुल्मरोग से शीघ्र ही मृत्यु होती है ।

(४) जो व्यक्ति स्वप्न में नग्न होकर शरीर में घी की मालिश कर ज्वाला रहित अग्नि में हवन करते हुए अपनी छाती में कमल उत्पन्न होते देखता है वह कुष्ठरोग से मृत्यु को प्राप्त होता है ।

(५) जो स्वप्न में चाण्डालों के साथ बैठकर बहुत प्रकार के स्नेह (घी,तेल, वसा, मज्जा आदि) पीता है उसकी मृत्यु प्रमेह रोग से होती है । ॥१०-१४॥

उन्मादेन जले मज्जेद्यो नृत्यन् राक्षसैः सह।
अपस्मारेण यो मर्त्यो नृत्यन् प्रेतेन नीयते ।। १५।।

जो व्यक्ति स्वप्न में नाचता हुआ राक्षसों के साथ डुबकी लगाता है तो उसकी मृत्यु उन्माद से होती है । जो मनुष्य स्वप्न में नाचता हुआ प्रेतों द्वारा ले जाया जाता है वह अपस्मार रोग से मरता है ।

यानं खरोष्ट्रमार्जारकपिशार्दूलशूकरैः ।
यस्य प्रेतैः शृगालैर्वा स मृत्योर्वर्तते मुखे।। १६।।

जो स्वप्न में गधा, ऊँट, बिलाव, वानर, सिंह, व्याघ्र, चीता, तैंदुआ तथा सूअर पर सवार होता है या प्रेत (मुर्दे) अथवा सियार की सवारी करता है वह मृत्यु के मुख में जाता है ॥१६॥

अपूपशष्कुलीर्जग्ध्वा विबुद्धस्तद्विधं वमन् ।
न जीवत्यक्षिरोगाय सूर्येन्दुग्रहणेक्षणम् ।। १७।।
सूर्यचन्द्रमसोःपातदर्शनं दृग्विनाशनम् ।

जो स्वप्न में मालपूआ, गुलगुला, कचौड़ी, पूड़ी खाता हुआ स्वयं को देखता है तथा प्रातःकाल वमन करता है वह शीघ्र मरता है । स्वप्न में सूर्यग्रहण तथा चन्द्रग्रहण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिखना नेत्ररोग का सूचक होता है। यदि स्वप्न में सूर्य-चन्द्रमा टूट कर नीचे गिरते दिखायी दें तो नेत्रों की हानि होती है ॥१७-१७-१/२॥

अशुभस्वप्नाः

मूर्ध्नि वंशलतादीनां सम्भवो वयसां तथा॥ १८॥
निलयो मुण्डताकाकगृध्राद्यैः परिवारणम्।
तथा प्रेतपिशाचस्त्रीद्रविडान्ध्रगवाशनैः॥ १९॥
सङ्गो वेत्रलतावंशतृणकण्टकसङ्कटे।
श्वभ्रश्मशानशयनं पतनं पांसुभस्मनोः॥ २०॥
मज्जनं जलपङ्कादौ शीघ्रेण स्त्रोतसा हृतिः।
नृत्यवादित्रगीतानि रक्तस्त्रग्वस्त्रधारणम्॥ २१॥
वयोऽङ्गवृद्धिरभ्यङ्गो विवाहः श्मश्रुकर्म च।
पक्वान्नस्नेहमद्याशः प्रच्छर्दनविरेचने॥ २२॥

स्वप्न में शिर पर बाँस, लता इत्यादि का उगना तथा काकादि पक्षियों का सिर में घोंसला देखना, अपना मुण्डित सिर देखना, कौआ-गीद्ध आदि से घिर जाना; प्रेत, पिशाच, चुड़ैल (या स्त्री), द्रविड़, आन्ध्र, गोमांसभक्षी (कसाई आदि) का संग होना; बाँस, लता, घास, काँटे आदि की बाड़ से घिरना; गड्ढे या श्मशान में शयन करना, धूलि एवं राख के ढेर में गिर जाना, जल या कीचड़ में गिर जाना, तेज धार वाले जलस्त्रोत में बह जाना, नाचना, गाना, बजाना, लाल कपड़े, लाल फूलों की माला, अवस्था अधिक दिखना या शरीर की अंगवृद्धि होना, विवाह होना या देखना, हजामत बनवाना, पकवान, चिकनाई, शराब आदि पीना, वमन करना या विरेचन (मलत्याग) करना ॥१८-२२॥

पुनश्चाशुभस्वप्नाः

हिरण्यलोहयोर्लाभः कलिर्बन्धपराजयौ।
उपानद्युगनाशश्च प्रपातः पादचर्मणोः॥ २३॥
हर्षो भृशं प्रकुपितैः पितृभिश्चावभर्त्सनम्।
प्रदीपग्रहनक्षत्रदन्तदैवतचक्षुषाम्॥ २४॥
पतनं वा विनाशो वा भेदनं पर्वतस्य च।
कानने रक्तकुसुमे पापकर्मनिवेशने॥ २५॥
चित्तान्धकारसम्बाधे जनन्याञ्च प्रवेशनम्।
पातः प्रासादशैलादेः मत्स्येन ग्रसनं तथा॥ २६॥
कषायिणामसौम्यानां नग्नानां दण्डधारिणाम्।
रक्ताक्षाणां च कृष्णानां दर्शनं जातु नेष्यते॥ २७॥

स्वप्न में स्वर्ण धातु या लौह धातु को प्राप्त करना, कलह देखना, स्वयं का या अन्य का बन्धन या अपनी पराजय देखना, दोनों जूतो का नष्ट हो जाना या खो जाना, पैर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के तलवे की खाल अलग हो जाना, अत्यधिक प्रसन्न होना, अपने पितरों (पुरखों) द्वारा कुपित होकर तिरस्कार किया जाना या भर्त्सना किया जाना; ग्रह-नक्षत्रों का, दीपक का, दाँतों का, देवताओं तथा नेत्रों का पतन देखना; पर्वतों का टूटना, लाल फूलों वाले वन में प्रविष्ट होना, पापाचारियों के घर में प्रवेश करना, चिता में प्रवेश करना, अन्धकार में प्रवेश करना, माता के उदर में प्रवेश करना, विशाल प्रासाद या पहाड़ से गिरना (या विमान से कूदना), मछली द्वारा निगल लिया जाना, काषाय वस्त्रधारी, असौम्य आकृति, नग्न या दण्डधारी, लाल नेत्रों वाले तथा काले रंग के पुरुषों को स्वप्न में देखना—ये सब स्वप्न अशुभ होते हैं, इनका फल अच्छा नहीं होता ॥२३-२७॥

स्वप्ने कालरात्रिदर्शनम्

कृष्णा पापाननाचारा दीर्घकेशनखस्तनी।
विरागमाल्यवसना स्वप्ने कालनिशा मता ॥ २८॥

यदि स्वप्न में काली पापमुखाकृति वाली, पापाचरण वाली, लम्बे बाल तथा नाखूनों वाली, सूखे फूलों की माला धारण किये हुए स्त्री दिखलायी पड़े तो वह "कालरात्रि" होती है ॥२८॥

कालसूचकस्वप्नदर्शने कारणम्

मनोवहानां पूर्णत्वात्स्रोतसां प्रबलैर्मलैः ।
दृश्यन्ते दारुणाः स्वप्ना रोगी यैर्याति पञ्चताम् ॥ २९॥
अरोगः संशयं प्राप्य कश्चिदेव विमुच्यते।

रोग के कारण मनोवह स्रोत अतिबलवान् मलों (दोषों) से भर जाने के कारण रोगी को भयानक स्वप्न दीखते हैं और रोगी मर जाता है। यदि भयंकर स्वप्नों को कोई निरोगी व्यक्ति देखता है तो उसका जीवन भी संशय युक्त हो जाता है ॥२९॥

यदि इसे आधुनिक विज्ञान की भाषा में कहें तो जिन्हें मनोवह स्रोत कहा है उनका तात्पर्य मस्तिष्क से सम्वद्ध सिराएँ, धमनियाँ तथा तंत्रिकाएँ (Nerves) रोग की विषमयता (Taxiemea) से प्रभावित हो जाते हैं जिनसे भयानक स्वप्न आते हैं। आचार्य वाग्भट ने जिसे प्रबल मल कहा है वही तो टॉक्सीमिया होता है जिसमें रक्त में रोगजनित विष की मात्रा बढ़ जाती है ॥

सप्तविधस्वप्नाः

दृष्टः श्रुतोऽनुभूतश्च प्रार्थितः कल्पितस्तथा ॥ ३०॥
भाविको दोषजश्चेति स्वप्नः सप्तविधः स्मृतः।
तेष्वाद्या निष्फलाःपञ्च यथास्वं प्रकृतिर्दिवा ॥ ३१॥

स्वप्नों के सात भेद होते हैं—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) दृष्ट स्वप्न (Things which we have seen in life)—जीवन में एक या अनेक बार देखी हुयी वस्तुओं का स्वप्न में दर्शन दृष्ट होता है ।

(२) श्रुत स्वप्न (Dreams of things we have heard in life)—जिन वस्तुओं के बारे में हमने जीवन में सुना होता है उनको स्वप्न में देखना श्रुत स्वप्न कहलाता है ।

(३) अनुभूत स्वप्न (Dreams of such things actually experienced through smell, taste and touch)—जिन वस्तुओं का जीवन में पंचज्ञानेन्द्रियों से अनुभव किया है वही स्वप्न में दिखना अनुभूत स्वप्न कहलाता है ।

(४) प्रार्थित स्वप्न—जिन वस्तुओं की आकांक्षा मन के अचेतन में अथवा चेतन में होती है उनका स्वप्न में दिखना प्रार्थित स्वप्न होता है । जैसे किसी निर्धन व्यक्ति को जीवन में सुन्दर रत्नजटित पलंग पर सोने की इच्छा हाती रहे तो वह स्वप्न दिख सकता है । इसे मनोवैज्ञानिक प्रतिपूर्तिकारक स्वप्न कहते हैं ।

(५) कल्पित स्वप्न (Imaginary dreams) मन की कल्पना से होते हैं ।

(६) भावज स्वप्न—यह विलक्षण स्वप्न होता है ।

(७) दोषजन्य—यह रोग-कारणों से होता है ।

इसमें प्रारंभ के पाँच प्रकार के स्वप्नों का कोई फल नहीं होता है, वे निष्फल हुआ करते हैं । इसी प्रकार से अपनी प्रकृति के अनुसार मनुष्य दिवास्वप्न (Day dreams) देखता है वह भी निष्फल होता है ।

स्वप्नानां फलप्राप्तिकालमाह

विस्मृतो दीर्घह्रस्वोऽति पूर्वरात्रे चिरात्फलम् ।
दृष्टः करोति तुच्छं तत् गोसर्गे तदहः फलम् ।। ३२।।

जो स्वप्न देखने के बाद जागने पर भूल जाय या बहुत बड़ा स्वप्न हो अथवा बहुत छोटा हो, आधी रात के पहले देखा गया हो ऐसे स्वप्न चिरकाल में फल देते हैं तथा फल की मात्रा भी अल्प होती है । गोसर्ग (उष:काल) में दिखने वाला स्वप्न उसी दिन फल देता है ।।३२।।

निद्रया वानुपहतः प्रतीपैर्वचनैस्तथा ।
याति पापोऽल्पफलतां दानहोमजपादिभिः ।। ३३।।
अकल्याणमपि स्वप्नं दृष्ट्वा तत्रैव यः पुनः ।
पश्येत्सौम्यं शुभं तस्य शुभमेव फलं भवेत् ।। ३४।।

जो स्वप्न नींद लेने के बाद भी लगातार आता रहे अर्थात् स्वप्न के पश्चात् नींद न आवे अथवा जो विरोधी वाक्यों से नष्ट न हुआ हो तो वह स्वप्न फल देता है । यदि स्वप्न के बाद नींद आ जाय तो निष्फल होता है ।।३३।।

अशुभ स्वप्न को देखने के पश्चात् जो दृष्टा शुभ स्वप्न देखता है तो उसे शुभ फल ही प्राप्त होता है ।।३४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुभस्वप्नाः

देवान् द्विजान् गोवृषभान् जीवतः सुहृदो नृपान्।
साधून् यशस्विनो वह्निमिद्धं स्वच्छाञ्जलाशयान् ।। ३५।।
कन्याः कुमारकान् गौरान् शुक्लवस्त्रान् सुतेजसः।
नराशनं दीप्ततनुं समन्ताद्रुधिरोक्षितम्।। ३६।।
यः पश्येल्लभते यो वा छत्रादर्शविषामिषम्।
शुक्लाः सुमनसो वस्त्रममेध्यालेपनं फलम्।। ३७।।
शैलप्रासादसफलवृक्षसिंहनराधिपान् ।
आरोहेद् गोऽश्वयानं च तरेन्नदह्रदोदधीन्।। ३८।।
पूर्वोत्तरेण गमनमगम्यागमनं मृतम्।
सम्बाधान्निःसृते देवैः पितृभिश्चाभिनन्दनम् ।। ३९।।
रोदनं पतितोत्थानं द्विषताञ्चावमर्दनम्।
यस्य स्यादायुरारोग्यं वित्तं बहु च सोऽश्नुते।। ४०।।

जो व्यक्ति देवताओं को, ब्राह्मणों को, गायों को, जुते हुए बैलों को, अपने जीवित मित्रों को, राजाजनों या उच्चाधिकारियों को, साधुओं को, यशस्वी लोगों को, ज्वलित अग्नि को, स्वच्छ जलाशयों को, कन्याओं तथा कुमारों को, गौर वर्ण के सुन्दर तेजस्वी वस्त्रधारियों को चारों तरफ शरीर में रक्त लपेटे नरभक्षियों को स्वप्न में देखता है या प्राप्त करता है; अथवा जो स्वप्न में छत्र, दर्पण, विष, मांस, शुक्ल मनोहारी वस्त्र, पवित्र आलेपन, फल, महल, मन्दिर, फल युक्त वृक्ष, सिंह, व्याघ्र, चीता, हाथी को देखता है अथवा गोयान (बैलगाड़ी), अश्वयान (घोड़े पर या ताँगे पर) सवारी करता है अथवा स्वप्न में नदी, कुण्ड, सरोवर या समुद्र में नहाता है; पूर्व या उत्तर दिशा की यात्रा करता है, अगम्यागमन करता है, मृत व्यक्ति का शव देखता है, देवों द्वारा अपने को संकट से निकाले जाते हुए देखता है तथा पितरों द्वारा जिसका अभिनन्दन होता है, स्वयं रुदन करता है, या रोना देखता है गिरे हुये को उठाता है या स्वयं गिरकर उठ जाता है, शत्रुओं को पराजित करता है ऐसे स्वप्नों को देखने वाला व्यक्ति आयु, आरोग्य तथा प्रचुर धन प्राप्त करता है ।।३५-४०।।

दशाध्यायी च स्वप्नानां कारणम्

धातुप्रकोपाद् ग्रहपाकचिन्ता
दृष्टाभिचारोद्भवगुह्यकोत्थाः ।
गतैष्यजात्यन्तरसत्त्वसङ्गः
स्वप्नस्य नूनं गतिजा हि नित्यम्।। ४१।।

धातुओं के दोषों द्वारा प्रकुपित होने के कारण, ग्रहप्रकोप, चिन्ता, अभिचार, गुह्यकों का प्रभाव, भूत या भविष्य में मनुष्येतर दिब्य योनियों का प्रभाव ये सब स्वप्नों के कारण होते हैं ।।४१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वातादिप्रकोपजन्यस्वप्नाः

धातुप्रकोपादनिलात्मकस्य दार्वादितुङ्गाम्बरलङ्घनानि ।
पित्तेऽधिके काञ्चनरक्तमाल्यदिवाकराग्निप्रभृतीनि पश्येद् ।। ४२ ।।
श्लेष्माधिकं चेन्दुभशुभ्रपुष्पसरित्सरोजाम्बुविलङ्घनानि ।। ४३ ।।

धातुओं के प्रकुपित होने पर स्वप्न तीन प्रकार के होते हैं—

(१) वातप्रकोप से ऊँची लकड़ी, वृक्ष, पर्वत पर चढने तथा लाँघने के स्वप्न दिखायी पड़ते हैं ।

(२) पित्त के प्रकोप से स्वर्ण, रक्तवर्ण की माला, सूर्य, अग्नि आदि दिखलायी पड़ते हैं ।

(३) कफ के प्रकोप से श्वेत फूल, नदी, जल, कमलदल आदि के लाँघने के स्वप्न होते हैं ।।४२-४३।।

काले मरुत्पित्तकफप्रकोपात् साधारणं स्याद् बलसन्निपाते ।
दशासु चोक्तं ग्रहपाकजातं चिन्ता सुदृष्टं च यथातथैव ।। ४४ ।।

जो स्वप्न वात-पित्त-कफ के प्रकोप से होते हैं उनका फल साधारण होता है तथा तीनों दोषों का एक साथ प्रकोप सन्निपात कहलाता है । वह यदि निर्बल सन्निपात हुआ तो भी साधारण फल होता है जो स्वप्न ग्रहों के फल पाक के कारण होते हैं उनका फल उन ग्रहों की दशाओं में दिखलायी पड़ता है । चिन्ता के कारण उत्पन्न स्वप्नों का फल जैसी चिन्ता होती है उसी प्रकार का होता है ।।४४।।

गुह्यकजन्यस्वप्नाः

बीभत्ससत्त्वादिभवोऽभिचारे ।
पित्तोद्भवो गुह्यकजः प्रदिष्टः ।
आनूकचिन्ता ग्रहदोषदृष्टा-
न्यभीक्ष्णकर्माणि च निष्फलानि ।। ४५ ।।

बीभत्स जीवों द्वारा जो अभिचार किया जाता है उसके कारण पित्त का प्रकोप होता है । इस प्रकार उत्पन्न स्वप्नों को गुह्यकों द्वारा उत्पन्न स्वप्न कहते हैं । जो स्वप्न आनूकचिन्ता (गोपनीय चिन्ता) से उत्पन्न होते हैं या जो ग्रहदोष से दिखलयी पड़ते हैं वे स्वप्न निष्फल होते हैं ।।४५।।

प्रत्यक्षफलप्रदस्वप्नाः

प्रत्यक्षवद् भवति यत्स्फुरतीव चान्तः
स्वप्नस्य तस्य नियमात्सदसत्फलाप्तिः ।
स्वप्नाश्शुभाशुभफलाः कथिता नराणां
उद्देशमात्रमिहताननुवर्णयामि ।। ४६ ।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वप्न की जो बात दृष्टा के अन्त:करण को गहरायी तक प्रभावित करें या प्रत्यक्ष घटित-सी प्रतीत हो वह स्वप्न सुनिश्चित रूप से अपना अच्छा या बुरा फल देता है । स्वप्नों के ये शुभाशुभ फल मनुष्यों के लिये कहे गये हैं उनका अब (आगे) वर्णन करता हूँ ।।४६।।

प्रत्यक्षवद्भवतीत्यादिनोक्तस्य स्वप्नस्य वीर्यलक्षणम्।
तादृशस्य स्वप्नस्य फलमवश्यम्भवति।
आद्ये वर्षाद् वत्सरार्धाद् द्वितीये यामे पाको वर्षपाकात्तृतीये ।
मासात्पाकाश्शर्वरी पश्चिमांशे सद्यः पाको गोविसर्गेषु दृष्टे ।। ४७।।

जो स्वप्न ऐसा देखा गया हो मानो दृष्टा ने वास्तविक जगत् में उसे देखा है तो ऐसे स्वप्न का फल अवश्य होता है ।

जो स्वप्न प्रथम प्रहर में दिखता है उसका फल एक वर्ष के भीतर मिलता है । जो स्वप्न रात्रि के द्वितीय याम (प्रहर) में देखा जाय वह छ: मास के भीतर फल देता है । जो स्वप्न रात के तीसरे भाग में दिखता है उसका फल $\frac{१}{३}$ वर्ष अर्थात् चार मास में मिलता है तथा रात्रि के अंतिम प्रहर में देखा जाने वाला स्वप्न एक मास में फल देता है । गोविसर्ग (उष:काल) में देखा गया स्वप्न तुरन्त फल देता हैं ।।४७।।

वाल्मीकीये रामायणे अशुभस्वप्ना:

स्वप्ने पितरमद्राक्षं मलिनं मुक्तमूर्धजम् ।
पतन्तमद्रिशिखराद् कलुषे गोमये ह्रदे ।। ४८।।
प्लवमानञ्च मे दृष्टः स तस्मिन् गोमये ह्रदे।
पिबन्नञ्जलिना तैलं हसन्निव मुहुर्मुहुः ।। ४९।।
स्वप्नेऽपि सागरं शुष्कं चन्द्रञ्च पतितं भुवि।
उपरुद्धाञ्च जगतीं तमसेव समावृताम् ।। ५०।।

वाल्मीकि रामायण में श्री भरत जी अपनी ननिहाल में (राजा दशरथ की मृत्यु हो जाने पर) रात्रि में देखे गये स्वप्नों का वर्णन अपने मित्रों से करते हुए (६९वें सर्ग अयोध्याकाण्ड में) कहते हैं कि 'मैंने रात में स्वप्न में अपने पिताजी को मैला-कुचैला खुले बालों से युक्त होकर पर्वतशिखर से मलिन गोबर के कुण्ड में गिरते हुए देखा है जिसमें वे तैर रहे हैं तथा अञ्जलि में भरकर तेल पी रहे हैं और बार-बार हँस रहे हैं ।।४८-४९।।

स्वप्न में ही मैंने समुद्र का सूखा हुआ तथा चन्द्रमा को पृथ्वी पर गिरते हुए देखा है । पृथ्वी को अन्धकारमय देखा है ।।५०।।

औपवाह्यस्य नागस्य विषाणं शकलीकृतम् ।
सहसाऽपि च संशान्तज्वलितं जातवेदसम् ।। ५१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राजा की सवारी को हाथी की सूँड़ तथा दाँत कटे हुए देखे हैं तथा अचानक प्रज्वलित अग्नि को बुझते हुए देखा है ।।५१।।

पीठे कृष्णायसे चैनं निषण्णं रक्तवाससम् ।
प्रहसन्तमिव राजानं प्रमदा परिषस्वजे ।। ५२।।
त्वरमाणश्च धर्मात्मा रक्तमाल्यानुलेपनः ।
रथेन खरयुक्तेन प्रयातो दक्षिणां दिशम् ।। ५३।।
प्रहसन्तीव राजानं प्रमदा रक्तवासिनी ।
प्रहसन्ती मया दृष्टा राक्षसी विकृतानना ।। ५४।।

मैंने राजा को काले लोहे की चौकी पर बैठे देखा है जिस पर वे रक्त वस्त्र धारण किये हुए हैं । राजा हँसते हुए स्त्रियों से घिरे हैं । फिर राजा शीघ्रता से गधा से जुते रथ पर सवार होकर दक्षिण दिशा को चले गये । मैंने हँसते हुए राजा को तथा लाल वस्त्रधारिणी स्त्री को देखा है । मैंने विकराल मुख वाली राक्षसी को भी हँसते हुए देखा है ।।५२-५३-५४।।

शुष्यतीव च मे कण्ठो न स्वस्थमिह मे मनः ।
अहं रामेऽथवा राजा लक्ष्मणो वा मरिष्यति ।। ५५।।
कच्चिदारोग्यता राज्ञि पृथिवीशे धुरन्धरे ।
कच्चिदारोग्यता रामे लक्ष्मणे वा महात्मनि ।। ५६।।
आर्या च धर्मनिरता धर्मज्ञा धर्मदर्शिनी ।
अरोगा चापि कौशल्या माता रामस्य धीमतः ।। ५७।।

मित्रो ! मेरा कण्ठ सूख रहा है, मेरा मन स्वस्थ नहीं है । लगता है मेरी या राम की या राजा की अथवा लक्ष्मण की मृत्यु होगी ।।५५।।

मेरे पिता पृथ्वीपति धुरन्धर राजा दशरथ सकुशल हैं ? राम एवं लक्ष्मण ये दोनों महात्मा सकुशल हैं ? ।।५६।।

माता कैकेयी जो कि धर्मज्ञा है, धर्मदर्शिनी है, धर्म में निरत हैं ? बुद्धिमान् राम की माता कौशल्या भी सुखपूर्वक हैं ? ।।५७।।

कच्चित्सुमित्रा धर्मज्ञा जननी लक्ष्मणस्य वा ।
शत्रुघ्नस्य च वीरस्य सारोगा चाऽपि मध्यमा ।। ५८।।
आत्मकामा समा चण्डी क्रोधना प्राज्ञमानिनी ।
अरोगा चापि कैकेयी माता मे किमुवाच ह ।। ५९।।
इति दृष्टा भरतेनैते स्वप्नास्सर्वे च दोषदाः ।
नूनमेतैर्यदमुष्याभूत्तातादीनां विपच्छङ्का ।। ६०।।

धर्मज्ञ लक्ष्मण की माता जो कि मझली रानी है, वही शत्रुघ्नजी की भी माता है वह सकुशल तो हैं ? और केवल स्वयं से प्रेम करने वाली (स्वयं को चाहने वाली) चण्डी के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समान क्रोधित रहने वाली स्वयं को अधिक बुद्धिमती मानने वाली मेरी माता कैकेयी कुशल पूर्वक तो हैं ? उनके क्या समाचार हैं ?

भरतजी को ये दोषसूचक प्रश्न इस प्रकार दिखायी दिये कि उन्हें अपने पिता आदि पर आने वाले संकट का आभास हो गया ॥५८-६०॥

स्वप्ने रुधिरम्मधं पिबति ब्राह्मणस्य विद्याप्तिः।
धनलाभस्त्वितरेषां योऽथ पुनः पश्यति स्वप्ने ॥ ६१॥

जो व्यक्ति स्वप्न में रुधिर या मद्य पीता है वह यदि ब्राह्मण है तो उसे विद्या प्राप्त होती है, यदि अन्य है तो उसे धनलाभ होता है ।

नृपहयगजकनकवृषाद्या अथवा रोहिणीपुरुषम्।
लभते चेक्षितमखिलं राज्ञश्चेद् राज्याप्तिरचिरेण॥ ६२॥

यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में राजा या शासक, घोड़ा, हाथी, स्वर्ण, बैल अथवा इन पर सवार पुरुष को देखता है तो उसकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं, उसे शीघ्र ही राज्याप्ति (लाल बत्ती की कार) प्राप्त होती है ॥६२॥

चामरचन्दनशङ्खान् मौक्तिकताम्बूलजातिकुसुमानि ।
धनमत्फलमित्येषां लाभः स्वप्ने जलूकायाः ॥ ६३॥

जिसे स्वप्न में चामर, चन्दन, शंख, मोती, ताम्बूल, चमेली पुष्प दिखायी दे तो उसे महर्थ वस्तुओं की प्राप्ति होती है । यदि स्वप्न में जलौका काट ले तो (सन्तान) प्राप्त होती है ॥६३॥

दंशश्च मक्षिकाया यस्य तनयधनलब्धिः।
महाराज्यकृदपि निकृष्टकुलजातस्य ॥ ६४॥
मलिने पङ्कजपत्रे मध्ये मनुजो योऽत्ति स लभते।
महतीं विद्यां महाजनैर्मान्याम्॥ ६५॥

इसी प्रकार जिस व्यक्ति को स्वप्न में मधुमक्खी का दंश हो उसे पुत्र तथा धन की प्राप्ति होती है । भले ही कोई व्यक्ति नीच या निकृष्ट कुल में उत्पन्न हो परन्तु उसे इस स्वप्न के संकेत से अवश्य ही राज्यप्राप्ति (अधिकार प्राप्ति) होती है ॥६४॥

जो मटमैले कमलपत्र के दौने में भोजन करता है उसे महान् विद्या प्राप्त होती है । वह बड़े-बड़े विशिष्ट व्यक्तियों तथा बहुसंख्यक समुदाय में प्रतिष्ठा प्राप्त करता है ॥६५॥

जलौका का अर्थ जौंक (Leech) नामक जलचर प्राणी है ।

स्वप्ने क्रौञ्चीं लब्ध्वा यो मनुजः कुक्कुटं वलाकां वा।
यदि बुध्येत लभेत प्रियगिरमप्यर्धतां कन्याम्॥ ६६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो व्यक्ति स्वप्न में क्रौंच पक्षी (मादा) अथवा मुर्गी या सारस को देखता या प्राप्त करता है उसे मधुर एवं प्रिय वचन बोलने वाली कन्या (पत्नी) प्राप्त होती है ॥६६॥

आसनशयनगृहेषु ज्वलिषु कलेवरे निजयाने।
अपि यः खलु बुध्येत स धनमचिरेणाप्नुयान्मनुजः ॥ ६७॥

जो स्वप्न में अपने आसन, शयन (पलंग आदि), घर, अपना शरीर या वाहन को जलते हुए देखता है तो उसे शीघ्र ही धन प्राप्त होता है ॥६७॥

रविराशिमण्डलवीक्षा रोग्यारोग्यकृदरोगधनलब्ध्यै।
उडुपरिवृतमुडुपतिमाभापूर्णम्पावकम्प्रदीप्तम् ॥ ६८॥

जो व्यक्ति स्वप्न में सूर्य-चन्द्र को मण्डल युक्त देखता है अथवा पूर्ण चन्द्रमा को कान्तियुक्त एवं तारागणो से घिरा देखता है तो यदि वह रोगी है तो शीघ्र निरोग हो जाता है। यदि निरोग है तो धन-धान्य से पूर्ण हो जाता है। प्रज्वलित अग्नि को देखने का भी यही फल होता है ॥६८॥

स्वप्ने पश्यति योऽयं फलं कुसुमं मुकुररत्नदधिकलशान्।
तण्डुलदुग्धादीन्यपि लभते समुपैति तं महालक्ष्मीः ॥ ६९॥

जो स्वप्न में फल, फूल, दर्पण, रत्न, दही, कलश, चावल, दूध आदि देखता है उसे शीघ्र ही विपुल समृद्धि प्राप्त होती है ॥६९॥

वत्सरतोऽष्टकतो वा मासत्रितयेन वासरैर्दशभिः।
रात्रेर्यामक्रमतो ज्ञेयः स्वप्नस्य फलपाकः ॥ ७०॥

रात्रि के प्रथम से लेकर अंतिम प्रहरों का स्वप्नफल क्रमशः एक वर्ष, आठ मास, तीन मास तथा दस दिनों में मिलता है ॥७०॥

इस अध्याय में वाल्मीकीय रामायण में भरतजी के सपनों की पुष्टि गोस्वामी तुलसी-दास जी ने अयोध्याकाण्ड के १५७वें दोहे में की है—

"अनरथ अवध अरंभेउ जबतें। कुसगुन होंहि भरत कहुं तबतें॥
देखहिं राति भयानक सपना। जागि करहिं कटु कोटिकल्पना" ॥

॥ इति प्रश्नमार्गे एकत्रिंशोऽध्यायः ॥ ३१॥

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का इकतीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥३१॥

—*—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ द्वात्रिंशोऽध्यायः

अथाष्टकवर्गः

पूर्वमष्टकवर्गोऽत्र सन्तत्यादिनिरूपणे ।
कथितः खलु तन्न्यासप्रकारोऽथ निगद्यते ।।१।।

पूर्व में सन्तति आदि प्रश्नों के विवेचन में अष्टक वर्ग का उल्लेख किया गया है, अब उसके न्यास की रीति लिखी जा रही है ।।१।।

सूर्याष्टकवर्गः

पुरवासदुग्धनाकं गतनयमाद्यं गुणाक्षिधनपारम् ।
शेषधियन्तु चेन्द्रं प्रथमं लघुतानकारमर्कस्य ।।२।।

सूर्याष्टक वर्ग में सूर्य अपने स्थान से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें, नौवें, दसवें तथा ग्यारहवें कुल आठ स्थानों में शुभ फल देता है । वही सूर्य चन्द्रमा से तीसरे, छठे, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में शुभ फल देता है । मंगल से प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम तथा दशम एवं एकादश स्थानों में शुभ फल देता है । बुध से तीसरे, पाँचवें, छठे, नौवें, दसवें एवं ग्यारहवें भाव में शुभ फल देता है । गुरु से पाँचवें, छठे, नौवें तथा ग्यारहवें में शुभ होता है । शुक्र से छठे, सातवें तथा बारहवें स्थान में शुभ होता है । शनि से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, दशम तथा एकादश स्थानों में शुभ होता है ।।२।।

इस श्लोक में अंकों को सूचित करने के लिये जैमिनिसूत्र में प्रयुक्त ''कटपयादि पद्धति'' का उपयोग किया गया है । जैसे 'पुरवासदुग्धनाकं' में पु=१, र=२, वा=४, स=५, दु=८, ध=९ । ये श्लोक जातकादेशमार्ग से ग्रहण किये गये हैं ।

सूर्याष्टक वर्ग में लग्न से सूर्य तीसरे, चौथे, छठे, दसवें, ग्यारहवें तथा बारहवें स्थानों में शुभ फल देता है ।

चन्द्राष्टकवर्गः

गतिसहनीयं कुलितस्थानास्यै रोगौषधा मत्यै ।
कुलवंशं सञ्जयन् पीठावासो जनयस्येन्दोः ।।३।।

यह श्लोक अधूरा है । लगता है यह नष्ट हो गया है तथा जातकादेशमार्ग में यह नहीं है । इसमें केवल ३४ वर्ण हैं जिनसे केवल ३४ संख्या ही प्रकट होती है, जब कि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्राष्टक वर्ग में शुभ स्थानों की संख्या ४९ होती है । जातकादेशमार्ग में यह श्लोक निम्न प्रकार से है—

"लूतः सिंहनटं कुजान्तसनिकं श्रीबाणतालानटं
काले धर्मसदानकं परवसाहीनो यमित्थं विधोः ।
वर्गन्यस्य तु गर्भमासधनिकं गोणान्तिकं चाष्टमं
गीतिज्ञोयमिति क्रमेण कथितं सूर्यादिलग्नान्तिकम्" ।।

इस श्लोक के अनुसार चन्द्राष्टक वर्ग में चन्द्रमा सूर्य से तीसरे, छठे, सातवें, आठवें तथा दसवें स्थानों में शुभ फल देता है । अपने स्थान से प्रथम, तृतीय, षष्ठ, सप्तम, दशम, एकादश स्थानों में; मंगल से दूसरे, तीसरे, पाँचवें, छठे, नवें, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में; बुध से पहले, तीसरे, चौथे, पाँचवें, सातवें, आठवें तथा ग्यारहवें स्थानों में; गुरु से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में; शुक्र से तीसरे, चौथे, पाँचवें, सातवें, नवें, दसवें, ग्यारहवें स्थानों में; शनि से तीसरे, पाँचवें, छठे, ग्यारहवें स्थानों में तथा लग्न से तीसरे, छठे, दसवें तथा ग्यारहवें भाव में शुभ फल देता है ।।३।।

भौमाष्टकवर्गः

भौमस्य बाणतनयं लिप्ताद्यं पुत्रवत्सदीनाढ्यम् ।
गुणतुष्टस्तनयारिष्टतेजःपात्रं कविः सदा धनिकम् ।।४।।

मंगल अपने अष्टक वर्ग में सूर्य से तीसरे, पाँचवें, छठे, दसवें, ग्यारहवें स्थानों में; चन्द्रमा से तीसरे, छठे एवं ग्यारहवें स्थानों में; अपने (मंगल के) स्थान से प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम, दशम, एकादश भावों में; बुध से तीसरे, पाँचवें, छठे, ग्यारहवें भावों में; गुरु से छठे, दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भावों में; शुक्र से छठे, आठवें, ग्यारहवें तथा बारहवें भावों में; शनि से पहले, चौथे, सातवें, आठवें, नवें, दसवें तथा ग्यारहवें भावों में तथा लग्न से पहले, तीसरे, छठे, दसवें, ग्यारहवें भावों में शुभ फल करता है ।।४।।

बुधाष्टकवर्गः

कलितनयश्चेदर्काद् गदितं वाक्यं क्रमेण लग्नान्तम् ।
शीतलपात्रं रंभातज्जनकं पुत्रवासदुग्धनयम् ।।५।।
यागशतो धनपारं तेजःकरं पुत्रगर्भमदधन्यम् ।
यात्रावसुदलनष्टं पुरभक्तजनाढ्यमिन्दुपुत्रस्य ।।६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इन्दुपुत्र (बुध) के सूर्य से पाँचवें, छठे, नवें, ग्यारहवें तथा बारहवें स्थान शुभ हैं। यह चन्द्रमा से दूसरे, चौथे, छठे, आठवें, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में शुभ है । मंगल से प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम, नवम, दशम तथा एकादश स्थानों में शुभ होता है। बुध स्वयं अपने स्थान से पहले, तीसरे, पाँचवें, छठे, नवम, दसवें, ग्यारहवें तथा बारहवें स्थानों में शुभ है । गुरु से छठे, आठवें, ग्यारहवें तथा बारहवें भावों में शुभ है । शुक्र से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, आठवें, नौवें तथा ग्यारहवें स्थान में शुभ है। शनि से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें, नौवें, दसवें तथा ग्यारहवें में शुभ है । लग्न से पहले, दूसरे, चौथे, छठे, आठवें, दसवें, ग्यारहवें में शुभ होता है ।।५-६।।

गुर्वष्टकवर्गः

जीवस्य पुत्रलाभैस्सन्दिग्धनयं रणार्थन्धैर्यञ्च।
पुरवसुजनकं परवशतालनटं पात्रलाभसौजनिकम् ।।७।।
श्रीमति धनिकं गौणी तारं परवर्णतुच्छधानुष्कम् ।

गुरु के अष्टक वर्ग में वह सूर्य से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, सातवें, आठवें, नौवें, दसवें तथा ग्यारहवें स्थान में शुभ है । चन्द्रमा से दूसरे, पाँचवें, सातवें, नौवें तथा ग्यारहवें स्थान में; मंगल से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें, नौवें, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में; बुध से पहले, दूसरे, चौथे, पाँचवें, छठे, नवम, दसवें तथा ग्यारहवें में; गुरु से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, सातवें, आठवें, दसवें तथा ग्यारहवें भावों में; शुक्र से दूसरे, पाँचवें, छठे, नौवें, दसवें, ग्यारहवें में; शनि से तीसरे, पाँचवें, छठे तथा बारहवें में तथा लग्न से पहले, दूसरे, चौथे, पाँचवें, छठे, सातवें, नवम, दसवें तथा ग्यारहवें स्थानों में शुभ होता है । (इस प्रकार) गुरु के कुल ५६ स्थान शुभ होते हैं ।।७-७$^{1}/_{2}$।।

शुक्राष्टकवर्गः

निदधातु शुक्रवर्गं दैत्येन्द्रं पात्रलवणदुग्धकरम् ।।८।।
लाभस्तब्धाकारं गुणेषु धन्या मही धनिका ।
पुरलवणदुग्धनष्टं लवमदधनिका परागविशदधियम् ।।९।।

शुक्र अपने अष्टक वर्ग में सूर्य से आठवें, ग्यारहवें तथा बारहवें स्थान में; चन्द्रमा से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, आठवें, नौवें, ग्यारहवें तथा बारहवें भावों में; मंगल से तीसरे, चौथे, छठे, नवें, ग्यारहवें तथा बारहवें में; बुध से तीसरे, पाँचवें, छठे, नवें, ग्यारहवें में; गुरु से पाँचवें, आठवें, नौवें, दसवें, ग्यारहवें में; शुक्र से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, आठवें, नौवें, दसवें तथा ग्यारहवें में; शनि से तीसरे चौथे, पाँचवें, आठवें, दसवें तथा ग्यारहवें में तथा लग्न से पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, आठवें, नौवें, ग्यारहवें स्थान में शुभ होता है ।।८-९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसमें कुल ५२ स्थान शुभ होते हैं ।

शन्यष्टकवर्गः

मन्दस्य परावस्थाजनका लतिका गुणस्तनाकारम् ।
तेजोधीनाकारं मोक्षकरं तस्करं गुणस्तेयम् ।।१०।।
कुलवित्तनयं चेति क्रमशोऽक्षरसंख्ययामयोक्तानि ।
एतैः स्वाधिष्ठितभादुक्तस्थानेषु विन्यसेद् दक्षम् ।।११।।

शन्यष्टक वर्ग में शनि सूर्य के स्थान से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें, दसवें तथा ग्यारहवें में; चन्द्रमा से तीसरे, छठे, ग्यारहवें में; मंगल से तीसरे, पाँचवें, छठे, दसवें, ग्यारहवें तथा बारहवें में; बुध से छठे, आठवें, नवें , दसवें, ग्यारहवें तथा बारहवें में; गुरु से पाँचवें, छठे, ग्यारहवें, बारहवें में; शुक्र से छठे, ग्यारहवें तथा बारहवें में; शनि से तीसरे, पाँचवें, छठे तथा ग्यारहवें में और लग्न से पहले, तीसरे, चौथे, छठे, दसवें तथा ग्यारहवें में शुभ होता है ।

इस प्रकार मैंने पूर्व श्लोकों में संख्याओं को वर्णमाला के अक्षरों द्वारा सूचित किया है। जन्मकुण्डली में स्व-स्व अधिष्ठित राशि से इन संख्याओं वाले भावों में शुभसूचक चिह्न अंकित करना चाहिए ।।१०-११।।

यहाँ इन श्लोकों में शून्य (०) सूचक वर्णों को दस के स्थान पर प्रयुक्त किया है। जहाँ दस के पश्चात् का कोई अंक सूचित किया है तो वहाँ एक के स्थान पर ग्यारह तथा दो के स्थान पर बारह समझना चाहिए। जैसे इस ग्यारहवें श्लोक में "कुलवित्तनयं" इस शब्द में कु=१, ल=३, वि=४,त्त=६, न=१० और यं=१=११ इस प्रकार लग्न से शनि के शुभ स्थान सूचित किये गये हैं। यह बात आगे के श्लोक में स्पष्ट की गयी है ।

स्पष्टीकरणम्

शून्योक्तं दशमः याल्पापूर्वात्तु संख्यया ।
स एकद्विपरा वदति क्रमेण लाभव्ययाविति न्यायः ।।१२।।

अर्थात् शून्य से दसवीं संख्या, यवर्ग, पवर्ग आदि से संख्या परन्तु वही संख्या दस से अधिक होने पर उस में दस अधिक एक, दस अधिक दो इस प्रकार ११-१२ की संख्याएं सूचित की गयी हैं ।।१२।।

विशेष—यह ग्रन्थ दक्षिण भारत में लिखा गया है। उत्तर भारत में अष्टक वर्ग में शुभसूचक चिह्न रेखा है तथा अशुभसूचक चिह्न बिन्दु (शून्य) माना गया है ।

परन्तु दक्षिण भारत में बिन्दु (०) को शुभ तथा रेखा (।) को अशुभ माना गया है, इसलिए ग्रन्थ में शुभसूचक बिन्दु का निर्देश ही मिलता है। इससे फल में कोई अन्तर नहीं पड़ता है। ज्योतिषी अपनी सुविधा से चिह्न का उपयोग कर सकते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आगे स्पष्टीकरण के लिए सूर्य से शनि पर्यन्त सातों ग्रहों के तथा लग्न सहित आठ अष्टक वर्ग चक्र दिये जा रहे हैं ।

सूर्याष्टक वर्ग चक्र, रेखा ४८

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
१	३	१	३	५	६	१	३
२	६	२	५	६	७	२	४
४	१०	४	६	९	१२	४	६
७	११	७	९	११		७	१०
८		८	१०			८	११
९		९	११			९	१२
१०		१०	१२			१०	
११		११				११	
आठ	चार	आठ	सात	चार	तीन	आठ	छह

चन्द्राष्टक वर्ग, रेखा ४९

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
३	१	२	१	१	३	३	३
६	३	३	३	४	४	५	६
७	६	५	४	७	५	६	१०
८	७	६	५	८	७	११	११
१०	१०	९	७	१०	९		
११	११	१०	८	११	१०		
		११	१०	१२	११		
			११				
छह	छह	सात	आठ	सात	सात	चार	चार

भौमाष्टक वर्ग, रेखा ३९

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
३	३	१	३	६	६	१	१
५	६	२	५	१०	८	४	३
६	११	४	६	११	११	७	६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
१०		७	११	१२	१२	८	१०
११		८				९	११
		१०				१०	
		११				११	
पाँच	तीन	सात	चार	चार	चार	सात	पाँच

बुधाष्टक वर्ग, रेखा ५४

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
५	२	१	१	६	१	१	१
६	४	२	३	८	२	२	२
९	६	४	५	११	३	४	४
११	८	७	६	१२	४	७	६
१२	१०	८	९		५	८	८
	११	९	१०		८	९	१०
		१०	११		९	१०	११
		११	१२		११	११	
पाँच	छह	आठ	आठ	चार	आठ	आठ	सात

गुर्वष्टक वर्ग, रेखा ५६

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
१	२	१	१	१	२	३	१
२	५	२	२	२	५	५	२
३	७	४	४	३	६	६	४
४	९	७	५	४	९	१२	५
७	११	८	६	७	१०		६
८		१०	९	८	११		७
९		११	१०	१०			९
१०			११	११			१०
११							११
नौ	पाँच	सात	आठ	आठ	छह	चार	नौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्राष्टक वर्ग, रेखा ५२

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
८	१	३	३	५	१	३	१
११	२	४	५	८	२	४	२
१२	३	६	६	९	३	५	३
	४	९	९	१०	४	८	४
	५	११	११	११	५	९	५
	८	१२			८	१०	८
	९				९	११	९
	११				१०		११
	१२				११		
तीन	नौ	छह	पाँच	पाँच	नौ	सात	आठ

शन्यष्टक वर्ग, रेखा ३९

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न
१	३	३	६	५	६	३	१
२	६	५	८	६	११	५	३
४	११	६	९	११	१२	६	४
७		१०	१०	१२		११	६
८		११	११				१०
१०		१२	१२				११
११							
सात	तीन	छह	छह	चार	तीन	चार	छह

लग्नाष्टक वर्ग

इस प्रसंग में लग्नाष्टक वर्ग का उल्लेख ग्रन्थकार ने नहीं किया है। परन्तु आवश्यक होने से पाठको के हितार्थ उसके चक्र मात्र यहाँ दिये जा रहे हैं। लग्नाष्टक वर्ग में मतान्तर है। बहु प्रचलित मत से लग्नाष्टक वर्ग में कुल शुभ स्थान ४९ होते हैं। शंभुहोराप्रकाश के मत से ४८ शुभ स्थान लग्न के माने गये हैं। परन्तु अन्य मत लग्नाष्टक वर्ग में ५२ शुभ स्थानों को मानता है। अस्तु, आगे तीनों को ही दिया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लग्नाष्टक वर्ग के विभिन्न चक्र

प्रचलित मत से

लग्नेरेखा ४९

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	ल.
३	३	१	१	१	१	१	३
४	६	३	२	२	२	३	६
६	१०	६	४	४	३	४	१०
१०	११	१०	६	५	४	६	११
११		११	८	६	५	१०	
१२			१०	७	८	११	
			११	९	९		
				१०	११		
				११			

द्वितीय मत से

लग्नस्याष्टकवर्गाङ्काः ५२

ल.	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
१	३	३	१	१	१/२	१	१
३	४	६	३	२	४	२	३
४	६	१०	६	४	५	३	४
५	१०	११	१०	६	६	४	६
७	११		११	८	७	५	१०
९				१०	९	८	११
१०				११	१०	९	
११					११	११	

शम्भुहोराप्रकाश के मत से

लग्नेरेखा ४८

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	ल.
३	३	१	१	१	१	१	३
४	६	३	२	२	२	३	६
६	१०	६	४	४	३	४	१०
१०	११	१०	६	५	४	६	११
११		११	८	६	५	१०	
१२			१०	७	८	११	
			११	९	९		
				१०			
				११			

"शंभुहोराप्रकाश" ने लग्नाष्टक वर्ग में (शुक्र के स्थान से) जो वाक्य दिया है वह है—"कारागावो मन्दधीः स्यात्" । इसमें कटपयादि पद्धति से—क=१, रा=२, गा=३, वो=४, म=५, द=८ तथा धी=९ इस प्रकार इन स्थानों में लग्न का शुभ फल शुक्र के स्थान से लग्न का शुभ फल होता है । इसमें प्रचलित मत से एक स्थान कम है ।

शंभुहोराप्रकाश में राहु का भी अष्टक वर्ग दिया गया है । उसे उसी ग्रन्थ में देखें ।

बृहज्जातकसन्दर्भकथनम्

स्वादर्कादिक्रमतो निहितेऽष्टकवर्गेऽक्षमिह पतितम्।
यत्प्राक् शुध्यति पूर्वं तदथ निपतनक्रमादितरत्।।१३।।

"स्वादर्कः" से बृहज्जातक का अष्टवर्गाध्याय (९) का प्रथम श्लोक प्रारंभ होता है । ग्रन्थकार कहते हैं—उसमें ग्रहों का जो क्रम है उससे रेखाओं (शुभ चिह्नों या बिन्दुओं) का लिखकर उनका त्रिकोण शोधन प्रथमादि क्रम से करते हैं ।

शुभचिह्नसंख्याफलकथनम्

त्रिद्व्येकाक्षयुतः शून्यो यो राशिः सोऽधमः क्रमात् ।
मध्यमश्चतुरक्षः स्यात्पञ्चाधक्षः क्रमाच्छुभः ।।१४।।

अष्टक वर्ग में तीन शुभ चिह्नों वाली राशि अधम, दो चिह्न वाली राशि अधमतर, तीन चिह्न वाली अधमतम होती है । चार शुभ स्थान मध्यम, इसके ऊपर ५ शुभ, छ और भी अधिक शुभ होते हैं । यह दशाध्यायी में स्पष्ट कहा गया है ।।१४।।

सूर्यरेखाफलम्

सूर्यस्याष्टसु बिन्दुषु क्षितिपतेराप्ता विभूतिर्धनं
सप्तस्वद्भुतकान्तिसौख्यविभवः षट्सु प्रतापोन्नतिः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चस्वर्थसमागमः सदसतोः साम्यं चतुष्के त्रिके
त्वध्वश्रान्तिकरो द्विके गदभयं रूपेऽथ शून्ये मृतिः ।।१५।।

अष्टक वर्ग में सूर्य को जिस राशि में आठ शुभ चिह्न मिलें उसमें सूर्य का गोचर भ्रमण होने पर जो उच्चवर्गीय व्यक्ति है उसे विभूति एवं धन की प्राप्ति होती है। सात शुभ फल होने पर अद्भुत कान्ति प्राप्त होती है। छह से प्रतापवृद्धि, पाँच से अर्थलाभ, चार से मध्यम, तीन से श्रांति, दो से रोगभय तथा उससे कम में मृत्यु होती है ।।१५।।

चन्द्ररेखाफलम्

इन्दोर्भोगविभूतिकान्तिसुहृदो वस्त्रान्नगन्धोत्सव-
सन्मन्त्रद्विजसङ्गमो धृतिमती निर्दुःखसौख्या स्थितिः ।
द्वेषे बन्धुजनैः प्रियार्थकलहोऽकस्माद्विपद्दुस्तरा
शोको द्वेषविधाभयञ्च नवकं प्रोक्तं फलानामिदम् ।।१६।।

जब अपने वर्ग में चन्द्रमा भ्रमण करे तो वह शुभ स्थानों की संख्या के अनुसार आठ शुभ चिह्न में भोगप्रद, कान्तिप्रद, विभूतिदायक तथा सुहृदों का सहयोगदायक होता है। जब सात शुभ स्थानों में हो तो वस्त्रलाभ, गन्धमाल्यादि लाभ, सुभोजन तथा सत्संग देता है। छह रेखा (शुभ) होने पर बुद्धि की वृद्धि होती है। पाँच शुभ होने पर सुख मिलता है। चार शुभ होने पर समता, तीन शुभ होने पर आकस्मिक विपत्ति होती है जो कठिन होती है। दो रेखा में शोक प्राप्त होता है तथा एक रेखा होने पर भय होता है।

इस प्रसंग में शुभ शब्द का अर्थ उत्तर भारत वाले रेखा का तथा दक्षिणी लोग बिन्दु समझें ।

भौमरेखाफलम्

भौमस्यार्थमहीसपत्नविजयास्योत्थोत्थतत्सम्पदो
राज्ञो वल्लभता प्रसन्नगुणता साम्यं विपत्सम्पदोः ।
भ्रातृस्त्रीविरहप्रियार्थकलहशशस्त्राग्निपित्तज्वर-
स्फोटैर्दूषितदेहताजररुङ्मूर्च्छाक्षिरुङ्मृत्यवः ।।१७।।

भौम के अष्टक वर्ग में जिस राशि में आठ रेखा हो उसमें गोचर भ्रमणवश सूर्य के पहुँचने पर भूमि की प्राप्ति तथा शत्रुओं पर विजय होती है। सात शुभ होने पर सम्पत्ति प्राप्त होती है। छह शुभ की प्राप्ति हो तो प्रसन्नता मिलती है। पाँच की शुभता में सम्पत्ति तथा विपत्ति में समानता रहती है। चार रेखा (शुभ चिह्न) होने पर भाई तथा पत्नी से विरह होता है। तीन रेखा होने पर स्त्री के कारण कलह होता है। दो शुभ चिह्न होने पर शस्त्रभय, अग्निभय, पित्तज्वर आदि होते हैं। एक शुभ हो तो शरीर में फोड़े-फुंसी होते हैं। शून्य होने पर मूर्च्छा, नेत्ररोग तथा मृत्यु होती है ।।१७।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सौम्यफलम्

ज्ञस्य क्ष्मापतिमान्यता द्रविणधीविज्ञानसौख्याप्तयः
सर्वोद्योगफलोदयो नवसुहृत्प्राप्तिर्निरुद्योगता ।
चिन्ता व्याकुलता त्रिदोषजनिता रोगाद्बलाद्बन्धनं
व्यापत्क्लेशपरम्परापरिभवस्सर्वस्वहान्या मृतिः ॥१८॥

यदि उस राशि में आठ शुभ हों तो राज्य शासन से विशेष सम्मान की प्राप्ति (गणित, कला, शिल्प या कम्प्यूटर विज्ञान आदि के लिए विशेष पुरस्कार की उपलब्धि) होती हैं । सात शुभ होने पर धनप्राप्ति एवं बौद्धिक उन्नति होती है । छह शुभ होने पर सौख्य प्राप्ति होती हैं । पाँच शुभ होने पर सभी उद्यागों में सफलता तथा नये मैत्री सम्बन्ध होते हैं ।

चार की संख्या में यदि शुभत्व प्राप्त हो तो निरुद्योगिता होती है । तीन की संख्या होने पर चिन्ता तथा व्याकुलता होती है तथा त्रिदोषजन्य विकार होते हैं । दो की संख्या में जिस राशि में शुभत्व हो उसके गोचर भ्रमण में मंगल के पहुँचने पर बलपूर्वक बन्धन होता है, क्लेश की परम्परा चलती रहती है । एक होने पर पराभव तथा हानि एवं शून्य होने पर मृत्यु होती है ॥१८॥

गुरुशुभफलम्

सूरेर्भूपतिपट्टबन्धविभवा नानार्थसौख्योदयो
वासो वाहनहेमलब्धिसहितध्वंसक्रियाः सिद्धयः ।
लाभच्छेदविहीनता श्रवणरुक् पुंसः प्रणाशादयो
भूभृत्कोपनमर्थबन्धुविहतिर्बुध्यर्थपुत्रक्षयः ॥१९॥

जब बृहस्पति अपने अष्टक वर्ग की उस राशि में गोचर भ्रमण कर रहा हों जिसमें आठ शुभ हो तो राजपक्ष से विशेष प्रमाणपत्र या अनुज्ञापत्र मिलता है । यदि सात शुभ चिह्न प्राप्त हों तो वैभव तथा अनेक प्रकार का आर्थिक सुख प्राप्त होता है । यदि छह शुभ हो तो वस्त्र तथा वाहनदि का लाभ होता है । पाँच शुभ होने पर स्वर्णप्राप्ति होती है । चार शुभ होने पर अहितकर ध्वंस क्रियाएँ सिद्ध होती हैं । तीन शुभ होने पर उद्योग तथा धन्धे में प्राप्त लाभ का छेदन हो जाता है अर्थात् उसमें हानि हो जाती है, किसी बाधा के कारण लाभ नष्ट हो जाता है, कानों में बीमारी तथा दुर्घटना आदि होती है । दो शुभ होने पर व्यक्ति पर राजा का क्रोध होता है तथा बन्धुहानि होती है । एक शेष होने पर बुद्धि तथा धन की हानि होती है, पुत्रपक्ष से कष्ट होता है ॥१९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्रफलम्

शुक्रस्याखिलभोगवस्त्रवनितापुष्पासनावाप्तयो
भूषामौक्तिकपुष्टयः प्रियवधूलाभसुहृत्सङ्गमः ।
मध्यस्थः शुभपापयोर्जनपदग्रामादिविद्वेषता
स्थानभ्रंशरुजाकफाम्बुविषभेस्सर्वापदां सङ्गमः ।।२०।।

यदि शुक्र को किसी राशि में जन्मकुण्डली में आठ शुभ स्थान प्राप्त हों तो जिस समय गोचर में विचरण करता हुआ शुक्र उस राशि में आयेगा उस समय सम्पूर्ण भोगों की, वस्त्रादि, स्त्री, पुष्पमाल्यादि सुगन्धित पदार्थ तथा उत्तम भोजन की प्राप्ति होती है । सात शुभ स्थान होने पर सुन्दर भूषा, मोती की प्राप्ति तथा पुष्टि होती है । छह शुभ स्थान होने पर प्रिय स्त्री का संयोग होता हैं , पाँच रेखा में मित्रों का संगम होता हैं । चार रेखा का फल मध्यम होता है, अच्छे-बुरे दोनों फल मिलते हैं । तीन शुभ होने पर जातक समाज, ग्राम तथा जनपद आदि में अलोकप्रिय होता है, उसे अपना पद छोड़ना पड़ता है, स्थानभ्रष्ट होकर मारा-मारा फिरना पड़ता है । दो शुभ स्थान प्राप्त हों तो रोगपीड़ा, कफविकार एवं जल से भय होता है । यदि एक शुभ स्थान हो तो विष का भय तथा सभी आपत्तियों का संगम होता है ।।२०।।

शनिशुभस्थानफलम्

सौरे ग्रामपुरादिकाधिपतिता दासीखरोष्ट्राप्तयः
पूजाचोरनिषादसैन्यपतिभिः धान्यौघलाभागमः ।
नार्तिर्नाधिकसौख्यतासुखवधूभृत्यार्थविध्वंसनं
बन्धोद्वेगरुजापरा मलिनता भाग्यादिसर्वक्षयः ।।२१।।

शनि के अष्टक वर्ग में जिस राशि में आठ शुभ स्थान प्राप्त हों तो गोचर भ्रमण करते हुए जब वह उस राशि में प्रवेश करता है तब ग्राम-पुरादि का आधिपत्य प्राप्त होता है अर्थात् यदि वह राजनीति में है तो उसे ग्रामपंचायत प्रधान, सरपंच अथवा नगरपालिका या नगरनिगम के अध्यक्ष का पद प्राप्त होता है अथवा उसके शासकीय सेवक होने पर उसे अन्य अधिकार प्राप्त होता है जिनकी सीमा उस पूरे नगर तक होती है । यदि वह व्यापारी है तो उसे उस गाँव या महानगर में माल विक्रय करने की सोल एजेन्सी आदि प्राप्त होती है ।

यदि सात शुभ स्थान प्राप्त हों तो नौकर-नौकरानी, ऊँट, घोड़ा (वाहन) सुख प्राप्त होता है । छह शुभ स्थान प्राप्त होने पर उसे चोरों, निषादों तथा माफिया गिरोहों के सम्पर्क से अर्थलाभ होता है (दो नम्बर का धन, कालाबाजारी आदि में सफलता मिलती है) । पाँच शुभ स्थान प्राप्त होने पर भी इन सबका सुख रहता है । चार शुभ स्थानों के रहने पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समानता रहती है, न अधिक पीड़ा होती है और न सुख मिलता है । तीन रेखा होने पर सुख की हानि, पत्नी की हानि एवं धन की हानि होती है । तीन शुभ स्थान हों तो नौकरों की हानि तथा धननाश, उद्योग-धन्धे-व्यवसाय की हानि होती है । दो शुभ स्थानों की प्राप्ति में कुटुम्बी जनों से कष्ट तथा रोग होता है । एक ही शुभ स्थान रहने पर शरीर की कान्ति फीकी पड़ जाती है, मलिन-वेष में रहना पड़ता है, भाग्यादि सम्पूर्ण शुभ फलों की हानि होती है ।।२१।।

विशेषफलम्

शून्ये राशिरनिष्ट एव सकलस्साष्टर्क्ष इष्टस्तथा
सप्ताक्षोऽपि यदक्षमत्र पतितन्नो तस्य कक्ष्या शुभा ।
एकाक्षोऽपि यदक्षमत्र पतितं कक्षा तदीया शुभा
न्यायस्सर्वग्रहेष्वयं विवरणे सोक्तोऽथ सोऽप्युच्यते ।।२२।।

यदि किसी राशि में शून्य प्राप्त हो तो सम्पूर्ण शुभ फल का नाश होता है । यदि किसी राशि में सात शुभ स्थान भी प्राप्त हों परन्तु यदि उस समय वह ग्रह अशुभ ग्रह की कक्ष्या में भ्रमण कर रहा हो तो शुभ फल की प्राप्ति होती हैं । इसके विपरीत यदि उस राशि में एक ही शुभ क्यों न प्राप्त हो यदि वह ग्रह शुभ ग्रह की कक्ष्या में विचरण कर रहा है तो वह शुभ फल प्रदान करेगा ।

सभी ग्रहों के अष्टक वर्ग फल में यह नियम लागू होता है ।।२२।।

कक्ष्या-परिचय—एक राशि में आठ कक्ष्या होती है अत: तीस अंशों में आठ का भाग देने पर प्रत्येक कक्ष्या ३ अंश ४५ कला की होती है । उसमें (१) शनि, गुरु, मंगल, सूर्य, शुक्र, बुध, चन्द्र तथा लग्न ये आठ कक्ष्याधिपति होते हैं । इनमें शुभ ग्रहों की कक्ष्या में शुभ फल तथा अशुभ ग्रहों की कक्ष्या में अशुभ फल होता है । अब प्रत्येक ग्रह का राशि भोगकाल भी भिन्न-भिन्न रहता है; यथा सूर्य का ३० दिन, चन्द्रमा का १३५ घटी, मंगल का ४५ दिन, बुध का २१ दिन, गुरु का ३९० दिन, शुक्र का २७ दिन, शनि का ९०० दिन मध्यम मान से होता है । इस राशि भोगकाल में ८ का भाग देने पर जो कालांश प्रत्येक ग्रह का होता है वह नीचे दर्शाया गया है—

कोष्ठभोगकाल चक्र

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	लग्न	**ग्रह**
०	०	०	०	१	०	३	०	**मास**
३	०	५	३	१८	५	२२	०	**दिन**
४५	१६	३	१७	५४	५१	३०	०	**घटी**
०	५१	३९	०	०	०	०	३२॥	**पल**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लिया कि शनि किसी की कुण्डली में शुभ फलदायक है तथा वह किसी राशि में सात शुभ स्थान दे रहा है, शनि एक राशि में ढाई वर्ष तक रहता है—यह मध्यम मान है तो क्या पूरे समय में शनि अपना शुभ फल देगा ? ऐसा नहीं होगा, क्योंकि शनि प्रारंभ के ३ मास, २२ दिन, ३० घटी तक अपनी कक्ष्या का फल देगा। इसके पश्चात् ७ मास १५ तक अर्थात् अगले ३ मास २२$\frac{१}{२}$ घटी तक वह गुरु की कक्ष्या में रहेगा तदनुसार ही फल देगा। फिर इसके आगे इतने ही दिनों तक मंगल की कक्षा रहेगी। सभी ग्रहों के अष्टक वर्ग में ग्रहों की कक्षा का क्रम शनि से ही प्रारंभ होता है। कक्ष्या क्रम से अष्टक वर्ग लगाने की प्रक्रिया को प्रस्ताराष्टक वर्ग कहते हैं। श्लोक १५ से २२ तक दशाध्यायी के हैं।

फलयोजनदृष्टान्तः पद्येनानेन दर्शितः ।
तदनु सूर्यादीनामष्टवर्गफलं पृथग् वक्ष्यामः ॥२३॥

यहाँ पर यह फलकथन का प्रकार दशाध्यायी से है, अब आगे पुनः सूर्यादि अष्टक वर्गों का फल कहते हैं ॥२३॥

ग्रन्थकारमतेन सूर्यादीनामष्टकवर्गफलम्

मार्तण्डाष्टकवर्गके बहुफले मासे विवाहादिकं
सर्वं कर्म शुभं शुभार्थिभिरथो कार्यस्य चारम्भणम् ।
दूरे वा गमनं फलाय न चिराद् धर्माश्च कार्याः परे,
नाल्पाक्षे चरतीन एतदखिलं कार्यं फलप्रेप्सुभिः ॥२४॥

जिस राशि में सूर्याष्टक वर्ग में बिन्दुओं की अधिकता (पाँच से अधिक) हो तो उस मास में विवाहादि तथा समस्त शुभ कर्म करना चाहिए, उसमें सफलता मिलती है।

उस मास में दूर की यात्रा सफल होती है। सभी धार्मिक कार्य अनुष्ठानादि सफल होते हैं।

परन्तु यदि उस राशि में चार या उससे भी कम शुभ चिह्न हों तो शुभ कार्य नहीं करना चाहिए, अन्यथा सफलता प्राप्त नहीं होती है ॥२४॥

शुभदिशाकथनम्

अक्षाधिकायां दिशि दतवासः सेव्यः शिवो भूमिपतिश्च भृत्यै ।
शिवप्रदीपा वनिपाश्च दृश्या देवार्चनं तद्दिशि च स्वगेहे ॥२५॥

(१) मेष-सिंह-धनु ये पूर्व दिशा की राशियाँ हैं, (२) वृष-कन्या-मकर ये दक्षिण की, (३) मिथुन-तुला-कुंभ ये पश्चिम की, (४) कर्क-वृश्चिक-मीन ये उत्तर की हैं। इनके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुभ फलों (रेखा या बिन्दु) का योग करें, जिस दिशा में अधिक शुभ फल हों उस दिशा में (अपने घर या गाँव से) भगवान् शिव का मन्दिर निर्माण करायें तथा क्षेत्रपाल (भूमिपति) की गणों सहित आराधना करें। अपने घर में उसी दिशा के देवालय में देवपूजन, दीपदान आदि के लिए जाना चाहिए तो अतिशुभ फल मिलता है ॥२५॥

सूर्यस्य आदिमध्यान्तेषु फलम्

सूर्याधिष्ठिततत्तनूजनवमादीनां चतुष्कत्रये
यान्यक्षाण्यभियुज्य तानि तु पृथक् बह्वक्षताद्ये यदि।
आद्योंऽशो दिवसस्य कर्मसु शुभो मध्यो द्वितीये यदि
त्र्यंशोऽन्त्यस्तु तृतीयके यदि पुनः स्वल्पाक्षभागोऽशुभः ॥२६॥

अब सूर्याष्टक वर्ग में मेषादि द्वादश राशियों के तीन खण्ड करें। सूर्याधिष्ठित राशि (जन्मकुण्डली में) से प्रथम चार राशियों में जितने शुभ फल हों उनका योग प्रथम खण्ड कहलायेगा। फिर पाँचवीं से आठवीं राशि पर्यन्त के शुभ फलों का योग मध्य खण्ड होगा। तथा नौवीं से बारहवीं राशि पर्यन्त का शुभ फल योग तृतीय (अन्तिम) खण्ड में होगा।

अब यदि सूर्याधिष्ठित राशि से प्रथम चार राशियों में शुभ फल योग अधिक होगा तो दिन का प्रथम भाग शुभ रहता है। यदि द्वितीय खण्ड (सूर्याधिष्ठित राशि से ५-६-७-८ राशियों वाला भाग) में शुभ फल योग अधिक हो तो दिन का मध्य भाग सफलता दायक होता है। यदि तृतीय खण्ड में शुभ योग अधिक हो तो दिन का अन्तिम भाग सफलतादायक होता है ॥२६॥

दिनमान में तीन का भाग देकर प्रत्येक खण्ड का मान ज्ञात होता है।

चन्द्राष्टकवर्गस्य विशेषफलम्

शीतांशोरष्टवर्गे बहुफलभवने सन्निषण्णे शशाङ्के
चौलाद्यं कर्म कुर्यात्सकलमभिमतं प्रारभेतापि कार्यम्।
पूर्णाक्षर्क्षेन्दुजाता युवतिरपि पतिर्भूपतिः सेवको वा
भृत्यश्छात्रो गुरुर्वा सुहृदपि नियतं सम्पदे सम्भवेयुः ॥२७॥

जब चन्द्र उस राशि में हो जिसमें उसके अष्टक वर्ग में शुभ फल की अधिकता हो तो उस राशि के चन्द्र में जातक को चौल (मुण्डन) आदि समस्त शुभ कार्य करने चाहिए। उस राशि में नये शुभ कार्यों को प्रारंभ करना ठीक रहता है। ऐसी राशि में जिस स्त्री या पुरुष या मित्र, अधिकारी, शासक, सेवक आदि का जन्म हुआ हो वह जातक के लिए सम्पत्तिदायक होता है ॥२७॥

मान लीजिये—किसी व्यक्ति की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा के अष्टक वर्ग में सात शुभ फल (रेखा/बिन्दु) हैं, अब यदि वह किसी प्रतिष्ठान में नौकरी करता है और उसके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यवस्थापक की जन्मराशि भी कर्क है तो वह व्यवस्थापक इस व्यक्ति पर विशेष कृपालु रहेगा तथा इसे विशेष लाभ भी देगा ।

दानादिकथनम्

पूर्णाक्षर्क्षेन्दुजातानां प्रातर्दर्शनमुत्तमम् ।
तेभ्यो वस्त्रादिदानं च भवेन्नूनं समृद्धये ।।२८।।

जिन व्यक्तियों का जन्म किसी पूर्ण शुभ फल (अष्टकवर्ग में ८ या ७ रेखा वाली या बिन्दु वाली राशि में) वाली राशि में हुआ हो उनका प्रातःकाल दर्शन शुभ होता है, उनको वस्त्रादि दान करना भी शुभ होता है ।।२८।।

शून्याक्षगे शशिनि शुभकर्मवर्जना

शून्यर्क्षगे शशिनि कर्मशुभं न कुर्यात्
प्रारब्धमत्र विफलं सकलं हि कार्यम् ।
स्वल्पाक्षभोत्थसहवर्तनमात्रमेषां
प्रातर्विलोकनमपीह परं विपत्यै ।।२९।।

जिस किसी राशि में अपनी जन्मकुण्डली के चन्द्राष्टक वर्ग में कोई शुभ फल न हो उस राशि में जब गोचर का चन्द्रमा पहुँचे तब कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए । यदि कोई कार्य उस राशि के चन्द्रमा में किया जायेगा तो वह असफल हो जायेगा । इसी प्रकार अपनी जन्मकुण्डली में चन्द्राष्टक वर्ग की जिन-जिन राशियों में (चार से कम) अल्प शुभ फल हो तो उस राशि में जन्मने वाले राजा, अधिकारी, मित्र आदि का मुख प्रातःकाल नहीं देखना चाहिए । यदि उनके दर्शन प्रातः कर लिये जायें तो उस दिन कोई-न-कोई विपत्ति अवश्य ही आयेगी ।।२९।।

इन राशियों में जन्मे जातकों से जन्मकुण्डली वाले का असामंजस्य रहेगा ।

स्नाने च पाने च फलाधिकाशा तटाककूपादिजलं शुभं स्यात् ।
दुर्गाच राज्ञी च दिशीह दृश्या स्वल्पाक्षदिश्ये तदसत् समस्तम् ।।३०।।

चन्द्राष्टक वर्ग में (पूर्व में बताई गई पद्धति के अनुसार मेष+सिंह+धनु= पूर्व दिशा) में अधिक बिन्दु वाली दिशा में स्थित नदी, कूप, तड़ाग आदि में स्नान करने से उसका पानी पीने से शुभ फल मिलता है । चन्द्रमा के देवता श्री दुर्गाजी हैं, यदि उनका मन्दिर अधिक बिन्दुओं वाली दिशा में बनवाया जाये तो शुभ फल होता है, शीघ्र फलप्राप्ति होती है, अपने घर के उस दिशावाले कक्ष में दुर्गापूजन करना चाहिए ।।३०।।

भौमाष्टकवर्गे विशेषफलम्

भौमाष्टकवर्गे यः फलपूर्णो राशिरत्र कुजचारे ।
भूकनकस्वीकारप्रभृतिमखिलं समृद्धिदं कर्म ।।३१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सेनान्यो दर्शनं स्यात् क्षितिपदिविषदां भूमिकार्यं च भूत्यै
पूर्णाक्षायां दिशायां पचनहवनकर्मादि तत्र स्वगेहे ।
पूर्णाक्षाशा रिपूणामपि विजयकरी राशिरप्यक्षपूर्णः ।।३२।।
स्वल्पाक्षाशाक्षशून्यं भमिह मितिरमुष्योदितेष्वेषु नेष्टा ।

भौमाष्टक वर्ग में जो अधिक रेखाओं वाली राशि हो उसमें गोचरवश मंगल के पहुँचने पर भूमि खरीदना, स्वर्णाभूषण खरीदना या सोने के सिक्कों का संग्रह करना ये सभी कार्य समृद्धिदायक होते हैं ।।३१।।

अष्टक वर्ग में पूर्ण शुभ फल वाली राशि की दिशा में सेनापति, राजा, पुलिस अधिकारी, देवता (स्वामी कार्तिकेय) के दर्शन शुभ होते हैं; उसी दिशा में अग्निकार्य-रसोई पकाना, हवनादि करना—शुभ होता है । पूर्ण शुभ फल वाली राशि की दिशा में शत्रुओं पर पूर्णरूपेण विजय मिलती है । परन्तु अपूर्ण शुभ फल या रेखा वाली राशि की दिशा में असफलता प्राप्त होती है । हनुमान् जी आदि का, गणेश जी आदि का मन्दिर उसी दिशा में बनवाना शुभ होता है ।।३२।।

पूर्व में बताई गयी पद्धति से राशियों के बिन्दु जोड़कर चारों दिशाओं के बिन्दु लिखें जिस दिशा में सर्वाधिक बिन्दु हों तदनुसार फल कहना चाहिए ।

बुधस्य विशेषफलम्

शशितनयाष्टकवर्गे बुधयुतराशेर्द्वितीयभे न यदि ।
फलमप्येकं मूकस्त्रीद्व्येकत्वे बुधस्य चञ्चलवाक् ।।३३।।
फलानि चत्वारि यदीह वक्ता परोक्तशेषं यदि पञ्च षड् वा ।
सत्सम्मतौचित्यवती च वाणी करोति काव्यम्फलसप्तकं चेत् ।।३४।।

यदि जन्मकुण्डली में बुधाष्टक वर्ग में बुधाधिष्ठित राशि से धनस्थान में कोई रेखा न हो तो जातक मूक होता है । यदि उक्त स्थान में एक ही रेखा/बिन्दु हो तो भी गूँगा होता है । यदि वहाँ दो या तीन शुभ फल हों तो चंचल वाणी वाला (हकलाहट या तुतलाहट से युक्त) होता है ।।३३।।

यदि जन्मकालीन बुधाष्टक वर्ग में बुध द्वारा अधिष्ठित राशि से द्वितीय भाव में चार शुभ फल हों तो व्यक्ति वाचाल होता है । यदि उसमें पाँच या छह शुभ फल हों तो उसकी बुद्धि शीघ्र ही ग्रहण करती है, किसी विषय को पढ़कर शीघ्र ही हृदयंगम कर लेता है ।

यदि सात फलों से युक्त वह स्थान हो तो उस जातक की वाणी को लोग बड़े ध्यान से मनोयोगपूर्वक श्रवण करते हैं और उसके वचनों का सम्मान भी करते हैं । उस व्यक्ति में काव्यरचना की शक्ति होती है ।।।३४।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यस्याष्टकस्य भारत्या न च कोऽप्युत्तरं वदेत्।
सकार्योक्तसमर्थोऽत्र शून्ये लग्नाद् द्वितीयभे।।३५।।

जिसके अष्टक वर्ग में बुध से द्वितीय भाव में आठ शुभ फल हों तो उसके द्वारा किये गये प्रश्न का उत्तर कोई भी (विद्वान्) नहीं दे सकता अर्थात् वह अत्यधिक बुद्धिमान् होता है ।

इसके विपरीत यदि वह स्थान फलशून्य (रेखा रहित) हो तो ऐसा जातक किसी की वाणी का प्रत्युत्तर नहीं दे सकता अर्थात् गूँगा होता है ॥३५॥

अष्टवर्गेण वाणीवैशिष्ट्यकथनम्

पापाक्षयुक्ते तु सदम्भधाष्टर्यं शुभाक्षयुक्ते वचनं गुणाढ्यम्।
ज्ञानोपदेशात्मकमत्र भानो रसच्छनेर्विग्रहो वाक्कुजस्य।।३६।।
मनोहरत्वादियुता बुधस्य गुरोः स्फुटा वागपि युक्तियुक्ता।
पुराणकाव्यार्थवती प्रमोदयुक्ता भृगोर्व्याजवती शनेः स्यात्।।३७।।

यदि उक्त द्वितीय स्थान में पाप ग्रह का फल (रेखा या बिन्दु) हो तो उस जातक की वाणी असत् दम्भयुक्त, धृष्टता सहित होती है । यदि फलप्रदाता शुभ ग्रह हो तो वाणी सत्य एवं माधुर्य आदि गुणों से युक्त होती है ।

(१) यदि उस स्थान में सूर्य का फल हो तो जातक की वाणी ज्ञानोपदेश से भरी होती है ।

(२) यदि वहाँ (जन्मकुण्डली में बुधाष्टक वर्ग में बुध से द्वितीय भाव में) फलदाता मंगल हो तो जातक की वाणी से लड़ाई-झगड़े की चर्चा होती है ।

(३) यदि बुध का फल वहाँ हो तो जातक मनोरंजक वाणी बोलता है जिसे सुनकर लोग प्रसन्न होते हैं ।

(४) यदि वहाँ शनि का फल हो तो जातक झूठ बोलता है ।

(५) यदि वहाँ शुक्र हो तो पुराणकथाओं से युक्त वाणी बोलता है ।

(६) गुरु यदि वहाँ फलदाता होता है तो जातक सारगर्भित तत्त्वज्ञान की बातें करता है ॥३६-३७॥

जाड्यान्वितं संशययुक्तवाक्यं चन्द्रस्य नीचारिगृहस्थितस्य ।
वाचोऽतिदुष्टं ध्वजमान्दिसर्पा बुधद्वितीयोपगता यदि स्युः।।३८।।
असभ्यवाचा वचनं सभायां चौर्यादिशापादिवृथेरणं च ।
स्याद् भ्रष्टदुर्वृत्तकथा च तस्य यस्य त्रयोऽमी बुधवाक्समेताः।।३९।।

यदि बुध से द्वितीय भाव में नीच राशि का चन्द्रमा हो तो जातक की बुद्धि में जड़ता होगी तथा जातक संशय युक्त वाणी अर्थात् अस्पष्ट अर्थ वाली वाणी बोलेगा । यदि उक्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थान में केतु, मान्दि या राहु स्थित हो तो ऐसा जातक असभ्यता तथा दुष्टता पूर्ण वाणी बोलता है, वह दुश्चारित्र्य से युक्त होगी । अथवा चोरी, डकैती, व्यभिचार, शाप, मंत्र-तंत्रादि के दुष्प्रयोगों से संबंधित वाणी बोलता है ।।३८-३९।।

मेरे विचार से इस योग को जो कि राहु, केतु तथा मान्दि से बनता है, अपराध कथाओं के लेखकों तथा समाचारपत्रों के संवाददाताओं की कुण्डली में भी देखना चाहिए। क्योंकि ये लोग भी बुरी-बुरी खबरों को चटखारे बनाकर छपवाते रहते हैं । ये श्लोक (२४ से ३९तक) जातकादेशमार्ग में भी हैं ।

बुद्धिहीनयोग:

बुद्ध्युन्मेषो न बुधस्याष्टकवर्गे ज्ञयुक्तभे शून्ये।
चरति च यदि शून्ये गृहे पुंसां बुद्धेस्तथैव नोन्मेषः ।।४०।।

यदि बुधाष्टक वर्ग में (जन्मकुण्डली में) बुध जिस राशि में बैठा हो उसमें एक भी रेखा न हो तो बुद्धि का उन्मेष (विकास) नहीं होता । यदि बुध शून्य फल वाली राशि में हो तब भी बुद्धि का उन्मेष नहीं होता है ।।४०।।

भावानां नाशः

संशोध्याष्टकवर्गमैन्दुतनयं शून्यालयस्थे शनौ ।
नाशो बन्धुजनस्य सोदरतनूजाद्यस्य निर्दिश्यताम् ।।४१।।

बुध के त्रिकोण शोधनोपरान्त जिस राशि में शून्य फल हो उस राशि में जब शनि का गोचर भ्रमण हो तब उस अवधि में बन्धुजनों अथवा सहादरों की बड़ी सन्तति (भतीजा-भानजा आदि) का नाश होता है ।।४१।।

मन्दोऽयं यदि जन्मतस्त्रिरिपुलाभस्थोऽतिदोषोऽयनो ।
शून्ये यत्र यदा चरेच्छनिरसौ भावश्च नश्येत्तदा ।।४२।।

जन्मकुण्डली में यदि शनि लग्न से तीसरे (पाठान्तर से अस्त= सातवें), छठे तथा ग्यारहवें भाव में हो तो अतिदोषप्रदा होता है । यह जब शून्य राशि में होता है तो दोषप्रद होता है । पाठान्तर के अनुसार ३-६-११ स्थानों का शनि अधिक दोषदायक नहीं होता । यह शनि गोचर में जिस भाव पर संचार करता है उस भाव का नाश होता है ।।४२।।

अष्टमे चाथ रिःफे वा शून्ये मन्दो यदा चरेत्।
आत्मनस्तु तदा व्याधिं मरणं वाऽपि चिन्त्यताम्।।४३।।

जब गोचर भ्रमण में अष्टम-द्वादश भावों में शनि जाता है तथा उन स्थानों में शुभ फल की शून्यता हो तो अपनी स्मरणशक्ति का ह्रास अथवा मृत्यु होती है ।।४३।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विद्याभ्यासे सफलताकथनम्

बुधस्याष्टकवर्गे तत्स्थितौ बह्वक्षराशिषु ।
विद्याभ्यासः फलत्येव विवादे तु भवेज्जयः ।।४४।।

बुधाष्टक वर्ग में अधिक शुभ फल वाली राशि में जब बुध का गोचर भ्रमण होता है तब किये हुए विद्याभ्यास में सफलता प्राप्त होती है । विवाद (मुकदमा तथा तर्क-वितर्क) में विजय मिलती है ।।४४।।

निक्षिप्याष्टकवर्गमिन्दुतनयस्याक्षाधिकायां दिशि
स्याद्विद्याभ्यसनं फलाय न चिरात् कार्यञ्च तस्यां दिशि ।
क्रीडामन्दिरमम्बुजाक्षयुवराजाराधनाद्यन्तथा,
कार्यञ्च व्यवहारिकर्म परिपूर्णाक्षेषु वा राशिषु ।।४५।।

बुधाष्टक वर्ग में जिस राशि की दिशा में बिन्दु अधिक हों अथवा जिस दिशा में बिन्दु अधिक हों उसी दिशा में विद्याध्ययन हेतु विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय या विद्यासंस्थानों में जाना चाहिये । उसमें किया गया विद्याभ्यास शीघ्र ही विद्यालाभ देता है ।

इसी प्रकार उसी दिशा में क्रीड़ादि के लिए जाना चाहिए तथा उसी दिशा में स्थित युवराज (मंत्रीजी के पुत्र आदि से) मैत्री एवं परिचयात्मक सम्बन्ध बनाना चाहिए । अन्य व्यापारिक कार्यों के लिए भी वही दिशा उत्तम होती है ।।४५।।

गुरोरष्टकवर्गस्य विशेषफलम्

अक्षाधिक्ययुते गृहे सुरगुरौ स्वीयाष्टवर्गे स्थिते
मन्त्राणां ग्रहणं पुरश्चरणमग्न्याधानयागादयः ।
वेदाभ्यासमहीसुराशनसुतप्राप्त्यर्थसर्वक्रिया
द्रव्योपार्जनसङ्ग्रहाश्च फलदाः स्वल्पाक्षगे निष्फलाः ।।४६।।

बृहस्पति के अष्टक वर्ग में जिस राशि में सर्वाधिक फल हो तो उस राशि में गोचर के गुरु के पहँचने पर मन्त्रदीक्षा लेना, धर्मोपदेश एवं मोक्षदीक्षा ग्रहण करना, अनुष्ठान, पुरश्चरण, अग्न्याधान, हवन, यज्ञ-यागादि, वेदाभ्यास, पुराणकथाओं का पठन-पाठन, ब्राह्मणभोजन, साधुसेवा, सत्सङ्ग आदि कार्य होते हैं ।

ऐसे समय में पुत्रप्राप्ति हेतु किये जाने वाले कर्म "पुत्रेष्टियज्ञ" (गर्भाधान, पुंसवन इत्यादि) करना चाहिए । द्रव्योपार्जन, द्रव्यसंग्रह (बैंक में जमा करना) आदि सभी कार्य करना चाहिए । फलदार वृक्षों का लगाना, धर्मशाला, मन्दिर, सदाव्रत, तीर्थयात्रा आदि कार्य भी करना इस समय उत्तम होता है । अल्प फल में सब कार्य निष्फल होते हैं ।।४६।।

गेहे स्वीये बहुफलदिशा स्वालयेत्राधिकाक्षे
राशौ भुक्तिः क्षितिदिविषदां मन्त्रजापोऽथवा स्याद् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वर्णादिस्थापनमथ गुरुब्राह्मणामात्यवीक्षा
बह्वक्षायां हरिति हितया निर्गमश्चार्थदायी।।४७।।

अधिक रेखा वाली राशि के जन्मकालीन गुरु अष्टक वर्ग की राशि में गुरु का गोचर भ्रमण होने पर राजदर्शन, देवदर्शन, विप्रभोजन, मन्त्रजप, स्वर्णस्थापन, विप्र या मंत्री से भेंट करना श्रेयस्कर होता है । इसी प्रकार अधिक रेखा वाली दिशा में ये कार्य अतिशय शुभ होते हैं । अधिक फल वाली राशि में यात्रा करना भी शुभ होता है ।।४७।।

शुक्राष्टकवर्गे विशेषफलम्

बह्वक्षे भवने यदा भृगुसुतः स्वीयाष्टवर्गे चरे-
च्छय्याद्या शयनोपकारि सकलं सम्पादनीयं तदा ।
सङ्गीताभ्यसनं विवाहकरणं कामोपभोगाय यत्
कर्तव्यं तदपि श्रिये पुनरपि क्षौमादिसम्पादनम् ।।४८।।

शुक्राष्टक वर्ग से विचारणीय एवं करणीय कार्यों को कहा जा रहा है । जब शुक्र गोचर भ्रमण में चलते हुए उस राशि में पहुँचता है जिसमें जातक की जन्मकुण्डली में शुक्राष्टक वर्ग में सर्वाधिक फल हैं उसमें शय्या (पलंग, सोफा, उपस्कर आदि) तथा शयन कार्य में लगने वाली सामग्री (गद्दा, तकिया, चादर आदि) सब का एकत्रीकरण एवं सम्पादन करना चाहिए ।

इसी प्रकार संगीत का अभ्यास (नाच,गान,वादन आदि), भोग-विलास हेतु विवाह, प्रेमिका आदि से मिलाप, कामोपभोग आदि काम्य कर्म करना चाहिए । श्रीप्राप्ति हेतु क्षोभ (रेशमी वस्त्रों) का संग्रह भी करना उचित है ।।४८।।

श्लोक ४७-४८ ये दोनों जातकादेशमार्ग में भी हैं ।

ये शुक्राष्टकवर्गके बहुफलाश्चक्रे स्थिता राशयः
प्राक् पश्चादपि शोधनात् परिणयस्ताभ्यो दिशाभ्यश्शुभम्।।४९।।

शुक्राष्टक वर्ग के त्रिकोणादि शोधन के पूर्व जिस राशि में अधिक फल हों उस अधिक फल वाली राशि की दिशा में विवाह करना शुभ होता है ।।४९।।

स्वीये वेश्मनि मन्दिरे च शयनं पूर्णाक्षदिक्तः शुभम्।
दिश्यस्यां च शुभं फलाधिकहरित्यस्याश्च पाणिग्रहः ।।५०।।

शुक्राष्टक वर्ग में जिस राशि में सर्वाधिक दिशा हों उस दिशा के कक्ष अथवा भाग में जातक को शयन करना शुभ होता है ।।५०।।

शन्यष्टकवर्गस्य विशेषफलम्

स्वस्मिन्नष्टकवर्गके बहुफले राशौ चरत्यर्कजे
दासादिग्रहणं कृषिश्च फलदा चाक्षाधिकायां दिशि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कार्यं स्यात्कृषिरात्मधाम्नि शुभदा चाण्डालदासस्थिति-
स्तत्रोच्छिष्टमलादिकत्यजनमत्रापाद्य मेधोगृहम् ।।५१।।

स्वयं के अष्टक वर्ग में बहुफल वाली राशि में जब शनि का संचार गोचर वश होता है तब नौकर रखना, खेती करना सफल होता है । इसी प्रकार अधिक फल वाली दिशा में कृषि करना (अपने घर से दिशा निश्चित करना) तथा उसी दिशा में मजदूरों को वसाना, शौचालय, मूत्रोत्सर्ग स्थान बनाना, कूड़ा-कर्कट तथा जूठन फेंकना शुभ होता है ।।५१।।

निक्षिप्याष्टकवर्गं मेषादिचतुस्त्रिकोणराशिगतम् ।
दिक्ष्वेकीकृत्य फलं प्रागादिष्वधिकताऽल्पते ज्ञेये ।।५२।।

मेषादि त्रिकोण राशिसमूह में अष्टकवर्ग का निक्षेप कर चारों (दिशाओं की) त्रिकोण राशियों के फल को जोड़कर उनकी न्यूनता तथा बहुलता से फलकथन करना चाहिए ।।५२।।

निक्षिप्याष्टकवर्गकं मेषादिषु भूचक्रसंस्थेषु ।
यत्राल्पाधिकाक्षता तत्राशुभमपि शुभञ्च विज्ञेयम् ।।५३।।
द्वाभ्यामपि प्रकाराभ्यां दिग्विभागोऽधिकाक्षयुक् ।
ज्ञेयस्सोऽपि शुभोऽल्पाक्षस्तथैवान्ते शुभप्रदः ।।५४।।

भूचक्र में स्थित मेषादि राशियों में अष्टक वर्ग का निक्षेप (शुभ फलों की संख्या लिखनें) कर जहाँ अधिक फल हों उन राशियों के अशुभ फल के स्थान पर शुभ फल जानना चाहिए ।।५३।।

त्रिकोण पद्धति एवं भूचक्र राशि दिशापद्धति के अनुसार जिस दिशा में अधिक फल हों उसी दिशा को शुभ मानना चाहिए । यदि दोनों पद्धतियों से किसी दिशा में अल्प फल हो तो उसे अशुभ मानना चाहिए ।।५४।।

समुदायाष्टकवर्गकथनम्

एवं हि कथितो भिन्नाष्टकवर्गोऽथ कथ्यते।
विन्यासः समुदायोऽष्टवर्गस्य च तथा फलम्।।५५।।

अभी भिन्नाष्टक वर्ग (सूर्य से लेकर शनि पर्यन्त प्रत्येक ग्रह का शुभ फलस्थान तथा फलादेश) कर चुके हैं । अब आगे समुदायाष्टक वर्ग का विन्यास तथा फल कहते हैं ।।५५।।

श्लोक ४९ तथा ५२ दोनों जातकादेशमार्ग में भी हैं । अब आगे के ५७ से ६०वें श्लोक तक भी जो श्लोक दिये जा रहे हैं वे भी जातकादेशमार्ग में उपलब्ध हैं । श्लोक ५७-५८ फलदीपिका में भी हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ कटपयादिपद्धत्याः भिन्नाष्टकवर्गे संख्याकथनम्

बालो बलिष्ठो लवणाङ्गमत्सरो
रागी मुरारिः शिखरीन्द्रगाथया।
भौमो गणेन्द्रो लघुभावतोऽसुरो
गोकर्णरक्ता तु पुराणमैथिली ।।५६।।
रुद्रः परं गह्वरभैरवस्थलो
रागी बली भास्वरगीर्भगाचलः।
गौरो विवस्वान् बलवद्विवक्षया
शूली मम प्रीतिकरोऽत्र तीर्थकृत् ।।५७।।

"सर्वाष्टक वर्ग" या "समुदायाष्टक वर्ग" में प्रत्येक राशि या भाव के योग को कहा जाता है। प्रत्येक राशि में पड़ने वाले सूर्य आदि सात ग्रहों तथा ग्रन्थान्तर में लग्न सहित आठ के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ आदि में कितने-कितने बिन्दु होते हैं यह बताया जाता है। वा=३, लो=३, ब=३, लि=३, ष्ठो=२, ल=३, व=४, णा=५, ङ्ग=३, म=५, त्स=७, रो=२ ये सूर्य अंक विभिन्न भावों में प्रदान किये शुभ फल के हैं। नीचे सुविधा के लिए चक्र दिया जा रहा है ।।५६-५७।।

समुदायाष्टक वर्ग का चक्र

लग्न	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पञ्चम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एका-दश	द्वा-दश	योग	ग्रह
३	३	३	३	२	३	४	५	३	५	७	२	४३	सूर्य
२	३	५	२	२	५	२	२	२	३	७	१	३६	चन्द्र
४	५	३	५	२	३	४	४	४	६	७	२	४९	मंगल
३	१	५	२	६	६	१	२	५	५	७	३	४६	बुध
२	२	१	२	३	४	२	४	२	४	७	३	३६	गुरु
२	३	३	३	४	४	२	३	४	३	६	३	४०	शुक्र
३	२	४	४	४	३	३	४	४	४	६	१	४२	शनि
५	३	५	५	२	६	१	२	२	६	७	१	४५	लग्न

सूर्यादिलग्नान्तसमेतराशेरारभ्य भद्वादशके निदध्यात्।
बालो बलिष्ठाक्षरसंख्यकाक्षाणीत्यष्टवर्गः समुदायनामा।।५८।।

सूर्यादि सात ग्रह तथा लग्न सहित अपनी अधिष्ठित राशि से राशियों तथा भावों में शुभ फलों का न्यास करना चाहिए, उसी को समुदायाष्टक वर्ग कहा जाता है ।।५८।।

त्रिंशद्भ्यो येऽधिकाक्षा अपि शरकृतितो राशयो ते तदूनाः
श्रेष्ठा मध्याश्च कष्टाः क्रमश इति मता गृह्यतां श्रेष्ठराशिः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्वास्विष्टक्रियासु त्यजतु च गमनाद्येषु कार्येषु कष्टान्
सम्बन्धे सम्पदापत् सति युवतिनृणां श्रेष्ठकष्टर्क्षजानाम्।।५९।।

समुदायाष्टक वर्ग में जिन राशियों (भावों) में शुभ फलयोग की संख्या तीस से अधिक हों तो श्रेष्ठ फल होता है । यदि पच्चीस से तीस के मध्य हों तो मध्यम फल होते हैं । यदि पच्चीस से न्यून हो तो अशुभ फल होता है । सम्पूर्ण अभीष्ट कृत्यों के सम्पादन के लिए श्रेष्ठ फल वाली राशि ही ग्रहण करें तथा अशुभ एवं कष्ट फल वाली राशि को छोड़ दें ।

जिन जातकों का जन्म श्रेष्ठ फल वाली राशियों में हों उनके साथ व्यापारिक साझेदारी, मैत्री, परिचय, रिश्तेदारी तथा विवाहादि सम्बन्ध जोड़ना शुभ फल देता है ।

ग्रहों का श्रेष्ठ राशियों में गोचर भ्रमण सम्पत्तिदायक होता है ।।५९।।

उत्तर भारतीय पद्धति का समुदायाष्टक वर्ग—ऊपर जो समुदायाष्टक वर्ग का चक्र दिया है वह दाक्षिणात्य पद्धति का है, उसमें कुल रेखा योग ३३७ ही होता है । उत्तरी पद्धति से सातों ग्रहों एवं लग्न के भिन्नाष्टक वर्गों का प्रति राशि पर भावानुसार योग करने पर योगसंख्या तीन सौ छियासी होती है । सभी अष्टक वर्गों के लग्न सहित स्थानों की संख्या इतनी ही होती है । अस्तु, पाठक दोनों में से किसी भी प्रकार का समुदायाष्टक वर्ग बना सकते हैं । आचार्य मुकुन्द दैवज्ञ पर्वतीय ने दोनों प्रकार से समुदायाष्टक वर्ग बताना मान्य किया है ।

"रव्यादीनां स्वस्य भिन्नाष्टवर्गे अङ्गोपेतानां यत्फलं यद्गृहे स्यात् ।
तस्मात्सर्वं तत्समद्धृत्य मेषादीनां भानां मण्डले विन्निदध्यात् ।।
कार्यं तदैक्यं समुदायनामा स्यादष्टवर्गस्तनुखेचराणाम् ।
बुधैस्ततो गोचरभावजानि सञ्चिन्त्य नीयानि फलानि तेषाम्"।।

(अष्टकवर्ग-महानिबन्ध ३/७८)

श्रीमानर्थविलग्नबन्धुनवमव्योमायगाक्षान्विते ।
वित्तायादधिके व्ययाधिक इतश्चोने समे स्यात्समः ।।६०।।

यदि सर्वाष्टक वर्ग में धनभाव, लग्न, चतुर्थ भाव, नवम भाव, दशम तथा एकादश में यदि २८ से ऊपर रेखाएँ हों तो व्यक्ति श्रीमान् (धनी) होता है । यदि धनभाव तथा लाभभाव से व्ययभाव में रेखायोग अधिक हो तो व्यय अधिक रहता है । यदि धन एवं आय स्थान से व्यय में कम रेखा या शुभ फल हो तो व्यक्ति का व्यय कम होता है । यदि रेखाओं में बराबरी होती है तो व्यय भी आय के बराबर ही हुआ करता है ।।६०।।

तीर्थोने व्ययमृत्युषष्ठभवनस्थाक्षान्वये स्याद् व्यथा-
दायस्याऽधिकताधिके खलु तया भूयोऽपि चायाद् व्ययः ।।६१।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि व्ययभाव, अष्टम भाव तथा षष्ठ भाव की रेखाओं का योग ७६ फल (रेखा) से कम हो तो व्यथा होती है। यदि व्यय के फल से आय का फल अधिक हो तो अधिक लाभ होता है। विपरीत स्थिति होने पर व्ययाधिक्य रहता है ॥६१॥

अथ द्वादशभावानां अपेक्षिता रेखासंख्या:

तत्त्वमाकृतिरङ्कोक्षिश्चन्द्रस्तत्त्वं चतुस्त्रय:;
एकोनविंशच्छब्दांसि नवाक्षिषट्त्रयस्तथा।
वेदेषवो नृपाश्चैभ्यो येऽल्पादिकफला: नृणाम्
भावा लग्नादयस्तेषां हानिं वा पुष्टिमादिशेत्॥६२॥

लग्न में तत्त्व (२५), द्वितीय में आकृति (२२), तृतीय में अंकोक्षि (२९), चतुर्थ में अक्षिचन्द्र: (२१), पंचम भाव में तत्त्व (२५), षष्ठ में चतुस्त्रय: (३४), सप्तम भाव में एकोनविंश (१९), अष्टम में छन्दांसि (२४), नवम में नवाक्ष (२९), दशम में षट्त्रय: (३६), एकादश भाव में वेदेषव: (५४) तथा द्वादश में नृपा: (१६)—ये न्यूनतम शुभ फल संख्या है। यदि इनसे कम इन भाव में शुभ फल अष्टक वर्ग में हो तो अशुभ फल होता है। इनसे अधिक फल (रेखा या बिन्दु) हो तो उन भावों की पुष्टि होती है॥६२॥

द्वादश भावों की हानि-पुष्टि सीमासूचक चक्र

लग्न	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एका-दश	द्वादश	**भाव+**
२५	२२	२९	२१	२५	३४	१९	२४	२९	३६	५४	१६	**न्यूनतम अपेक्षित शुभ रेखा संख्या**

पूर्वसञ्चितधनलाभयोग:

पापैर्नान्वितवीक्षिते स्वकथिताक्षाधिक्ययुक्ते सुखे।
रि:फे वा निजपूर्वसञ्चितधनं लभ्यते नैवान्यथा॥६३॥

यदि चतुर्थ भाव पर पाप ग्रहों की दृष्टि-युति न हो, यही स्थिति द्वादश भाव की भी हो तथा इन भावों में ऊपर कथित शुभ फलों से अधिक फल हों तो उस जातक को अपने पूर्वजों का संचित धन (पैतृक सम्पत्ति) प्राप्त होता है। अन्यथा स्थिति होने पर नहीं मिलता है॥६३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रयत्नरहितो वित्तागमयोगः

एवं चेद् दशमं स्वकर्मसमुपात्तार्थेन भागोदिकम् ।
लाभे प्रोक्तगुणे प्रयत्नरहितो वित्तागमस्सम्भवेत् ।।६४।।

यदि दशम भाव पर भी पूर्व कथित नियम घटित होता है तो व्यक्ति स्वोपार्जित सम्पत्ति का भोग करता है । यदि लाभभाव पर उक्त नियम घटित होता हो तो जातक को बिना परिश्रम धन मिल जाया करता है ।।६४।।

निधिप्राप्तियोगः

भाग्ये वा तनुभेऽथवोदितगुणे लभ्येत नूनं निधिः ।
पश्चाल्लग्नगताक्षसंख्यवयसः स्याज्जातकोक्तं शुभम् ।।६५।।

भाग्य भाव अथवा लग्नस्थान पाप ग्रहों की दृष्टि-युति से रहित हो तथा उनमें पूर्व कथित संख्या से अधिक शुभ रेखा हों तो निश्चित ही निधि प्राप्त होती है । लग्न में जितनी रेखा हों उतनी संख्या के वर्षों में निधि (गड़ा हुआ धन) मिलती है ।।६५।।

पुनश्च सधनाधनयोगः

लाभादूनफले व्यये च धनवान् निःस्वो भवेदन्यथा ।
लाभः कर्मसु स्याद् फलेऽधिकफले यत्नोचितो नान्यथा ।।६६।।

यदि लाभ से व्यय की शुभ फल अल्प हो तो जातक धनी होता है । यदि लाभ से कर्मभाव में फल की अधिकता हो तो कार्य (पुरुषार्थ) का उचित लाभ प्राप्त होता है, अन्यथा नहीं ।।६६।।

पुनश्च भावानां पुष्टिहेतुमाह

निजोक्तसंख्याक्षयुताः शुभेशैः
युक्ताश्च दृष्टाश्च न पापखेटैः ।
भावा नृणां पुष्टतमा भवेयुः
नैव स्युरस्माद्विपरीतरूपाः ।।६७।।

अपनी-अपनी पूर्व कथित संख्या से अधिक शुभ फल से युक्त द्वादश भावों में जो-जो भाव शुभ ग्रहों से तथा अपने स्वामियों से युत-दृष्ट हों तथा पाप ग्रहों से युत-दृष्ट न हों तो पुष्टतम होते हैं । इसके विपरीत न्यूनतम रेखाओं से अल्प रेखा वाले पाप ग्रहों से युत दृष्ट भाव दुर्बल हुआ करते हैं ।।६७।।

भावानां पोषकता घातकता च

लग्नाद्यक्षचतुस्त्रिकोणभवनं बन्ध्वाह्वयं सेवकं
तद्वत् पोषकघातकाह्वयमभीष्वक्षाणि संयोजयेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आधिक्यं खलु पोषकस्य यदि चेद् धन्तुर्धनी स्यादयं
दारिद्र्यं यदि पोषकादधिकता स्याद् घातकस्य ध्रुवम् ।।६८।।

(१) लग्न+पंचम+नवम भाव इनके शुभफल (रेखा) योग से बन्धु का विचार करें।

(२) द्वितीय+षष्ठ+दशम इन भावों से सेवक का विचार करें।

(३) तृतीय+सप्तम+एकादश ये तीनों पोषक भाव होते हैं।

(४) चतुर्थ+अष्टम तथा द्वादश ये तीनों घातक भाव होते हैं। लग्न से तात्पर्य प्रथम भाव में पड़ने वाली जो राशि हो। जो राशि पाँचवें भाव में पड़े वह पंचम भाव है। नवम भाव में पड़ने वाली राशि नवम भाव है। इनकी शुभ फल (रेखाओं) का योग करें, यदि पोषक अधिक हो तथा घातक न्यून रेखा वाला हो तो जातक धनी होता है, परन्तु यदि घातक का रेखायोग अधिक तथा पोषक का रेखायोग अल्प हो तो जातक दुःखी तथा दरिद्री होता है।

जीवनकाले आदि-मध्य-अन्तविचारमाह

मीनेन्द्वालयवृश्चिकप्रभृतिकं खण्डत्रयं कल्पये-
दाद्येऽक्षाधिकतादिमे तु वयसस्त्र्यंशे विदध्यात् सुखम्।
मध्ये मध्यवयस्यथान्तिमवयस्त्र्यंशेऽन्त्यखण्डे हि सा
हीनाक्षस्तु वयस्त्रिभाग इह योऽत्र व्याधिदुःखोद्भवः।।६९।।

(१) मीन+मेष+वृष+मिथुन—जीवन का आद्य भाग होता है।

(२) कर्क+सिंह+कन्या+तुला—ये राशियाँ जीवन के मध्य भाग की द्योतक होती हैं।

(३) वृश्चिक+धनु+मकर+कुंभ ये चार राशियाँ जीवन के अन्तिम खण्ड का प्रतिनिधित्व करती हैं।

जिस खण्ड में अधिक शुभ फल (रेखा) हों वह भाग सुखपूर्वक बीतता है। जिस खण्ड में सब से कम रेखा हों जीवन का वह भाग कष्टमय रहता है ।।६९।।

प्रकारान्तरेण कथनम्

केन्द्रस्थाक्षं पणफरगतमापोक्लिमगतं च युक्तापि।
तेषामधिकाल्पत्वात् प्रथमादिवयः शुभाशुभं ज्ञेयम्।।७०।।

समुदायाष्टक वर्ग में केन्द्रों की सभी रेखाओं को जोड़ें, यह जीवन का प्रथम भाग है। चारों आत्मपर स्थानों (पणफर) की शुभ रेखाओं को जोड़ें तो जीवन का मध्य भाग होता है तथा चारों आत्मोत्क्रम (आपोक्लिम) स्थानों की रेखाओं का योग जीवन का अंतिम भाग होता है। जिसमें अधिक रेखा हों वही जीवन खण्ड उत्तम रहेगा। इस प्रकार शुभाशुभ जानें ।।७०।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथाष्टकवर्गेण जातकस्य चित्तवृत्तिकथनम्

लग्नम्ब्वात्मजकामधर्मगगनस्थाक्षाणि संयोजये-
दन्तर्भाग इहायमत्र फलबाहुल्ये मनस्तुष्टता ।
विद्याज्ञानसुकर्मदाननिरतिश्चान्यस्थिताक्षान्वयो
भागोऽन्यत्र फलाधिके सति मनः पीडा च दम्भाधिकम् ।।७१।।

केन्द्र (१-४-७-१०) तथा त्रिकोण (५-९) ये छह भाव जातक की अन्तर्वृत्ति के द्योतक हैं तथा शेष छह भाव अर्थात् त्रिषडाय तथा द्वि-अष्ट-व्यय (२-३-६-८-११-१२) जातक की बहिर्वृत्ति के द्योतक होते हैं । यदि शुभ रेखायोग या बिन्दुयोग अन्तर्भाग का अधिक हो तो जातक का स्वभाव विवेकपूर्वक आचरण का होता है । तब उसके मन में सन्तोष (Mental peace), विद्याज्ञान, आध्यात्मिक चिन्तन, सावधानी (Attantion to all good karms), सत्कर्मशीलता, दानप्रियता, परोपकार, दया आदि सात्त्विक गुणों से युक्त होता है ।

यदि बहिर्भाग में शुभ फलयोग की अधिकता हो तो उस जातक में असन्तोष, मानसिक उत्तेजना, क्रोध, दंभ, पाखण्ड, आक्रामकता, स्वार्थप्रवृत्ति अधिक होती है (ऐसा व्यक्ति सदैव अपनी असफलताओं एवं कष्टों के लिए दूसरों को दोषी ठहराता है तथा पर-छिद्रान्वेषण में सदैव रत रहकर कष्ट पाता रहता है) ।।७१।।

अथाष्टकवर्गेण रोगशोकादिसमयज्ञानम्

लग्नादारभ्य सूर्यात्मजगतभवनाक्षान्तमेकत्र युक्त्वा
सुघ्ने तस्मिन् सुखाप्ते गतवति फलतुल्याब्दके रोगशोकाः ।
मन्दादा लग्नमेवं क्षितिसुतगतभाच्चाविलग्नं विलग्ना-
दाभौमश्चेति कृत्वा विधिमशुभमतिर्वादिशेच्चोदिताब्दे ।।७२।।

(१) लग्नराशि से लेकर शनि अधिष्ठित राशि पर्यन्त सब राशियों के शुभ फल जोड़िये (लग्न की राशि तथा शनि की राशि के बिन्दु भी तथा मध्यवर्ती राशियों के भी) । इस योग को सात से गुणा कीजिये तथा गुणनफल में सत्ताईस का भाग दें, जितना शेष बचे उतने ही वर्ष में रोग तथा शोक प्राप्त होता है ।

(२) इसी भाँति शनि जिस राशि में स्थित हो उसकी राशि से लग्न तक सभी राशियों के शुभ फलों का योग करें । इस योगफल को ७ से गुणा कर के गुणनफल में २७ का भाग दें, शेष तुल्य वर्ष रोग-शोकादिकारक होते हैं ।

(३) पुनः इसी प्रकार लग्न की राशि से मंगल स्थित राशि पर्यन्त जितने शुभ फल प्राप्त हों उनका योग कर उसे सात से गुणा करके योगफल में सत्ताईस का भाग दें । जो शेष बचे उस संख्या के समान वर्षों में कष्ट प्राप्त होता है ।

(४) ठीक इसका व्युत्क्रम भी करें अर्थात् मंगल जिस राशि में बैठा है उसकी राशि से लेकर लग्नराशि पर्यन्त बीच की सभी राशियों के शुभ फल (रेखा/ बिन्दु) के योग को सात से गुणा कर २७ से भाग देकर कष्ट वर्षों का ज्ञान करें ।।७२।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषभयवर्षज्ञानम्

यो राशिफणिनाश्रितोऽत्रगफलैः संख्यासमे वत्सरे
नृणां पन्नगदंशनं गरलभुक्तिर्वाहिपेऽनिष्टगे।
वर्षे भौमगतालयस्थितफलैस्तुल्ये तु शस्त्रक्षति-
र्मन्दाक्रान्तफलैः समानवयसि स्यू रोगशोकादयः॥७३॥

राहु अधिष्ठित राशि में जितनी संख्या में फल (रेखा या बिन्दु) हों उतनी संख्या के वर्षों में सर्पदंश (Snake bite) होता है। उस वर्ष गरलभुक्ति (विष का भय) आदि होता है। वह वर्ष कष्टपूर्ण होता है। राहु जिस राशि में बैठा है उस राशि का स्वामी यदि अनिष्ट स्थान गत हो तो राहु आश्रित राशि में जितनी शुभ रेखा हों उनके तुल्य वर्षों में विषादि भय या कष्ट होता है। इसी प्रकार मंगल जिस राशि में बैठा हो उस राशि में सर्वाष्टक वर्ग में जितने शुभ फल हों उनके समान संख्या वाले वर्षों में अग्निभय, आघात, व्रण, क्षत आदि का भय होता है।

शनि जिस राशि में स्थित हो उसमें सर्वाष्टक वर्ग में जितना शुभ फल हो उसके समान वर्ष में रोग-शोक से पीड़ा होती है ॥७३॥

पुत्रादिसुखयोगः

पुत्रार्थादिसुखागमस्समवयस्यक्षैः सुरेड्याश्रितै-
रुद्वाहो वनितानुभूतिरसुराचार्याश्रिताक्षैः समे।
विद्याभ्यासमतिप्रकर्षविबुधश्लाघा बुधाक्षाब्दके,
यद्यल्लक्षणमस्ति तत्तदुपलब्धेरेव कालोऽह्ययम्॥७४॥

गुरु जिस राशि में बैठा हो उस राशि में समुदायाष्टक वर्ग में जितनी संख्या शुभ फल की हो उसके तुल्य वर्षों में पुत्रप्राप्ति, धनप्राप्ति एवं सुख की प्राप्ति होती है। विवाह होता है, स्त्रीसुख का अनुभव होता है।

इसी प्रकार जन्मकुण्डली में बुध जिस राशि में हो सर्वाष्टक वर्ग में उस राशि में जितनी संख्या में शुभ फल हो उतनी संख्या के वर्षों में विद्याभ्यास होता है। स्वाध्याय में मन लगता है, बौद्धिक विकास होता है, स्मरणशक्ति उत्तम रहती है तथा विद्वानों द्वारा श्लाघा होती है। उस वर्ष ग्रन्थ का प्रकाशन होता है तथा लेखक या कवि को कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। अतः कवि, लेखक, पत्रकार, कहानी-उपन्यासकार, नाटककार, अभिनेता आदि की कुण्डलियों में इस योग का परीक्षण करना चाहिए ॥७४॥

श्लोक ६८ से ७३ तक जातकादेशमार्ग में भी उपलब्ध है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्षमासादिसाधनम्

निक्षिप्याष्टकवर्गकान्निजनिजात् स्वाधिष्ठितार्क्षादिके
ज्ञात्वा द्वादशके फलान्यथ दशा स्वस्याश्च तेषां क्रमम्।
ताभ्यां द्वादशधा विभज्य शरदो मासास्समास्वीयते
अल्पाक्षर्क्षगता भवेयुरशुभाः पूर्णाक्षभस्थाश्शुभाः ।।७५।।

यहाँ अष्टक वर्ग में भिन्नाष्टक वर्ग द्वारा ग्रहों के दशाफल को भी प्रकट किया गया है। जिस ग्रह की दशा का विचार करना हो उसकी अपने अष्टक वर्ग में स्वाश्रित राशि से शुभ फलों का न्यास कर बारहों राशियों में रेखाओं का ज्ञान प्राप्त कर दशा वर्षसंख्या में १२ का भाग देकर आयुवर्ष का भाव निर्णीत करें। दशा का प्रथम उपविभाग दशेश स्थित राशि का फिर उससे द्वितीय स्थान की राशि का, फिर उससे तृतीय स्थान की राशि इसी क्रम से होता है। इसमें उतने ही मास होते हैं जितने दशा के वर्ष होते हैं। इसमें जिन राशियों में शुभ फल अधिक होगा उनका फल उत्तम तथा शेष का कष्टप्रद रहता है ।।७५।।

पुनरपि फलकथनम्

शून्यर्क्षे चतुरूनके च भवने येंऽशा दशानां स्थिताः
कुर्युस्ते धनधान्यगोक्षयममी तेषां समृद्धिञ्च ये।
पञ्चाद्यक्षसमन्विते पुनरिमे भवानपि स्वाश्रिता-
नक्षाणां च तथाऽल्पताधिकतया निघ्नन्ति पुष्णन्ति वा।।७६।।

यदि दशापति फलहीन राशि से लेकर चार फल तक की राशि में स्थित हो तो धन-धान्य, गोधन आदि का नाश करता है। यदि दशापति पाँच से अधिक फलों वाली राशि में बैठा हो तो वह धन-धान्य, वाहन, पशु आदि की समृद्धि करता है।

इस प्रकार जिस भाव में शुभ फलों की अल्पता होती है उसकी हानि तथा जिसमें फलाधिक्य होता है उन भावों की पुष्टि होती है ।।७६।।

अथ त्रिकोणशोधनमुच्यते

भूचक्रे निहिताष्टवर्गकफले भेषु त्रिकोणेषु च
घूनं तेन समं त्यजेत् त्रिषु च यद्येकत्र न स्यात्फलम् ।।७७।।
नोजस्स्यात् पुनरन्ययोर्यदि फलान्येकत्र चेत्केवलं
जह्यात्तानि च दासमन्त्रिषु तदा सर्वं विरोध्यं ततः।।७८।।

सर्वप्रथम भूचक्र में स्थित राशियों में (भिन्नाष्टक वर्ग चक्रों में) अष्टक वर्ग के शुभ फलादि का न्यास करें। सुविधा के लिए शुभ फल हेतु रेखा तथा अशुभ फल हेतु शून्य का चिह्न अंकित करें। फिर मेषादि तीन-तीन राशियों के त्रिकोणों में देखें कि किस राशि में सब से कम रेखा हैं, उनकी संख्या को तीनों में से घटायें। इस प्रकार एक स्थान शून्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अवश्य हो जाता है । यदि त्रिकोण स्थानों में किसी राशि में पहले से ही शून्य हो तो उस त्रिकोण की राशियाँ यथावत् रहती हैं उनमें त्रिकोण शोधन नहीं होता है ।

यदि तीनों राशियों (स्थानों) में समान रेखाएँ हों तो तीनों स्थान पर त्रिकोण शोधनोपरान्त शून्य रख देना चाहिए । यही त्रिकोण शोधन है ॥७७-७८॥

अथैकाधिपत्यशोधनम्

भौमादेः भवनद्वये खलु फलं विद्येत चेच्छोधना
कर्तव्येयमिह द्वयोर्यदि समं सर्वं द्वयोश्च त्यजेत् ।
एकत्राल्पतरं यदीदमखिलं तुल्यञ्च तेनान्यतो
न्यायोऽयं नियतोऽत्र किन्तु न खलु त्याज्यं सदा सङ्ग्रहात् ॥७९॥

एकाधिपत्य शोधन सूर्य (सिंह) तथा चन्द्र (कर्क) की राशियों में नहीं होता है । यह केवल पञ्चतारा ग्रहों की राशियों में ही किया जाता है, क्योंकि उनमें से प्रत्येक ग्रह दो-दो राशियों का स्वामी होता है (जैसे मंगल मेष-वृश्चिक का, बुध कन्या-धनु का, गुरु धनु-मीन का, शुक्र वृष-तुला का तथा शनि मकर-कुंभ का) । त्रिकोण शोधन के पश्चात् निम्न नियमों से त्रिकोण शोधन करें—

(क) यदि किसी ग्रह की दोनों राशियों में समान अंक हों तथा राशियाँ अग्रह हों तो अग्रह राशि का अंक शून्य हो जायेगा ।

(ख) यदि किसी राशि में शून्य हो तो दोनों के अंक यथावत् रहेंगे ।

(ग) यदि सग्रह राशि बड़ी हो तथा अग्रह छोटी हो तो अग्रह शून्य होगा ।

(घ) यदि दोनों राशियाँ अग्रह हों तो अल्प रेखा वाली राशि में जितनी रेखा हों उतनी ही रेखा अधिक वाली राशि में भी रख दीजिए ।

(ङ) यदि सग्रह राशि छोटी तथा अग्रह बड़ी हो तो भी अग्रह में सग्रह के बराबर रेखा रख दें ॥७९॥

(एकाधिपत्य शोधन में विभिन्न ग्रन्थों में तथा विद्वानों में मतभेद हैं)

अथ पिण्डानयनमुच्यते

गोपञ्चाननयोर्नृयुग्मधुपयोर्जूकाजयोस्त्रैणयोः
शिष्टाक्षाणि दशाष्टसप्तकशरैरन्यत्स्वधा संख्यया ।
जीवेन क्षितिजेन दैत्यगुरुणा चान्यैर्युतर्क्षस्थिता-
न्याहत्योक्तदशादिभिस्तदुभयोर्योगो हि पिण्डाह्वयः ॥८०॥

गो (वृष) तथा पञ्चानन (सिंह) का राशिगुणक १० है । नृयुग्म (मिथुन) तथा मधुप (वृश्चिक) का राशिगुणक ८ है । जूक (तुला) तथा अज (मेष) का ७ राशिगुणक है । स्त्री (कन्या) तथा एण (मकर) इनका राशिगुणक ५ है । कर्क का ४, धनु का ९, कुंभ का ११

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एवं मीन का १२ है (अपनी राशिसंख्या के अनुसार है)। त्रिकोण शोधन तथा एकाधिपत्य शोधनोपरान्त शेष बचीं राशि के शुभ फलों (रेखाओं) की संख्या में राशिगुणक से गुणा करने पर जो गुणनफल प्राप्त हो उनका योग राशिपिण्ड कहलाता है ।

इसी प्रकार सूर्य का ग्रहगुणक ५, चन्द्र का ५, मंगल का ८, बुध का ५, गुरु का १०, शुक्र का ७ तथा शनि का ५ है । जिस राशि में ये बैठे हों उसके शोधित अंक से इनका गुणा करके गुणनफल को जोड़ने से ग्रहपिण्ड प्राप्त होता है ॥८०॥

राशिगुणक चक्र

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन	**राशि**
७	१०	८	४	१०	५	७	८	९	५	११	१२	**गुणक**

ग्रहगुणक चक्र

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	**ग्रह**
५	५	८	५	१०	७	५	**गुणक**

यदि एक राशि में अनेक ग्रह बैठे हों तो सब ग्रहों के गुणकों से पृथक्-पृथक् गुणा करने से ग्रहगुणपिण्ड होता है । राशियों के पिण्डों का योग तथा ग्रहों के पिण्डों का योग जोड़ने से जो संख्या आती है उसे "योगपिण्ड" कहा जाता है । एकाधिपत्य शोधन के बाद बची हुयी रेखाओं के पिण्डों में गुणा करने से ये पिण्ड ज्ञात होते हैं ।

पितुर्मृत्युकालज्ञानम्

पूर्वं शोधनतो रसैर्नवमगैरक्षैः स्वपिण्डे हते
साराप्ते खलु शिष्टमृक्षनिचयं सङ्गण्य दस्रादिकम् ।
योडुस्तामथवा शनौ शनिगतात्तारादि या यावती
तस्या वा खलु तावतीमुडुमितो मन्दः पितुर्मृत्युदः ॥८१॥

सूर्य के अष्टक वर्ग में जन्मकुण्डली के लग्न से नवम भाव में शोधनों के पूर्व जो रेखासंख्या हो उसको शुद्ध पिण्ड की संख्या से गुणा करें । उस गुणनफल में २७ का भाग दें, शेष संख्या को अश्विनी से गिनें, जो नक्षत्र प्राप्त हो उसमें जब गोचर भ्रमण करता हुआ शनि पहुँचेगा तो पिता के लिए कष्टकारक होगा या पिता की मृत्यु होगी । अथवा शेषोक्त संख्या को जन्मकुण्डली में शनि जिस नक्षत्र में बैठा हो उसी संख्या तक अश्विनी से न गिन कर शनि के उस नक्षत्रसंख्या तक गिनें, उसमें जब शनि पहुँचेगा तब पिता की मृत्यु होती है ।

पुनश्च प्रकारान्तरेण

शिष्टानीह फलानि यान्निभमये चक्रे परं शोधनात्
संयोज्याखिलमेतदर्कनवमे शिष्टैः फलैस्ताडितम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिष्टश्चेन्नवमेन केवलमिदं भूत्वा सुरैः शिष्टभे
दस्त्राद्ये चरति प्रभाकरसुते वा तातमृत्युर्भवेत् ।।८२।।

शोधनोपरान्त सूर्याष्टक वर्ग में जन्मलग्न से नवम भाव में जो रेखासंख्या शेष बची हो उसे योगपिण्ड से गुणा करें तथा गुणनफल में २७ का भाग दें । जो शेष बचे उसे अश्विनी नक्षत्र से गिनें, उसमें जब गोचर में भ्रमण करता हुआ शनि पहुँचेगा तब पिता की मृत्यु होती है ।।८२।।

सभी अष्टक वर्गों के राशिपिण्डों तथा ग्रहगुणपिण्डों का योगफल ही ''योगपिण्ड'' कहा जाता है ।

इस प्रकार यह पिता की मृत्यु समय जानने का दूसरा प्रकार है । अनेक आचार्यों का मत है कि उक्त प्रक्रिया से आये नक्षत्र में शनि के संचार होने पर या उससे १०वें तथा १९वें शनि पहुँचने पर भी पिता की मृत्यु हो सकती है ।

जीर्वाकयोः स्थित्या पितुर्मृतिकथनम्

एवं सूर्याष्टवर्गेण पितृमृत्यौ शनिस्थितिः ।
प्रोक्ता तेनैव कथ्यन्ते अथ जीवार्कयोः स्थितिः ।।८३।।

इस प्रकार सूर्याष्टक वर्ग से शनि द्वारा पिता की मृत्यु का निर्देश किया गया है । उसी प्रकार गुरु तथा सूर्य की स्थिति से पितृमृत्यु का समय जानना बताते हैं ।।८३।।

अर्कस्यैवाष्टवर्गे रविगुणनिचयं जीवकामस्थिताक्षै-
र्भानोरस्तास्थितैर्वा पृथगपि निहतं भाजयेद्भैर्द्वयञ्च ।
शिष्टं यच्चोभयत्र द्वयमपि गणयेदस्त्रतोऽत्र गुरुर्क्षे
स्वस्वास्ताक्षक्रियोत्थे धिषणदिवकृतोस्तातहा चारकालः ।।८४।।

सूर्याष्टक वर्ग में शुद्ध पिण्ड से (रविगुणनिचय से) गुरु तथा सूर्य से सप्तम भाव में जो रेखा सूर्याष्टक वर्ग में हों उनसे गुणा (पृथक्) करें । गुणनफल में दोनों स्थानों पर २७ से भाग दें । शेष नक्षत्रसंख्या अश्विनी से गिनें, उनमें जब गुरु तथा सूर्य का संचार होगा तब पिता की मृत्यु होती है ।।८४।।

स्वमृत्युमासज्ञानम्

सूर्यस्यैवाष्टवर्गेण स्वमृतौ मास उच्यते।
तथेन्दोर्मातृमरणे मन्दश्चार्यदिवाकरौ।।८५।।

सूर्याष्टक वर्ग से जातक की मृत्यु का मास ज्ञात होता है । चन्द्राष्टक वर्ग से माता की मृत्यु का समय के शनि; गुरु तथा सूर्य का विचार करते हैं ।।८५।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तीक्ष्णांशोश्शोध्यपिण्डे रविनिधनफले वर्धयित्वा सुखाप्ते।
शिष्टं सङ्गण्य दस्रादिह भवति भं तद्गतेऽर्के स्वमृत्युः ।।८६।।

सूर्याष्टक वर्ग में अष्टम भाव में जो रेखा हो उसको सूर्य के शोध्य पिण्ड में वर्धित कर दें अर्थात् जोड़ दें, फिर उसमें २७ का भाग दें। जो नक्षत्रसंख्या अश्विनी से गिनने पर आवे उसी में गोचर के सूर्य का संचार होने पर जातक की स्वयं की मृत्यु होगी।

सूर्याष्टक वर्ग में राशिगुणपिण्ड तथा ग्रहगुणपिण्ड ही सूर्य का शोध्य पिण्ड या "शुद्ध पिण्ड" होता है।

मातृनाशज्ञानमाह

शीतांशोस्तच्चतुर्थस्थितफलनिहते शोध्यपिण्डे सुखाप्ते।
दस्रात्सङ्गण्य शेषं यदुडु तदितरवत्यर्कजे मातृनाशः ।।८७।।

चन्द्राष्टक वर्ग में चन्द्रमा से चतुर्थ स्थान के फल को चन्द्रमा के शोध्य पिण्ड से गुणा करें तथा गुणनफल में २७ का भाग दें। शेष तुल्य नक्षत्र में जब शनि का गोचर भ्रमण होता है तब माता की मृत्यु होती है ।।८७।।

सूर्याष्टवर्गेण पितुर्मृतौ यथा जीवस्य सूर्यस्य च कीर्तिता स्थितिः।
चन्द्राष्टवर्गेण तथैव कीर्तयेन्मातृमृतौ च स्थितिमार्यसूर्ययोः ।।८८।।

जिस प्रकार से सूर्याष्टक वर्ग से पिता की मृत्यु जानी जाती है उसी प्रकार गुरु तथा सूर्य से भी जानें।

इसी प्रकार चन्द्राष्टक वर्ग से भी गुरु-सूर्य द्वारा भी माता की मृत्यु जानना चाहिए ।।८८।।

कुजाष्टवर्गेण भ्रातृनिरूपणम्

भौमभ्रातृफलाहतेऽस्य गुणपिण्डेऽर्काहते राशयः
शिष्यन्तेऽजमुखास्तदन्त्यभमिह ज्ञेयं दशास्येशितुः।
यद्वाऽस्यापहतिर्यदाऽत्र सहभूजन्मानुभूत्यादिकं
तस्मिन् भेऽङ्गिरसश्च चारसमये सोत्थानभूतिप्रदः ।।८९।।

मंगल के शुद्ध पिण्ड को भौमाष्टक वर्ग में मंगल से तृतीय भाव में प्राप्त फल (रेखा) संख्या से गुणा करें। उसमें (गुणनफल में) १२ का भाग दें तो शेष मेष राशि से गिनें। उस राशि में जब बृहस्पति का गोचर भ्रमणवश संचरण होता है तब इस राशि के स्वामी ग्रह की दशा में भाइयों की उन्नति होती है, उन्हें ऐश्वर्य तथा सुख प्राप्त होता है अथवा भाइयों का जन्म होता है, उनकी संख्या बढ़ती है। तात्पर्य यह है कि उस स्थिति में जातक को भ्रातृसुख की अनुभूति होती है। ये दो स्थितियाँ भ्रातृसुख की कही गयी हैं ।।८९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भौमस्याष्टकवर्गकेऽस्य सहजस्थाक्षैः समास्सोदराः
पुंस्त्रीत्वोपचयक्षयप्रभृतिकं चाक्षप्रदातुर्वशात् ।
एतच्चिन्तनमुच्यते खलु पुरा गुर्वष्टवर्गेऽखिलं
शून्ये शोधनतो गृहे तु कुभुवश्चारः खलु भ्रातृहा ।।९०।।

मंगल के अष्टक वर्ग में जितने शुभ फल मंगल से तीसरे स्थान में हों तो सहोदरों की संख्या (भाई एवं बहिनों) की उतनी ही होती है । अब उन में कितने भाई तथा कितनी बहिनें यह बात उस संख्या में योगदान करने वाले ग्रहों के लिंग से जाननी चाहिए । अर्थात् उन रेखाओं में जो रेखाएं पुरुष ग्रहों से प्रदत्त हों उतनी संख्या में भाई होते हैं तथा जो रेखाएँ स्त्री ग्रहों द्वारा प्रदत्त हों उतनी बहिनें होती हैं ।

गुर्वष्टक वर्ग में जिस राशि में शून्य फल हो उसमें जब मंगल का गोचरवश संचार होता है तो भाइयों की हानि होती है ।।९०।।

बुधाष्टवर्गेण विद्यानिरूपणम्

स्वार्थस्थिताक्षनिहते बुधशोध्यपिण्डे
रव्याहृतेऽजमुखराशय एव शिष्टाः ।
तेष्वन्त्यभाधिपदशा च तथाऽपहारो
विद्याशमायधिषणस्य च तत्र चारः ।।९१।।
दौत्यादीनां बुधो एषां कारकः परिकीर्तितः ।
सिद्धिस्तेषाञ्च सर्वेषां तत्रानेहसि कथ्यताम् ।।९२।।

बुधाष्टक वर्ग में शोधन के पूर्व जितनी रेखाएँ बुध से द्वितीय स्थान में हों उनकी संख्या से बुध के शुद्ध पिण्ड से गुणा कर दें (त्रिकोण शोधन तथा ऐकाधिपत्य शोधन के उपरान्त जो ग्रहगुणपिण्ड तथा राशिगुणपिण्ड बुध ग्रह का प्राप्त हों वह शुद्ध पिण्ड होगा) । गुणनफल में बारह का भाग दें तो जो राशि शेष में आयेगी उसके स्वामी की दशा एवं भुक्ति में जातक की विद्या एवं बुद्धि सम्बन्धी उन्नति होगी । उसे प्रतियोगिता तथा परीक्षा में सफलता मिलेगी, वाद-विवाद में विजयी होगा । उस राशि में जब गुरु का गोचर भ्रमण होगा तब भी विद्या सम्बन्धी शुभ फल मिलेगा ।।९१।।

बुध दौत्यादि जिन-जिन विषयों का कारण है उन-उन से संबंधित उन्नति ऊपर के श्लोक में कही गई अवधि में कहनी चाहिए ।।९२।।

अथ जीवाष्टकवर्गेण सन्ततिनिरूपणम्

वागीशाष्टकवर्गतः खलु नृणां सन्तानचिन्तोदिता
जीवात्पञ्चमपत्यधिष्ठितगृहे यावन्ति संशोधनात् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिष्टाक्षाणि समानसंख्यतनयास्स्युस्तैः पुरस्तात्कृता-
स्तुल्याकारगुणाश्च तेषु सफला वीर्यान्विताक्षोद्भवः ।।९३।।

गुरु के अष्टक वर्ग से जातकों की सन्तति का विचार किया जाता है । गुरु से पंचमेश के अधिष्ठित घर में गुरु अष्टक वर्ग में त्रिकोण शोधन तथा एकाधिपत्य शोधनोपरान्त जितनी रेखा या बिन्दु शेष रहें उतनी संख्या में सन्तति होती है । जिन-जिन ग्रहों द्वारा गुरु से पंचम भाव में शुभ फल (रेखा या बिन्दु) प्रदान किये गये हैं उन ग्रहों के स्वभाव जैसी सन्तान होती है । उनकी आकृति भी उन ग्रहों के अनुसार होती है ।।९३।।

मेरी सम्मति में शोधन के पूर्व की रेखा ही ग्रहण करना व्यावहारिक है, क्योंकि शोधनोपरान्त तो कई बार शून्य ही रह जाता है तथा उसमें विभिन्न ग्रहों द्वारा रेखा प्रदान करना भी सम्भव नहीं होता है । दैवज्ञ जन दोनों प्रकार से फलित का परीक्षण करें ।

वक्रोच्चोपगतानि निजाक्षपतिनात् त्रिघ्नाद्विदध्युस्सुता
द्विघ्नान् स्वांशदृगाणमन्दिरगता वर्गोत्तमस्था अपि ।
नीचारातिग्रहस्थिताक्षपतिना जाता म्रियन्ते सुता-
रौजा नोजगतास्सुतं दुहितरं पुंस्त्रीग्रहाः कुर्वते ।।९४।।

पूर्व श्लोक में प्रतिपादित ग्रह का स्वामी यदि उच्च राशिगत हो अथवा वक्री हो तो सन्तति की जो संख्या (ऊपर के श्लोक द्वारा) प्राप्त हो उसे तिगुनी कर देना चाहए । यदि वह ग्रह स्वराशिगत हो या स्वनवांश या वर्गों में हो तो पूर्वानीत सन्तति संख्या को दुगुनी कर बतानी चाहिए ।

यदि वह ग्रह नीचराशिगत, शत्रुराशिगत हो तो पुत्रों की मृत्यु होती है । यदि वह स्वामी पुरुष राशिगत हो तथा पुरुष राशि का स्वामी होने पर ग्रह पुत्रोत्पत्ति का संकेत होता है । यदि स्त्री ग्रह हो तथा स्त्री राशि का स्वामी हो तथा स्त्री राशि में ही बैठा हो तो कन्या सन्तति का द्योतक होता है ।।९४।।

अपि गुरुनवमभवनाल्लग्नचन्द्राच्च तनयनाथाभ्याम् ।
आश्रितग्रहशुद्धाक्षैः सुतसंख्या खलु चिन्त्यतामेवम् ।।९५।।
होरायाश्चन्द्रिकाख्यां व्याख्यायामेवमीरितम् ।
पक्षान्तरमिहास्येतल्लिख्यते बहुसम्मतम् ।।९६।।

इसी भाँति जिस राशि में गुरु बैठा हो उससे नवम भाव से, लग्न से, पंचम भाव से तथा चन्द्र से पंचम भाव से तथा उनके स्वामियों पंचमेशों से आश्रित राशि में शोधन के उपरान्त पुत्र एवं कन्याओं की संख्या का विचार करना चाहिए ।।९५।।

होरा (बृहज्जातक) की जो चन्द्रिका नामक संस्कृत टीका है उसमें इस बात का निर्देश किया गया है । इस सम्बन्ध में और भी बहुसम्मत मत हैं जिनके अनुसार गुरु के अष्टक वर्ग में सन्तति का विचार बताया जा रहा है ।।९६।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीवस्य तत्सुतपतेरपि नीचपत्यो-
स्तद्वैरिणा स्वरिपुनीचभमौढ्यभाजाम्।
हित्वाऽमरेड्यतनयोपगतानि याव-
त्यक्षाणि तैरपि समास्तनया भवेयुः ॥९७॥

गुरु के अष्टक वर्ग में गुरु के स्थान से पंचम स्थान पर जितनी शुभ संख्या (रेखा या बिन्दु) हों वह सन्तति संख्या होती है, परन्तु यदि उन रेखाओं में निम्न प्रकार के ग्रहों द्वारा जो रेखाएँ प्रदान की गयी हों उनकी संख्या को इस पूर्वोक्त संख्या में घटा देना चाहिए—

(१) नीचपत्योः —यदि गुरु के नीच पति (शनि) द्वारा प्रदान की गयी हो।

(२) तद्वैरिणा—गुरु के शत्रुग्रहों द्वारा प्रदान की गयी रेखासंख्या।

(३) स्वरिपुनीचभ—गुरु के पंचम स्थान के स्वामी की शत्रु या नीच राशि के स्वामी द्वारा प्रदत्त हो।

(४) जो ग्रह स्वयं नीच या शत्रु राशि में बैठे हों उनकी रेखा।

(५) मौढ्यभाजां—अस्तंगत ग्रहों द्वारा प्रदत्त हुई रेखा संख्या।

इन सब को घटाने के बाद जो संख्या प्राप्त हो उतनी संख्या में जातक को सन्तति होती है ॥९७॥

जीवाष्टवर्गे विहिते द्विशोधने शिष्टानि यावन्ति फलानि राशिषु।
विहाय तेषूग्रसमाश्रितालयं स्थितानि शिष्टाक्षसमाः स्युरात्मजाः॥९८॥

गुर्वष्टक वर्ग में दोनों प्रकार के शोधन (त्रकोण तथा एकाधिपत्य) करने के उपरान्त जो रेखाएँ शेष बचें उनकी कुल संख्या में उग्र (पाप) ग्रहों की राशि में स्थित ग्रहों की संख्या घटा दें। जो संख्या शेष होगी वह सन्तति की संख्या होगी ॥९८॥

लग्नस्येन्दोर्गुरोश्चैव द्वादशांशस्य पुत्रभे।
बलाधिकस्य शुक्लाक्षैः पुत्रसंख्याऽवगम्यते ॥९९॥

लग्न, चन्द्रराशि एवं गुरु इनमें से जन्मकुण्डली में जो सर्वाधिक बली हो उसकी द्वादशांश राशि से पंचम राशि में जितनी रेखाएँ पुरुष ग्रहों द्वारा प्रदत्त हों उतनी संख्या में पुत्र होते हैं तथा जितनी संख्या (रेखा) स्त्री ग्रहों द्वारा प्रदत्त है उतनी संख्या में कन्याएँ उत्पन्न होती हैं ॥९९॥

पुत्रजननकालोच्यते

निजसुतपतिताक्षहते सुखभक्ते देवपूज्यगुणपिण्डे।
शिष्टे दस्राद्ये यत्तदुडुस्थे पुत्रजन्म विबुधगुरौ ॥१००॥
सप्ताहते सुखहृते गुरुशुद्धपिण्डे
शिष्टेऽश्विभप्रभृतिके धिषणस्य चारः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सन्तानकृत्पुनरथो सुखभक्तशिष्टं
जीवांशकेऽधिकबले वसुभादिगण्यम् ॥१०१॥

गुर्वष्टक वर्ग में गुरु से पञ्चम भाव में जितनी रेखाएँ स्थित हों उनकी संख्या का गुणा देवपूज्य के (गुरु के) पिण्ड से करें, गुणनफल में २७ का भाग दें। शेष जो नक्षत्र अश्विन्यादि गणना से प्राप्त हो उस नक्षत्र में गुरु के गोचरवश पहुँचने पर पुत्र का जन्म होता है ॥१००॥

गुरु के शुद्ध पिण्ड को सात से गुणा कर दें तथा उसमें २७ का भाग देने पर शेष संख्यक नक्षत्र में जब गुरु जाता है तब पुत्र जन्म होता है। इसमें अश्विनी से नक्षत्र गणना करें।

परन्तु यदि जिस नवांश में गुरु बैठा है वह नवांश गुरु की अधिष्ठित राशि से अधिक बली हो तो ऊपर के शेष नक्षत्र संख्या की गणना धनिष्ठा से करें, अश्विनी से नहीं (यह विशेष बात है) ॥१०१॥

वेदाहते त्रिदशपूजितशोध्यपिण्डे
रम्याहतेजमुखराशिगणोऽवशिष्टः।
तेष्वन्त्यराशिमुपयाति यदा विवस्वान्
मासेऽत्र पुत्रजननं प्रवदेन्नराणाम्॥१०२॥

गुरु के शोधित पिण्ड को वेद (चार) से गुणा करे तथा बारह का भाग दें। जो शेष बचे उसे मेषादि गणना से राशि जानें। उस राशि में जब विवस्वान् (सूर्य) का गोचर भ्रमण होता है उस मास में जातक के पुत्रोत्पत्ति होती है ॥१०२॥

सप्ताहते गुणचयेऽत्र सुखेन भक्ते
शिष्टस्य तत्र गुणनं गुरुणाऽधिरूढात्।
नक्षत्रतः प्रभृति तत्र यदन्त्यमृक्षं
तस्मिन् भवेदुडुनि नूनमपत्यजन्म ॥१०३॥

गुरु के पिण्ड को सात से गुणा करे। गुणनफल में २७ का भाग दें, जो शेष बचे उसकी गणना गुरु के अधिष्ठित नक्षत्र से करें (यह गणना जन्मकालीन गुरु के नक्षत्र से होनी चाहिए)। इस प्रकार की गणना जिस नक्षत्र पर समाप्त होगी अर्थात् उसके द्वारा जो नक्षत्र प्राप्त होगा उसी में सन्तान का जन्म होगा ॥१०३॥

शोध्यपिण्डं गुरोर्हत्वा नवभिर्भाजयेत्त्रियैः।
मेषादि गणयेच्छिष्टैर्लग्नसिध्यै सुतोद्भवे ॥१०४॥

गुरु का जो शोध्यपिण्ड हो उसे नौ से गुणा करके गुणनफल को बारह से भाग दें, शेष जो राशि प्राप्त होगी वह पुत्र जन्म का लग्न होगा ॥१०४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस श्लोक में 'भाजयेत्प्रियै:' शब्द आया है जिसका अर्थ है—प्रिय से भाग दें। कटपयादि विधि से प्रिय का अर्थ बारह होता है।

गुरोः कक्ष्या चारवशेन सन्ततिजननसमयमाह

स्त्रीजीवाष्टकवर्ग आर्यसुतभे पुञ्जन्मकक्षाधिप-
स्याक्षं चेत्पतितं यदात्र तु चरेज्जीवस्तदा सन्ततिः।
तत्कक्ष्येशनवांशतत्सुततपस्संस्थे रवौ शीतगौ
मान्द्याक्रान्तग्रहे स्थितेऽथ गुलिकांशर्क्षत्रिकोणोदये।।१०५।।
जीवारूढभपञ्चमेशगतकक्ष्याधीश्वराक्रान्तभे
ज्योक्प्राप्तौ तनयस्य जन्म भवितेत्येतद् रहस्यं परम्।।१०६।।

दम्पति की कुण्डलियाँ प्राप्त करें तथा उनके अष्टक वर्गों का न्यास करें। फिर देखें कि यदि स्त्री की जन्मपत्रिका के गुर्वाष्टक वर्ग में किसी ऐसे ग्रह ने शुभ फल (रेखा) दी हो जो ग्रह पुरुष की कुण्डली में गुर्वाधिष्ठित कक्ष्या का स्वामी हो तो स्त्री की जन्मकुण्डली में जब उस शुभ रेखाप्रद ग्रह की कक्षा में गुरु गोचर भ्रमण करता हुआ प्रवेश करेगा तब सन्तान का जन्म होगा।

इसी प्रकार पति की कुण्डली में उस ग्रह की नवांश राशि खोजो जिस ग्रह की कक्षा में गुरु बैठा हो। उक्त नवांश राशि या उससे त्रिकोण राशियों में सूर्य का गोचर होने वाले मास में तथा पत्नी की पत्रिका में जिस राशि में गुलिक स्थित हो उस राशि पर से जिन दिनों चन्द्र का गोचर हो उन दिनों में सन्तान का जन्म होता है।

पत्नी की कुण्डली में गुलिक की नवांश राशि या उससे त्रिकोण राशि ही सन्तान की जन्मराशि हुआ करती है ।।१०५।।

गुरु के स्थान से (जन्मपत्रिका में) पंचम भाव का स्वामी जिस कक्ष्या में बैठा हो उस कक्ष्या की राशि में जब गुरु का गोचर भ्रमण होता है तब सन्तान का जन्म होता है। यह परम रहस्य की बात है ।।१०६।।

कक्ष्याओं का परिचय पूर्व में ही भलीभाँति दिया जा चुका है। प्रत्येक राशि में अंश ३°।४५' कला लग्न तथा सातों ग्रहों की कक्ष्या क्रमशः शनि, गुरु, मंगल, सूर्य, शुक्र, बुध, चन्द्र तथा लग्न की कक्ष्या होती है। कोई भी ग्रह किसी भी राशि के ३°।४५' तक शनि की कक्ष्या में, इसके उपरान्त ७°।३०' तक गुरु की कक्ष्या में होता है। इसी प्रकार आगे भी जानिये।

शिष्टाक्षाण्यभियुज्य शोधनविधावाहत्य जीवात्मजे
शिष्टाक्षैर्हरति प्रियैरजमुखैश्शिष्टेऽत्र मासे तथा।।१०७।।

गुर्वष्टक वर्ग में गुरु से पंचम स्थान में त्रिकोण शोधन तथा एकाधिपत्य शोधनोपरान्त जो रेखाएँ शिष्ट रहें उनको दो स्थान में रखें। एक स्थान पर उनमें २७ जोड़ दें तथा दूसरे स्थान पर जो अवशिष्ट रेखा थी उनमें गुणा कर दें। फिर उस गुणनफल में 'प्रियै:' (१२)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का भाग दें तो जो शेष बचे उसे मेष से गिनकर सौर मास जानें। उसी में पुत्र जन्म होगा ॥१०७॥

इष्टस्थानगतत्त्वतोऽक्षपतिना जीवात्मजादिष्वथो
यद्वा पुत्रविधायि योगदतया यः पुत्रदाता मतः।
राशौ यद्वंशके स विहगो वीर्यान्विते तद्द्वयो-
श्चन्द्रे तस्थुषि पुत्रजन्म कथयेत् तस्य त्रिकोणेऽथवा ॥१०८॥

गुरु से पञ्चम भाव में जो राशि हो उसमें रेखा हों तथा गुरु इष्ट भाव में बैठा हो (अनिष्ट भाव में न हो) तथा गुरु से पंचम भाव भी इष्ट भाव हो तो ये पुत्रदायक होते हैं। गुरु से पंचमेश तथा पंचम में रेखादायक ग्रह में से जिसका निश्चय पुत्रदायक हो वह जिस राशिनवांश में हो उन स्थानों या उनसे त्रिकोण में चन्द्रमा का गोचर भ्रमण होने पर पुत्र जन्म होता है ॥१०८॥

यहाँ दो बातें बतायी गयी हैं, एक तो गुरु से पंचम स्थान का स्वामी रेखाप्रदाता हो, दूसरा जिस इष्ट स्थान में गुरु बैठा है उस स्थान का स्वामी—उन दोनों में जो अधिक बली हो उसे देखो कि वह किसी राशि तथा नवांश में स्थित है। जब इन दोनों में सें बली राशि में चन्द्र का संचार होगा तब संतति जन्म होता है।

पुंकन्याजन्मे सम्प्रदायान्तरम्

स्त्रीणां जीवसुतस्थितैर्दुहितरो धर्मस्थितर्क्षैस्सुताः
पुंसो धर्मगतैः फलैर्दुहितरः पुत्राः गुरोः पुत्रगैः ॥१०९॥
एवं लग्नत इन्दुतश्च नवमापत्यस्थितैर्योषितां
पुत्रः पुत्र्यपि पुत्रिका च तनयः पुंसाञ्च चिन्त्याः क्रमात् ॥११०॥
सुतदुहितृजननं कालादेशे गुरुशाध्यपिण्डगुणनविधौ।
संख्या सदसत्वादिज्ञाने ग्राह्याणि तत्तदर्क्षाणि ॥१११॥

पत्नी की जन्मकुण्डली में गुर्वष्टक वर्ग में गुरु की अधिष्ठित राशि से पंचम राशि में जितनी संख्या में रेखाएँ हों उतनी संख्या में पुत्र होते हैं तथा गुरु से नवम भाव में जितनी रेखा हो उतनी संख्या में पुत्र होते हैं।

पति की कुण्डली में विचार करने में व्युत्क्रम है। वहाँ गुरु स्थित राशि से पंचम में जितनी रेखा हों उतने पुत्र होते हैं तथा नवम भाव में जितनी रेखा हों उनके तुल्य पुत्रियाँ होती हैं ॥१०९॥

उपर्युक्त प्रकार से चन्द्रलग्न तथा जन्मलग्न से भी विचार करें। पत्नी की कुण्डली में इन दोनों से पंचम भाव की रेखासंख्या तुल्य पुत्रियाँ तथा नवम स्थान की रेखाओं के बराबर पुत्र होते हैं। जबकि पति की कुण्डली में जन्मलग्न तथा चन्द्रलग्न से भी पंचम भाव में जितनी रेखा हों उतने पुत्र तथा नवम में जितनी रेखाएँ हों उनकी संख्या तुल्य पुत्रियाँ होती हैं ॥११०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुर्वष्टक वर्ग में नवम भाव में जितनी रेखा हों उनका गुणा गुरु के शोध्यपिण्ड से करें तो पुत्रों की संख्या ज्ञात होती है । इसी प्रकार पंचम की रेखाओं की संख्या का गुरु के शुद्ध पिण्ड से गुणा करने पर कन्याओं की संख्या ज्ञात होती है ॥१११॥

पंचम भाव की अशोधित रेखाएँ सन्तानों की कुल संख्या दर्शाती हैं ।

अथ शुक्राष्टकवर्गेण भार्यानिरूपणम्

शुक्रात्सप्तमभाग्यपौ हिमकराल्लग्नाच्च भाग्याधिपौ
ये तैराश्रितभेषु शोधनविधौ शिष्टाश्च सङ्ख्याः स्त्रियः ॥११२॥
यद्वास्तेश्चतुरङ्गनीचभविशुद्धाक्षैर्विवाहस्समः
संख्याल्पास्तु मदेश्वरेति विबले वीर्यान्विते भूयसी ॥११३॥

शुक्र स्थित राशि से जो ग्रह सप्तमेश, नवमेश हों तथा चन्द्रमा से नवम स्थान के स्वामी एवं उदय जन्मलग्न से नवमेश ये चारों ग्रह जिन राशियों में बैठे हों तो उनकी रेखाओं का शोधन करने के पश्चात् अवशिष्ट रेखाओं की संख्या के बराबर की संख्या में जातक के विवाह होते हैं ॥११२॥

अथवा इन शुक्रलग्न, चन्द्रलग्न तथा जन्मलग्न इन तीनों से जो सप्तमेश है उनकी उच्च तथा नीच राशियों के शोधनोपरान्त अवशिष्ट रेखासंख्या के तुल्य विवाह होते हैं । सप्तमेश यदि निर्बल हो तो अल्प संख्या में तथा बली हो तो अधिक संख्या में विवाह होते हैं ॥११३॥

इन श्लोकों में शुक्र से विचार किया है । ज्योतिष की यह मान्य पद्धति है कि जो ग्रह जिस तथ्य का कारक है उसके विचार के लिए उसे लग्न मानकर फलादेश करते हैं । जैसे सूर्य पिता का कारक है अतः सूर्याधिष्ठित राशि को लग्न मानकर उसकी कुण्डली बना लेते हैं और उससे विचार करते हैं । मातादि के विचार में चन्द्रमा की प्रधानता हैं ।

भाइयों के विचार में भौमकुण्डली से विचार किया जाता है । मामा तथा बुद्धि का विचार बुध की कुण्डली से करते हैं । सन्तान, धर्म आदि का विचार गुरुकुण्डली से करते हैं । स्त्री का विचार शुक्रलग्नकुण्डली से इसीलिए करने को कहा गया है । तद्वत् शनि कुण्डली से नौकर-चाकर आदि का विचार किया जाता है ।

शुक्रास्ताक्षहते पृथक् सुखहृते तच्छोध्यपिण्डे पुन-
र्दस्राद्यं गणयेत्तु शिष्टमुडु यत् तत्रागतं तद्गुरौ॥११४॥
रम्याप्ते पुनरत्र शिष्टमजतः सङ्गण्य यो राशिर-
स्याधीशस्य दशादिषूपनयनं तद्राशिगे वा गुरौ॥११५॥

शुक्राष्टक वर्ग के शोध्य पिण्ड को शुक्र के स्थान से सप्तम भाव में जितनी रेखाएँ हों उन से गुणा करके गुणनफल में २७ का भाग देना चाहिए । अश्विन्यादि जो नक्षत्र शेष प्राप्त हो उसमें जब गुरु का संचार होगा तब विवाह होगा ॥११४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विवाह समय ज्ञान के लिए शुक्र से सप्तम भाव के शुक्राष्टक वर्ग की रेखाओं की संख्या से शुक्र के शोध्य पिण्ड से गुणा करके गुणनफल में बारह का भाग दिया जाता है तो शेष मेषादि राशि में जब गुरु का गोचर भ्रमण होता है तब विवाह होता है ॥११५॥

अथ मन्दाष्टकवर्गेण निर्याणनिरूपणम्

लग्नादिमन्दचरमाक्षसमानसंख्ये
मन्दादिलग्नचरमाक्षयुतेश्च तुल्ये ।
एतद्द्वयान्वयसमानवयोविभागे
व्याध्यादिदुःखमशुभे समये मृतिर्वा ॥११६॥

शन्यष्टक वर्ग में जन्मलग्न से शनि अधष्ठित राशि पर्यन्त भावों में सब मिलाकर जितनी रेखा हों उनका योग (शोधन के पूर्व) करें । इसी प्रकार शनि अधिष्ठित राशि से लग्न पर्यन्त जितनी रेखाएँ हों शोधन के पूर्व ही उनका भी योग करें । ये दो संख्याएँ हैं जिनके समान वर्षों में जातक को रोग, कष्ट, दुर्घटना तथा मृत्युभय होगा ।

यदि इसी शनि द्वारा सूचित अरिष्टकारक वर्ष में यदि पापग्रह की दशा की समाप्ति हो रही हो तो निश्चित ही मृत्यु होती है ॥११६॥

पुनश्च मृत्युसमयमाह

मन्दादष्टमराशिगाक्षनिहते पिण्डेऽस्य साराद्दृते ।
शिष्टे दस्रमुखे स्थितेऽर्कतनये मृत्युस्त्रिकोणेऽस्य वा ॥११७॥

शन्यष्टक वर्ग में शनि स्थित राशि से अष्टम भाव में जितनी रेखा हों उनकी संख्या का गुणा शनि के शोध्य पिण्ड से करें । गुणनफल में २७ का भाग दें, जो अश्विन्यादि नक्षत्र शेष रहे उसमें जब गोचर भ्रमणवश शनि जायेगा तो मृत्यु होती है । अथवा उस नक्षत्र के त्रिकोण में (दसवें या उन्नीसवें नक्षत्र में) शनि जाने पर मृत्यु होती है ॥११७॥

मृत्युमासज्ञानम्

जीवार्काश्रितराशिगाक्षनिहते मन्दस्य पिण्डे पृथक्
रव्याप्ते खलु शिष्टराश्युपगते जीवे रवौ वा मृतिः ॥११८॥

शनि अष्टक वर्ग के शुद्ध पिण्ड से गुरु एवं सूर्याधिष्ठित राशियों में जो रेखाएँ हों उनकी संख्या से गुणा करें । दोनों के गुणनफल को अलग-अलग रखें तथा अलग-अलग उनमें बारह का भाग दें तो गुरु की संख्या में जो शेष बचे उस राशि में (मेषादि से गिनें) जब गुरु का संचार होगा उस वर्ष में मृत्युभय होगा ।

इसी प्रकार सूर्य की संख्या में जो शेष बचे उसमें मेषादि जो राशि प्राप्त हो उसमें गोचर का सूर्य आने पर उस मास में मृत्यु होगी ॥११८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विपत्त्यर्कज्ञानम्

मन्दस्याष्टकवर्गे यो राशिः स्वल्पकाक्ष उदयोऽस्य ।
प्रतिदिनमपि विपदे स्यात्तत्रगतोऽर्कस्तथैव स्यात् ॥११९॥

जिस राशि में शन्यष्टक वर्ग में अल्प संख्या में रेखा प्राप्त हों अर्थात् ३-२-१ या शून्य रेखा ही हो तो जिन दिनों यह उदय काल में पूर्वी क्षितिज में रहती हो तो उन दिनों विपत्ति प्राप्त होती है । तात्पर्य यह हैं कि एक मास तक सूर्य उस राशि में उदित रहता है तो वह मास विपत्तिकारक होगा, तथैव जितने समय (लगभग) दो घण्टे वह राशि उदित रहेगी वह समय सर्वाधिक विपत्तिप्रद जानना चाहिए ॥११९॥

मृत्युस्थलज्ञानमाह

शन्यष्टवर्गे तदितास्तराशी विशोध्य शून्यौ यदि दुर्मृतिः स्यात् ।
शून्यप्रदेशे सुहृदक्षयुक्तौ तौ चेत् सुहृद्वर्गयुतो म्रियेत ॥१२०॥

शनि के अष्टक वर्ग में शनि जिस राशि में बैठा हो उसकी रेखाओं की संख्या में शनि के सप्तम भाव में जो राशि हो उसकी रेखा घटाने पर कोई अंक शेष न हो अर्थात् शून्य बचे तो जातक की मृत्यु निर्जन एकान्त स्थान में होती है । परन्तु यदि इन स्थानों में (शनि स्थित राशि तथा उससे सप्तम राशि में) मित्रग्रहों की दृष्टि हो अथवा मित्रग्रहों के द्वारा रेखा प्रदान की गयी हों तो मृत्यु मित्रों, सम्बन्धियों या रिश्तेदारों के पास होती है ॥१२०॥

इसका तात्पर्य यह है कि शन्यष्टक वर्ग में यदि शनि स्थित राशि तथा उससे सातवीं राशि में समान संख्या में शुभ फल होगा तब यह स्थिति निर्मित होगी, क्योंकि तब एक में दूसरे को घटाने पर शून्य ही बचेगा, अन्यथा नहीं ।

पुनश्च मृत्युकालमाह

सप्तघ्ने गुणसञ्चये सुखहृते मन्दस्य यच्छिष्यते
दस्राद्ये गणनेऽस्य जातमुडु यत्तत्स्थेऽर्कपुत्रे मृतिः ॥१२१॥
मन्दाधिष्ठितमन्दिराक्षगुणिते पिण्डे तु साराहृते
शिष्टस्य प्रथमावशिष्टमिलनं प्राप्तोडु मन्दोऽथवा ॥१२२॥

शन्यष्टक वर्ग का शोध्य पिण्ड सात से गुणा कीजिए, फिर सार (२७) से भाग दें । जो नक्षत्र शेष में प्राप्त हो उसे अश्विन्यादि से गुणा करने पर जब उसमें गोचर के शनि का भ्रमण होगा तब मृत्यु होती है ॥१२१॥

अथवा शोध्यपिण्ड में शन्यधिष्ठित राशि की रेखाओं की संख्या से गुणा करें, फिर सत्ताईस का भाग देने पर शेष में जो नक्षत्र प्राप्त हो उसमें शनि का भ्रमण मृत्युकारक होता है ॥१२२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अष्टवर्गाद् दशानयननिर्देशः

अष्टवर्गप्रयोगा इत्युदिताः केचिदीदृशाः ।
दशानयनमप्यष्टवर्गैस्तज्ज्ञेयमन्यतः ॥१२३॥

यहाँ पर मैंने कुछ अष्टक वर्ग के प्रयोग बताये हैं । अष्टक वर्ग से दशा निकालने की विधि ग्रन्थान्तरों से जानना चाहिए ॥१२३॥

प्रस्ताराष्टक वर्ग

अष्टक वर्ग ज्योतिषशास्त्र के अनेक रहस्यात्मक विषयों में एक रहस्य है । यह रहस्य स्वयं भगवान् शंकर के श्रीमुख से प्रकट हुआ है । इसी को पराशर, वशिष्ठ, बादरायण, मणित्थ, वराहमिहिर, मंत्रेश्वर, सोमयाजी आदि ने प्रतिष्ठित किया है । अष्टक वर्ग के विचार द्वारा फलादेश सटीक मिलता है । इसके द्वारा फलकथन में दैवज्ञ का अनुभव ज्यों-ज्यों बढता जाता है उतना ही चमत्कारी फल घटित होने लगता है । वर्ष, मास, दिन, घटी तक का फल अनुभव में आने लगता है । इसमें जन्मकालीन सूर्यादि सात ग्रहों की अधिष्ठित राशि तथा आठवें लग्न की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है ।

किसी भाव से सम्बद्ध घटना का शुभाशुभ फल किस कालावधि में प्राप्त होगा इसके लिए प्रस्ताराष्टक वर्ग बनाया जाता है । प्रस्तार का अर्थ विस्तार होता है । इस प्रकार प्रस्ताराष्टक वर्ग वास्तव में भिन्नाष्टक वर्ग का ही उपबृंहित रूप होता है । रेखाओं की स्थापना तो भिन्नाष्टक वर्ग की भाँति होती है । इन दोनों में केवल ग्रहक्रम का ही भेद है । ग्रहों को लग्न सहित कक्ष्या क्रम से लिखते हैं, जैसा कि जातंकपरिजात १०।३३-३४ में लिखा है—

"आलिख्य चक्रं नवपूर्वरेखा याम्योत्तरस्था दश च त्रिरेखाः।
प्रस्तारकं षण्णवति प्रकोष्ठं पङ्क्त्यष्टकं चाष्टकवर्गजं स्यात् ॥
होराशशीबोधनशुक्रसूर्यभौमामरेन्द्रार्चितभानुपुत्राः ।
याम्यादिपङ्क्त्यष्टकराशिनाथाः क्रमेण तद्बिन्दुफलप्रदाः स्युः" ॥

अर्थात् पूर्व से पश्चिम (ऊपर से नीचे) नौ रेखाएँ खींचें तथा याम्योत्तर (उत्तर से दक्षिण) तेरह रेखाएँ खींचें । इस प्रकार ९६ कोष्ठकों का प्रस्तार चक्र बन जाता है । इसमें दक्षिण की पंक्ति की ओर से उत्तर की तरफ को (१) होरा (लग्न), (२) चन्द्र, (३) बुध, (४) शुक्र, (५) सूर्य, (६) मंगल, (७) गुरु तथा (८) शनि इस क्रम से लिखें । तात्पर्य यह है कि बाँये से दायें यह क्रम शनि-गुरु-मंगल-सूर्य-शुक्र-बुध-चन्द्र तथा लग्न इस क्रम से हो जायेगा । इस प्रकार प्रस्ताराष्टक वर्ग में ग्रहों की स्थापना कक्ष्याक्रम से होती है । ग्रहों का फल भी कक्ष्याक्रमानुसार ही प्राप्त होता है । जैसा कि फलदीपिका (२३।१९) में कहा है—

"राश्यष्टभागप्रथमांशकाले शनिर्द्वितीये गुरुः फलाय ।
कक्षा क्रमेणैवमिहान्त्यभागकाले विलग्नं फलप्रदिष्टम्" ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य का प्रस्ताराष्टकवर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	
।	०	।	।	०	०	०	०	प्रथम स्थान
।	०	।	।	०	०	०	०	द्वितीय स्थान
०	०	०	०	०	।	।	।	तृतीय स्थान
।	०	।	।	०	०	०	।	चतुर्थ स्थान
०	।	०	०	०	।	०	०	पंचम स्थान
०	।	०	०	।	।	।	।	षष्ठ स्थान
।	०	।	।	।	०	०	०	सप्तम स्थान
।	०	।	।	०	०	०	०	अष्टम स्थान
।	।	।	।	०	।	०	०	नवम स्थान
।	०	।	।	०	।	।	।	दशम स्थान
।	।	।	।	०	।	।	।	एकादश स्थान
०	०	०	०	।	।	०	।	द्वादश स्थान
८	४	८	८	३	७	४	६	**स्थानों का कुल रेखायोग ४८**

चन्द्र का प्रस्ताराष्टक वर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	
०	।	०	०	०	।	।	०	प्रथम स्थान
०	०	।	०	०	०	०	०	द्वितीय स्थान
।	०	।	।	।	।	।	।	तृतीय स्थान
०	।	०	०	।	।	०	०	चतुर्थ स्थान
।	०	।	०	।	।	०	०	पंचम स्थान
।	०	।	।	०	०	।	।	षष्ठ स्थान
०	।	०	।	।	।	।	०	सप्तम स्थान
०	।	०	।	०	।	०	०	अष्टम स्थान
०	०	।	०	।	०	०	०	नवम स्थान
०	।	।	।	।	।	।	।	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश
०	।	०	०	०	०	०	०	द्वादश स्थान
४	७	७	६	७	८	६	४	**स्थानों का रेखायोग कुल ४९**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मंगल का प्रस्ताराष्टक वर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
।	०	।	०	०	०	०	।	प्रथम स्थान
०	०	।	०	०	०	०	०	द्वितीय स्थान
०	०	०	।	०	।	।	।	तृतीय स्थान
।	०	।	०	०	०	०	०	चतुर्थ स्थान
०	०	०	।	०	।	०	०	पंचम स्थान
०	।	०	।	।	।	।	।	षष्ठ स्थान
।	०	।	०	०	०	०	०	सप्तम स्थान
।	०	।	०	।	०	०	०	अष्टम स्थान
।	०	०	०	०	०	०	०	नवम स्थान
।	।	।	।	०	०	०	।	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
०	।	०	०	।	०	०	०	द्वादश स्थान
७	४	७	५	४	४	३	५	**कुल रेखायोग ३९ स्थान**

बुध का प्रस्ताराष्टक वर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
।	०	।	०	।	।	०	।	प्रथम स्थान
।	०	।	०	।	०	।	।	द्वितीय स्थान
०	०	०	०	।	।	०	०	तृतीय स्थान
।	०	।	०	।	०	।	।	चतुर्थ स्थान
०	०	०	।	।	।	०	०	पंचम स्थान
०	।	०	।	०	।	।	।	षष्ठ स्थान
।	०	।	०	०	०	०	०	सप्तम स्थान
।	।	।	०	।	०	।	।	अष्टम स्थान
।	०	।	।	।	।	०	०	नवम स्थान
।	०	।	०	०	।	।	।	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
०	।	०	।	०	।	०	०	द्वादश स्थान
८	४	८	५	८	८	६	७	**कुल रेखायोग ५४**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गुरु का प्रस्ताराष्टक वर्ग

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
०	।	।	।	०	।	०	।	प्रथम स्थान
०	।	।	।	।	।	।	।	द्वितीय स्थान
।	।	०	।	०	०	०	०	तृतीय स्थान
०	।	।	।	०	।	०	।	चतुर्थ स्थान
।	०	०	०	।	।	।	।	पंचम स्थान
।	०	०	०	।	।	०	।	षष्ठ स्थान
०	।	।	।	०	०	।	।	सप्तम स्थान
०	।	।	।	०	०	०	०	अष्टम स्थान
०	०	०	।	।	।	।	।	नवम स्थान
०	।	।	।	।	।	०	।	दशम स्थान
०	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
।	०	०	०	०	०	०	०	द्वादश स्थान
४	८	७	९	६	८	५	९	कुल रेखायोग ५६

शुक्र का प्रस्ताराष्टक वर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
०	०	०	०	।	०	।	।	प्रथम स्थान
०	०	०	०	।	०	।	।	द्वितीय स्थान
।	०	।	०	।	।	।	।	तृतीय स्थान
।	०	०	०	।	०	।	।	चतुर्थ स्थान
।	।	।	०	।	।	।	।	पञ्चम स्थान
०	०	।	०	०	।	०	०	षष्ठ स्थान
०	०	०	०	०	०	०	०	सप्तम स्थान
१	१	०	।	।	०	।	।	अष्टम स्थान
।	।	।	०	।	।	।	।	नवम स्थान
।	।	०	०	।	०	०	०	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
०	०	।	।	०	०	।	०	द्वादश स्थान
७	५	६	३	९	५	९	८	कुल रेखायोग ५२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शनि का प्रस्ताराष्टक वर्ग चक्र

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
०	०	०	।	०	०	०	।	प्रथम स्थान
०	०	०	।	०	०	०	०	द्वितीय स्थान
।	०	।	०	०	०	।	।	तृतीय स्थान
०	०	०	।	०	०	०	।	चतुर्थ स्थान
।	।	।	०	०	०	०	०	पंचम स्थान
।	।	।	०	।	।	।	।	षष्ठ स्थान
०	०	०	।	०	०	०	०	सप्तम स्थान
०	०	०	।	०	।	०	०	अष्टम स्थान
०	०	०	०	०	।	०	०	नवम स्थान
०	०	।	।	०	।	०	।	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
०	।	।	०	।	।	०	०	द्वादश स्थान
४	४	६	७	३	६	३	६	रेखायोग ३९

लग्न का प्रस्ताराष्टक वर्ग

शनि	गुरु	मंगल	सूर्य	शुक्र	बुध	चन्द्र	लग्न	ग्रहों का क्रम
।	।	।	०	।	।	०	०	प्रथम स्थान
०	।	०	०	।	।	०	०	द्वितीय स्थान
।	०	।	।	।	०	।	।	तृतीय स्थान
।	।	०	।	।	।	०	०	चतुर्थ स्थान
०	।	०	०	।	०	०	०	पञ्चम स्थान
।	।	।	।	०	।	।	।	षष्ठ स्थान
०	।	०	०	०	०	०	०	सप्तम स्थान
०	०	०	०	।	।	०	०	अष्टम स्थान
०	।	०	०	।	०	०	०	नवम स्थान
।	।	।	।	०	।	।	।	दशम स्थान
।	।	।	।	।	।	।	।	एकादश स्थान
०	०	०	।	०	०	०	०	द्वादश स्थान
६	९	५	६	८	७	४	४	स्थानों का रेखायोग ४९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार इन आठ चक्रों में प्रस्ताराष्टक वर्ग को इतना सरल कर दिया है कि कोई भी नया विद्यार्थी भी कुण्डली में इसी प्रकार से चक्र बनाकर और उस अष्टक वर्ग चक्र में उस ग्रह के जिस स्थान में शुभ चिह्न रेखा है वहाँ रेखा भरकर रिक्त स्थान में शून्य का चिह्न रखता चला जाये । उत्तरी भारत में शुभ चिह्न रेखा ही माना गया है तथा शून्य जो कि रिक्तता का प्रतीक है, उसे अशुभ माना है ।

दक्षिण भारत में शुभ चिह्न शून्य मानने का कारण पुराने समय में दक्षिण भारत में राशिचक्र भूमि पर बनाने की प्रथा थी अतः वहाँ शुभ चिह्न के लिए रुद्राक्ष का मनका (गुरिया या दाना) रखकर काम चलाते थे । रुद्राक्ष का आकार अधिकांश में गोल (शून्याकार) ही होता है अतः जब कागज पर बनाने की प्रथा चली तो उसके स्थान मे शून्य बनाने लगे । इसलिए वहाँ अक्ष, शून्य, फल ये पर्यायवाची तथा शुभ के प्रतीक में व्यवहृत होते हैं ।

प्रस्ताराष्टक वर्ग को गोचराष्टक वर्ग भी कह सकते हैं, क्योंकि इससे गोचर का फल सूक्ष्मता से ज्ञात होता है । सामान्यतः चन्द्रराशि तथा जन्मलग्नराशि से गोचर फल देखने की प्रथा है परन्तु अष्टक वर्ग में सूक्ष्मता से विचार करने के लिए प्रत्येक ग्रह की राशि स्थिति के अनुसार भी राशि मानकर गोचर का फल विचारते हैं । इसलिए वहाँ लग्न चन्द्र सूर्य के साथ पाँच तारा ग्रहों सहित जातक की आठ जन्मराशियाँ मानकर फल विचार किया गया है । इस सिद्धान्त को आचार्य गुणाकर ने अपने ग्रन्थ होरामकरन्द में निम्न शब्दों में व्यक्त किया गया है—

"यद्गोचरे जन्म गृहाद् ग्रहाणां पृथक् फलं द्वादशराशियुक्तम् ।
नृणां तदेकर्क्षभुवां फलस्य भेदाननेकान्तिकमुक्तमाद्यैः ॥१॥
यत्र स्थितः शीतकरो नराणां तं जन्मराशिं समुदाहरन्ति ।
यथा तथायेषु खगाः सलग्नाः स्थिता न ते सप्त कुतो भवन्ति॥२॥
अतोऽष्ट राशिर्मनुजोऽत्र सर्वः प्रोक्तोऽत्र तेभ्यश्च शुभाशुभानि ।
फलानि तेषाञ्च वियोगयोगाद् यदाष्टवर्गोत्थफलं स्फुटं स्यात्" ॥३॥

ग्रन्थकर्त्तुः परिचयः

यः श्रीमहादेवसुतो मुरारेर्लब्धादयो मध्यवनादिनाथात्।
स प्रश्नमार्गाख्यमकार्षमेतच्छास्त्रं सुखम्बोधयितुं स्वशिष्यान्॥१२४॥

मैं (ग्रन्थकर्त्ता) श्री महादेव का पुत्र हूँ । मैंनें मध्याटवी के आदि स्वामी (भगवान् शिव) से ज्ञान का प्रकाश प्राप्त किया है । (अथवा मेरे गुरु का नाम मुरारी है) मेरी माता का नाम 'श्री' है । इस प्रकार इस श्री-महादेव के पुत्र तथा मुरारी के शिष्य ने इस प्रश्नमार्ग

 Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नामक शास्त्र (ग्रन्थ) की रचना अपने शिष्यों को सुखपूर्वक ज्योतिषशास्त्र पढाने के लिए की है ॥१२४॥

इस प्रसंग में ग्रन्थकर्त्ता ने अपना नाम नहीं दिया है । पूर्व काल में लेखक ज्ञान को गुरु की कृपा मानते थे, अत: स्वयं का नाम नहीं लिखते थे । यह रीति अति पुरातनकाल में भारत वर्ष में प्रचलित थी ।

अथ संक्षेपेण द्वात्रिंशदध्यायेषु वर्णितविषयानामुल्लेखमाह

अध्याय आद्ये प्रथमस्वरूपं शास्त्रस्य पश्चादुदितोऽधिकारी।
दैवज्ञलक्ष्मापि समानता च तथैव पृच्छा जनुषः फलेषु ।।१२५।।

इस (प्रश्नमार्ग ग्रन्थ) के प्रथमाध्याय में सर्वप्रथम ज्योतिषशास्त्र का स्वरूप, उसके अध्ययन के योग्य अधिकारी शिष्य दैवज्ञ के लक्षण, जातक तथा प्रश्नशास्त्र के फल में समानता का वर्णन किया गया है ॥१२५॥

दैवज्ञकृत्यं प्रथमं द्वितीये प्रष्टुस्तथारूढविधिस्ततो यत्।
विचिन्तनप्रश्नसमानकालं कालादिभिस्तत्समयोद्भवैश्च ।।१२६।।

दूसरे अध्याय में दैवज्ञ तथा प्राश्निक का कर्तव्य, आरूढ विधि, प्रश्नकाल में प्रश्नस्थल पर होने वाले शकुनादि का वर्णन किया गया है ॥१२६॥

प्रस्थानकाले पथि पृच्छकाले प्रवेशने चिन्त्यमथो तृतीये।
चतुर्थके चक्रविलेखनादिपूजा तथारूढविलेखनादिकम्।।१२७।।

तीसरे अध्याय में यात्राकालीन शकुन, यात्राप्रश्नकालीन शकुन, यात्रा से वापसी पर शकुनों का वर्णन है ।

चौथे अध्याय में चक्ररचना, उसकी पूजा तथा आरूढ विधि आदि का वर्णन है ॥१२७॥

लग्नादिकानीतिरपीह पञ्चमे सूत्रन्तथा त्रिस्फुटमत्र षष्ठे।
तथाष्टमङ्गल्यफलादि सप्तमे भारूढलग्नेन्दुफलानि चाष्टमे ।।१२८।।

पञ्चमाध्याय में लग्नादि का साधन, छठे अध्याय में त्रिस्फुट कथन, सांतवें अध्याय में अष्टमंगलादि का फल तथा आठवें अध्याय में आरूढफल, लग्नफल तथा चन्द्रफल कहा गया है ॥१२८॥

अध्याय आयुर्विषयं निरूपणं प्रश्नग्रहाद्यैर्नवमेऽपि जन्मना ।
तथैव पूर्वं दशमेऽनुजन्मना प्रश्नेन पश्चान्मृतिकालचिन्तनम्।।१२९।।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवमाध्याय में आयुर्दाय निरूपण, दशम में प्रश्नकुण्डली तथा जन्मकुण्डली से क्रिया गया है ॥१२९॥

एकादशे कारणमामयाद्या जन्यं तथा प्रश्नवशाच्च मृत्योः।
उदाहृतं प्रागथ जातकेन पश्चादिहोक्तो मरणस्य देशः ॥१३०॥

ग्यारहवें अध्याय में रोगों का कारण, जन्म तथा प्रश्न द्वारा रोग विचार, मृत्युकारक रोग आदि का कथन तथा मरण देश का विचार किया गया है ॥१३०॥

व्याधेर्भेदाश्शत्रुभेदा रुजां वा प्रोक्ताः कश्चिद्राशितस्तच्चिकित्साः।
रोगारम्भस्यावसानस्य कालौ विश्वाध्याये कारणं कर्म शान्त्यै ॥१३१॥

बारहवें अध्याय में व्याधि के भेद, शत्रु के भेद तथा रोगों की चिकित्सा का वर्णन है।

विश्वाध्याय (तेरहवें अध्याय) में रोगारंभ, रोग की अवधि तथा रोग का अवसान (समाप्ति), उनके कारण तथा शान्ति विधि का उल्लेख है ॥१३१॥

भावाच्च भावगतखेचराणां
प्रोक्तं फलम्मुनियुगे तिथितुल्यसंख्ये।
दैवानुकूल्यमुखवैरिनिपीडनान्तं
तत्रोचितप्रतिविधिर्गदशान्तिपृच्छा ॥१३२॥

चौदहवें अध्याय मे ग्रहों की भावस्थिति फल कहा गया है। पन्द्रहवें अध्याय में दैवानुकूल्य विधि तथा शत्रुपीड़ादि की शान्तिविधि एवं रोगशान्ति के उपाय का वर्णन है ॥१३२॥

क्षोणीशसंख्ये खलु लक्षणोक्तिः प्रश्नो विवाहस्य हयेन्दुसंख्ये।
अष्टादशे प्रश्न इहात्मजस्याथैकोनविंशे जनुषाऽस्य चिन्ता ॥१३३॥

क्षोणीश संख्यात्म अध्याय (सोलहवें) में विवाह प्रश्न के योग तथा शकुन, सत्रहवें में विवाह प्रश्न पर चिन्तन तथा अठारहवें अध्याय में संतति प्रश्न एवं उन्नीसवें अध्याय में भी सन्तति चिन्ता का प्रतिपादन किया गया है ॥१३३॥

जनुषाऽथ विंशे पुंस्त्र्यानुकूल्यं परैकविंशे।
द्वाविंशके चारफलं ग्रहाणां ततः परे कर्मविपाक उक्तः ॥१३४॥

बीसवें अध्याय में विवाह की चिन्ता, इक्कीसवें में मेलापक, बाईसवें में ग्रहचारवश फलकथन तथा इसके उपरान्त २३वें कर्मविपाक का वर्णन किया गया है ॥१३४॥

देवोर्वीपतिसङ्गरमृगयाप्रश्नाः पुनश्चतुर्विंशे।
दृष्टेर्लक्षणपृच्छे ऊर्ध्वे तत्परे कूपम् ॥१३५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चौबीसवें अध्याय में देवप्रश्न, उर्वीपति प्रश्न (राजप्रश्न), मृगया प्रश्न है। पच्चीसवें में दृष्टिप्रश्न तथा कूपप्रश्न का चिन्तन है ॥१३५॥

भुक्तेर्लब्धेदूर्रयातागमस्य प्रश्नाः प्रोक्ताः सप्तविंशे त्रयाणाम्।
अष्टाविंशे सौरतस्तत्परेऽथो नष्टप्रश्नो नष्टजन्मात ऊर्ध्वे ॥१३६॥

सत्ताईसवें अध्याय में भोजन प्रश्न तथा दूर गये प्रवासी से सम्बन्धित प्रश्न का कथन किया गया है। अट्ठाईसवें अध्याय में सुरत प्रश्न, फिर उनतीसवें में नष्ट प्रश्न तथा नष्ट जातक का विचार ३०वें में कहा गया है ॥१३६॥

एकत्रिंशे कीर्तिता स्वप्नपृच्छा द्वात्रिंशेऽस्मिन्नष्टवर्गः प्रदिष्टः।
पूर्णोऽध्यायैः सम्प्रदिष्टोऽयमासीद् द्वाभ्यां वै च त्रिंशता प्रश्नमार्गः ॥१३७॥

इकतीसवें अध्याय में स्वप्न पृच्छा का वर्णन किया गया है। बत्तीसवें अध्याय में अष्टवर्ग का व्याख्यान है। इस प्रकार इस ग्रन्थ को पूरे ३०+२ = ३२ अध्यायों में पूर्ण किया गया है। यह ग्रन्थ प्रश्नमार्ग है ॥१३७॥

निन्दकानां परिवर्जनम्

दृढं गृहीत्वेश्वरपक्षपातं
जनो यथा निन्दति विष्णुभक्तान्।
तथैव ये मत्कृतिनिन्दकाः स्यु-
स्तेषामसौ तिष्ठतु दूरदूरे ॥१३८॥

कुछ लोग जो इस ग्रन्थ को अप्रशस्त मानते हैं वे इस ग्रन्थ के दर्शन तथा पठन-पाठन से उसी प्रकार दूर रहें जैसे कि वैष्णव भक्तों से भगवान् शिव के पक्षपाती लोग दूर रहते हैं तथा वैष्णवों की निन्दा किया करते हैं ॥१३८॥

संसार का यह सामान्य नियम है कि विद्वानों एवं प्रतिभाशाली लोगों से ईर्ष्या करने वाले लोग उनके कार्यों तथा कृतियों की निन्दा किया करते हैं, उसी प्रकार ग्रन्थकार के जीवन काल में भी कुछ लोग अवश्य ही रहे होंगे जो ग्रन्थकार तथा उसकी रचना की निन्दा करते होंगे; अतः रचनाकार को यह श्लोक जोड़ना पड़ा है। गोस्वामी तुलसीदासजी ने भी इस कारण अपने आलोचकों तथा खलों की वन्दना ग्रन्थारम्भ में ही कर दी है।

ग्रन्थकार के इस श्लोक से विदित होता है कि ग्रन्थकर्ता वैष्णव भक्त थे परन्तु वे शिव-विष्णु में अभेद दृष्टि रखते थे, अतः उन्हें वैष्णवों की निन्दा अच्छी नहीं लगती थी। किसी लेखक की कृति पर पक्षपात का आरोप लगना कृति की श्रेष्ठता को धूमिल करता है, अतः ऐसे लोगों को जो सम्प्रदाय विशेष के पक्षपाती हैं ललकारते हुए कहा है कि जिन के भीतर वैष्णवों को लेकर इतना द्वेष हैं उन्हें इस ग्रन्थ (प्रश्नमार्ग) से सर्वथा दूर रहना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चाहिए तथा इसे किञ्चिन्मात्र में नहीं पढ़ना चाहिए। क्योंकि जो विद्या अश्रद्धा से पढ़ी जाती है वह फलदायी नहीं होती और न उसके प्रयोग से सिद्धि ही प्राप्त होती है।

इस श्लोक के वाक्यांश "दृढं गृहीत्वेश्वरपक्षपातम्" से यह भी प्रतिध्वनित होता है कि ग्रन्थकार के निवास के आसपास के क्षेत्र में कोई ईश्वर नामक ज्योतिषी रहा होगा और वही इन ग्रन्थकर्ता का कटु आलोचक रहा होगा। उसका उद्देश्य यह रहा होगा कि उसके (ईश्वर के) शिष्यवृन्द प्रश्नमार्ग को पढ़कर कहीं लाभान्वित न हो जायें।

प्रश्नमार्गस्य प्रामाणिकताकथनम्

स्वकल्पितः कश्चिदिहापि नार्थो
ग्रन्थान्तरे क्वापि विनात्मदृष्टम्।
विश्वस्य शिष्याः प्रयतध्वमस्मिन्
भवन्तु सत्यास्सकला गिरो वा ॥१३९॥

ग्रन्थकर्त्ता कहते हैं कि इस ग्रन्थ (प्रश्नमार्ग) में कोई बात उसने मनगढन्त नहीं लिखी है अपितु जो कुछ भी लिखा है शास्त्र का अनुशीलन कर समझकर तथा अनुभव करके ही लिखा है। अतः विश्व के ज्योतिष जिज्ञासु इस ग्रन्थ में बताये मार्ग पर चलें जिससे उनकी भविष्यवाणी सच हो ॥१३९॥

उपसंहारः

अध्यायैः षोडशभिश्चोत्तरभागस्तथैव सम्पूर्णः।
शिष्यजनप्रार्थनया रचितस्य प्रश्नमार्गस्य॥१४०॥

॥ इति प्रश्नमार्गे द्वात्रिंशोऽध्यायः ॥३२॥

शिष्यजनों की प्रार्थना पर इस प्रश्नमार्ग ग्रन्थ की रचना कर पूर्वार्ध की भाँति ही यह उत्तरार्ध भी सोलह अध्यायों में सम्पूर्ण हुआ ॥१४०॥

इस प्रकार बरहा ग्राम वास्तव्य आचार्य गुरुप्रसाद गौड़ कृत 'पाथेय' हिन्दी व्याख्या युक्त प्रश्नमार्ग का बत्तीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥३२॥

*

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

।। टीकाकर्तृवंशवर्णनम् ।।

भारते मध्यदेशे च, लहारे जनपदेऽपि ।
ग्रामे तु बरहा पुण्ये निकटे सनत्तीर्थके ।।१।।
आदिगौड़वशिष्ठश्च श्रीयक्षेश्वरार्चकः।
पण्डितमातादीनश्च आयुर्वेदविदांवरः ।।२।।
ज्योतिषेऽपि निपुणश्च सोऽस्मत्प्रपितामहः ।
आसीत्पितामहो धन्यो नाथूरामश्च मत्सुधीः ।।३।।
देवगुरुसाधुसेवी च स्वाध्यायरतस्सदा ।
जननी तुराणा बेटी पितुस्साहबदास च ।।४।।
गुरुप्रसादः पुत्रोऽहं गौड़ो ज्यौतिर्विदस्तथा।
''पाथेयी'' हिन्दी टीका तथा ''पाथेय'' भाष्यमपि ।।५।।
षष्ट्युत्तरे द्विसहस्रे शभे वैक्रमवत्सरे ।
मार्गशीर्षे दले शुक्ले अष्टम्याश्चन्द्रवासरे ।।६।।
नक्षत्रे शतभिषजि हर्षणे च बवे तथा।
श्रीविश्वेश्वरप्रसादात् टीकेयं पूर्णताङ्गता ।।७।।

।। शुभं भवतु ।।

Acc. 20929 / 30131

NEPAL SANSKRIT UNIVERSITY पुस्तकालय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिष शास्त्र के महत्त्वपूर्ण ग्रंथ

(हिन्दी टीका सहित)



पृष्ठ संख्या : 648



पृष्ठ संख्या : 504

पृष्ठ संख्या : 710



पृष्ठ संख्या : 732



पृष्ठ संख्या : 239



पृष्ठ संख्या : 386



पृष्ठ संख्या : 591



पृष्ठ संख्या : 461



पृष्ठ संख्या : 912 (1-2 भाग सम्पूर्ण)

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu